खण्डनखण्डखाद्यम्,

कवितार्किकचूडामणिश्रीहर्षमिश्रप्रणीतम् ।

श्रीपण्डितचण्डीप्रसादसुकुल
विरचितभाषानुवादयुतम् ।

प्रकाशनस्थानम्—
अच्युतग्रन्थमाला-कार्यालयः,
काशी ।

खण्डनखण्डखाद्यम्,

कवितार्किकचूडामणिश्रीहर्षमिश्रप्रणीतम् ।

श्रीपण्डितचण्डीप्रसादसुकुल-

विरचितभाषानुवादयुतम् ।

प्रकाशनस्थानम्—

अच्युतग्रन्थमाला-कार्यालयः,

काशी ।

श्रीकवितार्किकचूडामणिश्रीहर्षमिश्रप्रणीतम्,

खण्डनखण्डखाद्यम् ।

काशीस्थश्रीजोखीराम-मटरूमल्लगोयनका-संस्कृतमहाविद्यालयप्रधानाध्यापकेन

पण्डितश्रीचण्डीप्रसादसुकुलेन

विरचितया भाषाटीकया समेतम् ।

प्रकाशनस्थानम्—

अच्युतग्रन्थमाला-कार्यालयः, काशी ।

संवत् १९८५

प्रथमावृत्तिः १०००

भूमिका

वेद के चरम भाग को वेदान्त कहते हैं। वेदान्त ब्रह्म (परमात्मा) का प्रतिपादन करता है, अतः उसे ब्रह्मविद्या कहते हैं, और रहस्य तथा ब्रह्म-प्राप्तिसाधन होने के कारण उपनिषद् भी कहते हैं। वेदान्त पद का मुख्यतः वाच्य उपनिषद् ही है। शारीरकभाष्य-प्रभृति वेदान्तपरिभाषापर्यन्त ग्रन्थों में वेदान्त पद का (वेदान्त के व्याख्यानरूप होने से) उपचार से ही प्रयोग होता है। आधुनिक जनता वेदान्त पर अकर्मण्यता दोष लगाती है। कहती है कि वेदान्ती कर्म्मवीर नहीं होते हैं। उनको वेदान्तसूत्रकार भगवान् वेदव्यास के वेदविभाग और इतिहास-पुराण-निर्माणरूप कर्मशीलता पर तथा भाष्यकार भगवान् शङ्कराचार्य के सूत्रभाष्यादिनिर्माण और सनातनधर्म-प्रचाररूप कर्म्मण्यता पर ध्यान देना चाहिये। भगवद्गीतोपदेश के श्रवणानन्तर ही अर्जुन ने संग्रामादि अनेक कार्य किये थे। तथा योगवाशिष्ठ-श्रवणानन्तर ही भगवान् श्रीरामचन्द्र जी ने रावणकुल-विध्वंसादि परश्शत कार्य किये थे। वेदान्त आत्मस्वरूप का यथार्थ ज्ञान कराता है, शोक और मोह को दूर करता है एवं राग और द्वेष का उच्छेद करता है। अकर्मण्यता आलस्यजन्य है और पुरुष का दोष है, वेदान्तशास्त्र का दोष नहीं है।

वेदान्तशास्त्र कहता है कि प्रमाण, प्रमेयआदि निखिलपदार्थ अनिर्वचनीय हैं, निर्वचन (लक्षण) न होने से स्वप्नवत् मिथ्या हैं। इसीसे वेदान्त को अनिर्वचनीयवाद भी कहते हैं। परन्तु प्रमाण प्रमेय के लक्षणों का खण्डन प्राधान्येन किसी वेदान्त ग्रन्थ में कहीं भी नहीं किया गया है। प्रत्युत स्वाभिमत प्रमाण, प्रेमयआदि पदार्थों का चित्सुखी अद्वैतसिद्धिआदि ग्रन्थों में निर्वचन (लक्षण) कर व्यांग्रांत को आश्रय दिया गया है। कवितार्किकचूड़ामणि प्रणीत खण्डनखण्डखाद्य ही एक ग्रन्थ है जिसमें एक एक कर सब लक्षणों का अकाट्य युक्तियों से खण्डनकर अनिर्वचनीयतावादरूप नाम की रक्षा की गई है। इसीसे खण्डन को अनिर्वचनीयतासर्वस्व भी कहते हैं। लक्षण-खण्डनरूप खाँडनिर्मित मिठाई इस ग्रन्थ में है, अतः इसका अन्वर्थ खण्डनखण्डखाद्य नाम है और अतिप्रसिद्ध होने से कोई २ खण्डन या खण्ड-खाद्य भी कहते हैं। यदि कहा जाय कि खण्डनोक्त खण्डनों का अद्यावधि किसी ने समाधान नहीं किया है, प्रत्युत कई अंशों में मान लिया है, तो अत्युक्ति नहीं होगी।

भूतल में घट, संयोगसम्बन्ध से रहता है और घट-संयोग, समवायसम्बन्ध से और समवाय, स्वरूपसम्बन्ध से रहता है—यह न्याय का सिद्धान्त है। यहाँ पर खण्डनकार कहते हैं कि यदि अन्त में स्वरूप को मानना ही है, तो भूतल में घट स्वरूपसम्बन्ध से रहता है ऐसा आरम्भ में ही क्यों न मान लें। सम्बन्ध परम्परा को क्यों मानें। "इदं सत् इदं सत्" ऐसी अनुगत प्रतीति से जैसे सत्ता जाति सिद्ध होती है वैसे ही "इदमेकम्,

इदमेकम्" इस अनुगत प्रतीति से एकत्व जाति की सिद्धि क्यों न हो, दोनों स्थानों में एक सी अनुगत प्रतीति होने पर भी एकत्व को गुण और सत्ता को जाति यदि मानें, तो विपरीत ही अर्थात् सत्ता को गुण और एकत्व को जाति क्यों न मानें। ऐसे अनेक खण्डन हैं।

खण्डन के अवलोकन से ज्ञात होता है कि पूर्व काल में शून्यवादी बौद्धों ने वितण्डा-रूप शास्त्रार्थ का आश्रयण कर प्रायः पण्डितमात्र को व्याकुल कर दिया था। और वे लोग कुछ नहीं मानते थे, जिसके खण्डन से स्वयं भी कहीं निगृहीत होते। पीछे विद्वानों ने उनको शास्त्रार्थ में १६ (षोडश) पदार्थों का स्वीकार कराकर अपसिद्धान्त से निगृहीत करने अथवा शास्त्रार्थ से निष्कासन करने के अर्थ प्रमाणप्रमेयादि १६ पदार्थों का स्वीकार शास्त्रार्थ का हेतु है—ऐसा शास्त्रार्थ का एक नवीन नियम बनाया। महर्षि गौतम जी ने परस्पर असं-कीर्ण द्रव्यत्वादिरूप से सप्त पदार्थों का विभाग न कर परस्पर संकीर्ण प्रमाणत्वादिरूप से १६ पदार्थों का विभाग इसी अभिप्रायसे किया है। बहुत विचारने पर भी प्रमाणत्वादिरूपसे १६ पदार्थ-विभाग का शास्त्रार्थ व्यवस्था से अन्य कारण ज्ञात नहीं होता। इसके बाद इस नियम के अनुसार अद्वैतवादियों का भी शास्त्रार्थ में अनधिकार न हो, इसलिये खण्डन में सब से पहिले इस नियम का ही खण्डन किया है। और शास्त्रार्थ में अधिकार पाकर "लक्षण प्रमा-णाभ्यां वस्तुसिद्धिः" इस सिद्धान्त के अनुसार प्रमाण से वस्तु-सिद्धि में अन्योन्याश्रय हो जायगा। देखिये—प्रमा का करण प्रमाण है और प्रमात्व वस्तुतत्व के अधीन है, अतः प्रमाण से वस्तु की सिद्धि और वस्तुतत्व से प्रमाण की सिद्धि। अतः लक्षण से ही वस्तु की सिद्धि होने से लक्षणों के खण्डन द्वारा सब प्रमाण प्रमेय की अनिर्वचनीयता का प्रतिपादन किया गया है।

इस ग्रन्थ की भूमिका में आचार्य ने प्रमाणादि-स्वीकार के शास्त्रार्थहेतुत्व का खण्डन किया है। तदनन्तर संक्षेप से शून्यवाद और अद्वैत (स्वप्रकाश) वाद का प्रतिपादन कर इन दोनों में परस्पर भेद दिखाया है। इसके बाद अद्वैत का साधन और भेद का खण्डन किया गया है। और ग्रन्थनिर्माण का प्रयोजन तत्वनिर्णय और विजय को दिखाया है। वाद, जल्प और वितण्डा इन तीनों शास्त्रार्थों में तथा शून्यवाद, अद्वैतवाद, द्वैतवाद सब मतों में खण्डन-युक्तियों का एकसा उपकार दिखा कर भूमिका की समाप्ति की है। प्रथम परिच्छेद में लक्षणसामान्य का और क्रम से प्रमा-प्रमाण के तथा प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि रूप ६ प्रमाण-लक्षणों का तथा असिद्ध, विरुद्ध, सव्यभिचार, सत्प्रतिपक्ष, बाध ५ हेत्वाभास-लक्षणों का खण्डन किया गया है। द्वितीय परिच्छेद में प्रतिज्ञाहानि, प्रतिज्ञान्तर-प्रतिज्ञाविरोध, प्रतिवन्दी और अपसिद्धान्त इन पांच निग्रहस्थानों का खण्डन कर तृतीय परिच्छेद में किंशब्दार्थ के निर्वचन का खण्डन किया गया है। चतुर्थ परिच्छेद में भाव, अभाव, विशिष्ट, द्रव्य, गुण, कर्म्म, विशेष, जाति, सम्बन्ध, आधार, विषयविषयिभाव, भेद, कारणत्व, वर्त्तमानादिकाल, प्रागभाव, ध्वंसाभाव, संशय, भावाभावविरोध, तर्क के लक्षणों का खण्डन करके अन्त में उपदेश दिया है कि जिन लक्षणों का खण्डन विस्तार के भय से इस ग्रन्थ में नहीं किया गया है। उनका खण्डन भी खण्डनोक्त युक्तियों के योजन से अथवा स्वयं तत्सदृश युक्तियों की कल्पना से करना चाहिये। और यदि दैववश युक्ति-स्फुरण न हो तो लक्षणघटक अन्य पदार्थ के निर्वचन का प्रश्न कर उसी का खण्डन करना चाहिये। इस प्रकार से त्रिधा खण्डन युक्तियों का सर्वत्र भ्रमण हो सकता है।

श्री ६ मान् कवितार्किकचूड़ामणि उक्त ग्रन्थ के निर्माता श्रीहर्षमिश्र का स्थान संस्कृत साहित्य में बहुत उच्च है। इनका जैसा सरस कविता पर अधिकार था, वैसा

ही कर्कश तर्कशास्त्र पर भी अधिकार था। ये जितेन्द्रिय (ब्रह्मचारी) और समाधिनिष्ठ थे, इनको समाधि में ब्रह्म (परमेश्वर) का दर्शन होता था। ये त्रयोदशशताब्दी के सम्राट् कान्यकुब्जेश्वर जयचन्द्र (जयन्तचन्द) की राजसभा के प्रधान पण्डित थे। राजसभा में आने पर राजा के समीप में इनको विशिष्ट आसन मिलता था। और सम्राट् निजकरकमल से इनको दो पान के [1]बीड़े देते थे। इनकी वनाई हुई छोटी बड़ी अनेक पुस्तक हैं। जैसे स्थैर्य्यविचार, श्रीविजयप्रशस्ति, खण्डनखण्डखाद्य, गौडोर्वीशकुलप्रशस्ति, अर्णववर्णन, छन्दःप्रशस्ति, शिवशक्तिसिद्धि, ईश्वराभिसन्धि और नैषधचरित इत्यादि। ये पूर्ण आस्तिक थे। इनका विश्वास था कि हमारा बुद्धिवैभव [2]चिन्तामणि मन्त्र-चिन्तन का फल है। नैषधीय-पुरुषोत्तम स्तुति से प्रतीत होता है कि ये शुष्क वेदान्ती ही नहीं किन्तु भगवद्भक्त भी थे। खण्डन के अन्तिम श्लोक तथा नैषध के सर्गान्त श्लोक से यही इनका प्रामाणिक जीवन चरित प्रतीत होता है।

खण्डनखण्डखाद्य प्रथम परिच्छेद पृ० ३१ में लिखा है कि "वेद प्रामाण्य का और सिद्धार्थ उपनिषद्प्रामाण्य का साधन ईश्वराभिसन्धि में करेंगे" इससे ज्ञात होता है कि खण्डन के वाद ईश्वराभिसन्धि बनी है। और खं० प्र० परिच्छेद पृष्ठ ६३ में लिखा है कि "अवोचाम च जल्पविचारप्रस्तावे विस्तरणैतत्" यहां शङ्कर मिश्र जी ने "ईश्वराभिसन्धौ" इसका अध्याहार किया है इससे ज्ञात होता है कि ईश्वराभिसन्धि के वाद खण्डन का निमार्ण हुआ है इन विरुद्ध लेखों के समन्वय का उपाय एक यही है कि ईश्वराभिसन्धौ इसका अध्याहार न करें, और श्रीहर्षकृत कथालोचन नामक ग्रन्थ की कल्पना कर "कथालोचने" का अध्याहार करें। नैषध षष्ठ सर्ग के अन्त में लिखा है "षष्ठः खण्डनखण्डतोपि सहजात् क्षोदक्षमे" इससे ज्ञात होता है कि खण्डन के वाद नैषधचरित का निर्माण हुआ है। और ख० प्र० परिच्छेद पृ० ६० में लिखा है कि "यथाच परिहृतचापलमात्मतत्वामृतसरसि निमज्य रज्यति मानसं तथाहमकथयं नैषधचरितस्य परमपुरुषस्तुतौ सर्गे" इससे ज्ञात होता है कि नैषधचरित के वाद खण्डन का निर्माण हुआ है। इस विरोध का परिहार नैषधचरित में भावी खण्डन के (बुद्धि विषय होने से) निर्देश से हो सकता है। ऐसी अनेक वातें हैं, परन्तु सब को लिखने से यह भूमिका न हो कर स्वतन्त्र निर्मिति हो जायगी। अतः इधर से निवृत्त होते हैं।

ग्रन्थकार ने जान कर इस ग्रन्थ को कठिन वनाया है। आप अन्त में लिखते हैं कि [3]पण्डितम्मन्य अल्पज्ञ इस ग्रन्थ में तर्करस का आस्वाद न करें, इस लिये हमने कहीं कहीं ग्रन्थ-ग्रन्थि (काठिन्य) कर दी है। यह ग्रन्थ अद्वैतवेदान्तियों का सर्वस्वभूत और प्राणवत् प्रिय होने पर भी अतिकाठिन्य से दुर्बोध हो रहा है। इस दुर्बोधता को दूर करने तथा गाँठ को खोलने के लिये मैंने इस ग्रन्थ का हिन्दी (मातृभाषा) में अनुवाद किया है। यद्यपि पूरा पूरा अनुवाद नहीं हुआ है तथापि हिन्दी अनुवाद लिखनेवालों के लिए पथप्रदर्शन कुछ हो गया है। इससे चित्त संतुष्ट है।

१—ताम्बूलद्वयमासनञ्च लभते यः कान्यकुब्जेश्वराद् यः साक्षात् कुरुते समाधिषु परब्रह्मप्रमोदार्णवम्।
यत्काव्यं मधुवर्षि धर्षितपरास्तर्केषु यस्योक्तयः, श्रीश्रीहर्षकवेः कृतिः कृतिमुदे तस्याभ्युदीयादियम्॥

२—श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतं श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम्।
तच्चिन्तामणिमन्त्रचिन्तनफले शृङ्गारभङ्ग्या महाकाव्ये चारुणि नैषधीयचरिते सर्गो निसर्गोज्ज्वलः॥

३—ग्रन्थग्रन्थिरिह क्वचित्क्वचिदपि न्यासि प्रयत्नान्मया, प्राज्ञम्मन्यमना हठेन पठती मास्मिन्खलः खेलतु।
श्रद्धाराद्धगुरुः श्लथीकृतदृढग्रन्थिः समासादयत्वेतत्तर्करसोर्मिमज्जन सुखेष्वासज्जनं सज्जनः॥

यह अनुवाद तथा इसका मुद्रण अनूपसहर भेरिया में प्रायः निवासी श्री ६ स्वामी अच्युत मुनि जी की कृपा से हुआ है, अतः उक्त मुनि महाराज का मैं बड़ी भक्ति से स्मरण करता हूँ। यद्यपि चौदह वर्ष पूर्व ही इस अनुवाद का निर्माण हो चुका था परन्तु अनेक उलझनों के कारण आप महानुभावों के सन्मुख उपस्थित नहीं हो सका। सम्प्रति दानवीर श्रीसेठ गौरीशङ्कर गोयनका जी की उदारता से इसका प्रकाशन हुआ है, अतः श्रीसेठ जी का मैं परम कृतज्ञ हूँ।

इस ग्रन्थ के सम्पादन तथा संशोधन में न्यायाचार्य पं० गिरीश शुक्ल जी, साहित्याचार्य पं० चन्द्रशेखर शास्त्री जी और साहित्याचार्य पं० श्रीकृष्णपन्त जी से बहुत सहायता मिली है, अतः इन लोगों को हृदय से धन्यवाद देते हैं। और विद्वानों के करकमलों में इस उपक्रम को सादर समर्पण करते हैं तथा प्रार्थना करते हैं कि आप लोग स्वाभाविककरुणा से इस उपक्रम को पूर्ण करें।

वैशाख कृष्ण ५ सं० १९८५
काशी।

चण्डीप्रसाद सुकुल।

खण्डनखण्डखाद्य में वर्णित मुख्य २ विषयों का

सूचीपत्र--

विषय	पृष्ठाङ्क
प्रथम परिच्छेद	१–२७६
मङ्गलाचरण	१
प्रमाणादि-स्वीकार का कथाङ्गत्व-खण्डन	२
शून्यवाद-विचार	११
स्वप्रकाशविज्ञानवाद-विचार	२१
शून्यवाद और स्वप्रकाशविज्ञानवाद में भेद	३१
अद्वैतप्रमाण-विचार	३५
भेद-खण्डन	४८
प्रयोजन-प्रतिपादन	६१
खण्डन-भूमिका-समाप्ति	६३
सामान्य खण्डन-युक्तियाँ	६४
प्रमालक्षण में तत्त्वपदार्थ-खण्डन	६४
" अनुभूतिपदार्थ "	६८
प्रत्यभिज्ञालक्षण-खण्डन	७०
दोषलक्षण-खण्डन	७५
तत्तांश में सन्निकर्ष-खण्डन	७७
अख्यातिवाद-खण्डन	८२
स्मृतिभिन्नपरत्व-खण्डन	८७
संसर्गान्योन्याभाव-भेद-खण्डन	९४
एवकारार्थनिर्वचन-खण्डन	१०२
स्मृतिलक्षण-खण्डन	१०६
समुदित-लक्षण "	१०८
अन्यलक्षण-खण्डन-प्रारम्भ	१११–१२४
'यथार्थानुभवः प्रमा' प्रमा के इस लक्षण का खण्डन	१११
'सम्यक्परिच्छेदः प्रमा' " "	११५
'अव्यभिचार्यनुभवः प्रमा' " "	११९
'अविसंवाद्यनुभवः प्रमा' " "	१२०
'अबाधितानुभूतिः प्रमा' " "	१२३
'तर्कसंशयविपर्ययस्मृतिव्यतिरिक्ता प्रतीतिः प्रमा' इस लक्षण का खण्डन ...	१२४
प्रमाणलक्षण-खण्डन	१२६

विषय	पृष्ठाङ्क
करण के लक्षणान्तर-खण्डन में 'कर्तृव्यापारविषयः करणम्' इस लक्षण का खण्डन	१२८
'क्रियायाऽयोगव्यवच्छेदः करणम्' इस लक्षण का खण्डन … …	१३१
व्यापारलक्षण-खण्डन … … … …	१३६
'यां प्रमां तद्वानेव जनयति तस्यां क्रियायां तत्करणम्' इस लक्षण का खण्डन …	१४२
'चरमव्यापारवत्त्वं करणम्' इस लक्षण का खण्डन … …	१४४
'अनन्तरफलं करणम्' " " " … …	१४५
प्रत्यक्षलक्षण-खण्डन-प्रारम्भ … …	**१४८–१८५**
'प्रत्यक्षमिन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यभिचारि' इस लक्षण का खण्डन …	१४८
'भासमानाकारेन्द्रियसंयोगजं प्रत्यक्षम्' इस लक्षण का खण्डन … …	१५२
'साक्षात्कारित्वं प्रत्यक्षलक्षणम्' " " " … …	१५७
'इन्द्रियकरणानुभूतित्वम्' " " " … …	१६५
'ज्ञानाजन्यज्ञानत्वं तत्' " " " … …	१६९
'षोढासंनिकर्षेतराप्रयुक्तविषयनियमं ज्ञानं तथा' " … …	१७१
'साक्षाद्धीः स्वरूपधीः स्वेन रूपेण वस्तुनो भानम्' " … …	१७२
'अनुपहृतप्रतीतिः साक्षाद्धीः' इस लक्षण का खण्डन … …	१७३
'व्याप्त्याद्युपहितत्वादीनां व्यतिरेकस्य यत्र समुच्चयः सा धीः साक्षाद्धीः' इस लक्षण का खण्डन … … … …	१७३
'अव्यवहितत्वं साक्षाद्धीः' इस लक्षण का खण्डन … …	१७३
'ज्ञानस्य जातिभेदः कश्चित्साक्षात्वम्' इस लक्षण का खण्डन … …	१७४
'लिङ्गादिजत्वाभावसमुदायवती धीः साक्षात्' इस लक्षण का खण्डन …	१७७
'अनुमानादिव्यवच्छेद्यतत्तदसाधारणकारणजनिता धीः साक्षात्' इस लक्षण का खण्डन	१७७
'शब्दानुमानोपमानजप्रमितिव्यतिरिक्तत्वे सति प्रमितित्वम्' इस लक्षण का खण्डन	१७८
प्रत्यक्षलक्षण-खण्डन समाप्त … … …	१८४
अनुमानलक्षण-खण्डन-प्रारम्भ … …	**१८५–२१२**
व्याप्तिलक्षण-खण्डन … … … …	१८९
व्याप्तिग्रह के उपायों का खण्डन … … …	१८९
व्यतिरेकव्याप्तिलक्षण-खण्डन … … …	१९३
व्याप्ति के अन्य लक्षणों का खण्डन … … …	१९४
'स्वाभाविकः सम्बन्धो व्याप्तिः' इस लक्षण का खण्डन … …	२०२
उपाधिलक्षण-खण्डन … … … …	२०३
पक्षधर्मतालक्षण " … … … …	२१०
उपमानलक्षण " … … … …	२१३
शब्दप्रमाणलक्षण-खण्डन … … …	२००
पदलक्षण " … … …	२२२

विषय	पृष्ठाङ्क
अर्थापत्तिलक्षण-खण्डन	२२६
अनुपलब्धिलक्षण "	२२९
असिद्धलक्षण "	२३३
विरुद्धलक्षण "	२४३
अनेकान्तिक-(सव्यभिचार) लक्षण-खण्डन	२४६
सत्प्रतिपक्षलक्षण-खण्डन	२५६
कालात्ययापदिष्ट (वाध) लक्षण-खण्डन	२७०
द्वितीय परिच्छेद	२८०–३०४
प्रतिज्ञाहानिलक्षण-खण्डन	२८०–३०४
प्रतिज्ञान्तरलक्षण "	२८२
प्रतिज्ञाविरोधलक्षण "	२८५
प्रतिबन्दीलक्षण "	२८८
अपसिद्धान्तलक्षण "	२९३
तृतीय परिच्छेद	३०४–३०६
'ईश्वर सद्भावे किं प्रमाणम्' एततद्वाक्य घटकीभूत किंशब्दार्थनिर्वचन-खण्डन ...	३०४
चतुर्थ परिच्छेद	३१०–४२०
भावत्वलक्षण-खण्डन	३१०
अभावत्वलक्षण "	३१३
विशिष्टत्वलक्षण "	३१६
द्रव्यगुणलक्षण "	३२१
सामान्य–(जाति) लक्षण-खण्डन	३२४
विशेषलक्षण-खण्डन	३२६
सम्बन्धलक्षण "	३२८
आधारत्वलक्षण "	३३१
ऊर्ध्वाधःपदार्थलक्षण-खण्डन	३३३
विषयविषयिभावसम्बन्धलक्षण-खण्डन	३३७
पुनर्भेदलक्षण-खण्डन	३४६
कारणत्वलक्षण-खण्डन	३६७
वर्तमानादिकाललक्षण-खण्डन	३७८
प्रागभाव और प्रध्वंसाभाव के लक्षण का खण्डन	३८२
संशयलक्षण-खण्डन	३८४
भाव-अभाव-विरोधलक्षण-खण्डन	३८९
तर्कलक्षण-खण्डन	३९५
आत्माश्रयलक्षण-खण्डन	४०१

विषय	पृष्ठाङ्क
... ...	४०६
अन्योन्याश्रयलक्षण-खण्डन	४०६
चक्रकलक्षण-खण्डन	४०९
सत्प्रतिपक्ष जातियों के भेद का खण्डन	४१०
अनवस्थालक्षण-खण्डन	४११
उत्सर्गलक्षण-खण्डन	४१३
कल्पनागौरवलक्षण-खण्डन	४१३
वैजात्यलक्षण-खण्डन	४१७
तर्कदोषलक्षण-खण्डन	४१९
खण्डनोक्त युक्तियों का अन्यत्र प्रयोग करने में उपाय प्रदर्शन	४१९
पण्डितम्मन्य का इस ग्रन्थ में अनधिकार कथन एवं ग्रन्थकार का संक्षिप्त परिचय	४१९

श्रीगणेशाय नमः

अथ खण्डनखण्डखाद्यम्

भाषानुवादसहितम्

अविकल्पविषय एकः, स्थाणुः पुरुषः श्रुतोस्ति यः श्रुतिषु;
ईश्वरमुमया न परम्, [1]वन्देऽनुमयापि तमधिगतम् ॥ १ ॥
[2]मानापनोदनविनोदनते गिरीशे,
भासेवसङ्कुचितयोरुचितन्तदिन्दोः ।
भेत्तुम्भवानिशचितन्दुरितम्भवानि !
नम्रोभवानि घनमङ्घ्रिसरोजयोस्ते ॥ २ ॥

अथ भाषानुवादः

श्रेयो दिशतु सश्रीशः सच्चिदानन्दविग्रहः । यज्ज्ञानाद्व विरसायन्ते [3]पराचान्तु निरुक्तयः॥१॥
अनुमापतये तस्मायप्युमापतये सदा । नमोस्तु गुरवे सर्व-वेदिनेपि द्विवेदिने ॥ २ ॥
श्रीहर्षमिश्रकृतखण्डनखण्डखाद्य—भाषानुवादकरणे कृतसाहसोहम् ।
यत्पादपङ्कजपरागनिषेवणेन, तान्पूज्यपादगुरुदेववरान् नमामि ॥ ३ ॥

मैं केवल उमा ही से नहीं किन्तु अनुमा से (अनुमान से, या श्रवण, मनन, आदि के पीछे मुझ से) भी प्राप्त उस परमेश्वर का वन्दन करता हूँ; जो श्रुतियों में अनेक नाम रूप से श्रुत, एक, नित्य, और निर्विकल्प समाधि का विषय है ॥ १ ॥

हे भवानि ! मैं, संसार में अनादिकाल से संचित पाप को दूर करने के लिये आप के उस चरण कमल में नत होता हूँ, जो मान छुड़ाने के लिये प्रियतम के नत होने पर उन के शिरोभूषण चन्द्र के किरणों से जैसे सङ्कुचित हों ऐसे औचित्यवश सङ्कुचित हैं । अथवा

---

१ यहाँ विरोधाभास अलङ्कार है क्योंकि जो उमा से अधिगत है वह न – उमा = अनुमा से अधिगत कैसे होगा ? इस तरह आपात से विरोध की प्रतीति है । जो स्थाणु (शुष्कवृक्ष) है, वह पुरुष; तथा जो निर्विकल्पक (प्रकार रहित ज्ञान) का विषय है वह श्रुतज्ञान का विषय कैसे ? ऐसा आपात से विरोध का ज्ञान है ।

२ यहाँ श्लेष अलङ्कार है, प्रथम पक्ष में 'मानः (ईर्ष्या) तस्य अपनोदनं (दूरीकरणं) तदेवविनोदः' (क्रीडा) ऐसा समास है । द्वितीय-पक्ष में 'मानं (प्रमाणं) अपनुद्यते अनेनेतिमानापनोदनम् अज्ञानं तस्य विनोदः (दूरीकरणं) तत्र नते' ऐसा समास है ।

३ पराचां (बाह्यपदार्थानां) निरुक्तयो (लक्षणानि)

'शब्दार्थनिर्वचनखण्डनया नयन्तः,
सर्वत्र निर्वचनभावमखर्वगर्वान्;
धीरा यथोक्तमपिकीरवदेतदुक्त्वा,
लोकेषु दिग्विजयकौतुकमातनुध्वम् ॥ ३ ॥

अथ कथायां वादिनो नियममेतादृशम्[3] मन्यन्ते—"प्रमाणादयः सर्वतन्त्रसिद्धान्ततया सिद्धाः पदार्थाः सन्तीति कथकाभ्यामभ्युपेयम्" ॥ ४ ॥ तदपरे न क्षमन्ते। तथाहि प्रमाणादीनां सत्त्वं यदभ्युपेयम् कथकेन तत् कस्य हेतोः ? किं तदनभ्युपगच्छद्भ्यां वादिप्रतिवादिभ्याम् तदभ्युपगमसाहित्यनियतस्य वाग्व्यवहारस्य प्रवर्त्तयितु-

अज्ञान के नाश के लिये जीवों के नत (उपासना में तत्पर) होने पर उनकी उपासना रूपचन्द्र के किरणों से सङ्कुचित (साकारता को प्राप्त) हैं ॥ २ ॥

हे धीरो ! आपलोग जैसा लिखा है वैसा ही (ऊहापोह से रहित भी) इस ग्रन्थ को शुक के तुल्य कह कर पदार्थ मात्र के लक्षणों के खण्डन द्वारा अति गर्व से युक्त पण्डितों को सब जगह चुप करते हुए लोक में दिग्विजय रूप क्रीड़ा का विस्तार करें ॥ ३ ॥

अथ। कथा—(शास्त्रार्थ) के आरम्भ से पहिले नैयायिक आदि भेदवादी एक ऐसा भी नियम मानते हैं कि सब तन्त्रों (शास्त्रों) के सिद्धान्त रूप से सिद्ध "प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति, निग्रहस्थान, सोलह पदार्थ हैं—यह वादी, प्रतिवादी दोनों को अवश्य मान लेना चाहिये—" ॥४॥ अद्वैतवादी वेदान्ती इस नियम को नहीं मानते, वे कहते हैं कि शास्त्रार्थ के

१ 'शब्दस्य अर्थः तस्य निर्वचनम्'···ऐसा समास है। विद्यासागरी और शांकरी में शब्दश्च अर्थश्च··· ऐसा लिखा है, इसमें शब्द विशेषण व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि शब्द भी शब्द-शब्द का अर्थ ही है, "अर्थनिर्वचन"······कहने से ही इष्ट सिद्ध हो जायगा। ठीक ठीक बात तो यह है कि "इस शब्द का यह अर्थ है" इस बोध के द्वारा शब्दप्रयोग रूप व्यवहार की सिद्धि ही लक्षण का प्रयोजन है। इससे शब्द के अर्थ का ही लक्षण होता है।

२ शास्त्रार्थ के आरम्भ से पहिले वादी, प्रतिवादी, दोनों मिलकर कुछ नियम मान लेते हैं। इसलिये कि शास्त्रार्थ निर्विघ्न समाप्त हो। जैसे—सत्यनिष्ठ, दोनों से अधिक विद्वान्, सीमा के लांघने वाले को दण्ड देने में समर्थ, मध्यस्थ होना चाहिये; वादी को अपने पक्ष की प्रमाण-तर्क से सिद्धि करनी चाहिये, प्रतिवादी को वादी के पक्ष में दोष देना चाहिये, ऐसे बहुत से नियम देश काल के अनुसार करते हैं। नैयायिक इनसे अधिक एक और नियम सब को मनवाना चाहते हैं। "प्रमाण प्रमेय आदि सोलह पदार्थ हैं, यह वादी प्रतिवादी दोनों को शास्त्रार्थ से पहिले ही मान लेना चाहिये।" उनका आशय यह है कि यदि प्रतिवादी इस नियम को मान लेगा तो अपने सिद्धान्त शून्यवाद आदि से गिर जायगा। और यदि नहीं मानेगा तो शास्त्रार्थ का अनधिकारी होने से विद्वत्समाज से बहिष्कृत हो जायगा। इस ग्रन्थ में सब से प्रथम उसी नियम का खण्डन करते हैं।

३ एकम् अपरम् अपीतिशेषः। अपिना प्रमाणैर्व्यवहर्त्तव्यमित्यादिनियमान्तराणां संग्रहः

४ इस ग्रन्थ को देखने से ज्ञात होता है कि नियत व्याप्य को कहते हैं। यह ठीक भी है, क्योंकि 'दण्ड-नियत घट है' ऐसा प्रयोग होता है 'घट-नियत दण्ड है' ऐसा प्रयोग नहीं होता है। परन्तु "नियतोपस्थिकः प्रातिपदिकार्थः" "अन्यथासिद्धिशून्यस्य नियतापूर्ववर्त्तिता" इत्यादि ग्रन्थों के देखने से ज्ञात होता है कि नियत व्यापक को कहते हैं। वह अनुभव विरुद्ध सा ज्ञात होता है।

मशक्यत्वात् ? उत कथकाभ्यां प्रवर्त्तनीयवाग्व्यहारं प्रति हेतुत्वात्, उत लोकसिद्धत्वात्, अथवा तदनभ्युपगमस्य तत्वनिर्णयविजयफलातिप्रसङ्गकत्वात् ॥५॥

न तावदाद्यः। तदनभ्युपगच्छतोपि चार्वाकमाध्यमिकादेर्वाग्विस्तराणामप्रतीयमानत्वात्। तस्यैव वाऽनिष्पत्तौ भवतस्तन्निरासप्रयासानुपपत्तेः। सोयमपूर्वोवाक्स्तम्भनमन्त्रो भवताभ्यूहितः। नूनं यस्य प्रभावाद्द भगवता सुरगुरुणा लोकायतकानि सूत्राणि न प्रणीतानि, तथागतेन वा मध्यमागमा नोपदिष्टाः; भगवत्पादेन वा बादरायणीयेषु सूत्रेषु भाष्यन्नाभाषि ॥६॥ प्रमाणाद्यनभ्युपगम्यापि प्रवर्त्तयन्तु नाम ते वाचोभङ्गीः; तास्तु साधनबाधनक्षमा न भवन्ति तावतेति ब्रूम इतिचेन्न। प्रमाणाद्यनभ्युपगम्य प्रवर्त्तितत्वं तदीयसाधनबाधनाऽक्षमतायां न नियामकं, किन्तु सद्वचनाभासलक्षणयोगित्वमित्य-

---

आरम्भ से पहिले शास्त्रार्थी प्रमाणादि की सत्ता को क्यों मानें ? क्या इस कारण से कि प्रमाणादि के स्वीकार के विना वाग्व्यवहार (वचन) की प्रवृत्ति नहीं कर सकते हैं। क्योंकि वाग्व्यवहार, प्रमाणादि के स्वीकार से नियत (व्याप्य) है। अर्थात् प्रमाणादि के स्वीकार के विना नहीं रहता है। या इस कारण से कि प्रमाणादि-स्वीकार उस वाग्व्यवहार का हेतु है, जिसको वादी, प्रतिवादी, दोनों करना चाहते हैं। या इससे कि "प्रमाणादि-स्वीकार शास्त्रार्थ-हेतु है"—यह लोक सिद्ध है। या इस कारण से कि शास्त्रार्थ का फल, (तत्व-निर्णय, या विजय) प्रमाणादि-स्वीकार के विना सिद्ध नहीं हो सकता है ॥५॥

प्रथम विकल्प-खण्डन—इनमें पहिला पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि चार्वाक, माध्यमिक (बौद्ध) प्रभृति, प्रमाणादिको नहीं मानते हैं, और उनके भी शास्त्रार्थ में वाग्व्यवहार देखे जाते हैं। यदि उनके शास्त्रार्थ में वाग्व्यवहार न हो तो उनके मत के खण्डन के लिये बड़ी बड़ी पुस्तकों के लिखने में आपका परिश्रम व्यर्थ हो जायगा। आपसे विलक्षण वाक्स्तम्भनकारी, यह, वह, मन्त्र कल्पित हुआ है। मानो जिस मन्त्र के प्रभाव से ही भगवान् सुरगुरु (बृहस्पति) ने लोकायत सूत्र का प्रणयन नहीं किया है; और तथागत (बुद्धदेव) ने मध्यमागम (शून्यवाद) का उपदेश नहीं दिया है; श्री ६ भगवत्पाद (शंकराचार्य्य जी) ने श्री ६ वेदव्यासजी के सूत्रों पर भाष्य नहीं किया है ॥ ६ ॥ समर्थन—चार्वाक आदि प्रमाणादि को न मानकर भी वाग्व्यवहार की प्रवृत्ति करें। परन्तु उनका वचन प्रमाणादि को न मानने से स्वपक्षके साधन और परपक्ष के बाधन में क्षम नहीं है। खण्डन—आपलोगों ने जो उनके वचन के खण्डन में बड़ी बड़ी पुस्तकें लिखी हैं, उसीसे यह कल्पन हो सकता है कि उनका वचन साधन बाधन में समर्थ है। और ठीक बात तो यह है कि वचन में जो साधन तथा बाधन की अशक्ति है उसका कारण, प्रमाण आदि को न मानकर प्रवृत्ति नहीं है, किन्तु सद्वचनाभासत्व है, इसको आप भी अवश्य मानेंगे। अन्यथा यदि प्रमाणादि के अस्वीकार को साधन बाधन की अशक्ति

---

१. सद्वचन = सद्धेतुप्रतिपादकवाक्य, और सद्वचनाभास = हेत्वाभासप्रतिपादकवाक्य, उसका लक्षण = हेत्वाभासप्रतिपादकवाक्यत्व, तद्योगित्व = उसका सम्बन्ध। विद्यासागरी और शाङ्करी दोनों में यह अर्थ किया है—'सद्वचनाभासः = स्फुटावभासो व्यभिचारादिः तल्लक्षणं = साध्यात्यन्ताभावसामानाधिकरण्यादि...' मेरे समझ में यह नहीं आता है कि असद्धेतु में रहनेवाला यह धर्म वचन रूप सद्वचनाभास में कैसे जायगा ?

वश्यमभ्युपेयमभवता येनाभ्युपगम्यापि प्रमाणादीनि प्रवर्त्तिता मतान्तरानुसारिभिर्व्यवहारा अभ्युपगतप्रमाणादिसत्त्वैर्मतान्तरव्यवहारिभिरपरैरतथाभूता इति कथ्यन्ते ॥ ७ ॥ यदि त्वमस्मद्वचसि सद्वचनाभासलक्षणं न भवान् दर्शयितुमीष्टे तदाऽनभ्युपगम्य प्रमाणादीनि भवता प्रवर्त्तितोयं व्यवहार इति शतकृत्वस्त्वयोच्यमानेपि नास्माकमादरः। अन्यथाऽभ्युपगम्य प्रमाणादीनि भवता प्रवर्त्तितोयं व्यवहार इत्येतावता भवदीयोव्यवहाराभास-इत्यस्माभिरपि वक्तुं शक्यत एव ॥८॥ ननु यदि प्रमाणादीनि न सन्ति तदा व्यवहार एव धर्म्मी कथं सिध्येत् ? दूषणादिव्यवस्था वा कथं स्यात् ? सर्वविधिनिषेधानां प्रमाणाधीनत्वात्। मैवम् न ब्रूमोवयं न सन्ति प्रमाणादीनीति स्वीकृत्य कथारभ्येति, किन्नाम सन्ति न सन्ति वा प्रमाणादीनीत्यस्यां चिन्तायामुदासीनैः, यथा स्वीकृत्य तानि व्यवह्रियते तथाव्यवहारिभिरेव कथा प्रवर्त्यतामिति ॥९॥ अन्यथा न सन्ति प्रमाणादीनीति मतमस्माकमारोप्य यदिदं भवता दूषणमुक्तं तदपि वक्तुं न शक्यम्। कीदृशीं मर्य्यादामालम्ब्य प्रवृत्तायां कथायामिदं दूषणमुक्तम् ? किं प्रमाणादीनां सत्वमभ्युपगम्योभाभ्यां वादिभ्यां प्रवर्त्तितायां कथायाम् ? उतासत्वमभ्युपेत्य ? अथैकेन

का कारण मानें, तो यह भी मानना पड़ेगा कि प्रमाणादि-स्वीकार साधन बाधन की शक्ति का कारण है, और यह मान नहीं सकते हैं; क्योंकि प्रमाणादि को माननेवाले नैयायिक, प्रमाणादि को मानने वाले मीमांसक के वचन को साधन-बाधन में असमर्थ कहते हैं। प्रमाणादि-स्वीकार को साधन-बाधन की शक्ति के अकारण होनेपर भी यदि आप हमारे वचन में आभासत्व (दोष) न दिखा सकें, तो सौ बार भी कहें कि प्रमाणादि न मानकर प्रवृत्त होने से यह आपका वाग्व्यवहार प्रमाणाभास (अप्रमाण) है; परन्तु हमारा आदर आपके वचन में नहीं होगा। यदि वचन में आभासत्व को न दिखाकर भी साधन में अक्षमत्व का प्रतिपादन कर सकें, तो हम भी कह सकते हैं कि प्रमाणादि को मान कर प्रवृत्त होने से आप का वचन भी साधन में अक्षम हैं ॥८॥ समर्थन—यदि प्रमाणादि नहीं हैं तो वाग् व्यवहार रूप धर्म्मी (अङ्गी) कैसे सिद्ध होगा ? और दूषण आदि की व्यवस्था कैसे होगी ? क्योंकि सब विधि निषेध, प्रमाण के ही अधीन हैं। खण्डन—हम यह नहीं कहते हैं कि "प्रमाण आदि नहीं हैं" ऐसा मान कर शास्त्रार्थ का आरम्भ करिये। किन्तु प्रमाणादि हैं या नहीं इस चिन्ता में उदासीन होकर जैसा आप मानते हैं वैसा ही मान कर शास्त्रार्थ का आरम्भ करना चाहिये ॥९॥ अन्यथा (प्रमाणादि स्वीकार को यदि शास्त्रार्थ का अङ्ग मानें तो) 'प्रमाणादि नहीं है' ऐसा मेरा मत मान कर जो आप दोष देते हैं कि 'यदि प्रमाणादि नहीं हैं तो व्यवहार रूप धर्मी कैसे सिद्ध होगा' यह दोष देना भी नहीं बनेगा। देखिये, किस मर्य्यादा (नियम) को मान कर प्रवृत्त शास्त्रार्थ में आप इस दोष को देते हैं ? क्या प्रमाणादि के सत्व को मान कर वादी प्रतिवादी दोनों से प्रवृत्त शास्त्रार्थ में ? या प्रमाण आदि के असत्व को मान कर दोनों से प्रवृत्त शास्त्रार्थ में ? या एक से सत्व को और अन्य से असत्व को मान कर प्रवृत्त शास्त्रार्थ में ? इनमें प्रथम विकल्प युक्त नहीं है, क्योंकि जो प्रमाणादि को मानते हैं उनके प्रति प्रमाण आदि को न मानने पर व्यवहार रूप धर्मी कैसे सिद्ध होगा ? इस दोष का देना नहीं बनता है, द्वितीय पक्ष में आप भी प्रमाण आदि के न मानने वाले सिद्ध होंगे। तृतीय पक्ष भी ठीक नहीं है, क्योंकि इसी शास्त्रार्थ के तुल्य अन्य शास्त्रार्थ को भी प्रमाणादि-स्वीकार के विना ही सिद्ध

सत्त्वमपरेणासत्त्वमङ्गीकृत्य। नाद्यः। अभ्युपगतप्रमाणादिसत्त्वम्प्रति एतादृशपर्य्यनुयोगानवकाशात्। द्वितीये स्वतोप्यापत्तेः। न तृतीयः तथैव कथान्तरस्यापि प्रसक्तेः ॥१०॥ उभयाभ्युपगमानुरोधित्वाच्च कथानियमस्य। अन्यथा स्वाभिप्रायमालम्ब्य तेनापि त्वद्वचसि यत्किंचिद्वागात्मनि दूषणेऽभिहिते कस्य जयो व्यवतिष्ठताम्; प्रमाणाभ्युपगन्तुरेव यावन्नियमभरयन्त्रणा महती स्यात्। तस्मात्प्रमाणादिसत्त्वासत्त्वाभ्युपगमौदासीन्येन व्यवहारनियमेन समयं बद्ध्वा प्रवर्त्तितायां कथायां भवतेदं दूषणमुक्तमित्युचितमेव तथासति स्यात् ॥११॥ योयं भवान् स्वाभिप्रायमपि नावधारयितुं शक्नोति दूरतः तस्मिन् पराभिसन्धानावधारणमत्याशा ॥१२॥ अथ वादीकृत्य 'दुर्वैतण्डिकं तस्मिन्नुपाधौ बाधोऽभिधीयते इत्येव नेष्यते, शिष्यादयस्तु तस्य कथानधिकारम् ज्ञाप्यन्ते, अतएव भगवान् भाष्यकारः "स प्रयोजनमनुयुक्तो यदि प्रतिपद्यते—" इत्याह स्म न तु प्रतिपद्यसे इति। मैवम्।

होने से 'प्रमाणादि का स्वीकार शास्त्रार्थ-हेतु है' यह कथन असङ्गत हो जायगा ॥१०॥ और शास्त्रार्थ-नियम वादी प्रतिवादी दोनोंके स्वीकार पर निर्भर है। इससे केवल आपके स्वीकार से प्रमाणादि का स्वीकार, शास्त्रार्थ हेतु हो भी नहीं सकता है। यदि शास्त्रार्थ-नियम को एक के स्वीकार का अनुरोधी मानें, तो यदि प्रतिवादी स्वेच्छा से स्वीकृत—"प्रतिवादी हुँ फट् शब्द के उच्चारण रूप दोष भी वादी के पक्ष में दे सकता है"—इस नियम से हुँ फट् के उच्चारण रूप दोष दे, तो किसका जय होगा? बल्कि नियम के एकानुरोधी होनेपर प्रमाणादि-स्वीकार को शास्त्रार्थ-हेतु माननेवाले को ही नियम से महान् क्लेश होगा। अतः आपने प्रमाण आदि के सत्व असत्व में उदासीनता से प्रवृत्त शास्त्रार्थ में—"यदि प्रमाणादि को न मानें तो व्यवहार रूप धर्मी कैसे सिद्ध होगा"—यह दोष दिया है, इस बात को हम दोनों यदि मान लें तो अच्छा है, जब आप अपने अभिप्राय के जानने में असमर्थ हैं, तो आपसे प्रमाणादि-स्वीकार शास्त्रार्थ में हेतु नहीं है—यह हम कहते हैं, प्रमाणादि ही नहीं हैं—यह नहीं कहते हैं, इस हमारे अभिप्राय के जानने की आशा तो अति दूर है ॥१२॥

समर्थन—यहाँ कोई शास्त्रार्थ नहीं होता है आप हमारे ग्रन्थ को उद्धृत कर खण्डन करते हैं, और हम भी वैतण्डिक को वादी बनाकर किसी शास्त्रार्थ में प्रमाणादि-स्वीकार के शास्त्रार्थ-हेतुत्व की सिद्धि नहीं करते हैं; किन्तु शिष्य से वैतण्डिक के शास्त्रार्थ में अनधिकार का बोधन करते हैं; इसीसे न्याय भाष्यकार ने "सप्रयोजनमनुयुक्तो यदि प्रतिपद्यते"—ऐसा कहा है। अर्थात् परोक्षवाची तत् शब्द से वैतण्डिक का परामर्श किया है, और प्रथम पुरुष की क्रिया दी है। इससे 'कीदृशीं' इत्यादि विकल्प व्यर्थ है। खण्डन—शिष्य से भी आप यही कहेंगे कि चार्वाकादि का कथा में अधिकार नहीं है यह कैसे हो सकता है; क्योंकि यदि उनका

१ शास्त्रार्थ—वाद, जल्प, वितण्डा तीन प्रकार के हैं। वाद और जल्प में वादी, प्रतिवादी दोनों स्वपक्ष का साधन और परपक्ष का खण्डन करते हैं। इनमें भेद यह है कि वाद में छल प्रयोग नहीं होता है और उसका फल सत्य-निर्णय है। जल्प में छल-प्रयोग भी होता है और उसका फल विजय है, वितण्डा में वादी स्वपक्ष का साधन, और प्रतिवादी उसके पक्ष का खण्डन करता है। उसका फल विजय है। वितण्डा से विजय के लिये जो प्रवृत्त हो उसे वैतण्डिक कहते हैं। दुष्टवैतण्डिक को दुर्वैतण्डिक कहते हैं।

२ वह वैतण्डिक यदि शास्त्रार्थ के प्रयोजन पूछनेपर मान लेगा तो प्रमाण भी मानही लेगा, यह उक्त भाष्य का अर्थ है।

शिष्यादीन् प्रति अपि चार्वाकादेर्दोषोयमित्येवाभिधातव्यम्, कथं च तथा स्यात् तस्य कथाप्रवेशनाप्रवेशनयोः तद्बाधाक्षमत्वात् । कथायामेव हि निग्रहः ॥१३॥ नापि द्वितीयः। तथाहि स्यादप्येवं यदि कथकप्रवर्त्तनीयवाग्व्यवहारम्प्रति प्रमाणादीनाम् हेतुता तत्सत्वाऽनभ्युपगमे निवर्त्तेत । नत्वेवं सम्भवति । तथासति तत्सत्वानभ्युपगन्तॄणां वाग्व्यवहारस्वरूपमेव न निष्पद्येत हेत्वनुपपत्तेः । उक्तश्चायमर्थो यन्माध्यमिकादिवाग्व्यवहाराणां स्वरूपापलापो न शक्यत इति ॥१४॥ अथ मन्यसे कथकवाग्व्यवहारम्प्रति हेतुत्वात् प्रमाणादीनां सत्वं, सत्वाच्चाभ्युपगमः, यत्सत् तद्ध अभ्युपगम्यते इति स्थितेरिति । मैवम् । कयापि नियमस्थित्या प्रवृत्तायां कथायां कथकवाग्व्यवहारम्प्रति हेतुत्वात् प्रमाणादीनां सत्वं सत्वाच्चाभ्युपगमोभवता प्रसाध्यः ॥१५॥ कथातः पूर्वं तत्वावधारणं वा परपराजयं वाऽभिलषद्भ्यां कथकाभ्यां यावता विनाऽभिलषितं न पर्य्यवस्यति तावदनुरोद्धव्यम् । तच्च [1]व्यवहारनियमसमयबन्धादेव द्वाभ्यामपि ताभ्यां सम्भाव्यते इति व्यवहारनियमसमयमेव बध्नीतः ॥१६॥

अधिकार है तो अधिकार नहीं है—यह कथन व्याहत है, और यदि अधिकार नहीं है तो शिष्य उनको इस दोष से निगृहीत (विजित) कहाँ करेगा ? क्योंकि कथा में ही निग्रह होता है, और कथा में उनका अधिकार ही नहीं है ॥१३॥

द्वितीय विकल्प-खण्डन—द्वितीय विकल्प भी ठीक नहीं है, क्योंकि शास्त्रार्थ के प्रमाणादि तो कभी हेतु होभी सकते हैं । परन्तु प्रमाणादि-स्वीकार, हेतु नहीं हो सकता है । प्रमाणादि-स्वीकार भी हेतु होता, यदि शास्त्रार्थ में प्रमाणादि की हेतुता, प्रमाणादि को न मानने पर निवृत्त हो जाती। परन्तु ऐसा नहीं होता है, क्योंकि ऐसा मानें तो प्रमाणादि को न माननेवालों के वाग्व्यवहार के स्वरूप की ही निष्पत्ति, कारण के न होने से नहीं होगी । और यह बात हमने कही है कि माध्यमिकादि के वाग्व्यवहार के स्वरूप का अपलाप नहीं हो सकता है॥१४॥

समर्थन—वाग्व्यवहार के हेतु होने से प्रमाणादि सत्य हैं, और सत्य होने से वे स्वीकार के योग्य हैं, क्योंकि जो सत्य होते हैं वे माने जाते हैं, ऐसी लोक की स्थिति है ।

खण्डन—इस युक्ति से भी प्रमाणादि-स्वीकार सिद्ध हुआ, प्रस्तुत (प्रमाणादि-स्वीकार का शास्त्रार्थ हेतुत्व) सिद्ध नहीं हुआ । किञ्च आप किसी नियम से प्रवृत्त कथा में वाग्व्यवहार के कारण होने से प्रमाणादि के सत्यत्व को और सत्यत्व होने से प्रमाणादि के स्वीकार को साधेंगे । यदि ऐसा है तो जिस कथा में प्रमाणादि की सत्ता को सिद्ध करेंगे उसीमें व्यभिचार होने से अथवा उसीके तुल्य अन्य कथा के भी निर्वाह होने से प्रमाणादि-स्वीकार कथा का हेतु सिद्ध नहीं हुआ ॥१५॥ कथा के आरम्भ से पूर्व जितने के विना तत्व-निश्चय, या वादी का पराजय रूप अभिलषित फल की सिद्धि न हो, उतना ही दोनों को मानना चाहिये । और अभिलषित फल की सिद्धि (व्यवहार-नियम से समयबन्ध [प्रतिज्ञारूपबन्धन] से ही) कथा प्रवृत्ति से हो सकती है; इससे दोनों व्यवहार-नियम से प्रतिज्ञा रूप बन्धन को स्वीकार करते हैं ॥१६॥

---

[1] व्यवहारः = वाग्व्यवहारः शास्त्रार्थ इतियावत्, तस्य प्रयोजका नियमाः प्रमाणैर्व्यवहर्त्तव्यमित्यादिरूपाः, तैः समयस्य = प्रतिज्ञायाः 'इमान् नियमान् पालयिष्यामित्यादिरूपायाः' बन्धनं = करणम् ।

स च—"प्रमाणेन तर्केण च व्यवहर्त्तव्यम् वादिना। प्रतिवादिनापि कथाङ्गतत्त्वज्ञानविपर्य्ययलिङ्गप्रतिज्ञाहान्याद्यन्यतमनिग्रहस्थानं तस्य दर्शनीयम्। तदुद्व्युत्पादने प्रथमस्य भङ्गोव्यवहर्त्तव्यः। अन्यथातु द्वितीयस्यैव। तादृशेतरौ जेतृतया व्यवहर्त्तव्यौ। प्रामाणिकः पक्षः तात्विकतया व्यवहर्त्तव्यः"—इत्यादिरूपः ॥१७॥ अत एव व्यवहारनियमसमयबन्धेपिहेतुर्वक्तव्यः तथा च सोपि कथायाम्प्रवृत्तायामभिधातुं युक्तः इति प्रमाणतत्त्वहेत्वभिधानवत् प्रत्यवस्थानमनवकाशम्। द्वाभ्यामपि वादिभ्यां विचारप्रवृत्त्याऽभिलष्यमाणतत्त्वव्यवस्थाजयमूलत्वेन व्यवहारनियमस्य स्वेच्छयैव परिगृहीतत्वात् ॥१८॥ नचैवं प्रमाणाद्युपज्ञस्वेच्छामात्रपरिगृहीतमूलत्वात् मूलापरिशुद्धिसम्भवेन सर्वविचारविचार्य्यफलविप्लवापत्तिः स्यात्? [1]अविद्याविद्यमानाऽनादिपारम्पर्य्याऽऽयातस्य लोकव्युत्पत्तिगृहीतसम्वादस्य च तस्यान्यथाभावासम्भाव्यतालक्षणस्वतःसिद्धपरिशुद्धित्वात् ॥१९॥ न च प्रमाणादीनां सत्तापीत्थमुभाभ्यामङ्गीकर्त्तुमुचिता। तादृश-

---

वह समयबन्ध—वादी को प्रमाण तथा तर्क से स्वपक्ष की सिद्धि करनी चाहिये, और प्रतिवादी को कथा के अङ्ग (फल) तत्वज्ञान के विपर्य्यय (अज्ञान वा अतत्वज्ञान) का हेतु = प्रतिज्ञाहान्यादि निग्रह-स्थान दिखाना चाहिये। यदि प्रतिवादी निग्रह-स्थान का समर्थन कर सके तो वादी का पराजय होगा, और यदि न कर सके तो उसका पराजय होगा। तादृश (पराजित) से अन्य जेता कहावेंगे। प्रमाण-युक्त पक्ष यथार्थ (ठीक) माना जायगा—इत्यादि रूप हैं ॥१७॥ शंका—व्यवहार-नियम, शास्त्रार्थ का कारण है, इसका साधन भी शास्त्रार्थ में ही होगा, तब तो जिस शास्त्रार्थ में उसकी सिद्धि होगी उसीमें व्यभिचार होने से तथा उसीके तुल्य अन्य शास्त्रार्थ के भी निर्वाह होने से व्यवहार-नियम भी शास्त्रार्थ का अङ्ग सिद्ध नहीं होगा। खण्डन—विचार (शास्त्रार्थ की प्रवृत्ति से अभिलषित जो तत्व-ज्ञान और विजय रूप फल उसके कारण होने से वादी प्रतिवादी दोनों अपनी अपनी इच्छा से समय-बन्ध को कारण मान लेते हैं ॥१८॥ शंका—समय बन्ध की हेतुता को प्रमाण के विना ही (स्वेच्छा से स्वीकृत होने से) विचार के मूल की अपरिशुद्धि (प्रमाणशून्यत्व) से शास्त्रार्थ, और उससे विचारणीय तत्व और फल सब की सिद्धि नहीं होगी। क्योंकि वादी, अपनी इच्छा से "हुँ फट् का उच्चारण भी साधक या बाधक प्रमाण है" ऐसा नियम बना सकते हैं।

खण्डन—समयबन्ध शास्त्रार्थ हेतु है—यह बात अनादिकाल से वृद्ध परम्परा में आ रही है। और इसके विना शास्त्रार्थ का फल नहीं हो सकता है—यह बात भी वृद्धों में प्रसिद्ध है। अतः समय-बन्ध के विना तत्व निर्णय या विजय के असम्भव होने से स्वतः सिद्ध अर्थापत्ति रूप प्रमाण विद्यमान है। भावार्थ यह है कि जब समयबन्ध के कथाङ्गत्व में अर्थापत्ति प्रमाण है, तब वैसे ही समयबन्ध को कथाङ्ग मानेंगे; जैसे समयबन्ध के विना कथा अनुपपन्न है। 'हुँ फट्' के उच्चारण प्रमाण हैं ऐसे समयबन्ध की कल्पना नहीं होगी ॥१९॥

शंका—प्रमाणादि-स्वीकार को भी इसी रीति से (वृद्ध व्यवहार से सिद्ध होने से) कथाङ्ग क्यों न माना जाय?

---

१ अविद्यमानादिपारम्पर्य्यायातस्येतिविद्यासागरीसम्मतः पाठः सएवानुसृतः

व्यवहारनियममात्रेणैव कथाप्रवृत्त्युपपत्तेः । प्रमाणादिसत्ताभ्युपगमेपि तथाविधव्यवहारनियमव्यतिरेके तत्वनिर्णयस्य जयस्य वा अभिलषितस्य कथकयोरपर्य्यवसानात् ॥२०॥ नापि तृतीयः । लोकव्यवहारो हि प्रमाणलोकव्यवहारो वा स्यात् पामरादिसाधारणव्यवहारोवा ? नाद्यः, विचारप्रवृत्तिमन्तरेण तस्य दुर्निरूपत्वात्, तदर्थमेव च पूर्वं नियमस्य गवेषणात् । नापि द्वितीयः, शरीरात्मत्वादीनामपि तथासति भवता स्वीकर्त्तव्यत्वापातात् । पश्चात् तद्विचारबाध्यतया नाभ्युपेयते इतिचेत्, तर्हि प्रमाणादयोपि यदि विचारबाध्या भविष्यन्ति तदानाभ्युपेया एव, अन्यथातूपगन्तव्या इति लोकव्यवहारसिद्धतया सत्वमभ्युपगम्यते इतितावन्न भवति ॥२१॥

नापि चतुर्थः । यादृशोभवता प्रमाणादीन्यभ्युपगम्य व्यवहारनियमः कथायामालम्ब्यते, तस्यैव प्रमाणादिसत्तासत्तानुसरणोदासीनैरस्माभिरप्यवलम्बनात् । तस्य यदि मां प्रति फलातिप्रसञ्जकत्वं तदा त्वां प्रत्यपि समानः प्रसङ्गः ॥२२॥

खण्डन—प्रमाणादि-स्वीकार को कथाङ्ग न मान कर भी केवल उक्त व्यवहार-नियम को कथाङ्ग मान कर कथा प्रवृत्ति हो सकती है । और उक्त व्यवहार नियम को कथाङ्ग न मान कर केवल प्रमाणादि-स्वीकार से प्रवृत्त कथा से तत्व-निर्णय या विजय रूप फल की सिद्धि नहीं हो सकती है ॥२०॥ तृतीय विकल्प-खण्डन—'लोक व्यवहार से सिद्ध होने से प्रमाणादि-स्वीकार कथाङ्ग है'—यह तृतीय विकल्प भी युक्त नहीं है । क्योंकि लोक-व्यवहार से प्रमाण-भूत लोक-व्यवहार का ग्रहण है ? या पामरादि-साधारण लोक व्यवहार का ? इनमें प्रथम ठीक नहीं है । क्योंकि शास्त्रार्थ-प्रवृत्ति से पहिले 'यह लोक-व्यवहार प्रामाणिक है' इसका निश्चय नहीं हो सकता है। और पहिले कथा के लिये ही नियम का अन्वेषण करते हैं । द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, क्योंकि शरीरात्मवाद को लोक-सिद्ध होने से मानना पड़ेगा ।

समर्थन—पीछे शास्त्रार्थ में बाधित होने से शरीरात्मवाद को नहीं मानते हैं ।

खण्डन—तब तो प्रमाणादि-स्वीकार को कथाङ्गत्व भी यदि शास्त्रार्थ में बाधित होगा तो नहीं माना जायगा, और प्रमाण से अबाधित होने पर माना जायगा—यह सिद्ध हुआ । लोक व्यवहार से सिद्ध होने से प्रमाणादि-स्वीकार, कथाङ्ग है—यह सिद्ध नहीं हुआ ॥२१॥

चतुर्थ विकल्प-खण्डन—"प्रमाणादि-स्वीकार के विना तत्वनिर्णय या विजय रूप फल की सिद्धि नहीं हो सकती है इससे प्रमाणादि स्वीकार कथाङ्ग है" यह चतुर्थ विकल्प भी युक्त नहीं है, क्योंकि प्रमाणादि का अस्वीकार शास्त्रार्थ-फल का असाधक नहीं है, क्योंकि प्रमाणादि के न मानने वाले चार्वाकादि के भी कहीं कहीं शास्त्रार्थ फल देखे जाते हैं, और कहीं कहीं प्रमाणादि-स्वीकर्त्ता के भी फल नहीं देखे जाते हैं; जब इन दोनों में सम्बन्ध न रहा तब जैसे प्रमाणादि के स्वीकर्त्ता आप व्यवहार-नियम को कथाङ्ग मानते हैं । प्रमाणादि के सत्व असत्व में उदासीन हम भी वैसे ही व्यवहार नियम को कथाङ्ग मानते हैं; इससे वह नियम यदि हमारे फल का असाधक हो, तो आपके फल का भी असाधक होगा। अर्थात् हमें फल (विजय) न दे, तो आप को भी विजय नहीं देगा ॥२२॥

समर्थन—व्यवहार नियम से समय बाँध कर कथा करने वाले पुरुष भी व्यवहार की सत्ता को अवश्य मानेंगे, क्योंकि व्यवहार की सत्ता को न मान कर व्यवहारक्रिया का अभिधान भी नहीं हो सकता है । क्रिया = उत्पादना है, अर्थात् असत् को सत् रूप होना ही

स्यादेतत्—¹नियतवाग्व्यवहारक्रियासमयबन्धेन कथां प्रवर्त्तयतापि व्यवहारसत्ता अभ्युपगन्तव्या। नहि सत्तामनभ्युपगम्य व्यवहारक्रियाऽभिधातुं शक्या। क्रिया हि निष्पादना= असतः सद्रूपताप्रापणमितियावत्। प्रमाणैर्व्यवहर्त्तव्यमितिनियमबन्धनं प्रमाणकारणभावस्य नियमान्तर्भावात् नियतपूर्वसत्त्वं कारणत्वं प्रमाणानामनादाय न पर्य्यवस्यति। दूषणानाञ्चास्तित्वेन भङ्गावधारणनियमबन्धने, साधनाङ्गव्याप्त्यादीनां सत्त्वेन तद्विषयस्य तत्त्वरूपताव्यवहारनियमनादौ च कण्ठोक्तमेव तस्य तस्य सत्त्वमङ्गीकृतमिति रिक्तमिदमुच्यते प्रमाणादीनां सत्तामनभ्युपगम्य कथारम्भः शक्यत इति ॥२३॥

मैवम्, एभिरपिबाधकैः कथायामारब्धायामेवाभिमतस्य प्रसाधनीयत्वे पूर्वोक्तबाधाया अनिस्तारात् ॥२४॥ न च व्यवहारनियमस्य स्वेच्छास्वीकृतस्यैव प्रमाणादिसत्तास्वीकारपर्य्यवसायितया नायं दोषः स्यात्। यतः सत्ताज्ञानस्य तत्राङ्गत्वम्, नतु सत्तायाः ॥२५॥ तत्र किं सत्त्वावगममात्रात् सत्ताऽभ्युपगम्येति मन्यसे, अबाधितात्

क्रिया है। ऐसे ही "प्रमाणैर्व्यवहर्त्तव्यम्" यह नियम-बन्ध भी—कारणत्व के शरीर में नियम के प्रवेश होने से प्रमाण में 'नियतपूर्वसत्व-रूपकारणत्व' को न जानकर—नहीं हो सकता है; ऐसे ही दूषण के रहने पर पराजय के अवधारण (निश्चय) रूप नियम में और साधन के अङ्ग व्याप्ति के सत्त्व से साध्य के सत्यत्वावधारण रूप नियम में कण्ठ से ही प्रमाण-दूषण-व्याप्ति आदि के सत्त्व का अङ्गीकार किया है; इससे प्रमाण आदि को न मान कर कथारम्भ हो सकता है, यह कथन युक्ति-शून्य है ॥२३॥

खण्डन—इन बाधक युक्तियों से भी कथा के आरम्भ होने पर ही अभिलषित (प्रमाणादि-स्वीकार की कथाङ्गता) की सिद्धि होगी। अतः पीछे कहे दोषों का वारण नहीं हुआ। अर्थात् जिस कथा में प्रमाणादि-सत्ता सिद्ध हुई है—उसी में व्यभिचार होने से, और वैसे ही अन्य कथा के भी निर्वाह होने से, प्रमाणादि-स्वीकार कथाङ्ग नहीं है ॥ २४ ॥

समर्थन—हम किसी कथा में प्रमाणादि-स्वीकार की कथाङ्गता को सिद्ध नहीं करते हैं; किन्तु अपनी इच्छा से स्वीकृत व्यवहार-नियम ही प्रमाणादि-स्वीकार में पर्यवसित (प्राप्त) हो जाता है; यह आप से कहते हैं।

खण्डन—उक्त प्रकार से भी प्रमाणादि-सत्ता का ज्ञान कथाङ्ग हुआ, सत्ता कथाङ्ग नहीं हुई २५॥

समर्थन—यदि प्रमाणादि-ज्ञान कथाङ्ग हुआ तो उस ज्ञान का विषय होने से प्रमाणादि-सत्ता भी कथाङ्ग हुई।

खण्डन—आप प्रमाणादि-ज्ञान से प्रमाणादि को स्वीकार करते हैं? या अबाधित प्रमाणादि के ज्ञान से? इनमें प्रथम पक्ष ठीक नहीं है, क्योंकि मरु-मरीचि में जल के ज्ञान होने से उसका (जलका) भी स्वीकार करना पड़ेगा। द्वितीय पक्ष में भी, वादी प्रतिवादी मध्यस्थमात्र के केवल कथाकाल में अबाधित ज्ञान से? या किसी के भी (अर्थात् मनुष्य मात्र के) बाधित ज्ञान के न होने से प्रमाणादि-सत्ता का स्वीकार करते हैं? इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है। क्योंकि

१ नियम्यतेऽनेनेतिनियतम् = नियमः। वाग्व्यवहारक्रियायाः = शास्त्रार्थस्य प्रयोजकं नियतम् = नियतवाग्व्यवहारक्रिया तया समयबन्धः तेनेत्यर्थः। राजदन्तादित्वात् नियतशब्दस्य पूर्वनिपातः, प्रयोजकशब्दस्य लोपश्च। लाजरसयन्त्रालयमुद्रित—'खण्डन'-टिप्पण्यां १८ पृष्ठे 'नियतो वाग्व्यवहारक्रियया क्रियमाणः समयबन्धः' इत्यादि विवृतं तन्न चेतः प्रतिभाति।

२

तदवगमाद्वा, न तावदाद्यः, मरुमरीचिकादौ जलरूपतासद्भावाभ्युपगमप्रसङ्गात् । द्वितीयेपि किं वादिप्रतिवादिमध्यस्थमात्रस्य, तस्यापि कथाकालमात्रे एव बाधितावगमाभावात् ? अथवा कस्यचिदपि कालान्तरेपि च बाधितबोधविरहात् ? नाद्योऽतिप्रसङ्गात् । पुरुषत्रयावगतस्यापि एकक्षणावगतस्य पुरुषान्तरेण तेनापि क्षणान्तरे बहुलं बाध्यत्वदर्शनात् । नचासावर्थोऽसत्योपि द्वित्रादिपुरुषमात्रपूर्वजाततत्प्रतीत्यनुरोधात् बाधदर्शने संजातेऽपि तथैव सन्नित्यभ्युपगम्यते, तस्माद्व द्वितीयः पक्षः परिशिष्यते— यत्र सर्वप्रकारेण बाधितत्वं नास्ति तत्सदित्यभ्युपगन्तव्यम् ॥२६॥ तदित्थं यदि नाम वादिप्रतिवादि-मध्यस्थमात्रस्य दूषणादिसत्तावगमः कथाकालमात्रे तैरबाध्यमानः कथाङ्गत्वेनाभ्युपेयते, तदा किमायातं सर्वप्रकाराबाधिततत्सत्त्वावगमायत्त-तत्सत्ताभ्युपगमकथाङ्गतानङ्गीकारस्य[1] ? ॥२७॥ कतिपयप्रतिपत्तृ-कतिपयकाल-तथात्वावगमादेव प्रायेण लौकिको व्यवहारः प्रतीयते, तादृशश्चायं सत्त्वागमः कथाङ्गम् । एतत्तदुच्यते— व्यावहारिकीं प्रमाणादिसत्तामादाय विचारारम्भ इति । तस्माद्व यादृग्व्यवहारनियमः

तीन वा चार पुरुष से अभ्रान्त रूप से ज्ञात भी अन्य पुरुष से या दूसरे क्षण में उनसे ही प्रायः बाधित रूप से ज्ञात देखा जाता है । असत्य वस्तु को तीन या चार पुरुष की पहिली प्रतीति के अनुरोध से बाध-ज्ञान होने पर भी बाध-ज्ञान से पूर्व क्षण के तुल्य सत्य नहीं मान सकते हैं, तस्मात् द्वितीय पक्ष युक्त रहा । अर्थात्—जहां सब प्रकार से बाध न हो, वह सत् है, ऐसा स्वीकार करना चाहिये ॥ २६ ॥

तब इस रीति से यदि वादी प्रतिवादी मध्यस्थ के ही कथाकाल में ही बाध बुद्धि से रहित प्रमाणादि-स्वीकार को कथाङ्ग मान भी लें, तब भी सब काल में सब मनुष्यों के अबाधित ज्ञान के न होने से प्रमाण-प्रमेय आदि का स्वीकार नहीं हो सकता है । इससे आकाश पुष्पायमान उसको शास्त्रार्थ का हेतु न भी मानें तो हानि क्या है ? ॥२७॥ कुछ मनुष्यों के कुछ काल में अबाधित ज्ञान से ही प्रायः लौकिक सब व्यवहार देखा जाता है । अर्थात् कुछ मनुष्यों के कुछ काल में अबाधित प्रमाणादि-ज्ञान कथाङ्ग है । यह फलित हुआ कि व्यावहारिकी प्रमाणादि-सत्ता को ग्रहण कर विचार (कथा) का आरम्भ करना चाहिये । तस्मात् जैसा व्यवहार-नियम किया गया है, उसकी मर्य्यादा (सीमा) का उल्लंघन इसने नहीं किया है–ऐसा जिस वादी के वाग्-व्यवहार में मध्यस्थ को ज्ञान हो वह विजय को पाता है, और जिस वादी के वचन (वाग्व्यवहार) में मध्यस्थ को ऐसा ज्ञान न हो वह पराजय

✓ १ निष्कर्ष यह है कि प्रमाण-प्रमेय की सत्ता परमार्थ में नहीं है । क्योंकि उन में सब प्रकार से अबाधितत्व-ज्ञान (बाधरहित ज्ञान) नहीं हैं । किन्तु व्यावहारिक सत्ता है । अतः परमार्थ में न होने से शून्यवादी तथा अद्वैतवादी आदि को अपसिद्धान्त दोष नहीं है, और व्यवहार में प्रमाणादि के होने से शास्त्रार्थ का भी निर्वाह होता है । प्रश्न—जो बात अन्त में कही गई है, वह आरम्भ में ही क्यों न कही गई ? उत्तर—ऐसे करने से यह पुस्तक प्राथमिक कक्षा में पाठ्य होती, शास्त्री एवं आचार्य्य में पाठ्य नहीं होती । छोटी सी बात कैसे बड़ी बनती है, वादी विकल्प जाल में फँसा कर निष्प्रतिभ कैसे किये जाते हैं,—इत्यादि-शिक्षा ही ऐसी रचना का मुख्य लक्ष्य है ।

कुतः तन्मर्य्यादाऽनेननोल्लंघितेति—यद्वादिव्यवहारे मध्यस्थावगमः स विजयते, यस्य तु वचसि नैवम् तस्यावगमः तस्य पराजयः, यत्र वाद्युक्तनिग्रहसत्त्वावगमः स निगृहीतः, तदितरस्तु न तथेत्यादिनियम एव कथारम्भाय ग्राह्यः ॥२८॥

अथशून्यवादविचारः

अनेन नियमेन वक्तव्यमित्यस्यायमर्थः—अनेन नियमेनोक्तमनेनेतिमध्यस्थावगमस्य विषयीभवितव्यमिति ॥२९॥ नच वाच्यमन्ततस्तदवगमस्यापि सत्ताऽभ्युपेयेति, तस्यापि सत्ताचिन्तायां तत्सत्तावगमान्तरस्यैव शरणत्वात् ॥३०॥ नचैवमनवस्था, तद्-

---

को पाता है, और जिस वादी के वचन में प्रतिवादी से उक्त निग्रहस्थान का ज्ञान मध्यस्थ को हो वह पराजित होता है, और जिस वादी के वचन में निग्रह स्थान का ज्ञान न हो वह पराजित नहीं होता है-इत्यादि नियम ही कथारम्भ के लिये ग्राह्य हैं ॥२८॥

॥ इति प्रमाणादि-स्वीकार-कथाङ्गत्व-खण्डन ॥

॥ अथ शून्यवादविचारः ॥

जैसे वेदान्ती प्रमाण-प्रमेय आदि सब ही पदार्थों की प्रातिभासिक सत्ता मानते हैं। अर्थात् घट-पट आदि भासते हैं—यही उनकी सत्ता है। इससे अन्य सत्य सत्ता नहीं है, वैसे ही शून्यवादी भी सबको प्रातिभासिक मानते हैं। भेद यह है कि वेदान्ती प्रतिभास को सत्य मानते हैं, और शून्यवादी प्रतिभास की भी प्रातिभासिक ही सत्ता मानते हैं। उनका कहना है कि जैसे घटादि की सत्ता "घटः" इत्याकारक ज्ञान ही है, ऐसे ही "घटः" इस ज्ञान की भी "ज्ञातोघटः" यह ज्ञान ही सत्ता है, अन्य नहीं है। यहाँ संक्षेप से उनके मत का विचार करते हैं। इस वितण्डा (शास्त्रार्थ) में शङ्का वा खण्डन कर्ता नैयायिक हैं। और समाधान कर्त्ता बौद्ध हैं।

शंका—आप प्रमाणादि-स्वीकार को शास्त्रार्थ का हेतु न मानें इससे लाभ क्या हुआ? यदि आपने व्यवहार-नियम को शास्त्रार्थ-हेतु मान लिया तो इसीसे द्वैत सिद्ध हुआ।

समाधान—हम व्यवहार-नियम की भी प्रातिभासिक (स्वप्न पदार्थ के तुल्य प्रतिभासमात्र) सत्ता ही मानते हैं। अर्थात् इस नियम से कथन करना चाहिये, इस वाक्य का यह भाव है कि इस नियम से इसने कथन किया है—ऐसा मध्यस्थको ज्ञान होना चाहिये। इससे द्वैत नहीं होगा ॥२९॥

शंका—आपने अन्त में समयबन्ध के ज्ञान की सत्ता को मान लिया?

समाधान—ज्ञान की सत्ता की चिन्ता होने पर ज्ञान का ज्ञान ही शरण है; अर्थात् ज्ञान की भी प्रातिभासिक सत्ता ही है ॥३०॥

शंका—समय-बन्ध (विषय) की सत्ता ज्ञान, और उस ज्ञान की सत्ता अन्य ज्ञान, इस रीति से अनवस्था[1] हो जायगी?

---

१ अवस्था = स्थिति, उसके अभाव को अनवस्था कहते हैं। यह दोष है। विश्राम न होने से किसी वस्तु का निर्णय न होना, दोषत्व का कारण है।

नुसरणावश्यम्भावानङ्गीरात्। "एवंत्रिचतुरज्ञान-जन्मनो नाधिका मतिः"—इतिन्यायात् ॥३१॥ नचान्तिमासत्त्वे पूर्वप्रवाहासत्त्वापत्तिः, तथाचाऽवगममादायापि व्यवहरतो न निस्तार इति वाच्यम्? अस्तु एवं हि, तथापि त्रिचतुरज्ञानकक्षागवेषणमात्रविश्रान्तेन विचारेण ततः परमननुसरणरमणीयेनैव च समयं बद्ध्वा कथायां मिथः सम्प्रतिपत्त्या प्रवर्त्तनात्। अन्यथा प्रमाणादिसत्त्वाभ्युपगमेपि ज्ञानानवस्थायाः दुष्परिहरत्त्वात् ॥३२॥

न च वाच्यम्—मत्पक्षे स्वरूपसत्ताज्ञानेन व्यवहारस्य चरितार्थयितुं शक्यत्त्वात् तज्ज्ञानपरम्परानुसरणमुचितम्, नत्वेवं त्वत्पक्षे स्वरूपसत्ताज्ञानेन व्यवहारस्य चरितार्थता, ज्ञानस्वरूपसत्त्वाङ्गीकारप्रसङ्गादिति। स्वरूपसत्तामादायापि परिहरतोऽनवस्थाप्रसङ्गस्य स्वप्रकाशप्रस्तावे वक्तव्यत्वात्। यथा च त्वत्पक्षे स्वरूपसत्त्वाविशेषेपि [1]विज्ञान-

समाधान—ज्ञान का ज्ञान अवश्य हो ऐसा नियम नहीं है। "तीन या चार ज्ञान से अधिक ज्ञान नहीं होता है"—यह भट्ट का न्याय है, अर्थात् "अयंघटः" "ज्ञातोघटः" इससे अधिक ज्ञानधारा अनुभव-सिद्ध नहीं है ॥३१॥

शंका—जिस अन्तिम ज्ञान का ज्ञान नहीं हुआ उसकी प्रातिभासिक सत्ता के न होने से समय-बन्ध (विषय) तक प्रवाह का असत्त्व हो जायगा?

समाधान—ऐसा ही हो हानि क्या है? विचार से ऐसा ही सिद्ध होता है, अर्थात् शून्यवाद ही ठीक है।

शंका—ऐसा होने पर प्रातिभासिक सत्ता को मान कर भी व्यवहर्त्ता के व्यवहार का निर्वाह कैसे होगा?

समाधान—सबके शून्य होने पर भी तीन या चार ज्ञान की कक्षा के गवेषण में विश्रान्त—और पंचमादि कक्षा के अन्वेषण से रहित—विचार से ही समय बाँध कर परस्पर की सम्मति से कथा में प्रवृत्ति होती है। अन्यथा (तीन या चार ज्ञान कक्षा में विश्रान्त विचार से व्यवहार का निर्वाह न मानें तो) ज्ञान की तात्त्विक (सत्य) सत्ता मानने पर भी अनवस्था का परिहार नहीं होगा ॥३२॥

शंका—मेरे मत में स्वरूप-सत् ज्ञान से व्यवहार का निर्वाह हो सकता है, इससे ज्ञान की परम्परा का स्वीकार ठीक नहीं है, इस रीति से तुम्हारे मत में स्वरूप-सत् ज्ञान से व्यवहार का निर्वाह नहीं हो सकता है, क्योंकि ज्ञान की स्वरूप-सत्ता के स्वीकार होने से शून्यवादी को अपसिद्धान्त हो जायगा? समाधान—ज्ञान की स्वरूपसत्ता को स्वीकार कर अनवस्था के परिहर्त्ता के मत में भी अनवस्था है, यह स्वप्रकाश के प्रकरण में कहेंगे। वहाँ यह कहा है कि—यदि ज्ञान का ज्ञान न हो तो—ज्ञान प्रमाण के अभाव से सिद्ध नहीं होगा। और यदि ज्ञान का ज्ञान मानें तो ज्ञान-धारा के स्वीकार से अनवस्था प्रत्यक्ष ही है। जैसे तुम्हारे मत में घट आदि विषय और ज्ञान दोनों के स्वरूप-सत्त्व में विशेष के न होने पर भी ज्ञान ही स्वरूप से सत् स्वविषय (घटादि) के व्यवहार का उपपादक है घटादि नहीं, ऐसे ही मेरे मत में घट और विज्ञान दोनों के असत्त्व में विशेष के न होने पर भी असत् विज्ञान ही स्वविषय (घटादि) के व्यवहार का उपपादक (कारण) है, अन्य घटादि नहीं है, घटादि तो प्रातिभासिक सत्ता से

[1] ज्ञानस्वरूपसत्तेति पाठान्तरम् (विद्यासागरी)

स्वरूपसत्त्वैव परं व्यवहारोपपादिका न घटादिसत्ता, एवमेवासत्त्वाऽविशेषेपि ज्ञानमेवासत् व्यवहारोपपादकम् नान्यत् ॥३३॥ असच्च उपपादकश्चेतिव्याहतम्—इति चेन्न, सत् उपपादकम् इति कुतो न व्याहतम्? नहि सत् उपपादकम् असन्नेति क्वचिदावयोः सिद्धम् ॥३४॥ ननु तदसत्त्वाविशेषात्कार्य्यस्यान्यदापि जन्मप्रसङ्गः? न, कार्य्यस्याद्यसत्ताक्षण इवान्यदापिसामग्र्यसत्त्वाविशेषात् तत्रापि किन्नान्यदा कार्य्यजन्म ॥३५॥

अथ न मम तदानीन्तनं सामग्र्यसत्त्वं तदानींतनस्यकार्य्यजन्मनो नियामकम्, किन्तु ततः प्राक्सामग्रीसत्त्वं, तथादर्शनात्? तर्हि ममापि कालान्तरस्थमपि तदसत्त्वं तदातनकार्य्यजन्मनो नियामकम्, तथादर्शनादेव ॥३६॥ मम तु तदव्यवहितोत्तरत्वं तदा कार्य्यजन्मनो नियामकम् इति चेन्न, समसमयत्वादागन्तुकत्वाच्चाऽविशेषेण नियम्य-नियामकव्यवस्थानुपपत्तेः। तस्मात् अन्यदास्थायाः सामग्र्याः तदाकार्य्यजन्मनियमोऽ-

युक्त ही स्व-व्यवहार में कारण है ॥३३॥ शंका—असत् उपपादक है यह कथन व्याहत है। समाधान[1]—सत् उपपादक है—यह कथन व्याहत क्यों नहीं है? सत् उपपादक है असत् उपपादक नहीं है–यह बात हम दोनों की किसी कथा (शास्त्रार्थ) में सिद्ध नहीं हुई है। ॥३४॥ शंका—यदि कारण असत् है तो असत्त्व में कोई विशेष तो है नहीं, फिर अन्य काल में भी कार्य्य-जन्म क्यों नहीं होता है? समाधान[2]—कार्य्य की आद्यसत्ता क्षण में जैसे सामग्री का असत्त्व है, वैसे ही द्वितीयादिक्षण में भी उसका असत्त्व है, असत्त्व में विशेष तो है नहीं फिर तुम्हारे मत में द्वितीयादिक्षण में कार्य्य की उत्पत्ति क्यों नहीं होती है? ॥३५॥

प्रतिवन्दी का परिहार—मेरे मत में कार्य्य के आद्यक्षण में विद्यमान सामग्री का असत्त्व, आद्यक्षण में जायमान कार्य्य का नियामक नहीं है; किन्तु कार्य्य की उत्पत्ति से पूर्वक्षण में स्थित सामग्री का सत्त्व ही नियामक है, क्योंकि सामग्री से उत्तरक्षण में ही कार्य्य देखा जाता है। खण्डन—तब मेरे मत में भी अन्य काल में स्थित भी कारण का असत्त्व उस काल में जात कार्य्य-जन्म का नियामक होगा, क्योंकि उसी क्षण में कार्य्य की उत्पत्ति देखी जाती है ॥३६॥ प्रतिवन्दी का परिहार—मेरे मत में कारण का अव्यवहितोत्तरत्व उस काल में कार्य्यजन्म का नियामक है। खण्डन—समय (क्षण) सम (एक) है, अर्थात् जो कार्य्योत्पत्तिक्षणत्व है, वही सामग्र्युत्तरक्षणत्व भी है, इससे एक में नियम्य-नियामक भाव नहीं हो सकता है। या सामग्र्युत्तरक्षणत्व और कार्य्यक्षणत्व दोनों के समय (काल) एक हैं, इससे वाम-दक्षिण शृङ्ग के तुल्य इनमें नियम्य-नियामक भाव नहीं हो सकता है। या समय (सङ्केत) की एकता है, अर्थात् सामग्र्युत्तरक्षणत्व और कार्य्यक्षणत्व दोनों शब्दों के घट-कलश शब्दों के तुल्य अर्थ एक हैं, इससे नियम्य-नियामक भाव नहीं हो सकता है। या आगन्तुक (आकस्मिक) किसी से अनियमित सामग्री अपने उत्तरत्व से कार्य्य के जन्म का नियमन नहीं कर सकती है। यदि च—सामग्री का नियामक अन्य सामग्री को माने तो उस नियामक का भी अन्य नियामक, और उसका भी अन्य, इस रीति से अनवस्था हो जायगी। तस्मात् पूर्वक्षणवर्त्ती ही सामग्री उत्तरक्षणवर्त्ती कार्य्य-जन्म का नियामक होगी। क्योंकि सामग्री से उत्तर क्षणमें कार्य्य

१ यह समाधान प्रतिवन्दी रूप है। शङ्काकर्त्ता जिस दोष को अपने मत में दे उसी दोष को उस के मत में देना—उसका समाधान न देना—प्रतिवन्दी है।

२ यह भी प्रतिवन्दी रूप समाधान है।

भ्युपेयः, तथादर्शनात् इत्येववाच्यम्; तथाच समः समाधिः ॥३७॥ तथापि कार्य्यजन्मकालस्य को विशेषः ? कार्य्यजन्मैव । अन्यथा यद्व विशेषान्तरं तदपि विशेषान्तरवतः कालस्य स्यादित्यपर्य्यवसानमेव पर्य्यवस्येत् ॥३८॥

तथापि तत्कालस्यानुगतं किं रूपम् इति चेन्न, रूपान्तरवतोपि किं तद्व इत्यस्यापि पर्य्यनुयोगस्यापत्तेः ॥ ३९ ॥ किञ्च—

अन्तर्भावितसत्त्वश्चेत् कारणं तदसत्ततः। नान्तर्भावितसत्त्वंश्चेत् कारणं तदसत्ततः॥१॥

तथाहि अन्तर्भूतसत्त्वं यदि कारणत्वं तदा स्वविशिष्टे स्ववृत्तिरंशतः स्वाश्रयत्वमापादयति । विशिष्टस्यार्थान्तरत्वेऽपि च स्वस्मिन् स्ववृत्तित्व्यतिरेकवत् स्वविशिष्टे

जन्म देखा जाता है, यही आप कहेंगे तब तो समाधान तुल्य है, अर्थात् हम भी कह सकते हैं कि अन्य काल में स्थित भी कारण का असत्त्व उस काल में कार्य्य जन्म का नियामक है, क्योंकि उसी काल में कार्य्य-जन्म देखा जाता है। यहाँ पर यह नहीं भूलना चाहिये कि-शून्यवाद में भी ज्ञान ही असत् (मिथ्या) स्व(ज्ञान) विषय(घटादि) के व्यवहार का कारण है, अन्य कारण तो प्रातिभासिक सत्ता से युक्त ही प्रातिभासिक कार्य्य के कारण हैं, और ज्ञान भी स्वव्यवहार में प्रातिभासिक सत्ता युक्त ही कारण है, असत् नहीं ॥३७॥ शंका—तब भी अन्यक्षणों से कार्य्य के जन्म के क्षणमें क्या भेद है ? समाधान—अन्य क्षणमें कार्य्य का जन्म नहीं होता है, उसी क्षणमें कार्य्य-जन्म होता है, यही अन्य क्षणसे कार्य्य-जन्म क्षणमें विशेष है। अन्यथा कार्य्य-जन्म से अन्य 'सामग्रयव्यवहितोत्तरत्वादि' जो विशेष आप कहेंगे, वह भी अव्यावर्त्तक होने से निर्विशेष काल में नहीं कहेंगे, किन्तु सामग्री की सामग्री से युक्त काल में ही कहेंगे, इस रीति से उत्तर-उत्तर सामग्री के आश्रयण में अनवस्था हो जायगी॥३८॥

शंका—तब भी कार्य्य-जन्म के काल का अनुगत रूप क्या है ? समाधान-कार्य्य-जन्म का सम्बन्ध ही काल का अनुगत रूप है। अन्यथा जो सामग्र्युत्तरत्वादि अन्य रूप मानोगे उसका भी अनुगमक रूप क्या है? ऐसा उत्तरोत्तर प्रश्न होने से अनवस्था हो जायगी ॥३९॥

किञ्च—सद्वाद का खण्डन[1]—

यदि कारण सत्ता-सहित, यदि वा सत्ता-हीन
उभय पक्ष कारण असत, जानो तुम मति-पीन !॥१॥

देखिये, सत्-वादी सत्ता-विशिष्ट बीजादि को अथवा सत्ता से उपलक्षित बीजादि को अंकुरादि का कारण कहेंगे। यहां प्रथम पक्षमें यह विकल्प होता है, कि—सत्ता-विशिष्ट में सत्ता रहती है कि नहीं ? यदि नहीं तो असत् ही कारण रहा। क्योंकि सत्ता के योग से ही वस्तु सत् होता है। और यदि रहती है तो 'विशिष्ट में वृत्ति धर्म्म विशेषण में भी रहता है' इस नियम से आत्माश्रय[2] हो जायगा। यदि विशिष्ट को विशेषण विशेष्य-सम्बन्ध से अतिरिक्त भी मानें तब भी जैसे स्व में स्व-वृत्तित्व विरुद्ध है, ऐसे ही स्व-विशिष्ट में भी स्व-वृत्तित्व विरुद्ध है, क्योंकि कहीं देखने में नहीं आता है।

---

१ यहां तक नैयायिक शून्यवाद पर आक्षेप करते थे, और शून्यवादी अपने मत का समर्थन करते थे। अब यहां से शून्यवादी सद्वाद का खण्डन करते हैं, और नैयायिक सद्वाद का समर्थन करते हैं।

२ स्व की स्थिति या ज्ञान में स्व का आश्रयण आत्माश्रय है। इसके दोष होने का कारण 'भूतल में घट है' ऐसे प्रयोगों का होना, और 'घट में घट है' ऐसे प्रयोगों का न होना है।

स्ववृत्तिव्यतिरेकनियमदर्शनात्। न सैव सत्ता तस्मिन्निति। अन्यस्या[1] विशिष्टवृत्त्यभ्युपगमे तामनिवेश्य कारणत्वमभ्युपगन्तुः सर्वथैवासत्कारणं पर्य्यवस्यति। अपरापरसत्तानिवेशनेचाऽपर्य्यवसानमेव ॥४०॥ न च सत्ताभेदानन्त्यमस्त्येवेत्यपि पादप्रसारिका निस्ताराय। सत्ताभेदे हि सद्बुद्धिव्यवहारानुगम[2]-समर्थनलंघिनः प्रथमापि सत्ता न स्यादिति वृद्धिमिच्छतो मूलमपि ते नष्टमिति हा[3] कष्टतरम्॥ ॥४१॥

न च स्वरूपसत्तोपगमाय स्वस्ति, भिन्नानप्यनुगतबुद्ध्याधानपदेऽभिषिञ्चता त्वया हि जातिमात्राय जलाञ्जलिर्वितीर्य्येत, माभूदनुगतिस्स्वरूपसत्त्वस्येति वदन् तद्व-

सद्वादका समर्थन— वही सत्ता अपने से विशिष्ट में नहीं रहती है, किन्तु अन्य सत्ता सत्ता-विशिष्ट कारण में रहती है।

खण्डन—यदि ऐसा मानें तो प्रथम सत्ता कुछ कर न सकी, क्योंकि उसके वैशिष्ट्य से कारण सत् नहीं हुआ। रही द्वितीय सत्ता उसका कारण-कोटि में निवेश है कि नहीं? यदि नहीं तो असत् ही कारण रहा। क्योंकि जैसे धूम में विद्यमान भी कृष्णत्व हेतु-दल में अनिविष्ट होने से हेतुता में अनुपयोगी है, वैसे ही प्रथम सत्ता से विशिष्ट कारण में विद्यमान भी द्वितीय सत्ता—कारण कोटिमें निवेश के न होने से कारण के सत् होने में—उपयोगी नहीं है। यदि द्वितीय सत्ता का कारण कोटि में निवेश करें, तो यह विकल्प होता है कि द्वितीय सत्ता से विशिष्ट (युक्त) कारण में सत्ता है कि नहीं? नहीं तो कारण असत् ही रहा, और यदि है तो यदि द्वितीय सत्ता से विशिष्ट में द्वितीय सत्ता ही रहती है तो आत्माश्रय, और प्रथम सत्ता रहती है तो अन्योन्याश्रय[4], और यदि तृतीय सत्ता रहती है तो इस रीति से अनन्त सत्ता मानने से अनवस्था होगी॥४०॥ समर्थन—[5]सत्ता में सत्ता इस प्रकारसे अनन्त सत्ता इष्ट ही है, अर्थात् अनुभव सिद्ध होने से बीजांकुर के तुल्य यहाँ अनवस्था दोष नहीं है।

खण्डन— ऐसा पैर फैलाने से भी निर्वाह नहीं होगा। क्योंकि अनन्त सत्ता के मानने पर सत् इत्याकारक अनुगत प्रतीति के प्रमाण न होने से प्रथम सत्ता भी सिद्ध नहीं हुई। शोक! व्याज को चाहने वाले आपका मूल धन भी नष्ट हुआ ॥४१॥

समर्थन—हम जाति रूपसत्ता को नहीं मानते हैं, स्वरूप सत्ता को मानते हैं, अर्थात् घटादि स्वरूप से ही सत् है, इस से अनवस्था दोष नहीं है। खण्डन—स्वरूपसत्ता को प्रति व्यक्ति भिन्न होने से "इदं सत्, इदं सत्" इत्याकारक अनुगत प्रतीति नहीं होगी। यदि अनेक में एक अनुगत रूप के न होने पर भी अनुगत प्रतीति मानी जाय, तो गौ आदि व्यक्तियों

१ तस्या इति वि० सा० अधिकः।

२ अनुगमननिबन्धनेति वि० सा० पाठः

३ हा इति नास्ति। वि० सा०

४ अन्योन्य की स्थिति में या ज्ञान में अन्योन्य का आश्रय अन्योन्याश्रय है। 'भूतल में घट है, और उसी घट में वही भूतल है' ऐसा प्रयोग का न होना ही इसके दोषत्व का कारण हैं।

५ यद्यपि इस शास्त्रार्थ में नैयायिक प्रतिवादी हैं। और वे सत्ता में सत्ता अथवा स्वरूप सत्ता को नहीं मानते हैं। अतः उनके तरफ से ऐसी शंकायें नहीं हो सकतीं हैं। यदि ऐसी शंकायें हों तो अपसिद्धान्त से ही उनका खण्डन ठीक है। तथापि खण्डन-कार ने स्वप्रौढ़ी (अपनी विद्वत्ता) दिखाने के लिये स्वयं शंका कर उनका खण्डन किया है।

गर्भिणीं कारणतां कथमनुगमयितासीति ॥४२॥ किञ्च स्वरूपसत्त्वं, स्वरूपाद्द घटाद्यात्मनो नाधिकम्, असतोपि स्वरूपं स्वरूपमेव, न हि असन् घटादिर्न घटादिः, तथासति 'घटादिर्न' इत्यपि न स्यात्, असतोऽघटादित्वात् ॥४३॥ अथ सदपि सत्तामनन्तर्भाव्य कारणम्, तदानीमसदपि तत्तथास्तु, सत्त्वासत्त्वयोः कारणकोट्यप्रवेशाविशेषात् ॥४४॥ अथ सत्ता न कारणकोटिनिविष्टा किन्तु कारणत्वं सत्त्वं, नियतपूर्वसत्तां हि कारणतां मन्ये—इति मन्यसे, तर्हि मत्पक्षेपि सैव कारणताऽस्तु, तर्हि कारणस्य सत्तामभ्युपगतवान् असीति घट्टकुट्यां प्रभातम् इति चेन्न ॥४५॥

भावानवबोधात्। सत्तामसतीमभ्युपगच्छतापि सत्ता मयाभ्युपगतैव; अन्यथा कासावसतीति। त्वमपि किं सत्तां तत्सत्तामन्तर्भाव्य कारणत्वमिच्छसि ? नत्वेवम्; पूर्ववत्कापि सत्तात्यागो वा अनवस्थायां वा पर्य्यवसानं स्यात् ॥४६॥ असत्त्वाविशेषात्कारणनियमः

में गोत्वादि न होने पर भी "गौः" इत्याकारक अनुगत प्रतीति के निर्वाह के होने से सब जातियों को तिलाञ्जलि दिया जायगा। समर्थन—सत्ता का सब जगह अनुगम न हो, स्वरूपभूत-सत्ता प्रति व्यक्ति भिन्न ही रहे, तब भी स्वरूपसत्ता से कारण तो सत् ही सिद्ध हुआ खण्डन—स्वरूपसत्त्व को प्रति व्यक्ति भिन्न २ होने से उससे घटित कारणत्व को भी हर व्यक्ति में भिन्न २ होने से कारणत्व का अनुगम कैसे करोगे ? ॥४२॥ किञ्च—स्वरूपसत्त्व स्वरूप (घटादि) से अधिक तो है नहीं, और असत् का स्वरूप भी स्वरूप ही है; क्योंकि असत् घटादि 'घटादि नहीं है' ऐसा नहीं है, किन्तु असत् घटादि भी घटादि ही है। यदि असत् घटादि न होते तो "घटादिर्न" यह प्रयोग भी नहीं होता, क्योंकि असत् घटादि है नहीं फिर निषेध किस का ? जो वस्तु एक रूप से या एक देश में रहती है उसी का अन्य रूप से या अन्य देश में निषेध होता है। और "असन् घटः" यह प्रयोग भी नहीं होता, क्योंकि जब घट है नहीं फिर असत्त्व का विधान कहां होगा ? ॥४३॥ समर्थन—सत्ता कारण-कोटि में विशेषण नहीं है, उपलक्षण है, यद्यपि घट का दण्ड कारण है—ऐसा ही कार्य्य कारण भाव है, तब भी सत्ता के उपलक्षण होने से कारण सत् है। खण्डन—यदि ऐसा है तो हम भी कह सकते हैं, कि असत्ता का कारण-दल में प्रवेश न होने से कारण असत् है; क्योंकि सत्त्व असत्त्व का कारण कोटि में निवेश न होने से दोनों मत में विशेष के न रहने से असत् ही कारण को क्यों न मानें ? ॥४४॥ समर्थन—सत्ता कारणता में उपलक्षणत्व से या विशेषणत्व से प्रविष्ट नहीं है, कारणत्व ही सत्त्व है। क्योंकि नियत-पूर्व-सत्त्व ही को कारणत्व मानते हैं। खण्डन—यदि ऐसा मानते हैं, तब हमारे मत में भी नियत-पूर्व-सत्त्व ही कारणत्व है। समर्थन—तब आपने कारण की सत्ता मान ली, इससे घट्ट-कुटी में प्रभात हुआ। अर्थात् राज-कर के भय से छिपे मनुष्य का दैववश तहसील में प्रभात होने से जैसी गति हो ऐसी आपकी गति हुई ॥४५॥

सद्वाद-खण्डन—आप ने मेरे भाव को नहीं जाना। सत्ता को असती मानने पर भी मैं सत्ता को मानता ही हूँ। यदि सत्ता को न मानूँ तो असत् किसको कहूँगा ? आप भी "नियतपूर्व-सत्त्वरूप कारणत्व" में अन्य सत्ता को मानते हैं या नहीं ? यदि नहीं तो असत् ही कारण हुआ। और यदि मानते हैं, तो उस द्वितीय सत्ता को कारणत्व-दल में प्रवेश कर कारणत्व मानतेहैं ? या प्रवेश न कर ? यदि न प्रवेश कर, तो असत् ही कारण रहा। यदि प्रवेश कर तो सत्ता में सत्ता, उसमें अन्य सत्ता, इस रीति से अनवस्था हो जायगी। और यदि किसी सत्ता में सत्ता न मानें, तो जड़ (मूल-कारण) तक सब असत् (सत्तारहित = मिथ्या) हो जायगा ॥४६॥

कथं स्यात् इतिचेन्न, सत्त्वाविशेषेपि तुल्यत्वात् ॥४७॥ सत्त्वेऽस्त्यन्वयव्यतिरेकानुविधानम् तस्य तज्जातीयस्य वा, त्वत्पक्षेत्वसत्त्वाविशेषाद्व्यतिरेकः, परं सोप्यनियतः, यदा कारणाभावः तदा कार्य्याभावावश्यम्भावानभ्युपगमात्, नित्यासतः कारणस्यासत्त्व एव कदाचित्कार्य्योत्पादात्, अन्वयस्तु न क्वचिदपि इति चेन्न, तुल्यत्वात् । अन्वयो नास्तीत्यभ्युपगच्छताप्यन्वयोपगमात् । अन्वयस्यापि सत्तान्तर्भावने कथितदोषापत्तेः ।४८। एतेन—

"आशामोदकतृप्ता ये ये चोपार्जितमोदकाः ।
रस-वीर्य्य-विपाकादि तुल्यं तेषां प्रसज्यते" (२)

—इत्यस्यबाधकत्वमाशामोदकायते । सत्तान्तर्भावानन्तर्भावाभ्यां प्रत्यादेशात् ।

शंका—यदि कारण असत् है, तो असत्त्व में कोई विशेष है नहीं, फिर 'घट का दण्ड कारण है रासभ नहीं'—यह नियम कैसे होगा ?

समाधान—यदि कारण सत् है, तब भी सत्त्व में कोई विशेष तो है नहीं, दण्ड-रासभ सब की सत्ता एक सी है, फिर तुम्हारे मत में भी 'दण्ड कारण है, और रासभ कारण नहीं है' यह नियम कैसे होगा ? ॥४७॥

सद्वाद-समर्थन—सत्त्व पक्ष में दण्ड या दण्डजातीय के साथ घट का—"जब दण्ड तब घट" "जब दण्ड का अभाव तब घट का अभाव"—ऐसा अन्वय व्यतिरेक है । वह (अन्वय व्यतिरेक) "दण्ड कारण है, रासभ नहीं है"–इसमें नियामक है । तुम्हारे मत में खाली व्यतिरेक (अभाव) है; वह भी नियत नहीं है, क्योंकि जब कारण का अभाव हो तो कार्य्य का अभाव अवश्य हो ऐसा नहीं है, किन्तु सदा असत् कारण के असत्त्व में ही कभी कभी कार्य्य की उत्पत्ति देखी जाती है । अन्वय तो कहीं भी नहीं है ।

खण्डन—'जहाँ दण्ड वहाँ घट, जहाँ दण्डाभाव वहाँ घटाभाव'–ऐसा अन्वय-व्यतिरेक दोनों मत में एकसा है । क्योंकि असत्वादी भी वस्तु को स्वरूप-सत् (प्रातिभासिक) मानते ही हैं । यदि स्वरूप से भी सत् नहीं मानेंगे तो उनके मतमें "असन् घटः" 'घटो न' इत्यादि-व्यवहार नहीं होगा । यह अन्य बात है कि प्रमाण से परमार्थ में दण्डादि सिद्ध नहीं होते हैं; परन्तु व्यवहार में तो दण्डादि हैं ही ।

किञ्च (और) अन्वय नहीं है—ऐसा कहने वालों को भी अन्वय अवश्य मानना पड़ेगा । यदि असत् भी अन्वय न हो तो निषेध किसका होगा ? समर्थन—सत् अन्वय कार्य्य-कारण-भाव का नियामक है, और असत् पक्ष में वह नहीं है । खण्डन—सत्ता से विशिष्ट या सत्ता से उपलक्षित अन्वय कार्य्य-कारण-भाव का नियामक है ? यह दोनों पक्ष उक्त रीति से अयुक्त हैं ॥४८॥

शंका—"आशा-मोदक विपणि के, मोदक से सममोद । चहिये तुम्हरे मतहि में, तुष्टि-पुष्टि अरु तोंद" । २ ।

अर्थात् जब सब वस्तु असत् (प्रातिभासिक) है, तो मनोमोदक और बाजार के मोदक से एक सा रस-वीर्य्य-विपाक होना चाहिये । समाधान—यह तर्क भी मनोमोदक के तुल्य आभास ही है । क्योंकि तर्क विपर्य्यय (अभाव) में पर्य्यवसायी होता है । यहाँ विपर्य्यय में इस प्रकार से पर्य्यवसान होगा कि तुल्य रसादि दोनों से नहीं होता है, अतः कारण सत् है । परन्तु सत् पक्ष का पूर्वोक्त युक्ति से खण्डन होने से विपर्य्यय में पर्य्यवसान बनता नहीं है ।

आशामोदकादिनाऽपि च रसवीर्य्यविपाकादिजननात् ।४६। तदसत् कथं कार्य्यं स्यात् इतिचेन्न, सत्तामन्तर्भाव्य कार्य्यत्वोपगमे कारणवत् कार्य्येऽपि उक्तदोषस्य अनन्तर्भावेऽवाऽविशेषस्य पूर्ववादावृत्तेः । तस्मात्—

"पूर्वसम्बन्धनियमे हेतुत्वे तुल्यएव नौ । हेतुतत्त्वबहिर्भूतसत्त्वासत्त्वकथा वृथा" (३) ।५०।

आस्तां प्रतिवन्दिग्रहाऽऽग्रहः; कथं पुनरसतः कारणत्वमवसेयम्, प्राक्सत्त्वनियमस्य विशेषस्यानभ्युपगमात्; असत्त्वस्यचाविशेषात् इतिचेन्न इदमस्मान्नियतप्राक् सत् इति बुद्ध्या विशेषात् ।।५१।। भ्रान्तैवंबुद्धिगोचरेऽतिप्रसङ्ग इतिचेन्न, यादृश्या हि धिया त्रिचतुरकक्षावाधाऽनववोधविश्रान्तया वस्तुसत्त्वनिश्चयस्ते, तादृश्यैव विषयीकृतस्य ममापि कारणतानिश्चयः ।।५२।। केवलं ततः परास्वपि कक्षासु वाधात् पूर्वपूर्वभ्रान्तिसम्भवेन न तावता सत्त्वावधारणम् वयं मन्यामहे इतिविशेषः ।।५३।। परदर्शनसिद्धान्तस्य भूरि-

सत्य तो यह है कि स्वप्न में मनोमोदक से भी जाग्रत के मोदक के समान ही रसादि देखा जाता है; और गुञ्जा-पुञ्ज में कल्पित अग्नि से भी बानर की शीत-निवृत्ति देखी जाती है। अतः दोनों से तुल्य रसादि नहीं होता है--यह कथन नहीं बनता है । ४६ । शंका—प्राक् (उत्पत्ति से पहले) असत् घटादि में सत्ता-सम्बन्धरूप कार्य्यत्व रहता है, इससे कार्य्य असत् कैसे हो सकता है? समाधान—यदि सत्ता के अन्तर्भाव से कार्य्यत्व मानें, तो कारण के तुल्य कार्य्य में भी उक्त दोष आवेगा; और यदि सत्ता का कार्य्यत्व में अन्तर्भाव न मानें तो असत्ता के अनन्तर्भाव से असत् ही कार्य्य क्यों न हो ? पूर्वोक्त युक्ति से सत्त्व, कारण-कोटि में निविष्ट नहीं है, इससे दोनों मत में नियत-सम्बन्धरूप हेतुत्व तुल्य है। फिर हेतुत्व से पृथक् भूत कारण के सत्त्व-असत्त्व का विचार इस प्रसङ्ग में व्यर्थ है । यदि कारणत्व के सत्त्व-असत्त्व का विचार ही करना हो तो अलग ही करना चाहिये ।

"पूर्व नियम से कार्य्य के, जो सो कारण यार !
इस प्रसङ्ग में क्यों करो, कारण-सत्त्व विचार" । ३ ॥ ५० ॥

शंका—प्रतिवन्दीरूप राहु का ग्रहण रहे; क्योंकि प्रतिवन्दी को वक्ष्यमाण (आगे कही जाने वाली) रीति से आप दोष नहीं मानते हैं, कारण में नियत प्राक्सत्त्व रूप विशेष को आप नहीं मानते हैं, और असत्त्व में कोई विशेष है नहीं; फिर असत् के कारणत्व को कैसे जानें ? समाधान—दण्ड घटसे नियमतः प्राक्क्षण में रहता है; यह बुद्धि ही विशेष है ॥५१॥ शंका—यदि बुद्धि ही विशेष है तो, रासभ (गदहा) घट से पूर्व है–इस बुद्धि से रासभ को कारण क्यों न मानें ? समाधान—तीन या चार ज्ञान की कक्षा में बाध के अदर्शन से विश्रान्त जैसी बुद्धि से तुम्हें वस्तु का निश्चय होता है, वैसी ही बुद्धि से हमें भी कारणता का ज्ञान होता है ॥५२॥ भेद यह है कि तीन या चार कक्षा से अग्रिम कक्षा में बाध की सम्भावना से सम्भव है कि पूर्व पूर्व ज्ञान भ्रम हो; इससे हम तीन चार कक्षा में बाध के न होने पर भी वस्तु सत्त्व का निश्चय नहीं करते हैं ॥ ५३॥ शंका—तीन चार ज्ञान कक्षा में अबाध से अग्रिम कक्षा में भी अबाध अनुमान से सिद्ध होगा। समाधान—यह नियम नहीं है कि जो तीन चार कक्षा में अबाधित हो वह अग्रिम

१ पूर्वेण (कार्यपूर्वक्षणेन) नियमेन संबन्धः (वृत्तित्वम्) राजदन्तादित्वान्नियमशब्दस्य पूर्वनिपातः ।

कक्षाधाविलोपि ततः परकक्षाबाध्यमानत्वेनातथाभावोपगमात् । अन्यथैकदर्शनपरिशेषः स्यात् ॥५४॥ एतेनासत्त्वाविशेषेपि कथं कस्यचित्पक्षस्य त्रिचतुरकक्षाधाविता धावित्वमास्ताम् इत्यपि निरस्तम् ॥५५॥

अनेवं बुद्धिविषयतादशायां कोविशेष इतिचेत्, यदा कदापि तादृशबुद्धिविषयतैव । अन्यथा कथय कथम् अन्यदातनतादृशबुद्धिविषयतयाऽन्यदासत्त्वं स्यात् । तदा सत्त्वम् अन्यदास्थेन गृह्यते इति चेत्, अन्यकालिकमेव तर्हि तत् तदातनकारणत्वोपयोगीतिसमानम् । तदेतत् सम्वृतिसत्त्वमितिगीयते ॥५६॥

असती सा न विशेषिका सती सा नेष्टेत्यभिसन्धानेन सम्वृतिरपिसतीनैवेति पृच्छन् प्रतिवक्तव्यः। विज्ञानं तावत् व्यवहारोपपादकतया द्वाभ्यामप्यनुमतम् । तस्यापि

कक्षा में अबाधित ही हो। क्योंकि नैयायिक मीमांसा-सिद्धान्त (शब्द-नित्यत्व) को—तीन चार ज्ञान कक्षा में बाध न होने पर भी—अग्रिम कक्षा में बाधित मानते हैं । यदि तीन चार कक्षामें अबाधित होने से प्रामाणिक मानें; तो सब दर्शनों के सिद्धान्त, आपाततः (बिना विचार) अबाधित होने से प्रामाणिक हैं; फिर प्रामाणिकत्व—अप्रामाणिकत्व-कृत दर्शनों के भेद नहीं होंगे। किन्तु सब दर्शन मिल कर एक दर्शन हो जायेंगे ॥५४॥ शंका—यदि शुक्ति-रजत और यथार्थ-रजत दोनों की प्रातिभासिक सत्ता एक सी है, तो शुक्ति-रजत झटिति बाधित होता है, और यथार्थ रजत देर से बाधित होता है; इस भेद में क्या हेतु है ? समाधान—यद्यपि आप अन्य दर्शनों के सिद्धान्तों में और शुक्ति-रजत में एक सी सत्ता मानते हैं, तब भी जैसे अन्य सिद्धान्तों में बाधोदय देर से होता है, और शुक्ति-रजत में झटिति (अति शीघ्र) ऐसा ही यहाँ भी जानिये ॥५५॥

शंका—यदि कारण में वस्तुभूत 'नियत-प्राक्-सत्त्व' नहीं है, किन्तु प्रातिभासिक है, तब जिस काल और जिस बीज में "इदं अस्मात् नियत–प्राक्–सत्" यह बुद्धि नहीं है, उस काल या उस बीज में कारणत्व की व्यवस्था कैसे होगी ?

समाधान—उस काल में भी रासभादि में जो 'इदं अस्मात् नियतप्राक् सत्'—इस बुद्धि विषयत्व के अभाव का अधिकरणत्व है, उसका अभाव ही व्यवस्थापक है । अथवा यदा कदा (अन्य देश या काल में) या अन्य पुरुष में जायमान 'इदं अस्मात् नियतप्राक् सत्' यह बुद्धि ही नियामक है । यदि अन्य काल की बुद्धि नियामक न हो तो सद्वादी के मत में भी 'इदम् अस्मात् प्राक् आसीत्' इस बुद्धि से भूत दण्डादि में कारणत्व की व्यवस्था कैसे होगी ?

शंका—सद्वादी के मत में कारण सत् है, इससे अन्य काल के ज्ञान से गृहीत होता है ।

खण्डन—तब अन्य काल की बुद्धि ही वर्तमान कारणत्व-व्यवहार में उपयोगी (कारण) है । इसी को आचार्य लोग सम्वृति-सत्त्व कहते हैं; ज्ञान अपने सत्त्व से विषय के असत्त्व (अभाव) का सम्वरण कर लेता (छिपालेता) है; इससे ज्ञान को सम्वृति कहते हैं, और उसके सत्त्व को सम्वृतिसत्त्व कहते हैं ॥५६॥

प्रश्न—असत् (मिथ्या) सम्वृति (ज्ञान) व्यवहार का कारण नहीं हो सकती है, और शून्यवाद की हानि के भय से विज्ञान को सत् आप मानेंगे नहीं; फिर व्यवहार कैसे होगा ?

जिज्ञासायां त्रिचतुरकक्षाविश्रान्तगवेषणस्य यदि सत्तोपपन्ना भविष्यति, तदा सता तेनेद-मुपपादितं भविष्यति। अथासत्ता तस्य पर्य्यवसास्यति, तदाऽसतैव तेनेदमुपपाद्यते इति स्वीकर्तव्यम्। भ्रमविषयेणेव भ्रमे विशिष्टता-व्यवहारः ॥५७॥

अविचार्य्यैव तावत् तस्य सदसत्त्वम् विचार आरब्धव्यः। अन्यथा प्रथममेव मति-कर्दमे कथारम्भणमशक्यमापद्येत। स्वीकृतं च भवतापि भविष्यदादिविषये विज्ञाने विशि-ष्टव्यवहारनिदानत्वम् असतो विषयस्य। कारणशक्तेश्च विशेषकमसदेव कार्य्यम् ॥५८॥ नच कालान्तरसम्बन्धिनी सत्ता तस्यैकत्र, अन्यत्र नान्यदापीति वैधर्म्यमेतयोरपीति वक्तव्यम्। विशिष्टव्यवहारप्रवृत्तिसमये द्वयोरप्यसत्त्वाविशेषात्। प्रयोजनानुपयुक्ते काले तस्य स्वरूपतोऽवस्थानं पाटचरलुण्ठिते वेश्मनि यामिक-जागरण-वृत्तान्तमनुहरति ॥५९॥ तथापि कालान्तरस्थित्या घटादिकं स्वरूपतः विशेषणतश्च व्यवच्छिन्नं तद्विज्ञानेन स्व-भावबलाद् स्वविशेषणत्वेनोपादीयते, नत्वेवमत्यन्ताऽसद् भवितुमर्हति। तस्य स्वरूपतो

समाधान—ज्ञान व्यवहार का कारण है यह दोनों को इष्ट है। उसकी भी सत्ता की जिज्ञासा होने पर विचार होना चाहिये। विचार में तीन या चार कक्षाओं में सत्ता के अन्वेषण के समाप्त होने पर यदि युक्ति से असत्ता निश्चित होगी, तो व्यवहार की अन्यथानुपपत्ति से मानना पड़ेगा कि—असत् ही ज्ञान व्यवहार का निमित्त है। क्योंकि दृष्ट में कोई अनुप-पत्ति की शंका नहीं होती है। जैसे "इदं रजतं" इस भ्रम स्थल में असत् रजत ही "रजतीयं ज्ञानं" इस व्यवहार का प्रयोजक आप के मत में है, वैसे ही असत् विज्ञान ही मेरे मत में व्यवहार कारण है ॥५७॥

अतः ज्ञानके सत्त्व को न विचार कर ही कारण की सत्ता का विचार करना चाहिये। यदि नियम किया जाय कि ज्ञान की सत्ता के विचार के बिना विचार का आरम्भ नहीं हो सकता है, तो ज्ञान के सत्त्व-असत्त्व के विचार का आरम्भ भी नहीं होगा। क्योंकि यह भी विचार स्व से पूर्व स्व के न होने से ज्ञान के सत्त्व-असत्त्व-विचार-पूर्वक नहीं है। अर्थात् यदि ऐसा नियम करें तो ज्ञान रूप कीचड़ में गौ के तुल्य फँस जाने से विचार का आरंभ अशक्य हो जायगा। 'पुत्र होगा' 'बिजली चमक गई'—इत्यादि भूत-भविष्यत्-विषयक विज्ञानस्थल में असत् विषय को ही व्यवहार का कारण आप भी मानते हैं। तथा असत् कार्य्य ही "कार्यपूर्ववर्त्ति-कारणं"—यहां कारणत्व का निश्चायक होता है ॥५८॥

शंका—सद्वादीके मतमें अन्य कालमें सत् (सत्य) घटादि ज्ञान का विषय होता है, और असद्वादी के मत में घटादि अन्य काल में भी असत् है, यह दोनों मतमें विशेष है।

समाधान—जिस काल में व्यवहार होता है, उस काल में असत्त्व दोनों मत में एक सा है। और जिस काल में व्यवहार नहीं होता है, उस काल में सत्त्व चोरों से घर लूट जाने पर पहरे वालों के जागने के तुल्य व्यर्थ है ॥५९॥

शंका—व्यवहारकाल में दोनों मत में एक सा असत्त्व होनेपर भी सद्वादी के मत में अन्यकालमें घटादि के सत् होनेसे स्वरूप और विशेषण से युक्त घटादि हैं, अतः विज्ञान स्वभाव से उसको विषय करता है। और असद्वादी के मत में अत्यन्त (कालान्तर में) भी

विशेषणतश्च व्यवच्छिन्नतयाऽनंगीकारात् कुत्र स्वभावतो विज्ञानं सम्बन्धि निरूप्येत ॥६०॥ न, उक्तमत्राऽसतोपि तदेव स्वरूपं, तस्य नियतस्वरूपस्यैव नियतविशेषणस्यैवासत्त्वात् । अन्यथाऽतिप्रसङ्गात् । भ्रान्तिविषयेण दत्तोत्तरत्वाच्चेत्यलमतिप्रपञ्चेन ॥६१॥

इति शून्यवाद-विचारः

अथ स्वप्रकाश-विज्ञान-विचारः ।

अपरे पुनः चेतसोपि शून्यताऽङ्गीकारे मनःप्रत्ययमनासादयन्तः सर्वमिदमसदेव विश्वम् इत्यभिधातुं सहसैवानुत्सहमाना मन्यन्ते—विज्ञानं तावत् स्वप्रकाशं स्वतएव सिद्धस्वरूपम् । न खलु विज्ञाने सति जिज्ञासोरपि कस्यचित् जानामि नवेति संशयः, न जानामीति वा विपर्य्ययः, व्यतिरेकप्रमा वा । तेन जिज्ञासितस्याऽतत्त्वज्ञानव्यतिरेकप्रमाणानामभावसमुदायः स्वव्यापकं जिज्ञासितस्य प्रमितत्वमानयति । अन्यथा हि जिज्ञासितप्रमितत्वव्यतिरेकव्यापकं जिज्ञासित-व्यतिरेकोल्लेखि ज्ञानमविघ्नितजिज्ञासस्य स्यात् । अतः सर्वजनस्वात्मसम्वेदनसिद्धमेवास्यबोधस्य स्वरूपम् ॥६२॥

असत् घटादि विज्ञान का विषय कैसे हो सकता है ? क्योंकि शून्यवादमें घटादि स्वरूप और विशेषण से युक्त नहीं हैं, फिर स्वभाव से विज्ञान का सम्बन्ध कहां होगा ? ॥६०॥

समाधान—मैंने इस विषय में कहा है, कि असत् का स्वरूप भी स्वरूप ही है । अर्थात् नियत-स्वरूप और विशेषण से युक्त ही घटादि का असत्त्व है । यदि सर्वथा असत् मानें तो 'घटः असन्' 'घटो न' इत्यादि प्रयोग भी नहीं होंगे, और "इदं रजतं" इस भ्रम का विषय असत् रजत ही जैसे 'रजतीयं ज्ञानं" इस व्यवहार का कारण होता है, वैसे ही सब जगह असत् ही व्यवहार का कारण होता है । विद्वान् के बोध के लिये इतना ही बहुत है, अतः विस्तार व्यर्थ है ॥६१॥ इति शून्यवाद-विचारः ।

अथ स्वप्रकाशवाद-विचारः ।

शून्यवाद-खण्डन—विज्ञानको शून्य मानने में सन्तोष न करने वाले, तथा सारे संसार को असत् कहने में उत्साह से रहित वेदान्ताचार्य्य मानते हैं कि—स्वप्रकाश स्वतः (आप से) ही सिद्ध स्वरूप विज्ञान है । क्योंकि विज्ञान होने पर किसी जिज्ञासु को भी "मैं जानता हूँ या नहीं" ऐसा सन्देह, या ज्ञान में "यह ज्ञान नहीं है यह इच्छा है" ऐसा भ्रम, या "मैं नहीं ही जानता हूँ" ऐसी अभाव-प्रमा नहीं होती है । इससे जिज्ञासित-विज्ञान में सन्देह एवं मिथ्याज्ञान और व्यतिरेक प्रमा के अभाव का समूह अपने व्यापक जिज्ञासित विषय की प्रमिति (यथार्थज्ञान) का आक्षेप

१—"घटः" ऐसा ज्ञान होने पर जैसे घट में सन्देह विपर्ययादि नहीं होते हैं, वैसे ही घटज्ञान में भी सन्देहादि नहीं होते हैं । इससे अनुमान होता है कि घट के साथ २ घट-ज्ञान भी ज्ञात होता है । अर्थात् ज्ञान सूर्य्य के तुल्य अपने विषय (घटादि) के साथ २ स्व का (अपना) भी प्रकाश करता है अतः स्व-प्रकाश है । यदि ज्ञान को स्व-प्रकाश न मानें तो सन्निकर्षादि कारण रहते जिज्ञासा होने पर घट-ज्ञान में सन्देहादि होने चाहियें, क्योंकि यह व्याप्ति है कि "यत्र २ सन्निकर्षादि-कारण-सत्वे जिज्ञासायाम् अज्ञातत्वम् तत्र २ सन्देहादिः" अतः स्वप्रकाश-विज्ञान के स्वतः सिद्ध होने से शून्यवाद ठीक नहीं है, विज्ञानवाद ही ठीक है यह वेदान्त-मत है । यहाँ संक्षेप से उस मत का विचार करते हैं ।

व्यवसायस्यानुव्यवसायनियमान्न तत्र संशयादिरिति चेन्न, यत्रैवानुव्यवसाये ज्ञेयता नोपेया तत्र जिज्ञासायाम् आत्मधर्म्मिकं तत्संशयमारभ्य व्यवसायविषयपर्य्यन्तं संशयाक्रान्तेर्दुष्परिहरत्वात् । विषयिसद्भावसंशये तद्विषयेऽपि संशयस्य सम्भवात् । एवं त्रिचतुरसंवेदनकक्षाज्ञानध्रौव्यनियमाभ्युपगमेऽपीति ॥६३॥ स्वप्रकाशेतु मान-मेय-भावव्यवस्थाया अभावादेव तदाश्रया दोषा निरवकाशाः । अन्यथा तु बोधस्वरूपमेव न सिध्येत्, यदि हि विज्ञानं परतः सिध्येत् तदाऽनवस्था स्यात् । नच वाच्यम् अवश्यवेद्यताविरहोनाभ्युपेयते स्वार्थव्यवहारस्तु स्वरूपसत्तया सूयते इति क्वानवस्थेति ? यतः तस्यां प्रमाणानुपन्यासे स्वरूपसत्तापि कुतः, ययाव्यवहारोपपत्तिः को ब्रूते सती सा वित्तिः, असत्येव न कुतः ? ॥६४॥

सामान्यतो वित्तेस्तथात्वविधावपेक्षितसिद्ध्या यत्र विशेषरूपायां प्रमाणाऽप्रवृत्तिः तदा

करेगा। अन्यथा (विज्ञान की प्रमिति यदि न हो तो) विज्ञान के अभाव का व्यापक—जिज्ञासित-विज्ञान के अभाव को विषय करने वाला—ज्ञान (सन्देहादि) अवश्य होने चाहियें। और होते नहीं हैं, इससे जानना चाहिये कि सब मनुष्यों के अपने ज्ञान से बोध का स्वरूप सिद्ध ही है ॥६२॥

शून्यवाद-समर्थन—व्यवसाय (ज्ञान) का अनुव्यवसाय (द्वितीय ज्ञान) होता है, इससे वहां (ज्ञानमें) सन्देह आदि नहीं होते हैं।

खण्डन—जिस ज्ञान का ज्ञान नहीं होगा उसकी जिज्ञासा होने पर सन्देह आदि हो जायँगे। और उसमें (ज्ञान में) सन्देह होने पर प्रथम ज्ञान के विषय तक संदेह हो जायगा। क्योंकि विषयी (ज्ञान) के सन्देह से विषय में सन्देह अवश्य होता है, ऐसे ही तीन या चार ज्ञान-प्रवाह का ज्ञान अवश्य होना जो वादी मानते हैं, उनके मत में भी सन्देह आदि दोष जानना चाहिये ॥६३॥

प्रश्न—स्वप्रकाश मानने पर वही ज्ञान कर्म्म और क्रिया दोनों कैसे होगा ? क्योंकि क्रिया-कर्म्म भाव और विषय-विषयिभाव भेद में होते हैं।

उत्तर—विज्ञानवाद में विज्ञान से अलग बाह्य किसी भी पदार्थ का स्वीकार न होने से विषय-विषयिभाव ही नहीं होता है। और यदि भेद में विषय-विषयि-भाव मानें तो विज्ञान सिद्ध ही नहीं होगा। और यदि विज्ञान की सिद्धि अन्य विज्ञान से मानी जाय तो अनवस्था हो जायगी।

समर्थन—वित्ति (ज्ञान) का अवश्य ज्ञान हो ऐसा नहीं मानते हैं, किन्तु ज्ञान स्वरूपसत्ता से ही स्वविषय (घटादि) के व्यवहार का निमित्त होता है। इससे अनवस्था नहीं होती है।

खण्डन—उस वित्ति (ज्ञान) में प्रमाण के न होने से उसकी स्वरूपसत्ता कैसे सिद्ध होगी ? जिससे व्यवहार की प्रवृत्ति होगी। कौन प्रमाण कहेगा कि वित्ति सती है ? असती ही वित्ति क्यों न हो ? ॥६४॥

समर्थन—व्यवहार में कारण होने से सामान्य रूप से ज्ञान के सिद्ध होने पर व्यवहारकाल में जिस ज्ञान में प्रमाण नहीं है, उसमें भी पीछे जिज्ञासा होने पर विशेष-व्यवहार या स्मरण ही प्रमाण हो सकता है ॥ ६५ ॥

तत्र सत्त्वसाधनासत्त्वेपि जिज्ञासायां सत्यां पश्चाद्व्यवहारसत्त्वैव वा अन्यद्वा प्रमाणमस्त्येवेति चेन्न ॥६५॥

तस्यापि कथं सत्त्वमित्यनवस्था वा स्यात्, शेषासिद्ध्या सर्वासिद्धिर्वा प्रसज्येतेत्यर्थाऽसिद्धिपर्य्यन्तस्य व्यसनस्य दुरुत्तरत्वात्। सेयम् 'अप्रत्यक्षोपलम्भस्य नार्थदृष्टिः प्रसिध्यतीति' ॥६६॥

घटसत्तां हि व्यवहरता प्रामाणिकेन तत्र प्रमाणसद्भावो वाच्यः। यदि प्रमाणमनुपन्यस्य सास्तीत्यङ्गीक्रियते, तदा वैपरीत्यमेव वा किं न स्यात्। ततश्च घटसत्तायां प्रमाणसत्ता दर्शनीया, तथाच प्रमाणसत्तापि तत्प्रमाणसत्तामन्तरेण प्रामाणिकस्य नाङ्गीकारार्हा, सर्वप्रमाणसत्तानिवृत्तेः वस्तुसत्तानिवृत्तिनियतत्वात्। अन्यथा सप्तमरसादेरप्यापत्तेः—इति व्यक्तमनवस्थादौस्थ्यमस्वप्रकाशवादिनः स्यात्। यदि हि विनैव प्रमाणसत्तां प्रमाणसत्तां परोऽङ्गीकारयेत्। तदा घटसत्तामपि तथैवाङ्गीकारयतामिति घटेपि वृथा प्रमाणोपन्यासः ॥६७॥

अथ नाव्यवधानलग्नवित्तितद्वित्तिधाराऽभ्युपगम्यते, किं नाम कदाचित् कुतश्चित् काचित् वित्तिः प्रमीयते इति सर्वा वित्तिः प्रमाणसिद्धैवेत्यभ्युपेयते इति चेन्न,

---

खण्डन—जिस सामान्य या विशेष व्यवहार से ज्ञानकी सिद्धि होती है, उस व्यवहार की सिद्धि भी ज्ञान के अधीन ही है, तथा उस ज्ञानकी सिद्धि भी अन्य ज्ञान के अधीन है, इस तरह अनवस्था हो जायगी। या जिस ज्ञानका ज्ञान न होगा उसकी असिद्धि से सब की असिद्धि हो जायगी। इस तरह से अर्थ की असिद्धि तक दोष हो जायगा। जो परीक्षक उपलम्भ (ज्ञान) का प्रत्यक्ष नहीं मानते हैं, उनके मत में अर्थ सिद्ध नहीं होगा, इस धर्मकीर्त्ति के वचन का भी यही अभिप्राय है ॥ ६६ ॥

घट-व्यवहार के करने वाले प्रामाणिक को घट में प्रमाण अवश्य कहना चाहिये। यदि प्रमाण को न देकर "घट है" ऐसा स्वीकार करें, तो उलटा ही अर्थात् "घट नहीं है" ऐसा ही स्वीकार क्यों न किया जाय। तस्मात् घट में प्रमाण अवश्य दिखाना चाहिये। तब तो प्रमाण भी प्रमाण के विना स्वीकार के योग्य नहीं है। क्योंकि सब प्रमाणों के अभाव से वस्तु का अभाव अवश्य होता है, यदि प्रमाण न होने पर भी वस्तु की सिद्धि हो तो सप्तम रस को मानना पड़ेगा। इस प्रकार से ज्ञान को जो स्व-प्रकाश नही मानते हैं, उनके मत में अनवस्था साफ ही है; यदि वादी प्रमाण के विना ही प्रमाण को स्वीकार कराना चाहें तो प्रमाण के विना ही घट का भी स्वीकार करावें, फिर घट में प्रमाण देना व्यर्थ ही है ॥ ६७ ॥

समर्थन—अन्य विषय के ज्ञान होने से धारावहनके तुल्य अव्यवधान से ज्ञान और तद्-ज्ञान—(उस ज्ञान का ज्ञान) धारा नहीं होती है, किन्तु जिज्ञासा होनेपर व्यवहार आदि हेतु से कोई २ वित्ति प्रतीत होती हैं। अतः सामान्य लक्षण से सब वित्ति प्रमाण-सिद्ध ही हैं, ऐसा माना जाता है।

खंडन—'जिज्ञासा होने पर'...इत्यादि कथन से ज्ञात होता है कि आप भी व्यवधान से उत्पन्न ज्ञान और तज्-ज्ञान-धारा मानते हैं। परन्तु मान नहीं सकते हैं। ऐसा मानते यदि

स्यादप्येवं यदि घट इति घटं जानामीत्यतोऽधिका— घटवित्तितद्वित्तिधारया विषयभावेन प्रविष्टया तादृग्विषयशतभारमन्थरा—वित्तिरस्मदादेरुत्पद्यमानाऽनुभूयेत ॥ ६८ ॥

यद्यस्मदादिविलक्षणजन्मनि सा सम्भाव्यते, तदापि यस्या वित्तेः तावद्वित्तिगर्भिता धीर्विषयः साप्यन्यया कयाचिदुल्लेख्येत्यत्र प्रमाणाभावश्च। अनिर्मोक्षापत्तिश्च। न हि स्वमन्तर्भाव्य कयाचिद्धिया स प्रवाहो ग्राह्यः। तथासति स्वप्रकाशतासिद्धेः। अत एवान्योन्यविषयता निरस्ता। स्वविषयकान्योन्यग्रहे स्वग्रहापत्तेः ॥६९॥

नच पुरुषान्तरेण सा प्रमास्यते न तु तदभाव इति प्रमातेऽस्ति। तदर्थमपि प्रमाणान्तरसद्भावपरम्परापत्तेः ॥७०॥

नचैवं[1] घटसामग्री-तत्सामग्री-गवेषणेप्यनवस्था स्यात्? वैषम्यात्, यदि हि घटसामग्री-तत्सा-

---

"घटः" "ज्ञातोघटः" इससे अधिक ज्ञान-प्रवाह (जिसमें विषयरूप से अनेक ज्ञान प्रविष्ट हों) अनुभव गोचर होता, परन्तु होता नहीं है ॥६८॥

समर्थन—हम लोगों से विलक्षण जन्म वाले योगियों की बुद्धि का विषय—विच्छिद्य उत्पन्न—विषय भार से मन्थर—ज्ञान भी होता है। खण्डन—तब भी जिस योगी के ज्ञान का विषय—विच्छिद्य उत्पन्न (व्यवधान रखकर उत्पन्न)—विषय शतभार से मन्थर (अनेक ज्ञानरूप विषयों के पड़ने से मन्द)—पूर्वोक्त ज्ञान होता है, वह योगी का ज्ञान भी किसी ज्ञान का विषय होता है, इसमें कोई प्रमाण नहीं है। समर्थन—वह योगी का ज्ञान भी योगी के अन्य ज्ञान का विषय होता है। खण्डन—ज्ञानधारा के अविश्राम होने से अन्य विषय का अज्ञान और मोक्ष का अभाव हो जायगा। समर्थन—उस ज्ञान-प्रवाह का ग्रहण करने वाला ज्ञान स्व-(अपनेआप) का भी ग्रहण करता है। खण्डन—ऐसा मानने पर ज्ञान स्व-प्रकाश सिद्ध हो गया। समर्थन—योगी के ज्ञान के प्रवाह में अन्त का ज्ञान अन्त के समीप के ज्ञान को, और समीप का ज्ञान अन्तकेज्ञान को विषय करता है; इससे न अनवस्था है, और न स्वप्रकाशता ही है। खण्डन-अन्त्य-ज्ञान स्व को विषय करने वाले उपान्त्य-ज्ञान (अन्त के ज्ञान का समीपवर्ती ज्ञान) को विषय करता हुआ स्व का भी ग्रहण करेगा। एवं उपान्त्य ज्ञान, स्व के ग्रहण करने वाले अन्त्य-ज्ञान को ग्रहण करता हुआ स्व का भी ग्रहण करता है, इस तरह अन्योन्य-ग्रह में भी स्वप्रकाश ही ज्ञान सिद्ध हुआ ॥ ६९ ॥ समर्थन—एक पुरुष के ज्ञानों के प्रवाह का अन्त्यज्ञान—अन्य-विषय के सञ्चार से, और मोक्ष होने से, विश्रान्त भी—अन्य पुरुष से गृहीत होता है, इससे अन्त्य की असिद्धि से सबकी असिद्धि नहीं है। खण्डन—अन्य पुरुष का अन्त्य-ज्ञान अन्य-पुरुष के ज्ञान का गोचर होता है। इसमें भी प्रमाण आप अवश्य देंगे। उसमें भी अन्य प्रमाण की अपेक्षा होने से अनवस्था वैसी ही है। किञ्च (और) अन्य पुरुष से भी अंत्य-ज्ञान ही गृहीत होता है, उसका अभाव गृहीत नहीं होता है, इसमें कुछ प्रमाण नहीं है ॥ ७० ॥

शंका—यदि ज्ञान का ज्ञान तथा उस ज्ञान का अन्य ज्ञान इस प्रकार से ज्ञान के प्रवाह को अनवस्थित न मानें, तो ज्ञान की सिद्धि ही नहीं होगी। अतः ज्ञान की अन्यथा

---

१ यहाँ शंकाकर्त्ता नैयायिक हैं, और समाधान-कर्ता वेदान्ती हैं। दोनों घट-सामग्री को परमाणु और प्रकृति (माया) में विश्रान्त मानते हैं। और घटादि के अनित्यत्व का कारण सामग्री का अविश्राम नहीं है, किन्तु जन्यत्व है। अतः शंका-समाधान दोनों समक्ष में नहीं आते हैं।

मग्री-धारा कुत्रचिद्ध विच्छिद्येत, तदा घटः सदातनः स्यात् इत्यार्थापत्त्यैव घटः सामग्री-परम्पराविच्छेदरहित एव प्रमीयते । यदि तु ज्ञानेऽप्येवं स्यात् तदा स्वस्य प्रवेशात् स्वप्रकाशापत्तिः। अप्रवेशादनवस्था। अवेदने शेषासिद्ध्या सर्वासिद्धिः--इति व्यसनं दुरुत्तरमेव । ये च मानमेयाश्रया दोषाः कीर्त्तनीयाः तेपि प्रसज्येरन् ॥७१॥ नच तैर्दोषै र्नास्त्येव ज्ञानमित्यास्थेयम् । स्वतः सर्वसिद्धस्य दुरपह्नवत्वात् । स्वप्रकाशाङ्गीरादेव चाऽनुभवस्य सर्वदोषहानेर्वक्ष्यमाणत्वात् । प्रकाशात्मतामात्रस्यैव स्वतः सिद्धिसम्भवे जडात्मनां धर्म्माणां केषामपि तदन्तर्भावानुपपत्तिः । अत एव धर्म्मोपग्रहप्रवर्त्तिष्णु-वाग्व्यवहाराविषयत्वम्, कालानवच्छेदमादाय च नित्यत्वोपचारः ॥७२॥

देशानवच्छेदमादाय विभुत्वव्यपदेशः । प्रकारावच्छेदविरहनिबन्धनश्च सर्वात्मत्वाऽद्वैतादिव्यवहारः। सौगतप्रभाकरादिवद्ध भावे नैयायिकवच्चाभावेऽभावानतिरेकस्वी-

असिद्धि रूप अर्थापत्ति प्रमाण से अनवस्था स-प्रमाण है, अतः दोष नहीं है । अन्यथा (यदि अनवस्था को सर्वत्र दोष मानें तो) घट के अनित्यत्व की अन्यथाऽनुपपत्तिसे घट-सामग्री-प्रवाह की अनवस्था भी दोष कही जायेगी । समाधान—यदि घट की सामग्री और उस सामग्री की सामग्री, इस प्रकार से अधः (पीछे) दौड़ती अनवस्था का कहीं भी अन्त (विश्राम) मानें, तो घट अनित्य सिद्ध नहीं होगा । अतः घट के अनित्यत्व की अन्यथाऽनुपपत्ति रूप प्रमाण-सामर्थ्य से अनवस्था दोष नहीं है । और ज्ञान की सिद्धि स्व-प्रकाश मानने पर भी होती है, अतः ज्ञान की सिद्धि की अन्यथाऽनुपपत्ति रूप प्रमाण के न होने से ज्ञान के प्रवाह की अनवस्था दोष है । यदि प्रवाह का कहीं विच्छेद मानें, तो अन्त्य की असिद्धि से सब की असिद्धि होती है, और यदि अन्त्य ज्ञान को स्व-विषयक मानें तो ज्ञान स्वप्रकाश सिद्ध होता है । और यदि ज्ञान को अन्य ज्ञान का विषय मानें, तो अन्य ज्ञान के साथ ज्ञान का सम्बन्ध कहना होगा । और वह सम्बन्ध-- सम्बन्धी ज्ञान के द्रव्य न होने से—संयोग नहीं हो सकता है। तथा दोनों के गुण होने से समवाय नहीं हो सकता है । और भिन्न होने से तादात्म्य नहीं हो सकता है । द्रव्य आदि सात पदार्थों में अन्तर्भाव के न होने से विषय-विषयि-भाव का असम्भव है, अतः वह भी नहीं हो सकता है । ज्ञान असम्बद्ध का ही ग्रहण करता है--यह भी नहीं कह सकते हैं । क्योंकि यदि असम्बद्ध का ग्रहण करे तो अन्य का भी ग्रहण हो जायगा । ॥७१॥

प्रश्न—उक्त दोषों से ज्ञान ही नहीं है, ऐसा क्यों न मानें ? उत्तर—ज्ञान सब मनुष्यों के अपने अनुभव से सिद्ध है । अतः ज्ञान का अस्वीकार नहीं हो सकता है । स्वप्रकाश होने से ही अनवस्था और असम्बन्ध आदि दोष नहीं होता है, यह कहेंगे; केवल ज्ञान की ही स्वतः सिद्धि का सम्भव है, इसी से ज्ञानस्वरूपब्रह्म को सत्ता-गुणत्व-ज्ञानत्व आदि जड़ धर्मों के सम्बन्ध से प्रवृत्त-वाग्व्यवहार का अगोचर (अविषय) कहा है । प्रश्न—यदि ब्रह्म में कोई धर्म्म नहीं है "तो सत्यं ज्ञानमानन्दम्ब्रह्म" इस श्रुति में नित्यत्व धर्म्म का व्यवहार कैसे होता है ? उत्तर—काल के सम्बन्ध से वस्तु में अनित्यत्व का व्यवहार होता है, और वह (काल-संबन्ध) ब्रह्म में नहीं है । अतः अनित्यत्व के अभाव को मान कर उपचार (आरोप = कल्पना) से नित्यत्वव्यवहार होता है, जैसे रक्तादि (लाल पीले आदि) रूप के अभाव के होने से आकाश में नील रूप का व्यवहार होता है ॥७२॥

प्रश्न—'जगद्ध बृंहयति (व्याप्नोति) इति ब्रह्म'—इस व्युत्पत्ति से तथा 'महतो महीयान्' इस श्रुति से ब्रह्म में परम महत् परिमाण को अवश्य मानना पड़ेगा । उत्तर—देश के सम्बन्ध

कारादेव चाद्वैताऽव्याघातः। भ्रमविषयनिषेधवच्च प्रतियोगिनः सर्वथैवासिद्ध्याऽपि न काचित् क्षतिः ॥७३॥ तदेतत्तु श्रुत्या प्रमाणेनोपलक्षणन्यायात् तात्पर्य्यतः प्रकाश्यते। तेन परमार्थतोऽभिधानाभिधेयभावविरहे तात्पर्य्यतः श्रुतिस्तस्मिन्नविद्यादशायां पराभ्युपगमरीत्या प्रमाणमित्युच्यते। वस्तुतस्तु स्वात्मसिद्धमेव चिद्रूपम् ॥७४॥ ननु च स्वप्रकाशत्वं ज्ञानस्येत्यनुपपन्नमिदम्, क्रियाकर्म्मभावस्य भेदव्यतिरेकेणानुपपत्तेः; कार्य्या क्रिया हि कर्म्मणो भवति, कर्म्म च कारणं क्रियायाः, नच स्वेनैव स्वनिष्पादनम् शक्यम्, पूर्वापरभावविशेषस्य हेतुहेतुमद्भावरूपत्वात्, नच तस्मादेव तदेव पूर्वमपरं च सम्भवति। तदनवच्छिन्नकालविशेषस्य तत्पूर्वशब्दार्थत्वात्, तदा च तस्य सद्भावस्वीकारे स एव कालः तदवच्छिन्नः तदनवच्छिन्नश्चेति विरोधात् ॥७५॥ मैवम्, क्रियायाः कर्म्म-

---

से मूर्तत्व (परिमितत्व) का व्यवहार होता है, और ब्रह्म में मूर्त्तत्व नहीं है, अतः आरोप से विभुत्व (व्यापकत्व) का व्यवहार होता है। प्रश्न— घटत्वादि एक २ धर्म्म के सम्बन्ध से घटादि घटत्वाद्यात्मक हैं; और द्वैत हैं। और ब्रह्म सर्व धर्म्म के सम्बन्ध से सर्वात्मक तथा अद्वैत है। इस रीति से ब्रह्म में सर्व धर्म्मों का सम्बन्ध मानना पड़ेगा। उत्तर— घटत्वादि एक २ धर्म्म के सम्बन्ध से घटादि असर्व-धर्म्मात्मक हैं; और ब्रह्म में असर्व-धर्म्मात्मकत्व के अभाव के होने से आरोपित सर्व धर्म्मात्मकत्व का व्यवहार होता है। प्रश्न—द्वैत के अभाव का अद्वैत कहते हैं, और ब्रह्म में द्वैत का अभाव है, वह अधिकरण रूप नहीं है, अतः निर्धर्म्मक ब्रह्म सिद्ध नहीं हुआ। उत्तर—बौद्ध तथा प्राभाकर लोग जैसे अभाव को अधिकरण रूप मानते हैं, और नैयायिक जैसे अभाव में स्थित अभाव को अधिकरण रूप मानते हैं, वैसे ही हम भी अभाव को अधिकरण रूप ही मानते हैं। प्रश्न— यदि द्वैत के अभाव को अद्वैत कहते हैं, तब तो प्रतियोगी रूप से द्वैत भी मानना पड़ेगा। अतः अद्वैत ब्रह्म है—यह कथन नहीं बनता है। उत्तर— जैसे भ्रमस्थल में असत् (मिथ्या) रजत का ही 'नेदं रजतं' निषेध होता है, ऐसे ही असत् (मिथ्या = कल्पित) द्वैत का ही निषेध होता है। अभाव-ज्ञान में प्रतियोगी का ज्ञान अपेक्षित है। प्रतियोगी की प्रमा (यथार्थज्ञान) अपेक्षित नहीं है, द्वैत का भ्रम रूप ज्ञान है ही। प्रश्न— ब्रह्म यदि वाक् (वाणी) का अ-गोचर है तो उसमें श्रुति प्रमाण कैसे हो सकती है? उत्तर—यद्यपि धर्म्म-सम्बन्ध के न होने से ब्रह्म पद-वाच्य नहीं है। तथा योग्यता-ज्ञान के न होने से वाक्यार्थ भी नहीं है। तब भी जैसे 'काकवन्तो देवदत्तस्य गृहाः' इस वाक्य में काकपद उपलक्षण रूप से तृणच्छादन (छप्पर) का प्रतिपादन करता है, वैसे ही श्रुति विशेषण (जगत्कर्तृत्वादि) को त्याग कर तात्पर्य्य-बल से ब्रह्म को कहती है। तस्मात् वाच्य-वाचक भाव से रहित उस ब्रह्म में अविद्या-दशा (व्यवहार) में नैयायिकादि की रीति से श्रुति प्रमाण है। यथार्थ में अपने आप से सिद्ध चिद्रूप ब्रह्म है। प्रश्न—ज्ञान स्व-प्रकाश है यह बात युक्त नहीं है। क्योंकि क्रिया—कर्म्मभाव भेद के विना नहीं होता है। देखिये क्रिया कर्म्म का कार्य्य है। और कर्म्म क्रिया का कारण है। और स्व से स्व की उत्पत्ति नहीं होती है। क्योंकि पूर्व-पर-भाव कार्य्य-कारण-भाव रूप है। और अपने से आप पूर्व तथा पर नहीं हो सकता। अपने से अनवच्छिन्न (रहित) काल पूर्व—शब्द का अर्थ है। यदि पूर्वकाल में भी कार्य्य को मानें तो—वही काल उस कार्य्य से युक्त है, और अयुक्त-ऐसा विरोध होजायगा ॥७५॥ उत्तर— क्रिया कर्म्म से जन्य है-इस नियम को

जन्यतानियमानङ्गीरात्। सर्वथैवानागत-विषय विज्ञाने तदसम्भवात्। कचिज्जनकतामादाय च कर्म्मणि कारकत्वव्यपदेशात्। करणव्यापारविषयत्वाद्वा परसमवेतक्रियाफलभागित्वाद्वा कर्म्मलक्षणात् विनापि क्रियाजनकत्वेन कर्म्मव्यवहारोपपत्तेः ॥७६॥ किञ्च तत् कर्म्मत्वं यत् स्वंप्रति विरुध्यते ? । परसमवेतक्रियाफलभागित्वम् इति चेन्न, अपादानस्यापि व्याप्तेः। अपादानं कर्म्मापि इति चेन्न, वृक्षात्पतति पर्णमितिवत् वृक्षम्पर्णं पततीत्यपि स्यात्। विवक्षातः कारकाणि भवन्तीति तदविवक्षया नैवम् इतिचेन्न, वस्तुतः सतः ताद्रूप्यस्य यदि विवक्षा स्यात्तदा तदपि स्यात्। अपादानस्य कर्म्मत्वं न विवक्ष्यते इति शाब्दिकसम्प्रदायोऽयम् इति चेत्। तर्हि तत्र निवृत्तसर्वकर्म्मव्यवहारेऽपि स्वकृतकर्मलक्षणानुरोधेन कर्म्मत्वमभ्युगच्छता वस्तुमात्रं कर्म्मेत्यपि लक्षणं सावकाशितं स्यात्। कथञ्च लोकोत्तरप्रज्ञेन निवृत्तसर्वकर्म्मव्यवहारेऽपि स्वकृतकर्म्मत्वमस्तीत्यधिगतम् ? । अपादानेतरद्ध ईदृशं कर्म्मेति चेन्न, तत्रापि नदी वर्द्धते इत्यादौ तद्वृद्धेरप्राप्ततीरभागादिप्राप्तिफलायाः सकर्म्मकत्वापत्तेः।

हम नहीं मानते हैं। क्योंकि "घटं ज्ञास्यति" इस भावीस्थल में व्यभिचार है। प्रश्न—यदि कर्म्म क्रिया का कारण नहीं है, तो कर्म्म की कारक में गणना का हेतु क्या है ? उत्तर—कहीं ("आत्मानं जानाति" इस स्थल में) पर क्रिया का जनक कर्म्म होता है, अतएव कारक में कर्म्म की गणना होती है। प्रश्न—अतीत और अनागत कर्म्म-साधारण इसके (कर्म के) लक्षण के न होने से अनुगत कर्म्म का व्यवहार कैसे होगा ? उत्तर—करण का जो व्यापार है उसके विषय को कर्म्म कहते हैं। अथवा अन्य में रहनेवाली क्रिया के फल से युक्त को कर्म्म कहते हैं, इन लक्षणों से क्रिया का जनक न होने पर भी 'घटं ज्ञास्यति' इत्यादि स्थल में कर्म्मत्व का व्यवहार होता है। क्रिया के जनक होने से नहीं होता ॥७६॥ प्रश्न—और वह कर्म्मत्व क्या है जो स्व का कर्म्मत्व स्व में विरुद्ध है ? निर्वचनकर्त्ता—अन्य में विद्यमान क्रिया के फल से युक्त कर्म्म है। खण्डनकर्त्ता—'वृक्षात् पर्णं पतति' यहाँ पर्णनिष्ठ पतन रूप क्रिया के विभाग रूप फल से युक्त वृक्ष रूप अपादान में कर्म्म के लक्षण की अति-व्याप्ति होजायगी। निर्वचन—अपादान कर्म्म भी है। खण्डन—जैसे 'वृक्षात्पतति' प्रयोग होता है, वैसे ही 'वृक्षं पतति' प्रयोग हो जायगा। निर्वचन—कारक वक्ता की इच्छा से होते हैं, यहाँ वक्ता की कर्म्मत्व की इच्छा न होने से द्वितीया नहीं होती है। खण्डन—यदि वस्तुतः अपादान कर्म्म है तब जिस काल में कर्म्मत्व रूप से कहने की इच्छा होगी उस काल में 'वृक्षम्पतति' ऐसा प्रयोग भी होजायगा।

निर्वचन—अपादान की कर्म्मत्व-रूप से विवक्षा नहीं होती है, ऐसा वैयाकरणों का सम्प्रदाय है। खण्डन—जिस में कर्म्म का कोई भी व्यवहार नहीं होता है, उस में स्वकल्पित लक्षण के अनुरोध से कर्म्मत्व को मानने वाले आप वस्तु मात्र कर्म्म है-ऐसी ही लक्षण की कल्पना क्यों न करें ? जब कोई दोष दे तो वैयाकरणों के सम्प्रदाय का आश्रयण कीजिये। किञ्च-जिसमें कर्म्मत्व-कृत कोई भी व्यवहार नहीं होता है; उस अपादान में कर्म्मत्व को लोक से उत्तर (अधिक) बुद्धि वाले आपने कैसे जाना ? अर्थात् वृद्धों का जब अपादान में कर्म्मत्व व्यवहार नहीं होता है, तब उसको कर्म्म मानना ठीक नहीं है। निर्वचन—अपादान से इतर जो, पर में समवेत क्रिया के फल का आश्रय, वह कर्म्म है-इस निवेश में कुछ दोष नहीं है। खण्डन—इसमें भी 'नदी वर्द्धते' इसस्थल में नदी की वृद्धि रूप क्रिया का जो फल-अप्राप्त तीर भाग में

अपादानेतरदिति स्थाने क्रियानाशकेति करणेप्यस्य दोषस्य तादवस्थ्यात्। विनाशलक्षणायां 'वृद्धौ तदसम्भवाच्च। वृक्षं त्यजतीत्यादवकर्म्मत्वप्रसङ्गाच्च। आत्मानं जानामीत्यत्र परत्वाभावादव्याप्तेः। तत्राप्युपाधिभेदात्परत्वम्, कर्त्तृत्वभोक्तृत्वाद्युपहितस्यैवात्मनोज्ञेयत्वाभ्युपगमात् इति चेन्न; यतोऽस्तु तावद्व यथाकथंचिदेवं, तथाप्यध्यात्मविदो निरुपाधिमात्मानं जानतो ज्ञानं नात्मकर्म्मकं स्यात्। पच्यते फलं स्वयमेवेत्यादौकर्मकर्त्तरि का गतिः स्यात्? सर्वज्ञमीश्वरं मन्यमानेन च नित्यज्ञाने तस्मिन् भगवति फलनाशकत्वस्यानभ्युपगमात्तम्प्रत्येतल्लक्षणाऽसिद्धेः। तस्माद्व व्याकरणकारैः शब्दसिद्ध्यर्थं नदीवृद्ध्यादिवत् कर्म्मापि परिभाषितमिति अलं तदनुगतलक्षणगवेषणया। करणव्यापारविषयः कर्म इति चेन्न, हस्तेन रामेण शरेण इत्यादावतिप्रसङ्गात्। लक्षणं विनापि क्रियाजनकत्वे सति व्यापा-

~~~~~~~~~~

प्राप्ति—उस का आश्रय होने से तीर को कर्म्मत्व हो जायगा। निर्वचन—क्रिया का नाशक जो पर समवेत क्रिया का फल, उसका भागी कर्म्म है; और वृक्षनिष्ठ विभाग क्रिया का नाशक नहीं है; किन्तु अधः संयोग ही पतन रूप क्रिया का नाशक है, अतः दोष ('वृक्षं पतति' ऐसा प्रयोग) नहीं है। खण्डन—इस लक्षण में भी 'नदी वर्द्धते' इसी स्थल में ही दोष है। क्योंकि नीर-(जल) तीर संयोग रूप फल वृद्धि रूप क्रिया का नाशक है, अतः तद्-भागी (आश्रय) होने से तीर कर्म्म हो जायगा। किञ्च—जहाँ नाश रूप वृद्धि है, वहाँ असम्भव हो जायगा; अर्थात् जहाँ 'वृध' धातु का छेदन अर्थ है, वहाँ ('वृक्षं वर्द्धते वर्धकिः' यहां) नाश रूप फल क्रिया का अ-नाशक है, अतः वृक्ष को कर्म्मत्व नहीं होगा। किञ्च—'वृक्षं त्यजति' यहां विभाग रूप फल क्रिया का नाशक नहीं है, अतः वृक्ष में कर्म्मत्व नहीं होगा। और 'आत्मानं जानाति' यहां पर (इतर) के न होने से कर्म्मत्व नहीं होगा। निर्वचन—शरीर-इन्द्रिय से युक्त—स्थूल शरीर युक्त—आत्मा कर्त्ता है, और कर्तृत्वादिविशिष्ट—सूक्ष्मशरीर-युक्त—आत्मा कर्म्म है, इस रीति से औपाधिक भेद के होने से दोष नहीं होगा। खण्डन—यद्यपि उपाधि भिन्न २ है, तब भी उपहित (उपाधि वाला) आत्मा एक ही है; इससे कर्त्ता-कर्म्म दोनों में भेद दुर्लभ ही है। किञ्च (और) जो अध्यात्मविद् हैं (निरुपाधि आत्मतत्त्व को जानते हैं) उनके अभिप्राय से ज्ञान का 'आत्मानं' कर्म्म नहीं होगा। किञ्च—'पच्यते फलं स्वयमेव' इस प्रयोग में जहाँ कर्म्म की कर्तृत्व रूप से विवक्षा है (अर्थात् कर्म को ही कर्त्ता मान लिया है) वहाँ पर 'पर' के न होने से फल में कर्म्मत्व नहीं बनेगा।

किञ्च—(और) जो ईश्वर को सर्वज्ञ मानते हैं, उनके मत में ईश्वर का ज्ञान नित्य है, फल नाश्य नहीं है, अतः 'ईश्वरः सर्वं जानाति' इस स्थल में 'सर्व' को कर्म्मत्व नहीं होगा। कर्म्म का निर्दुष्ट लक्षण नहीं हो सकता है, अतः वैयाकरणों ने नदी-वृद्धि आदि के तुल्य कर्म्म की भी शब्द-सिद्ध्यर्थ केवल परिभाषा (संकेत) की है। ऐसा ही मानना उचित है। अतः कर्म्म के अनुगत लक्षण का अन्वेषण व्यर्थ है। निर्वचन—करण के व्यापार का विषय कर्म्म है। खण्डन—'हस्तेन रामेण शरेण बाली हतः' इस जगह में हस्त-रूप करण के व्यापार का विषय होने से शर कर्म्म हो जायगा। किञ्च—लक्षण के विना भी, क्रियाजनक होकर व्यापार का उद्देश्यत्व-रूप अनुगत (सब कर्मों में रहने वाला) धर्म से कर्म्म का व्यवहार होगा। शेष 'ईश्वराभिसन्धि' ग्रन्थ

~~~~~~~~~~

टी॰ १ वर्ध छेदने चुरादि का धातु है। वहाँ 'वृध' इस पाठान्तर के अनुसार यह ग्रन्थ है।

रोद्देश्यत्वेन कर्म्मव्यवहारोपपत्तेः। शेषश्चेश्वराभिसन्धौ स्वप्रकाशवादे ¹निर्वक्ष्यामः ॥७७॥ ननु चाऽभेदे विषयविषयिभावस्यैवासंगतत्वम्, विषयित्वं हि विषयसम्बन्धिता,स म्बन्धश्च भेदमन्तरेणासम्भवदवस्थितिः, सम्बन्धमितेः सम्बन्धिस्वरूपभेदमितिव्यतिरेके वैपरीत्यावधारणात् ॥७८॥ मैवम् । विषयविषयिभावसम्बन्धो हि न सम्बन्धिस्वरूपाद्भिन्नः तथाभूतत्वेऽपि चान्ततः तत्सम्बन्धस्यापि स्वाश्रयात्मकत्वमभ्युपगम्यम्, अनवस्थाभयात् । तथासति च सैव यथा सम्बन्धमितिः सम्बन्धस्वरूपात् सम्बन्धिनोर्भेदमनादायैव पर्य्यवस्यतीत्यभ्युपगन्तव्यम् । स्वभावसम्बन्धस्येतरसम्बन्धमर्य्यादातिशायित्वात् । तथा विनापि सम्बन्धिभेदं विषयविषयिभावात्माऽयं सम्बन्धः पर्य्यवसास्यति, तदवगमोपि तथावगमव्यतिरेकेणैव भविष्यति को विरोधः ? ॥७९॥ नचैवं घट-तज्ज्ञानयोर्याद्दग्विषयविषयिभावः ततोमात्रयाऽपि स्वप्रकाशे विषयविषयिभावान्यत्वे वाध्यतैकत्र स्यात् । अस्त्येव ह्यविद्याविद्यमाने घट-तज्ज्ञाने वाध्यत्वम्, परमार्थसति तु स्वप्रकाशे पारमार्थिकत्वमिति द्वयोरननुगमेऽपि न दोषः ॥८०॥ अथवा स्वात्मना सह क्रियाकर्म्मभावो विषयविषयिभावो वा स्वप्रकाशार्थ इति नाभ्युपेयमेव, यथा तु भवतां सत्तासम्बन्धादित-

के स्वप्रकाश प्रकरण में कहेंगे ॥७७॥ शंका—अभेद में विषय-विषयि-भाव असङ्गत है, क्योंकि विषयित्व विषय को सम्बन्धिता है, और सम्बन्ध की स्थिति सम्बन्धियों के भेद के बिना हो नहीं सकती है। क्योंकि जहाँ जहाँ सम्बन्धी के भेद की प्रमा है, वहाँ ही सम्बन्ध की प्रमा होती है, और स्व-प्रकाश ज्ञान स्थल में सम्बन्धी के भेद की प्रमा नहीं है; अतः विषय-विषयि-भाव भी नहीं होगा ॥७८॥

समाधान—विषय-विषयि-भाव रूप सम्बन्ध सम्बन्धी के स्वरूप भिन्न नहीं है। यदि उसको सम्बन्धी के रूप से भिन्न भी मानें, तब भी अन्त में उसके सम्बन्धको अवश्यमेव सम्बन्धी-स्वरूप मानना पड़ेगा। यदि उसे सम्बन्धी-स्वरूप न मानें, तो सम्बन्ध का सम्बन्ध, फिर उसका सम्बन्ध, इस प्रकार से अनवस्था हो जायगी। ऐसा होनेपर जैसे विषय-विषयि-भावरूप सम्बन्ध की बुद्धि सम्बन्धी के भेद के ज्ञान के बिना होती है। क्योंकि स्वरूप सम्बन्ध का स्वभाव इतर सम्बन्ध के स्वभाव से भिन्न होता है, वैसे ही विषय-विषयि-भाव रूप यह सम्बन्ध सम्बन्धी के भेद के विना ही सिद्ध होगा, और उसका ज्ञान भी सम्बन्धी के भेद के ज्ञान के बिना ही होगा, इसमें विरोध क्या है ? ॥७९॥ प्रश्न—घट और उसका ज्ञान इन दोनों का जैसा विषय-विषयि-भाव होता है, यदि उससे थोड़ा भी स्वप्रकाश ज्ञान के विषय-विषयि-भाव में भेद हो, तो एकस्थल में वह अवश्य वाध्य होगा। उत्तर—अविद्या से कल्पित और घट तद्-(घट) ज्ञान के बाधित होने से उसका सम्बन्ध विषय-विषयि-भाव भी बाधित ही है; और परमार्थ में जो सत् स्वप्रकाश उस में वह (संबन्ध) परमार्थ-सत् है, उन दोनों में अनुगत एक रूप के न होने पर भी कोई हानि नहीं है ॥ ८० ॥ अथवा स्व के साथ क्रिया-कर्म्म

१ यहाँ भविष्यत्कालिक प्रयोग कर आगे 'अवोचाम च जल्पे' इत्यादि भूतकालिक प्रयोग किया है। इससे संदेह होता है—कि ग्रन्थकार ने प्रथम 'ईश्वराभिसन्धि' का निर्माण कर 'खण्डन' का निर्माण किया है ? अथवा 'खण्डन' का निर्माण कर 'ईश्वराभिसन्धि' का निर्माण किया है ? अथवा दोनों का निर्माण एक काल में हुआ है ? परन्तु मेरे विचार में तो दोनों का निर्माण एक साथ ही हुआ है।

त्र सद्व्यवहारव्यवस्था, सत्ता तु स्वयमेवसद्रूपा, नचैतावता स्वात्माश्रयता तस्याः, तथा ज्ञानमपि स्वतएव सिद्धस्वरूपम् ॥८१॥ अथवा यथा बहुव्रीहिसमासे तद्गुणसंविज्ञाने गुणमादायैव प्रधानस्यान्यपदार्थस्य बहुव्रीहिसिद्धपदप्रतिपाद्यता, तथा विज्ञानस्याऽविषयमपि स्वात्मानमादायैव स्वविषयव्यवहारप्रवर्त्तनं समर्थ्यताम् ।
सोयं गुरूणां सविषयकस्वप्रकाशतापक्षो न ब्रह्मस्वप्रकाशतापक्षः । तत्र विषयाभावात् । एतावन्मात्रेण तु स्यात्, यथा स्वाविषयेपि कुटादौ बहुव्रीहिवाक्यं व्यवहारं प्रवर्त्तयति इति, तथा ज्ञानमविषयेऽप्यात्मनि अविद्यादशायामिति ॥८२॥

तदेवं यद्व यदन्यत्र दृष्टवैधर्म्यं स्वप्रकाशे पर्य्यवसास्यति, तत्सर्वमन्यथानुपपत्तिरेव स्वप्रकाशसाधकतया प्रदर्शिता स्वीकारयिष्यति । तद्व यथा—अन्यो ज्ञाताऽन्यश्च ज्ञेय इत्यन्यत्र दृष्टमहमितिव्यवहारान्यथानुपपत्त्या त्याज्यम् । तथा अन्यज् ज्ञानमन्यज् ज्ञेयमिति—जानामीतिव्यवहारान्यथानुपपत्त्या त्याज्यम् । सर्वतोबलवती ह्यन्यथानुपपत्तिः तथादृष्टतामात्रबलमवलम्ब्य प्रवृत्तं तर्कशतमपि बाधते । तदिदमाहुः—'प्रमाणवन्त्यदृष्टानि कल्प्यानि [१]सुबहून्यपि'—इति ॥८३॥ तस्मात्—

भाव या विषय-विषयि-भाव स्वप्रकाश शब्द का अर्थ नहीं मानना चाहिये। किन्तु जैसे आप के मत में सत्ता के सम्बन्ध से द्रव्यादि में सत् व्यवहार होता है, और सत्ता स्वयं सद्रूप है, अतः सत्ता में आत्माश्रय दोष भी नहीं होता है, ऐसे ही ज्ञान-स्वविषय (घटादि) और स्व (ज्ञान) दोनों का साधक है ॥ ८१ ॥ अथवा जैसे तद्गुण-संविज्ञान बहुव्रीहिसमास में गुण (समास के अन्तर्गत पद का अर्थ) का ग्रहण कर के ही प्रधान (अन्य पदार्थ) कुटादि पद का वाच्य है, ऐसे ही विज्ञान भी—स्व के अविषय अपने आत्मा को ग्रहण करके ही—स्व विषय में व्यवहार की प्रवृत्ति कराता है।

यह—गुरु (प्रभाकर) का सत्य विषय से युक्त विज्ञान-स्व-प्रकाशता पक्ष है। ब्रह्म-स्व-प्रकाशतापक्ष नहीं है, क्योंकि उस पक्ष में विषय असत् होता है। केवल इतना साम्य है, कि जैसे 'लम्बकर्ण' और 'कुटादि' पद स्व के अवाच्य कर्ण-कुट आदि में व्यवहार का प्रवर्त्तक है। ऐसे ही ज्ञान, स्व के अविषय अपने आत्मा (स्वरूप) में व्यवहार का अविद्या-दशा में प्रवर्त्तक है, ॥८२॥ जैसे "अहं" इस व्यवहार की अन्यथाऽनुपपत्ति से घटादि व्यवहार में दृष्ट—"ज्ञाता अन्य होता है" और "ज्ञेय अन्य होता है"—यह नियम त्यागा जाता है, और "जानामि" इस व्यवहार की अन्यथा—अनुपपत्ति से 'ज्ञान अन्य होता है—ज्ञेय अन्य होता है' यह नियम त्यागा जाता है। ऐसे ही स्वप्रकाश के साधन में प्रदर्शित अन्यथा-अनुपपत्ति ही—जिस जिस का अभाव घटादि-व्यवहार में देखा गया है, और स्वप्रकाश में भाव देखा गया है—उन सबों (अभेद में किया-कर्म्म भाव विषय-विषयि-भाव आदि) का स्वीकार करावेगी। अन्यथाऽनुपपत्ति (अर्थापत्ति) सब प्रमाणों से बलवती है, अतः अर्थापत्ति—लोक में ऐसा ही देखा गया है, इस बल का केवल अवलम्बन कर प्राप्त तर्क शत को भी—बाध कर सकती है। किसी आचार्य्य ने कहा भी है,—कि "लोक में अदृष्ट भी बहुत सी वस्तुओं का स्वीकार प्रमाण के होने पर किया जाता है।" ॥८३॥

[१] 'अदृष्टशतभागोपि न कल्प्यो निष्प्रमाणकः' इति अस्योत्तरार्द्धम्।

"अन्यथानुपपत्तिश्चेदस्ति वस्तुप्रसाधिका। पिनष्टि दृष्टवैषम्यं सैव सर्वबलाधिका" ॥६॥

वाच्याऽन्यथोपपत्ति र्वा त्याज्यो वा दृष्टताग्रहः। नह्येकत्र समावेशः, छायातपवदेतयोः ॥७॥ इति ॥८४॥

तदित्थं त्वदङ्गीकृतसद्विचारलक्षणोपपन्नैरेवंविधैर्विचारैः स्वप्रकाशता भवता सुप्रतिपदा, अस्माभिस्तु स्वसंवेदनबलादेव स्वतः सिद्धस्वरूपं विज्ञानमास्थीयत इति ॥८५॥ (इति स्वप्रकाश-विज्ञान-विचारः)

अथ शून्यवाद-स्वप्रकाशवादयोर्भेदः।

एवं च सति सौगतब्रह्मवादिनोरयं विशेषः यदादिमः सर्वमेवानिर्वचनीयं वर्णयति, तदुक्तं भगवतालङ्कावतारे "बुद्ध्या विविच्यमानानां स्वभावो नावधार्य्यते। अतो निरभिलप्यास्ते निःस्वभावाश्च देशिताः"—इति विज्ञानव्यतिरिक्तं पुनरिदं विश्वं सदसद्भ्यां विलक्षणं ब्रह्मवादिनः संगिरन्ते, तथाहि नेदं सत् भवितुमर्हति वक्ष्यमाणदूषणग्रस्तत्वात्। नाप्यसदेव, तथासति लौकिकविचारकाणां सर्वव्यवहारव्याहत्यापत्तेः, ॥८६॥ यदपि निर्वक्तुमसामर्थ्ये गुरव उपास्यन्ताम् येभ्यो निरुक्तयः शिक्ष्यन्ते—इत्यु-

---

अर्थापत्ति पदार्थ का, साधक यदि है मान; वे ही दृष्टि-विरोध का चूर्ण करेगी मान ॥६॥

उपपत्ति हि तू अन्यथा,-करो या छोड़ो दृष्टि। एक जगह कस होयगी, छाया तप की सृष्टि ॥ ७ ॥ ८४ ॥

इस रीति से आप के द्वारा अङ्गीकृत सद्विचार (कथा) के लक्षण से युक्त विचार द्वारा आपको ज्ञान की स्वप्रकाशता जाननी चाहिये। हम तो अपने अनुभव से स्वतः सिद्ध ब्रह्म रूप विज्ञान को प्राप्त हैं ॥८५॥ इति स्वप्रकाश-विज्ञान-विचार।

अथ शून्यवाद और विज्ञान वाद का भेद।

ऐसा होने पर बौद्ध और वेदान्तियों में यह भेद है—कि बौद्ध तो सब वस्तुओं को ही अनिर्वचनीय कहते हैं। देखिये 'अलङ्कारावतार' नामक ग्रन्थ में भगवान् बुद्ध के शिष्यों ने कहा है कि—"बुद्धि से विचारने पर वस्तु के स्वभाव निश्चित नहीं होते हैं। अतः सम्पूर्ण वस्तु स्वभाव से रहित और अनिर्वचनीय हैं"। और विज्ञान से भिन्न सब वस्तु सत्-असत् से विलक्षण हैं, यह ब्रह्मवादी कहते हैं। देखिये यह प्रपञ्च सत् नहीं है, क्योंकि वस्तु की सिद्धि लक्षण से होती है, और लक्षण वक्ष्यमाण दूषणों से दूषित हैं। तथा असत् भी नहीं हैं, क्योंकि लौकिक तथा परीक्षक के व्यवहार के विषय होते हैं ॥८६॥ प्रश्न—यदि निरुक्ति

---

१ बौद्धों के चार भेद हैं—माध्यमिक, योगाचार, सौत्रान्तिक, वैभाषिक। इनमें प्रथम शून्यवादी, द्वितीय क्षणिक विज्ञान-वादी, तृतीय क्षणिक विज्ञान से अनुमेय क्षणिक बाह्य पदार्थ-वादी, चतुर्थ क्षणिक-विज्ञान से अभिन्न क्षणिक बाह्य पदार्थ-वादी हैं। यहाँ शून्यवादी और वेदान्तियों का भेद दिखाया है।

२ अलंकारावतारे इति पाठः—इति विद्यासागरः, पुस्तकस्यानुपलम्भात् क सुपाठः इति निर्णेतुमशक्यते।

पालम्भवचनम्, तत्तदा शोभेत, यदि मेयस्वभावानुगामिनीयमनिर्वचनीयतेति न ब्रूयुः, वक्तृदोषादिति च वदेयुः। यस्तु वादी निरुक्त्यभिमानं धत्ते, स निर्वक्तुं न तु शक्ष्यति वक्तव्यदोषात् ॥८७॥

नच ते दोषाः स्वकमपि घ्नन्तः जातयः कथं न स्युरिति वाच्यम्, यतो निर्वचनीयत्वं बाध्यते तै र्दोषैः स्वयमप्यनिर्वचनीयैरेव। अनिर्वचनीयैरेव च तै र्व्यवह्रियत एवेति कुतोऽस्मान् प्रति व्याघातः स्यात्। तज्जातित्वस्य च निरुच्य योजयितुमशक्यत्वात् ॥ ८८ ॥ ननु सदसत्पक्षयोर्दोषदर्शनादनिर्वचनीयतेतिब्रुवाणस्य किं सदसत्त्वसंशयः? किम्वा सदसत्त्वपक्षवहिर्भावाभ्युपगमः? आद्ये भवितव्यं तावत्सदसत्त्वयोरन्यतरेणेत्येकपक्षदोषस्याभासत्त्वं, तच्च सत्त्वपक्षदोषस्यैवाभ्युपेयमावश्यकत्वात्, यदि तावत्सत्त्वपक्षः तदा सत्त्वपक्षदोषः कथं संगच्छेत? अथाऽसत्त्वपक्षः तदा सर्वासत्त्वे तद्दोषः कथं सद्भाववान् भवितुं प्रभवेत्? द्वितीयस्तु व्याघातादेवासम्भवी। 'परस्परविरोधे हि न प्रकारान्तरस्थितिरिति' ॥८९॥ तदेतदनाकलितपराभिसन्धेः प्रत्यवस्थानम्। यो हि सर्वमनिर्वचनीयसद-

(लक्षण) नहा कर सकते हैं, तो उन गुरुओं की सेवा कीजिये, जिनसे निरुक्ति की शिक्षा मिलती है। उत्तर—यह निन्दा गर्भ प्रश्न तब शोभा देता, यदि आप मेय के स्वभाव को ही अनिर्वचनीय न कह कर वक्ता के दोष से अनिर्वचनीय है—ऐसा कहते, जो वादी निरुक्ति (लक्षण) करने का अभिमान करते हैं, वे भी निरुक्ति को वक्तव्य (मेय) के दोष से नहीं कर सकते हैं ॥८७॥

प्रश्न—वे अव्याप्ति-अतिव्याप्ति आदि जैसे प्रमाण-प्रमेय आदि के लक्षणों को दूषित करते हैं, वैसे ही स्व-लक्षणों को भी दूषित करते हैं। अतः प्रमाण आदि के लक्षण का खण्डन जाति है। स्वव्याघातक (अपने स्वरूप को नष्ट करने वाले) असत् उत्तर को जाति कहते हैं। उत्तर—अव्याप्ति आदि भी—स्व-लक्षण में अव्याप्ति आदि दोष के होने से—सत्-असत् से विलक्षण अनिर्वचनीय अवश्य हैं। किन्तु अनिर्वचनीय दोषों से ही लक्षणों के खण्डन द्वारा जगत् की अनिर्वचनीयता बोधित होती है। क्योंकि आप तो अनिर्वचनीय अव्याप्त्यादि दोषों से भी व्यवहार करते ही हैं। फिर मेरे कथन में व्याघात कैसे हो सकता है? किञ्च—जाति की निरुक्ति (लक्षण) भी आप नहीं कर सकते हैं, अतः जाति भी असत् है। फिर मेरे कथन में आप 'जाति' कैसे दे सकते हैं? ॥ ८८ ॥ प्रश्न—सत्-असत् दोनों पक्ष में दोष है—इस युक्ति से अनिर्वचनीय कहने वाले आप को सत्-असत्-विषयक सन्देह है? या तृतीय पक्ष का स्वीकार है? यदि सन्देह है, तो सत्त्व असत्त्व दोनों में एक अवश्य सिद्ध होगा, और एक पक्ष के दोष को आभास कहना पड़ेगा। सत्त्व पक्ष के दोषों को ही आवश्यक होने से आभास कहा जायगा। क्योंकि यदि सत्त्व पक्ष है, तब तो सत्त्व पक्ष के दोष आभास हैं ही। और यदि असत्त्व पक्ष है, तब भी सब के असत् होने से सत्त्व पक्ष के दोष भी असत् हैं। सत्-असत् से विलक्षण तृतीय पक्ष का आश्रयण तो व्याघात होने से असंगत है। सत्त्व-असत्त्व दोनों आपस में विरुद्ध हैं। अतः इनसे भिन्न तृतीय पक्ष नहीं है। क्योंकि जो सत् नहीं है, वह अवश्य असत् है, और जो असत् नहीं है, वह सत् है ॥८९॥ उत्तर—इस २ दोष से सत्-पक्ष का दोष आभास है, इस प्रकार से साफ साफ जब तक दोष न दें, तब तक सत्त्व-पक्ष का स्थापन या अनिर्वचनीयत्व का खण्डन नहीं हो सकता है। और

सत्त्वं ब्रूते, स कथमनिर्वचनीयतासत्त्वव्यववस्थितौ पर्य्यनुयुज्येत, साऽपि हि कृत्स्नप्रपञ्च-परसर्वशब्दाभिधेयमध्यनिविष्टैव। परस्यैव व्यवस्थया एवं पर्य्यवस्यति–निर्वचनप्रतिक्षेपादनिर्वचनीयत्वं, विधिनिषेधयोरेकतरनिरासस्येतरपर्य्यवसायितायास्तेनाभ्युपगमात्। ततः परकीयरीत्येदमुच्यते—अनिर्वचनीयत्वं विश्वस्य पर्य्यवस्यतीति। वस्तुतस्तु वयं सर्वप्रपञ्चसत्त्वासत्त्वव्यवस्थापनविनिवृत्ताः स्वतः सिद्धे चिदात्मनि ब्रह्मतत्त्वे केवले भरमवलम्ब्य चरितार्थाः सुखमास्महे। ये तु स्वपरिकल्पितसाधनदूषणव्यवस्थया विचारमवतार्य्य तत्त्वं निर्णेतुमिच्छन्ति, तान् प्रतिब्रूमः—न साध्वीयं भवतां विचार-व्यवस्था, भवत्कल्पितव्यवस्थयैव व्याहतत्वात्॥९०॥ अतएवास्मदुपन्यस्यमानदूषणस्थितिविषयाः पर्य्यनुयोगा निरवकाशाः, त्वद्व्यवस्थयैव तद्व्यवस्थाया व्याहत्युपन्यासात्। नचोपन्यास एव निर्बन्धकारणम्, [1]विचारोपन्यासस्य सदसत्त्वोपगमाद्युदासीनैर्विचार्य्यमित्युपेत्यैव परं विचारप्रवर्त्तनायाश्शक्यत्वमित्यावेदितत्वात्॥९१॥ यदि तु विचारस्य सत्त्वमनभ्युपेत्य

यदि अनिर्वचनीयत्व का खण्डन भी हो तो हानि क्या है, जो सम्पूर्ण जगत् को अनिर्वचनीय कहता है, वह अनिर्वचनीयत्व को भी अनिर्वचनीय ही कहेगा, क्योंकि जगत् के मध्य में अनिर्वचनीयत्व भी आ गया है।

प्रश्न—आप यदि अनिर्वचनीयत्व का साधन न करेंगे, तो वह सिद्ध कैसे होगा?

उत्तर—पर की व्यवस्था के अनुरोध से इस प्रकार निर्वचनीयत्व (लक्षण) के खण्डन से अनिर्वचनीयत्व सिद्ध होता है। क्योंकि विधि या निषेध इन दोनों में से एक के खण्डन से अन्य की सिद्धि अर्थात् फलित होती है, इसको पर भी मानते हैं। अतः संसार अनिर्वचनीय है, यह कथन भी दूसरों की रीति से है; यथार्थ में हम तो सारे संसार के सत्त्व, असत्त्व के साधन से निवृत्त होकर स्वतः सिद्ध चिद्रूप केवल ब्रह्मतत्त्व का निश्चय पाकर कृतकृत्य हो कर सुख से स्थित हैं। जो परीक्षक स्वकल्पित साधन और दूषण की व्यवस्था से कथा के आरम्भ की इच्छा करते हैं, उनसे हम कहते हैं, कि यह आप की व्यवस्था ठीक नहीं है, क्योंकि आप के कल्पित दूषणों से ही खण्डित है।॥९०॥ प्रश्न—अव्याप्ति आदि दोषों के लक्षणों में दोष के होने से वे अनिर्वचनीय हैं कि नहीं? यदि अनिर्वचनीय हैं, तो उन दोषों से प्रमाण-प्रमेय के लक्षण दूषित कैसे होंगे? और यदि अनिर्वचनीय नहीं है, तो उन दोषों से ही द्वैत हुआ।

उत्तर—हम उन दोषों को भी अनिर्वचनीय ही मानते हैं, अतः द्वैत नहीं है। और आप उन दोषों को मानते हैं। अतः आप के मत के अनुसार उन दोषों से प्रमाण-प्रमेय के लक्षणों का खण्डन करते हैं। प्रश्न—दोषों और कथा के स्वीकार के बिना दोषों का कथन नहीं हो सकता है, क्योंकि कथा में स्वीकृत ही का कथन होता है, अतः दोषों का उपन्यास (कथन) ही उनके स्वीकार का हेतु होगा। उत्तर—विचार (कथा) और दोषों के सत्त्व असत्त्व के स्वीकार में उदासीन होकर ही विचार करना चाहिये इस बात को मान कर ही विचार की प्रवृत्ति हो सकती है। इस बात का निवेदन कर चुके हैं॥ ९१॥ यदि कहें कि विचार के सत्त्व को न मान कर विचार नहीं हो सकता है, तब प्रमाण की प्रवृत्ति के बिना विचार के सत्त्व का स्वी-

[1] विचारस्येति सुपाठः विचारोपन्यासस्येति कुपाठः, अनन्वयात्। विचारस्येत्यस्य निर्बन्धेऽन्वयः निर्बन्धः = स्वीकारः। उपन्यास इत्यस्याग्रे दोषाणामिति शेषः। विचारं विना दोषोपन्यासानुपपत्तेरिति।

न विचारयितुं शक्यमित्युच्यते, तदा प्रमाणमव्यापार्य्य न तदीयसत्त्वाभ्युपगमोपि शक्यते-ऽतिप्रसङ्गादिति विचारस्य विचार्य्यग्रहणेऽनवस्थया विचारारम्भ एवाशक्यः स्यात् ॥६२॥

नच पूर्वपूर्वसिद्धत्वाद् विचारे विचारान्तरमिदानीमगवेषणीयम् । विचारस्य पूर्वसिद्धत्वे विचार्य्यरूपस्वविषयव्यवस्थितत्वात् तस्य, विचार्य्यमपि पूर्वमेव विचारितमित्यनारम्भ एव विचारस्य । अथ विचार्य्यविशेषस्य पूर्वमसिद्धत्वात्तदर्थं विचारारम्भः, तर्हि विचारविशेषस्यापि तद्विषयकस्य पूर्वमसिद्धिरेवेति वृथा शुष्कचर्वणम् ॥६३॥ यदि च त्वद्दर्शनरीत्याऽभिधीयमानम् अस्माभिर्वाधं वाधसे, तदा स्वाभ्युपगमरीतिबाधाऽभिधायितैव ते स्यात् । अस्माभिर्निर्वाह्यमानस्य त्वया खण्डनयुक्त्यैव बाधेऽस्माकमेव जेतृता, 'खण्डनयुक्तयो बाधिकाः, निर्वाह्यपक्षश्च बाध्य'—इत्यस्यास्मदुक्तपक्षस्य त्वयैव निर्वाहात् । तस्मात् त्वया निर्वाह्यमस्माभिश्चखण्डनीयमितीदृश्यामेव परं कथायां त्वन्निर्वाह्यनिर्वाहे तव जयो नान्यथेति ॥६४॥ तदेवं भेदप्रपञ्चोऽनिर्वचनीयः, ब्रह्मैवतु परमार्थसदद्वितीयमिति स्थितम् ॥६५॥ (इति बौद्ध-वेदान्ति—भेदविचारः)

कार भी नहीं हो सकता है, क्योंकि यदि प्रमाण के बिना ही किसी वस्तु का सत्त्व मानें, तो शश-शृङ्ग का भी सत्त्व होना चाहिये । और विचार के सत्त्व में प्रमाणों का कथन भी शास्त्रार्थ में ही होगा; और उस शास्त्रार्थ का आरम्भ भी उसके सत्त्व के अभ्युपगम के बिना नहीं हो सकता है, इस प्रकार विचार में प्रमाण से उसके सत्त्व का स्वीकार, और स्वीकार के अनन्तर शास्त्रार्थ के आरम्भ–होने से अनवस्था हो जायगी, कथा का आरम्भ नहीं होगा ॥६२॥

प्रश्न—पूर्व पूर्व लोक के व्यवहार से विचार का सत्त्व सिद्ध है, अतः उस की सिद्धि के लिये विचार की आवश्यकता नहीं है । खण्डन—यदि विचार लोक-व्यवहार से सिद्ध है, तो विचार को विचार्य्यरूप फल के व्याप्य (नियत) होने से विचार्य्य भी पूर्व सिद्ध ही है, अतः फल के न होने से कथा का आरम्भ नहीं हो सकता है । समर्थन—विचार्य्य जो विशेष वह पूर्व से असिद्ध है, अतः उसकी सिद्धि के लिये विचार का आरम्भ हो सकता है ।

खण्डन—विचार-विशेष भी पूर्व से असिद्ध है, अतः उसकी सिद्धि के लिये भी विचार का आरम्भ हो सकता है । और यदि उसकी सिद्धि के लिये अन्य विचार का आरम्भ करें, तो अनवस्था होती है, अतः मानिये कि विचार के सत्त्व-असत्त्व में उदासीन होकर भी विचार का आरम्भ हो सकता है, अतः यह शुष्क-चर्वण (निष्फल-विवाद) व्यर्थ है ॥६३॥ यदि तुम्हारे दर्शन की रीति से हमने जो अव्याप्ति आदि दोष दिये हैं, उन दोषों का खण्डन तुम करते हो तो अपनी रीति का ही खण्डन करते हो । और यदि हम कदाचित् अव्याप्त्यादि दोषों का समर्थन करें, और तुम खण्डन में उक्त युक्तियों से उनका खण्ड करो, तब भी हमारा ही जय होगा । क्योंकि 'खण्डन में उक्त युक्ति बाधक हैं, और निर्वाह्य पक्ष बाध्य है'—इस मेरे पक्ष का साधन आपने ही किया है । आप प्रपञ्च को सत्त्य मानते हैं, अतः आपको प्रमाण-प्रमेय के लक्षणों का निर्वाह करना चाहिये, और हम अनिर्वचनीय-वादी हैं, अतः हमे लक्षणों का खण्डन करना चाहिये,—ऐसी वितण्डा में आप यदि लक्षणों का समर्थन कर सकें, तभी आपका जय होगा अन्यथा नहीं ॥६४॥ और आप लक्षणों का स्थापन नहीं कर सकते हैं । अतः भेद प्रपञ्च अनिर्वचनीय है, और अद्वितीय ब्रह्म ही परमार्थ में सत् है यह सिद्ध हुआ ॥६५॥ इति बौद्ध-वेदान्ति-भेद-विचारः ।

अथ अद्वैत-प्रमाण-विचारः

ननु अद्वैते किं प्रमाणम्? प्रश्न एव तावत् अद्वैतमनङ्गीकुर्वतो नोपपद्यते। प्रमाणं यत्राद्वैते पृच्छ्यते तस्याऽप्रतीतौ कथमेवंभूतः प्रश्नः संगच्छते? नहि प्रमाणमात्रम्भवता पृच्छ्यते, किन्नाम विषयविशेषनियतम्। तच्च तदोपपद्यते यदि तादृशं ते प्रतीतिमारोहेत्। प्रश्नस्य वाग्व्यवहारविशेषत्वात्, व्यवहारस्य च स्वजनकज्ञानविषयनियतत्वात्। अन्यथा व्यवहाराणां विषयनियमप्रयोजकस्य ज्ञानस्यासम्भवेन व्यवहारविषयपारिप्लवापत्तेः। यदि चाद्वैतं प्रश्नविषयः प्रतीतमुच्यते, तदा तत्प्रतीतिस्ते प्रमा वा स्यात्? अप्रमा वा? आद्ये यदेव तस्याः प्रमायाः करणं तदेवाद्वैते प्रमाणं तवापि सम्प्रतिपन्नमिति वृथा तस्य प्रश्नः ॥९६॥ न च वाच्यम् सामान्यतोऽद्वैतप्रमाणसिद्धौ भूतायामपि विशेषतः प्रमाणप्रश्नः। यतः सामान्यसिद्धावेवाद्वैतसिद्धौ विशेषविचारः [1]काकदन्तविचारवत् स्यात्। सामान्यसिद्धिरेव च विशेषमप्याक्षिप्यानयन्ती विशेषमपि ते कथितवती किमत्र प्रश्नेन, परिगणितेषु हि प्रमाणप्रकारेषु मध्ये यत्रैव दोषं न प्रमिणोषि तत्रैव विशेषे सामान्यस्य विश्रान्तेः।

अथ अद्वैते प्रमाण-विचारः ॥

प्रश्न—अद्वैत में क्या प्रमाण है? प्रश्न का खण्डन—जो पुरुष अद्वैत को स्वीकार नहीं करते हैं, वे पुरुष अद्वैत में क्या प्रमाण है—ऐसा प्रश्न ही नहीं कर सकते हैं; आप जिस अद्वैत में प्रमाण पूछते हैं, उसके अज्ञान में ऐसा प्रश्न कैसे होगा? क्योंकि आप केवल प्रमाण तो पूछते नहीं हैं, अद्वैत में प्रमाण पूछते हैं, अद्वैत में प्रमाण का प्रश्न तब हो सकता है, जब आप अद्वैत को जानते हों। क्योंकि प्रश्न वचन-व्यवहार-विशेष रूप है। और व्यवहार ज्ञान से जन्य होता है, अतः व्यवहार स्व-जनक ज्ञान के विषय से नियत (व्याप्य) है। यदि व्यवहार स्व-जनक ज्ञान के विषय का अतिक्रमण करे, तो अमुक व्यवहार का विषय अमुक व्यवहर्तव्य है, यह नियम नहीं होगा और यदि प्रश्न का विषय अद्वैत प्रतीत (ज्ञात) है, तो वह प्रतीति भ्रम है? या प्रमा,? यदि प्रमा है तो जो प्रमा का कारण है, वही अद्वैत में प्रमाण है। यह तुम भी मानोगे, अतः प्रमाण का प्रश्न व्यर्थ है ॥९६॥

प्रश्न का समर्थन—सामान्य रूप से प्रमाण अद्वैत में सिद्ध है, विशेष रूप से प्रमाण का प्रश्न है।

प्रश्न-खण्डन—प्रमाण यदि सामान्य रूप से सिद्ध है, तो विशेष रूप से प्रमाण का विचार काक के दांत की परीक्षा के तुल्य निष्फल है। क्योंकि सामान्य रूप से प्रमाण की सिद्धि ही (विशेष के विना सामान्य नहीं होता है, इस कारण से) विशेष का भी आक्षेप करेगी। प्रत्यक्ष आदि परिगणित प्रमाणों में से जिस प्रमाण में दोष की आप प्रमिति न करें उसी विशेष में विश्राम होगा। यदि च आप पूर्व परिचित प्रत्यक्षादि सब प्रमाणों में दोष को जानें, तो सामान्य इनसे अन्य विशेष प्रमाण का अध्याहार कर विश्राम करेगा।

---

१ "काकस्य कति दन्ताः सन्ति" यह विचार नहीं होता है, क्योंकि इस विचार का कुछ फल नहीं है। और विना फल किसी काम में प्रवृत्ति नहीं होती है।

यदि च परिचितचरेषु प्रमाणप्रकारेषु सर्वेष्वेव दोषं प्रमिणोषि; तदा प्रमाणान्तरमाक्षिप्यापि सामान्येन विश्रमणीयमेव। यदि च का प्रमाणव्यक्तिरसौ इति प्रश्नार्थः परिशिष्यते। तदा न सर्वा व्यक्तिर्विशेषतो निर्देष्टुं शक्यते इति तदनिर्देशेऽपि न नः किञ्चिदपचीयते ॥९७॥

यदि च द्वितीयः, तदानीमद्वैतप्रतीतिमप्रमां मन्यमानस्य तव 'अप्रमाविषये किं प्रमाणम्' इति कथं न प्रश्नो व्याहन्यते। अथ अप्रमा सा मम मते, त्वन्मते तु प्रमैवेति तत्करणं प्रमाणं पृच्छ्यते–इति ब्रूषे; नैतदप्युपपद्यते; तवाऽद्वैते ज्ञानं यदुत्पद्यते तत्करणं मया प्रमाणरूपं वक्तव्यमित्यत्र ममाऽनियमात्। यदि नाम मया सदाऽद्वैतमभ्युपेयते, तावता किं तावकीनस्य तज्ज्ञानस्य करणमवश्यं प्रमाणं स्यात्?। वस्तुतो वह्निमत्यपि पर्वते यदि कश्चिद्बाष्पं धूमं प्रतीत्य ततो वह्निमनुमिनोत्येतावता किं बाष्पविषयं धूमज्ञानं करणं प्रमाणमेष्टव्यम् इति? ॥ ९८ ॥ अस्तु वा प्रश्नोऽयं यथा तथा, श्रुतिरेवाद्वैते प्रमाणमिति ब्रूमः। श्रूयते खलु–"एकमेवाद्वितीयं" "नेह नानास्ति किंचन" इत्यादि।

श्रुतिप्रामाण्यं सिद्धार्थप्रामाण्यं चेश्वराभिसन्धौ साधयिष्यते। सिद्धार्थानां श्रुतीनामन्यपरत्वमपि यदि स्यात्तथापि पदसमन्वयबलेन तासु प्रतीयमानमर्थमबाधितमादायैव

प्रश्न–समर्थन—अनुमानत्व रूप विशेष भी सामान्य ही है, अतः अद्वैत में कौन सी अनुमान व्यक्ति प्रमाण है?—यह प्रश्न का आशय है।

प्रश्न–खण्डन—सम्पूर्ण प्रमाण व्यक्तियों का विशेष रूप से कोई भी निर्देश नहीं कर सकता, अतः हम उसका निर्देश (कथन) न भी कर सकें, तो हमारी हानि क्या है? ॥९७॥

और यदि आपकी अद्वैत प्रतीति अप्रमा (मिथ्या) हो, तो प्रश्न का आशय यह हुआ कि अप्रमा के विषय अद्वैत में प्रमाण क्या है? परन्तु वह (प्रश्न) व्याहत (बाधित) है। क्योंकि जो अप्रमा का विषय है, वह प्रमा-विषय कैसे होगा?

समर्थन—हमारे मत में अद्वैत-ज्ञान अप्रमा है, आपके मत में तो अद्वैत-ज्ञान सदा प्रमा है, अतः तत्करण (प्रमाण) के प्रश्न में व्याघात का देना ठीक नहीं है।

खण्डन—तुम्हें अद्वैतविषयक जो ज्ञान हुआ है, उसका प्रमाण रूप करण हमें कहना चाहिये—इसमें मेरी नियुक्ति नहीं हो सकती है। यदि हम सदा अद्वैत मानते हैं, इससे तुम्हारे अद्वैत के ज्ञान का कारण क्या अवश्य प्रमाण होगा? (कदापि नहीं)। वस्तुतः वह्निमान् भी पर्वत है। परन्तु कोई यदि बाष्प (भाफ) या धूलि-पटल को धूम जानकर, उससे वह्नि का अनुमान करे, तो वह्नि-ज्ञान के प्रमा होनेपर भी क्या बाष्प का धूम रूप से ज्ञान उसका (वह्नि-ज्ञान का) कारण प्रमाण माना जायगा? ॥९८॥

प्रश्नका उत्तर—यदि किसी प्रकार से–"अद्वैत में क्या प्रमाण है" यह प्रश्न हो, तब छान्दोग्य की (६।२।१) "एकमेवाद्वितीयम् ब्रह्म" और बृहदारण्यक की (६।२।१) "नेह नानास्ति किञ्चन"—इत्यादि श्रुतिही प्रमाण हैं।

तासामन्यपरिभवनात्, धियां स्वतः प्रामाण्यस्य बाधकैकापोह्यत्वात् ॥९९॥ ननु नाद्वैत-श्रुतीनामृजावर्थे प्रामाण्यं सम्भवति, प्रत्यक्षादिबाधात् । ततश्चान्यत्रैव क्वचित्तात्पर्यं कल्प्यम् ॥१००॥ मैवम्, यदद्वैतश्रुतेर्बाधकं प्रत्यक्षादि मन्यसे तदात्मीये विषये घटपटादे-र्भेदे नियत एवोत्पद्यते, न तु प्रत्यक्षादिकं भूत–भावि–वर्त्तमान–सकलव्यक्तिभेदग्राहि

शंका—प्रथम तो [1]चार्वाकादि–कथित दोषों से वेद ही अप्रमाण है । और उसमें भी स्वतः सिद्ध ब्रह्म का प्रतिपादक उपनिषद् तो [2]मीमांसा में उक्त युक्तियों से अप्रमाण ही है ।

समाधान—श्रुतियों के प्रामाण्य की सिद्धि, तथा स्वतः सिद्ध ब्रह्म के प्रतिपादक उप-निषदों के प्रामाण्य की सिद्धि 'ईश्वराभिसन्धि' नामक स्व-ग्रन्थ में करेंगे ।

शंका—उपनिषदों का ब्रह्माद्वैत में तात्पर्य्य नहीं है, किन्तु एकही ब्रह्म (ईश्वर) है, ब्रह्म ही उपासनीय है, इत्यादि अर्थ में ही तात्पर्य है ।

समाधान—यदि स्वतः सिद्ध अद्वैत के प्रतिपादक उपनिषदों का ("एक ईश्वर है" केवल ब्रह्म ही उपासनीय है) इस अर्थ में भी तात्पर्य्य मानें, तो भी श्रुति "एकं ब्रह्म" इन पदों के अन्वय से प्रतीयमान (मालूम होने वाले) अद्वैत अर्थ को ग्रहण (स्वीकार) कर ही द्वैत का बाध करेगी ।

शंका–"आदित्यो यूपः" इस अर्थवाद का प्रशंसा में तात्पर्य होने से, पद-समन्वय से प्रतीयमान सामानाधिकरण्य जैसे प्रत्यक्ष से बाधित होता है । वैसे ही "एकं ब्रह्म" इसस्थल में अद्वैत का बाध क्यों न हो ?

उत्तर—बुद्धि का स्वतः प्रामाण्य केवल बाधक के ही होने से अपनीत (दूर) होता है, "आदित्यो यूपः" यहाँ प्रत्यक्ष बाधक है, "एकं ब्रह्म" यहाँ कोई बाधक नहीं है ॥९९॥

प्रश्न—श्रुति का ऋजु अर्थ (वाच्यार्थ) अद्वैत में प्रामाण्य नहीं है, क्योंकि प्रत्यक्ष से द्वैत गृहीत होता है । अतः प्रत्यक्ष से अद्वैत बाधित होगा, इसलिये उपासना आदि में ही श्रुति का तात्पर्य है ॥१००॥

---

१ नास्तिक लोग पुत्रेष्टि करने पर भी पुत्र के न होने से वेद में अनृत, (मिथ्या कथन) तथा "उदिते जुहुयात्" कह कर "श्यावोऽस्याहुतिमभ्यवहरति य उदिते जुहोति" निषेध करने से व्याघात (आपस में विरोध) दोष देते हैं । परन्तु यह उनका भ्रम है । क्योंकि 'पुत्रकामः पुत्रेष्ट्या यजेत' इस श्रुति का यह आशय है—कि पुत्रोत्पत्ति के लौकिक सब कारणों के रहते भी यदि किसी पाप से पुत्र न होता हो तो इस इष्टि से पाप की निवृत्ति द्वारा पुत्र होता है । तथा अग्निहोत्र का यह प्रकार है कि उदित होमी सदा उदय में ही होम करें, और अनुदित होमी सदा अनुदित में ही होम करें । और यदि विपरीत करें तो "श्याव…" इत्यादि निषेध के भागी हों । अतः अनृत-व्याघात आदि दोष नहीं है । यद्यपि 'ईश्वराभिसन्धि' ग्रन्थ अब मिलता नहीं है, परन्तु सम्भव है कि ऐसे ही परिहार उसमें हों ।

२ मीमांसक लोग कहते हैं कि—"सोमेन यजेत" "न कलञ्जं भक्षयेत्" इत्यादि वेदवाक्य शुभ काम में प्रवृत्ति तथा अशुभ से निवृत्ति कराते हैं, अतः प्रमाण हैं । उपनिषद् सिद्धस्वरूप ब्रह्म का प्रतिपादन करते हैं, प्रवृत्ति तथा निवृत्ति नहीं बतलाते, अतः प्रमाण नहीं हैं । यदि प्रमाण भी हों तो शरीर से व्यतिरिक्त (जुदे) आत्मा के प्रतिपादक होने से कर्म्मकाण्ड के अङ्ग है, क्योंकि जो शरीर से पृथक् आत्मा को मानते हैं, वे ही स्वर्गादि फल वाले कर्म्म-काण्ड में प्रवृत्त हो सकते हैं । उपनिषद् स्वतंत्र-प्रमाण नहीं हैं—परन्तु यह उनका भ्रम है । उपनिषद् में भी " आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः " इत्यादि विधिवाक्य हैं । जिनसे श्रवणादि में प्रवृत्ति होती है । और 'ब्रह्मविद् परमभ्येति' इत्यादि स्वतंत्र फल हैं, अतः वे भी स्वतंत्र शास्त्र एवं प्रमाण हैं ।

जायमानमावयोः सम्प्रतिपन्नमस्ति, तादृशेन ज्ञानेन चोत्पद्यमानेन सर्वज्ञतां तदा तव श्रद्दध्यां, यदि जानासि मम चेतसि किं वर्त्तते इति। यदि च प्रत्यक्षादि किञ्चिन्मात्रविषयम्, तदा तद्विषयादन्यत्रापि प्रवर्तमानाऽद्वैतश्रुतिस्तेन न बाधितुं शक्यते, स्वविषयमात्रे प्रमया विपरीतविषयज्ञानबाधनात्; अन्यथाऽतिप्रसङ्गात्—मा हि भूदग्नीषोमीयपश्वालम्भनविधिना सर्वभूताहिंसाश्रुतेर्वैयर्थ्यम् ॥१०१॥ यदाचैवं तदा बाधिकायाः प्रत्यक्षधियो बाध्यायाश्चाऽद्वैतबोधने श्रुतिर्निराबाधासती तयोरैक्यं बोधयतीति तत्प्रत्यक्षादि कथं स्वात्मानमेव बाधेत। घटेन पटेन तद्भेदेन च स्वविषयेण सह तस्या एव धियः श्रुत्या सर्वस्याद्वैतं गोचरयन्त्या कथं नाभेदे प्रामाण्यमासादयितव्यम्। तत्राबाध्यमानत्वात्। नहि तस्या धियः स्वात्मा वा स्वात्मना सह घटपटादेभेदोऽपि वा विषयः। घटपटौ भिन्नावित्येवमाकारा हि सा जायते न 'तु अहं घटात् पटाच्च भिन्ना, मत्तो वा तौ भिन्नौ'—इति ॥१०२॥ स्वप्रकाशतापि स्वमात्रे साक्षिणी, न तु यतो यतः प्रकाशो भिद्यते ततस्ततस्तस्य भेदेऽपि। अन्यथा तत्तदपि स्वप्रकाशकुक्षौ निक्षिपन्ती

उत्तर जिन प्रत्यक्षादिकों को अद्वैत का बाधक मानते हैं, वे प्रत्यक्षादि (केवल अपने नियत विषय घटादि के भेद में ही) उत्पन्न होते हैं, अतः श्रुति से जात सर्वाद्वैत-बोध का बाध कैसे होगा?

प्रत्यक्ष के सर्वविषयकत्व का समर्थन—सामान्यलक्षणा से सकलभेदविषयक एक प्रत्यक्ष होता है, वह प्रत्यक्ष अद्वैत का बाधक है।

खण्डन—सामान्यलक्षणाप्रत्यासत्ति (सन्निकर्ष) से आपके सर्वविषयक ज्ञान में हम तब श्रद्धा करते, यदि आप सामान्य-लक्षणा के बल से बतला दें, कि हमारे चित्त में क्या है। यदि प्रत्यक्ष किञ्चित्मात्र विषयक होता है, तो प्रत्यक्ष के विषय से अन्यत्र प्रवृत्त अद्वैत-श्रुति प्रत्यक्ष से कैसे बाधित होगी?। स्व-विषय में प्रमाण स्व-विषय के अभावविषयक ज्ञान का बाधक होता है। अतएव "अग्नीषोमीयं पशुमालभेत" यह श्रुति "मा हिंस्याः सर्वा भूतानि" इस श्रुति का अग्नीषोमीय पशुमात्र विषय में बाध करती है। और अन्य पशु विषय में बाध नहीं करती है। यदि अन्यत्र भी बाध करे तो "मा हिंस्याः सर्वा भूतानि" इस श्रुति का वैयर्थ्य हो जायगा ॥१०१॥ यदि ऐसा है, तो बाधक जो प्रत्यक्ष बुद्धि, तथा बाध्य जो अद्वैत बुद्धि, उन दोनों के अद्वैत बोधन में बाध-रहित अद्वैत-श्रुति उन दोनों के अभेद का बोध करावेगी। अतः वह प्रत्यक्ष बुद्धि अपने आपका बाध कैसे कर सकती है? परस्पर सब जगत् के अभेद को विषय करने वाली श्रुति "घटः पटात् भिन्नः" इस प्रत्यक्ष बुद्धि के स्व-विषय घट-पट और भेद के साथ अभेद के बोधन में प्रामाण्य क्यों न प्राप्त करे? क्योंकि उस विषय में कोई बाधक नहीं है। उस बुद्धि का अपना आत्मा (स्वरूप) या अपने आत्मा के साथ घट-पट के भेद विषय नहीं हैं, क्योंकि "घटपटौ भिन्नौ" इत्याकारक ही प्रत्यक्ष बुद्धि होती है। "अहं घटात् पटाच्च भिन्ना" अथवा "मत्तो वा तौ भिन्नौ" इत्याकारक नहीं होती है ॥१०२॥

समर्थन—बुद्धि स्वप्रकाश है। अतः स्व में और स्व के भेद में व्यवहार करायेगी।

खण्डन—स्वप्रकाश होने से बुद्धि स्व में तो व्यवहार अवश्य करायेगी, परन्तु जिससे २ बुद्धि भिन्न है, उससे २ जो स्व में भेद है उस भेद में व्यवहार नहीं करायेगी, क्योंकि भेद

न कथमद्वैते एव पर्यवस्यति ॥१०३॥ नच तया धिया स्वस्य स्वविषयस्य च स्वरूपावगाहने स्वरूपलक्षणो भेदः प्रकाशित एव स्यादिति वाच्यम्। "पुरोवर्ति रजतम्"—इति भ्रान्तौ पुरोवर्त्यात्मनो रजतात्मनश्च प्रकाशे भेदग्रहापत्तेः। धर्मविशेषमन्तर्भाव्य स्वरूपस्य भेदत्वे धियोऽपि तथा स्यादिति सैव धीर्न तत्प्रकाशः, तस्मिन्सन्निकर्षाद्यपेक्षायां धियः प्राक्तदसंभवात्। आत्मवदात्मधर्म्मेऽपि सन्निकर्षानपेक्षा सा इति चेन्न, ग्रहणत्व-स्मृतित्व-प्रमात्वादावपि तथैव स्यादिति ॥१०४॥

तदेवं सा बुद्धिः श्रुत्या घटपटात्मतया व्यवस्थाप्यमाना कथमात्मनः स्वस्मादेवभेदे प्रमाणीभवितुं प्रभवतीति बाधिकायां बुद्धौ घट-पटयोर्भेदे प्रमात्वाभावमासादयन्त्यां श्रुतिस्तत्र तत्राऽप्रतिद्वन्द्वित्वाऽसङ्कुचितस्वतःप्रामाण्यबल-लब्धतत्तदर्थैक्यान्यथानुपपत्तिसहायसम्पद-

---

का स्वभाव है कि प्रतियोगी और धर्म्मी से व्यतिरिक्त ज्ञान का गोचर (विषय) होता है। यदि ज्ञान का गोचर न होकर भी भेद को सिद्ध मानें, तो भेद भी ज्ञान स्वरूप हो जायगा, क्योंकि सम्विद्-(ज्ञान) विषय के न होनेपर भी सिद्धत्व सम्विद् का ही स्वभाव है ॥१०३॥

समर्थन—स्व-प्रकाश ज्ञान का स्व भी विषय है, अतः घट-पट आदि विषय और स्व का स्वरूपलक्षण भेद-ज्ञान का विषय है।

खण्डन—स्वरूप भेद नहीं है, क्योंकि यदि स्वरूप को भेद कहें तो "इदं रजतम्" इस स्थल में शुक्ति रजत दोनों के स्वरूप-लक्षण भेद के ग्रह-होने से अभेद भ्रम नहीं होगा। क्योंकि भेद-ग्रह अभेद-ग्रह का विरोधी है।

समर्थन—स्वरूप मात्र भेद नहीं है, किन्तु वैधर्म्य-विशिष्ट स्वरूप जो वह भेद है। शुक्ति-रजतका वैधर्म्य-युक्त स्वरूपलक्षण भेद गृहीत नहीं है, अतः "इदं रजतम्" ऐसा अभेद भ्रम होता है।

खण्डन—बुद्धि का भी स्वरूप भेद नहीं है, किन्तु वैधर्म्य से युक्त स्वरूप ही भेद है। और बुद्धि के स्वप्रकाश होनेपर भी वैधर्म्य स्व का विषय नहीं है। क्योंकि सन्निकर्ष के बिना वैधर्म्य का भान हो नहीं सकता है, और वैधर्म्य के साथ "मनस्संयुक्तात्मसमवेतज्ञान-समवाय" ही सन्निकर्ष हो सकता है। वह ज्ञान-घटित-होने से स्व से पूर्व नहीं है, अतः विरोधी (भेद-ग्रह) के न होने से श्रुति घट-पट-भेद-रूप स्व-विषय के साथ प्रत्यक्ष बुद्धि के अभेद का बोधन करेगी।

समर्थन—वैधर्म्य स्व-प्रकाश (ज्ञान) का विषय है, जैसे ज्ञान स्व का सन्निकर्ष के बिना ही ग्रहण करता है, वैसे ही स्व-धर्म का भी ग्रहण करेगा।

खण्डन—यदि स्व-प्रकाश ज्ञान को स्व-धर्म्म का प्रकाशक मानें तो बुद्धित्व और स्मृतित्व का भी ज्ञान हो जायगा ॥१०४॥

यदि ज्ञान के स्वप्रकाश होने से ज्ञान-धर्म्म का ज्ञान मान लें, तो ज्ञान के होने पर प्रमात्वादि का जो सन्देह होता है, वह नहीं होगा। तस्मात् इस प्रकार श्रुति-द्वारा घटपट के अभेद रूप से व्यवस्थित प्रत्यक्ष बुद्धि, कैसे स्व के आत्मा घट के (स्व के आत्मा पट से) भेद में प्रमाण हो सकती है?। अतः बाधक प्रत्यक्षबुद्धि के घट-पट-भेद रूप विषय में अप्रमात्व होने पर, अभेद में प्रतिद्वन्द्वी के न होने से असङ्कुचित—और स्वतःप्रामाण्य के बल से लब्ध जो स्व (श्रौत बुद्धि) से घट-पट आदि अर्थों का ऐक्य, उसकी जो अन्यथा अनुपपत्ति है

ऽजय्या तयोरप्यभेदं बोधयन्ती न प्रतिहन्तुं शक्येति न क्वचिदपि प्रतिहतप्रसरा सती सर्वाद्वैतप्रमापिकेति ॥१०८॥ भेदप्रमान्यथानुपपत्त्या च वैपरीत्यमशक्यम्, तत्राद्वैतश्रुत्या सन्दिह्यमानस्य प्रमात्वस्यैवासिद्धेः। भेदधीमात्रस्य च द्विचन्द्रादिबोधवदन्यथाप्युपपत्तेः ॥१०९॥ "एकम्"—इत्युपादाय यद्व 'एव' -कारमप्युपादत्ते श्रुतिः "एकमेवेदम्"—इति रूपा, तदैकान्तिकमैक्यं बोधयतीति भेदाभेदेनाप्यशक्यसमर्थनं घटपटादिभेदग्राहि प्रत्यक्षादि-प्रामाण्यमिति ॥११०॥ बुद्धेर्विरम्य व्यापाराभावात् कथमित्थमिति चेन्न, श्रुतितो द्रागेव जातायाः सर्वविषयाया अद्वैतधियोऽस्मद्बुद्धय एवंविधविचारसोपानपरम्परामारोहन्त्यो नाना विषयेषु तत्प्रामाण्यविषयाः क्रमेण परिनितिष्ठन्तीत्युच्यमानत्वात् ॥१११॥

ननु यदि नाम प्रत्यक्षवित्त्या तया घटपटभेदोल्लेखिन्या स्वात्मना सह घट-पटयोर्भेदो न गोचरीक्रियते, तावता कथं तस्याः स्वविषयेण सहाऽद्वैते श्रुतिः प्रामाण्यमासादयितु-

---

उसकी सहायता से अजेय—घट-पट के भी अभेद का बोधन करती हुई—बांधने के अयोग्य कहीं भी न रुकने वाली—अद्वैत श्रुति, सब पदार्थों के अद्वैत की प्रमा करावेगी ॥१०८॥

प्रश्न—'घटः पटाद् भिन्नः' इत्याकारक घट-पट के भेद की प्रमा ही अनुपपन्न होकर अद्वैत-श्रुति का सर्वत्र बाध क्यों नहीं करती है ?

उत्तर—अद्वैत-श्रुति से भेद-प्रत्यक्ष में सन्देह होता है, अतः प्रमात्व की सिद्धि ही नहीं होगी, किन्तु भेद-प्रत्यक्ष 'द्वि-चन्द्रादि-ज्ञान के सदृश भ्रम में ही पर्यवसित होगा ॥१०९॥

प्रश्न—श्रुति से अभेद बोधित होता है, एवं प्रत्यक्ष से भेद बोधित होता है, और दोनों प्रमाण माननीय हैं। अतः भेद और अभेद दोनों रहें।

उत्तर—"एकमेवाद्वितीयम्" यह श्रुति 'एक' शब्द कह कर जो 'एवकार' का उपादान करती है, अतः श्रुति का अत्यन्त अभेद में तात्पर्य है। अतः भेदाभेद भी असङ्गत ही है ॥११०॥

प्रश्न—आपाततः प्रत्यक्ष-विरोध होने से श्रुति द्वारा जायमान बुद्धि प्रथम अपने से ही प्रत्यक्ष बुद्धि और उसके विषयों के अभेद का बोध कराती है, पश्चात् स्व (बुद्धि) से अर्थों के ऐक्य की अन्यथानुपपत्ति रूप अर्थापत्तिकी सहायता से, विषयों के भी परस्पर अभेद का बोध कराती है – यह कथन युक्ति विरुद्ध है, क्योंकि शब्द, बुद्धि तथा कर्म्म के विरम्य (क्रम से व्यापार नहीं होते हैं; किन्तु एक बार ही व्यापार होते हैं।

उत्तर—श्रुति से सर्वविषयक अद्वैत-बुद्धि झटिति (एक ही काल में) हो जाती है, परन्तु नाना विषयों में उस श्रुतिज बोध के प्रामाण्य को विषय करने वाली, एवं विध प्रश्न में उक्त क्रम से जात विचार रूप सोपान की परम्परा पर आरोहण करने वाली, हमलोगों की बुद्धि क्रम से परिनिष्ठित (सुस्थिर) होती है ॥१११॥

शंका—यद्यपि "घट-पटौ भिन्नौ" यह प्रत्यक्ष—घट-पट के भेद रूप स्वविषय के साथ—स्व के भेद को विषय नहीं करता है। तब भी उस प्रत्यक्ष के स्व-विषय के साथ अद्वैत

---

१ जैसे नेत्र कनीनिका (आँख की पुतली) के सामने तृण रख कर देखने से "द्वौ चन्द्रौ" ऐसा भ्रम रूप ज्ञान होता है। "वितस्तिपरिमितः सूर्यः" ऐसा भ्रम होता है। इसी तरह भेद प्रत्यक्ष भी भ्रम ही है—प्रमा नहीं है।

मीष्टे, बुद्ध्यन्तरेण तया सार्द्धं घटपटयोरपि भेदमुल्लिखता तत्राद्वैतश्रुतेर्बाधादेव ॥११२॥ मैवम् । तर्हि तस्या अपि विषयमापाततः परित्यज्य ययैवाऽपरया बुद्ध्या घटपटभेद-बुद्धेर्घटाच्च पटाच्च भेदो विषयीक्रियते, तस्याः स्वविषयेण सहाद्वैते श्रुतिः प्रामाण्य-मवलम्ब्य लब्धपदा घटपटतद्भेदबुद्धिभिः सह द्वितीयाया बुद्धेरभेदे पर्य्यवस्यन्ती सर्वेषा-मेव तेषामभेदे विश्राम्यति । एवं च सति यत्रैव गत्वा बाधबुद्धिपरम्पराविच्छेदो विषयान्तरसंचारोच्छेदभयाद्व अनवस्थाभयाच्चाभ्युपेयस्तस्यामेव बुद्धौ पदमारोप्याद्वैत-श्रुतिः सर्वं तद्विषय-विषयिप्रवाहमद्वैते स्थापयन्ती न केनापि प्रमाणेन क्वचिदपि विषये बाधितुं शक्या । तस्मात्—

सुदूरधावनश्रान्ता बाधबुद्धिपरम्परा ।
विनिवृत्ताऽद्वयाम्नायैः पार्ष्णिग्राहैर्विजीयते ॥८॥११३॥

न च यत्र तस्य प्रतिपत्तुर्बुद्धिधाराविश्रान्तिस्तत्र पुरुषान्तरबुद्धिर्भेदे प्रमाणं स्यात् । तथापि पुरुषान्तरेण भिन्नतया सा प्रतीयते इत्यत्र प्रमाणं त्वया वाच्यम् । नहि

में श्रुति प्रमाण कैसे होगी ? क्योंकि "घट-पट-भेद-ग्राहि प्रत्यक्षं घटपटौ न भवति"—यह अन्य बुद्धि—घटपटभेद के साथ उस प्रत्यक्ष के भी भेद को—ग्रहण करती है । अतः श्रुति का बाध होगा ॥११२॥

खण्डन—प्रथम "घट-पटौ भिन्नौ" इस बुद्धि का घट-पट-भेद रूप स्व-विषय के साथ अद्वैत बोध को त्याग कर, "घट-पट-भेद-ग्राहि-प्रत्यक्षं घटपटौ न भवति"—इस बुद्धि का ही स्व-विषय घट-पट-भेद-ग्राहिप्रत्यक्ष तथा घट-पट-भेद के साथ अभेद में श्रुति प्रामाण्य को अवलम्बन (पा) कर, पश्चात् सर्व वस्तुओं के अद्वैत में पर्यवसित होगी ।

शंका—उस द्वितीय बुद्धि का भी स्व-विषय के साथ भेद का बोध तृतीय बुद्धि करेगी; अतः वहाँ भी अद्वैत-श्रुति का अवकाश नहीं है ।

खण्डन—विषयान्तर के सञ्चार (ज्ञान) के उच्छेद (बन्दहोने) के भय से और अनवस्था (दोष) के भय से जहाँ जाकर, आप अद्वैत बुद्धि की बाध-बुद्धि-धारा की समाप्ति मानेंगे, उसी बुद्धि में श्रुति अवकाश पाकर, सम्पूर्ण उस बुद्धि के विषय ज्ञान-प्रवाह को अद्वैत में स्थापन करती हुई, किसी प्रमाण से किसी भी विषय में बाधित नहीं हो सकती ।

अतः दूर दौड़ने से श्रान्त—अतएव विनिवृत्त—बाध-परम्परा, पृष्ठ-धावी (पीछे दौड़ने वाले) शत्रु के सदृश अद्वैतश्रुति से जीती जाती है ।

दूर दौड़ने से थकी, बाध बुद्धि की धार ।
लौटी अद्वय-बोधने, घेर दबाई मार ॥८॥११३॥

भेद-समर्थन—विषयान्तर के सञ्चार (ज्ञान) का उच्छेद न हो, इसलिये उस पुरुष की बुद्धि-धारा तो समाप्त हो जाती है । परन्तु अन्य पुरुष की बुद्धि से उस चरमबुद्धि (अन्तिम भेद-बुद्धि) के भेद का भी ग्रहण होता है ।

भेद-खण्डन—अन्य पुरुष की बुद्धि से उस चरम बुद्धि के भेद का ज्ञान होता है—इसमें यदि प्रमाण न दें तो आपका इष्ट भेद सिद्ध ही नहीं हुआ; और यदि कोई बुद्धि प्रमाण दें, तो उसी बुद्धि में अवकाश पाकर, अद्वैत—श्रुति भेद-बुद्धि को बाधेगी । और यदि आप प्रमाणों (भेद-ज्ञानों) की धारा मानें तो अनवस्था हो जायगी ।

तदपि पुरुषान्तरेणैव, न च संभाव्यमानम्, श्रौतेन निश्चयेन तन्निवर्तनात्; तथाप्यनवस्थानादिति ॥११४॥ अथ ब्रूषे यदा कियद्दूरं बुद्धिपरम्परया सा बाधिता भवत्यद्वैतश्रुतिस्तदा तन्न्यायाद्व याऽपि बुद्धिः शेषं गत्वा नाऽनुव्यवसीयते तत्राऽपि तद्बाधोऽवगम्यते, यत्र सा बाध्यते तत्तुल्यन्यायत्वादन्तिमबुद्धेरपि—इति । मैवम् । किं कियतीषु बुद्धिषु व्याप्यव्यापकौ कावप्यवलम्ब्य व्याप्तिग्रहरूपयैव धिया शेषबुद्धौ बाधं व्युत्पादयसीत्थमद्वैतश्रुतेः ? किंवा बुद्ध्यन्तरदृष्टव्याप्तिसनाथया पक्षधर्महेतुमुल्लिखन्त्या बुद्ध्याऽन्तिमबुद्धिविषयया ? ॥११५॥ नाद्यः, व्याप्तिबुद्धिर्यदि विषयविशेषेऽपि स्वातन्त्र्येण बाधात्मिकोपेयते, तदा सैव विशेषबुद्धिरपि स्यादिति गतमनुमानकथया । अथानुमितिमभ्युपैषि, तदा सा नात्मानमपि धर्मीकृत्य प्रवर्तते, इति तत्रैव दत्तपदा सर्वामद्वैतश्रुतिः परम्परामालम्बते इत्युक्तमावर्तते ॥११६॥ अथ "सर्वा विवादाध्यासिता बुद्धयः स्वविषयेभ्यो भिन्नाः, बुद्धित्वात्, घटपटबुद्धिवदिति"—सामान्याकारेणात्मानमपि धर्मीकृत्या-

---

समर्थन—पुरुषान्तर की बुद्धि से भेद का ज्ञान होगा, इसमें भी प्रमाण अन्य पुरुष देगा।

खण्डन—अद्वैत-श्रुति पुरुषान्तर से प्रदर्शित प्रमाण बुद्धि में ही अवकाश पाकर सर्वत्र भेद का बाध करेगी, अथवा अनवस्था का प्रसंग हो जायगा।

समर्थन—"पुरुषान्तरं-बुद्धिः भेदे प्रमाणम्भविष्यति" इस सम्भावना से अद्वैत-बुद्धि का बाध होगा।

खण्डन—"यदि वह्निविरहिण्यपि धूमः स्यात् तदा न स्यात्, अकारणः सन्नित्यो वा स्यात्"—इस तर्क से "यदि वह्निविरहिण्यपि धूमः स्यात्"—इस व्यभिचार की सम्भावना (शङ्का) की जैसी निवृत्ति होती है, ऐसे ही श्रुतिजन्य बुद्धि (ज्ञान) से उक्त सम्भावना का भी बाध होगा। किञ्च—सम्भावित बुद्धि में जो प्रमाण-सम्भावना है, उसी से उसके विषय के साथ अभेद के बोध में अवकाश पाकर, अद्वैत-श्रुति सब वस्तुओं के अभेद का ग्रहण करायेगी। और यदि उसके भेद में कुछ प्रमाण कहें, तो अनवस्था हो जायगी ॥११४॥

प्रश्न—जब कुछ दूर तक प्रत्यक्ष बुद्धि की परम्परा से वह (अद्वैत श्रुति) बाधित होती है, तब उसी दृष्टान्त से जो बुद्धि ज्ञात नहीं होती है, उसमें भी बाध का ज्ञान होगा। क्योंकि अन्तिम बुद्धि भी उसके तुल्य ही है। अर्थात्—'जो जो बुद्धि है, वह स्व-विषय (अपने विषय) से भिन्न है, जैसे घट से पट भिन्न है यह बुद्धि'—इस रीति से, ज्ञान-धारा की तीन चार कक्षाओं में व्याप्ति का निश्चय होगा। पश्चात् उसी के बल से अन्तिम बुद्धि में भी स्व-विषय के साथ भेद की सिद्धि होगी, फिर अद्वैत श्रुति का अवकाश कहाँ है ?

उत्तर—क्या जो जो बुद्धि हैं, वह स्व-विषय से भिन्न हैं, यह व्याप्तिग्रह ही अन्तिम बुद्धि के (स्व-विषय के साथ) भेद-ग्रह में प्रमाण है ? अथवा व्याप्ति से युक्त—पक्षधर्मता विशिष्ट—हेतु का ज्ञान ॥११५॥

यदि व्याप्ति का ज्ञान कहा जाय तो पृथक् अनुमान को प्रमाण मानना व्यर्थ है। क्योंकि सर्वत्र व्याप्ति-ग्रह से ही विशेष (अनुमेय) का ज्ञान हो जायगा। यदि च अनुमिति कही जाय, तो उसी अनुमिति का स्व-विषय के साथ अद्वैत के बोध में श्रुति अवकाश पाकर सर्वत्र अद्वैत का बोध करावेगी ॥११६॥

प्रश्न—'सब बुद्धि अपने विषय से भिन्न हैं, बुद्धि होने से, घट-पट विषयक बुद्धि के

त्मनोपि स्वविषयाद्भेदं साधयिष्यत्यनुमा—इति मन्यसे । मैवम्, एवमपि विषयिणो विषयस्याऽभेदं बोधयन्ती श्रुतिरनुमानमप्यनवकाशयति । विषयिविषययोर्मिथो भेदेपि साध्ये अस्तु हेत्वनुयोगः ॥११७॥ परबुद्धिस्तद्विषयांश्च प्रति निराबाधा सती श्रुतिरेकस्या बुद्धेर्विषयादपरामपरस्याश्च विषयात् परामभेदबोधाय धावन्ती सर्वाद्वैते एव पर्य्यवस्यतीति। न च शक्यमनुमातुं—सर्वस्या बुद्धेर्विषया सर्वा बुद्धिर्भिन्नेति, माभूदन्यबुद्धिविषयादात्मनोपि बुद्धिर्भिन्नेति । नचात्मव्यतिरिक्तादित्युक्ते निस्तारः स्यात्, अद्वैतवादिनः सर्वाभेदमिच्छतः क्वचिदपि तदसिद्ध्या विशेषणाऽप्रसिद्धेरिति ॥११८॥ एतेन 'सर्वं भिन्नम्'—इति वाक्येन विना बाधं स्वतः प्रमाणेन सत्प्रतिशब्दा सेयमद्वैतश्रुतिरित्यप्यनवकाशं प्रत्यवस्थानं मन्तव्यम्, यस्मात् कस्मादपि भेदे मिथ्यातः सत्य-भेदोप-

---

तुल्य'—इस (स्व को भी धर्म्मी दल में प्रवेश कर प्रवृत्त) अनुमिति से, स्व (बुद्धि) में भी स्व-विषय के भेद की सिद्धि होगी।

उत्तर—इस अनुमिति से भी बुद्धि में विषय का भेद सिद्ध हुआ। बुद्धि का भेद विषय में सिद्ध नहीं हुआ। ऐसा होने से बुद्धि और विषय के अभेद-बोध में बाधक के न होने से श्रुति अवकाश पाकर सर्वाऽद्वैत का बोध करायेगी।

प्रश्न—"बुद्धि विषयौ परस्परं भिन्नौ" ऐसी अनुमिति क्यों न हो ?

उत्तर—इस में यदि बुद्धित्व को हेतु कहें, तो विषय-भाग में असिद्धि है। और यदि विषयत्व को हेतु कहें, तो बुद्धि-अंश में असिद्धि (पक्ष में हेतु का अभाव) है। उभय-साधारण प्रमेयत्व हेतु व्यभिचरित है। ॥११७॥ बुद्धि-विषयान्यतरत्व आदि कोई उभयसाधारण हेतु मान भी लें; तथापि पर बुद्धि और उस बुद्धि के विषय के प्रति बाध से रहित होकर श्रुति (एक बुद्धि के विषय से अन्य बुद्धि का और अन्य बुद्धि से एक बुद्धि के विषय का) अभेद का बोध कराती हुई क्रम से सर्वाऽद्वैत का बोध करावेगी।

प्रश्न—'सब बुद्धि, सब बुद्धियों के विषय से भिन्न हैं'—यह अनुमिति भेद में प्रमाण क्यों नहीं ?

उत्तर—अन्त्य बुद्धि का विषय उपान्त्य बुद्धि भी स्व (अपने) से भिन्न हो जायगी । क्योंकि वह बुद्धि है, और अन्त्य बुद्धि का विषय भी है।

प्रश्न—सब बुद्धियों के आत्म-भिन्न विषयों से सब बुद्धि भिन्न हैं—ऐसे निवेश में दोष नहीं है।

उत्तर—यह आपका अनुमान स्वार्थ है ? या परार्थ ? यदि स्वार्थ कहें, तो स्व (भेद-वादी) के प्रति भेद की सिद्धि होने से सिद्ध-साधन होगा। और यदि परार्थ कहें, तो पर (अभेदवादी) के प्रति आत्म-व्यतिरिक्त के अभाव-होने से विशेषण असिद्ध होगा ॥११८॥

प्रश्न—बाधक के विना स्वतः प्रमाण 'सब भिन्न हैं'—इस वाक्य से अद्वैत का बाध क्यों न हो ?

उत्तर—यदि यत्किञ्चित् से भिन्न-बोध इस वाक्यसे अभिप्रेत हो, तो मिथ्या से सत्य में भेद के सिद्ध होने से सिद्ध-साधन है। और यदि 'सर्व' से भिन्न इष्ट हो तो अपने आत्मा से भी आत्मा भिन्न सिद्ध हो जायगा। तथा यदि आत्म-भिन्न जो 'सर्व' उस से भिन्न

गमेन सिद्धसाधनात्, सर्वस्मादिति स्वतोऽप्यापत्तेः; स्वव्यतिरिक्तादिति चाद्वैतवादिन्यव्यवच्छेदकम् ॥११६॥ तदेवम्—

हेत्वाद्यभावसार्वज्ञ्ये सर्वं पक्षतयाऽऽस्थिते ।
किञ्चित्तु त्यजता दत्ता सैव द्वारद्वयश्रुतेः ॥६॥

अत एव च—

आद्यधीवेद्यभेदीयाऽप्यन्यथानुपपन्नता ।
स्वज्ञानापेक्षणादन्ते बाधते नाद्वयश्रुतिम् ॥१०॥१२०॥

नच संस्काराऽऽरूढदृढान्वयव्यतिरेकान्वयव्यतिरेकान्वयप्रतिपत्त्युत्पत्तिप्रतिबन्धः शक्यशङ्कः । यतः—

कहें तो वचन परार्थ है, और पर "अद्वैतवादी" के प्रति आत्म-व्यतिरिक्त के अप्रसिद्ध होने से विशेषण की असिद्धि है ॥११६॥ किञ्च—"सर्वस्मात् सर्वं भिन्नं" इस पूर्व उक्त अनुमिति के प्रतिज्ञा वाक्य में 'सर्व' को आप पक्ष मानते हैं। अतः पक्ष से भिन्न हेतु साध्य तथा दृष्टान्त का अभाव हो जायगा; और प्रमाण-सिद्ध ही पक्ष होता है, अतः सर्व वस्तुओं को ज्ञात मानना होगा, वह सर्वज्ञता के विना दुर्लभ है, यदि पक्ष में कुछ अंश छोड़ दें, तो उसी स्थल में अवकाश पाकर श्रुति सर्वत्र अद्वैत का स्थापन करेगी।

सर्व पक्ष यदि होत तब, हेतु निदर्शन नास;
सब को हो सर्वज्ञता, छोड़े श्रुति-अवकास ॥ ६ ॥

प्रश्न—"घटपटौ भिन्नौ" इस बुद्धि का विषय भेद—"सर्वमभिन्नम्" इत्याकारक श्रुतिज बोध के बाध के बिना—अनुपपन्न है। अतः भेद की अन्यथाऽनुपपत्ति से श्रुतिज बोध का बाध होगा।

उत्तर—अन्यथाऽनुपपत्ति भी ज्ञात ही उपपादक होती है। तथा च अन्यथाऽनुपपत्ति का ज्ञान और (अन्यथाऽनुपपत्ति ज्ञान का विषय) अन्यथाऽनुपपत्ति इन दोनों के अभेद के बाध के बिना भी घट-पट-भेद उपपन्न है। अतः उन दोनों के अभेद को नहीं बाधेगा। तब उन दोनों के अभेद में श्रुति अवकाश पाकर क्रम से सर्वाऽभेद का बोध करावेगी।

अनुपपत्ति जो भेद की, ज्ञान-भेद विनु मित्र!
वह भी चाहत ज्ञान निज, बाधक सहि श्रुति मित्र ॥१०॥१२०॥

प्रश्न— सब मनुष्यों के भूयः (बार बार) ज्ञान से आरूढ (स्थिर) संस्कार का विषय अतएव दृढान्वय (दृढपद = बाधितुमशक्य) जो भेद, उसका जो अन्वय व्यतिरेक अर्थात् "घटात् भिन्नः पटः अथवा नीलात् अभिन्नः पटः" इत्याकारक ज्ञान, उससे जो अन्वय (अभेद) की प्रतिपत्ति, (अयोग्यता का ज्ञान) उससे श्रुतिज अद्वैत-बोध की उत्पत्ति का प्रतिबन्ध क्यों नहीं?

उत्तर—"अङ्गुल्यग्रे करिशतं विहरति" "मम कर्णकुहरं प्रविश्य सिंहः क्रीडति" इत्यादि वाक्य से अत्यन्त असत् अर्थ का भी बोध अनुभव सिद्ध है। अतः योग्यता का ज्ञान न तो शाब्दबोध में कारण ही है। और न अयोग्यता ज्ञान प्रतिबन्धक ही है। किन्तु बाध के होने से पश्चात् स्वतः प्रामाण्य का निश्चय होता है। "एकमेवाऽऽद्वितीयम्"—इस श्रौतस्थल में प्रत्यक्षादि बोध का पूर्व निरास कर चुके हैं। अतः स्वतः प्रामाण्य सिद्ध हुआ। असंसर्गाग्रह

अत्यन्तासत्यपि ज्ञानमर्थे शब्दः करोति हि ।
अबाधात्तु प्रमामत्र स्वतः प्रामाण्यनिश्चलाम् ॥११॥
असंसर्गाग्रहस्यापि मन्ता शंसत्यबाधिते ।
अत्यन्ताऽसदसंसर्गाग्रहं संसर्गलग्नकम् ॥१२॥१२१॥
अनौचित्यापितर्केण दुर्बाधैवाऽऽद्वयश्रुतिः ।
अनारोपितमूलत्वाद्बलवत्त्वादताद्दशा ॥१३॥
प्रवृत्तेनाप्यनौचित्य-मूलं येन न लूयते ।
तत्राऽनौचित्यसाम्राज्यं वैपरीत्यात्तु नात्र तत् ॥१४॥१२२॥

ननु यद्यदेवोदाह्रियते त्वया—नेत इतोऽस्य भेदो गृहीत इति ततोऽस्याद्वैताम्नायैरभेदबोधने तद्द्वारा सर्वाऽभेदे पर्य्यवसातव्यम्—इति, ततस्ततस्तस्य भेदस्तदैव गृह्यते मया, तस्मादुदाह्रियमाणतायामनुदाह्रियमाणतायां च कस्यचिदेतत् प्रत्यवस्थानमस्थाने[1]

के मानने वाले मीमांसक भी अबाध स्थल में संसर्ग के ज्ञान को ही मानते हैं। अतः प्रकृत में प्रत्यक्षादि-बाध का निरास हो चुका है। अतः संसर्ग का ग्रह सर्व-सम्मत है।

असत् अर्थ का बोध भी, शब्द से होता भ्रात!
पीछे बाध-अभाव से, होत प्रमात्व का नात ॥११॥
बाधस्थल में जो कहे, असम्बन्ध-अज्ञान;
वे अबाध स्थल विषे, करें सम्बन्धहि मान ॥१२॥१२१॥

प्रश्न—सब लोक में प्रसिद्ध भेद का बाध अनुचित है। अनौचिती रूप तर्क से श्रुति का बाध क्यों न हो?

उत्तर—तर्क आरोप स्वरूप होता है, अतः अनारोपित रूप होने से बलवती श्रुति का तर्क से बाध नहीं हो सकता है।

प्रश्न—ऐसा मानने से अनौचिती रूप तर्क का अवकाश कहाँ होगा?

उत्तर—जहाँ स्वार्थसिद्धि में प्रवृत्त भी बाध्य प्रमाण, अनौचित्य के मूल आपाद्य-आपादक-व्याप्ति का खण्डन न कर सकें, उस स्थल में अनौचित्य का साम्राज्य है। यहाँ प्रकृत में अद्वैतश्रुति से भेद के बाध-होने से, तथा व्याप्ति के खण्डन-होने से अनौचित्य का साम्राज्य नहीं है।

अनौचिती जो तर्क है, वह आरोप सरूप,
अनारोप श्रुति बोध के, सन्मुख बैठे चूप ॥१४॥
जहाँ अनौचित तर्क के, मूलमान बलवान्,
वहाँ तू उसका खोल हिय, बहुरि करो सन्मान ॥१४॥१२२॥

प्रश्न—घटपट का "घटपटौ भिन्नौ" इस बुद्धि से, तथा अन्तिम बुद्धि का स्व-विषय से, भेद किसी प्रमाण से गृहीत नहीं है, अतः घट-पट से "घटपटौ भिन्नौ" इस बुद्धि के अभेद के बोधन द्वारा सर्वाऽभेद-बोध में श्रुति का पर्य्यवसान है—इस प्रकार जिस वस्तु का

१—अस्थाने = अयुक्तमित्यर्थः । अत्र इतिमैवमित्यपपाठः । अस्थाने इत्यनेन पुनरुक्तेः । यत इति शेषः ।

इति ॥१२३॥ मैवम्। अन्तिमबुद्धेरद्वैतश्रुतिजबुद्ध्यादितो भेदो न त्वया प्रमित—इति मयोच्यमाने यस्तदीयस्ततो भेदः प्रमातव्यः स न तावत् प्रत्यक्षेण, तत्कालमन्तिमबुद्धेरनुपस्थितेः। यदि च केनचिद्धेतुना वा कयाचिदनुपपत्त्या वा तथा स्यात्, तदानीमद्वैतवादिनं प्रति हेतोः साध्याविशिष्टतया अनुपपत्तेश्च, येन विना सा तदविशिष्टतया, ततः कथमाभासात् प्रमोदयः स्यात्। न च वाच्यं स्वयं मया स भेदो ज्ञायते इति नास्ति पाक्षिकोऽपि मां प्रत्यसिद्ध्यादिरिति। यतोऽस्य त्वद्वचनस्य वैयर्थ्यापत्तिः, वचनस्य परार्थत्वात्। मौनमवलम्ब्यावतिष्ठमानश्च भवानप्रतिभातो न मुच्यते। न च स्वयं मया प्रमितो भेदः परं प्रति वचसा केवलं बोध्यते इति वाच्यम्। त्वद्वचसि परस्याप्रत्ययात्। विजिगीषुं परं प्रति विजिगीष्वन्तरवचनं हि तत्रार्थे तज्जिज्ञासोत्पादनद्वारेण तस्य स्वतस्तदर्थप्रमित्युत्पादनपर्य्यवसायितयोपयुक्तम्। न चाद्वैतवादिनं

कथन आप करेंगे, उससे उसका भेद उसी काल में गृहीत होगा। इस कारण से आप यदि किसी वस्तु का कथन न करें, तो स्थल के अभाव से श्रुति का अवकाश नहीं है, और यदि किसी वस्तु का कथन करें, तो उसी काल में भेद के ग्रह-होने से श्रुति का बाध होगा ॥१२३॥

उत्तर—अन्तिम बुद्धि का अद्वैत-बुद्धि से जो भेद उसका ज्ञान आप को ज्ञात नहीं है, यह कहने पर उक्त भेद का ज्ञान आपको कैसे होगा? प्रत्यक्ष से तो ग्रह हो नहीं सकता है, क्योंकि उस काल में अन्तिम बुद्धि के न होने से सन्निकर्ष नहीं है।

प्रश्न—'अन्त्य बुद्धि श्रुतिज बुद्धि से भिन्न है, भिन्न सामग्री-जन्य होने से, अथवा भिन्न शब्द-जन्य होने से, अथवा जन्म-नाश आदि विरुद्ध धर्मों के होने से, जो २ भिन्न सामग्री से जन्य है वह भिन्न है, जैसे घटादि'—इस अनुमान से भेद सिद्ध होगा।

उत्तर—अद्वैतवादी के मत में भेद के न होने से, भिन्न सामग्री जन्यत्व आदि हेतु साध्य के सम (असिद्ध) हैं। अतः आभास हेतु से भेद की प्रमा का उदय नहीं हो सकता है।

प्रश्न—'अन्त्य बुद्धि और श्रुतिज बुद्धि में परस्पर भेद के बिना, आपामर प्रसिद्ध द्वैत (भेद) के ज्ञान की अनुपपत्ति है, अतः द्वैत (भेद) के ज्ञान से अन्त्य बुद्धि और श्रुतिज बुद्धि में परस्पर भेद की कल्पना क्यों न हो?

उत्तर—अद्वैत-मत में भेद के न होने से उपपादक द्वैत-ज्ञान असिद्ध है, अतः उस के द्वारा अन्त्य बुद्धि से श्रुतिज बुद्धि के भेद की कल्पना कैसे होगी। किञ्च—अद्वैत मत में उपपाद्य-उपपाद के भेद भी परमार्थ में नहीं है। और अपारमार्थिक द्वैत (भेद) शुक्ति-रजत के तुल्य उपपन्न है, अनुपपन्न ही नहीं है, फिर उससे अन्त्य बुद्धि का श्रुतिज बुद्धि के साथ भेद की कल्पना कैसे हो।

प्रश्न—यह अनुमान परार्थ नहीं है, किन्तु स्वार्थ है, और हम द्वैत-वादी हैं, अतः हमारे प्रति असिद्ध नहीं।

उत्तर—यदि आपका अनुमान स्वार्थ है, तो पञ्चावयव का प्रयोग व्यर्थ है, क्योंकि शब्द का प्रयोग परार्थ होता है।

प्रश्न—अस्तु हम पञ्चावयव रूप शब्द का प्रयोग नहीं करेंगे।

उत्तर—कथा में यदि आप मौन का अवलम्बन करेंगे, तो अप्रतिभा नामक निग्रह स्थान से नहीं छूटेंगे।

प्रति तथा कर्तुं शक्यते, तं प्रत्यन्यतरासिद्धेरुक्तत्वात् । न च वाच्यं मम वचनात्संदेहेनापि श्रुत्या तत्र संदिग्धबाधितभावया नाभेदप्रतिपादनं ते घटते इति, यस्मादद्वैतं मन्यमानेन भेदाऽसिद्ध्या सर्वत्र साध्याऽविशेषादिदोषप्रतिसंधायिना संशयस्याप्यनवकाशीकरणमेव स्यात् ॥१२४॥ तस्मात्—

एकं ब्रह्मास्त्रमादाय नान्यं गणयतः क्वचित् ।
आस्ते न धीरवीरस्य भङ्गः सङ्गरकेलिषु ॥१५॥ ॥१२५॥

अपि च, प्रतीयते तावदिदं सामान्यतो यन्नाम किञ्चित्परश्चेतसा चिन्तयन्नस्तीति, किञ्चिद्वा विवक्षुरित्यादि; तत्र परस्य बुद्धिविषयो विवक्षाविषयो वा विशेषतो विनिगमनं विना नैव प्रतीयते । ततोऽन्तिमबुद्ध्यादिभेदो न भवता शक्यप्रमः, परेण तच्चिन्तनादेरपि संभवात् । स्वस्मात्स्वस्य भेदस्याभावात् । ततस्तत्र लब्धपदा कथमद्वैतश्रुतिर्विश्वाभेदे पर्य्यवस्यन्ती त्वया शक्यबाधा स्यात् । तस्मात्—

प्रश्न—हम भेद का स्वयं अनुमान कर पर के प्रति केवल वचन से बोध कराते हैं।

उत्तर—तुम्हारे वचन में पर को विश्वास नहीं होगा।

प्रश्न—जैसे वाद में एक विजिगीषु के प्रति अन्य विजिगीषु का वचन, आप्तशब्दत्व रूप से प्रमिति का कारण नहीं है, परन्तु उस अर्थ में प्रमाण की जिज्ञासा के उत्पादन द्वारा स्वतः जायमान (उस पुरुष के) ज्ञान का कारण है, वैसे ही हमारे शब्द भी आपके ज्ञान में कारण होंगे।

उत्तर—अद्वैत मत में भेद के न होने से, भेद-घटित हेतु के असिद्ध होने से, तथा द्वैतज्ञानरूप उपपादक के न होने से, अनुमान वा अर्थापत्ति में अद्वैतवादी की जिज्ञासा का उत्पादन भी आप के वचन नहीं कर सकते।

प्रश्न—"सर्वं भिन्नम्" इस मेरे वचन से आप को भेद विषयक संदेह अवश्य होगा। अतः संदिग्ध या बाधित विषयक श्रुति से अभेदविषयक बोध आप को नहीं होना चाहिये।

उत्तर—जो अद्वैत को मानते हैं, उनके मत में भेद की असिद्धि-होने से भेद का उपस्थापक हेतु (भेद-घटित होने से) साध्य के समान है, अतः भेद की उपस्थिति के न होने से भेदविषयक सन्देह का भी अवकाश नहीं है ॥ १२४ ॥ इसलिये एक (अद्वैत) ब्रह्मरूप अस्त्र को अर्थात् अभेद रूप युक्ति को ग्रहण कर संग्राम (शास्त्रार्थ) रूप क्रीडा में अन्य भेदवादियों की गणना न करने वाले, धीर वीर अद्वैतवादी का भङ्ग (पराजय) कदापि नहीं हो सकता है।

ब्रह्मज्ञान ब्रह्मास्त्र को, कर में कर विद्वान;
दुसरे को नहिं देखते, किससे हो अपमान ॥१५॥१२५॥

किञ्च—जहाँ पर "यह पुरुष चित्त में कुछ चिन्तन करता है, या कुछ कहना चाहता है" ऐसी सामान्य से प्रतीत होती है। वहाँ पर की चिन्ता का विषय या विवक्षा का विषय (विशेष रूप से प्रमाण के विना) ज्ञात नहीं होता है। उस सामान्य रूप से ज्ञात वस्तु से, अन्तिम बुद्धि के भेद की प्रमा (यथार्थ ज्ञान) आप को अशक्य है—अर्थात् नहीं हो सकती है। क्योंकि संभव है कि पर पुरुष अन्त्य बुद्धि का ही चिन्तन करता हो, और अन्त्य बुद्धि का स्व से भेद नहीं हो सकता। उस सामान्यतः चिन्तित से अन्तिम बुद्धि के अभेद-बोधन में आप अद्वैत-श्रुति के पद (प्राप्ति) का रोध (बाध) नहीं कर सकते। अतः उस स्थल में अवकाश पाकर श्रुति सर्वाऽऽद्वैत में पर्य्यवसित होगी।

कथं सामान्यतो ज्ञाते नैव ज्ञाते विशेषतः ।
पदरोधस्त्वया कर्त्तुं शक्यः स्याद्द्वयश्रुतेः ॥१६॥ ॥१२६॥

ननु भेदमनङ्गीकुर्वतो भवतः कथं तत्तत्पदपदार्थवैचित्री-व्यवहारो न व्याहन्यते ? कथं व्याहन्यते, प्रतिवद्यते हि तत् । किंच योयं त्वया व्याघात आपादनीयः सोपि कस्माचिदापादकात्, नचाऽऽपाद्यापादकमभिद्यमानमापत्त्यै प्रभवेदिति । तस्मात्—

नानात्वमवलम्ब्यापि वदत्यद्वैतवादिनि ।
असिद्धभेदाद्व्याघातः पतेदापादकात् कुतः ॥१७॥ ॥१२७॥

(अथ भेदखण्डनानुवादः)

इदमपि च विचारमर्हति—यदद्वैतश्रुतीनां बाधकमुपन्यस्यते प्रत्यक्षादि घटपट-प्रभृतिभेदग्राहि, तदपि कीदृश्यर्थे पर्य्यवस्यति ? तथाहि प्रत्यक्षेण योऽसौ भेदो गृह्यते, स-किं स्वरूपभेदः ? किम् अन्योन्याभावः ? किं वैधर्म्यम् ? किमन्यदेव वा ? ॥१२८॥ यदि तावत् स्वरूपभेदः, 'स नाम घटपटयोर्हि स्वरूपं यत् परस्परस्माद्ध भेदः, तत्परस्परमनन्त-र्भाव्य न सम्भवति । भेदो हि भवन् कस्मादपि भवति । अन्यथा स्वरूपं भेद इति पारि-भाषिकं नाम स्यात्, यदा च घटाद्ध भेदः पटस्येत्येतावानेवार्थः पटादेः स्वरूपं प्रत्यक्षेण

जो सामान्य से ज्ञात अह, नहि विशेष से ज्ञात;
उनमें अद्वय-श्रुतिन का, रोध होत कस तात ॥१६॥१२६॥

प्रश्न—पदार्थ की वैचित्री (भेद) का व्यवहार भी भेद के अङ्गीकार के बिना नहीं हो सकता है, अतः आप पद-पदार्थ के भेद को अवश्य मानेंगे, तब तो अभेदवादी आप को भेद-अभेद दोनों विरुद्ध धर्मों का स्वीकार रूप व्याघात हुआ ।

उत्तर—पद-पदार्थ की वैचित्री का व्यवहार अपारमार्थिक भेद से भी उपपन्न है । अतः पारमार्थिक अभेद के साथ व्याघात नहीं होगा । किञ्च—व्याघात का भी खण्डन आगे करेंगे, तथा व्याघात आपाद्य है, अतः भेद रूप आपाद कैसे होगा ? अभेदवादी के मत में आपाद्य-आपादक में अभेद है । अभेद में आत्माश्रय दोष के होने से उपपाद्य-उपपादक-भाव होता नहीं है । और भेद है नहीं फिर व्याघात कैसे होगा ? ।

परमारथ अद्वैत में, कैसे होवे तात । आपादक-आपाद्य में, भेद बिना व्याघात ॥१७॥१२७॥

(अथ भेद-खण्डनानुवाद)

यहां पर यह भी विचारना चाहिए, कि जिस घट पट आदि के भेदग्राही प्रत्यक्ष आदिको अद्वैत श्रुति का बाधक कहते हैं; वे प्रत्यक्षादि कैसे भेदको विषय करते हैं । क्या स्व-रूप भेद को ? या अन्योन्याभाव को? या वैधर्म्य को ? या इनसे अन्य ही (पृथक्त्व) को ? विषय करते हैं ॥१२८॥

प्रथम विकल्प-खण्डन—इनमें स्वरूप भेदको प्रत्यक्षादि विषय नहीं करते हैं । क्योंकि घट और पट का स्वरूप जो परस्परसे भेद हैं, वह भेद परस्पर के अन्तर्भाव के विना हो नहीं सकता

१ "स नाम" यह पाठ अधिक ज्ञात होता है । और विद्यासागरी में "स न" ऐसा पाठ है ।

गृह्यते, तदा घटोपि पटात्मन्येव प्रविष्ट इति पटघटयोरैक्यात्म्यमेवभेदग्राहिणा प्रत्यक्षेणाऽवगाहितमिति विपरीतमापद्यते ॥१२९॥ ननु यथेयं प्रतीतिरभेदोल्लेखितया व्याख्यायते, तथा भेदोल्लेखित्वेऽपि दीयतामस्यां दृष्टिः, अभेदे हि 'घट' इत्येव 'पट' इत्येव वा बुद्धिः स्यात्, नतु 'घटाद्भिन्नः पट' इति चेत् ॥१३०॥ स्यादप्येष पर्य्यनुयोगो यद्यविद्याविद्यमानभावं भेदं पारमार्थिकमभेदमिच्छन्तोऽपि प्रत्यादिशामः । तस्मात्—

अभेदं नोल्लिखन्ती धीर्न भेदोल्लेखनक्षमा ।
तथा चाद्ये प्रमा सा स्यान्नान्त्ये स्वापेक्ष्यवैशसात् ॥१८॥१३१॥

अथ भेदः इत्येतावन्मात्रं पटस्य स्वरूपं, घटादिति च तद्ध घटेन प्रतियोगिनाऽन्येनैव निरूप्यते, तदपि नोपपद्यते । निष्प्रतियोगिकस्य भेदस्य प्रमाणाऽगोचरत्वात् । नित्यं प्रतियोगिघटिते एव तस्मिन् प्रमाणप्रसरात् । का चेयं वाचोयुक्तिर्यदन्याऽसाकाङ्क्षं पटस्य स्वरूप'मन्येन प्रतियोगिना निरूप्यमाणं ततो भेदो भवतीति । न हि यत् स्वरूपेणैव नीलं

है, किसी से किसी में भेद होता है। यदि प्रतियोगी से अनिरूपित (केवल स्वरूप) ही को भेद कहें तो भेद की केवल परिभाषा (संकेत) हुई, शब्दार्थ नहीं हुआ। और यदि घट-प्रतियोगिक-भेद पटका स्वरूप है, और वह प्रत्यक्ष का विषय है, तो घट भी पट के स्वरूप ही में प्रविष्ट हुआ, इस रीति से घट और पट के ऐक्य ही को भेद-ग्राही प्रत्यक्ष विषय करेगा, इसलिए विपरीत ही हुआ ॥१२९॥

समर्थन—आपने इस प्रतीति का जैसे अभेद-विषयकत्व-रूप से कथन किया है, वैसे ही इस प्रतीति के भेद के उल्लेख में भी दृष्टि दीजिये, अभेद के उल्लेख में "घटः" "पटः" ऐसा ही आकार होता। "घटात् भिन्नः पटः" ऐसा आकार न होता ॥१३०॥

खण्डन—हम परमार्थ में ही भेद को नहीं मानते, व्यवहार में तो भेद को भी मानते ही हैं, अतः व्यावहारिक भेद से इस प्रतीतिका निर्वाह हो जायगा।

प्रश्न—भेद परमार्थ में नहीं है, किन्तु अभेद ही परमार्थ में है, इसमें क्या प्रमाण ?

उत्तर— अभेद (स्वरूप) के उल्लेख (अवगाहन) के विना किये घट-पट के भेद का उल्लेख नहीं होता है, और भेद के उल्लेख के बिना भी अभेद (स्वरूप) का उल्लेख होता है। अतः उपजीव्य होने से अभेद में उक्त प्रतीति प्रमा है, और भेद में उक्त प्रतीति प्रमा नहीं है।

बिनु अभेद के भान के, होत न भेद क भान।
अत अभेद के भान में, होत प्रतीति प्रमान ॥१८॥
निज उपजीव्य अभेद की, मति बाधन से भीत,
भेद-प्रतीति प्रमान कस, होय सकेगो मीत ! १८ ॥ (क) ॥१३१॥

समर्थन—केवल भेद ही पट का स्वरूप है। और वह भेद स्वरूप में अप्रविष्ट घट से निरूपित होता है।

खण्डन—प्रतियोगी से रहित भेद की प्रतीति कहीं भी नहीं होती है, किन्तु नियमतः प्रतियोगी से विशिष्ट ही भेद की प्रतीति होती है, अतः घट भी भेद के स्वरूप में ही अन्तर्भूत

---

१ अन्येन इससे पीछे तत् का शेष है।

तत्पीतेन निरूप्यमाणं नीलं भवति ॥१३२॥ यदपि चोक्तं प्रतियोगिना घटेन निरूप्यमाणं पटस्य स्वरूपं भेद इति, तत्रापि पटं प्रति प्रतियोगित्वं घटस्य किं स्वरूपम्? किं वा धर्मः कश्चित्? यदि प्रथमः, तदा पटं प्रति प्रतियोगित्वमित्येतावानेवार्थो घटस्य स्वरूपं भवत् आत्मन्येव पटमपि प्रक्षिपतीति कथं नाद्वैतमेव पर्य्यवस्यति। तत्रापि यदि प्रतियोगित्वमात्रं घटस्यात्मा 'पटं प्रति' इति च पटापेक्षित्वमन्यदेव, तदप्यनुपपन्नम्। अकिञ्चिदपेक्षस्य प्रतियोगित्वस्य प्रमाणाऽविषयत्वात्। पटं प्रतीत्यत्रापि च स्वरूपतदन्यविकल्पे दोष एव ॥१३३॥ नापि द्वितीयः। योऽसौ धर्मः पटं प्रति प्रतियोगित्वं, तस्यात्मनि पटोपि प्रविशतीति तेन सह पटस्याद्वैतं स्यात्। यदा च पटो घटस्य धर्मतामापन्नस्तदा घटोपि पटस्य धर्मतामनेनैव न्यायेन गच्छेत्। न हि पटप्रतियोगित्वस्य घटेन प्रतियोगिना निरूप्यमाणत्वे घटस्याऽन्यागतिरस्तीति परस्परमाश्रितत्वमाश्रयत्वं च स्यात्। न च कस्यचित् प्रमाणस्य विषयो घटारूढः पटस्तत्पटारूढश्च स एव

~~~~~~

है। और यह कौनसी युक्ति है कि जो स्वभावतः अन्य से निराकाङ्क्ष पट का स्वरूप है, वह अन्य (प्रतियोगी) से निरूपित होकर घट का भेद हो जाय। स्वभाव से जो नील है वह पीत से निरूपित हो कर उस का भेद है—यह नहीं है ॥१३२॥ और जो आप कहते हैं कि प्रतियोगी (घट) से निरूपित पट का स्वरूप भेद है, वहाँ पर पट के स्वरूप रूपी भेद का जो प्रतियोगित्व है वह घट का स्वरूप है? या धर्म्म? यदि घट का स्वरूप है तो पट–निष्ठ–भेदीय– प्रतियोगित्व घट का स्वरूप हुआ, अतः पट भी घट का स्वरूप हुआ। अतः अद्वैत में ही भेद की प्रतीति का पर्यवसान क्यों न माना जाय?

समर्थन—केवल प्रतियोगित्व घट का स्वरूप है। वह प्रतियोगित्व, स्वरूप में अप्रविष्ट जो पट का स्वरूप रूपी भेद है उससे निरूपित होता है।

खण्डन—यह ठीक नहीं है, क्योंकि केवल प्रतियोगित्व की प्रतीति नहीं होती है, किन्तु नियम से भेद निरूपित ही प्रतियोगित्व की प्रतीति होती है। अतः भेद-विशिष्ट प्रतियोगित्व के घट-स्वरूप होने से पट भी घट का स्वरूप हुआ। प्रतियोगित्व के घटरूप होने से प्रतियोगित्व में वर्त्तमान पटनिरूपितत्व भी घट में ही है, वह पटनिरूपितत्व भी घट का स्वरूप है? या धर्म्म? ऐसा विकल्प करने पर उक्त और वक्ष्यमाण रीति से दोष ही है ॥१३३॥

पट के स्वरूप-रूप भेद से निरूपित प्रतियोगित्व घट का धर्म्म है—यह द्वितीय पक्ष भी उचित नहीं है। क्योंकि पट का स्वरूप जो भेद, उसके प्रतियोगित्व के स्वरूप में पट के प्रवेश होने से प्रतियोगित्व के साथ पट का अभेद हो जायगा। तब जैसे प्रतियोगित्व घट का धर्म्म है, वैसे ही पट भी घट का धर्म्म हो जायगा, क्योंकि दोनों का अभेद है। जब पट उक्त रीति से घट का धर्म्म हुआ, तब घट भी पट का धर्म्म उसी रीति से हुआ। क्योंकि 'पटात् घटो भिन्नः' इत्याकारक-प्रतीति-सिद्ध प्रतियोगित्व का घट से निरूपण करने पर घट की अन्य गति नहीं है। अतः घट, पट का आश्रय और धर्म्म हुआ; तथा पट भी घट का धर्म्म और आश्रय हुआ; और घट पर आरूढ़ पट, और उसी पट पर आरूढ़ वही घट, किसी

~~~~~~

२ नीलं के स्थान में ततो भेदः ऐसा पाठ ठीक ज्ञात होता है।

घट इति । किञ्च धर्मस्य तस्य धर्मिणा सममसंबन्धेऽतिप्रसङ्गः, सम्बन्धानन्त्येऽनवस्था, प्रथमतोऽन्ततो गत्वा वा स्वभावसम्बन्धाभ्युपगमे सम्बन्ध्यन्तरस्यापि तत्स्वभावप्रवेशादभेदे एव पर्य्यवसानं स्यादिति, एवमन्यस्मिन्नपि धर्मविकल्पे इति । तस्मात् स्वरूपभेदे प्रमाणं भवत् प्रत्यक्षमद्वैते एव प्रमाणं भवति ॥ १३४ ॥ ननु घटादिकमेव यदाऽन्यानपेक्षं वीक्ष्यते, तदा घटादिकमित्येव प्रतीयते, यदा पुनः पटादिना निरूप्यते, तदा ततो भेद इति प्रतीयते । मैवम् । घटादिकमित्येवं भूतप्रतीतेस्तावद्भेदप्रतीतिर्विलक्षणा, सा च न घटादिमात्रेण स्वविषयेणाऽन्यथाकारा भवितुमर्हति । न च पटादिकमधिकं तदा प्रकाशते इति विशेषः स्यात्, घटपटविषयप्रतीतितोऽपि वैलक्षण्यात् । न हि घटः पटश्चेति घटात् पटो भिन्न इति प्रतीत्योरेकार्थकत्वं कश्चित् प्रत्येति, तत् कस्य हेतोः ? पञ्चम्या प्रथमया च वैकल्पिकं निर्देशमसहमानयैव प्रतीतिकलहनिरासात् । न हि घटः पटश्चेति प्रत्येतव्ये कश्चित् घटात् पटो भिन्न इति प्रत्येति । तस्माद्घटस्य न स्वरूपनिरूपणे पट-प्रतीतित्यपेक्षा ॥१३५॥ न च यत्प्रतीतिर्यत्प्रतीतेः कारणं स्यात्, तत्र तस्याः कारणभूतायाः प्रतीतेर्योऽर्थः तस्मात् 'अयम्'इति कृत्वा कार्यभूतायाः प्रतीतेरर्थः प्रतीयते । माभून्निर्विकल्पकार्थादेवं सविकल्पकार्थस्य प्रतीतिः, मा च सादृश्यादेरेवं

प्रमाण का विषय नहीं होता है । और उस धर्म्म का धर्मी के साथ असम्बन्ध मानें तो सब धर्मों को सर्वत्र रहना चाहिये; क्योंकि सम्बन्ध आदि कोई नियामक नहीं है । यदि सम्बन्ध मानें तो सम्बन्ध का सम्बन्ध, पुनः उस सम्बन्ध का अन्य सम्बन्ध, इस रीति से अनवस्था दोष हो जायगा । आरंभ में या अन्त में यदि स्वरूप सम्बन्ध मानें तो एक सम्बन्धी के स्वरूप सम्बन्ध में अन्य सम्बन्धी के प्रवेश होने से दोनों का ऐक्य हो जायगा । इसी रीति से घटत्वादि का भी घट से अभेद हो जायगा, अतः आप स्वरूप रूपी भेद में जो प्रत्यक्ष प्रमाण देते हैं, वह प्रत्यक्ष अद्वैत ही में प्रमाण हुआ ॥१३४॥

समर्थन—जब केवल घट (अन्य से अनिरूपित) प्रतीति का विषय होता है; तब "घटः" इत्याकारक प्रतीति होती है । तथा जब पटादिरूप प्रतियोगी से निरूपित घट विषय होता है, तब "पटात् भिन्नो घटः" यह प्रतीति होती है ॥

खण्डन—"घटः" इस प्रतीति से "पटाद् भिन्नः घटः" यह प्रतीति विलक्षण है, और यह प्रतीति केवल घट विषयक होने से विलक्षण नहीं हो सकती है ।

समर्थन—"पटात् भिन्नः घटः" इस प्रतीति में पट भी भासता है—यह विशेष है ?

खण्डन—घट-पट को विषय करने वाली प्रतीति से भी "पटात् भिन्नः घटः" इस प्रतीति की विलक्षणता है । कोई भी विद्वान् "घटः पटश्च" "घटात् पटो भिन्नः" इन दो प्रतीतियों का विषय एक नहीं मानता है । क्योंकि प्रथमा और पञ्चमी का अर्थ अधिक भासता है । 'घटः पटश्च' ऐसे ज्ञान के लिये "घटात् पटो भिन्नः" ऐसे वाक्य का प्रयोग कोई भी नहीं करता है। अतः घट के स्वरूप के निरूपण में पट की प्रतीति की अपेक्षा नहीं है ॥१३५॥

समर्थन—घट के स्वरूप के भान में कदाचित् प्रतियोगी पट की प्रतीति की अपेक्षा है । अतः ज्ञान-निष्ठ हेतुत्व का विषय में आरोप कर "पटात् भिन्नः घटः" यह प्रयोग होता है । जैसे धूम-ज्ञान-निष्ठ हेतुत्व का धूम में आरोप कर "वह्निमान् धूमात्" यह प्रयोग होता है ।

स्मर्यमाणादेः स्यात् । तस्मात् पटो घटाद्भिन्न इत्याद्याकारेण घटादेर्भेद एव भेदावधिभूतपटादिसंघटितः स्फुटं सर्वलोकसाक्षिकः प्रतीयमानो नैकप्रतीतेरन्यप्रतीत्यपेक्षामात्रेण समर्थयितुं शक्योऽतिप्रसङ्गादिति ॥१३६॥ अत एवान्योन्याभावं भेदमवगाहमानं प्रत्यक्षमद्वैतश्रुतिबाधकमित्यपि निरस्तम् । अन्योन्याभावोपि यस्माद्भेद एष्टव्यस्तमात्मन्येवान्तर्भावयेदुक्तयुक्तिभिः । किञ्च घटपटयोस्त्वद्वदन्ययोश्च तादात्म्यमन्योन्याभावस्य प्रतियोगि मन्तव्यं, तद्यदि सर्वथा नेष्यते, तदा तद्विशिष्टस्तदुपलक्षितो वाऽन्योन्याभावोऽपि न प्रमाणेन प्रत्येतुं शक्यः, न हि शशविषाणविशिष्टस्तदुपलक्षितो वा कश्चित् प्रामाणिको भवितुमर्हति । तत् कस्य हेतोः ? तस्मिँस्तद्विशिष्टरूपेऽर्थे तादृशिचोपलक्षणव्यवच्छिद्यमानात्मनि प्रमाणं निविशमानं विशेषणमपि तदीयं तदुपलक्षणमपि वा नानुल्लिखद्भवितुं प्रभवति, तस्मिँश्चात्यन्तमसत्येवावलम्बने न तत्प्रामाण्यं शक्यसमर्थनम् ॥ १३७ ॥ न च वाच्यं पटप्रतियोगिको घटमाश्रितोऽसावभावोऽभ्युपगम्यमानो नात्यन्ताऽसत्प्रतियोगिकतादोषमावहतीति । तथा सति संसर्गाभावादन्योन्याभावस्य को विशेषः स्यात् ? नहि यथा घटाभावः पटसंसर्गीति घटसंसर्गाभावं पटे समर्थयसे, तथा घटाभावः पटात्मक इति तत्तादात्म्याभावं पटस्य स्वीकरिष्यसि ।

खण्डन—निर्विकल्पक ज्ञान सविकल्पक ज्ञान का; तथा सादृश्य-ज्ञान स्मरण का हेतु है। अतः आरोप से "गोत्वात् गौः" "सादृश्यात् स्मरणम्" यह प्रयोग हो जायगा। अतः "पटः घटात् भिन्नः" इस आकार से पट-निष्ठ, सर्व-लोक-साक्षिक, स्फुट प्रतीयमान, घट के भेद का समर्थन अन्य प्रतीति के एक प्रतीति का कारण होने से नहीं हो सकता है ॥१३६॥

समर्थन—भेद-प्रतीति अन्योन्याभाव को विषय करती है।

खण्डन—अन्योन्याभाव भी जिसका होगा, उसको अपने स्वरूप में ही उक्त रीति से अन्तर्भूत करेगा। किञ्च—घट-पट के तादात्म्य को अन्योन्याभाव का प्रतियोगी मानेंगे, यह घट-पट का तादात्म्य सर्वथा असत् है, अतः उससे उपलक्षित या विशिष्ट अन्योन्याभाव भी असत् होने से प्रमाण का विषय नहीं हो सकता है, शशविषाण से विशिष्ट वा उपलक्षित कोई वस्तु प्रमाण का विषय नहीं होता है। क्योंकि शश-विषाण-विशिष्ट वस्तु में या शश-विषाण-रूप उपलक्षण से व्यवच्छिद्यमान वस्तु में प्रवृत्त प्रमाण, विशेषण या उपलक्षण को विना विषय किये हो ही नहीं सकता। और उस असत् विशेषण या उपलक्षण रूप विषय में ज्ञान के प्रामाण्य का समर्थन अशक्य है ॥१३७॥

समर्थन—अन्योन्याभाव का घट-पट-तादात्म्य प्रतियोगी नहीं है, किन्तु घट-निष्ठ अन्योन्याभाव का पट प्रतियोगी है, तथा पट-निष्ठ अन्योन्याभाव का घट प्रतियोगी है, इसलिये असत्-प्रतियोगिकत्व दोष नहीं है।

खण्डन—ऐसा मानने पर संसर्गाभाव से अन्योन्याभाव का विशेष क्या होगा ? अर्थात् अन्योन्याभाव और संसर्गाभाव में स्वभावकृत तो कोई विशेष है नहीं; प्रतियोगी तथा अनुयोगी से कृत ही विशेष है, सो आपके मत में रहा नहीं। जैसे घट-प्रतियोगिक पट-संसर्गी घट-संसर्गाभाव है, वैसे ही घट-प्रतियोगिक पटात्मक घटान्योन्याभाव है—यह भेद दोनों अभावों में नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पटात्मक अन्योन्याभाव को मानने में

तस्मात्तादात्म्यं संसर्गं च प्रतियोगिकोटावन्तर्भाव्याऽन्योन्याभावसंसर्गाभावयोर्वैलक्षण्यमभ्युपेयम्, तथा सति चात्यन्तासत्प्रतियोगिता दुर्वारा ॥१३८॥ न च वाच्यं घटे पटत्वं नास्ति पटे च घटत्वं नास्तीत्येतावन्मात्रपर्यवसितैवान्योन्याभावस्य व्यवस्था मन्तव्येति, यतस्तथा सति घटत्वे पटत्वे च न कश्चित्तादृशो धर्मोऽभ्युपगम्यते योऽन्योन्यस्मिन्निषेद्धुं योग्य इति तयोस्तदात्म्यापत्तौ सत्यां घटे पटत्वं पटे घटत्वं च निषेधत् प्रमाणं घटत्वपटत्वशून्यत्वं द्वयष्याावेदयतीति वैधर्म्यस्य स्वरूपभेदस्य चासंभवेन किं [1]प्रतियोगिनं किं वालम्बनं विधाय पटघटान्योन्याभावः प्रमाणपथमवतरेदिति ॥१३९॥

अतएव न वैधर्म्यमपि भेदमावेदयत् प्रत्यक्षमद्वैतश्रुतिबाधकमुपपद्यते। वैधर्म्येऽपिहि घटत्वपटत्वादौ वैधर्म्यमन्यदस्तीत्यभ्युपगमे वैधर्म्ये वैधर्म्यविश्रान्त्यनवस्थयोरेकम् अननुभवश्च कथं प्रत्युत्तरणीयः। वैधर्म्ये च वैधर्म्याऽस्वीकारे वैधर्म्ययोरैक्यापत्त्या कथमाऽऽत्माश्रयभेदत्वेन तयोः पर्यवसानं स्यात् ॥१४०॥ किं च ये ते वैधर्म्ये भेदौ ते किं

आपको अपसिद्धान्त हो जायगा, आप अभाव को भाव-रूप नहीं मानते हैं, अतः तादात्म्य और संसर्ग को प्रतियोगि दल में अन्तर्भाव कर ही अन्योन्याभाव तथा संसर्गाभाव में परस्पर विशेष को स्वीकार कर सकते हैं, ऐसा होने पर अन्योन्याभाव का असत्-प्रतियोगित्व दुर्वार ही है ॥१३८॥

समर्थन—घट में पटत्व का अभाव, तथा पट में घटत्व का अभाव ही घट-पट का अन्योन्याभाव है।

खण्डन—ऐसा होने पर घटत्व तथा पटत्व में ऐसा कोई धर्म्म नहीं है, जिसका अभाव पटत्व-घटत्व में माना जाय; अतः उन दोनों में तादात्म्य होने पर घट में पटत्व तथा पट में घटत्व के अभाव को विषय करने वाला प्रमाण घटत्व तथा पटत्व से शून्य दोनों को सिद्ध करेगा। इस लिये घट तथा पट में वैधर्म्य तथा स्वरूप भेद के न होने से किसको प्रतियोगी या आलम्बन मान कर अन्योन्याभाव प्रमाण का विषय होगा ॥१३९॥

समर्थन—घट-निष्ठ जो अभाव है, उसका प्रतियोगी पटत्व रूप धर्म पट का जो वैधर्म्य है, तथा पट-निष्ठ जो अभाव उसका-प्रतियोगी घटत्व रूप धर्म्म घट का जो वैधर्म्य है, वही भेद है, उसी को आलम्बन कर भेद-प्रत्यक्ष, श्रुति का बाधक है?

खण्डन—वैधर्म्य में वैधर्म्य रहता है, या नहीं? यदि नहीं रहता है तो वैधर्म्य की विश्रान्ति ही दोष हुआ। और जिस वैधर्म्य में वैधर्म्यान्तर नहीं मानेंगे उन दोनों का ऐक्य हो जायगा। यदि वैधर्म्यों की अनादि अनन्तधारा मानेंगे तो अनवस्था दोष होगा। यदि बीजाङ्कुर के तुल्य अनवस्था को इष्ट मानें तो वैधर्म्य में वैधर्म्य, उसमें अन्य वैधर्म्य,—इस रीति से अविश्रान्त वैधर्म्य की धारा के अनुभवाऽविषय होने से अननुभव दोष हो जायगा। यदि कहें कि वैधर्म्य में वैधर्म्य नहीं रहता है तो उन दोनों के ऐक्य होने से वे दोनों अपने अधिकरण का भेद कैसे कहलावेंगे ॥१४०॥ और जो वैधर्म्य भेद है, वह क्या घटादि से भिन्न धर्मी पटादि में रहता है? या अभिन्न धर्मी में रहता है? परस्पर-विरुद्ध इन दोनों से पृथग्भूत

१ "कं प्रतियोगिनं" किं प्रतियोगि वेति साधुः पाठः।

घटादितो भिन्ने धर्मिणि निविशेते ? किमभिन्ने ? परस्परविरुद्धयोरनयोः पृथग्भूतस्य प्रकारस्यासंभवात् ॥१४१॥ आद्ये येन भेदेन भिन्नत्वं वैधर्म्याश्रययोर्मन्तव्यं तत्रापि पर्यनुयोग इत्यनवस्थायां पर्यवसानं स्यात् । सन्त्वनन्ता एव भेदा इति चेन्न, क्रमेण तेषामाश्रयसम्बन्धे, सावधिसत्त्वे वस्तुनि तदन्वयाऽसंगतिरेव । अथ जायमानं वस्तु युगपदेव ते भेदाः परिरभन्ते, तदा किंभेदविशेषिते किंभेदव्यवस्थितिरिति किं विनिगमकम् ? विशेषाभावादन्योन्यकलहं तेषां कः समाधातुमीष्टे ? चरमचरमस्वीकार्येण च भेदेन प्रथमप्रथमस्वीकृतभेदोपयोगसिद्धेः । अग्रे धावन् पश्चाल्लुप्यमानो विस्मरणशीलश्रुतवत् स भेदप्रवाहः किमालम्बेत । एवमेवंविधे विषयेऽन्यत्रापि ॥१४२॥

प्राग्लोपाविनिगम्यत्वप्रमाणापगमैर्भवेत् ।
अनवस्थितिमास्थातुरचिकित्स्या त्रिदोषता ॥१६॥१४३॥

यदि च क्वचिद्द्व गत्वा स्वरूपमेवान्योन्यं व्यावर्तमानं भेद इष्यते, तदा ययोः स्वरूपं यथेष्टव्यं तयोः निःस्वरूपतापत्तिः । अथ न स्वरूपमात्रं मिथो व्यावर्तते किं नाम स्वरूप-

(भेदाऽभेद, या भेदाभेद से रहित) अन्य प्रकार असम्भव है । क्योंकि परस्पर विरोध में प्रकारान्तर नहीं होता है ॥१४१॥ यदि भिन्न में भेद मानें तो जिस भेद से भिन्न मानें वह भेद भी भिन्न धर्मी में मानेंगे, इस रीति से भेद की परम्परा मानने से अनवस्था होगी ।

प्रश्न—अनन्त भेद धर्मी में रहते हैं, क्या दोष है ?

उत्तर—यदि क्रम से उन भेदों का आश्रय में सम्बन्ध मानें, तो सान्त वस्तु (कार्य्य) में उन दोनों का सम्बन्ध नहीं होगा, अगर कहें कि जायमान वस्तु को एक काल में ही वे भेद प्राप्त होते हैं, तो किस भेद से विशिष्ट में कौन सा भेद रहता है, इस में क्या विनिगमक है, अमुकभेद-विशिष्ट में अमुकभेद रहता है, इस में कोई विशेष प्रमाण तो है नहीं, फिर इन भेदों के आश्रय में सम्बन्ध की व्यवस्था कौन करेगा । तथा चरम-चरम स्वीकार्य्य भेद से प्रथम २ स्वीकृत भेद के उपयोग की सिद्धि होने से आगे दौड़ता, पीछे से नष्ट होता हुआ वह भेद का प्रवाह श्रुत (पठित)को विस्मरण करने वाले छात्र के तुल्य किसको अवलम्बन करेगा ॥१४२॥ इसी रीति से गोत्व-विशिष्ट में गोत्व रहता है ? या गोत्व-रहित में,—इत्यादि विकल्प कर गोत्वादि धर्म का भी निरास करना चाहिये । अग्रिम २ भेद से ही पूर्व २ भेद के उपयोग = प्रयोजन (भेद-व्यवहार) के सिद्ध होने से पूर्व २ भेद का विलोप (वैयर्थ्य), "तथा किस भेद से विशिष्ट में कौनसा भेद रहता है" इसमें अविनिगम, एक में बहुत भेद हैं—इसमें प्रमाण का अभाव, ये तीन दोष अनवस्था के स्वीकर्त्ता को अप्रतिकार्य्य हो जायंगे ।

कौन भेद किस भेद से, युत में विनिगम नाहिं;
एक वस्तु में भेद बहु, या में अनुभव नाहिं ॥१६॥
पूर्व भेद की व्यर्थता, उतर भेद से होत;
अनवस्था में दोष ये, तीन सबहि जग होत ॥ (क) १६ ॥१४३॥

समर्थन—परस्पर व्यावृत्त स्वरूप-रूप भेद से भिन्न में वैधर्म्य रूप भेद रहता है, अतः अनवस्था दोष नहीं है ।

खण्डन—जिन दो घट-पटों के स्वरूप परस्पर व्यावृत्त होंगे, वे दोनों स्वरूप से रहित हो जायेंगे ।

विशेषः—इत्युच्यते, तर्हि स्वरूपविशेषमात्रव्यावृत्त्या स्वरूपमात्रं तयोः स्यादित्येकत्वापत्तिः । अथवा वक्तव्योऽसौ स्वरूपमात्रादन्यो विशेषार्थः ॥१४४॥ अथ न स्वरूपं नाम किञ्चिद्द अनुगतमिष्यते मया विशेषरूपासु व्यक्तिष्वेव स्वरूपशब्दो नानाऽर्थः सन्निविशते इत्यभिधत्से, तर्हि गतमनेनैव न्यायेन गोत्वादिसिद्धिमत्याशया, नच प्रतिव्यक्ति स्वरूपपदसमयग्रहोपपत्तिः ॥१४५॥ यदि च स्वरूपं भेदः स्यात्, तदा धर्मिणि दृष्टे स्वरूपं दृष्टमिति क्वचिन्न संदेहः स्यादिति ॥१४६॥ यदि चाभिन्ने भेदो निविशेत, तदा याप्येका व्यक्तिः प्रतीयते घटादिः, सापि तेनैव भेदेनानेका स्यादित्येकाभावे नानेकमपि व्यवतिष्ठेत ॥१४७॥ एतेन न भेदावच्छिन्ने नचाऽभेदावच्छिन्ने भेदो विनिविशते, किंतूदासीने इत्यपि निरस्तम् ॥१४८॥ अत एव च भेदो नाम स्वरूपान्योन्याभाववैधर्म्यानात्मको धर्मान्तरं पृथक्त्वापरनामकमित्यपि परास्तम् । सोऽपि हि स्वाश्रेय-

समर्थन—स्वरूप मात्र (सामान्य स्वरूप) परस्पर व्यावृत्त नहीं होता है, किन्तु स्वरूपविशेष व्यावृत होता है।

खण्डन—यदि स्वरूप विशेष व्यावृत्त होता है, तो उन दोनों में स्वरूप सामान्य होने से ऐक्य हो जायगा। और पट का स्वरूप पट ही है, जो सब पट में रहता है। और घट का स्वरूप घट ही है, जो सब घटों में रहता है। उन दो स्वरूपों से अन्य किसी विशेष स्वरूप का उनमें अनुभव नहीं होता है। जो परस्पर से व्यावृत्त (अलग) होता हो ॥१४४॥

समर्थन—हम सब घटादि वस्तु में अनुगत (एक रूप से विद्यमान) एक सामान्य रूप (जिसका नाम स्वरूपत्व है) को नहीं मानते हैं, किन्तु प्रतिव्यक्ति में व्यावृत्त जो विशेष रूप, उससे युक्त व्यक्तिओं में ही स्वरूप शब्द की शक्तिका सन्निवेश है। अर्थात् स्वरूप शब्द का स्वरूपत्व रूप एक अर्थ नहीं है, किन्तु नाना व्यक्ति ही अर्थ है।

खण्डन—इसी प्रकार से गो शब्द का भी नाना गो व्यक्ति में प्रयोग होगा। अतः गोत्वादि जाति की सिद्धि की आशा जाती रहेगी। और स्वरूप तथा गो आदि व्यक्तिओं के आनन्त्य होने से उन व्यक्तियों में स्वरूप तथा गो आदि पद का समय (शक्ति) का ज्ञान भी न होगा ॥१४५॥

यदि स्वरूप ही भेद है तो धर्मी के प्रत्यक्ष होने पर भेद का भी प्रत्यक्ष हुआ, अतः स्वरूप-विशेष-विषयक (स्थाणुः पुरुषो वा) इत्याकारक सन्देह कहीं भी नहीं होगा, और "इदं रजतम्" यह अभेद-भ्रम भी नहीं होगा ॥१४६॥ यदि कहें कि अभिन्न में भेद रहता है, तो जो घटादि व्यक्ति एक प्रतीत (ज्ञात) होती है, वह व्यक्ति भी उसी भेद से भिन्न (अनेक) प्रतीत हो जायगी, अतः एक के न होने से तथा प्रतियोगी के अलीक होने से अनेक भी व्यवस्थित नहीं होगा ॥१४७॥

यदि कहें कि भेद की वृत्तिता (अवस्थिति) में (भेद अथवा अभेद) अवच्छेदक नहीं है, किन्तु भेद या अभेद से अवच्छिन्नत्व में उदासीन होकर केवल धर्मी में भेद रहता है। तब स्व का स्व में भेद का प्रसङ्ग (आपत्ति) हो जायगा, क्योंकि स्व भी भेद-अभेद के अवच्छिन्नत्व में उदासीन है, और धर्मी है ॥१४८॥

समर्थन—स्वरूप, अन्योन्याभाव, तथा वैधर्म्य से भिन्न पृथकत्व नामक नैयायिकाभिमत गुण भेद-प्रतीति का विषय होता है।

भिन्ने विनिविशेताऽभिन्नेवेत्यादियथोक्तदोषलङ्घनाऽजङ्गाल एव स्यात् ॥१४९॥ स्वाश्रयेण च स्वभिन्नभेदभयाद्यदि स एव भेदो निविशते; तदात्माश्रयः, अन्यश्चेत् तस्मिन्नेवं तस्मिन्नप्यन्य इत्यनवस्था, क्वचिदपि गत्वा भेदभेदाश्रययो र्भेदस्याऽस्वीकारे च तदैक्यद्वारिका मूलपर्य्यन्तमेकता धावेत् ॥१५०॥

तदद्वैतश्रुतेस्तावद्बाधः प्रत्यक्षतः क्षतः ।
नानुमानादि तं कर्त्तुं तवापि क्षमते मते ॥२०॥
अद्वैतागमनासीरे साधु सा धुन्वती परान्
सेवामेवार्जयत्यर्था-पत्तिपत्तिपरम्परा ॥२१॥ ॥१५१॥

ननु अद्वैतश्रुतयो वर्ण-पद-विभक्ति-तदर्थादिभेदानुपजीव्यार्थं प्रतिपादयन्त्यः स्वोपजीव्याभिभदबुद्धिभिर्न कथं बाध्यन्ताम् ? उपजीवकस्योपजीव्याद्दुर्बलत्वात् ॥१५२॥ मैवम् । न वयं भेदस्य सर्वथैवाऽसत्त्वम् अभ्युपगच्छामः, किन्नाम पारमार्थिकमसत्त्वम् । अविद्याविद्यमानत्वं तु तदीयमिष्यते एव, तदेव च कार्य्यकारणभावोपयोगि ॥१५३॥

खण्डन—वह पृथक्त्व भी (पृथक्त्व रूप भेद से भिन्न धर्मी में या अभिन्न धर्मी में रहता है, इत्यादि विकल्प में पूर्वोक्त दोषों के लङ्घन में) अजङ्गाल (असमर्थ) ही है ॥१४९॥ यदि भेद के आश्रय के साथ भेद का भेद न मानें तो स्वाश्रय से भेद का अभेद हो जायगा; और यदि भेद मानें तो यदि उसी भेद का स्व में निवेश हो तो आत्माश्रय हो जायगा। यदि अन्य भेद मानें तो अनवस्था; यदि कहीं जाकर अन्त में भेद का भेदाश्रय के साथ भेद न मानें तो उसके ऐक्य-द्वारा मूल पर्यन्त ऐक्य हो जायगा। तस्मात् भेद-प्रत्यक्ष के विषय के अभाव होने से अद्वैत श्रुति का बाध प्रत्यक्ष से नहीं हो सकता है, और अनुमानादि तो आगम की अपेक्षा से दुर्बल हैं, अतः वे तुम्हारे मत में भी अद्वैत-श्रुति के बाधक नहीं हो सकते हैं। तथा अद्वैतागम रूप सेना में पुरः (आगे) विद्यमान अर्थापत्ति रूप पदाति (पैदल सिपाही) तो पूर्वोक्त प्रकार से प्रतिपक्ष-युक्ति रूप शत्रुओं को नाश करता हुआ अद्वैत के अनुकूल ही है ॥१५०॥

इस विधि से प्रत्यक्ष से, श्रुतिज बोध नहिं आँच।
अनुमानहि से आँच तो, तुम भि न मानो साँच ॥२०॥
अद्वैतागम सैन्य के, आगे देक छलांग;
अर्थापति पदाति ने, भेदवाद दी आग ॥२१॥१५१॥

प्रश्न—नानात्व (भेद) के बिना नानापद श्रौत बुद्धि के कारण हैं—यह कार्य्यकारणभाव नहीं हो सकता है, तथा कारण के बिना श्रौत-बुद्धि भी नहीं हो सकती है। इसलिये बाध्य-बाधक-भावकी चिन्ता व्यर्थ है। क्योंकि श्रुति का पद-पदार्थ का नानात्व (भेद) उपजीव्य (कारण) है, और श्रुतिज बुद्धि उपजीवक (कार्य्य) है। और उपजीवक से उपजीव्य का बाध नहीं हो सकता है। क्योंकि उपजीव्य से उपजीवक दुर्बल होता है ॥१५२॥

उत्तर—श्रौत बुद्धि का व्यावहारिक नानात्व उपजीव्य (कारण) है। अतः व्यावहारिक नानात्व (भेद) का बाध न हो, पारमार्थिक नानात्व तो उपजीव्य है नहीं, अतः पारमार्थिक नानात्व का बाध अद्वैत-श्रौत-बुद्धि से हो सकता है, और व्यावहारिक नानात्व (भेद) को हम भी मानते ही हैं ॥१५३॥

एतेन एकमेवेत्येवकारव्यवच्छेद्येन, अद्वितीयमिति द्वितीयेन, ननानेति नानात्वेन, किञ्चनेत्यनेन बहुना विना नोपपद्यमानेन, व्याघातः इत्यपि प्रत्यादिष्टम् । श्रुतिभिश्चाद्वैतार्थाभिः पारमार्थिकमद्वैतं प्रतिपाद्यते । न च पारमार्थिकमतिः अपारमार्थिकधिया शक्यबाधा, माभूत् शुक्तिरजतधिया परमार्थशुक्तिमतिबाधः । यत्र त्वग्निरनुष्ण इति बुद्धेरुष्णज्ञानोपजीवनात् उष्णबोधेनानुष्णबुद्धिबाधस्तत्रद्वयोरप्यविद्याविद्यमानत्वाद्बाधोयुक्तः ॥१५४॥ ननु तत्रापि तर्ह्यनुष्णतापि पारमार्थिक्येव साध्यताम् अबाधनाय । मैवम् । अनुष्णताया जलादिदृष्टान्तसजातीयायाः शीताद्यव्यावृत्तस्वरूपायाः प्रसाधनेनाविद्याविद्यमानत्वे एव विश्रामात् । तत्रैवंविधरूपतानङ्गीकारे चाद्वैतस्यैव नामान्तरकरणापत्तेः, ततस्तस्यां ज्ञेयज्ञानादिभेदावश्याभ्युपेयतया जगद्बाधयुक्तिकवलप्रवेशासम्भवात् । अद्वैते च द्वैताश्रयस्य बाधस्य वास्तवस्यानवकाशाद्ध अपारमार्थिकत्वसंभावनापि दूरत एवापसरतीति

प्रश्न—"एकमेव" यहाँ 'एव' विशेषण विजातीय भेद के बिना अनुपपन्न है, तथा 'अद्वितीय' विशेषण द्वितीय के बिना अनुपपन्न है, 'न नाना' यह निषेध नानात्व के बिना अनुपपन्न है। 'किञ्चन' (कुछ है) यह कथन बहुत्व के बिना अनुपपन्न है, अतः अर्थापत्ति से सिद्ध विजातीय भेदादि से अद्वैत-श्रुति का व्याघात (बाध) क्यों नहीं होता है ?

उत्तर—'एवकार' आदि विशेषण की उपपत्ति व्यावहारिक भेद आदि से भी हो सकती है। और श्रुति से पारमार्थिक अद्वैत का बोध होता है। अतः विषय-भेद के होने से व्यावहारिक भेदादि से पारमार्थिक अद्वैत का व्याघात नहीं होता है। अन्यथा शुक्ति-रजत-बुद्धि से परमार्थ-शुक्ति-बुद्धि का भी बाध हो जायगा। जहाँ "वह्नि अनुष्ण है" इस—प्रतियोगी रूप से उष्ण-ज्ञान के उपजीवन से दुर्बल—अनुमिति का "वह्नि उष्ण है" इस स्पार्शन प्रत्यक्ष से बाध होता है, वहाँ दोनों ज्ञानों के व्यावहारिक होने से उष्णत्व के प्रत्यक्ष से अनुष्णत्वाऽनुमिति का बाध उचित ही है ॥१५४॥

प्रश्न—जैसे श्रुति-विषय परमार्थ सत् है, वैसे ही 'वह्नि अनुष्ण है' इस अनुमिति का विषय भी परमार्थ सत् क्यों न माना जाय ?

उत्तर—जल आदि में दृष्ट शीतादि से अव्यावृत्त रूप वाला अनुष्णत्व व्यावहारिक ही है। अतः प्रत्यक्ष से उसका बाध उचित ही है।

यदि जलादि में अदृष्ट (शीतादि से विलक्षण) अनुष्णत्व का आप साधन करते हैं तो अद्वैत का ही नामान्तर से साधन हुआ, अतः हमारा ही इष्ट सिद्ध हुआ। यदि जलादि दृष्टान्त में दृष्ट स्पर्श का सजातीय अनुष्णत्व ही का अनुमान करते हैं तो वह दृश्य है। अतः ज्ञेय-ज्ञान का भेद उस में अवश्य स्वीकर्त्तव्य होने से जगत् बाधक "दृक्दृश्य-सम्बन्ध-खण्डन आदि" युक्तियों के कवल में अनुष्णत्व का भी अवश्य प्रवेश होगा।

प्रश्न—अद्वैत (ब्रह्म) भी श्रौत बोध का विषय है ही, अतः अद्वैत में भी मान-मेय-व्यवहार होने से अद्वैत का भी जगद्-बाधक युक्तियों के कवल में प्रवेश क्यों न हो ?

उत्तर—अद्वैत स्व-प्रकाश है, उस में मान-मेय-भाव नहीं है, अतः अद्वैत-श्रौत-बोध का विषय नहीं है, किन्तु श्रौत बोध का स्वरूप ही है। यद्यपि ब्रह्माद्वैत संस्कृत मन की वृत्ति का विषय होता है, परन्तु मन ही कल्पित है, अतः वृत्ति भी कल्पित ही है, अतः वास्तविक मान-मेय-भाव अद्वैत में नहीं है ॥१५५॥

॥१५५॥ ननु किमद्वैतपरमार्थताभ्युपगमेन समाहितं भवति ? यत उपजीव्यबाधादद्वैते प्रमां श्रुतिर्जनयितुं न शक्नोतीति ब्रूमः ॥१५६॥ मैवम् । अद्वैतं हि पारमार्थिकमिदं पारमार्थिकेन भेदेन बाध्येत, नलविद्याविद्यमानेन, तस्माद् अविद्याव्यवस्थितं भेदं तद्बोधं चोपजीवन्त्या न पारमार्थाद्वैतबुद्धेरुपजीव्यबाधः । यदि श्रुतिजन्या भवन्त्यप्यद्वैतबुद्धिः अविद्याविद्यमाना, तथापि तद्विषयस्तावत् परमार्थसदेवाद्वैतम् । विरोधेन च तस्याः बाध्यता, सच नास्तीति ॥१५७॥ तस्मात्—

पारमार्थिकमद्वैतं प्रविश्य शरणं श्रुतिः । बाधनादुपजीव्येन विभेति न मनागपि ॥२३॥

श्रुतिरपि तदाह "द्वितीयाद्वै भयं भवतीति" ॥१५८॥ तच्चाद्वैतं 'ब्रह्मैवेदं सर्वमिति' श्रुत्यर्थेन सहैक्यमापन्नं ब्रह्मैव स्यात्, 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्मेति' च श्रुत्या ज्ञानानन्दात्मतया

प्रश्न—अद्वैत पारमार्थिक है, इस स्वीकार से क्या सिद्ध हुआ ? अर्थात् शोक की निवृत्ति या निरङ्कुश तृप्ति ही सिद्ध होती है। वह तृप्ति तो श्रौत बोध से ही होती है। और श्रौत बोध प्रमाता आदि के भेद रूप उपजीव्य के विरोध से बाधित है, अतः उत्पन्न ही नहीं होगा ॥१५६॥

उत्तर—अद्वैत पारमार्थिक है। अतः वह अद्वैत पारमार्थिक भेद का विरोधी है, अविद्या-कल्पित-भेद का विरोधी नहीं है, अतः अविद्या-कल्पित भेद अथवा भेद के बोध का उपजीवन करने वाली श्रुति से उपजीव्य का बाध नहीं है।

प्रश्न—अद्वैत की बुद्धि भी अविद्या का ही कार्य है। अतः शुक्ति-रजत के तुल्य भेद के प्रत्यक्ष से उसका बाध क्यों न हो ?

उत्तर—अद्वैत की बुद्धि के स्वरूप का बाध अभिप्रेत है ? या विषय का बाध ? यदि स्वरूप का बाध अभिप्रेत कहें तो स्वरूप का बाध हम भी मानते ही हैं, और विषय का बाध "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"—इस श्रुति के विरोध होने से असङ्गत है। विषय के विरोध से (न होने से) बुद्धि बाध्य होती है, प्रकृत में अद्वैत रूप विषय बाधित नहीं है, अतः अविद्यमान (स्वरूप से बाधित) भी अद्वैत-बुद्धि विषय से अबाधित ही है ॥१५७॥ तस्मात् पारमार्थिक अद्वैत रूप शरण का अवलम्बन कर श्रुति उपजीव्य के बाध से किंचित् भी नहीं डरती है। क्योंकि परमार्थ में भेद-घटित बाध्य-बाधक-भाव है नहीं।

परमारथ अद्वैत का, शरण पाय श्रुति मान।
भेद-बुद्धि उपजीव्य से, तनिक न डरती मान ॥२३॥

और बृहदारण्यक (१।४।२) की श्रुति कहती है कि द्वितीय से भय होता है ॥१५८॥

प्रश्न—"एकमेवाद्वितीयम्" इस श्रुति से अद्वैत, "ब्रह्मैवेदं सर्वम्" इस श्रुति से ब्रह्म, "विज्ञानमानन्दम्ब्रह्म" इस श्रुति से विज्ञान, तथा आनन्द, ज्ञात होता है, अतः परस्पर के विरोध से कुछ भी सिद्ध नहीं होगा, और यदि श्रुति के प्रामाण्य से सब की सिद्धि हो तो अद्वैत की हानि होगी ?

उत्तर—"एकमेवाद्वितीयम्" इस श्रुति से बोधित अद्वैत "ब्रह्मैवेदं सर्वम्" इस श्रुति के साथ एक वाक्यता से ब्रह्म-रूप है। तथा "विज्ञानमानन्दम्ब्रह्म" इस श्रुति के एक-वाक्यता से विज्ञान आनन्द रूप व्यवस्थित होता है।

प्रश्न—श्रुति से जन्य विज्ञान का विषय होने से अद्वैत विज्ञानरूप नहीं है, क्योंकि स्व, स्व का विषय नहीं होता है।

व्यवतिष्ठते । तेन यदिदमद्वैतज्ञानं श्रुत्या जनितं तद्विज्ञानाद्वैतात्मन्येव निविशते ॥१५६॥ ननु कथं तस्य श्रुत्या जन्यत्वमुपपद्यते ? सत्यम्, एवं स्यात्, यदि तस्य पारमार्थिकी श्रुत्या जन्यतापि स्यात्, अविद्याव्यवस्थिता तु तज्जन्यता न पारमार्थिकेनाजन्यत्वेन विरुद्ध्यते ॥१६०॥ अत एव श्रुत्येदमेकं साध्यते । यत्तु, तत्र यद्येकता भेदाभावो, यदि चैकत्वसंख्या, यदि वा ज्ञानात्मकत्वं, यदिवाऽन्यएवैकत्वनामा कश्चिदभेदापरपर्यायो धर्मस्तद्वत्वं बोध्यते, तच्चाद्वैतव्याघातकत्वान्न सेद्धुं शक्नोति, तदा तदपि निष्पीडनम् असहमानं तज्ज्ञानं श्रुतिजन्यत्वेन सहैव निवर्तताम्। यत्तु तादृशस्याद्वैतस्य धर्मस्य धर्मितया प्रमितं तन्मात्रमबाधादधिगतं परमार्थतो व्यवतिष्ठताम् । न हि परमार्थ-शुक्ती रजततया प्रतीयते यदा, तदा बाधात्तत्र रजतत्वे व्यावर्त्तमाने धर्मिव्यक्तिरपि तदपराधान्निवर्तते ॥१६१॥ सेयमद्वैतबुद्धिर्न तर्कशतमवतार्य्य प्राज्ञैरपनेया, यद्ध आह श्रुतिः—'नैषातर्केण मतिरापनेयेति' । तस्मात्—

उत्तर—वृत्ति रूप ज्ञान से भेद इष्ट ही है, और वृत्ति–प्रतिबिम्बित आभास का विषय अद्वैत नहीं होता है, किन्तु आभास स्वयं अद्वैत रूप हो जाता है, अन्यथा = यदि ऐसा न मानें तो "विज्ञानमानन्दब्रह्म" इत्यादि श्रुति का कोप (विरोध) हो जायगा ॥१५६॥

प्रश्न—अद्वैत (ब्रह्म) नित्य है, और "श्रौत-बोध" जन्य है, अतः श्रौतबोध (विज्ञान) अद्वैत रूप नहीं है, अन्यथा विज्ञान श्रुतिजन्य नहीं होगा, क्योंकि जन्यत्व अजन्यत्वरूप दो विरुद्ध धर्मों का एकत्र समावेश अनुचित है ?

उत्तर—श्रौतबोध (विज्ञान) जन्य नहीं है, किन्तु नित्य है, अतः अद्वैत रूप है, तथापि वृत्ति रूप उपाधि के जन्य होने से विज्ञान में जन्यत्व का व्यवहार होता है । जैसे आकाश के नित्य होने पर भी घट-पट-आदि उपाधि के अनित्य होने से घटाद्यवच्छिन्नाकाश में अनित्यत्व का व्यवहार होता है ॥१६०॥

प्रश्न—"एकमेवाद्वितीयम्" इत्यादि श्रुति से जन्य बोध में ब्रह्म में विशेषण रूप से एकत्व भी भासता है, अतः ब्रह्म में एकत्व की भी सिद्धि हुई, तब अद्वैत सिद्ध कैसे हुआ ?

उत्तर—श्रुति से एकत्वादि धर्म से शून्य केवल धर्मी रूप अद्वैत ही सिद्ध होता है। और उस धर्मी में भेदाभावरूप या एकत्व संख्यारूप या ज्ञान रूप या अभेद-रूप एकत्व या जो अन्य धर्म्म श्रुति से बोधित होते हैं, वे भी अद्वैत के व्याघातक हैं, अतः सिद्ध नहीं हो सकते हैं । अतः एकत्वादि भी व्याघात को न सहकर जन्यत्व के साथ ही निवृत्त हों । जो उस अद्वैत (एकत्व) धर्म्म का धर्मी रूप से बोधित होता है, वही अबाध से अधिगत (ज्ञात) परमार्थ से व्यवस्थित हो । जहाँ परमार्थ शुक्ति रजतत्व रूपसे ज्ञात होती है, वहाँ रजतत्वकी निवृत्ति होने पर धर्म (रजतत्व) में आरोप रूप अपराध होने से परमार्थ शुक्ति भी निवृत्त नहीं होती है ॥१६१॥ तस्मात् प्राज्ञवर्ग ! आप इस अद्वैत-बुद्धि का (अनेक कुतर्कों का अवलम्बन कर) अपनयन (खण्डन) न करें । क्योंकि कठ (२।३।) श्रुति में लिखा है, कि श्रुति से जायमान अद्वैत-बुद्धि, तर्क से आपनेय (दूरी कर्त्तव्य) नहीं है । इस लिये बुद्धिमानों ! इस अद्वैत बुद्धि का कुतर्क से बाधन की इच्छा तब करना जब हस्त में प्राप्त चिन्तामणि को समुद्र में गेरने की इच्छा हो ।

धीधनाः ! बाधनायाऽस्यास्तदा प्रज्ञां प्रयच्छथ ।
चेत्तुं चिन्तामणिं पाणि-लब्धमब्धौ यदीच्छथ ॥२४॥१६२॥

सेयमद्वैतदृष्टिर्दृष्टार्थापि, यदाहुः—'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्' ।

तस्मात्—

ईश्वरानुग्रहादेषा पुंसामद्वैतवासना ।
महाभयकृतत्राणा द्वित्राणां यदि जायते ॥ २५ ॥ १६३ ॥

तस्मात्—

आपाततो यदिदमद्वयवादिनीनाम्
अद्वैतमाकलितमर्थतया श्रुतीनाम् ।
तत् स्वप्रकाशपरमार्थचिदेव भूत्वा,
निष्पीडितादहह ! निर्वहते विचारात् ॥२६॥१६४॥

तदिदमेताभिरात्ममतसिद्धसद्युक्तिलक्षणोपपन्नाभिर्युक्तिभिरुपनीयमानमद्वैतमविद्या-विलास-लालसोऽपि श्रद्दधातु तावद्भवान्, तदनु चानयैवोपनिषदर्थश्रद्धयाऽध्यात्मं जिज्ञासमानः परमार्थतत्त्वं क्रमाद्ध वृत्तिव्यावृत्तचेताः स्वप्रकाशसाक्षिकं माक्षिकरसातिशायि स्वात्मनैव साक्षात्करिष्यति । यथा च परिहृतचापलमात्मतत्त्वामृतसरसि निमज्य रज्यति निरायासमेव मानसं तथाऽहमकथयं नैषधचरितस्य परमपुरुषस्तुतौ सर्गे इत्येषा दिक् ॥१६५॥

धीधन ! तब अद्वैत के, बोध चहहु तूँ बाध ।
जब चिन्तामणि रत्न को, गेरन वारिध साध ॥२४॥१६२॥

इस अद्वैत बुद्धि का अदृष्ट (मोक्ष) रूप फल तो है ही, परन्तु जीवन्मुक्ति में अनुभवनीय आनन्द, शोक-निवृत्ति, अभय, संतोषादि, दृष्ट प्रयोजन भी हैं । भगवद्गीता में भी (२-४) कहा है, कि स्वल्प भी (आपात से उत्पन्न) अद्वैत-बोध महान् भय शोकादि दुःख से त्राण (रक्षा) करता है । यह अद्वैत बुद्धि दुष्प्राप्य एवं बहु विघ्न से युक्त तथा अति सूक्ष्म है, अतः श्री ६ परमेश्वर की कृपा से महाभयों से त्राण करने वाली यह अद्वैत-बासना दो वा तीन मनुष्यों के ही हृदय में प्रादुर्भूत होती है ।

ईश कृपा से होत है, तीन दोय हिय मांहि ।
अद्वय की शुभ वासना, जिस में भय कुछ नांहि ॥२५॥१६३॥

अति-सूक्ष्म होने से अद्वैत-बोधक श्रुतियों द्वारा परोक्ष रूप से आकलित (ज्ञात) अद्वय रूप अर्थ शुद्ध-विचार से स्वप्रकाश आनन्द-रूप होकर अपरोक्ष रूप से अपने आप अहह ! (आनन्दानुभव) प्रादुर्भूत होता है ।

जो आपात से होत है, श्रुति से अद्वय-बोध ।
वह विचार से होत है, सच्चित आत्म वे रोध ॥२६॥१६४॥

युक्ति परार्थानुमान रूप है । अतः स्वबुद्धि में सिद्ध युक्तियों के लक्षण से युक्त, इन मेरी पूर्वोक्त युक्तियों से उपनीयमान (ज्ञान विषय) इस अद्वैत में अविद्याविलास (भेद-

(अथ प्रयोजनप्रतिपादक-ग्रन्थः)

अभीष्टसिद्धावपि खण्डनाना—
मखण्डिराज्ञामिव नैवमाज्ञा ।
तत्तानि कस्मान्न यथाभिलाषम् ,
सैद्धान्तिकेष्यद्धध्वनि योजयध्वम् ॥२७॥१६६॥

तदेतादृशीषु सर्वास्वपि दर्शनस्थितिषु काममास्माकीनाः खण्डनयुक्तयः प्रगल्भन्ते, यासामीश्वरपरवशां [1]विश्वव्यवस्थामनास्थाय निरसनमशक्यं तासामेवावतारणार्थमयं [2]प्रावादुकप्रवादोपन्यासः । तथाहि—यदि शून्यवादानिर्वचनीयपक्षयोराश्रयणम्, तदा तावदमूषां निराबाधैव सार्वपथीनता । यदि तु प्रमाणादिसत्ताभ्युपगन्तृमतावल-

---

वाद) में लालसा वाले भी आप प्रथम श्रद्धा करें । तत्पश्चात् इस ही उपनिषद्द् अर्थ (ब्रह्म) की श्रद्धा से तथा आत्मविषयक जिज्ञासा से युक्त, तथा शनैः शनैः विषय से व्यावृत्त चित्त युक्त, मधु से भी मिष्ट स्व-प्रकाश अद्वैतरूप परमार्थका आप स्वयं साक्षात्कार करेंगे । जिन साधनों से चपलता को छोड़कर आपका चित्त बिना परिश्रम आत्मतत्त्वरूप अमृत सरोवर में निमग्न होकर परमानन्द को पावेगा । उन भक्ति, अभ्यास, वैराग्य आदि साधनों को 'नैषधचरित' के परमपुरुषसर्ग में कहा है । अद्वैतसिद्धि को यह दिग् (इशारा) है ॥१६५॥

(अथ प्रयोजन-प्रतिपादक-ग्रन्थानुवाद)

प्रश्न—इस प्रकार से द्वैत की निवृत्ति (खण्डन) द्वारा अद्वैत की सिद्धिमात्र में खण्डन युक्तियों का उपकार है । इसलिये यह मुमुक्षमात्रका (ग्राह्य) हुआ । विजिगीषु का ग्राह्य नहीं हुआ, और यदि ऐसा ही मान लें तब "लोकेषु दिग्विजय-कौतुकमातनुध्वम्" इस प्रतिज्ञा से विरोध हो जायगा ।

उत्तर—यथार्थ में हमने अद्वैत की सिद्धि के लिये ही खण्डन युक्तियों का कथन किया है, परन्तु आप लोगों के अभीष्ट की सिद्धि में (शब्द-नित्यत्वाऽनित्यत्वादि के व्यवस्थापन में) भी खण्डन युक्तियों की (राजाओं के तुल्य) आज्ञा का खण्डन (निवारण) नहीं किया है, अतः आप लोग अपने अपने अभिलाषा के अनुसार तत् तत् सिद्धान्तों की सिद्धि में या खण्डन में उन खण्डन युक्तियों का योजन करें ।

यद्यपि खण्डन-युक्ति का, अद्वय-सिद्धि-नियोग ।
तदपि निज सिद्धान्त में, सब कर सकते योग ॥२७॥१६६॥

खण्डन युक्तियों का तत् तत् सिद्धान्तों की सिद्धि में खण्डन (निवारण) नहीं है, अतः सब सिद्धान्त मानने वाले दर्शनों के (पर सिद्धान्तों के खण्डन द्वारा) स्थापन में हमारी खण्डन युक्ति यथेष्ट समर्थ है । जिन खण्डन युक्तियों का ईश्वर (राजा) के परवश (अधीन) विश्व-व्यवस्थापक आज्ञा के बिना निवारण अशक्य है । उन्हीं खण्डन युक्तियों के अवतरण के अर्थ इस उद्धत ग्रन्थ का उपन्यास (निर्माण) है । देखिये, यदि आप शून्यवाद या अनिर्वचनीयवाद का आश्रयण करें, तब तो इन खण्डन युक्तियों का सर्वत्र उपकार निर्बाध

---

१ विश्वं व्यवस्थाप्यते = नियम्यतेऽनया = दण्डधारयेति = राजाधीन-दण्डेनेत्यर्थः ।
२ प्रावादुकः = उद्धतः अयं खण्डनग्रन्थः, तस्य उपन्यासः निर्माणम् ।

स्वनं, तदापि लक्षणखण्डनयुक्तीनां लक्षणविशेषखण्डने लक्ष्यखण्डनयुक्तीनां च तद्विषयप्रमाणादिविशेषखण्डने प्रत्येकं तात्पर्यम् ॥१६७॥ न च सौत्रादिलक्षणखण्डने अपसिद्धान्तापत्तिः, तादृश्याः सूत्रादिव्याख्यायाः खण्ड्यमानत्वात्। नच वाच्यं लक्षणविशेषवस्तुव्यवस्थापकप्रमाणविशेषसूत्रादिव्याख्याविशेषखण्डनपरत्वेन लक्षणान्तरं प्रमाणान्तरं व्याख्यान्तरं च वाच्यं प्रसज्येत भवतोपीति; वितण्डाकथामालम्ब्य खण्डनानां वक्तव्यत्वात्, तत्र च व्यावृत्य स्वपक्षनिर्वाहं प्रति पर्य्यनुयोगानवकाशात् ॥१६८॥ एवं च सति वादिदर्शनमाश्रित्यापि खण्डनप्रयोगो निर्बाध एव, एकदेशिवत् प्रत्यवस्थातुं शक्यत्वात्। वैयाकरणानामिव च शब्दसिद्धिप्रश्नस्य परकीयतत्त्वज्ञाननिरूपणार्थं समानपक्षस्थित्यापि पर्यनुयोगसांव्यवहारिकतायाः संभवात् ॥१६९॥ वस्तुस्थितिं

ही है, क्योंकि इन मतों में स्वमत का स्थापन तो करना है नहीं, केवल परमत का खण्डन ही करना है। और परमत के खण्डन में खण्डनयुक्ति सार्वपथीन (बेरोक) हैं। यदि प्रमाण के अभ्युपगम करने वाले (नैयायिक-मीमांसक आदि) के मत का आश्रयण है, तो लक्षण-विशेष के खण्डन की युक्तियों का लक्षण विशेष के खण्डन में उपकार है, और लक्ष्य विशेष की खण्डन-युक्तियों का प्रमाण विशेष के खण्डन में तात्पर्य है। जैसे भेद के अनिर्वचनीयत्व से बाधितविषयक होने से अनुपलब्धि प्रमाण खण्डित होता है ॥ १६७ ॥

प्रश्न—गौतमादि सूत्रों में उक्त लक्षणों के खण्डन करने से अपसिद्धान्त हो जायगा ?

उत्तर—सूत्र के व्याख्याविशेष के खण्डन होने पर भी सूत्र की अन्य व्याख्या की सम्भावना से अपसिद्धान्त नहीं होगा।

प्रश्न—लक्षण-विशेष तथा वस्तु के साधक प्रमाण-विशेष तथा सूत्र के व्याख्या-विशेष के खण्डन पर अन्य लक्षण अन्य प्रमाण, अन्य सूत्र की व्याख्या आप को भी कहनी पड़ेगी ?

उत्तर—वितण्डा रूप कथा का आश्रयण कर खण्डन युक्तियों का उपन्यास है, और वितण्डा में परमत के खण्डन को त्याग कर स्वमत के स्थापन में पर्य्यनुयोग (आग्रह) होता नहीं है ॥१६८॥ जब स्वमत के स्थापन में नियोग नहीं है, तब वादी के दर्शन मीमांसा आदि का आश्रयण कर भी खण्डन की युक्तियोंका प्रयोग हो सकता है। क्योंकि मीमांसक सामान्य मतका एक देशी (मीमांसक विशेष प्रभाकर) के तुल्य एक दर्शन का आश्रयण कर भी परस्पर के प्रति खण्डनका प्रयोग हो सकता है। अथवा सम्पूर्ण वैयाकरण, गोशब्दादि की सिद्धिको तुल्य रूप मानकर भी जैसे पर के तत्त्व-ज्ञान के परीक्षार्थ अन्योन्य प्रश्न करते हैं, वैसे ही समान पक्ष में भी प्रश्न तथा खण्डन युक्तियों का प्रयोग हो सकता है ॥१६९॥ वस्तु (तत्त्व) की स्थिति (निश्चय) करने वाले परीक्षकों को तो अवश्य ही इन खण्डन युक्तियों का आश्रयण करना चाहिये। क्योंकि यावत् खण्डन-युक्तियों से परमत का खण्डन न हो, तावत् तत्त्व का निश्चय हो ही नहीं सकता, इस लिये वाद में भी खण्डन युक्तियों का प्रयोग हो सकता है ॥१७०॥

१ प्रश्न—गौतम सूत्रस्थ प्रत्यक्षलक्षण के खण्डन से मीमांसक को अपसिद्धान्त नहीं हो सकता है। क्योंकि वे उनको प्रमाण नहीं मानते हैं। अन्यथा न्यायाभिमत शब्दाऽनित्यत्व को न मानने से भी मीमांसक को अपसिद्धान्त होना चाहिये।

उत्तर—इस शङ्का-समाधान का यहाँ पर उल्लेख लेखक-प्रमाद से हुआ है। वस्तुतः ग्रन्थकार के अनुसार इसका लेख "समानपक्षस्थित्यापि......सम्भवात्" के आगे होना चाहिये।

कुर्वाणेन च विचारकेणावश्यमेता युक्तय उद्धरणीयाः, अन्यथा वस्तुस्थितेरशक्यत्वादिति वादेपि प्रयोगः संभवत्येव खण्डनयुक्तीनाम् ॥१७०॥ जल्पस्त्वेका कथा न संभवत्येवाऽसामयिकी, वितण्डाद्वयशरीरत्वात्। अन्यथा जल्पद्वयेनापि किमित्येका कथा न कल्प्यते, अवोचाम च जल्पविचारप्रस्तावे विस्तरेणैतदिति ॥१७१॥ जल्पकथयापि चाभिधाने स्वपक्षे व्यावर्त्य सदोषस्यापि प्रमाणतयाऽभिधानं कृत्वा तद्दोषोद्भावनकारी काममपि खण्डनयुक्तिमवतार्य्य बाधनीय इति जल्पेपि नात्यन्तमनवकाशाः खण्डनयुक्तयः ॥१७२॥

(इति खण्डन-भूमिका)

प्रश्न—जल्प में स्वपक्ष का स्थापन अवश्य करना होता है, और खण्डन युक्ति खण्डन मात्र में प्रगल्भ हैं, स्थापन में मूक हैं, इसलिये जल्प में इन खण्डन युक्तियों का उपकार कैसे होगा ?

उत्तर—जल्प तो एक कथा ही नहीं है, क्योंकि जल्प के शरीर में दो वितण्डा प्रविष्ट हैं, अर्थात् एक ने स्वपक्ष का स्थापन किया, और अन्य ने उसके पक्ष को दूषित किया, यह एक वितण्डा हुई। तथा अन्य ने स्वपक्ष का स्थापन किया, और प्रथम ने उसके पक्षका खण्डन किया, यह दूसरी वितण्डा हुई। इस रीति से दो वितण्डा मिल कर एक जल्प होता है, जल्प कथान्तर नहीं है। किञ्च—जल्प, सर्व शास्त्रों के समय (सिद्धान्त) से सिद्ध भी नहीं है, केवल नैयायिकों के ही समय (संकेत) से कल्पित है। अन्यथा (दो वितण्डा को यदि एक जल्प माना जाय तो) दो जल्प मिलकर एक अन्य कथा भी क्यों न कहलाये ? अर्थात् स्वपक्ष द्वय का स्थापन और परपक्षद्वय का खण्डन रूप एक कथान्तर भी जल्प के तुल्य हो सकता है, फिर वह एक कथा क्यों न मानी जाय ?

प्रश्न—यदि जल्प वितण्डा द्वय शरीर होने से अन्य कथा नहीं है, तब वाद भी वितण्डा द्वय शरीर होने से अन्य कथा नहीं कहायेगा, किन्तु केवल वितण्डा ही एक कथा कहलायेगी ?

उत्तर—वाद में फल भेद है, अर्थात् वाद का तत्त्व निर्णय फल है, और जल्प-वितण्डा दोनों का विजय रूप एक फल है, अतः वह अन्य कथा है, जल्प में फल भेद भी नहीं है, अतः जल्प का वितण्डा में अन्तर्भाव है, वह अन्य कथा नहीं है—इत्यादि 'ईश्वराभिसन्धि' में हमने कहा है ॥१७१॥

प्रश्न—श्री ६ राम, रावण के युद्ध के तुल्य स्वपक्ष का रक्षण तथा पर पक्ष का खण्डन रूप जल्प कथा भी अनुभव से सिद्ध ही है, क्योंकि शास्त्रार्थ भी वाग्युद्ध ही है, अतः उसका वितण्डा में अन्तर्भाव नहीं हो सकता है। और जल्प में खण्डन युक्तियों का उपकार नहीं है, अतः सर्वत्र खण्डन युक्तियों का उपकार सिद्ध नहीं हुआ।

उत्तर—जल्प कथा के पुरस्कार से अभिधान में भी स-दोष प्रमाण का भी निर्दुष्टवत् अभिधान कर किसी खण्डन युक्ति का अवतारण कर स्वपक्ष में दोष के उद्भावनकारी वादी के पक्ष का बाध हो सकता है। इस रीति से जल्प में भी खण्डन युक्तियों का अत्यन्त अनवकाश नहीं है ॥१७२॥

* इति खण्डन-भूमिकानुवादः समाप्तः *

(अथ खण्डन-युक्तयः)

कीदृश्यः पुनस्ताः ? उच्यन्ते, तथाहि—लक्षणाधीना तावल्लक्ष्यव्यवस्थितिः, लक्षणानि च अनुपपन्नानि, ज्ञाताधिकरणादिलक्षणनिरूपणद्वारेण चक्रकाद्यापत्तेः ॥१॥ तेषु तावत् 'तत्त्वानुभूतिः प्रमा'—इत्यप्ययुक्तम्, तत्त्वशब्दार्थस्य निर्वक्तुमशक्यत्वात्। तस्य भावो हि तत्त्वमुच्यते, प्रकृतं च तच्छब्दार्थः, नचात्र प्रकृतं किंचिदस्ति यत् तच्छब्देन परामृश्यते ॥२॥ अथ अनुभूत्या स्वसंबन्धिविषय आक्षेपाद् बुद्धिस्थः कार्यते, स तच्छब्देन परामृश्यते, वक्तृ-श्रोतृ-बुद्धिस्थतायामेव प्रकरणपदार्थविश्रामात्; तेन यस्यार्थस्य

(अथ खण्डनयुक्त्यनुवादः)

निर्वचनकर्ता— वे खण्डन-युक्तियाँ कैसी हैं ?

खण्डनकर्ता—वे युक्तियाँ कही जाती हैं—

श्रवण कीजिये—लक्ष्य की व्यवस्थिति (निश्चय) लक्षण के अधीन होती है। और ज्ञान, अधिकरण आदि के लक्षण के निरूपणद्वारा चक्रक आदि दोषों के होने से लक्षण-मात्र अनुपपन्न हैं। अर्थात् ज्ञात ही लक्षण लक्ष्य के व्यवहार तथा इतर से व्यावृत्ति रूप प्रयोजन को सिद्ध कर सकते हैं; अज्ञात नहीं। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है-कि ज्ञान क्या वस्तु है ? इस प्रश्न में ज्ञानत्व-युक्त ज्ञान है; ऐसा उत्तर होने पर, ज्ञानत्व ही क्या है ? इस प्रश्न में सुखादि में अवृत्ति, और आत्मा के विशेष गुण में वृत्ति जाति-विशेष ज्ञानत्व है, तथा जाति ही क्या है ? इस प्रश्न में अनुगत-प्रत्यय (एकाकारकज्ञान) का हेतु जाति है,—यह उत्तर है। यहाँ ज्ञान की सिद्धि होने पर जाति की सिद्धि और जाति की सिद्धि होने पर ज्ञानत्व की सिद्धि और ज्ञानत्व की सिद्धि होने पर ज्ञान की सिद्धि—इस रीति से चक्रक, तथा ज्ञान की सिद्धि होने पर ज्ञानत्व की सिद्धि तथा ज्ञानत्व की सिद्धि होने पर ज्ञान की सिद्धि इस रीति से अन्योन्याश्रय, तथा ज्ञान की सिद्धि होने पर ज्ञान की सिद्धि इस रीति से आत्माश्रय हो जायगा। किञ्च—लक्षण, लक्ष्यरूपी अधिकरण में ही ज्ञात होने पर व्यवहार का साधक है। यहां पर यह प्रश्न हो सकता है, कि अधिकरण क्या है ? इस प्रश्न का "इह" इत्याकारक-ज्ञान का विषय अधिकरण है। इस उत्तर के अनन्तर ज्ञान क्या है ? इस प्रश्न में ज्ञानत्व युक्त (ज्ञान) है। इस उत्तर के अनन्तर ज्ञानत्व क्या है ? इस प्रश्न में सुखादि में अवृत्ति तथा आत्म-वृत्ति-विशेषगुण-वृत्ति जाति-विशेष ज्ञानत्व है। इस उत्तर के अनन्तर आत्मा क्या है ? इस प्रश्न में ज्ञान का अधिकरण आत्मा है, इस रीति से एक लक्षण में दूसरे लक्षण की अपेक्षा होने से चक्रक आदि हो जायंगे ॥१॥

उन लक्षणों में प्रथम "तत्त्वानुभूतिः प्रमा" यह लक्षण तत्त्व-शब्द के अर्थ के निर्वचन (कथन) न होने से अयुक्त है। क्योंकि तत् के भाव को तत्त्व कहते हैं, और प्रकृत, तत्-शब्द का अर्थ है। और "तत्वानुभूतिःप्रमा" यह लक्षण न्यायाऽऽचार्य्य शिवादित्यमिश्रकृत लक्षण-मालाग्रन्थ का प्रथम लक्षण है। अतः यहां प्रकृत कोई है नहीं जो तत्-शब्द से परामृष्ट (कथित) हो ॥२॥

निर्वचनकर्ता—अनुभव (ज्ञान) नियम से सविषयक होता है, अतः अनुभव से विषय का आक्षेप होगा। और वह विषय तत्-शब्द से परामृष्ट (ज्ञात) होगा। वक्ता तथा श्रोता की बुद्धि का विषय ही प्रकरण पदका वाच्य है। अतः जिस अर्थ का जो भाव है, वही उसका तत्त्व है।

यो भावः तत् तस्य तत्त्वमुच्यते इति,—न, अरजतादेरपि रजताद्यात्मनाऽनुभूतिविषयतासंभवादसत्याऽनुभूत्यव्यवच्छेदात् भवितुरतत्त्वशब्दार्थत्वप्रसङ्गेन धर्म्यंशे विशिष्टे च प्रमाया अप्रमात्वापातात् ॥३॥

अथोच्यते अवयवार्थचिन्तया दूषणाभिधानमिदं त्यज्यताम्, यतोऽयं तत्त्वशब्दः स्वरूपमात्रवचन इति, एतदप्ययुक्तम् । स्वरूपत्वस्य जातेरुपाधेर्वा स्वात्मनि वृत्त्यवृत्तिभ्यामनुपपत्तेः स्वरूपशब्दार्थस्यैकस्यासम्भवेन प्रतिविषयव्यावृत्त्या लक्षणस्याव्यापकत्वापातात् ॥ ४ ॥

कथञ्च तत्त्वेति विपर्य्यासादेर्निरासः, तथा हि शुक्तौ यो रजतमिति प्रत्ययः सोपि स्वरूपबुद्धिर्भवत्येव, न हि धर्मी वा रजतत्वं वा न स्वरूपं, नापि तयोः प्रतिभासमानः सम्बन्धो न स्वरूपमिति युक्तम्; समवायो हि तयोः सम्बन्धः प्रतिभाति, सच स्वरूपमेव ॥ ५ ॥

सत्यम्, समवायः स्वरूपं स एव तु शुक्तिव्यक्तौ रजतत्वस्य नास्तीति चेत् । मैवम् । तत्र नास्तित्वेऽपि स्वरूपताया अव्यावृत्तेः, न हि गृहे देवदत्तो नास्तीति स्वरूपं न स्यात् ॥६॥

खण्डनकर्ता—शुक्ति में 'इदं रजतम्' इत्याकारक-भ्रम भी रजतत्व-रूप-तत्त्व-विषयक है, अतः वहाँ प्रमा के लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, तथा धर्मी तत्त्व नहीं है, अतः धर्मी-अंश में तथा विशिष्ट अंश में, प्रमा में भी प्रमा-लक्षण को अव्याप्ति हो जायगी ॥३॥

निर्वचनकर्ता—'तत्त्व'-शब्द स्वरूप में रूढ़ है, अतः अवयवार्थ के अनुरोध से दोष-देना अनुचित है, और रूढ़ि मानने पर धर्म्म, धर्म्मी, सम्बन्ध, सभी के स्वरूप-रूप होने से धर्म्मी तथा विशिष्टांश में अव्याप्ति नहीं है ।

खण्डनकर्ता—स्वरूपत्व में स्वरूपत्व रहता है कि नहीं ? यदि रहता है तो स्व में स्व के वृत्तित्व होने से आत्माश्रय दोष है । और यदि नहीं रहता है तो स्वरूपत्व—स्वरूपत्व से रहित होने से—स्वरूप न हुआ । क्योंकि स्वरूपत्व-विशिष्ट को ही स्वरूप कहते हैं । अतः स्वरूपत्व-प्रमा में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी ॥४॥ किञ्च—

तत्त्व-विशेषण से 'इदं रजतम्' इस भ्रम में प्रमा-लक्षण को अतिव्याप्ति का वारण कैसे होगा । देखिये, शुक्ति में जो रजतत्वबुद्धि है, वह भी स्वरूप की बुद्धि ही है, क्योंकि धर्म्मी तथा रजतत्व भी स्वरूप ही हैं; और उन दोनों का प्रतिभासमान सम्बन्ध (समवाय) भी स्वरूप ही है ॥ ५ ॥

निर्वचनकर्ता—रजतत्व-समवाय स्वरूप है सही, परन्तु रजत में, शुक्ति में नहीं; क्योंकि शुक्ति में रजतत्व का सम्बन्ध अविद्यमान है ।

खण्डनकर्ता—शुक्ति में अविद्यमान होने पर भी रजतत्व का समवाय स्वरूप ही है । क्योंकि घर में अविद्यमान भी देवदत्त स्वरूप ही है । अर्थात् स्वरूपत्व में विद्यमानत्व हेतु (साधक) नहीं है । यदि विद्यमानत्व को साधक मानें तो गेह में अविद्यमान देवदत्त, स्वरूप नहीं कहावेगा ॥ ६ ॥

न स्वरूपमात्रं तत्त्वमुच्यते, किन्तु यद्देशकालसम्बन्धि यत्स्वरूपं प्रतीतं तस्य तद्देशकालसम्बन्धि स्वरूपं तत्त्वमुच्यत इति चेत्। मैवम्। देशकालसम्बन्धांशे प्रमाया अप्रमात्वापातात्। तयोः स्वरूपमेव तत्त्वशब्दार्थ इति चेन्न। तत्त्वपदस्यानेकार्थत्वे लक्षणाऽव्यापकत्वापत्तेः ॥ ७ ॥

अथैवं ब्रूषे, यद्यथाभूतं प्रतीयते तत्तथा परमार्थतो व्यवस्थितं तत्त्वमुच्यते। नैतदपि युक्तं, यद्यथाभूतं प्रतीयते तद्यदि प्रतीतिसमयमपहाय कालान्तरे तथाभूतं स्यात्तदाप्येवं तत्त्वं स्यादेवेति भाविपाकजरागः कुम्भः श्यामदशायामपि रक्तपित्तिना रक्ततयोपलभ्यमानस्तत्त्वं स्यादिति तद्बुद्धेः प्रमात्वापातः। यदा तदेति विशेषणप्रक्षेपेण च कालविशिष्टताप्रतीतेरप्रमात्वापातो न हि कालवैशिष्ट्येपि कालान्तरसम्बन्धः सम्भवी ॥८॥

निर्वचनकर्ता—केवल स्वरूप तत्त्व नहीं है; किन्तु जिस देश तथा काल से सम्बद्ध जो प्रतीत होता हो उस देश तथा काल से सम्बद्ध वह स्वरूप, तत्त्व है।

खण्डनकर्ता—देश तथा काल में देश तथा काल का सम्बन्ध नहीं रहता है, अतः देश तथा काल के स्वरूप के तत्त्व न होने से देश तथा काल की प्रमा में प्रमा-लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी ॥

निर्वचनकर्ता—अन्यत्र देश तथा काल से सम्बद्ध स्वरूप ही तत्त्व है, तथापि देश तथा काल स्थल में केवल स्वरूप ही तत्त्व है।

खण्डनकर्ता—देश-स्वरूप, काल-स्वरूप, तथा देश-काल-सम्बद्ध-स्वरूप को प्रत्येक अथवा समुदित (सम्मिलित) रूप से तत्त्व-पद के वाच्य होने से लक्षण का अनुगम नहीं होगा, तथा प्रत्येक को वाच्य मानने पर समुदाय में और समुदाय को वाच्य मानने पर प्रत्येक में अव्याप्ति हो जायगी ॥ ७ ॥

निर्वचनकर्ता—जो स्वरूप जैसा (यद्धर्म-विशिष्ट) प्रतीत होता हो यदि उस धर्म से विशिष्ट हो, तब वह स्वरूप, तत्त्व कहा जाता है।

खण्डनकर्ता—प्रमाण से तद्धर्म के वैशिष्ट्य का ज्ञान होगा; और प्रमाण प्रमिति के कारण को कहते हैं, तब प्रमा की सिद्धि होने पर प्रमाण की सिद्धि, और प्रमाण की सिद्धि होने पर तद्धर्म्म के निश्चय-द्वारा प्रमा की सिद्धि—इस रीति से चक्रक आदि दोष हो जायेंगे।

किञ्च—जो स्वरूप यद्धर्म्म-विशिष्ट प्रतीत होता हो, यदि वह प्रतीति के काल से अन्य काल में भी तद्धर्म्म-विशिष्ट हो, तब भी वह तत्त्व ही है, अतः जो घट पाक-जन्य रक्त-रूप से युक्त होने वाला है, वह (अपक्व श्याम घट) रक्त-पित्त रोग से ग्रस्त मनुष्य से रक्तत्वेन ज्ञात भी तत्त्व हो जायगा, अतः श्यामता दशा में "रक्तो घटः" यह बुद्धि भी प्रमा हो जायगी ॥

निर्वचनकर्ता—जो यद्धर्म-विशिष्ट जिस काल में प्रतीत हो, वह उस काल में तद्धर्म्म-विशिष्ट यदि हो, तब तत्त्व है। अतः भावी रक्तता-स्थल में अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डनकर्ता—लक्षण में 'यदा' 'तदा' निवेश के करने पर काल-अंश में तथा काल के सम्बन्धांश में काल के सम्बन्ध के न होने से अव्याप्ति हो जायगी, क्योंकि काल-सम्बन्ध में कालसम्बन्ध नहीं है ॥ ८ ॥

अन्योपाध्यवच्छिन्नः सोऽन्योपाध्यवच्छिन्नेन सम्भन्त्स्यत इति चेत्, तर्हि दण्ड्यपि देवदत्तः कुण्डलिनं स्वमारोक्ष्यत्येव। उपाधिभेदेऽप्युपधेयस्यैकत्वानिवृत्तेर्नैवमिति चेत्, तुल्यम् ॥ ९ ॥

एतेन कारणं तत्त्वमित्यपि निरस्तम्। सर्वस्य तथात्वे प्रमित्यभावेनात्माश्रयेण च प्रतिक्षणविशिष्टविश्वावश्यकारणत्वोपगमदुरपवादार्थक्रियाकारित्वस्वरूपसत्त्वलक्षणाङ्गीकारिजैनचरणशरणप्रवेशविडम्बनापादिदोषग्रासेन चेति ॥१०॥

निर्वचनकर्ता—यद्यपि काल एक है, तथापि काल की उपाधि (सूर्य-क्रिया) के भेद होने से एक उपाधि से युक्त काल का अन्य-उपाधि से युक्त काल के साथ सम्बन्ध होगा। जैसे संवत्सरावच्छिन्न काल का पक्षावच्छिन्न काल से, और पक्षावच्छिन्न काल का दिवसावच्छिन्न काल से सम्बन्ध होता है।

खण्डनकर्ता—एक उपाधि से विशिष्ट काल, अन्य उपाधि से विशिष्ट स्वात्मा (काल) से सम्बद्ध नहीं हो सकता है, वस्तु होने से; जैसे देवदत्त अपने से विशिष्ट नहीं होता है, अन्यथा दण्डी देवदत्त, कुण्डली-रूप स्व से आधाराधेय-भाव से सम्बद्ध हो जायगा।

निर्वचनकर्ता—दण्ड-कुण्डल आदि उपाधि के भेद होने पर भी देवदत्त के एक होने से सम्बद्ध नहीं होता है॥

खण्डनकर्ता—यह बात काल-स्थल में भी तुल्य है। अर्थात् सूर्य-क्रियारूप उपाधि के भेद होने पर भी काल एक ही है॥ ९ ॥

निर्वचनकर्ता—कारण को तत्त्व कहते हैं।

खण्डनकर्ता—स्व में स्व के वृत्तित्व के न होने से नियत-प्राक्क्षण-वृत्तित्व- रूप काल में कारणत्व नहीं है। अतः काल की प्रमा में अव्याप्ति हो जायगी।

निर्वचनकर्ता—अन्यत्र यद्यपि नियत-पूर्व-काल-वृत्तित्व ही कारणत्व है। तथापि काल में नियतपूर्वत्व ही कारणत्व है। अतः काल की प्रमा में अव्याप्ति नहीं।

खण्डनकर्ता—अन्त्य-कार्य तथा पारिमाण्डल्यादि के अकारण होने से, वस्तु-मात्र कारण हैं, इसमें प्रमाण के न होने से अन्त्य-कार्यादि-विषयक-प्रमा में अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च—कारणत्व से युक्त को कारण कहते हैं। और यदि कारणत्व में उसी कारणत्व को मानें तो आत्माश्रय; और यदि अन्य कारणत्व को मानें तो उस दूसरे कारणत्व में प्रथम कारणत्व को मानें तो अन्योन्याश्रय, और यदि तृतीय कारणत्व को मानें तो तृतीय में चतुर्थ, चतुर्थ में पञ्चम, एवं उत्तरोत्तर कारणत्व को मानने से अनवस्था है; और यदि किसी कारणत्व में कारणत्व को न मानें तो वह कारण न हुआ, अतः तत्कारणत्व-विषयक प्रमा में अव्याप्ति हो जायगी।

निर्वचनकर्ता—सभी भाव प्रतिक्षण परिणामी हैं, अतः पूर्व-क्षण-विशिष्ट-भाव उत्तर-क्षण-विशिष्ट-भाव का कारण है। अतः सब वस्तु के कारण होने से कहीं भी अव्याप्ति नहीं।

खण्डनकर्ता—क्षणिक विश्वमात्र को अवश्य कारण मानने पर कारणत्व ही सत्त्व (भाव) का लक्षण (स्वरूप) है, ऐसा माननेवाले बौद्ध-मत के स्वीकार करने से आप (नैयायिक) को अपसिद्धान्त हो जायगा ॥१०॥

किञ्च—अनुभूतित्व ही क्या वस्तु है? ज्ञानत्व की व्याप्य-जाति है? अथवा स्मृति से भिन्न ज्ञानत्व है? अथवा स्मृतित्वाभाववत् ज्ञानत्व है?

किंचेदमनुभूतित्वं नाम ? ज्ञानत्वावान्तरजातिभेदो वा ?–(१) स्मृतिव्यतिरिक्तज्ञानत्वं वा ?–(२) स्मृतिलक्षणरहितज्ञानत्वं वा ?–(३) तदविदूरप्राक्कालोत्पत्तिनियतासाधारणकारणकबुद्धित्वं वा ?–(४) ॥११॥

न तावदाद्यः। तथाहि अनुभूतित्वं नाम जातिरेकाऽभ्युपगम्येति कुतः ?, अनुभवामीति प्रत्ययानुगमवशादिति चेन्न। माघमासीयनिशावसाने सितासितसरित्सम्भेदस्नायिनः सत्यपि शब्दबलाद्द्भाविस्वकीयस्वर्गसुखसम्प्रत्यये सुखमनुभवामीतिप्रतीत्यनुदयात्, प्रत्युत शीतसम्भूतवेदनासम्वेदनादेव; परस्त्रियश्च सम्भुञ्जानस्याऽऽस्तिककामुकस्य शब्दाधीने सत्यपि भाविनरकगमनानुभवनीययातनाधिगमे दुःखमनुभवामीति

यद्वा क्ष से अव्यवहित जो[१] पूर्व क्षण, उस क्षण में जो उत्पत्ति; उससे नियत (व्यापक) है असाधारणकारण जिसका, ऐसा बुद्धित्व है ? ॥११॥

इनमें प्रथम पक्ष-'ज्ञानत्व-व्याप्य जाति-अनुभूतित्व है'—युक्त नहीं है, क्योंकि अनुभूतित्व-जाति में कोई प्रमाण नहीं है।

निर्वचनकर्ता—प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति, शाब्द, इन चार ज्ञानों में "अनुभवामि" इत्याकारक अनुगत प्रतीति होती है, वही अनुभूतित्व जाति में प्रमाण है।

खण्डनकर्ता—माघ-मास के प्रातःकाल में सिता (गङ्गा) असिता (यमुना) इन दो नदियों के सङ्गम में स्नानकर्ता पुरुष को "सिताऽसिते सरिते यत्रसङ्गते,तत्राऽऽप्लुतासो दिवमुत्पतन्ति" इत्यादि श्रुति-शब्दों से भावि-स्वर्ग-सुख-विषयक-शाब्द ज्ञान के होने पर भी उस ज्ञान में "स्वर्गसुखमनुभवामि" ऐसी प्रतीति नहीं होती है। प्रत्युत शीत-स्पर्श के त्वाच-प्रत्यक्ष से जन्य दुःख के अनुभव का "दुःखमनुभवामि" यह अनुव्यवसाय ही होता है। एवं परस्त्री के उपभोग काल में आस्तिक कामुक को "न परस्त्रियङ्गच्छेत्" इस आप्त-वाक्य से भावि दुःख के शाब्द-ज्ञान होने पर भी उस ज्ञान की "दुःखमनुभवामि" ऐसी प्रतीति नहीं होती है, किन्तु अमन्द (पूर्ण) सुख का अनुभव करता हूँ—ऐसी ही प्रतीति होती है। अतः प्रत्यक्षादि में अनुगत अनुभवत्व जाति में कुछ प्रमाण नहीं है।

निर्वचनकर्ता—"सिताऽसिते सरिते यत्र" इत्यादि श्रुतिवाक्य से सितासिता-स्नान में सुख-साधनता का ही शाब्द बोध होता है। साधनता में सुख विशेषण रूप से भासता है, अतः जैसे "पर्वतमनुभवामि" ऐसा अनुव्यवसाय नहीं होता है, एवं प्रकृतमें 'सुखमनुभवामि'—ऐसा अनुव्यवसाय भी नहीं होता है। किन्तु "सुखसाधनतामनुभवामि" ऐसा ही अनुव्यवसाय होता है। अतः प्रकृत स्थल में 'अनुभवामि' ऐसे ज्ञान के न होने पर भी अन्यत्र सब शाब्द-स्थल में "अनुभवामि" ऐसे ज्ञान के होने से अनुभूतित्व जाति में कोई बाधक नहीं है।

खण्डनकर्ता—उक्त श्रुति–वाक्य से 'यत्र यत्र सिताऽसिता-सम्भेद-स्नानं, तत्र तत्र भाविसुखम्' ऐसी व्याप्ति के ज्ञान होने पर 'अहं स्वर्गी भविष्यामि, सिताऽसिता-सम्भेद-स्नायित्वात्, इन्द्रादिवत्–इत्यादि अनुमिति' के होने पर भी अनुभवामि ऐसी प्रतीति नहीं होती है। किन्तु स्नान–काल में "शीतदुःखमनुभवामि" ऐसा ही प्रत्यय होता है। "भावि–सुखं शाब्दयामि,

---

१ प्रत्यक्ष—अनुमिति—उपमिति— शाब्दबोध के असाधारण कारण सन्निकर्ष-व्याप्तिज्ञानादि, अपने कार्य से पूर्वक्षण में उत्पन्न होते हैं। और स्मृति का असाधारण कारण संस्कार अपने कार्य स्मृति के पूर्वक्षण में उत्पन्न नहीं होता है।

मतेरनुत्पत्तेः, प्रत्युतामन्दमानन्दं सम्विदन् साम्प्रतमस्मीति प्रत्ययात् । यदि तु शब्दोपदर्शितव्याप्तिजमनुमानमनुभव एव स्यात्, तर्हि सुखं दुःखं वाऽनुभवामीति तयोः प्रत्ययः स्यात् ॥१२॥

अथ मन्यसे साक्षात्कारमनुभवार्थमनुरुध्य तयोर्नैवमधिगमव्यवहारौ शब्दजानुमानापेक्षौ तु विमर्शकस्य स्यातामेव ताविति, तर्हि साक्षात्कारिणि ज्ञानेऽनुभवप्रत्ययव्यवहारौ साक्षात्त्वनिबन्धनाविति तत्रानुभवत्वजातिकल्पनायां न प्रयोजनप्रमाणे इत्यनुभूत्यर्थभेदाल्लक्षणाऽननुगमो दोषः ॥१३॥

अथ स्मृतिव्यावृत्तेन रूपेण यः प्रत्यक्षादिष्वनुभव इत्यनुगतावगमः स साक्षात्कारित्वादनुपपन्नः, ततश्च साक्षात्कार्य्यसाक्षात्कारिविशेषसाधारणमनुभूतित्वमन्यदेष्टव्यमित्युच्यते, तदपि न युक्तं, पदार्थान्तरव्यावृत्तेन रूपेण यस्तदितरेष्वनुगतप्रत्ययस्तद्व्यवहारो वा तत्र तदेव रूपं निमित्तं न तु जातिः काचित्तदनुरोधात्कल्प्यते, तथा सत्यनक्षपदार्थेभ्यो घटादिभ्यो व्यावृत्तेन रूपेण विभीतकादिषु साम्यावगमादक्षत्वादिजातिः कल्प्या प्रसज्येत ॥१४॥

~~~~~~~~~~

अथवा अनुमिनोमि" ऐसा अनुव्यवसाय तो अवश्य होता है । यदि शाब्द-बोध अथवा अनुमिति भी अनुभव है तो "अनुभवामि" इत्याकारक-प्रत्यय अवश्य होना चाहिये, और होता नहीं है । अतः अनुमान करना चाहिये कि शाब्द तथा अनुमिति अनुभूति नहीं हैं ॥ १२ ॥

निर्वचनकर्ता—साक्षात्व-जाति को उक्तस्थल में अनुभव-शब्द का अर्थ मानते हैं । अतः शाब्द अथवा अनुमिति में अनुभवत्व-व्यवहार नहीं होता है । यदि विचार किया जाय तो प्रत्यक्ष, अनुमिति, उपमिति, शाब्द, ज्ञान में अनुभवत्व जाति के होने से शाब्द तथा अनुमिति में भी अनुभवत्व-व्यवहार होता ही है ॥

खण्डनकर्ता—यदि साक्षात्व को ज्ञान में अनुभव-शब्द के प्रयोग का कारण मानें तो प्रत्यक्ष में अनुभवत्व-जाति की सिद्धि नहीं होगी, क्योंकि अनुभवत्व-व्यवहार तो प्रत्यक्षत्व से ही सिद्ध हुआ, फिर प्रत्यक्ष में अनुभवत्व जाति रहती है, इसमें कुछ प्रमाण नहीं है । किञ्च—ऐसा मानने पर अनुभूति-शब्द के दो अर्थों के होने से अननुगम हो जायगा । तथा प्रत्येक को अर्थ मानने पर समुदाय में अथवा समुदाय को अर्थ मानने पर प्रत्येक में अव्याप्ति हो जायगी ॥ १३ ॥

निर्वचनकर्ता—प्रत्यक्षादि-चतुष्टय में "स्मृति-भिन्नं ज्ञानम्" इत्याकारक अनुगतप्रतीति साक्षात्व-जाति से नहीं हो सकती है, अतः उसके अनुरोध से प्रत्यक्षादि-चतुष्टय में अनुभवत्वजाति मानी जाती है ।

खण्डनकर्ता—प्रत्यक्षादि-चतुष्टय में जो अनुगत "स्मृति-भिन्नम्" यह प्रतीति होती है, उसमें स्मृति-भिन्न-ज्ञानत्व ही निमित्त है, उसके अनुरोध से अनुभूतित्व-जाति की कल्पना उचित नहीं है । अन्यथा पासा एवं विभीतक तथा इन्द्रिय आदि में "अनक्ष पदार्थ-भिन्नम्" इत्याकारक अनुगत प्रतीति भी होती है, अतः उसके अनुरोध से अक्षत्व-जाति भी माननी पड़ेगी ॥ १४ ॥ किञ्च—स्मृतित्व, अनुभूतित्व को छोड़ कर स्मृति में है; और अनुभूतित्व, स्मृतित्वको त्याग कर प्रत्यक्षादि चार में है; और दोनों प्रत्यभिज्ञा में हैं, अतः सङ्कर-दोष के होने से भी अनुभूतित्व-जाति नहीं हो सकती है ।
~~~~~~~~~~

इतोपि नानुभूतित्वं नाम स्मृतिव्यावृत्ता जातिः, तथा हि घटः स एवायमिति तावत्प्रत्यभिज्ञा जायते, सा किं स्मृत्यनुभवरूपं ज्ञानद्वयम् ?—(१) एकमेव वा विज्ञानमंशे स्मृतिरंशे चानुभवः ?—(२) उत स्मृतिरेव ?—(३) आहोस्वित् अनुभव एव ?—(४) ॥१५॥

आद्ये य एष प्रत्यभिज्ञायां प्रागवस्थाविशिष्टादिदन्ताविशिष्टस्याभेदः प्रकाशते, स स्मृतावन्तर्भावयितुमशक्यः, अननुभूतचरत्वेन संस्कारानुपनेयत्वात् । अत एव न तृतीयोऽपि । नाप्यनुभवेऽन्तर्भावयितुमसौ शक्यः, प्रत्यभिज्ञानकालेऽनुभवेन प्रागवस्थाया असम्वेदनात्; सम्वेदने वाऽनुभव एवेति शेषपक्षेऽन्तर्भावः स्यात्, स चाग्रे दूषयिष्यते । अत एव न द्वितीयः । प्रागवस्थाविशिष्टाभिन्नत्वांशेऽनुभवस्वीकारश्चेत् प्रागवस्थावैशिष्ट्य-मप्यनुभवविषय एव निविष्टमिति चरमपक्षप्रवेशः ॥१६॥

अथ प्रागवस्थाविशिष्टादभिन्न इत्ययमर्थोऽप्यनेकांशस्तत्र प्रागवस्थाविशिष्ट इत्य-त्रांशे स्मृतित्वमभिन्न इत्यत्रांशे चानुभवत्वमित्युच्यते । एवं तर्हि प्रागवस्थाविशिष्टः स इदन्ताविशिष्टोऽभिन्नश्चायमिति स्मृत्यनुभूतिभ्यामावेदितम्भवति, प्रागवस्थाविशिष्टा-

---

समर्थनकर्ता—प्रत्यभिज्ञा में अनुभूतित्व तथा स्मृतित्व दोनों हैं, इसमें प्रमाण के न होने से सङ्कर नहीं है, किन्तु अनुभूतित्व जाति ही है ।

खण्डनकर्ता—श्रवण कीजिये, "स एव अयं घटः" यह जो प्रत्यभिज्ञा होती है, वह क्या स्मृति, अनुभव, ज्ञान-द्वय है ? अथवा एक ही ज्ञान, एक अंश में स्मृति तथा एक अंश में अनुभव है ? अथवा स्मृति ही है ? अथवा अनुभव ही है ? ॥ १५ ॥

यदि प्रत्यभिज्ञा को स्मृति, अनुभव, उभय-रूप मानें तो प्रत्यभिज्ञा में प्रागवस्था-विशिष्ट से इदन्ता-विशिष्ट का जो अभेद भासता है, उसका अन्तर्भाव कहाँ होगा ? उसका स्मृति में अन्तर्भाव नहीं हो सकता है । क्योंकि वह पूर्वकाल में अनुभूत नहीं है, अतः उस अंश का संस्कार नहीं है । अतएव "प्रत्यभिज्ञा स्मृति है" यह तृतीय पक्ष भी असङ्गत है । और अनुभव में भी अभेद के भान का अन्तर्भाव नहीं हो सकता है । क्योंकि प्रत्यभिज्ञा काल में चक्षुः-सन्निकर्ष के न होने से प्रागवस्था अनुभव का विषय नहीं होती है । यदि प्रागवस्था को अनुभव का विषय मानें तो "प्रत्यभिज्ञा अनुभव ही है" इस चतुर्थ पक्ष में प्रवेश हो जायगा । और उस पक्ष का खण्डन आगे करेंगे । अतएव "प्रत्यभिज्ञा अंश में अनुभूति तथा अंश में स्मृति है"—यह द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है । क्योंकि प्रागवस्था-विशिष्ट के साथ इदन्ता विशिष्ट के अभेद को यदि अनुभव का विषय मानें तो, विशेषण में प्रविष्ट प्रागवस्था का वैशिष्ट्य भी अनुभव का ही विषय हो जायगा, अतः चरम (अन्तिम) पक्ष में अन्तर्भाव हो जायगा ॥ १६ ॥

निर्वचनकर्ता—"प्रागवस्था-विशिष्ट से अभिन्न यह है"—यह भी दो अंशों से युक्त है । उसमें "प्रागवस्था-विशिष्ट" यह अंश स्मृति है । और "अभेद, एवं इदन्ता-वैशिष्ट्य" ये दो अंश अनुभव हैं ।

खण्डनकर्ता—यदि ऐसा है तो "प्रागवस्था से विशिष्ट वह" इतना अर्थ स्मृति-अंश का विषय है । तथा "इदन्ता-विशिष्ट से अभिन्न" यह इतना अर्थ अनुभव-अंश का विषय है ।

श्रयतया त्वभेदः केनापि न प्रकाशित इति य एव प्रागवस्थाविशिष्टः स एवायमिति प्रत्यभिज्ञायाः शरीरं न स्यात् ॥१७॥

अथानुभवेन योऽसावनुभूयमानधर्म्याश्रयतयाऽभेदो बोधितः, स कोव्यन्तरमनालम्ब्य न पर्य्यवस्यतीति केनचित् खलु कस्यचिदभेदो भवति, ततः स्मृत्यंशोपनीतमेव सन्निधानात्कोव्यन्तरं प्रागवस्थाविशिष्टरूपमालम्बत इत्यभेदस्य प्रागवस्थाविशिष्टाश्रयतासिद्धिरिति ॥१८॥

तदेतत्तुच्छतरम्। कोव्यन्तरमालम्बत इति किं कोव्यन्तराश्रितो भवति? उतकोव्यन्तराश्रिततया ज्ञायत इति? नाद्यः, अभेदस्येदानीं प्रागवस्थाविशिष्टधर्म्याश्रयेणोत्पत्तौ पूर्वं प्रागवस्थाविशिष्टेदन्ताविशिष्टयोर्भेदः स्यात्। द्वितीये तु यदेव कोव्यन्तराश्रिततया इदन्तावच्छिन्नधर्म्यभेदस्य ज्ञानं तत्स्मृतौ नान्तर्भावयितुं शक्यं नाऽप्यनुभवांश इत्युक्त एव दोषः ॥१९॥

किञ्च यदा प्रत्यभिज्ञानं स इत्यंशे स्मृतिरयमित्यंशे चानुभव इत्येकं ज्ञानमभ्युपेयते, तदा धर्मिणमादायापि स्मृत्यनुभवसङ्करो दुर्वारः। तथाहि—संस्कारेण तत्तामात्रं वापनीयेत? तत्ताविशिष्टो वा धर्मी? आद्ये स इति प्रत्यभिज्ञायाः शरीरं न स्यात्, तत्तायाः केवलायाः संस्कारेणोपनीतत्वात्। नापि द्वितीयः, तथासत्ययमित्यनुभवांशेऽ-

---

प्रागवस्था से विशिष्ट के साथ अभेद किसी अंश का विषय नहीं है। अतः जो प्रागवस्था से विशिष्ट है, वही इदन्ता-विशिष्ट है; यह प्रत्यभिज्ञा का स्वरूप नहीं होगा ॥ १७॥

निर्वचनकर्ता—अनुभव-अंश का विषय जो अभेद है, वह अन्य कोटि (प्रतियोगी) के अवलम्बन के विना अनुभव का विषय हो नहीं सकता। क्योंकि किसी से किसी का अभेद होता है। तब तो स्मृति-अंश का विषय प्रागवस्था-विशिष्ट ही को सन्निधान होने से प्रतियोगी-रूप से आलम्बन करेगा। इस रीति से अभेद प्रागवस्था-विशिष्ट-प्रतियोगिक सिद्ध हुआ ॥ १८॥

खण्डनकर्ता—"कोव्यन्तर को आलम्बन करता है"—इस पंक्ति का क्या अर्थ है? वह अभेद इदानीं (इस समय में) प्रागवस्था-विशिष्ट को प्रतियोगी-रूप से आश्रयण करता है—यह अर्थ है? अथवाइदानीं प्रागवस्था-विशिष्ट उसके प्रतियोगित्व-रूप से ज्ञात होता है—यह अर्थ है? यदि प्रथम पक्ष को मानें तो, अभेद यदि इदानीं प्रागवस्था-विशिष्ट-प्रतियोगितया उत्पन्न होता है, तो इससे पूर्व प्रागवस्था-विशिष्ट से इदन्ता-विशिष्ट का भेद सिद्ध होगा, और यदि द्वितीय पक्ष को मानें तो जो प्रागवस्था-विशिष्ट के साथ इदन्ता विशिष्ट के अभेद का ज्ञान होता है, वह स्मृति में अथवा अनुभव में पूर्वोक्त प्रकार से अन्तर्भूत नहीं हो सकता है। अतः उक्त-दोष होगा ॥ १९ ॥

किञ्च—जब प्रत्यभिज्ञा "स"–इस अंश में स्मृति, तथा "अयम्"–इस अंश में अनुभव मानी जाती है, तब धर्मी का ग्रहण करके भी स्मृतित्व और अनुभवत्व का संकर होगा। देखिये, संस्कार से केवल तत्ता उपनीत होती है? अथवा तत्ता-विशिष्ट धर्मी? यदि तत्ता-मात्र उपनीत होता है, तो "स"–यह प्रत्यभिज्ञा का आकार नहीं होना चाहिये। क्योंकि केवल तत्ता ही संस्कार से उपनीत होती है। यदि तत्ता–विशिष्ट धर्म्मी संस्कार से उपनीत होता है, तो "अयम्"

पि धर्मिप्रकाशो वक्तव्य एव, अन्यथा इदन्तामात्रप्रकाशेऽयमिति तच्छरीरं न स्यात्, एवञ्च संस्कारस्य चेन्द्रियस्य च धर्मिप्रतीतिहेतोरुभयस्योपनिपाते किं विशेष्यांशे भिन्नाभ्यां ज्ञानाभ्यामुत्पत्तव्यम् ? उत कारणद्वयसम्भेदादभेदभाजा ज्ञानेन ? प्रथमे प्रत्यभिज्ञानस्यैकज्ञानव्यक्तिताभ्युपगमव्याघातः, भेदपक्षोक्तदूषणापातश्च। द्वितीये धर्म्यंशे प्रत्यभिज्ञायाः स्मृतित्वमप्यनुभवत्वमपीत्यनुभूतिस्मरणसङ्कर इति विषयव्यवस्थयाऽपि नियमो भग्नः ॥२०॥

अथोच्यते—मा भूद्विषयोपाधिभेदाद्व्यवस्थानम्, उपाध्यन्तरात्तु भविष्यति, तद्यथा संस्कारजत्वमादाय स्मृतित्वव्यवस्थितिः, इन्द्रियसन्निकर्षजत्वमादाय चानुभवत्वव्यवस्थानमिति विरोधपरिहारोऽस्तु। न, प्रमात्वसामान्यानङ्गीकारे प्रमारूपताया विषयव्यवस्थित्यैवोपगमेनोपाध्यन्तरोपन्यासेऽपि स्मृतित्वानुभूतित्वयोरेकस्मिन्नेव धर्मिण्यर्थे निवेशात्प्रमात्वाप्रमात्वयोरेकविषयतैव ॥२१॥

इस अनुभव-अंश में भी धर्म्मी का भान मानना ही पड़ेगा। अन्यथा इदन्ता-मात्र के प्रकाश होने पर "अयम्" यह प्रत्यभिज्ञा का आकार नहीं होगा। यदि धर्म्मी की प्रतीति का हेतु संस्कार तथा इन्द्रिय-सन्निकर्ष दोनों हैं, तब क्या विशेष्यांश में स्मृति, अनुभव, दो ज्ञान उत्पन्न होंगे ? अथ वा संस्कार तथा इन्द्रिय-सनिकर्ष दोनों से एक ही ज्ञान उत्पन्न होगा ? प्रथम पक्ष में प्रत्यभिज्ञा एक ज्ञान है, इस कथन से व्याघात (विरोध) हो जायगा। तथा तत्ता-विशिष्ट के साथ इदन्ता-विशिष्ट का अभेद किस ज्ञान का विषय हो, इसमें प्रमाण के न होने से अभेद किसी का विषय नहीं होगा। तथा यदि द्वितीय-पक्ष मानें तो प्रत्यभिज्ञा में धर्म्मी-अंश में स्मृतित्व और अनुभवत्व दोनों हैं, अतः स्मृति और अनुभव में संकर के (अभेद) होने से तत्ता-इदन्ता-रूप विषय की व्यवस्था (भेद) से भी स्मृतित्व-अनुभवत्व के असङ्कर का नियम (व्यवस्था) भग्न ही है॥ अर्थात् एक अधिकरण में समावेश-होने से संकर नहीं होता है, किन्तु एक अवच्छेद से समावेश के होने से सङ्कर होता है—यह भी आप नहीं कह सकते हैं। क्योंकि उक्त-प्रकार से धर्म्मी रूप-एक ही अवच्छेद से समावेश है। अतः अनुभूतित्व-जाति नहीं है॥२०॥

निर्वचनकर्ता—प्रत्यभिज्ञा में स्मृतित्व तथा अनुभवत्व की व्यवस्था विषय के भेदरूप हेतु से न हो, अन्य-उपाधि (निमित्त) से होगी। अर्थात् संस्कारजत्व—अवच्छेद से स्मृतित्व की तथा इन्द्रिय-सन्निकर्षजत्व-अवच्छेद से अनुभवत्व की व्यवस्था होगी। इस रीति से स्मृतित्व तथा अनुभवत्व का सङ्कर नहीं होगा, अर्थात् एक अवच्छेद से एक अधिकरण में स्थिति के होने से सङ्कर होता है। यहाँ यद्यपि दोनों एक ही अधिकरण में हैं, परन्तु अवच्छेदक भेद से हैं, अतः संकर नहीं होगा।

खण्डनकर्ता—आप प्रत्यक्षत्व के साथ सङ्कर होने से प्रमात्व को जाति रूप नहीं मानते हैं। किन्तु तत्त्वानुभूतित्वादि-रूप ही मानते हैं। अतः यदि संस्कारजत्व, इन्द्रियजत्व आदि उपाधि को स्मृतित्व और अनुभवत्व का अवच्छेदक मानें तो प्रत्यभिज्ञा में एक ही धर्म्मी-अंश में स्मृतित्व—अनुभूतित्व दोनों के सन्निवेश होने से प्रमात्व—अप्रमात्व का भी प्रत्यभिज्ञा में एक ही धर्म्मी-अंश में सन्निवेश हो जायगा। क्योंकि अनुभव प्रमा है। तथा स्मृति अप्रमा है॥ २१॥

किञ्च ज्ञानविकल्पानामध्यात्मं भावाभावसम्वेदनात् स्मृतित्वानुभूतित्वयोर्द्वयोरपि प्रत्यभिज्ञायां स्वतः प्रतिभानेन विषयनिरूपणव्यवस्थित्यनङ्गीकारे स्मृतित्वादेरिदन्तायामपि स्मृत्यवगमप्रसङ्गात्। यदि च संस्कारजत्वमेव स्मृतित्वं, तदा तस्यैव विरोधेऽभिधीयमाने स एव विरोधसामञ्जस्यायोपाधिरुपन्यस्यत इति नान्यस्य चेतसि निविशते। अथान्यत्स्मृतित्वन्नाम, तदाऽप्यनुपपत्तिः, तथा हि—संस्कारजत्वं संस्कारादनन्तरं नियमेन भावः, नियतत्वञ्च नानाव्यक्तिगतमेकं रूपं सङ्ग्राहकमक्रोडीकृत्यासम्भवतीति स्मृतित्वेनैव संस्कारजत्वं वक्तव्यम्, तथा च संस्कारजत्वव्यवस्थितौ स्मृतित्वमुपाधिः; स्मृतित्वव्यवस्थितौ च संस्कारजत्वमित्यन्योन्याश्रयः, तस्मात् स्मृत्यनुभवसङ्करो दुर्वार एव ॥२२॥

अपि च स्मृत्यनुभवयोर्ये कारणसामग्र्यौ ते प्रत्यभिज्ञायां मन्तव्ये न वा, न चेत् कथमंशतोऽपि स्मृतित्वमनुभवत्वञ्च प्रत्यभिज्ञानस्य, एवमेव तथात्वेऽतिप्रसङ्गात् स्मृत्यनुभूत्योः स एव सङ्करः। प्रथमे तु पृथगेव कार्य्योत्पत्तिप्रसङ्गः, प्रत्येकं स्वस्वकार्ये समर्थत्वात्, सामग्रीभेदस्य कार्य्यभेदहेतुत्वेनावधारितत्वात् ॥२३॥

अथ यत्र ते पृथक् जायेते तत्र पृथगेव कार्य्यम्, प्रत्यभिज्ञायान्तु तयोर्युगपज्जातत्त्वेन सम्भूय जननात्करम्बितकार्य्योत्पत्तिः। यद्यपि घटपटादिसामग्र्योर्नैवं दृश्यते, तथापि

किञ्च—ज्ञान-भेदों के भाव (अनुभूतित्वादि-धर्म्म) और उनके अभाव, दोनों को ही मानस-प्रत्यक्ष के विषय होने से यदि स्मृतित्वादि की व्यवस्था को विषय के अधीन न मानें, तो इदन्ता-अंश में भी स्मृतित्व का और तत्ता-अंश में भी अनुभवत्व का भान हो जायगा, किञ्च—प्रत्यभिज्ञा के संस्कारजत्व-अंश में स्मृतित्व, तथा इन्द्रियजत्व-अंश में अनुभवत्व, दोनों धर्म्म रहते हैं, यह कथन उचित भी नहीं है। क्यों कि संस्कारजत्व ही स्मृतित्व है; अतः "संस्कारजत्व-अंश में स्मृतित्व है"—इस वाक्य का स्मृतित्व-अंश में स्मृतित्व है—यही अर्थ हुआ। वह आत्माश्रय के होने से अनुचित है।

निर्वचनकर्ता—स्मृतित्व जाति है? अथवा तत्तोल्लेखि ज्ञानत्व है? अतः आत्माश्रय नहीं।

खण्डनकर्ता—संस्कारजत्व, संस्कार के अव्यवहित उत्तर काल में वृत्तित्व ही है। वह कार्य्यतावच्छेदक-धर्म्म के स्वीकार के विना अनेक व्यक्ति में रह नहीं सकता है। अतः स्मृतित्व ही को कार्य्यत्व का अवच्छेदक मानना पड़ेगा। तब तो स्मृतित्वावच्छेद से संस्कारजत्व और संस्कारजत्वावच्छेद से स्मृतित्व को मानने में अन्योन्याश्रय हो जायगा ॥ २२ ॥

अपिच—स्मृति और अनुभव के जो कारण-समूह है, वह (कारण-समूह) प्रत्यभिज्ञा में है अथवा नहीं? यदि नहीं है तो अंश में भी प्रत्यभिज्ञा स्मृति तथा अनुभव कैसे होगी। यदि संस्कारजत्व के विना ही स्मृतित्व को मानें तो स्मृति में अनुभूतित्व और अनुभूति में स्मृतित्व के प्रसंग के होने से प्रत्यभिज्ञा में सम्पूर्ण-अंश में स्मृतित्व तथा अनुभवत्व हो जायँगे। और यदि दोनों की सामग्री है तो अलग अलग कार्य होंगे। क्योंकि अपने अपने कार्य्य में ही सामग्री समर्थ है। अन्यथा सामग्री-भेद से कार्य्य-भेद का अवधारण (निश्चय) नहीं होगा ॥२३॥

समर्थनकर्ता—जिस स्थल में पृथक्-पृथक् सामग्री रहती है, वहाँ पृथक्-पृथक् कार्य्य होते हैं। और प्रत्यभिज्ञा में दोनों सामग्री मिल-कर कार्य्य का जनन करती हैं। अतः चित्र-

तद्विलक्षणस्वभावत्वादनयोरीदृशत्वमुपपद्यते; न हि एकस्य यादृक् पदार्थस्य स्वभावस्तादृगन्यस्यापि सर्व्वस्य भवति, जगद्वैचित्र्यभङ्गप्रसङ्गादिति ॥२४॥

नैतदस्ति यत्र हि मिलितत्वं तयोस्तत्र किं परस्परसहकारित्वमनयोरेष्टव्यं न वा ? न चेत्, परस्परमेलकलक्षणो विशेषोऽनुपयोगी, कार्य्यजननं प्रति मिथः सहकारिभावविरहेणाप्रयोजकत्वात्, ततश्चाविशेषात् पृथगेव कार्य्यं प्रसज्येत। अथ परस्परसहकारित्वं तयोरिष्यते, तदा अनुभवांशेऽपि संस्कारस्य व्यापारः स्मरणांशेऽप्यक्षस्येति नियामकत्वाभिमतयोस्तयोरुभयांशे साधारण्यात् स्मृत्यंशेऽप्यनुभूतिरनुभूत्यंशेऽपि स्मरणमिति वज्रलेपायितं प्रत्यभिज्ञायामनुभूतिस्मृतिसङ्करेणेति ॥२५॥

[1]नाऽप्यनुभव एवेति पक्षः, तथा सति तत्तावच्छिन्नस्याभेदाश्रयतायां न संस्कारो नेन्द्रियसन्निकर्षश्चेति तदविषयत्वापातः ॥ २६ ॥

नच संस्कारद्वारा प्रत्यासत्त्या सम्बद्धविशेषणतया तद्ग्रहः, क्वचित् सोऽयं न वेति तर्हि संशयो न स्यात्। दोषवशात्तत्र तत्प्रकाशो न सम्बद्धविशेषणत्वादितिचेन्न। विनाऽपि संस्कारं दोषवशात्तदापत्तेः। वस्तुप्रकाशिनि च दोषस्यवाचोयुक्त्यनिरुक्तेः। क्वापि

कार्य्य उत्पन्न होगा। यद्यपि घट-पटादि सामग्री मिल कर करम्बित (चित्र) कार्य्य उत्पन्न नहीं करती हैं, तथापि अनुभव तथा स्मृति की सामग्री में विलक्षण स्वभाव है, अतः वे मिलकर चित्र कार्य्य कर सकती हैं। क्योंकि एक वस्तु का जैसा स्वभाव है, वैसा ही अन्य पदार्थों का स्वभाव नहीं होता है। अन्यथा जगत् की विचित्रता नहीं होगी ॥२४॥

खण्डनकर्ता—जहाँ स्मृति तथा अनुभव दोनों की सामग्री मिलती हैं, वहाँ इन दोनों में परस्पर सहकारित्व है ? अथवा नहीं ? यदि नहीं है तो चित्र कार्य्य की उत्पत्ति में सामग्री-सम्मेलन रूप विशेष, अनुपयोगी है। क्योंकि परस्पर सहकार के न होने से सम्मेलन अप्रयोजक है। तब तो अप्रयोजक होने से अलग अलग कार्य्य की आपत्ति होगी। और यदि परस्पर दोनों सामग्री में सहकार इष्ट है, तब तो प्रत्यभिज्ञा के अनुभवांश में संस्कार का और स्मरणांश में इन्द्रिय का व्यापार है, अतः दोनों सामग्री-रूप-नियामक के उभयांश-साधारण होने से स्मृति-अंश में अनुभवत्व तथा अनुभव-अंश में स्मृतित्व है, अतः प्रत्यभिज्ञा में स्मृतित्व और अनुभवत्व दोनों का सङ्कर वज्र-लेप सा स्थिर हो गया ॥ २५ ॥

(अथ प्रत्यभिज्ञा—अनुभवत्व—खण्डन)

"प्रत्यभिज्ञा अनुभव है"—यह चरम पक्ष भी उचित नहीं है। क्यों कि प्रत्यभिज्ञा को अनुभव मानने पर तत्ता-अवच्छिन्न के अभेद में न संस्कार ही है; न इन्द्रिय का सन्निकर्ष ही है; अतः अभेद प्रत्यभिज्ञा का विषय नहीं होगा ॥ २६ ॥

समर्थनकर्त्ता—चक्षु से ही संयुक्त-संयुक्त-समवेत-विशेषण-विशेषणता-रूप सन्निकर्ष-द्वारा इदन्ता से उपरक्त अभेद भी भासेगा। देखिये, इन्द्रिय-संयुक्त मन है, तथा मन से संयुक्त आत्मा है, और आत्मा में समवेत (रहने वाला) संस्कार है, और संस्कार में विशेषण घट है, तथा घट में विशेषण तत्ता-विशिष्ट अभेद है, इस प्रकार से उक्त सन्निकर्ष से अभेद को अनुभव के विषय होने में कोई क्षति नहीं है।

---

1 नैय्यायिकमतनिरासः।

तस्यावस्तुप्रकाशित्वाद्दोषश्चेत्, कथमक्षादेरपि तन्न स्यात् । विशिष्टत्वेन तथात्वस्य प्रकृतेप्यपरिहारात्, न हि विनैव कुतोऽपिविशेषादस्यावस्तुप्रकाशिता । सत्यप्यर्थे दोषादवस्तुन एव प्रकाशे संशयात्मेक्षावत्प्रवृत्त्यादेरसम्भवापत्तेः ॥ २७ ॥

वस्तुविषयत्वेपि दोषादनिश्चयतेति चेन्न । वस्तुतस्तस्यासङ्कीर्णत्वात्तस्य प्रकाशे तदेव संशयैककोटौ प्रकाशितमिति कुत्र तदनिश्चयता । निश्चयार्थस्य च संशयकोटावस्त-

---

खण्डनकर्ता—उक्त सन्निकर्ष को यदि प्रत्यक्ष रूप निश्चय का कारण माना जाय तो कहीं भी "सोऽयन्न वा" यह प्रत्यभिज्ञा रूप सन्देह नहीं होगा। क्योंकि सन्निकर्ष से सर्वत्र प्रत्यभिज्ञा-रूप निश्चय ही होगा।

(अथ दोष-लक्षण-खण्डनानुवाद)

समर्थनकर्ता—प्रकृतस्थल में यद्यपि उक्त सन्निकर्ष है; तथापि दोष के होने से सन्देह रूप (ज्ञान) प्रकाश ही होता है।

खण्डनकर्ता—जहाँ संस्कार (भावना) तथा उक्त सन्निकर्ष नहीं है, वहाँ भी दोष से प्रत्यभिज्ञा रूप सन्देह होना चाहिये।

समर्थनकर्ता—जहाँ दोष तथा संस्कार और सन्निकर्ष तीनों हैं, वहां तो उक्त प्रत्यभिज्ञा-रूप सन्देह होता है। और जहाँ दोष नहीं है. सन्निकर्ष और संस्कार ही हैं, वहाँ निश्चय-रूप प्रत्यभिज्ञा ही होती है।

खण्डनकर्ता—वस्तु के अप्रकाशक को दोष कहते हैं। और सन्देह-स्थल में वस्तु का प्रकाश होता है। फिर दोष-लक्षण का समन्वय वहाँ कैसे हो सकता है।

समर्थनकर्ता—कहीं-कहीं ("इदं रजतम्" इस भ्रम में अथवा सन्देह की ही अन्य कोटि में) अवस्तु के प्रकाशक होने से, दोष-लक्षण का समन्वय होगा।

खण्डनकर्ता—कहीं-कहीं अवस्तु के प्रकाशक होने से यदि दोषत्व हो तो "इदं रजतम्" इस भ्रम स्थल में इन्द्रिय भी अवस्तु के प्रकाशक होने से दोष हो जायगा।

समर्थनकर्ता—शुक्ति में "इदं रजतम्" इस भ्रम में दोष-विशिष्ट इन्द्रिय कारण है। अतः "नागृहीत-विशेषणा बुद्धिः विशेष्यमुपसंक्रामति" इस न्याय से विशेषण ही दोष है अक्ष (इन्द्रिय)दोषनहीं हैं।

खण्डनकर्ता—इसी रीति से अक्ष-(चक्षुरादि) विशिष्ट दोष को सन्देह वा भ्रम का कारण मान कर "नागृहीतविशेषणा"-- इस न्याय से अक्ष ही दोष क्यों न हो। क्योंकि दोष भी किसी विशेष (इन्द्रियादि) के विना अवस्तु का प्रकाश नहीं करता है।

समर्थनकर्ता—सन्देह अथवा भ्रम-स्थल में वस्तु है, परन्तु दोष के होने से वस्तु भासता नहीं है, अवस्तु ही भासता है।

खण्डनकर्ता—यदि सन्देह में वस्तु नहीं भासता है, तो वस्तु के सन्देह से बुद्धिमान् की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये ॥२७॥

समर्थनकर्ता—प्रवृत्ति के अनुरोध से वस्तु अवश्य सन्देह का विषय होता है, परन्तु जो सन्देह में अनिश्चयाकारत्व है, उसमें दोष ही कारण है।

खण्डनकर्ता—धर्मी संकीर्ण (स्थाणु-पुरुष-उभयाकार) नहीं है, किन्तु एक रूप ही है यदि वही सन्देह में भासता है, तो सन्देह अनिश्चय रूप कहाँ है, जिसका कारण दोष है।

एडने संशये तदभावाधिकग्राहित्वेऽपि निश्चयत्वस्याप्रत्यूहत्वादेवाभावनिश्चयः कोट्यन्तरं केवलमधिकं स्यात् ॥ २८ ॥

जातिः संशयत्वम्, तत्प्रयोजकश्च दोषःइति चेन्न। 'इदं तद्वा न वा'-इति संशयकोट्यर्थनिर्देशसमन्वयेन वा-शब्दप्रतीतिव्यवहारयोरभावापत्तेः। प्रतीत्या सह वाकारार्थसम्बन्धे 'प्रत्येमि न वेति' तदापत्तेः। वा-कारार्थस्य प्रतीतिगतत्वेऽपि निश्चयत्ववत्, स्थाणुमानय पुरुषं वेति स्थाणुपुरुषगतपाक्षिकव्यवहारानापत्तेः। तस्माद्वाकारार्थस्य ज्ञानधर्मत्वे साक्षात्कारित्वादिवद्विषयानन्वयापत्तिरेवेति ॥ २९ ॥

न च प्रत्यासत्तौ सत्यामपि प्रत्यासत्त्यपुरस्कारान्मनसा न ग्रहणं तत्र दोषवशादित्यस्तु। दोषे सत्यपि वस्तुनः संस्कारेण, संस्कारस्य चाऽऽत्मना, तस्य च बा-

---

समर्थनकर्ता—यदि पुरुष रूप धर्म्मी में केवल पुरुषत्व का ही उल्लेख (भान) होता, तो अवश्य सन्देह को निश्चय कहते, परंतु यहाँ तो स्थाणुत्व अथवा पुरुषत्वाभाव का भी उल्लेख होता है, अतः निश्चयरूप नहीं, किन्तु अनिश्चय रूप ही है, और उसका कारण दोष है।

खण्डनकर्ता—निश्चय के विषय पुरुषत्व-विशिष्ट पुरुषका बाधक प्रतीति से खण्डन तो हुआ नहीं है, अतः उस अंश में सन्देह भी निश्चय-रूप ही है। जो सन्देह में अभाव-कोटि अधिक भासती है, उस अंश में भी विपर्य्य-रूप निश्चय ही है। किसी अंश में अनिश्चय रूप नहीं है, फिर दोष किसका कारण है ॥२८॥

समर्थनकर्ता—विरुद्ध-उभय-कोटिक सन्देह निश्चय होने पर भी एक-कोटिक निश्चय से विलक्षण है, यह तो आप अवश्य मानेंगे; हम उसी वैलक्षण्य को सन्देहत्व-जाति कहते हैं। और उसका प्रयोजक दोष है।

खण्डनकर्ता—"स्थाणुः पुरुषो वा" इस स्थल में सन्देह-कोटि के वाचक स्थाणु और पुरुष शब्द के सामानाधिकरण्य रूप से 'वा' शब्द की प्रतीति (श्रावण प्रत्यक्ष) अथवा व्यवहार देखा जाता है, अतः 'वा' शब्द के अर्थ अव्यवस्थितत्व का अन्वय भी उन्हीं दो कोटियों में होता है, और इसी विषय की अव्यवस्था कृत निश्चय से सन्देह में वैलक्षण्य है, सन्देहत्व-जाति कृत नहीं।

समर्थनकर्ता—प्रतीति-गत अव्यवस्थिति, वा-शब्द का अर्थ है; विषय-गत अव्यवस्थिति अर्थ नहीं है, और प्रतीति-गत अव्यवस्थिति को सन्देहत्व-जाति कहते हैं।

खण्डनकर्ता—यदि प्रतीति-गत अव्यवस्थिति वा-शब्द का अर्थ होता तो "प्रत्येमि नवा"—यह आकार होता, "स्थाणुर्नवा"—यह आकार नहीं होता। किञ्च—'वा' का अर्थ अव्यवस्थितत्व को यदि प्रतीति का धर्म मानोगे, तो साक्षात्व और प्रमात्व के तुल्य विषय के साथ 'वा'-शब्दार्थ का अन्वय नहीं होगा ॥ २९ ॥

समर्थनकर्ता—उक्त प्रत्यासत्ति है सही, परन्तु दोष से उसकी तिरस्कृति के होने से निश्चय रूप प्रत्यभिज्ञा नहीं होती है, किन्तु "इदं तद् वा न वा" इत्याकारक सन्देह-रूप प्रत्यभिज्ञा ही होती है।

खण्डनकर्ता—सन्देह-रूप प्रत्यभिज्ञा भी दोषके होने पर; वस्तु से संस्कार, संस्कार से आत्मा, आत्मा से मन, मन से चक्षु की प्रत्यासत्ति होने पर ही होती है; फिर प्रत्यासत्ति का अपुरस्कार क्या हुआ। यदि प्रत्यासत्ति की अपेक्षा न कर सन्देह रूप प्रत्यभिज्ञा होती

ह्येन्द्रियेण, प्रत्यासत्त्यपेक्षण एव तदर्थप्रकाशादिनियमोपपत्तेः कः पुनः प्रत्यासत्त्यपुरस्कारस्त्वन्मते स्यात्। यदि तु संस्कारप्रत्यासत्तिमनपेक्ष्य तथा सन्दिह्यते, तदा अननुभूय प्रस्मृत्य वा तथा सन्दिह्येत ॥ ३० ॥

वस्तुतस्तु मनसा संस्काराग्राहिणा, चक्षुरादिना चात्माऽग्राहिणा, तादृशप्रत्यासत्त्या ग्रहणानुपपत्तेः, नियमेन तदिन्द्रियाग्राह्याश्रयकप्रतियोगिकेतरस्य ग्रहणे स्वग्राह्यसम्बद्धविशेषणतायाः प्रत्यासत्तित्वनियमात्। अन्यथाऽऽप्यपरमाण्वादौ पृथिवीत्वादेरन्यत्र ग्राह्यतया निरस्तस्वरूपायोग्यत्वस्याभावो दृगादिभिर्गृह्येत। नहीन्द्रियविहार-

है—ऐसा माना जाय तो, तत्ता-विशिष्ट के पूर्व-काल में अनुभव के न होने पर भी तथा इदानीं तत्ता-विशिष्ट के स्मरण के होने पर भी सन्देह-रूप प्रत्यभिज्ञा होती है—यह भी मानना चाहिये। क्योंकि जब निर्युक्तिक मानना है, तो ऐसा भी क्यों न माना जाय ? ॥ ३० ॥

(इति दोषखण्डन)

(अथ तत्तांश में संनिकर्षखण्डन,)

वस्तुतः संस्कार को अग्रहण करने वाले मन-से तथा आत्मा को अग्रहण करने वाले चक्षु से उक्त प्रत्यासत्ति-द्वारा तत्ता-विशिष्ट से इदन्ता-विशिष्ट के अभेद का ग्रहण हो नहीं सकता है। क्योंकि जलीय परमाणु में ग्रहण के स्वरूप-योग्य पृथिवीत्व का अभाव, चक्षु से गृहीत न हो, इसलिये उस इन्द्रिय से सम्बद्ध विशेषणता-रूप प्रत्यासत्ति उस उस इन्द्रिय से जन्य ज्ञान के विषय-पदार्थ से घटित ही होती है, अग्राह्य-पदार्थ से घटित नहीं होती है, ऐसा नियम है।

समर्थनकर्ता—पृथिवीत्वाभाव के साथ संवद्ध-विशेषणता भी नहीं है, क्योंकि जलीय परमाणु के साथ चक्षुः सन्निकर्ष नहीं है। अतः जल परमाणु में पृथिवीत्वाभाव का ग्रहण नहीं होता है, अतः सम्बद्ध विशेषणता ग्राह्य-पदार्थ-घटित ही होती है, इस नियम को मानना उचित नहीं है।

खण्डनकर्ता—इन्द्रिय-प्रचार-स्थल में सर्वत्र ही चतुर्विध परमाणु व्याप्त हैं अतः जलीय परमाणु के साथ चक्षुः-संनिकर्ष नहीं है, यह कथन उचित नहीं है।

समर्थनकर्ता—यह नियम नहीं है कि उस उस इन्द्रिय की सम्बद्ध-विशेषणता स्वग्राह्य-पदार्थ से घटित ही होती है। क्योंकि घ्राण तथा रसना इन्द्रिय से गन्धाभाव तथा रसाभाव का घ्राण अथ वा रसना से अग्राह्य पुष्प एवं गुड़ से घटित घ्राण-संयुक्त-पुष्प-विशेषणता अथ वा रसना-संयुक्त-गुड़-विशेषणता से भी ग्रहण होता है।

खण्डनकर्ता—उन २ 'गन्धादि' के ग्राहक इन्द्रियों से अग्राह्य हैं आश्रय जिनके ऐसे पदार्थ (गन्धादि) प्रतियोगी हैं जिन अभावों के उनसे इतर पदार्थों का जहां ग्रहण होता है, उस स्थल के लिये यह नियम है। गन्धाद्यभाव के ग्रहण के लिये यह नियम नहीं है। शब्दाभाव के प्रत्यक्ष को मानने वाले नैयायिक के मत में श्रोत्रेन्द्रिय-विशेषणता सप्तम सन्निकर्ष है, सम्बद्ध-विशेषणता नहीं है, अर्थात् स्वग्राहक इन्द्रियों से अग्राह्य हैं आश्रय जिन के एवम्भूत पदार्थ हैं प्रतियोगी जिन अभावों के उनसे इतर स्थल में यह विशेषण न भी दें, तथापि शब्दाभाव प्रत्यक्ष में व्यभिचार नहीं होगा। क्योंकि स्वग्राह्य-

देशेषु निष्परमाणुकत्वनियमो युक्ताभ्युपगमः । शब्दाभावप्रत्यक्षत्ववादिनये श्रोत्रेन्द्रिय-विशेषणता सप्तमः सन्निकर्षो न तु तत्र सम्बद्धविशेषणतेत्यतोऽपि न व्यभिचारः ॥३१॥

न चात्मसंयुक्तमनः प्रति पूर्वानुभूतार्थाऽऽत्मप्रत्यासत्तिरेव संस्कार इति तदतीन्द्रियत्त्वं न दोषाय, प्रत्यासत्तेरतीन्द्रियाया इन्द्रियार्थसन्निकर्षस्योपगमादिति स्वीकृते निस्तारः । तथा सति स इत्यंशे चक्षुरादेः प्रत्यासत्त्यभावात्प्रत्यभिज्ञाया अचाक्षुषत्त्वापातात् । अयमित्यंशो दृगादिना, तदंशस्तु मनसा गृह्यताम्, तदेतदभेदस्तु केनेत्युक्तमप्यावर्तत इति ॥ ३२ ॥

एतेन संस्कारः सहकारिमात्रमिन्द्रियस्यातिप्रसङ्गनिवारकः, प्रत्यभिज्ञायां तदर्थ इन्द्रियेणासन्निकृष्ट एवोल्लिख्यते विभ्रमार्थवत्, सन्निकृष्टग्राहिता चेन्द्रियस्य सन्निकर्षसहकार्य्यवश्यम्भावमात्रं, तच्चेदमंशसन्निकर्षादेव स्यात्, नतु सर्वग्राह्यसन्निकर्षसहकारितेत्यपि निरस्तम् । सोयं न वेति संशयाभावापातेनैवेति । तदद्राक्षमित्यादिस्मृतिरपि चैवमनुभव

पदार्थ से घटित ही विशेषणता प्रत्यासत्ति है, यह नियम सम्बद्ध विशेषणता रूप षष्ठ सन्निकर्ष के लिये है। सप्तम शुद्ध विशेषणता (जो शब्दाभाव के प्रत्यक्ष में है) के लिये नहीं है ॥ ३१ ॥

समर्थनकर्ता—"स एवाऽहम्" इस प्रत्यभिज्ञा में संस्कार ही आत्म-संयुक्त मन की पूर्व अनुभूत आत्मा में प्रत्यासत्ति है। तथा "स एवाऽयम्" इस प्रत्यभिज्ञा में भी संस्कार ही पूर्व अनुभूत घटकी प्रत्यासत्ति है, संस्कार रूप प्रत्यासत्ति का अतीन्द्रियत्व दोष नहीं है। क्योंकि घट-प्रत्यक्ष-स्थल में भी चक्षुःसंयोग रूप प्रत्यासत्ति अतीन्द्रिय है अतः प्रत्यासत्ति अतीन्द्रिय भी मानी जाती है।

खण्डनकर्ता—ऐसा होने पर "स" इस अंश में प्रत्यभिज्ञा चाक्षुष नहीं सिद्ध होगी।

समर्थनकर्ता—प्रत्यभिज्ञा "स" इस अंश में मानस, तथा "अयम्" इस अंश में चाक्षुष ही है—ऐसा ही मानो, क्या हानि है?

खण्डनकर्ता—तत्ता-विशिष्ट से इदन्ता-विशिष्ट के अभेद में न संस्कार ही है, न सन्निकर्ष ही है। अतः अभेदांऽश का न चाक्षुष प्रत्यक्ष होगा, न मानस प्रत्यक्ष होगा—यह पूर्वोक्त दोष हो जायगा ॥३२॥

समर्थनकर्ता—प्रत्यक्ष में यावत् विषय के साथ इन्द्रिय का सन्निकर्ष कारण नहीं है, किन्तु कहीं २ यत् किञ्चित् विषय के साथ सन्निकर्ष भी कारण है, प्रकृत में 'इदम्' अंश के साथ चक्षुः-सन्निकर्ष है, अतः तत्तांश, अभेद, इदमंश, सब प्रत्यक्ष में भासते हैं, असन्निकृष्ट अंश के भान में संस्कार सहकारी है, अतः संस्कार के अविषय असन्निकृष्ट का भान नहीं होता है।

खण्डनकर्ता—अभेद-अंश में न सन्निकर्ष है, न अतिप्रसङ्ग-कारक संस्कार ही है, अतः अभेद का भान प्रत्यभिज्ञा में नहीं होगा। किञ्च—सर्वत्र निश्चय-रूप प्रत्यभिज्ञा की सामग्री के होने से निश्चय रूप प्रत्यभिज्ञा ही होगी "सोऽयन्नवा"—यह सन्देह रूप प्रत्यभिज्ञा कहीं भी नहीं होगी। क्योंकि सन्देह का प्रयोजक दोष उक्त युक्ति से खण्डित है।

किञ्च—संस्कार के प्रत्यासत्तित्व-पक्ष में अथवा सहकारित्व पक्ष में "तद् अद्राक्षम्" यह स्मृति भी प्रत्यक्ष हो जायगी, क्योंकि "मनःसंयुक्तात्मसंमवेत-संस्कार विषयत्व—रूप

एव स्यात् । मनस आत्मसंयोगसहकृतादात्मार्थसन्निकर्षात् संस्काराज्जायमानायास्तस्या इन्द्रियार्थसन्निकर्षजत्वादेव, मनसाऽऽत्मसंयोगादात्मसमवायेन प्रत्यक्षीक्रियमाणैर्ज्ञानादिभिः स्मर्य्यमाणस्यार्थस्याऽविशेषादिति ॥ ३३ ॥

एतेन तत्तावच्छिन्नप्रतियोगिकान्योन्याभावविरहः स्वरूपाभेदो वाऽयं भातीत्यपि निरस्तम् । अन्योन्याभावव्यतिरेकोऽन्योन्यमेव तत्तेदन्तोपाध्यवच्छिन्नयोः स्यात्, न च तन्मिलितमेकेन सुग्रहम् । एवं स्वरूपाभेदेऽपि तयोर्धर्म्मैक्यं तदनवगाहिना दुरवगममेव ॥ ३४ ॥

संस्कारोपनीते च विषये यदि ज्ञानमनुभवः स्यात्, स्मृतिरपि कुतो नानुभूतिः । अथ न संस्काराधीनत्त्वमात्रेण स्मृतित्वम्, किन्त्वनुभवकारणासम्पृक्तसंस्कारजत्वेन, ततश्चाधिकार्थाक्षसन्निकर्षापेक्षं प्रत्यभिज्ञानमनुभव एव भवति न तु स्मृतिरिति चेन्न । संस्कारासम्पृक्तानुभवकारणजत्वेनानुभवत्वम्भवति, प्रत्यभिज्ञानन्तु संस्कारसहितानुभवकारणजं स्मृतिरेवेति वैपरीत्यं किन्न स्यात् । अन्यत्र न स्मृतिरनुभवकारणसम्पृक्त-

---

प्रत्यासत्ति को मन के साथ स्मर्यमाण पदार्थ के होने से पूर्व उक्त स्मृति भी आप की रीतिसे इन्द्रियजन्य ही है । "जानामि"—इस अनुव्यवसाय में मनोयुक्तात्म-समवाय-सन्निकर्ष से प्रत्यक्षीकृत ज्ञान से स्मृति-विषय तत्ता-विशिष्ट में कोई विशेष नहीं है । और स्मृति-विषय प्रत्यक्ष है नहीं, अतः जानते हैं कि संस्कार-घटित प्रत्यासत्ति नहीं होती है ॥ ३३ ॥

समर्थनकर्ता—तत्ताविशिष्ट का जो भेद, (अन्योन्याभाव) उस भेदका—अभाव रूप अभेद है, अथवा स्वरूप-रूप है, दोनों पक्ष में अभेद इदन्ताविशिष्ट धर्मी का स्वरूप हीं है, अतः इदन्ता-विशिष्ट के ग्राहक-सामग्री से ही उसके ग्रहण होने से प्रत्यभिज्ञा अनुभव ही है ।

खण्डनकर्ता—अन्योन्याभाव का अभाव अन्योन्य रूप है, और तत्ता और इदन्ता इन दोनों उपाधि से युक्त धर्मी ही प्रकृत में अन्योन्य पदार्थ है, वह अन्योन्य केवल संस्कार अथवा इन्द्रिय से गृहीत नहीं हो सकता है, इसी तरह से 'तत्' 'इदं' दोनों के स्वरूप-रूप अभेद भी अन्योन्य रूप ही हैं, अतः अन्योन्य को अविषय करने वाले इन्द्रिय से वह अग्राह्य ही हैं ॥३४॥

किञ्च—संस्कार से जन्य ज्ञान (प्रत्यभिज्ञा) यदि अनुभव है, तो स्मृति भी अनुभव क्यों न हो ।

समर्थनकर्ता—ज्ञान संस्कार—जन्य होने से स्मृति नहीं होता है, किन्तु अनुभव कारण से शून्य संस्कार से जन्य होने से स्मृति होता है, अतः इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष की अपेक्षा से युक्त प्रत्यभिज्ञा अनुभव ही है, स्मृति नहीं है ।

खण्डनकर्ता—ज्ञान संस्कार से रहित अनुभव के कारण से जन्य होने से अनुभव होता है, और प्रत्यभिज्ञा संस्कार से सहित अनुभव सामग्री से जन्य है, अतः स्मृति ही है; ऐसा विपरीत हो क्यों न माने ?

समर्थनकर्ता—स्मृति, प्रत्यभिज्ञा से अन्यत्र अनुभव—कारण से युक्त संस्कार से जन्य नहीं देखी जाती है; और प्रत्याभिज्ञा अनुभव कारण से युक्त संस्कार से जन्य है, अतः स्मृति नहीं है ।

संस्कारजन्मेति तु नान्यत्रानुभवोऽपि संस्कारसम्पृक्तार्थेन्द्रियसंयोगजन्मेति साम्यादेवाबाधकम् ॥ ३५ ॥

तदेवं विनिगमनायां प्रमाणाभावात् स्वयं कल्पितव्यवस्थानवैपरीत्येनाऽपि कल्पनासम्भवात्प्रत्यभिज्ञानमुभयकारणसम्प्लवात् स्मृतिश्चानुभवश्चेति मन्तव्यम्, तथाच स्मृतिव्यावृत्तमनुभवत्वं जातिरस्तीति दुष्प्रत्याशानिरवकाशा। नच विषयांशे स्मृतित्वाऽनुभवत्वयोर्व्यवस्था कर्तुं शक्यते, तन्निरासस्य निवेदितत्वात्। ततश्च तदेव ज्ञानं तस्मिन्नेवांशे स्मृतिश्चानुभूतिश्चेत्यापतितेऽपि यदि न विरोधबुद्धिर्भवतस्तदा तदधीने तत्रैवार्थे प्रमात्वाप्रमात्वापाते साऽस्तु ॥ ३६ ॥

एतेन विरोधापत्त्याऽनुभवत्वस्वीकारे बाधकेन स्मृतिव्यतिरिक्तमनुभवत्वं नामानुगतं साक्षात्कारिज्ञानानुमित्यादिसाधारणमनुभवबलादेव व्यवस्थापनीयमिति प्रतीतिकलहोऽपि निरस्तः। ननु चानुभव एव शरणमिह, प्रत्यभिज्ञाने ह्यनुभवत्वमेवानुभूयते, न तु स्मृतित्वं, तेन संकारजत्वेऽपीन्द्रियार्थसन्निकर्षाधिकापेक्षयाऽनुभवत्वमेवेति विनिग-

---

खण्डनकर्ता—अनुभव भी प्रत्यभिज्ञा से अन्यत्र संस्कार से युक्त अनुभव-सामग्री से जन्य नहीं देखा जाता है, और प्रत्यभिज्ञा संस्कार-युक्त अनुभव सामग्री से जन्य है, अतः अनुभव नहीं है, यह प्रतिवन्दी उत्तर हम भी दे सकते हैं ॥ ३५ ॥

तस्मात् प्रत्यभिज्ञा संस्कारज होने से स्मृति है ? अथवा इन्द्रियज होने से अनुभव है ? वहां एक पक्षमें कोई प्रमाण तो है नहीं, अतः प्रत्यभिज्ञा स्मृति भी है, और अनुभव भी है।

समर्थनकर्ता—केवल संस्कार से जो जन्य हो वह स्मरण है, और प्रत्यभिज्ञा केवल संस्कार से जन्य नहीं है, अतः स्मृति नहीं है।

खण्डनकर्ता—ज्ञान संस्कार से रहित अनुभव-सामग्री से जन्य होने से अनुभव होता है और प्रत्यभिज्ञा संस्कार-सहित अनुभव-सामग्री से जन्य है, अतः अनुभव नहीं है,—यह हम भी कह सकते हैं, ऐसा होने पर स्मृति में न रहने वाली अनुभवत्व-जाति है—यह आशा जाती रही। प्रत्यभिज्ञा तत्ता-अंश में स्मृति और इदन्ता-अंश में अनुभव है, इस व्यवस्था का खण्डन पूर्व हो चुका है। अतः प्रत्यभिज्ञा उसी अंश में स्मृति और उसी अंश में अनुभव है, ऐसा होने पर स्मृतित्व-अनुभवत्व विरुद्ध दो धर्मों का एकत्र सन्निवेश हुआ। ऐसा होने पर भी यदि आप को विरोध-बुद्धि न हो तो प्रत्यभिज्ञा के अनुभव होने से उसमें प्रमात्व, और स्मृति होने से अप्रमात्व इन दो विरुद्ध धर्मों के सन्निवेश में भी विरोध-बुद्धि को छोड़िये ॥ ३६ ॥

समर्थनकर्ता—स्मृति में न रहने वाली प्रत्यक्षादि-चतुष्टय में वृत्ति अनुभवत्व-जाति की सिद्धि "अनुभवामि" इस अनुगत-प्रतीति से होगी।

खण्डनकर्ता—प्रत्यभिज्ञा में विरुद्ध स्मृतित्व और अनुभवत्व दोनों का समावेश है; अतः सङ्कर के होने से अनुभवत्व जाति नहीं है।

समर्थनकर्ता—प्रत्यभिज्ञा में "अनुभवामि"—इत्याकारक प्रतीति होती है, अतः अनुभवत्व में प्रमाण के होने से संस्कारजन्य होने पर भी प्रत्यभिज्ञा में अनुभवत्व ही है, स्मृतित्व नहीं है।

मनायामपीदमेव प्रमाणम्, अन्यथा प्रत्यभिज्ञानेऽनुभवप्रत्ययो न स्यादिति प्रतीतिकलहेन प्रत्यत्रस्थेयमिति । न, इदन्तातत्तावभासयोरनुभवस्मरणभागयोः सत्त्वेनानुभवस्यैकपक्षेऽसाधारणीकृत्य प्रमाणयितुमिहाशक्यत्वात् । एतेन स्मृत्यनुभवसङ्करप्रसङ्गेनानुभूतिपदव्यवच्छेद्यं परिप्लुतं मन्तव्यम् ॥ ३७ ॥

नच वाच्यं प्रत्यभिज्ञानं व्यवच्छेद्यं माभूत्, स्मृत्यन्तरन्तु भविष्यतीति । तस्याऽप्यनुभूतित्वेन भवताऽवश्यं स्वीकर्तव्यत्वात् । तथा हि—घटस्तत्रासीदित्यादिस्मृतौ पूर्वकालविशिष्टो घटः स्फुरति, न चासौ पूर्वमनुभूता भूतता, या संस्कारेणोपनीयेत, प्रत्युत पूर्वं वर्त्तमानताया एवानुभूत्या ग्रहणम्, तस्मादिदानीं पूर्व्वताधीसामग्रीसम्भेदात् सोऽयमिति प्रत्यभिज्ञानवद्विशिष्टावगमोऽप्यसौ स्मृत्यनुभवात्मक एवाभ्युपगन्तव्यः॥३८॥

एतेनानुभवसामग्रीसहितः संस्कारोऽनुभवकारणमिति पक्षे पूर्वं शङ्कित इदमपि दूषणं द्रष्टव्यम् । तथा सति स्मृत्युच्छेदापत्तेः । नच तदस्ति स्मरणं यत्र सा न प्रकाशते ततश्च व्यवच्छेद्यानुपपत्तिः ॥३९॥

'यदपि कैश्चिदुच्यते दोषवशात्प्रमुष्टतत्तांशस्मरणम्भवतीति, तदपि नोपपन्नं तदीयस्मरणत्वे प्रमाणाभावात् । नत्वानुभवसामग्र्यभावात्पारिशेष्येण स्मृतित्वं, इन्द्रिया-

---

खण्डनकर्ता—जैसे इदन्ता-अंश में 'अनुभवामि'—इत्याकारक प्रतीति होती है, वैसे ही तत्ता-अंश में "स्मरामि"—इत्याकारक भी प्रतीति होती है, अतः प्रत्यभिज्ञा में "अनुभवामि" यही प्रतीति होती है--ऐसा नहीं कह सकते हैं । जब प्रत्यभिज्ञा में अनुभवत्व भी है, तो 'तत्त्वानुभूतिः प्रमा' इस लक्षण में अनुभूति विशेषण का व्यावर्तनीय प्रत्यभिज्ञा है—यह कथन खण्डित जानना चाहिये ॥ ३७ ॥

समर्थनकर्ता—उक्त लक्षण में अनुभूति पद का व्यवच्छेद्य प्रत्यभिज्ञा नहीं है, किन्तु शुद्ध स्मृति व्यवच्छेद्य है ।

खण्डनकर्ता—आप शुद्ध स्मृति को भी अनुभव अवश्य मानेंगे। देखिये, "घटस्तत्राऽऽसीत्" इस स्मृति में पूर्वकाल से युक्त घट भासता है, और वह भूतता (तत्ता) पूर्वकाल में अनुभूत नहीं है, अतः संस्कार से उपनीत नहीं हो सकती है, किन्तु पूर्वकाल में वर्त्तमानता ही अनुभूत है, तस्मात् इस काल में भूतता की प्रत्यक्ष सामग्री के मिश्रण होने से "सोयम्" इस प्रत्यभिज्ञा के तुल्य "घटस्तत्राऽऽसीत्" यह भी ज्ञान स्मृति और अनुभव उभय रूप ही मानना चाहिये ॥ ३८ ॥

अनुभव सामग्री से युक्त संस्कार अनुभव का कारण है, इस पूर्व कथन में यह भी दोष जानना चाहिये । क्योंकि ऐसा मानने पर स्मृति का उच्छेद हो जायगा, ऐसा स्मरण नहीं है, जिसमें भूतता (तत्ता) नहीं भासती हो। जब स्मृतिमात्र भूतता-अंश में मानस अनुभव है, तो "तत्त्वानुभूतिः प्रमा" इस लक्षण में अनुभूति पद के व्यवच्छेद्य का उच्छेद जानना चाहिये ॥ ३९ ॥

---

१ यद्यपि 'तत्वानुभूतिः प्रमा' यह लक्षण अन्यथा ख्यातिवादी नैयायिक का है। अतः मीमांसाभिमत अख्यातिवाद के अनुसार उसका पद-कृत्य अयुक्त है । तथापि प्रसङ्ग से अख्याति-वाद के खण्डन के लिये यह कथन है ।

र्थसन्निकर्षव्यावृत्त्या ऽनुभवसामग्र्यभावात्पारिशेष्येणानुमित्यादेरपि स्मृतित्वापत्तेः। सर्वानुभवसामग्र्यसम्भवादिति चेत्। कथं पुनस्तत्तांशशून्यरजतादिज्ञानहेतुसामग्री नानुभवहेतुसामग्रीत्यवधारितमायुष्मता। पञ्चप्रमाणीकारणसामग्र्यसम्भवादिति चेन्न। चतुष्प्रमाणीजनकसामग्र्यसम्भवात्पञ्चमी प्रमा किन्न पारिशेष्यात् स्मरणं त्वया व्यवास्थापि। कुत्र च प्रतिपन्नं पञ्चप्रमाणीकारणसामग्र्यभावे जायमानं ज्ञानं स्मृति र्भवतीति, घटस्तत्रासीदित्यादिज्ञानानामनुभवत्त्वोपन्यासस्य कृतत्वात् ॥४०॥

अथ मन्यसे प्रत्यक्षादिकारणसामग्र्यनुपपत्त्या रजतमात्रस्य च पूर्वमनुभूतत्त्वेन तद्विषयसंस्कारसम्भवात्संस्कारस्यैव हेतुताऽङ्गीक्रियते नं त्वन्यत्कारणत्वेन कल्प्यते, इन्द्रियार्थसन्निकर्षाद्यसम्भवे जायमानस्य तु अनुमानादेरननुभूतविषयत्वेन तस्मान्नोत्पत्ति-

---

(अथ अख्यातिवादखण्डन)

समर्थन—"इदं रजतम्" इस स्थल में दो ज्ञान हैं, "इदम्" यह अंश तो प्रत्यक्ष है, और "रजतम्" यह अंश स्मरण है, यद्यपि दोनों ज्ञानों में परस्पर भेद है, परन्तु दोष से भेद का अग्रह है, तथा यद्यपि अन्यत्र तत्ता से युक्त का ही स्मरण होता है, परन्तु प्रकृत में सादृश्य आदि दोष से तत्ता-अंश का प्रमोष (त्याग) है—यहां "रजतम्" यह शुद्धस्मृति उक्त लक्षण में अनुभूति पद की व्यवच्छेद्या है।

खण्डन—यहां "रजतम्" यह अंश स्मृति है—इसमें कोई प्रमाण नहीं है।

समर्थन—अनुभव की सामग्री नहीं है, अतः परिशेष से स्मृति है।

खण्डन—यदि ऐसा है तो इन्द्रियार्थ के सन्निकर्ष की व्यावृत्ति होने से अनुमिति आदि के भी परिशेष-होने से स्मृति हो जायगी।

समर्थन—सम्पूर्ण अनुभव की सामग्री के अभाव-होने से "रजतम्" यह ज्ञान स्मृति है, और अनुमिति में इन्द्रिय तथा अर्थ-सन्निकर्षरूप प्रत्यक्ष-सामग्री के न होने पर भी परामर्श आदि अनुभव की सामग्री विद्यमान है, अतः स्मृति नहीं है।

खण्डन—तत्तांश से रहित रजत के ज्ञान का हेतु (सामग्री) अनुभव सामग्री नहीं है, यह निश्चय आपने कैसे किया ?

समर्थन—प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति, इन पांच प्रमाणों की सामग्रियों के न होने से "रजतम्" इस स्मृति-स्थल में अनुभव सामग्री नहीं है यह निश्चय किया है।

खण्डन—आप चार प्रमाणों की सामग्री के अभाव से पञ्चमी प्रमा (अर्थापत्ति) को भी स्मृति क्यों न मानें ? और आपने किस उदाहरण में यह निश्चय किया है, कि पांचो प्रमाणों की सामग्री के अभावस्थल में जायमान ज्ञान स्मृति होती है ? क्योंकि "घटस्तत्रासीत्" यह ज्ञान भी तत्तांश में स्मरण नहीं है, किन्तु अनुभव है—यह कह चुका हूँ ॥४०॥

समर्थन—प्रत्यक्षादि-सामग्री के अभावस्थल में रजत-मात्र को पहिले से अनुभूत होने से रजत-विषयक संस्कार है, अतः "रजतम्" इस ज्ञान में संस्कार को ही कारण मानते हैं, अन्य किसी को कारण नहीं मानते हैं। और इन्द्रिय अर्थ के सन्निकर्ष आदि के अभाव में जायमान अनुमिति आदि का विषय अनुभूत नहीं है, अतः वे संस्कार के अभाव के होने से उससे उत्पन्न नहीं हो सकते हैं। अतः उनके कारण लिङ्गादि माने जाते हैं, तस्मात्

सम्भव इति तत्कारणं लिङ्गादिकमङ्गीक्रियते ततः प्रमाणान्तरासहकृतसंस्कारजत्वं तद्व्यङ्ग्यो वा जातिविशेष एव स्मृतित्वमिति ॥४१॥

मैवम् । तत्र कारणत्वं किमिति नाक्षस्यैव, येन संस्कारजत्वं व्यवस्थाप्यते । तेनार्थेन सह तदाऽक्षस्य सन्निकर्षाभावादसन्निकृष्टस्य च तस्य ज्ञानजनकत्वेऽतिप्रसङ्गात् नेन्द्रियजत्वं तस्येति चेन्न । संस्कारस्यापि केवलस्य तज्जननेऽतिप्रसङ्गतादवस्थ्यात् । सहचरितधर्मदर्शनादिना सहकारिणा युक्तस्य संस्कारस्य तज्जनने नास्त्यतिप्रसङ्ग इति चेन्न । तेनैव सहकारिणा सहितस्येन्द्रियस्यापि तज्जननेऽतिप्रसङ्गाभावात् । अननुभूतेऽपि तर्हि प्रसङ्ग इति चेन्न । तत्रापि तद्धर्मतानधिगततद्धर्मवत्यधिगते तस्य संस्कार-

---

अन्य प्रमाणों से असहकृत संस्कार से जायमान ज्ञानत्व, अथवा संस्कार से व्यंग्य जातिविशेष को स्मृतित्व कहते हैं ॥४१॥

खण्डन—"रजतम्" इस ज्ञान को संस्कार से जायमान क्यों माना जाय ? इन्द्रिय से जायमान ही क्यों न माना जाय ।

समर्थन—उस काल में रजत के साथ इन्द्रिय के सन्निकर्ष के न होने से "रजतम्" यह ज्ञान इन्द्रिय से जायमान नहीं है । क्योंकि यदि ज्ञान संन्निकर्ष के विना भी इन्द्रिय से जायमान मानाजाय तो अतिप्रसङ्ग हो जायगा ।

खण्डन—यदि केवल संस्कार को भी कारण मानें तो सादृश्य-दर्शनादि के अभाव-काल में केवल संस्कार से भी स्मृति का प्रसङ्ग (आपत्ति) आपके मत में भी हो जायगा ।

समर्थन—सहचरित = सदृशधर्म (चाकचिक्य आदि) सहकारी हैं, उनसे युक्त संस्कार रजत-स्मृति का कारण है । इससे अतिप्रसङ्ग दोष नहीं है ।

खण्डन—सहचरित (चाकचिक्य आदि) सहकारी दोष से युक्त ही इन्द्रिय हमारे मत में भी रजतभ्रम का कारण है । अतः कोई अतिप्रसङ्ग नहीं होगा ।

प्रश्न—इन्द्रिय दूर एवं व्यवहित के ग्रहण में संस्कार की अपेक्षा करते हैं वा नहीं ? यदि करते हैं तो संस्कारज होने से रजत का ज्ञान स्मृति ही है, यदि नहीं तो संस्कार द्वारा पूर्व अनुभव की अपेक्षा तो है नहीं, फिर अनुभूत में भी "रजतम्" यह भ्रम क्यों न हो ?

खण्डन—आपके मत में भी केवल रजत-विषयक-संस्कार से ही स्मृति होती है, अथवा रजत-विषयक-संस्कार और सादृश्य-विषयक-संस्कार दोनों संस्कारों से ? यदि दोनों संस्कारों की अपेक्षा है, तो उभय-विषयक स्मृति होनी चाहिये । और यदि प्रथम पक्ष है, तो जहाँ सादृश्य आदि धर्म का पूर्व अनुभव नहीं है केवल धर्मी मात्र का पूर्वकाल में ज्ञान है, वहाँ भी रजत-विषयक-संस्कार से रजत की स्मृति क्यों न हो यह दोष समान है । तथा जहाँ साधारण धर्म (चाकचिक्यादि) से युक्त रजत का पूर्व अनुभव हो चुका है, और इदानीं चाकचिक्यादि रूप से रजत के सादृश्य का प्रत्यक्ष है, वहाँ संस्कार से रजत का स्मरण होता है, यही समाधान आपके पक्ष में भी है, अतः वह समाधान हमारे मत में भी तुल्य ही है । अर्थात् हम भी कह सकते हैं कि "रजत-प्रतियोगिक-सादृश्य के ज्ञान से युक्त चक्षुरादि" भ्रम के कारण हैं, अतः उक्त स्थल में दोष नहीं है ।

समर्थन-कर्त्ता—जहां रजत-संस्कार अथवा सादृश्य-संस्कार नष्ट हो गया है, वहां रजत-भ्रम क्यों न हो ।

वतः स्मृत्यापत्त्या समाधिसाम्यात् । लुप्ततत्साहचर्य्यदर्शनजसंकारस्याऽपि तथासति सहचरितरजताद्यक्षजप्रतीतिप्रसङ्ग इति चेन्न । तवापि मते तादृशस्य रजतादिसंस्कारवतो रजतादिस्मृतिप्रसङ्गसाम्यात् ।

तस्माद्यतस्ते कालव्यवधानादितः संस्कारलोपः तदनुपनिपातस्यापि हेतुलोपगमेऽनतिप्रसङ्गात् ।

तदेवं—

तत्सदृक्प्रत्यभिज्ञानं यत्ते संस्कारबोधकम् ।
सहकारि तदेवास्तामक्षस्यातिप्रसक्तिनुत् ॥२८॥

तत्सदृशप्रत्यभिज्ञानन्तु स्मर्त्तव्यस्मरणपूर्वकमित्येतदपि सममेव ॥४२॥

तथाऽप्यन्यत्रार्थसन्निकर्षमन्तरेणेन्द्रियस्य ज्ञानकरणत्वं नोपलब्धचरमिति चेन्न । विशिष्टरूपेण भ्रमविषये मया तदुपगमात् सहकारिभूतदोषशक्तेर्वा प्रत्यासत्तित्वेनेष्टत्वात् ।

खण्डन-कर्त्ता—आपके मत में भी सादृश्य-संस्कार का उपयोग रजत-स्मृति में तो है नहीं, फिर जहां सादृश्य-संस्कार नष्ट हो गया है, केवल रजत संस्कार है, वहां भी रजत की स्मृति क्यों न हो—यह शंका तुल्य है, यदि आप कहें कि सादृश्य संस्कार तो रजत स्मृति में कारण नहीं है, परन्तु संस्कार का विलोपक जो काल-व्यवधान, चिन्ता, रोगादि-हेतु हैं, उनके अभाव सहकारी हैं, और सादृश्य के संस्कार के नाश-स्थल में काल-व्यवधानादि का अभाव रूप सहकारी नहीं हैं, अतः स्मृति नहीं होती है, तो हम भी कहेंगे, कि रजत-संस्कार रजत-भ्रमका कारण तो नहीं है, परन्तु जहां रजत-संस्कार नष्ट हो गया है, वहाँ रजत-भ्रम नहीं होता है, क्योंकि काल-व्यवधानादि के अभाव भी रजत-भ्रम का सहकारी है, और प्रकृत में इनके अभाव हैं, तस्मात् आपके मत में जो सादृश्य-दर्शनादि संस्कार के उद्बोधक हैं, हमारे मत में वे ही इन्द्रिय के सहकारी हैं, अतः कोई अतिप्रसङ्ग नहीं है ।

जिस सादृश्य-ज्ञान को उद्बोधक संस्कार;
मानों तुम इन्द्रियन का, वह करता सहकार ॥ २८ ॥

समर्थन—आपके मत में रजत-भ्रम में इन्द्रिय का सादृश्य-ज्ञान सहकारी है, वह सादृश्य-ज्ञान रजत-रूप-प्रतियोगी के स्मरण के विना हो नहीं सकता है । अतः आवश्यक होने से रजत की स्मृति को ही भ्रम मानना चाहिये, रजत-विषयक-अन्य अनुभव को भ्रम मानना उचित नहीं है ।

खण्डन—आपके मत में भी संस्कार के उद्बोधक जो सादृश्य-ज्ञान उससे प्रतियोगित्व-रूप से अपेक्षित रजत-स्मृति तो भ्रम है नहीं, किन्तु संस्कार के उद्बोधन के अनन्तर जायमान रजत-स्मृति ही भ्रम है, अतः प्रश्न हो सकता है कि प्रथम जात होने से सादृश्य-ज्ञान से अपेक्षित रजत-स्मृति ही भ्रम क्यों न कहावे ? ॥ ४२ ॥

समर्थन—तथापि इन्द्रिय-जन्य-स्थल में सन्निकर्ष के विना ज्ञान के कारण नहीं देखे गये हैं । अर्थात् अक्षज-प्रत्यक्ष-ज्ञान में सर्वत्र सन्निकर्ष से अन्वय व्यतिरेक देखे जाते हैं, फिर प्रकृत में "रजतम्" यह भ्रम सन्निकर्ष के बिना कैसे होगा ?

खण्डन—प्रमा में सन्निकर्ष के साथ अन्वय व्यतिरेक होने से उसकी अपेक्षा आवश्यक है, और भ्रमस्थल में सन्निकर्ष की अपेक्षा आवश्यक नहीं है, यह हम विशेष रूपसे

किञ्च संस्कारस्याऽपि प्रमाणान्तरासहकृतस्य नान्यत्र ज्ञानजनकत्वं दृष्टमिति तदपि कथं कल्प्यते । प्रत्यभिज्ञान एव संस्कारस्य सदृशदर्शनादिसहकारित्वं कल्पितं नत्विन्द्रियस्येति चेन्न । प्रत्यभिज्ञाने संस्कारेन्द्रिययोर्द्वयोरपि कारणत्वात् सदृशदर्शनादिसहकृतत्वदर्शनाविशेषात् ॥४३॥

अत्र सदृशदर्शनसहकारित्वे संस्कारसहकारित्वस्यापि प्रसङ्गः प्रत्यभिज्ञानवदिति चेन्न । तथा सति तद्वदेव तत्तोल्लेखापत्तेः । सदृशदर्शनादिसहकृतत्वेन च तत्तांशप्रसञ्जने संस्कारजत्वस्योपाधित्वम् । नच सदृशदर्शनसहकारितैव तत्ताप्रयोजिकाऽत्र त्यज्यतां न संस्कार इति युक्तम् । सदृशदर्शनं परित्यज्य संस्कारे सत्यप्यतथाबोधात् ॥४४॥

तथापि सदर्थे प्राप्यकारित्वमिन्द्रियस्य दृष्टं न हातुं शक्यमिति चेन्न । उक्तमत्र यथेन्द्रियस्य प्राप्तिसहकृतस्य ज्ञापकत्वं दृष्टं तथैव संस्कारस्यापि प्रमाणान्तरसहकृतस्य

कह सकते हैं । अथवा जैसे आप प्रत्यभिज्ञा में संस्कार को सन्निकर्ष मानते हैं; वैसे ही हम भी भ्रम-स्थल में दोष को ही सन्निकर्ष मानेंगे, हानि क्या है । किञ्च—संस्कार भी अन्य प्रमाणों से रहित अन्य स्थल में ज्ञानका जनक नहीं देखा गया है, अतः केवल संस्कार यहां रजत-स्मृति का जनक है—यह कल्पना कैसे हो सकती है ?

समर्थन—प्रत्यभिज्ञा ही में संस्कार, इन्द्रियादि (प्रत्यक्षादि—प्रमाणों) से रहित सादृश्यदर्शन के सहकार से ज्ञान का जनक देखा गया है ।

खण्डन—प्रत्यभिज्ञा में संस्कार और इन्द्रिय दोनों कारण हैं । सादृश्य-दर्शन दोनों का ही सहकारी है । भेद यह है कि तत्तांश के ज्ञान में संस्कार और इदन्ता के ज्ञान में इन्द्रिय कारण हैं, और संस्कार तो 'स्व' के उद्बोधन में और इन्द्रिय अभेद बोध में सादृश्य-दर्शन के सहकार की अपेक्षा करता है ॥ ४३ ॥

समर्थन—यदि इन्द्रिय "रजतम्" इस भ्रम-ज्ञान में सादृश्य-दर्शन रूप सहकारी की अपेक्षा करता है तो उससे उद्बुद्ध संस्कार की भी अपेक्षा अवश्य करेगा, जैसे प्रत्यभिज्ञा में इन्द्रियाँ संस्कार की अपेक्षा करती हैं ।

खण्डन—यदि प्रत्यभिज्ञा के तुल्य "रजतम्" इस भ्रम में भी संस्कार की अपेक्षा मानें तो प्रत्यभिज्ञा के तुल्य "रजतम्" इस स्मृति में भी तत्ता का उल्लेख हो जायगा ।

शंका—सदृश-दर्शन-रूप सहकारी के बल से "रजतम्" इस भ्रम में तत्ता का उल्लेख क्यों नहीं ?

खण्डन—सदृश-दर्शन-निष्ठ तत्ता के उल्लेख की—कारणता में संस्कार निमित्त है यहाँ संस्कार नहीं है, अतः तत्ता का उल्लेख नहीं होता है ।

शंका—सदृश-दर्शन ही तत्ता-भाग के भान का प्रयोजक है, अतः उसीके सहकार को "रजतम्" इस भान में छोड़ो, संस्कार के सहकार को क्यों छोड़ते हो ।

खण्डन—संस्कार के होने पर भी सदृश-दर्शन के अभाव में "रजतम्" यह भ्रम नहीं होता है । अतः सदृश-दर्शन को ही चक्षुरादि का सहकारी मानते हैं, संस्कार को नहीं, अन्यथा तत्ता का भान हो जायगा ॥ ४४ ॥

समर्थन—तथापि सत्—अर्थ की प्रमा में सर्वत्र इन्द्रियाँ सम्बद्ध को ही ग्रहण करते देखी गयी हैं, अतः उसको छोड़ना उचित नहीं है ।

ज्ञापकत्वमुपलब्धमिति तदपि हातुं न युक्तमिति, संस्कारस्यापि चेन्द्रियप्रत्यासत्तित्वस्वीकारेण तद्विरहासिद्धेः ॥४५॥

तत्तांशमोषकल्पनञ्च स्वतन्त्रसंस्कारजत्वपक्ष एव यावदधिकम् । कुतश्चायं तत्तांशमोष इति विचारमधिकरोति, पूर्वं वर्त्तमानादिकालविशेषविशिष्टस्य रजतादेरेकस्मिन्ननुभवे प्रकाशिततया तज्जन्येन संस्कारेणापि तथैवोपनेतुमुचितत्वात् प्रत्यभिज्ञायां तथैव फलदर्शनात् । दोषवशात्तत्तांशमोष इतिचेन्न । विषयसम्बन्धस्य स्वभावत्वेन संस्कारे तदलोपात् । दोषात्स्मृतौ तथेति चेत् कः पुनरसौ दोषः । यस्माद्भ्रान्त्युत्पत्तिः परेषामिति चेत्तर्हि तद्रजताविशिष्टमिदं रजतमित्यत्र, सैव रजतव्यक्तिरियमित्यत्र वा, पुनस्त-

खण्डन—इस विषय में हम कह चुके हैं; कि जैसे इन्द्रिय, सन्निकर्ष से विशिष्ट ही ज्ञान के जनक देखे गये हैं, ऐसे ही संस्कार भी अन्य प्रमाण से युक्त ही ज्ञान का जनक देखा गया है, अतः अन्य प्रमाण का सहकार भी संस्कार में त्यागने योग्य नहीं है । किञ्च–संस्कार ही प्रत्यासत्ति है अतः असन्निकृष्ट रजत नहीं है । अर्थात् "रजतम्" यह ज्ञान मानस भ्रम है, और मन के साथ रजत का संस्कार ही सम्बन्ध है ॥४५॥

तथा जो "रजतम्" इस ज्ञान को अक्षज (इन्द्रियोत्पन्न) मानते हैं, उनके मत में तत्ता–अंश के भान का प्रसङ्ग ही नहीं है । परन्तु जो स्मृति मानते हैं, उनके मत में तत्ता–अंश के मोष की (त्याग की) कल्पना में अधिक गौरव है, तथा यह भी विचारणीय है, कि तत्ता–अंश का मोष (त्याग) होगा कैसे ? पूर्व–काल में वर्तमान काल से विशिष्ट ही रजतादि अनुभव का विषय हुआ है, अतः उससे जन्य संस्कार भी वर्तमानता–विशिष्ट रजत को ही उपनीत (उपस्थित) करेगा, अर्थात् अनुभव में जो वर्तमान काल विशेषण–रूप से भासता है, वह वर्तमान–काल ही स्मरण में तत्ता–रूप से भासता है, अतः जब अनुभव में विशेषण से विशिष्ट भासता है, तब स्मरण में विशेषण से रहित भासता है, यह कैसे हो सकता है । प्रत्यभिज्ञा में स्मरण–अंश में अनुभव के अनुकूल विशिष्ट का भान ही देखा भी गया है ।

समर्थन—दोष के बल से "रजतम्" इस स्मरण में तत्तांश का मोष (त्याग) होगा ?

खण्डन—तत्तारूप–विषय के साथ संस्कार का स्वभाव ही सम्बन्ध है, और दोष से संस्कार का लोप हो नहीं सकता है, अन्यथा "रजतम्" यह स्मरण ही कैसे होगा, अतः दोष अकिञ्चित्कर है ।

समर्थन—दोष संस्कार का नाश नहीं करता है, किन्तु तत्ता–अंश में स्मृति रूप कार्य का प्रतिबन्धक होता है ।

खण्डन—दोष क्या वस्तु है, अर्थात् पूर्व–उक्त युक्तियों से खण्डित होने से दोष कोई वस्तु ही नहीं है ।

समर्थन—पर (अन्यथाख्याति वादी) को जिस पित्त आदि के बल से भ्रम होता है, वह पित्तादि दोष हैं ।

खण्डन—यदि दोष से तत्तांश का मोष (त्याग) होता है, तो जिस स्थल में शुक्ति में उस रजत से अविशिष्ट (सदृश) यह रजत है—ऐसी प्रत्यभिज्ञा होती है उस भ्रम में तथा "वही रजत व्यक्ति यह है" इस प्रत्यभिज्ञा–भ्रम में तथा वही रजत फिर उपस्थित हुआ इस प्रत्यभिज्ञा-रूप भ्रम में भी जहां सामान्यतः तद्–शब्द से रजत का परामर्श है, वहां तत्तांश का मोष

देव रजतमुपस्थितमितीह वा, सामान्यत एव रजतस्य तदाऽपि परामृष्टस्य भ्रान्तौ तत्तांशमोषः स्यात् दोषस्य विद्यमानत्वात्। अन्यथा इदं रजतमित्यंशेऽपि तस्मिन् ज्ञाने तत्तांशमोषो न स्यादित्यास्तामियं प्रसक्तानुप्रसक्तिः।४६॥

नच प्रत्यभिज्ञा नाम स्मरणानुभवाभ्यामन्य एव प्रकार इति वाच्यम्। अननुभवत्वेनाप्रमात्वापातात्। नचैवमस्त्वित्यपि वाच्यम्। अक्षणिकत्ववादिना स्थिरसिद्धौ प्रमाणत्वेनोपन्यस्तत्वात्। ईदृशप्रसिद्धलक्ष्यत्यागेन च लक्षणोपपादनेऽनियमः प्रसज्येतेति।

तस्माज्जातिवाचिनोऽनुभवपदस्य स्मृतितो व्यवच्छेदार्थमुपादानमिति सर्वथानुपपन्नमिति।४७॥

नापि स्मृत्यन्यत्वमनुभवार्थः, नापि स्मृतिलक्षणरहितत्वम्, उक्तक्रमेण स्मृत्यनुभूतिसङ्करस्य दर्शितत्वेन व्यवच्छेदकत्वानुपपत्तेः।

इतोऽपि न स्मृत्यन्यत्वमनुभवार्थः तथाहि—स्मृत्यन्यत्वं यत्किञ्चित्स्मरणान्यत्वं वा ?–१ सर्वस्मृतिव्यक्त्यन्यता वा ?–२ स्मृतित्वरहित्वं वा ?–३ अभिप्रेतम्।४८॥

होना चाहिए, क्योंकि दोष यहां भी है, अन्यथा यदि यहाँ दोष को न मानें तो इसी प्रत्यभिज्ञा रूप भ्रम के "इदं रजतम्" इस अंश में तत्तांश का मोष कैसे होगा—यह प्रमा-लक्षण के खण्डन में प्रसक्त जो प्रत्यभिज्ञा का खण्डन उसमें अनुप्रसक्त तत्तांश-मोष का खण्डन रहे॥४६॥

समर्थन—प्रत्यभिज्ञा स्मृति तथा अनुभव से विलक्षण प्रकार है, अतः प्रमा-लक्षण में अनुभूति पद का व्यवच्छेद्य हो सकता है।

खण्डन—प्रत्यभिज्ञा को अनुभव न मानें तो अप्रमा हो जायगी।

शंका—प्रत्यभिज्ञा, अप्रमा ही रहे हानि क्या है ?

खण्डन—यदि प्रत्यभिज्ञा को प्रमाण न मानें तो अक्षणिक-(स्थिर-पदार्थ) वादी नैयायिकों ने जो स्थिर-सिद्धि में "तदेवेदम्" इस प्रत्यभिज्ञा को प्रमाण दिया है, उसका व्याघात हो जायगा ? किञ्चित् प्रत्यभिज्ञा प्रमा-लक्षण का प्रसिद्ध लक्ष्य है, अतः आपसे कल्पित 'तत्वानुभूतिः प्रमा' इस लक्षण की अव्याप्ति के भय से यह कहना कि प्रत्यभिज्ञा प्रमा का लक्ष्य नहीं है—यह अनुचित है, क्योंकि ऐसा करने से व्यवस्था हो नहीं सकेगी, जब युक्ति से स्मृतिमात्र अनुभव सिद्ध हो चुका है, तब यह कहना कि 'तत्वानुभूतिः' प्रमा इस लक्षण में स्मृति के व्यवच्छेद के अर्थ जातिवाची अनुभूति पद का निवेश है, सर्वथा अनुपपन्न है॥४१॥

॥ इति अनुभवत्वजातिखण्डनम् ॥

॥ अथ स्मृति-भिन्न-परत्व खण्डनम् ॥

स्मृति से अन्य ज्ञान अथवा स्मृति का जो लक्षण (संस्कारजत्व) उससे रहित ज्ञान भी अनुभव-पद का अर्थ नहीं है, क्योंकि उक्त प्रकार से स्मृति और अनुभव के साङ्कर्य-होने से अर्थात् ज्ञान मात्र के अनुभव होने से अनुभव पद का व्यवच्छेद्य नहीं है। इस दोष से भी स्मृति से अन्य अनुभव पद का अर्थ नहीं है। देखिये—स्मृति से अन्य इस वाक्य का एक दो स्मृति से अन्य अर्थ मानते हैं ? अथवा सब स्मृति से अन्य अर्थ मानते हैं ? अथवा स्मृतित्व—रहितत्व अर्थ मानते हैं ?॥४८॥

प्रथमे तु स्मृत्यन्तरव्यतिरेकात् स्मृत्यन्तरमप्यनुभूतिः स्यात् । न हि यतो व्यतिरिक्ता स्मरणव्यक्त्यन्तरादेका स्मृतिव्यक्तिस्तत् स्मरणमेव न भवति येन तदन्यत्वं न स्मृत्यन्यत्वं स्यात् । ४६ ॥

नापि द्वितीयः मदीयादिस्मृतिव्यक्तिभ्यो हि भवता कथङ्कारं व्यतिरिक्तत्वमवधारणीयं प्रमायाः, तासां सर्व्वासां भवता प्रत्येतुमशक्यत्वात् । तथा हि—न तावत्परकीयज्ञाने परस्यास्मादृशोऽध्यक्षसम्भवः, नाप्यनुमानार्थापत्ती, लिङ्गानुपपद्यमानयोः सर्व्वत्रार्व्वाग्दृशा प्रत्येतुमशक्यत्वात् । नापि शब्दः सर्वत्र तस्यासम्भवात्, उपमानाद्यसम्भवोऽपि स्फुट एव । ततः कथं सर्व्वाभ्यः स्मृतिव्यक्तिभ्यो व्यतिरेको निरूप्यः प्रमाया इत्यनवबोधादसिद्धिर्लक्षणस्य । नच वाच्यं स्मृतित्वेन सर्वाः स्मृतिव्यक्तयः सर्व्वकालसर्वपुरुषसम्बन्धिन्यः स्वात्मीयां स्मृतिव्यक्तिं प्रत्यक्षयता प्रत्यक्षादेवावगम्यन्ते सामान्यलक्षणयेन्द्रियप्रत्यासत्त्या व्याप्तिग्रहणकाल इव व्याप्यव्यापकव्यक्तय इति, दृष्टान्तदार्ष्टान्तिकयो र्दोषग्रस्तत्वात् । तथा सति ह्येकं प्रमेयं प्रत्यक्षयतः प्रमेयत्व-

---

यदि एक दो स्मृति से अन्य अर्थ है तो एक स्मृति से द्वितीयस्मृति को अन्य होने से द्वितीय स्मृति भी अनुभूति हो जायगी, क्योंकि जिस स्मृति से व्यतिरिक्त (अन्य) द्वितीय स्मृति है वह स्मृति ही नहीं है । यह बात नहीं है, जिस से उस अन्यत्व स्मृति से अन्यत्व ही नहीं है ॥४६॥

सर्व स्मृतियों से अन्यत्व स्मृति से अन्यत्व है, यह द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है, क्योंकि मेरी स्मृति से अन्यत्व प्रमा में है, इसका निश्चय आप कैसे करेंगे । हम लोगों के सदृश अर्थात् योगबल से रहित अन्य मनुष्यों को अन्य पुरुष के ज्ञान का प्रत्यक्ष तो हो नहीं सकता है । तथा अनुमान अथवा अर्थापत्ति से भी बाह्यदर्शी को सर्वत्र हेतु वा अनुपपद्यमान ज्ञान के न होने से सर्व अन्य स्मृतियों से भेद प्रमा में गृहीत नहीं हो सकता है, सर्वत्र शब्द के न होने से शब्द का भी संभव नहीं है । उपमान आदि से भी अन्य स्मृतियों से अन्यत्व प्रमा में निश्चित नहीं हो सकता क्योंकि उपमान से संज्ञा-संज्ञि-भाव-मात्र का निश्चय होता है । और यहां पर संज्ञा-संज्ञि-भाव है नहीं इस अवस्था में सम्पूर्ण स्मृतियों से भेद प्रमा में कैसे जाना जाय । इस रीति से ज्ञान के न होने से लक्षण असिद्ध ही है ।

समर्थन—स्वीय स्मृति के मानस प्रत्यक्षकाल में सामान्यलक्षणाप्रत्यासत्ति से सब काल पुरुष संबन्धि सर्व स्मृतियों का ज्ञान हो सकता है, जैसे व्याप्ति ग्रहकाल में सामान्य लक्षणा के बल से सकल व्याप्य व्यापक व्यक्ति का ज्ञान होता है ।

खण्डन—दृष्टान्त-दार्ष्टान्तिक दोनों स्थलों में सम्पूर्ण व्यक्तियों का ज्ञान सामान्य लक्षणा से हो नहीं सकता है, क्योंकि सामान्य लक्षणा में दोष होने से प्रत्यासत्ति ही नहीं है । अन्यथा (यदि सामान्यलक्षणा को प्रत्यासत्ति मानें तो) एक प्रमेय के प्रत्यक्षकाल में प्रमेयत्व से सकल प्रमेय का प्रत्यक्ष होजायगा ।

समर्थन—प्रमेयत्व से सकल प्रमेय का प्रत्यक्ष होता ही है, ऐसे ही क्यों न मान लिया जाय ।

सामान्यप्रत्यासत्त्या विश्वमेव प्रत्यक्षं स्यात्। एवमभ्युपगच्छतश्च श्रद्दधीमहि ते सार्वज्ञ्य-मिदं, यदि जानासि किमस्मच्चेतसि विपरिवर्तत इति। ५०॥

नापि तृतीयः—स्मृतित्वरहितत्वं हि स्मृतित्वाभाववत्त्वं वा स्यात्?–१ स्मृतित्व-प्रतियोगिकमाश्रयस्य स्वरूपं वा?–२ तज्ज्ञानं वा?–३। ५१॥

न तावदाद्यः तथा हि—स्मृतित्वान्योन्याभावोऽपि स्मृतित्वाभावो भवत्येव तद्व-त्त्वञ्च स्मृतिष्वप्यस्ति। (न हि स्मृतित्वमेव स्मृतिः) ततश्च स्मृतेरपि प्रमात्वापातः। तद्व्यवच्छेदाद्विशेषणवैयर्थ्यञ्च, विना विशेष्यमिच्छादावतिप्रसङ्गात्। ५२॥

स्मृतित्वस्य संसर्गाभावस्तत्र विवक्षित इति चेन्न। तथा हि—स्मृतित्वस्य संसर्गा-भाव इति किमुच्यते, किं स्मृतित्वविशिष्टस्य संसर्गस्याऽभावः, उत संसर्गविशिष्टस्य स्मृतित्वस्य, अथान्यदेव वा किञ्चिदनया वाचोयुक्त्या विवक्षितम्। आद्ये स्मृतित्व-संसर्गान्योन्याभावः स्मृतावस्तीति स एव प्रसङ्गः, न हि स्मृतित्वसंसर्गः स्मृतिः। अत-

---

खण्डन—ऐसा मानने पर सब मनुष्य सर्वज्ञ हो जायँगे। यदि आप कहें कि सब मनुष्य सर्वज्ञ हो ही जाते हैं, तो आप के वाक्य को तभी मान सकते हैं, अगर आप जान लेते कि हमारे चित्त में क्या है॥५०॥

यदि कहो कि स्मृतित्व रहितत्व ही स्मृति से अन्यत्व है, तो यह तीसरा पक्ष भी उचित नहीं, क्योंकि स्मृतित्व-रहितत्व क्या वस्तु है, क्या स्मृतित्व का अभाव है? १ या स्मृतित्वप्रतियोगिक-अधिकरणस्वरूप है? २ (अर्थात् स्मृतित्व है प्रतियोगी जिसका ऐसा जो अधिकरण उसका स्वरूप है) या स्मृतित्वप्रतियोगिक अधिकरण ज्ञान है। ३। ५१।

इन पक्षों में स्मृतित्व का अभाव स्मृतित्वरहितत्व है, यह प्रथम पक्ष उचित नहीं है; क्योंकि स्मृतित्व का अन्योन्याभाव भी स्मृतित्वाभाव ही है और स्मृतित्व का अन्योन्याभाव स्मृति में भी है इस से स्मृति भी अनुभूति हो जायगी, अतः अनुभूति पद से स्मृति के व्यवच्छेद न होने से अनुभूति पद का निवेश व्यर्थ हो जायगा और यदि अनुभूति का निवेश न करें तो इच्छादि में अतिव्याप्ति हो जायगी॥५२॥

समर्थन—यहां स्मृतित्वाभाव से स्मृतित्व के संसर्गाभाव का ग्रहण है।

खण्डन—यह तुम नहीं कह सकते; क्योंकि स्मृतित्व का संसर्गाभाव क्या स्मृतित्व-विशिष्टसंसर्गाभाव है, या संसर्गविशिष्ट स्मृतित्वाभाव है, या इस वाक्य-रचना से और ही कुछ लेते हो। यदि स्मृतित्व का संसर्गाभाव अभिप्रेत है, तो स्मृतित्व-संसर्ग का अन्योन्याभाव भी स्मृति में है, अतः स्मृति में प्रमालक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, क्योंकि स्मृतित्वसंसर्ग स्मृति नहीं है। इसीसे द्वितीयपक्ष भी युक्त नहीं है; क्योंकि संसर्गविशिष्ट स्मृतित्वव्यक्ति भी स्मृति नहीं है। अतः संसर्गविशिष्ट स्मृतित्व के साथ स्मृतिव्यक्ति के अन्योन्याभाव का ग्रहण कर स्मृति व्यक्ति में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—स्मृतित्व संसर्ग का संसर्गाभाव ही स्मृतित्व रहितत्व है, और स्मृतित्व संसर्ग का संसर्गाभाव स्मृतिव्यक्ति में नहीं है, क्योंकि स्मृति में स्मृतित्व-संसर्ग ही है। अतः स्मृति में अनुभूति लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—स्मृतित्व-संसर्ग का संसर्गाभाव इस शब्द से भी यदि संसर्ग का अभाव ही

एव न द्वितीयोऽपि, न हि संसर्गविशिष्टं यत्स्मृतित्वं तदेव स्मृतिव्यक्तिः, ततश्च संसर्ग-विशिष्टस्मृतित्वेन सह स्मृतिव्यक्तेरन्योन्याभावमादायोक्तदोषानिवृत्तिः। एवं तत्र तत्रापि संसर्गविशेषणप्रक्षेपे दोषानिवृत्तिरेव। अनवस्थायां वा पर्य्यवसानं विशेषणप्रक्षेपपरम्परायाः ।५३॥

नच वाच्यं स्मृतित्वसंसर्गस्य न संसर्गान्तरेण सम्बन्धित्वं किन्तु स्वभावत एव, तत् कुतः परम्परागवेषणं कार्य्यमिति। स्मृतित्वसंसर्गस्यान्योन्याभावमादाय कृतस्य प्रसङ्गस्य परिहर्त्तुं तदानीं सुतरामशक्यत्वात् संसार्गान्तरविशेषणवचनस्याधिकार्थापर्य्य-वसायित्वात् ।५४॥

किञ्च तदुभयस्वरूपातिरेकं तत्संसर्गस्यामन्यमानेन स्मृतित्वसंसर्गः स्मृतित्त्वधर्मि-स्वरूपं चेत्येतयोः संसर्गात्मत्वे व्यवस्थाप्यमानेऽनुभूतौ कथं तादृशस्य संसर्गस्य निषेधः। किमनुभूतेः स्वरूपं नास्ति, उत स्मृतित्वसंसर्गस्य, ततः कस्य निषेधः। अर्थान्तर-भूतस्य च संसर्गस्य निषेधे स्मृतावपि प्रसङ्गस्तदवस्थः, स्मृतौ तस्यार्थान्तरभूतस्य भवताऽनभ्युपगमात्, स्वरूपमेव तयोः सम्बन्ध इति तत्र भवतोऽभ्युपगमः ।५५॥

अभिप्रेत है, तो फिर भी स्मृतित्व-संसर्ग के अन्योन्याभाव का ग्रहण कर स्मृति में अति-व्याप्ति ही है। एवं अपर २ संसर्ग के निवेश में अनवस्था हो जायगी या अन्त के संसर्ग के अन्योन्याभाव को ले कर अतिव्याप्ति हो जायगी ॥५३॥

समर्थन—स्मृतित्व का संसर्ग (समवाय) अन्यसंसर्ग से संबद्ध नहीं है; किन्तु स्वभाव-स्वरूप-सम्बन्ध से ही संबद्ध है, अतः संसर्ग परम्परा के गवेषण के न होने से अनवस्था दोष नहीं है।

खण्डन—यदि स्मृतित्व संसर्ग का स्वभाव (स्वरूप) ही संवन्ध है तो स्मृतित्व संसर्ग के संसर्गाभाव शब्द का अर्थ संसर्ग का स्वरूपाभाव ही हुआ अर्थात् संसर्गाभाव से अधिक नहीं हुआ। अतः संसर्ग के अन्योन्याभाव को लेकर जो अतिव्याप्ति दी गयी है वह वैसी ही रही ॥५४॥

किंच स्मृतित्व संसर्ग (समवाय) के तथा स्मृति के संसर्ग को उभय स्वरूप से अतिरिक्त न माननेवाले आप स्मृतित्व-संसर्ग तथा स्मृति इन दोनों को ही संसर्गात्मक मानेंगे तो फिर अनुभूति में उस संसर्ग का निषेध कैसे होगा। क्या अनुभूति का स्वरूप नहीं है या स्मृतित्व संसर्ग का स्वरूप नहीं है। जब दोनों के स्वरूप है तब किसका निषेध होगा।

समर्थन—स्मृतित्व संसर्ग के स्वरूपसम्बन्ध का निषेध अनुभूति में नहीं है; किन्तु स्वरूप से अन्य सम्बन्ध का निषेध अनुभूति में है।

खण्डन—यदि स्वरूप से अन्यसम्बन्ध का निषेध है, तो स्मृतित्वसंसर्ग के स्वरूप से अन्य संसर्ग स्मति में नहीं है क्योंकि आप स्मृतित्व संसर्ग के स्वरूप-रूप सम्बन्ध को ही स्मृति में मानते हैं, स्वरूप से अन्य सम्बन्ध को नहीं मानते हैं, अतः स्वरूप से अन्य सम्बन्ध का अभाव स्मृति में भी हो सकता है, अतः अनुभूति-लक्षण की स्मृति में अति-व्याप्ति हो जायगी ॥५५॥

अथोच्यते—अनुभूतिस्मृतित्वसंसर्गयोः स्वरूपसम्भवेपि न परस्परसम्बद्धबुद्धिजनकत्वं तयोः, तादृक्त्वञ्च यत्र तयोस्तत्र सम्बन्धात्मकत्वं स्वरूपयोरुच्यत इति, मैवम् । विशेषोपसङ्ग्राहकासिद्धौ तस्याऽप्यनुपपत्तेः, उपसङ्ग्राहकान्तरोक्तौ तत्सम्बन्धेऽपि प्रसङ्गेनापरापरोपसङ्ग्राहकगवेषणायामनवस्थापातात् । ५६ ॥

तावताऽपि चानुभूतिस्वरूपे कस्य निषेधो वर्णितः स्यात् । स्मृतित्वसंसर्गानुभूती सम्बद्धे इत्येवंरूपबुद्धिजनकत्वस्येति चेन्न । भ्रान्त्यात्मिकाया ईदृशबुद्धेर्जनकत्त्वस्य वारयितुमशक्यत्त्वात् । यथार्थाया इति चेत्, ईदृशबुद्धेर्यथार्थाया यदि सत्त्वमभ्युपैषि तदाऽनुभूतौ स्मृतित्वप्रसङ्गः, अथ नाभ्युपैषि किंप्रति तस्या जनकत्वाभावो निरूप्यः ।

समर्थन—केवल स्वरूपसम्बन्ध नहीं है; किन्तु परस्परसंसृष्टत्व-बुद्धि-जनकस्वरूप ही संसर्ग है और वह परस्परसंसृष्टत्वबुद्धिजनकत्व, स्मृतित्वसंसर्ग तथा स्मृति इन दोनों के स्वरूप में है। अतः इन दोनों का स्वरूपसंसर्ग है और अनुभूति तथा स्मृतित्व संसर्ग इन दोनों के स्वरूप में नहीं है ।

खण्डन—स्मृतियों में स्मृतित्वसंसर्ग तथा स्मृति इन दोनों का परस्परसंसर्गबुद्धि जनकत्व है यह कथन जनकता के किसी अवच्छेदक को माने बिना हो नहीं सकता । यदि कहें कि स्मृतित्व ही जनकतावच्छेदक है तो अद्यावधि स्मृतित्व सिद्ध नहीं हुआ है । किंच यदि स्मृतित्व अथवा अन्य किसी धर्म को जनकतावच्छेदक मान भी लें, तो स्मृतित्व का सम्बन्ध स्मृति में ही है अन्यत्र नहीं है। इसमें भी किसी नियामक को अवश्य मानना होगा। एवं नियामक के सम्बन्ध में भी नियामकान्तर के मानने में अनवस्था दोष हो जायगा ५६ ।

किंच परस्परसम्बन्ध बुद्धि-जनक-स्वरूप ही संसर्ग है इस कथन के होने पर भी अनुभूति में किस वस्तु का निषेध होगा। अनुभूति तथा स्मृतित्व संसर्ग के स्वरूप का निषेध तो हो नहीं सकता है, क्योंकि वह सत् है और स्वरूपरूप संसर्ग का निषेध भी नहीं हो सकता है; क्योंकि अनुभूति तथा स्मृतित्व संसर्ग का स्वरूप परस्परसम्बन्धबुद्धि जनकत्व के न होने से संसर्ग ही नहीं है ।

समर्थन—"स्मृतित्व-संसर्ग तथा अनुभूति यह दोनों परस्पर संबद्ध है" इत्योकारक बुद्धि के जनकत्व का निषेध अनुभूति में होगा।

अस्त्येव कर्मण्यपि तेन रूपेणेति चेन्न तावदयं शक्योपदर्शनोदाहरणः शास्त्रलोकयोः। क्व दृश्यते घटं पश्यतीत्यर्थे घटेन पश्यतीति। यदितु त्वच्चेतसि केवलं स्यात् तत्र च नादरं विधातुमुत्सहामहे। प्रमेयमात्रं करणमिति वदतो वामबुद्धेर्मनसि विपरिवर्त्तमानं प्रमेयमात्र एव करणव्यवहारास्तित्वमेवमनुरोद्धव्यं स्यादिति। घटेन पश्यतीत्याद्यनभिधानवशान्न प्रयोगो न हि सर्वं लाक्षणिकं प्रयुज्यत इति चेत् न; मास्तु, तदभावे कोऽन्योऽस्ति तेषु करणव्यवहार इति वक्तव्यः, स स्यात् न चासौ शक्यदर्शन इति ॥१८॥

क्रियया अयोगव्यवच्छेदेन सम्बन्धि करणमित्यपि न। तथा हि—अयोगव्यवच्छेदो योग एव पर्य्यवस्येदिति सम्बन्धेन सम्बन्धीत्युक्तं स्यादिति पौनरुक्त्यम्। यदा सम्बन्धीत्यनेन कालविशेषनियतसम्बन्धिताऽभिधीयते ततोऽन्यस्मिन्नपि काले

कल्पित निमित्त से कर्म में भी करण व्यवहार होना चाहिये और कर्म में करण व्यवहार का बाध (अभाव) देखा जाता है अतः परिशेष से—गौणताही से—कर्म वा कर्ता में करणव्यवहार होता है यही व्यवस्था युक्त है ॥ १७ ॥

कर्म में भी कर्तृव्यापारविषयत्वरूप से करणत्व व्यवहार होता ही है। यह आप नहीं कह सकते, कारण कि लोक वा वेद में कहीं भी "घटं पश्यति" इसके स्थान पर "घटेन पश्यति" ऐसा व्यवहार नहीं देखा गया है। यदि केवल तुह्मारे चित्त में "घटम्पश्यति" के स्थान में "घटेन पश्यति" ऐसा व्यवहार हो तो उसका आदर करने में हमारा उत्साह नहीं होता है। कारण कि यदि तुह्मारे बचन में आदर करें तो प्रमेयमात्र करण है यह कहनेवाले वामबुद्धि आपके वचन का आदर कर प्रमेयमात्र को करण मानना पड़ेगा।

समर्थन—अभिधान न होने से "घटेन पश्यति" यह प्रयोग नहीं होता है। कारण कि यह निश्चय नहीं है कि लक्षण से युक्त वा सिद्ध सब का प्रयोग हो।

खण्डन——कर्म में करण शब्द वा विभक्ति का प्रयोग न होने पर उसमें करणत्वप्रयुक्त कौन सा व्यवहार होता है यह कहना चाहिये और आप उसको कह नहीं सकते ॥ १८ ॥

समर्थन—जो कुठारादि प्रधान क्रिया (छिदादिरूप फल से) अयोगव्यवच्छेद (सम्बन्धाभावका अभाव) से संबद्ध हो, वह करण है। कुठार के व्यापार होने पर छेदन अवश्य होता है, अतः कुठार में छेदन के अयोग का व्यवच्छेद है, और कर्ता के व्यापार होने पर भी सम्भव है कि कदाचित् छेदन न हो, अतः कर्ता में छेदन का सम्बन्ध तो है, परन्तु छिदा के अयोग का व्यवच्छेद नहीं है, अतः न कुठार में अव्याप्ति है, और न कर्ता में अतिव्याप्ति है।

खण्डन—अभाव का अभाव प्रतियोगीरूप होता है, अतः अयोग के व्यवच्छेद को योगरूप होने से उक्त लक्षणवाक्य का सम्बन्धयुक्त सम्बन्धी अर्थ हुआ, अतः पुनरुक्ति दोष होने से उक्त लक्षण असङ्गत है।

सम्बन्धिताऽयोगव्यवच्छेदपदेन विवक्षितेति चेन्न; सम्बन्धीत्यनेन न कालविशेष-नियता सम्बन्धिताऽभिहिता येन कालान्तरेऽलब्धसम्बन्धिताऽभिधानाय पदान्तरमुपादीयेत। अथोच्यते-सम्बन्धीत्यस्य सामान्यतोऽभिधायिनः कालविशेषनियतं सम्बन्धमादायापि पर्य्यवसाने सार्थकत्वं भवत्येवेति कालान्तरेऽसम्बन्धितया व्यवतिष्ठमानं कर्त्राद्यपि करणं प्रसज्येत, तद्व्यवच्छेदाय कालान्तरे सम्बन्धिता पदान्तरेणाभिधीयत इति। मैवम्। तर्हि तेनापि क्वचिदेव कालान्तरे सम्बन्धिताऽभिधीयेत तदापि तस्य सार्थकता सम्बन्धिपदन्यायेन सामान्याभिधायिनो भवेदिति ततोऽपि कालान्तरेऽसम्बन्धव्यवच्छेदाय विशेषणान्तरमपि निवेशनीयं स्यात्॥ १९॥

अथ यदा कदाचिदपि योऽयोगस्तस्य सर्वस्य व्यवच्छेदो विवक्षित इति, तर्हि सम्बन्धिपद एवैषा विवक्षाऽस्तु कृतमधिकमुपादाय तद्विवक्षया। निषेधव्यवच्छेदेन सार्वत्रिकललाभ इति चेन्न; निषेधव्यवच्छेदस्य विध्यनतिरेकार्थत्वेनाविशेषात्।

समर्थन—सम्बन्ध शब्द, काल विशेष से नियत सम्बन्ध का वाचक है, अतः काल विशेष से अन्यकाल में सम्बन्धित्व-प्रतिपादन के लिए "अयोगव्यवच्छेद" का लक्षण में निवेश है।

खण्डन—सम्बन्धी पद से, काल विशेष से नियत सम्बन्ध का अभिधान नहीं होता है, किन्तु सामान्य से सम्बन्ध का अभिधान होता है, अतः सम्बन्धी कहने पर अन्य काल में अयोग प्राप्त नहीं है, फिर उसके व्यवच्छेद के लिए अयोगव्यवच्छेद पद का उपादान व्यर्थ है।

समर्थन—यद्यपि सम्बन्धी पद, सामान्य से सम्बन्ध मात्र का अभिधान करता है, तथापि काल विशेष से नियत सम्बन्ध में भी सम्बन्धी पद का पर्य्यवसान हो सकता है। अतः कदाचित् प्रधान छिदादि क्रिया से असम्बद्ध कर्ता में करणत्व के व्यवच्छेद के लिए अयोगव्यवच्छेद पद का लक्षण में निवेश है।

खण्डन—जैसे सामान्य से सम्बन्ध का वाची सम्बन्धीपद काल विशेष से नियत सम्बन्ध में पर्य्यवस्थित होता है, वैसे ही अभावाभाव के प्रतियोगीरूप होने से, सामान्य सम्बन्ध के वाचो अयोगव्यवच्छेद शब्द का भी यदि काल विशेष से नियत सम्बन्ध में ही पर्य्यवसान मानें तो, फिर भी कर्ता में अतिव्याप्ति हो जायगी। अतः उस अतिव्याप्ति के वारण के लिए अन्यविशेषण का निवेश करना होगा। एवं उत्तरोत्तर विशेषण निवेश से अनवस्था हो जायगी॥१९॥

समर्थन—अन्यकाल में भी जो अयोग, उसका व्यवच्छेद अयोगव्यवच्छेद शब्द का अर्थ है, अतः क्रिया से सार्वकालिक कुठार-सम्बन्ध के लाभ के लिए अयोगव्यवच्छेद पद सार्थक है।

खण्डन—सम्बन्धीपद से ही अन्यकाल में अयोग का व्यवच्छेद विवक्षित क्यों न मानें? इसके लिये अयोगव्यवच्छेद शब्द का निवेश क्यों करें?

समर्थन—अयोगव्यवच्छेदरूप विशेषण से अयोग का निषेध होने से सार्वकालिकत्व का लाभ होता है।

तद्धर्मिकं सम्बन्धस्यासम्बन्धासामानाधिकरण्यमयोगव्यवच्छेदेनेत्यनेनोच्यत इति चेन्न; तस्यापि सत्त्वकाले तत्रासत्त्वोपगमात् । सर्व्वदेति चेन्न; यद्येवं तत् किं करणासत्त्वकालेऽपि योग एव करणेन क्रियायाः ।१२०।

यावत्सत्त्वमिति चेत्तर्हि सम्बन्धीति व्यर्थं, यावत् सत्त्वमयोगव्यवच्छेदेन यद्विशिष्टमुपलक्षितं वा तत्करणमित्येवास्तु, सम्बन्धीत्येव वा तथा विवक्ष्यतामित्युक्तमेव ।

अयमेवार्थः कयाऽपि कुसृष्ट्या सम्बन्धिपदसार्थकतामुपपाद्य यदि विवक्षितस्तदाप्युच्यते कृत्तिकोदयक्रियायां रोहिण्यासत्तिरप्येवं करणं स्यात्, अनन्तरभाविनश्चतुर्दशस्य नक्षत्रस्योदयं प्रति पूर्व्वभाविचतुर्दशसङ्ख्यनक्षत्रास्तमयस्य च करणत्वं स्यात् । नचैवमेव युक्तं यौगपद्येन कारणत्वानुपपत्त्या कारकत्वस्य दुर्निरस्तत्वेन करणत्वस्य सम्भावनानारोहात् ।

खण्डन—जब अभावाभाव को प्रतियोगीरूप होनेसे अयोगव्यवच्छेद, योगरूप ही है, तब अयोग्यव्यवच्छेद शब्द से सार्वकालिक सम्बन्ध का लाभ कैसे होगा ?

समर्थन—जिस कुठारादि में प्रधानक्रिया छिदादि का सम्बन्ध प्रधानक्रिया के सम्बन्धाभाव से समानाधिकरण न हो, वह करण है यह अर्थ अयोगव्यवच्छेदशब्द से विवक्षित है। कर्ता में छिदा का सम्बन्ध "स्व" के असम्बन्ध से समानाधिकरण है, अतः कर्ता में अतिव्याप्ति नहीं होती ।

खण्डन—कर्ता में भी छिदा के सम्बन्ध काल में छिदा का असम्बन्ध नहीं है, अतः उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति तदवस्थ ही है ।

समर्थन—जिस धर्मी में छिदा के सम्बन्ध के अभाव का सदा असत्त्व हो वह करण है। कर्ता में छिदा के सम्बन्ध काल में छिदा के सम्बन्ध के अभाव के असत्त्व होने पर भी सदा असत्त्व नहीं है, अतः अतिव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—यदि ऐसा है तो क्या करण के असत्व कालमें भी क्रिया के साथ करण का सम्बन्ध विवक्षित है ? अर्थात् करण में भी सर्वदा सम्बन्ध नहीं है, अतः लक्षण असम्भवी हो जायगा ॥१२०॥

समर्थन—यावत् कुठारादि करण का सत्त्व हो, तावत् कुठारादि में छिदा का सत्त्व विवक्षित है ।

खण्डन—ऐसा होने पर सम्बन्धी पद व्यर्थ है। अर्थात् यावत् "स्व" का सत्त्व हो, तावत् जो धर्मी, क्रिया के अयोगव्यवच्छेद से विशिष्ट वा उपलक्षित हो वह करण है, अथवा यावत्सत्त्व प्रधानछिदादिक्रिया का सम्बन्धी जो हो वह करण है ऐसा ही लक्षण रहे "अयोगव्यवच्छेदेन" यह विशेषण व्यर्थ है ।

यदि कहो कि सम्बन्धी पद से सम्बन्ध सामान्य विवक्षित है और अयोगव्यवच्छेद पद से यावत् कारक सत्त्व विवक्षित है, अतः न पुनरुक्ति है, न विशेषण ही व्यर्थ है तो यह कल्पना उदक्षर होने से (अक्षरार्थ न होनेसे) कुत्सित है। किञ्च ऐसा निवेश करने पर भी कृत्तिका नक्षत्र की उदयरूपक्रिया में रोहिणी का सामीप्य भी करण हो जायगा। किञ्च उत्तरभावी चतुर्दश नक्षत्र के उदय के प्रति पूर्वभावी चतुर्दश नक्षत्र का अस्तंगमन करण हो जायगा।

समर्थन—कृत्तिका नक्षत्र के उदय में रोहिणी का सामीप्य करण क्यों नहीं माना जाय ?

नच तत्र सम्बन्ध एव नास्ति, व्याप्तेः स्वभावसम्बन्धात्मिकाया दुरपह्नवत्वात् । अथ कार्य्यकारणभावः सम्बन्धो विवक्षितः । न, सामग्र्याः करणत्वापत्तेः । ओमिति चेत्; तत्किमोमित्यभिधायैव निवृत्तो भवान् ? आकलितं किलास्माभिः सामग्र्यपि करणमित्यत्र न श्रद्दधतः प्रणवपूर्व्विकां श्रुतिमेव काञ्चित्पठित्वा श्रद्धापयिष्यति भवानस्मानिति ॥२१॥

न सामग्री कारणं; किन्तु तदेकदेशो नानाभूतः प्रत्येकं तथा, सामग्री तु यदनन्तरं कार्य्यं भवत्येवेत्येतावन्मात्ररूपेति चेन्न; एतादृशस्य सामग्रीलक्षणस्य करणेपि सत्त्वात् करणस्यापि सामग्रीत्वापातात्, क्रियाया विभागादौ विभागस्य च संयोगनाशादिं प्रति तथात्वापत्तेः ।

खण्डन—एक काल में होने से पूर्वकाल में वृत्तित्वरूप कारणत्व ही नहीं है, अतः करणत्व की सम्भावना भी नहीं है ।

समर्थन—कृत्तिकोदय का रोहिणी के सामीप्य में सम्बन्ध नहीं है, अतः क्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेद से युक्त सम्बन्धरूप करण के लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—कृत्तिकोदय की रोहिण्यासत्ति (सामीप्य में) स्वभाव (स्वरूप) सम्बन्धरूप व्याप्ति ही सम्बन्ध है उसका अपह्नव नहीं हो सकता ।

समर्थन—क्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेद से युक्त कार्यकारणभावरूप सम्बन्ध जिसमें हो वह करण है । कृत्तिकोदय का कार्यकारणभाव रोहिणी के सामीप्य में नहीं है, अतः अतिव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—प्रधान छिदादि क्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेद से युक्त सम्बन्धी सामग्री भी है, अतः सामग्री में करणत्व का प्रसङ्ग हो जायगा । यदि आप सामग्री के करणत्व का ओम् शब्द का उच्चारण कर स्वीकार करावें तो उचित है कि केवल ओम् शब्द का उच्चारण कर विरत न हों; किन्तु किसी पवित्र श्रुति का भी उच्चारण करावें, प्रणव के उच्चारण से हमने जाना था कि युक्ति के न होने से सामग्री के कारणत्व में अश्रद्धालु हमारे में आप प्रणवपूर्वक किसी पवित्र मन्त्र का उच्चारण कर श्रद्धा का उत्पादन करेंगे ॥२१॥

समर्थन—सामग्री का एक देश समवायी असमवायी आदि भेद से अनेकविध प्रत्येक कुठारादि कारण है । जिसके अनन्तर उत्तरकाल में कार्य अवश्य हो वह सामग्री है, अतः क्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेद से युक्त कार्यकारणभावरूप सम्बन्ध के सामग्री में न होने से अतिव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—यह सामग्री का लक्षण करण में भी है, अतः करण में सामग्री के लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी । किञ्च क्रिया विभाग की और विभाग संयोग के नाश की सामग्री होजायँगे । किञ्च जो नियतपूर्ववर्त्तित्वरूप कारणत्व सामग्री के एक देश में है वह सामग्री में भी है ही, अतः सामग्री कारण नहीं है यह कथन उचित नहीं है ।

समर्थन—सामग्री में अन्तर्भूत प्राक्काल भी है और प्राक्काल में प्राक्सत्त्वरूप कारणत्व नहीं है, अतः प्राक्कालघटित सामग्री में प्राक्सत्त्वरूप कारणत्व नहीं है ।

खण्डन—प्राक्काल में, पूर्वक्षणवृत्तित्व के असत्त्व होने से प्राक्काल कारण ही नहीं है, अतः कारणसमूहरूप सामग्री में प्राक्काल का प्रवेश नहीं है ॥२२॥

यच्च प्रतिसामग्र्येकदेशं नियतप्राग्भावादि कारणलक्षणमिष्यते तत्सामग्र्यामपीति कथं तदकारणता ? प्राक्कालमन्तर्भाव्य सामग्री तादृश्याश्च तस्याः प्राक्सत्त्वमेव नास्तीति चेन्न; तत एव प्राक्कालस्याकारणत्वात्कारणसामग्र्यां तदनिवेशात् ॥२२॥

अपि चैवं विवक्षितमपि करणं न स्यात्। न हि यावत्सत्त्वं व्यापारवतोपि तस्य क्रियाजनकत्वं; क्रियाकाले क्षणमपि तदनुवृत्तिनिषेधे प्रमाणस्य दुरुपन्यासतया संशयेनापि लक्षणासिद्धेः। प्रत्युत चिरस्थिरकरसंयोगे स्पृश्ये स्पर्शप्रमाकरणस्पर्शनेन्द्रियसंयोगस्थैर्य्यस्य मन्तुमुचितत्वात्।

यावत्सत्त्वं च करणमिति भाषायां सर्व्वस्मिन् तत्सत्वकाले करणत्वमित्यर्थः, नच कारणत्वस्य नियतपूर्वकालसम्बन्धात्मकस्य कचित्काले सत्त्वं, कालं प्रतिकालान्तराभावादिति ॥२३॥

अपि च यावत् सत्व (अवस्थिति) क्रिया का अयोगव्यवच्छेद से जो सम्बन्धी हो वह करण है ऐसा लक्षण होने पर विवक्षित कुठारादि भी [उद्यमन निपतन विशिष्ट कुठार का वा कुठार की उद्यमन निपतन क्रिया का यावत्काल में प्रधानक्रिया छिदादि के साथ जनकत्वरूप सम्बन्ध न होने से] करण नहीं कहावेंगे। कारण कि कुठारादि के क्रियाकाल में क्षणभर भी प्रधानक्रिया छिदा के असम्बन्ध का निषेध है इसमें प्रमाण का अभाव है, अतः असम्भव के सन्देह से भी लक्षण असङ्गत है। प्रत्युत देखा जाता है कि स्पृश्यद्रव्य में चिर स्थिर करसंयोग होने पर त्वगिन्द्रिय और स्पृश्य द्रव्य का संयोगरूप व्यापार तो है; परन्तु चित्त के अन्यत्र व्यासक्त होने से त्वाचप्रमा नहीं होती है, अतः स्पर्शप्रमा के साथ त्वगिन्द्रिय का अयोगव्यवच्छेदयुक्त सम्बन्ध न होने से त्वगिन्द्रिय में करणलक्षण की अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च यावत्सत्वक्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेद से जनकतारूप से जो सम्बन्धी हो वह करण है, इस वाक्य का सब करण सम्बन्धी काल में विद्यमान कारण करण है यह अर्थ हुआ वह अयुक्त है। कारण कि काल काल में नहीं रहता है अतः काल से घटित प्राक्काल सत्वरूप कारणत्व से विशिष्ट कारण भी काल में नहीं रहेगा ॥२३॥

समर्थन—अयोगव्यवच्छेद से युक्त जो क्रिया का सम्बन्धी हो इस वाक्य का जिसके होने पर अवश्य क्रिया होती हो यह फलित अर्थ है ॥

खण्डन—जिसके होने पर अवश्य क्रिया होती हो इस वाक्य का "जिसके अनन्तरक्षण में क्रिया अवश्य उत्पन्न होती हो" यह अर्थ है ? वा "जिसके रहते क्रिया अवश्य उत्पन्न होती हो" यह अर्थ है ? वा "जिसके अनन्तर क्रिया अवश्य रहती हो" यह अर्थ है ? वा "जिसके रहते क्रिया अवश्य रहती हो" यह अर्थ है ? इन चार कल्पों में प्रथम कल्पयुक्त नहीं है कारण कि सामग्री के अनन्तर भी अवश्य कार्य उत्पन्न होता है अतः सामग्री करण हो जायगी। किञ्च हस्त व्यापार के अनन्तर कदाचित् पाकादिक्रिया नहीं ही होती है अतः हस्तादि में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी। सुख दुःख अवश्य वेद्य है अर्थात् सुखादि क्षणभर भी अज्ञात नहीं रहते हैं, किन्तु उत्पत्तिके अनन्तर अवश्य इनकी प्रमिति होती है, अतः सुखादि भी स्वप्रमिति के करण हो जायँगे। प्रमेय भी करण है ऐसा स्वीकार नहीं कर सकते। कारण कि कर्म में करण व्यवहार देखा नहीं जाता है। द्वितीय

अथ क्रियया अयोगव्यवच्छेदेन सम्बन्धीत्यस्यायमर्थो यस्मिन् सति भवत्येव क्रियेति । कोऽस्यार्थः, किं यस्मादनन्तरं क्रियोत्पद्यत एव ? उत यस्मिन् वर्त्तमाने क्रियोत्पद्यत एव ? उत यस्मादनन्तरं क्रिया तिष्ठत्येव ? । उत यस्मिन् वर्तमाने क्रिया तिष्ठत्येव ? नाद्यः; सामग्र्याः करणत्वप्रसङ्गात्, हस्तादीनामकरणत्वप्रसङ्गाच्च, सुखदुःखादेः प्रमेयस्यापि प्रमाकरणत्वप्रसङ्गाच्च । नच प्रमेयमपि प्रमायाः करणं स्यादेवेति वाच्यम्; तत्र तथा व्यवहारस्य कस्यचिदप्यसिद्धेः । नापि द्वितीयः, स्पृश्येन सह स्थिरसंयोगस्य स्पर्शनेन्द्रियस्याव्यापनात् तत्सत्त्वेऽपि व्यासक्तौ तेन प्रमानुत्पादनात् । नापि तृतीयः, सामग्र्यादेः करणत्वप्रसङ्गात्, उत्पत्तेः, स्थिरे करणत्वप्रसङ्गाच्च । नापि चतुर्थः, सहस्थायिनां करणत्वप्रसङ्गात् ॥२४॥

अथ क्रियया अयोगव्यवच्छेदेन सम्बन्धित्वं करणत्वमित्यस्यायमर्थः व्यापारवतः फलाव्यभिचारित्वमिति । मैवम् । हस्ताद्यव्यापनात् ।

कश्चायं तद्व्यापारो नाम ? किं तज्जन्यं कारणम् ? उत तदाश्रयं कारणम् ? । नाद्यः, लिङ्गपरामर्शे तदसम्भवात् ।

पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि व्यासङ्ग दशा में त्वगादि इन्द्रिय और स्पृश्यादि विषयोंके संनिकर्ष होने पर भी प्रमिति न होने से त्वगादि इन्द्रियों में अव्याप्ति हो जायगी ।

तृतीय कल्प भी प्रायः प्रथम कल्पमें उक्त दूषण से ही दूषित है । किञ्च जो कार्यों को स्थिर मानते हैं अर्थात् क्षणिक नहीं मानते हैं, उनके मत में भी घटादि से स्वसत्तारूप क्रिया के अनन्तर होने से घटादि स्वसत्त्वरूप क्रिया में करण हो जायँगे ।

चतुर्थ कल्प भी अयुक्त है कारण कि एकसाथ रहनेवाले रूपादि के रहते ही रसादि रहते हैं, अतः सहस्थायी रूपादि भी रसादि के करण हो जायँगे ॥२४॥

समर्थन—क्रिया के साथ अयोगव्यवच्छेदयुक्त सम्बन्धी करण है इसका यह फलित अर्थ है कि जिस व्यापार के होने पर फल का अव्यभिचार हो वह करण है ।

खण्डन—हस्त के व्यापार के होने पर कदाचित् फल का व्यभिचार होनेसे हस्त में अव्याप्ति हो जायगी ।

किञ्च करण का व्यापार क्या वस्तु है ! क्या करण से जन्य कारण व्यापार है ? वा करण के आश्रित कारण व्यापार है ? इनमें प्रथम कल्प युक्त नहीं है कारण कि लिङ्गपरामर्श करण से जन्य न होने से व्यापार न कहावेगा ।

समर्थन—पक्ष (पर्वतादि) में प्रथम जो धूम का चाक्षुष प्रत्यक्ष होता है वह व्याप्ति की स्मृति द्वारा द्वितीय लिङ्गपरामर्श का जनन करता है, अतएव वह करण है । ऐसा होने पर वस्तुतः व्याप्य धूम का स्वरूप से प्रमा वह्निव्याप्य धूम के परामर्शरूप व्यापार होने से अनुमान इष्ट है ॥२५॥

खण्डन—दैववश जहाँ पूर्वगृहीत व्याप्ति की स्मृति हुई हो, वहाँ पर द्वितीय लिङ्गपरामर्श उस स्मृति से जन्य ही होता है । प्रथम पक्ष में धूम का जो प्रत्यक्ष हुआ है उससे जन्य नहीं है, अतः प्रथम लिङ्ग के ज्ञान का द्वितीय लिङ्गपरामर्श व्यापार नहीं कहाजायगा ।

पक्षे प्रथमधूमादिदर्शनस्य व्याप्तिस्मृतिद्वारा द्वितीयलिङ्गपरामर्शव्यापारं जनयतः करणत्वमेष्टव्यम्, एवञ्च परमार्थतो व्याप्यस्य स्वरूपेण प्रमितिर् द्वितीयव्याप्ततत्परामर्शव्यापारिकाऽनुमानमिष्यत इति चेन्न ॥२५॥

अन्यतो जाताग्निधूमादिव्याप्तिस्मृतौ सत्यां पक्षगतप्रथमधूमादिदर्शनस्य तद्व्यापारकत्वासिद्धेः। तत्राप्युभयकर्मजसंयोगवत्तदपि कारणमिति चेन्न; अभावादिसापेक्षविशिष्ट-प्रतिपत्तिवत् प्रागुपजातवह्निव्याप्तधूमस्मृतेः प्रथममपि योऽसौ वह्निव्याप्तः सोऽयं धूम इति परामर्शोपपत्तेः। नित्यसापेक्षेऽर्थेऽस्तु तथा, नान्यत्र प्रथमं तथेतिचेन्न; प्राक्तत्कारणोपपत्तौ नान्यत्रैवमिति नियमे प्रमाणस्याभावात्। तस्य व्यापाराभावान्नानुमित्युत्पादकत्वमेवेति चेत्, स्यादप्येवं यदि व्यापारवतः करणत्वमित्येव सिद्धं स्यात्। तत्र धूमादिनिर्विकल्पकस्य तद्व्यापारस्य करणत्वमिति चेन्न ॥२६॥

नित्यसङ्घटितार्थवद्विनापि निर्विकल्पकं सविकल्पकोत्पत्तेरविरोधेन त्वदुक्तप्रक्रियानियमे प्रमाणाभावात्। नित्यसङ्घटितेपि निर्विकल्पकं मंस्यस इति चेन्न; कारणान्तरादेव तदुपपत्तौ तत्र निर्विकल्पककल्पनायां प्रमाणाभावात्, प्रत्युत तत्सङ्घटनस्य स्वभावानतिरेकोपगमात्।

समर्थन—उभयकर्मज संयोग के तुल्य वह परामर्श भी दैववश जात व्याप्ति की स्मृति और प्रथम धूमदर्शन इन दोनों से जन्य है।

खण्डन—जैसे प्रतियोगी की स्मृति से प्रतियोगीविशिष्ट अभाव की प्रमा होती है, वैसे ही दैववश जात व्याप्ति की स्मृति से भी प्रथम धूमदर्शन के विना ही जो धूम वह्निव्याप्त है तद्धूमवान् यह पर्वत है—ऐसा परामर्श हो सकता है।

समर्थन—अभावप्रमा के तुल्य धूमत्वविशिष्ट में व्याप्ति के वैशिष्ट्य का भान प्रथम धूम ज्ञान के विना नहीं हो सकेगा, कारण कि अभाव, प्रतियोगी में नित्य साकाङ्क्ष है, अतः प्रतियोगी में निरपेक्ष केवल अभाव की प्रमा नहीं होसकती है किन्तु प्रथम ही विशिष्टवैशिष्ट्यावगाही अभाव की प्रमा होती है और प्रकृत में नित्यसाकाङ्क्ष न होने से वैशिष्ट्यावगाही ज्ञान प्रथम-धूम दर्शन के विना नहीं हो सकेगा॥

खण्डन—जब व्याप्तिस्मृति तथा धूम चक्षुःसंयोग आदि कारण विद्यमान हैं, तब नित्य सापेक्ष न होने से प्रथमतः धूमदर्शन के विना विशिष्टवैशिष्ट्यावगाही ज्ञान नहीं हो सकता है—यह कथन निर्युक्तिक है।

समर्थन—लिङ्गपरामर्श में कोई व्यापार नहीं है, अतः वह कारण नहीं है।

खण्डन—यह कथन युक्त होता यदि सव्यापार ही कारण होता है—यह नियम होता, परन्तु यह नियम नहीं है, कारण कि व्यापाररहित व्यापार भी कारण होता है।

समर्थन—प्रथम धूम का निर्विकल्पक ज्ञान होता है, अनन्तर विशिष्टवैशिष्ट्यावगाही धूम का परामर्श होता है, अतः धूम का निर्विकल्पक ज्ञान ही परामर्श के द्वारा अनुमिति का करण है॥२६॥

तथापि यत्किञ्चित्तज्जनकं तदेव तत्रानुमितिकरणमास्तामिति चेन्न; तथेन्द्रियादेरनुमितिकरणत्वापत्तेरित्यलमतिप्रसरेणेति ॥२७॥

शब्दश्रोत्रसन्निकर्षस्य च श्रोत्राव्यापारत्वप्रसङ्गात्, अन्यथा श्रोत्रस्य शब्दप्रतिपत्तावकरणत्वप्रसङ्गात्। सन्निकर्षो हि इन्द्रियव्यापार उच्यत इति व्यापारान्तरञ्च तस्य क्षणिकमसिद्धं स्थिरे चोक्त एव दोषः। शब्द एव तद्व्यापारः किन्न स्यादितिचेन्न; तस्य कर्मत्वेन करणकोटिबहिर्भावात्।

कचित्तयोरेकत्वेऽपि का क्षतिरिति चेन्न; शब्दबुद्धौ कार्य्यायामुपधायकत्वेन प्रविष्टस्य शब्दस्य करणव्यापारतया कारणकोटावपि प्रवेशनेऽशतो नियम्यनियामकत्वविरोधापत्तेः। घटादिबुद्धौ चक्षुरादेश्चक्षुर्घटादिसंसर्गव्यापारकत्वेऽपि सममिदमिति चेत् किन्न स्यात्। तथा च—

खण्डन—प्रतियोगी में नित्य सापेक्ष अभाव की प्रमा के तुल्य निर्विकल्पक के विना भी पूर्वोक्त रीति से व्याप्तिविशिष्ट धूम का परामर्श हो सकता है; अतः निर्विकल्पक ज्ञान के विना सविकल्पक ज्ञान नहीं हो सकता—आपकी इस कल्पित प्रक्रिया में कुछ प्रमाण नहीं है।

समर्थन—अभाव की प्रमा भी निर्विकल्पकज्ञानपूर्वक ही होती है—ऐसा मानेंगे।

खण्डन—जब अभाव की प्रमा प्रतियोगी की स्मृति से युक्त इन्द्रिय सन्निकर्ष से ही हो सकती है, तब अभाव की प्रमा में निर्विकल्पक ज्ञान को कारण मानने में कुछ प्रमाण नहीं है, प्रत्युत अभाव आदि नित्यसाकाङ्क्ष पदार्थ का यह स्वभाव है कि निर्विकल्पक ज्ञान के विना भी विशिष्टज्ञान (सविकल्प ज्ञान) के विषय होते हैं।

समर्थन—व्याप्ति की स्मृति ही, परामर्शरूप व्यापार के जनक होने से अनुमिति का करण क्यों न मानी जाय?

खण्डन—ऐसा होने पर इन्द्रियही अनुमिति का करण क्यों न मानी जाय? जैसे "वह्निव्याप्यो धूमः" इत्याकारक व्याप्तिस्मृति "योयं वह्निव्याप्यो धूमस्तद्वान् अयं पर्वतः" इस परामर्श की जनिका है, वैसे ही इन्द्रिय भी उक्त परामर्श की जनिका है, अतः व्याप्तिस्मृति के तुल्य इन्द्रिय की भी उक्तस्मृति व्यापार हो सकती है। यदि इन्द्रिय को अनुमिति का करण मान लें, तब इन्द्रियजन्य होने से अनुमिति प्रत्यक्ष हो जायगी। ततः प्रत्यक्षत्व तथा अनुमितित्व का साङ्कर्य्य हो जायगा। बस इतना ही बहुत है, विस्तार से कुछ फल साध्य नहीं है॥ २७॥

किञ्च यदि करण का व्यापार करण से जन्य कहा जाय तो शब्द के साक्षात्कार में श्रोत्र का शब्दसमवाय [अजन्य होने से] व्यापार नहीं होगा और यदि समवाय को उक्तस्थल में व्यापार न मानें तो श्रोत्र करण न हो सकेगा, कारण कि व्यापारवत् कारण को ही करण कहते हैं और श्रोत्र का शब्द से सन्निकर्ष ही व्यापार हो सकता है। जो क्षणिक जन्य हो ऐसा अन्य व्यापार शब्दप्रत्यक्ष में असिद्ध है और स्थिर (समवाय) व्यापार [उक्तलक्षण के समन्वय न होने से] हो नहीं सकता।

समर्थन—श्रोत्र इन्द्रिय आकाश रूप है और शब्द आकाश का गुण है, अतः श्रोत्र से जन्य तथा शब्द प्रत्यक्ष का जनक होने से शब्द को ही शब्द प्रत्यक्ष में व्यापार क्यो न मानें?

खण्डन—शब्द [प्रत्यक्ष प्रमा का] कर्म्म है, अतःउक्त प्रमा का करण नहीं हो सकता।

बाधेऽदृढेऽन्यसाम्यात् किं दृढेऽन्यदपि बाध्यताम् ।
क्व ममत्वं मुमुक्षूणामनिर्वचनवादिनाम् ॥ ३३ ॥
तथा हि मिथिलानाथो मुमुक्षुर्निर्ममः पुरा ।
आहेदं मिथिलादाहे न मे किञ्चन दह्यते ॥ ३४ ॥ इति ॥ २८ ॥

नापि द्वितीयः; लिङ्गपरामर्शस्यानुमितावकरणत्वप्रसङ्गात् । निर्विकल्पकस्यापि तस्योपगमे सविकल्पकानाश्रयत्वात्, अतद्धेत्वाश्रयस्य तद्धेतुव्यापारत्वे चात्यापत्तेः ।

किञ्च फलाव्यभिचारित्वं किन्तस्मिन्नेव काले फलस्य सत्त्वनियमः ? उत तदनन्तरं फलसत्त्वनियमः ? नाद्यः; कारणस्य पूर्वभावितया अवश्यं वक्तव्यत्वात् । न द्वितीयः, आनन्तर्य्यं यद्यव्यवहितानन्तर्य्यं विवक्षितं तदा यत्किञ्चिद्व्यापारवतः करणत्वपक्षे हस्तादेरकरणत्वापत्तेः । आफलव्यापारवतस्तथात्वे कर्त्रादिष्वतिव्याप्तिः । अथ व्यवहितस्याप्यानन्तर्य्यं विवक्षितं तदापि यत्किञ्चिद्व्यापाराभिप्रायेऽन्तरायसम्भवात् हस्ताद्यव्याप्तिः, आफलव्यापाराभिप्राये च व्यवधानासम्भवात् कारकमात्रं करणमित्युक्तं स्यात् ।

समर्थन—यद्यपि सर्वत्र कर्म्म से अन्य ही करण होता है, तथापि शब्दप्रत्यक्ष में कर्म्म को ही करण मानें तो क्या हानि है ?

खण्डन—यदि शब्द को व्यापार मानें तो विषयतासम्बन्ध से शब्दविशिष्ट प्रत्यक्ष में शब्दरूप व्यापारविशिष्ट श्रोत्र के करण होने से विशिष्टवृत्ति धर्म्म, विशेषण में भी अवश्य रहता है, अतः शब्द का कार्य-कारण दोनों दलों में प्रवेश होने से शब्द कार्य्य कारण दोनों हो जायगा और यह आत्माश्रय होने से अनुचित है ।

समर्थन—ऐसा मानें तो विषयतासम्बन्ध से घटविशिष्ट प्रमा में घटसंयुक्त चक्षु के कारण होने से विशेषणरूप से घट का कार्य्य-कारण दोनों दलों में प्रवेश होने से कार्य्यत्व, कारणत्व प्रसङ्ग हो जायगा ।

खण्डन—ऐसा क्यों नहीं ? यदि बाधक (दूषण) दृढ़ (अखण्डनीय) है तो अन्यत्र भी इसी प्रकार से दोष हो जायगा, इस साम्य दिखाने से क्या होगा ? उसको भी उक्तदोष से ही खण्डित जानिये । पदार्थ मात्र को अनिर्वचनीय माननेवाले मुमुक्षु पुरुषों का किसमें ममत्व है । स्मरण कीजिये—मुमुक्षु निर्मम मिथिलानाथ ने मिथिला के दाह काल में भी कहा था कि मिथिला के जलने पर भी मेरा कुछ नहीं जलता है ॥ २८ ॥

करण में स्थित कारण व्यापार है—यह द्वितीय पक्ष भी अयुक्त है । कारण कि लिङ्गपरामर्श में कोई व्यापार नहीं है, अतः लिङ्गपरामर्श करण नहीं कहा जायगा । तथा धूम का निर्विकल्पक ज्ञान भी करण नहीं होगा, कारण कि सविकल्पक लिङ्गपरामर्श उसमें नहीं रहता है; किन्तु आत्मा में रहता है । यदि अन्य कारण में स्थित को भी करण का व्यापार मानें, तो सहकारीमात्र करण के व्यापार हो जायँगे ।

किञ्च व्यापारवान् कारण का फल के साथ अव्यभिचार, क्या वस्तु है ? क्या व्यापारवान् कारण के काल में फल (प्रधान क्रिया) का अवश्य होना है ? अथवा व्यापारवान् कारण के अनन्तर काल में फल को अवश्य होना है ? इनमें प्रथम पक्ष अयुक्त है । कारण कि जिस काल में कारण हो उस काल में—कारण जन्य होने से—कार्य्य नहीं रह सकता है ।

व्यापारवतश्च फलाव्यभिचार इति, किन्तद्व्यापारस्य फलाव्यभिचारित्वं ? व्यापार-विशिष्टस्य वा ? नाद्यः; हस्ताद्यकरणत्वापातात् । अत एव न द्वितीयः, यागादेः स्वर्गाद्यकरणत्वापातात् । अपूर्ववाक्यार्थत्ववादिनाऽपि चरमयागस्य फलकरणत्वाभ्युपगमादिति ॥२६॥

अथोच्यते यद्वानेव करोति तत्करणं, यद्वानेव प्रमिमीते तत्प्रमाणम् । मैवम् । आत्मधर्मप्रध्वंसादीनामकरणानां प्रमाणत्त्वप्रसङ्गात् ।

येन क्रियाकारणेन युक्त एव प्रमिमीत इति चेन्न; सुखादिप्रमितौ करण-व्यापारस्याऽपि करणत्त्वप्रसङ्गात् । ओमिति चेन्न; अव्यापारतयाऽकारकत्वेन तद्विशेष-करणभावानुपपत्तेः व्यापारवताऽपीति चेन्न ; एवं हि व्यापारवत एव करणत्वं न-

---

जन्य जनक में पूर्वाऽपरभाव का नियम है । द्वितीय पक्ष में यदि अव्यवहित अनन्तर (उत्तर) कहो तो "यत् किञ्चित् व्यापारवान् करण है" इस पक्ष का आश्रयण करो तो हस्त का यत् किञ्चित् व्यापार के अव्यवहित उत्तर फल न होने से हस्त में अव्याप्ति हो जायगी । यदि "फलोत्पत्तिपर्यन्त व्यापारवान् करण है" इस पक्ष का ग्रहण करो, तो हस्त में अव्याप्ति तो न होगी, कारण कि काष्ठ अग्नि आदि के व्यापार भी हस्त से प्रयोज्य होने से हस्त के ही व्यापार हैं और उन व्यापारसमूहों के अव्यवहित अनन्तर फल, नियम से होते ही हैं; परन्तु कर्ता आदि का व्यापार भी फलपर्यन्त होता है और उनके अव्यवहित उत्तरक्षण में नियम से फल होता है, अतः कर्त्तादि में अतिव्याप्ति हो जायगी । द्वितीय पक्ष में यदि व्यवहित उत्तर कहो तो "यत् किञ्चित् व्यापारवत् करण है" इस मत में जहां अन्तराय (विघ्न) होने से हस्त व्यापार के अनन्तर फल न हुआ, वहां हस्त में अव्याप्ति हो जायगी और "फलपर्यन्त व्यापारवान् करण है" इस मत में तो फल का अव्यवधान होने से व्यवहित उत्तर यह कथन ही युक्त नहीं है । किञ्च कारकमात्र में फलपर्यन्त व्यापार होने से कारक-मात्र में अतिव्याप्ति हो जायगी ।

किञ्च "व्यापारवतः फलाव्यभिचारित्वं" इस लक्षण वाक्य का—जिस कारण में स्थित व्यापार के अनन्तर फल हो—यह अर्थ है ? वा—जिस व्यापारवत् कारण के अनन्तर फल हो—यह अर्थ है ? प्रथम अर्थ में हस्त व्यापार के उत्तर कदाचित् अन्तराय (विघ्न) होने पर फल न होने से हस्त में अव्याप्ति हो जायगी और द्वितीय अर्थ में भी व्यापारवत् हस्त के अनन्तर कदाचित् अन्तराय वश फल न होने से हस्त में ही अव्याप्ति हो जायगी । किञ्च क्रियाकलापरूप याग के क्षणिक होने से अपूर्व विशिष्ट याग के अनन्तर स्वर्गरूप फल के न होने से याग में भी अव्याप्ति हो जायगी । जो आचार्य्य, भावना वा इष्टसाधनत्व को लिङ् का अर्थ नहीं मानते हैं, किन्तु अपूर्व को लिङ् का अर्थ मानते हैं, वे भी "दर्श-पूर्णमासाभ्यां यजेत" इस स्थल में पूर्व पूर्व अपूर्व विशिष्ट चरम याग को परमापूर्व का कारण मानते ही हैं ॥ २६ ॥

समर्थन—जिससे युक्त कर्त्ता, कार्य करता है, वह करण है तथा जिससे युक्त प्रमाता प्रमिति को करता है, वह प्रमाण है ।

खण्डन—अतीत अनन्त सुखादि के अनन्तध्वंस से विशिष्ट ही प्रमाता प्रमिति को करता है, अतः आत्मा के धर्म, सुखादि के ध्वंस में प्रमा का करणत्व हो जायगा ।

समर्थन—जिस प्रमिति के कारण से युक्त होकर प्रमाता प्रमिति को करे वह प्रमाण है ।

स्यात्, न हि व्यापारवतस्तस्य व्यापारान्तरवत्ताऽस्ति । अथ व्यापारवतो व्यापारांशमपहाय करणत्वं, तत्र चास्त्येवेदं लक्षणम् यस्य करणत्वमस्ति तस्य व्यापारवत्त्वमप्यस्तीति व्यापारवत् करणमुच्यत इति न, पटमुद्यम्य निपात्य च प्रक्षालयतः स कर्मैव हि करणं स्यात् ॥३०॥

किंच किं तस्य करणत्वमिति ? लक्ष्यीभूतस्यावश्यवक्तव्यत्वात्, यद्युक्तलक्षणवत्त्वमेव तत् स्यात् तदाऽऽत्माश्रयापातः स्यात् । स्वरूपमिति चेन्न; स्वरूपस्य प्रतिकरणं भिन्नतया एकपरित्यागेनापरत्र लक्षणं गतमित्यतिव्याप्कं स्यात्, न हि चक्षुषः स्वरूपं श्रोत्रस्येति ।

खण्डन—सुखादि प्रमिति के कारण आत्ममनस्संयोगरूप व्यापार से युक्त ही प्रमाता सुखादिप्रमिति करता है, अतः सुखादिप्रमिति में आत्ममनस्संयोग भी करण हो जायगा। उक्त प्रमिति में आत्ममनःसंयोग करण है ही। ऐसी इष्टापत्ति नहीं कर सकते, कारण कि व्यापार के न होने से आत्ममनःसंयोग कारक ही नहीं है, तो कारकविशेष करण कैसे हो सकेगा।

समर्थन—जिस क्रिया के व्यापारवान् कारण से युक्त प्रमाता प्रमितिको करता है वह करण है, आत्ममनःसंयोग व्यापार रहित है, अतः अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—ऐसा होने पर व्यापारवान् कुठारादि भी करण नहीं कहे जा सकेंगे। कारण कि व्यापारविशिष्ट कुठार में जिस व्यापार से विशिष्ट कुठार है, वह व्यापार तो [अंशतः आत्माश्रय दोष होने से] रह नहीं सकता है और अन्य कोई व्यापार है नहीं।

समर्थन—व्यापार से उपलक्षित कुठार करण है और उस कुठार में उपलक्षणीभूत व्यापार रहता है, अतः उक्तलक्षण का समन्वय हो गया।

खण्डन—पटको उठा कर निपातन करता हुआ रजक जहां वस्त्र-प्रक्षालन करता है, वहां पटरूप कर्म्म भी करण हो जायगा, कारण कि उद्यमन निपातनरूप व्यापार से युक्त तथा प्रक्षालनरूप क्रिया का कारण जो पट उससे युक्त ही कर्त्ता प्रक्षालन करता है ॥३०॥

किञ्च जिस करण का आप लक्षण करते हैं, वह लक्ष्यभूत करण क्या वस्तु है ? यह अवश्य कहना चाहिये, अन्यथा लक्षणरूप धर्म्म किस धर्म्मी में रहेगा। यदि उक्तलक्षण विशिष्ट को ही लक्ष्य कहें तो विशिष्टवृत्ति धर्म्म, विशेषण में भी रहता है, अतः लक्ष्यवृत्ति लक्षण को लक्ष्य में विशेषणरूप "स्व" में वृत्तित्व होने से आत्माश्रय हो जायगा। यदि स्वरूप को लक्ष्य कहें तो प्रतिव्यक्ति स्वरूप के व्यावृत्त होने से यदि श्रोत्र के स्वरूप को लक्ष्य मानें तो चक्षु में अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च जिससे युक्त ही प्रमाता प्रमिति करे इत्यादि सावधारण लक्षण करने पर चक्षुरादि में अव्याप्ति हो जायगी। कारण कि चक्षु के सहकार के विना भी लिङ्गपरामर्श आदि से अनुमिति आदि प्रमिति होती है, अतः चक्षु से युक्त ही प्रमाता प्रमिति करता है—यह नियम न रहा।

समर्थन—यद्यपि चक्षुःसहकार के विना भी अनुमिति होती है, तथापि प्रत्यक्ष तो चक्षुःसहकार के विना नहीं होता है, अतः व्यभिचार नहीं है।

खण्डन—यदि आप प्रत्यक्ष प्रमाण का यह लक्षण करते होते तथा लक्षण में प्रत्यक्ष प्रमा का निवेश होता, तो ऐसा कहना उचित होता, परन्तु प्रमाणमात्र का यह लक्षण

किंचैवमिन्द्रियादेः प्रमाणत्वं न स्यात्, अतद्वतोऽप्यनुमात्रादेः प्रमातृत्वात्। नासौ प्रत्यक्षमिति चेन्न; नेदमपि हि प्रत्यक्षमात्रस्य लक्षणं भवता क्रियते। ननु यद्यपीन्द्रियादेर्विशेषतो व्यावृत्तिस्तदपि तज्जातीयकरणमात्रतया तज्जातीयमात्रस्याव्यावृत्तिरेव, नह्यनुमित्यादावप्यकरणजातीयवान् प्रमिमीते इति न, करणतया साधारणभावस्याद्याऽपि निर्णेतुमशक्यत्वात् ॥३१॥

अथ यां प्रमां यद्वानेव जनयति तस्यां तत्करणमिति। मैवम्। कौपीनाच्छादनादेरपि करणत्वप्रसङ्गात्। यज्जातिकामिति चेत्। मैवम्। परोक्षत्वजातिकां प्रमां लिङ्गवानेव शब्दवानेव वा जनयतीति नियमाभावात् तस्याकरणत्वप्रसङ्गात्। साक्षात्कारित्वानुमितित्वादयो जातिभेदा विवक्षिता इति चेन्न; प्रत्येकमुपादानेऽशाव्याप्तेः। सम्भूयोपादाने सर्व्वाव्याप्तेः। अनियमेनोपादाने च लक्षणाननुगमापातादिति ॥३२॥

करते हैं तथा प्रमितिसामान्य का लक्षण में निवेश है, अतः चक्षुरादि के बिना भी अनुमिति आदि के होने से चक्षुरादि में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—"जिस जातीय से युक्त ही प्रमाता प्रमिति को करता हो वह प्रमाण है" ऐसा निवेश करने पर अव्याप्ति नहीं होगी। कारण कि चक्षुरादि की अनुमिति में व्यावृति होने पर भी चक्षुर्जातीय परामर्श की अव्यावृत्ति होने से अव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन— चक्षुर्जातीयत्व परामर्श में करणत्व से अन्य कुछ हो नहीं सकता है और करणत्व का निर्वचन अद्यावधि हुआ नहीं है, अतः जातीयत्व घटित लक्षण असङ्गत है ॥३१॥

समर्थन—जिस प्रमा को जिससे युक्त प्रमाता करें उस प्रमा में वह करण है।

खण्डन—यत्किञ्चित् प्रत्यक्षादि प्रमाव्यक्ति को कौपीन आच्छादन से युक्त भी प्रमाता करता है, अतः कौपीन आच्छादन में करणत्व की अतिव्याप्ति का प्रसङ्ग हो जायगा।

समर्थन—यज्जातीय प्रमा को यद्युक्त ही करता हो उस जातीयप्रमा में वह करण है, ऐसा लक्षण करने पर प्रत्यक्ष जातीय प्रमा कौपीनादि से रहित भी करता है, अतः कौपीनादि में अतिव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—परोक्ष जातीय शाब्दरूप प्रमा को लिङ्गपरामर्श से रहित भी प्रमाता करता है, अतः लिङ्गपरामर्श में, अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—इस लक्षण में परोक्षत्व का निवेश नहीं है, किन्तु प्रत्यक्षत्व अनुमितित्व उपमितित्व शाब्दत्वरूप जाति का निवेश है, अतः लिङ्गपरामर्श में अव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—यदि प्रत्यक्षत्वादि में एक का निवेश कर—प्रत्यक्षजातीय प्रमा को जिससे युक्त होकर करता हो वह प्रमाण है—ऐसा लक्षण करें तो परामर्श में अव्याप्ति हो जायगी, और यदि सम्पूर्ण का निवेश कर—प्रत्यक्ष अनुमिति उपमिति शाब्द प्रमा को जिससे युक्त होकर करता हो वह प्रत्यक्ष प्रमा है—ऐसा लक्षण करें, तो सम्पूर्ण प्रमा को चक्षुरादि किसीसे युक्त प्रमाता नहीं करता है, अतः सर्वत्र असम्भव हो जायगा। यदि प्रत्यक्ष प्रमा को जिससे युक्त ही प्रमाता करता हो वा अनुमिति प्रमा को जिससे युक्त होकर प्रमाता करता हो अथवा उपमितीत्यादिस्थल में विशेषरूप से उपादान करे वह सब प्रमाण है—ऐसा निवेश करें तो अनेक लक्षण होने से अननुगम हो जायगा ॥ ३२ ॥

यदभावात् कर्तृकर्मणी क्रियां न जनयतः तत्करणम् तेन यदभावात् प्रमातृप्रमेये प्रमां न जनयतः तत्प्रमाणमिति लक्षणमित्यपि न युक्तम्। किं प्रमातृप्रमेये सती यत्र न जनयतः? उताऽसती अपि? आद्ये; अतीतानागतानुमानादिकरणाव्याप्तिः। नापि द्वितीयः, प्रमातृप्रमेययोरपि प्रसङ्गात्। यथा हि तत्र चक्षुराद्यभावात् प्रमा न जायते तथा प्रमातृ-प्रमेययोरप्यभावात्, अन्यथा तयोः कारणत्वमेव न स्यात्। एतेन सामान्यतोऽभि-धानं प्रत्युक्तम्। अस्मदादिकर्तृसापेक्षेश्वरकर्तृके च अस्मदादिज्ञाने अस्मदादिकर्तृकरण-तापत्तेः। एवञ्च सति प्रकारभेदेनापि प्रमाणप्रमात्रादिव्यवस्थासमर्थना कृता न स्यात्, येनैव रूपेण कर्तृत्वादिना तस्य प्रमायामन्वयस्तेनैव तद्व्यतिरेकस्य प्रमानुत्पत्तौ प्रयोज-कत्वादिति ॥३३॥

....

समर्थन—जिसके अभाव से कर्त्ता और कर्म्म, क्रिया को उत्पन्न न कर सकें, वह करण है, तथा जिसके अभाव से प्रमाता और प्रमेय प्रमिति को उत्पन्न न कर सकें वह प्रमाण है।

खण्डन—क्या प्रमाता और प्रमेय स्वयं विद्यमान होकर जिसके अभाव से इत्यादि अभिप्रेत है? वा प्रमाता प्रमेय स्वयं न रह कर भी जिसके अभाव से इत्यादि अभिप्रेत है? प्रथम पक्ष अयुक्त है, कारण कि अतीत अनागत विषय के अनुमितिस्थल में सत्प्रमेय प्रमि-ति का जनक नहीं होता है, अतः वहां अव्याप्ति हो जायगी। द्वितीय पक्ष भी अयुक्त है, कारण कि कर्त्ता प्रमाता प्रमेय कर्म्म [स्व के अभाव में भी] प्रमा को नहीं कर सकते, अतः प्रमाता प्रमेय में अतिव्याप्ति हो जायगी। कारण कि जैसे चक्षुरादि के अभाव में प्रमा नहीं होती है, वैसे ही प्रमाता और प्रमेय के अभाव में भी प्रमा नहीं होती है। अन्यथा वे कारण नहीं कहे जायँगे। कारण कि कर्त्ता कर्तृत्व रूप से क्रिया का कारण जैसे है, वैसे ही कर्तृत्वरूप से कर्त्ता का अभाव, क्रिया के अभाव का प्रयोजक है।

समर्थन—सत्त्व असत्त्व का निवेश न कर सामान्य से प्रमाता प्रमेय जिसके अभाव से प्रमा को न कर सकें वह करण है—यह लक्षण है।

खण्डन—इस सामान्यलक्षण में भी कर्त्ता कर्म "स्व" के विना भी प्रमा को नहीं करते हैं, अतः कर्त्ता कर्म्म में ही अतिव्याप्ति हो जायगी।

किञ्च हमलोग अपने चाक्षुषादि ज्ञान में स्वयं करण हो जायेंगे, कारण कि ईश्वर हमलोगा के द्वारा ही ज्ञान को उत्पन्न करता है, हमलोगों के विना नहीं।

किञ्च जिसके विना क्रिया न हो, वह जैसे करण का लक्षण हो सकता है, वैसे ही कर्त्ता, कर्म्म का भी लक्षण हो सकता है, अतः यदि करण का उक्त लक्षण करें, तो प्रवृत्ति-निमित्त के भेद से कारकों का परस्पर भेद न हो सकेगा ॥ ३३ ॥

समर्थन—चरम व्यापार जिसमें हो वह करण है।

खण्डन—लिङ्गपरामर्श में व्यापार न होने से वह करण न कहा जायगा।

समर्थन—सविकल्पक लिङ्गपरामर्शरूप व्यापार होने से निर्विकल्पक लिङ्गपरामर्श ही करण है।

खण्डन—जिन नित्यसाकाङ्क्ष अभाव समवाय आदि का निर्विकल्पक ज्ञान होता ही नहीं है, वे पदार्थ, जहां लिङ्ग हैं, वहां करण का अभाव हो जायगा।

चरमव्यापारवत्त्वं करणत्वमित्यपि न, व्यापाराभावात्, लिङ्गपरामर्शस्याकरणत्वापातात्। नच सविकल्पकव्यापारवतो निर्विकल्पकस्य तत्र प्रामाण्यं, केवलविकल्पनीयलिङ्गविषये तदनुपपत्तेः। संस्कारादिपर्य्यन्तानुसरणे चानुमितेस्तज्जन्यत्वे प्रमाणाभावात्, कार्य्याहेतोश्च कारकाव्यापारत्वात्, अपि चाज्ञातकरणत्वापातात्। नच लिङ्गमेव परामर्शव्यापारवत्तया करणमिति युक्तम्; अनुमितानुमानादौ परामर्शस्यालिङ्गजत्वेन तद्व्यापारवत्त्वानुपपत्तेः। आप्तोक्त्यादिभिस्तत्रासीद्धूम इति प्रतीत्य तदा तत्र वह्निरप्यासीदिति यदनुमानं तत्रासत्त्वात् धूमस्य परामर्शव्यापारवत्तया करणताया दूरनिरस्तत्वात्॥३४॥

किञ्च यत्किञ्चिदपेक्षया चरमव्यापारत्वस्य सर्व्वकारकसाधारण्यात् सर्वकारकापेक्षया चरमव्यापारत्वस्य स्वापेक्षया चरमत्वानुपपत्त्या सर्वत्रासिद्धेः। कर्त्रपेक्षयेति चेन्न; कर्तृधर्मिमात्रापेक्षया विवक्षितत्वे कर्त्तरि प्रसङ्गतादवस्थ्यात्। व्यारवत्कर्त्रपेक्षाभिप्राये च कर्त्तरि स एव प्रसङ्गः। एकव्यापारवत्कर्त्रपेक्षयाऽपरापरकर्तृव्यापारस्य

समर्थन—स्वजन्य सँस्कार वा "स्व" का ध्वंस ही लिङ्गपरामर्श का व्यापार क्यों न माना जाय?

खण्डन—केवल स्वजन्यत्व व्यापार का लक्षण नहीं है; किन्तु स्वजन्य होकर जो स्वजन्य का जनक हो वह व्यापार है—ऐसा व्यापार का लक्षण है और संस्कार वा ध्वंस के अनुमितिकारणत्व में कुछ प्रमाण नहीं है, अतः संस्कार वा ध्वंस व्यापार नहीं हैं।

किञ्च यदि ध्वंस वा संस्कार को उनका व्यापार मानें, तो अतीन्द्रिय होने से ध्वंसादिविशिष्ट परामर्शरूप करण भी अतीन्द्रिय हुआ, अतः अनुमिति अज्ञातकरणक हो जायगी।

समर्थन—लिङ्ग (धूम आदि) परामर्शरूप व्यापार होने से करण है।

खण्डन—"महत्वं, क्वचित् प्राप्तकाष्ठाकम् धर्मत्वात्" इस प्रकार से अनुमित परममहत्व से जहाँ "आकाशः सर्वगतः परममहत्वात्" इस रीति से आकाश में सर्वगतत्व की अनुमिति करते हैं, वहां परममहत्व, स्व विषयक परामर्श के अजनक होने से करण न होगा। कारण कि पारिमाण्डल्य, परममहत्व आदि स्वविषयक ज्ञान के भी कारण नहीं होते हैं, तथा प्रत्यक्ष से अन्य ज्ञान में विषय भी कारण नहीं होते हैं। किञ्च आप्त की उक्ति से "वहाँ धूम था" यह प्रतीति जहाँ हुई वहाँ वह्नि भी था ही इत्याकारक जो अनुमिति हुई उसमें अविद्यमान होने से धूम परामर्शरूप व्यापारवत्वरूप से करण न हो सकेगा॥३४॥

किञ्च व्यापार में चरमत्व यदि किञ्चित्व्यापार की अपेक्षा से विवक्षित हो, तो सब कारक के व्यापार में यत्किञ्चित् की अपेक्षा से चरमत्व होने से कारकमात्र में अतिव्याप्ति हो जायगी और यदि सब कारक के व्यापार की अपेक्षा से चरमत्व की विवक्षा करें तो स्व की अपेक्षा से स्व में चरमत्व न होने से सर्वत्र अव्याप्ति हो जायगी। यदि वा कर्ता की अपेक्षा से चरमत्व की विवक्षा करें तो धर्म्मीमात्र की अपेक्षा से विवक्षित हो, वा व्यापारवत् धर्म्मी की अपेक्षा विवक्षित हो, उभयथा कर्त्ता में अतिप्रसङ्ग हो जायगा। कारण कि कर्त्ता की अपेक्षा से वा यत्किचित् व्यापारवत् कर्त्ता की अपेक्षा से कर्त्तृव्यापार चरम (उत्तर) है ही। यदि यावद्व्यापारवत् कर्त्ता की अपेक्षा से चरमत्व की विवक्षा

चरमभावित्वात्। यावद्व्यापारवत्कर्त्रपेक्षापक्षे तु विवक्षितमपि कारणं न स्यात्। आफलसिद्धेः कर्तृव्यापाराविरामात्, व्यापारस्य विच्छेदे तद्धेतुलक्षणक्षीणतापत्तेः।३५।

यद्व्यापारानन्तरं कारकान्तरं न व्याप्रियते, तत् चरमव्यापारमिष्टमिति चेन्न; सेश्वरपक्षे कर्तृव्यापाराविरमात् तदानन्तर्य्यासिद्धेस्तत्करणत्वापातात्। अनीश्वरपक्षे चाक्षसंयोगादिभिरेव सव्यापारे कर्मण्यपि प्रसङ्गात्। छेद्यादेर्हि करणसंयोगादिव्यापारश्चरम एवेति कुतस्तद्व्यवच्छेदः, हस्ताद्यव्याप्तेश्चेति ॥

अनन्तरफलं करणमित्यपि न। अविशेषितानन्तर्यस्य सर्व्वकारणसाधारण्यात्। अव्यवहितानन्तर्यस्य व्यापार्य्यपेक्षस्य यागाद्यव्यापनात्। व्यापारापेक्षस्य च हस्ताद्यव्यापनात्। व्यापारपरम्परापेक्षस्य सर्व्वकारकव्यापनात् ॥ ३६ ॥

करें, तो कुठारादि भी करण न होसकेंगे, कारण कि फल के सिद्धिपर्यन्त कर्त्ता के व्यापार का विराम नहीं होता है। यदि कहें कि करण के व्यापार को उत्पादन कर कर्तृव्यापार निवृत्त हो जाता है, तो करणव्यापार में चरितार्थ कर्त्ता प्रधानक्रिया में [घट में कुलाल पिता के तुल्य] कारण ही न हो सकेगा ॥ ३५ ॥

समर्थन—जिस व्यापार के अनन्तर अन्य कारक का व्यापार न होता हो वह चरमव्यापार है।

खण्डन—ईश्वरवादी के मत में फलसिद्धिपर्यन्त ईश्वररूप कर्त्ता के व्यापार का विराम न होने से और ईश्वर के व्यापार के अनन्तर अन्यव्यापार न होने से ईश्वर का व्यापार चरम व्यापार है, अतः ईश्वर को करणत्व हो जायगा। अनीश्वरवाद में विषय तथा इन्द्रिय के सन्निकर्षरूप व्यापार जैसे इन्द्रिय में हैं, वैसे ही विषय में भी हैं, अतः कर्म्म भी करण हो जायगा। काष्ठ-कुठार-संयोग-रूप-व्यापार जैसे कुठार में है, वैसे ही काष्ठ में भी है, अतः काष्ठ का व्यवच्छेद कैसे होगा। किञ्च हस्तव्यापार के अनन्तर भी वह्न्यादि का व्यापार होता है, अतः हस्तव्यापार के चरम न होने से हस्त में अव्याप्ति हो जायगी ॥

समर्थन—जिस कुठारादि के व्यापार के अनन्तर (उत्तर) फल (छिदादि) होते हों, वह करण है।

खण्डन—यदि अव्यवहित-विशेषण से रहित अनन्तरमात्र की विवक्षा करें, तो कर्त्ता कर्म्म आदि के अनन्तर भी फल होने से वे भी करण हो जायँगे और यदि अव्यवहित अनन्तर की विवक्षा करें, या व्यापारी की अपेक्षा से आनन्तर्य्य की विवक्षा करें, तो क्रियाकलापरूप याग में अव्याप्ति हो जायगी, क्योंकि उसके अव्यवहित उत्तरक्षण में फल नहीं होता; किन्तु कालव्यवधान से होता है; और यदि व्यापार की अपेक्षा से आनन्तर्य्य की विवक्षा करें, तो हस्त में अव्याप्ति हो जायगी। कारण कि शर के व्यापार से व्यवधान है। यदि कहें कि हस्तव्यापार से प्रयोज्य होने से शर का व्यापार भी हस्त का ही व्यापार है और उस व्यापारपरम्परा से अनन्तर फल होता है, अतः अव्याप्ति नहीं होगी, तो कर्तादि के व्यापार से प्रयोज्य होने के कारण और उस व्यापारपरम्परा के कर्तृव्यापार होने से कर्त्ता में अतिव्याप्ति हो जायगी ॥ ३६ ॥

किञ्च—जो जिससे जन्य हो, तथा प्रधान क्रिया का जनक हो, वह उसका व्यापार है—यदि ऐसा व्यापार का लक्षण करें, तो लिङ्गपरामर्श इन्द्रियजन्य है तथा अनुमितिरूप-

किञ्च तत्कार्य्यो यदि क्रियाहेतुस्तद्व्यापार इष्टस्तदेन्द्रियकार्य्यो लिङ्गपरामर्शोऽनुमितिक्रियाहेतुरितीन्द्रियकरणिकाऽनुमितिः प्राप्ता। अथ हेतोः सतः कार्यः क्रियाहेतुस्तद्व्यापारस्तथा सत्यनुमित्यहेतोरिन्द्रियस्य कुतः करणत्वं स्यादिति। मैवम्। किं तद्धेतुत्वं यन्नास्त्यनुमितौ इन्द्रियस्य। नियतपूर्वभावित्वमिति चेत्। अस्ति तावत् पूर्वभावित्वं नियतत्वमपि, यदि कारणतायां प्रयोजकमिच्छसि तदा भवतैव यतितव्यं केनचिद्रूपेणेन्द्रियादेर्नियतत्वं प्रति, अन्यथा लिङ्गेन्द्रियादेः परस्परव्यभिचारादकरणिकैव प्रमा स्यात्। मनःसंयोगादेरेव तथात्वे चाऽप्रमासाधारण्यम्। अपि चाक्षादेरकरणत्वापातः, यत्सामान्ये यत्सामान्यं प्रयोजकं तद्विशेषस्यैव तद्विशेषे प्रयोजकत्वनियमदर्शनात्। ततो येन केनापि रूपेणेन्द्रियस्य प्रमायां नियतत्वमुपपाद्यते तेनैव रूपेण प्रसङ्गोपपत्तिः। अथ प्रमात्वे तत् प्रयोजकं नत्वनुमितित्वादाविति चेन्न; निरुपाधित्वाविशेषेणोक्तार्थाना-

---

क्रिया का जनक है, अतः लिङ्गपरामर्श इन्द्रिय का व्यापार हो जायगा तथा इन्द्रियाँ अनुमिति के करण हो जायँगी।

समर्थन—उस क्रिया का हेतु होकर उससे जो जन्य हो तथा उस क्रिया का जो हेतु हो वह उस क्रिया का व्यापार है—ऐसा लक्षण करने पर इन्द्रिय अनुमितिरूप क्रिया का हेतु नहीं है, अतः लिङ्गपरामर्श, इन्द्रिय का व्यापार नहीं है न इन्द्रिय करण ही है।

खण्डन—हेतुत्व क्या वस्तु है ? जो अनुमिति का हेतुत्व इन्द्रिय में नहीं है।

समर्थन—नियम से पूर्ववृत्ति कारण है और इन्द्रिय अनुमिति में नियम से पूर्ववृत्ति नहीं है।

खण्डन—जहां "वह्नि-व्याप्यो धूमः तद्वाँश्च अयं पर्वतः" इत्याकारक प्रत्यक्ष-ज्ञानरूप-परामर्श होता है, वहां इन्द्रिय अनुमिति से पूर्ववर्त्ति तो जरूर है, रहा नियम से होना वह यदि कारणत्व का प्रयोजक होतो आपको ही यत्न करना चाहिये कि किसी रूप से इन्द्रिय नियत पूर्ववर्त्ती हो। अर्थात् – प्रमां प्रति प्रमाणं कारणम्—ऐसा कार्य्यकारणभाव होने से प्रमाणत्वरूप से इन्द्रिय भी प्रमात्वरूप से अनुमिति के नियत पूर्ववर्त्ती ही है, अन्यथा (यदि सामान्यरूप से कार्य्यकारणभाव न मानें तो) परस्पर व्यभिचार होने से इन्द्रियादि करण न कहावेंगे अर्थात् प्रमा कारणरहित हो जायगी और आत्म-मनःसंयोग ही प्रमा का करण है; अतः प्रमा करण रहित नहीं है, ऐसा भी आप नहीं कह सकते हैं, कारण कि आत्म-मनःसंयोग, अप्रमा का भी कारण है।

किञ्च यदि "प्रमां प्रति प्रमाणं कारणम्" ऐसा सामान्यरूप से कार्य्यकारणभाव न मानें तो "प्रत्यक्षप्रमां प्रति इन्द्रियप्रमाणं कारणम्" ऐसा विशेष कार्य्यकारणभाव भी नहीं मान सकते, कारण कि जिस सामान्य की जिस सामान्य में कारणता होती है उस विशेष की ही उस विशेष में कारणता होती है—ऐसा नियम है तस्मात् जिस प्रमाणत्व रूप से इन्द्रिय के (प्रमा में) कारणत्व का उपपादन आप करेंगे, उसी प्रमाणत्वरूप से इन्द्रिय के करणत्व का अनुमिति के प्रति हम भी प्रसञ्जन करेंगे।

समर्थन—प्रमाणत्वरूप से इन्द्रिय प्रमा का प्रयोजक है, अनुमिति का प्रयोजक नहीं है।

खण्डन—यदि प्रमाणत्वरूप से इन्द्रिय का निरुपाधिक (नियत) सम्बन्ध प्रमा में है तो प्रमा विशेष (अनुमिति) में भी है, अतः आपने उक्त अर्थ से अधिक कुछ नहीं कहा

धिक्यात्। सामान्यप्रयोजकत्वेन विशेषत्यागानवकाशादिति। अन्यथा व्यक्तेरकारण-कत्वानुपपत्तेः ॥ ३७ ॥

अथान्यत्रास्तु यद्वा तद्वा करणं प्रमाविवक्षितजातिविशेषव्यपदेशकं प्रमाणं, चतस्रः खल्विमाः प्रत्यक्षादिप्रमितयो भिन्नव्यपदेशभाजः। नच प्रमाता प्रमेयं वा तद्भेदहेतुः प्रमाणानि तु यथायथं चतसृष्वसाधारणानीति भिन्नबुद्धिव्यपदेशनिबन्धनानीति॥ मैवम्। विवक्षितपदं तावल्लक्षणे भाण्डालेख्यमिव, पुरुषेच्छानामनियतविषयत्वात्। अर्थजत्वस्य च साक्षात्कारित्वं प्रतीन्द्रियजत्वाविशिष्टतयाऽर्थस्यापि करणत्वप्रसङ्गात्। आप्तोक्तौ तु कर्तरपि शाब्दप्रमाजातिविशेषकत्वेनातिप्रसङ्गात्, ओमित्युत्तरे च पूर्व्वमेवोक्तमिति ॥

विवक्षितजातिभेदौपयिकत्वेन प्रमित्यसमवायिकारणविशेषकं प्रमाणमित्यप्यत एव प्रत्युक्तम् ॥ ३८ ॥

इति प्रमाकरणनिरुक्तिदूषणानि।

है, कारण कि जब प्रमासामान्य की इन्द्रियाँ प्रयोजक हैं, तब प्रमाविशेष के प्रयोजकत्व का त्याग नहीं हो सकता है ॥३७॥

समर्थन—प्रमा से अन्यत्र (छिदादि में) करण का (कुछ) लक्षण हो या न हो यह प्रस्तुत नहीं है। प्रस्तुत प्रमास्थल में तो करण का—प्रमा में विवक्षित जो प्रत्यक्षत्व अनुमिति-त्वादि जाति उन जातियों के व्यवहार वा बुद्धि का जो हेतु वह प्रमाण (प्रमितिका करण) है—ऐसा लक्षण हो सकता है। देखिये—चार प्रकार की प्रत्यक्षादि प्रमा भिन्नव्यपदेश वा बुद्धि के विषय होती हैं। प्रमाता वा प्रमेय इस भेद के कारण नहीं हैं; किन्तु इन्द्रिय परामर्श आदि ही यथायोग्य चारों प्रमितियों में असाधारण हेतु हैं, अतः भिन्नबुद्धि वा भिन्न व्यपदेश के कारण हो सकते हैं।

खण्डन—लक्षण में विवक्षित पद, भाण्ड (पात्र) के चित्र के तुल्य है, कारण कि पुरुष की इच्छा अनियत विषयक है अर्थात् प्रत्यक्षत्व परोक्षत्व दो ही जाति की कोई विवक्षा करे, तो परोक्षत्व व्यवहार का हेतु बहिरिन्द्रिय सन्निकर्षाभाव भी प्रमाण कहा जायगा, अथवा अनुमिति में उपमिति के अन्तर्भाव की कोई विवक्षा करे, तो उपमान प्रमाण न कहा जा सकेगा।

किञ्च प्रत्यक्षप्रमात्व के व्यवहार के हेतु जैसे इन्द्रियाँ हैं, वैसे ही अर्थ भी है। तथा शाब्दत्व व्यवहार का हेतु जैसे शब्द है, वैसे ही आप्तवक्ता भी है, अतः अर्थरूप कर्म तथा आप्तरूप कर्त्ता भी प्रमाण हो जायँगे। कर्म्म कर्त्ता में करण व्यवहार कहीं होता नहीं है, अतः आप यह स्वीकार नहीं कर सकते।

समर्थन—विवक्षित जो प्रत्यक्षत्वादि जातिभेद उनके उपायभूत होने से प्रमिति के असमवायी कारण आत्ममनःसंयोग के विशेषक (अप्रमास्थल से व्यावर्त्तक) जो इन्द्रिय-परामर्शादि वे प्रमाण हैं।

खण्डन—"विवक्षित" पद से घटित होने से यह लक्षण भी भाण्ड के चित्र के तुल्य ही है।

किञ्च—प्रत्यक्षस्थल में अर्थ तथा शाब्दस्थल में आप्त भी असमवायीकारण के विशेषक होने से प्रमाण हो जायेंगे ॥३८॥

इति प्रमाणसामान्यलक्षणखण्डन

एवं विशेषतोऽपि प्रमाणलक्षणानि प्रतिवक्तव्यानि । तथा हि प्रत्यक्षमिन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यभिचारीत्याहुः । किमर्थमिदमुच्यते किं सजातीयविजातीयव्यवच्छिन्नतत्प्रतीत्यर्थम् ? उत साक्षात्कारित्वप्रतीतये तच्चिह्नोपदर्शनमिदम् ? उत व्यवहारार्थम् ? उत प्रत्यक्षादिशब्दप्रवृत्तिनिमित्तावधारणार्थम् ? उत अन्यत्किञ्चिदर्थमेव।

तत्र नाद्यः, तथा हि-किं सजातीयेति प्रत्यक्षत्वेन साजात्यमपेक्षितं ? रूपान्तरेण वा ? नाद्यः, तस्माद्व्यवच्छेदावधेः सजातीयादव्यावृत्तत्वेन व्यवच्छेदकत्वानुपपत्त्या व्यावृत्तत्वस्वीकारेणाव्यापकत्वात् । नापि द्वितीयः, विजातीयपदोपादानवैयर्थ्यात्, अस्ति हि प्रमेयत्वादिना सर्वसाजात्यम् ॥ ३९ ॥

अथ प्रमाणत्वादिना विशेषेण साजात्यं विवक्षित्वेदमुच्यते तर्हि लक्ष्यस्यापि प्रमाणत्वेन साजात्याद्व्यवच्छेद्यकोटिप्रविष्टतया सङ्ग्राह्याभावप्रसङ्गः । लक्ष्यस्य यत्प्रमाणत्वादिभिः सजातीयं तद्व्यवच्छेद्यम् । नच लक्ष्यस्य लक्ष्यं सजातीयं षष्ठ्यर्थस्य भेदव्यवस्थितत्त्वादितिचेत्, एवं तर्हि लक्ष्यापेक्षयाभिन्नात् व्यवच्छेद इत्येवोच्यतां

अथ प्रत्यक्षनिरुक्तिखण्डन

इसी रीति से प्रमाणविशेष के लक्षण भी खण्डनीय हैं । देखिये—इन्द्रिय तथा अर्थ के सन्निकर्ष (सम्बन्ध) से उत्पन्न तथा अर्थसे अव्यभिचारी ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमा है—ऐसा प्रत्यक्ष का लक्षण न्यायसूत्रकार ने किया है । यह लक्षण किस लिये किया, क्या सजातीय (सदृश) विजातीय (असदृश) से व्यावृत्त (भेदयुक्त) लक्ष्य के स्वरूपज्ञान के लिये अथवा लक्ष्यभूत प्रत्यक्ष के ज्ञानार्थ (चिन्ह) हेतु प्रदर्शन के लिये ? वा व्यवहार के लिये वा प्रत्यक्षसाक्षात्कारी आदि शब्द के प्रवृत्तिनिमित्त (शक्यतावच्छेदक) के प्रदर्शन के लिये वा अन्यही किसी प्रयोजन के लिये ? इनमें प्रथमपक्ष युक्त नहीं है । देखिये—सजातीयत्व (सादृश्य) प्रत्यक्षत्वरूप से इष्ट है वा रूपान्तर से, यदि प्रत्यक्षत्वरूप से साजात्य लें तो उस व्यवच्छेद के अवधिभूत सजातीय प्रत्यक्ष से व्यवच्छेद (भेद) न हो तो लक्षण व्यवच्छेदक ही न हुआ और यदि सजातीय से व्यवच्छेद हो, तो जिस सजातीय से व्यवच्छेद होगा उसमें लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी और यदि अन्यरूप से साजात्य लें तो विजातीय पद व्यर्थ होगा, कारण कि प्रमेयत्वरूपसे प्रत्यक्ष के सब सजातीय ही हैं ।

समर्थन—प्रमाणत्व आदि धर्म्म से साजात्य की विवक्षा से विजातीय पद का उपादान है।

खण्डन—प्रत्यक्ष भी प्रमाणत्वरूप से सजातीय है, अतः लक्ष्य की भी व्यावृत्ति होने से संग्राह्य (लक्ष्य) का अभाव हो जायगा ॥३९॥

समर्थन—लक्ष्य से जो प्रमाणत्वरूप से सजातीय हो वह व्यवच्छेद्य है और लक्ष्य लक्ष्य का सजातीय नहीं है कारण कि सादृश्य भेद में होता है, अतः स्व में स्व का सादृश्य नहीं होता है ।

खण्डन—यदि ऐसा है तो लक्ष्य से जो भिन्न हो उससे व्यवच्छेद के लिये लक्षण है, इतना ही कहो, प्रकृत में अनुपयोगी प्रमाणत्व आदि से साजात्य की विवक्षा व्यर्थ है ।

किञ्च यदि लक्ष्य से अन्यत्व, पर में अवगत है, तो पर से अन्यत्व भी लक्ष्य में अवगत ही है, अतः लक्षण के प्रयोजन (व्यावृत्ति) की—लक्षण करने से पहिले ही—सिद्धि होने से लक्षण करना व्यर्थ है ।

कृतं प्रमाणत्वादिना साजात्येन प्रकृतानुपयोगिना वर्णितेन । यदा च लक्ष्यादन्यत्वं परेषामवगतं तदा परस्मादन्यत्वमपि लक्ष्यस्यार्थादवगम्यत इति सिद्धमग्रत एव लक्षण-प्रयोजनमिति वैयर्थ्यमेव स्याल्लक्षणाख्यानस्येति ॥

अस्तु वा विवक्षावैचित्रीवशात् कथमपीदृशमभिधानं तथापि न तावदनेन लक्षणेनानवगतेनैव व्यवच्छिन्नप्रतीतिसम्भवोऽतिप्रसङ्गात् । नापि ज्ञातेन दुरवधारणत्वात् । तथा हि—न तावदिन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पत्तिः प्रत्यक्षाऽप्रत्यक्षविशेषणत्वात् । नापि कार्य्येण लिङ्गेन तदनुपपत्त्या वा तदवगमः ताभ्यां सामान्यतः कारणमात्राक्षेपेण कारणगतानुगतरूपासिद्धावेकरूपलक्षणासिद्धेः ॥४०।

कार्य्यस्यैकजात्यादेकजातीयकारणसिद्धिरिति चेत्, तर्हि कार्य्यगतैकजात्यस्य पूर्व्वमवश्यं प्रत्येतव्यत्वाङ्गीकारे तत एव सजातीयविजातीयव्यवच्छेदप्रतिपत्तिरस्तु कृतमनया पारम्पर्य्यकुसृष्ट्या ।

समर्थन—जैसे घट से पट में अन्यत्व के अज्ञानकाल में भी पट से अन्यत्वरूप से घट का प्रत्यक्षज्ञान होता है, वैसे ही लक्ष्य से अन्यत्वरूप से अज्ञात अलक्ष्य से अन्यत्वरूप से लक्ष्य का ज्ञान लक्षणरूप व्यतिरेकी हेतु से हो सकता है, अतः लक्षण व्यर्थ नहीं है।

खण्डन—इस रीति से विवक्षा के वैचित्र्य अर्थात् लक्ष्य से भिन्न लक्ष्य की व्यावृत्ति वा सजातीय विजातीय लक्ष्य से लक्ष्य की व्यावृत्ति के लिये लक्षण का सार्थकत्व कथञ्चित् यदि आप करें तो वह भी युक्त नहीं है, कारण कि अज्ञात लक्षण से इतर-व्यावृत्तरूप से लक्ष्यका ज्ञान नहीं हो सकता है, क्योंकि अज्ञात लक्षण से इतर-व्यावृत्तत्वरूप से लक्ष्य की प्रतीति हो तो सर्वदा व्यावृत्तत्वरूप से लक्ष्य की प्रतीति होनी चाहिये, वह होती नहीं है। तथा ज्ञात लक्षण से भी इतर से व्यावृत्तत्वरूप से लक्ष्य की प्रतीति नहीं हो सकती है, कारण कि लक्षण का ज्ञान [इन्द्रिय रूप अतीन्द्रिय पदार्थ से घटित होने से चक्षुरादि इन्द्रिय से] हो नहीं सकता है, तथा कार्य्यरूप लिङ्ग से वा कार्य्य की अनुपपत्ति से भी लक्षण का ज्ञान नहीं हो सकता है, कारण कि कार्य्य से कारणमात्र की अनुमिति वा आक्षेप करें तो भी कारणगत अनुगतरूप की असिद्धि से एकरूप लक्षण की असिद्धि होगी ॥४०॥

समर्थन—प्रत्यक्षरूप कार्य्य एक जातीय है, अतः उससे एक जातीय इन्द्रिय अर्थ के सन्निकर्षरूप कारण का आक्षेप होने से वही लक्षण है।

खण्डन—यदि ऐसा है तो कार्य्यगत ऐकजात्य साक्षात्कारित्व का प्रथम ज्ञान अवश्य मानेंगे। फिर उसीसे सजातीय विजातीय व्यावृत्त लक्ष्य की प्रतीति हो जायगी, अतः यह परम्परा कुसृष्टि (साक्षात्कारित्व के ज्ञान से इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व का ज्ञान और उससे सजातीय विजातीय की व्यावृत्ति) की कल्पना व्यर्थ है।

समर्थन—इससे भी इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व का खण्डन अव्याप्ति आदि दोष न होने से न हुआ।

खण्डन—कार्यगत ऐकरूप्य साक्षात्कारित्व [इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व का] अनुमापक होने से पूर्वज्ञेय तथा अवश्य स्वीकरणीय है और कारणगत ऐकरूप्य अनुमेय होने से पश्चात् ज्ञेय है। तथा कार्य्यगत वैरूप्य से ही व्यावृत्तिरूप स्वकार्य्य की सिद्धि

नन्वेतावतापि न प्रकृतलक्षणखण्डनं भवत्यव्याप्तेरतिव्याप्तेर्वाऽनुद्भावनात्। मैवम्। प्रथमभावितयाऽवश्यानुष्ठेयतया च लघोरुपायात्साध्यसिद्धौ सम्भवन्त्यां चरमभावितयाऽवश्यानुष्ठेयत्वाभावेन च गुरूपाये प्रवर्त्तमानस्य तवैवेदं दोषोद्भावनं प्रदीपेप्रदीपान्तरं प्रज्वाल्यतमोनिरासाय यतमानस्येव पुंसः। न हि तस्य दीपान्तरस्य कश्चिद्दोषः; किन्तु तथाकारी पुरुष एव पर्य्यनुयोज्यः। सर्वसाधनसाधारणोऽयं वा दोषो यत्सम्भवदेवंविध लघूपायत्वं नाम, स्वरूपासिद्धिरिव सर्वप्रमाणानाम्। तस्मान्मा नाम भूदतिव्याप्त्यादिदोषः सामान्यदोषादेवेदं लक्षणं दुष्टमिति ॥४१॥

एतेन द्वितीयोऽपि निरस्तः। साक्षात्कारित्वावगममन्तरेण तदवगमानुपपत्तेः। तदवगमाच्चास्य प्रतीतावन्योन्याश्रयप्रसङ्गः। अस्तु वाऽन्यदपि किञ्चिदिन्द्रियजत्वे लिङ्गं तथापि तदेव साक्षात्कारित्वाविनाभूततया प्रत्यक्षलक्षणमुपन्यस्यतां सन्निहितप्रतिपत्तिकत्वात्। नच तदवश्यं व्यापकं वक्तव्यं लिङ्गस्य तद्व्याप्यत्वेनैवोपपत्तेरिति चेन्न; यत्र लिङ्गमव्यापकत्वान्नास्ति तत्रेन्द्रियजत्वस्य प्रमाणाभावात् प्रत्येतुमशक्यत्वेन कथं ततः

होने से अवश्य स्वीकर्तव्य भी नहीं है, अतः लघु उपाय से कार्य्य की सिद्धि जब हो रही है तब गुरु उपाय में आपकी प्रवृत्ति—समीप में एक प्रदीप के प्रज्वलित होते भी तमोनाश के अर्थ दूरस्थ अन्य प्रदीप के प्रज्वालन में यत्न करनेवाले पुरुष के उद्योग के तुल्य—गौरव दोष से युक्त है। यहां अन्य प्रदीप का कुछ दोष नहीं, किन्तु एक प्रदीप के होते भी अन्य प्रदीप के अर्थ उद्योगकारी पुरुष का ही दोष है, जैसे स्वरूपासिद्धि सर्वप्रमाण साधारण दोष है वैसे ही लघु उपाय होते भी गुरु उपाय का अवलम्बनरूप दोष सर्वसाधन साधारण है। तस्मात् अतिव्याप्ति आदि दोष न होने पर भी गौरवरूप दोष से ही यह लक्षण दुष्ट है॥४१॥

"साक्षात्त्व का अनुमितिरूप ज्ञान के हेतु-प्रदर्शन के लिये लक्षण है" यह द्वितीय कल्प भी अयुक्त है, कारण कि ज्ञातहेतु ही अनुमिति का हेतु होता है और हेतु का प्रत्यक्षरूपज्ञान पूर्वोक्त रीति से हो नहीं सकता और यदि साक्षात्कारित्व से लक्षणरूप हेतु की अनुमिति करें, तो उक्त लक्षणरूप हेतुज्ञान से साक्षात्कारित्व की अनुमिति और साक्षात्त्व के ज्ञान से उक्त हेतु का ज्ञान होने से अन्योन्याश्रय हो जायगा।

समर्थन—साक्षात्त्व से उक्त लक्षणरूप हेतु की अनुमिति नहीं होती है; किन्तु अपरोक्ष व्यवहार हेतु ज्ञानत्वरूपहेतु से होती है, अतः अन्योन्याश्रय नहीं है।

खण्डन—तब साक्षात्कारित्व के व्याप्य अपरोक्षव्यवहार हेतु ज्ञानत्व ही लक्षण रहे, कारण कि इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्वरूप हेतुज्ञान के लिये प्रथमज्ञेय है।

समर्थन—लक्षण लक्ष्य का अवश्य व्यापक होता है, अतः प्रत्यक्ष का व्यापक होने से इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व ही लक्षण है और अपरोक्ष-व्यवहार-हेतु-ज्ञानत्व-लक्ष्य का व्यापक नहीं है; कारण कि "ग्रामं गच्छन् तृणं स्पृशति" इस स्थान में तृण का त्वाच प्रत्यक्ष होने पर भी अपरोक्ष व्यवहार नहीं होता है; किन्तु व्याप्य है और हेतु व्याप्य ही होता है; अतः अपरोक्ष-व्यवहार हेतुत्व उक्त लक्षण का अनुमापक हेतु ही है, प्रत्यक्ष का लक्षण नहीं है।

खण्डन—जहां उपेक्ष्य तृणादि-ज्ञान में अपरोक्ष व्यवहारहेतुत्वरूप हेतु के न होने से इन्द्रियार्थ-सन्निकर्षजत्व का अवगम नहीं होता है, वहां उक्त हेतु से साक्षात्कारित्वरूप

साक्षात्कारित्वावगमः। यदा च क्वचित्प्रत्यक्षजातीय एव प्रमाणाभावादिन्द्रियजत्वमनवधारणीयतया साक्षात्कारित्वव्यापकत्वेनानवगतमपि लक्षणं, तदा किमपराद्धं लिङ्गान्तरेणाव्यापकेन ॥४२॥

अथ यत्र तदिन्द्रियजत्वे लिङ्गं नास्ति तत्र लिङ्गान्तरात्तत्प्रत्येतव्यम्। तथापि तदेवास्तां साक्षात्कारित्वे लिङ्गं कृतमिन्द्रियजत्वानुमानपूर्वकतदनुमानकल्पनया। अथ तथा लिङ्गद्वयं तत् प्रत्येकमव्यापकतया न लक्षणं, इन्द्रियजत्वन्तु तथात्वात् लक्षणमिति चेन्न, साक्षात्कारित्वानुमानस्य लक्षणप्रयोजनस्योभाभ्यामेव सिद्धेः कृतं व्यापकेन तेन॥

नापि तृतीयः, स ह्येवंरूपो यदिन्द्रियार्थसन्निकर्षजनितं तत्प्रत्यक्षमिति व्यवहर्त्तव्यमिति। अयमप्यर्थोऽनुपपन्नो लक्षणस्य ज्ञातुमशक्यत्वात्। साक्षात्कारित्वात्तदवगमे साक्षात्कारित्वमेवास्तु व्यवहारनियमनिदानमव्यवहितप्रतिपत्तिकत्वादित्यावेदितम्॥

लक्ष्य का अवगम कैसे होगा। किञ्च जब उपेक्ष्य तृणादि के त्वाच प्रत्यक्ष में ज्ञापक हेतु के न होने से साक्षात्कारित्व के व्यापकत्व से अनवगत भी इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व लक्षण है, तब अव्यापक अपरोक्षव्यवहार हेतुत्व का क्या अपराध है कि वह लक्षण न हो, कारण कि अज्ञान दशा में व्यापकत्व भी अकिञ्चित्कर है ॥ ४२ ॥

समर्थन—जिस स्थल में अपरोक्षव्यवहार हेतुत्व नहीं है, वहाँ अन्यलिंग (सविशेषार्थ-प्रधानत्व) से इन्द्रियार्थसन्निकर्षजत्व की अनुमिति होगी।

खण्डन—तब सविशेषार्थ प्रधानत्व ही साक्षात्कारित्व का साक्षात् हेतु रहे, इन्द्रियार्थ सन्निकर्षजत्व की अनुमिति द्वारा साक्षात्व की अनुमिति व्यर्थ है।

समर्थन—अपरोक्षव्यवहारहेतुत्व तथा सविशेषार्थप्रधानत्व प्रत्येक में अव्यापक हैं अर्थात् अपरोक्षव्यवहारहेतुत्व उपेक्ष्य तृणत्वाच में तथा सविशेषार्थ प्रधानत्व प्रमेयवत्व इत्याकारक प्रत्यक्ष में अव्यापक हैं, अतः लक्षण नहीं हो सकते हैं, किन्तु इन्द्रियजत्व ही व्यापक होने से लक्षण है।

खण्डन—लक्षण का प्रयोजन साक्षात्कारित्व का ज्ञान होना है वह ज्ञान दोनों से हो गया. फिर व्यापक इन्द्रियार्थसन्निकर्षजत्वरूप लक्षण व्यर्थ है। साक्षात्कारिप्रमिति प्रत्यक्षत्वरूप से व्यवहर्तव्य है। इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्य होने से, यह तृतीयकल्प भी अयुक्त है, कारण कि उक्त लक्षण का ज्ञान ही नहीं हो सकता है। यदि साक्षात्कारित्वरूप कार्य्यगत ऐक्य रूपसे उक्त लक्षण की अनुमिति करें तो अच्छा है कि साक्षात्कारित्व से उक्त लक्षणद्वारा व्यवहारानुमिति की अपेक्षा लाघव होनेसे साक्षात् ही साक्षात्कारित्व से प्रत्यक्षत्व व्यवहार की अनुमिति करें।

प्रत्यक्षसाक्षात्कारी आदि शब्दों का इन्द्रियार्थ-सन्निकर्षजत्व प्रवृत्तिनिमित्त (शक्यतावच्छेदक) है, इस बातके निश्चय के लिये लक्षण है—यह चतुर्थ कल्प भी अयुक्त है, कारण कि उक्त लक्षण का ज्ञान साक्षात्कारित्व से होगा, अतः उपस्थित होने से तथा अनेकविशेषणयुक्त गुरु उक्तलक्षण की अपेक्षा लघु होनेसे साक्षात्व को ही प्रवृत्तिनिमित्त मानना उचित है

अतएव न चतुर्थः कल्पनागौरवदोषश्चाधिकः। नापि पञ्चमः; तादृशस्य दर्शयितुमशक्यत्वात् ॥४३॥

एतेन भासमानाकारेन्द्रियसंयोगजं प्रत्यक्षमित्यपि निरस्तम्। किञ्च प्रमाणविशेषलक्षणमिदं प्रमाणलक्षणोपसंगृहीतस्य कियतः सङ्ग्राहकं ? कियतश्च प्रतिक्षेपकं वक्तव्यं ? प्रमाणलक्षणेन च व्यभिचारिणो निवृत्तिः प्रदर्श्यते। तथा च सति यथाश्रुतमिदमलक्षणं, व्यभिचार्य्यपि हि भासमानस्य सत्तादेराकारस्येन्द्रियसंयोगादुत्पद्यते। अथ विशेषाभिप्रायेणेदं लक्षणं वाच्यं तथाऽप्यसङ्गतिः। तथा हि–किं कियन्मात्रभासमानेन्द्रियसम्प्रयोगजत्वं विवक्षितम्? उत यावद्भासमानेन्द्रियसम्प्रयोगजत्वम्?। आद्ये, व्यभिचाय्यव्यवच्छेदः निर्विकल्पकासङ्ग्रहश्च ॥४४॥

नापि द्वितीयः, विकल्पासहत्वात्। तथा हि—किं भासमानताविशिष्टस्येन्द्रियसम्प्रयोगः? उत भासमानतोपलक्षितस्य ? नाद्यः, पूर्वं भासमानत्वाभावात् कारणस्य च पूर्व्वभावित्वात्। द्वितीये, लटोऽविवक्षितार्थत्वं विवक्षितार्थत्वं वा ? नाद्यः, तथाहि' यावद्भा-

---

पञ्चम कल्प भी युक्त नहीं, कारण कि उसे दिखा नहीं सकते॥४३॥

प्रत्यक्ष लक्षणान्तर-खण्डन

भासमान जो आकार उससे इन्द्रिय का जो सम्प्रयोग (सन्निकर्ष) उससे जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है, यह लक्षण भी पूर्वोक्त रीति से ही अयुक्त है। किञ्च प्रमाणविशेष (प्रत्यक्ष) का यह लक्षण प्रमाण लक्षण से उपसंगृहीत कुछ एक लक्ष्य का संग्राहक है तथा कुछ एक का व्यवच्छेदक है और प्रमाणलक्षण व्यभिचारी शुक्ति-रजत ज्ञान में नहीं रहता है, और भासमान आकार तथा इन्द्रिय के सम्प्रयोगजन्यत्वरूप यथाश्रुत यह लक्षण उक्त व्यभिचारी ज्ञान में भी है, अतः यह अलक्षण है, कारण कि व्यभिचारी ज्ञान भी भासमान इदन्त्वरूप आकार से इन्द्रिय के सन्निकर्ष से ही उत्पन्न होता है।

यदि विशेष आकार शुक्तित्वादि के अभिप्राय से यह लक्षण है और इदंत्वसामान्य आकार है तो भी असङ्गत ही है। देखिये—क्या कियन्मात्र भासमान आकार और इन्द्रिय का सम्प्रयोग विवक्षित है? वा यावत् भासमान आकार तथा इन्द्रिय का सम्प्रयोग विवक्षित है? प्रथमपक्ष अयुक्त है—कारण कि व्यभिचारी भी कियन्मात्र भासमान आकार तथा इन्द्रिय के सम्प्रयोग से होता है निर्विकल्पक ज्ञान में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि निर्विकल्पक ज्ञान में वस्तुमात्र भासता है और वह निर्भाग है, अतः निर्विकल्पक ज्ञान भासमान सकल आकार तथा इन्द्रिय के सम्प्रयोग से ही होता है॥४४॥

भासमान यावत् आकार इन्द्रिय सम्प्रयोग से जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है। यह द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि विकल्प का असह है। देखिये—क्या भासमानता विशिष्ट में इन्द्रिय का सम्प्रयोग विवक्षित है? वा भासमानता से उपलक्षित में? प्रथम पक्षयुक्त नहीं है, कारण कि इन्द्रिय सम्प्रयोग से पहले भासमानता का अभाव है और भासमानता के कारण इन्द्रिय सम्प्रयोग की स्थिति भासमानता से पूर्व होनी चाहिये। भासमानता से उपलक्षित

समानाकारेन्द्रियसंयोगजमपि भवति घटोऽयमिति विज्ञानम् नच तदात्मनि प्रत्यक्षम्, आत्मनस्तदीयाविषयत्वात्, प्रामाण्यस्य च विषयनियतत्वात्। यत्र प्रामाण्यं तत्रैव विषये तद्विशेषस्य प्रत्यक्षत्वस्य वक्तव्यत्वात्। अन्यथा पटास्तित्वे घटोऽयमिति प्रत्यक्षं प्रमाणयतः किमुत्तरम्? ॥४५॥

नन्विदमुत्तरं घटविज्ञानं पटे न प्रत्यक्षं, न हि तदिन्द्रियसन्निकर्षेणोत्पन्नमिति। तत् किमात्मेन्द्रियसन्निकर्षजं घटज्ञानमात्मनि प्रत्यक्षमेव? । कथमेवं स्यात् आत्मेन्द्रियसन्निकर्षाद्घटज्ञानस्योत्पादेऽप्यात्मनोऽनवभासमानत्वादिति चेन्न। भासमानेत्यत्र लटोऽविवक्षितार्थत्वपक्षमाश्रित्येदं भवतोच्यत इति स्मर्त्तव्यम्। अस्ति ह्यात्मनो भासमानत्वं कदाचित् केनचिदन्यथाऽप्रमेयत्वप्रसङ्गात्।

उक्तलक्षणकं स्वविषये प्रत्यक्षं न त्वन्यत्राऽपीति चेन्न, स्वशब्देन यदि ज्ञानमात्रं विवक्षितं तदा स दोषस्तदवस्थः अथ ज्ञानव्यक्तिरपेक्षिता तदा लक्ष्यस्वरूपस्यासाधारणतया तत्परित्यागेन लक्षणस्यान्यत्र गतत्वादतिव्याप्तिः, व्यक्त्यन्तरस्य लक्षणाश्रयस्य एकव्यक्त्यभिहितलक्ष्यीभूतासाधारणरूपत्वाभावात् ॥४६॥

में इन्द्रिय का सम्प्रयोग हो इस द्वितीय कल्प में भी लट् का अर्थ अविवक्षित है वा विवक्षित। प्रथम पक्ष युक्त नहीं, कारण कि यावत् भासमान आकार तथा इन्द्रिय के सम्प्रयोग से जायमान "घटोऽयम्" यह ज्ञान आत्मा में भी प्रत्यक्ष हो जायगा और आत्मा में "घटोऽयम्" यह प्रत्यक्ष नहीं होता है, कारण कि आत्मा उस ज्ञान का विषय नहीं है और प्रामाण्य विषय से नियत है अर्थात् जिस विषय में जो प्रमाण है उसी विषय में वह प्रमाणविशेष प्रत्यक्ष कहा जाता है। यदि इस बात को न मानें तो पट के अस्तित्व में "घटोऽयम्" इस प्रत्यक्ष ज्ञान को कोई प्रमाण दे तो क्या उत्तर होगा ॥४५॥

समर्थन—घटज्ञान, पट तथा इन्द्रिय के सन्निकर्ष से उत्पन्न नहीं है, अतः पट में वह ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है।

खण्डन—क्या आत्मा और मनोरूप इन्द्रिय के सन्निकर्ष से जायमान घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष है?

समर्थन—घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है, कारण कि आत्मा तथा इन्द्रिय (मन) के सन्निकर्ष से घटज्ञान यद्यपि उत्पन्न है, तथापि आत्मा भासमान नहीं है।

खण्डन—"भासमान" इस विशेषण में लट् का अर्थ अविवक्षित है इस कल्प का आश्रयण कर आप उत्तर कह रहे हैं इसका स्मरण कीजिये। कदाचित् किसी कारण आत्मा का भी भान होता ही है, अन्यथा आत्मा अप्रमेय हो जायगी।

समर्थन—भासमान आकार और इन्द्रिय के सम्प्रयोग से जन्य ज्ञान स्वविषय में प्रत्यक्ष है—ऐसा लक्षण करने पर घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष न होगा।

खण्डन—यदि स्व शब्द को ज्ञानसामान्यपरक मानें तो, आत्मा भी यत्किञ्चित् ज्ञान का विषय होती ही है, अतः घटज्ञान आत्मा में प्रमाण हो जायगा और यदि ज्ञानव्यक्तिपरक मानें तो जो ज्ञानव्यक्ति स्व शब्द से गृहीत होगी, वह ज्ञान व्यक्ति ही लक्ष्य हुई, अन्यव्यक्ति लक्ष्य नहीं हुई, कारण कि लक्ष्य के असाधारणरूप तद्व्यक्तित्व उस व्यक्ति में नहीं है और लक्षण अन्यव्यक्ति साधारण है, अतः अतिव्याप्ति हो जायगी ॥४६॥

व्यक्त्यन्तरमपि लक्ष्यमेव अलक्ष्ये च लक्षणस्य गमनादतिव्याप्तिरिति चेन्न; यदेकतासाधारणस्वरूपं लक्ष्यत्वेन निरुच्यते भवता न तदन्यस्य स्वरूपमतः कथं तदपि लक्ष्यमित्यपिशब्देनानेकं साधारणीकृत्य समुच्चेतुं शक्यम्, यदपि साधारणं रूपं तद्व्यक्त्यन्तरव्यवच्छेदकस्वविषयपदं विशेषणं प्रक्षिपता भवतैवासाधारणीकृतं स्वशब्दस्य ज्ञानमात्रार्थत्वे दोषस्योक्तत्वात् स्वत्वस्य चानुगतस्वरूपस्य निर्वक्तुमशक्यत्वात्, अन्यथाऽन्यव्यक्तिविषयस्यान्यत्र तथात्वापत्तेः।

नापि द्वीतीयः पक्षः, विकल्पासहत्वात्। किं सम्प्रयोगापेक्षया वर्त्तमानत्वमथ यत्किञ्चदपेक्षया। प्रथमे विशेषणत्वपक्षान्न विशेष इत्युक्तदोषापत्तिः। द्वितीये तु लटोऽविवक्षितार्थत्वमेव स्यात् व्यवच्छेद्ययोर्भासितभासिष्यमाणयोरपि तदा तदा भासमानत्वस्वीकारात्॥ ४७॥

समर्थन—अन्य व्यक्ति भी लक्ष्य ही है और अलक्ष्य में लक्षण का गमन अतिव्याप्ति है।

खण्डन—आप स्वविषयक प्रत्यक्ष को लक्ष्य कहते हैं, वह रूप अन्यत्र नहीं है। अतः कैसे "वह भी लक्ष्य है" इस प्रकार भी शब्द से उस व्यक्ति का समुच्चय कर सकते हैं। जो प्रत्यक्षत्व अन्य व्यक्ति साधारण था, उस प्रत्यक्षत्व को भी स्वविषय में यह विशेषण देकर आपने ही असाधारण कर दिया है। स्व शब्द यदि ज्ञानमात्रपरक मानें तो—घटज्ञान आत्मा में भी प्रत्यक्ष हो जायगा—यह दोष हम कह आये हैं। किञ्च सम्पूर्ण ज्ञान में अनुगत स्वत्व का निर्वचन भी नहीं हो सकता है कि उस स्वत्वरूप से संग्रह कर स्व शब्द को ज्ञानमात्र का वाच्य मानें। यदि कथञ्चित् स्वत्व का निर्वचन भी करें तो ज्ञानमात्र के स्व शब्द वाच्य होने से अन्य विषयक ज्ञान अन्य में अर्थात्—घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष हो जायगा। भासमान इस पद में लट् का अर्थ विवक्षित है, यह द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि विकल्प को नहीं सह सकता है। देखिये—क्या सम्प्रयोग की अपेक्षा से वर्तमानत्व विवक्षित है, अथवा जिस किसीकी अपेक्षा से। इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है। कारण कि सम्प्रयोग काल में [कारण के कार्य्य से पूर्ववर्ती होने से] भासमानता हो ही नहीं सकती है, अतः इस पक्ष में भी विशेषणपक्ष-कथित दोष हो जायगा—यदि यत्किञ्चित् की अपेक्षा से वर्त्तमानता का ग्रहण करें तो अर्थतः वर्तमानत्व अविवक्षित ही हुआ, कारण कि भासिष्यमाण (भासित होने वाला) और भासित भी यदा कदाचित् वर्तमान भासन का विषय ही हैं, अतः उनका व्यवच्छेद नहीं होगा॥४७॥

समर्थन—"इन्द्रिय सम्प्रयोग के अनन्तर जायमान जो भासन तद्विषय आकार और इन्द्रिय के सम्प्रयोग से जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है" ऐसा लक्षण करने पर घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष नहीं होगा, कारण कि चक्षुःसंयोग के अनन्तर आत्मा भासमान नहीं है।

खण्डन—आत्मा का भासन भी मनोरूप इन्द्रिय के संयोग के अनन्तर ही होता है, मनोरूप इन्द्रिय के संयोग के बिना आत्मा का ग्रहण भी नहीं होता है, अतः उक्तरूप से परिष्कार होने पर भी घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष हो जायगा।

समर्थन—जिस इन्द्रियसंयोग के अनन्तर भासन होता हो उस इन्द्रियसंयोग के अनन्तर जायमान जो भासन उसका विषय आकार तथा इन्द्रिय के सम्प्रयोग से

इन्द्रियसम्प्रयोगानन्तरं भासमानत्वमपेक्षितमतो विवक्षितार्थमिति चेन्न । आत्मनोऽपीन्द्रियसंयोगानन्तरं भासमानत्वमस्ति । न हि स यदा मनसा गृह्यते तदा नेन्द्रियसंयोगानन्तरम् । नेन्द्रियसंयोगमात्रं विवक्षितं, किं नाम यदनन्तरं भासमानतोत्पत्तिरिति चेन्न, तदनन्तरमपि भासनोत्पत्तेः । भासमानतान्तरं तत् नत्विदं भासनमिति चेत्, न । अव्याप्तिप्रसङ्गात् । एकभासनमात्रव्यवस्थितत्वात् लक्षणस्य ॥ ४८ ॥

अथ मन्यसे यद्भासनं यस्य विषयस्येन्द्रियसयोगादुत्पन्नं तत्तत्र प्रत्यक्षं प्रमाणमिति निरुक्तौ न दोष इति, मैवम् । यद्भासनं घटोऽयमिति यस्य विषयस्यात्मन इन्द्रियेण सह सन्निकर्षादुत्पन्नं तद्भासनं तस्मिन्नात्मनि प्रमाणं स्यात् नात्मा तस्य विषयः, तत्कथमेवं स्यादिति चेत् । नहि भवता तदीयविषयस्येत्युक्तं, किन्तु सामान्यतो विषयस्येति तेनेदमभिहितम् । यदि तु तदीयताविशेषणमुपादत्ते भवान्, तदा यदि तच्छब्देन ज्ञानजातीयमात्रपरामर्शस्तदा स दोषस्तदवस्थः । यदि तु ज्ञानजातीयमात्रव्यक्तिविशेषपरामर्शस्तदाऽव्यापकत्वं, प्रतिज्ञानं तच्छब्दार्थस्य भेदात् , नहि यत्त्वं तत्त्वं वा किञ्चिदनुगतं रूपमस्ति ।

जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है—ऐसा परिष्कार करने पर घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष नहीं होगा, कारण कि चक्षुःसंयोग के अनन्तर आत्मज्ञान नहीं होता है।

खण्डन—यद्यपि चक्षुःसंयोग के अनन्तर आत्मज्ञान नहीं होता है, तथापि आत्मा का ज्ञान तो होता ही है, अतः आपके लक्षण के समन्वय होने से घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष हो जायगा।

समर्थन—आत्ममनःसंयोग के अनन्तर आत्मा का भासन होता है, घट का भासन तो नहीं होता है, अतः घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष नहीं होगा।

खण्डन—तब तो जिस इन्द्रियसम्प्रयोग के अनन्तर घट का भासन होता हो उस इन्द्रिय के सम्प्रयोग से जन्य (घट) ज्ञान प्रत्यक्ष है ऐसा लक्षण होने से घटज्ञान ही में लक्षण का समन्वय होगा, अन्यत्र पटादि ज्ञान में सर्वत्र अव्याप्ति हो जायगी ॥ ४८ ॥

समर्थन—"जो ज्ञान जिस विषय और इन्द्रिय के संयोग के अनन्तर होता है, वह ज्ञान उस विषय में प्रत्यक्ष है" ऐसा लक्षण है, अतः घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष नहीं।

खण्डन—घटोऽयम्" यह भासन जिस विषय आत्मा और मन के संयोग के अनन्तर उत्पन्न होता है अतः वह "घटोऽयम्" भासन आत्मा में प्रत्यक्ष हो जायगा, अतः ऐसा परिष्कार भी असङ्गत है।

समर्थन—आत्मा "घटोऽयम्" इस ज्ञान का विषय नहीं है, अतः घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है?

खण्डन—आपने तद् ज्ञान का विषय—ऐसा निवेश न कर सामान्यरूप से विषय का निवेश किया है इससे यह दोष होता है। यदि तद् ज्ञान का विषय ऐसा निवेश करें यद्, तद् को ज्ञानमात्रपरक मानें, तो फिर भी घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष हो जायगा; कारण कि यद्ज्ञान से आत्मज्ञान का भी ग्रहण हो सकता है। यदि घटज्ञान व्यक्तिपरक हो, तो घटज्ञान में तो समन्वय हो जायगा, अन्यत्र सर्वत्र अव्याप्ति हो जायगी,

अत एवात्मविषयत्वानुयोगवत् त्रिपुटीप्रत्यक्षवादिनि पटज्ञानस्य घटादौ प्रत्यक्षतया प्रामाण्यानुयोगो द्रष्टव्यः चक्षुःसन्निकर्षाभावात्। अन्यथा तस्येष्टप्रसञ्जकत्वात्। तदर्थं यदिन्द्रियसन्निकर्षोत्पन्नमिति विशेषणप्रक्षेपे यत्तच्छब्दार्थस्यासाधारण्यादव्याप्त्यापत्तेः। यदि तु यत्तच्छब्दार्थावनुगतौ स्यतां पुनरप्यन्यत्र घटोऽयमितिज्ञानस्य प्रत्यक्षत्वेन प्रमाणता प्रसज्येत ॥ ४९ ॥

अथान्यव्यतिरिक्त इति विशेषणं प्रक्षिपसि तदाऽन्यविषयस्य प्रत्यक्षता न स्यात्। तच्छब्देनानुगतार्थाभिधाने व्यवच्छेदकलाभावात्। घटज्ञानस्य च पटे प्रत्यक्षतया प्रामाण्यं प्रसज्येत।

एतेनेन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानमव्यभिचारि प्रत्यक्षमित्यत्रापि दोषोऽयमुक्तो द्रष्टव्यः तादृशस्यापि ज्ञानस्य विषयान्तरे प्रत्यक्षत्वेन प्रामाण्यप्रसङ्गात्। यस्यार्थस्य सन्निकर्षात् यदुत्पद्यते ज्ञानं तत्तत्र प्रत्यक्षतया प्रमाणमित्यभिधाने तु यच्छब्दतच्छब्दसाधारणासाधारणार्थाभिधानविकल्पोक्तदोषप्रसङ्गः।

अव्यभिचारिपदञ्च व्यर्थं, न हि शुक्तौ रजतज्ञानं रजतेन्द्रियसन्निकर्षादुत्पन्नम्। संस्कारलक्षणा प्रत्यासत्ती रजतत्वेऽप्यस्तीति चेन्न। पूर्वानुभूतरजततादात्म्यस्य संस्का-

---

कारण कि निखिल ज्ञान में वृत्ति यत्त्व तत्त्व कोई अनुगत धर्म्म नहीं हैं। जिसको प्रवृत्ति-निमित्त मान कर ज्ञानमात्र का यत् शब्द से ग्रहण हो। जो प्रभाकर आदि त्रिपुटी (ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय त्रय) का भान ज्ञान में मानते हैं, उनके मत में घटज्ञान आत्मा में प्रत्यक्ष इष्ट ही है, अतः घटज्ञान पट में प्रत्यक्ष हो जायगा यह दोष जानना चाहिये।

समर्थन—जिस वस्तु और इन्द्रिय के सन्निकर्ष से उत्पन्न जो ज्ञान हो वह ज्ञान उस वस्तु में प्रत्यक्ष है, अतः घटज्ञान पट में प्रत्यक्ष नहीं है।

खण्डन—यदि यद्शब्द को अनुगत तद्तद्ज्ञान—व्यक्तिपरक मानें तो अन्यज्ञान में अव्याप्ति हो जायगी और यत्त्वतत्त्व को अनुगत मान भी लें, तब भी "घटोऽयम्" यह ज्ञान पट में प्रत्यक्ष हो जायगा ॥४९॥

समर्थन—जिस वस्तु तथा इन्द्रिय के सन्निकर्ष से जो ज्ञान होता है वह ज्ञान उससे जो अन्य, उस अन्य से व्यतिरिक्त वस्तु में प्रत्यक्ष है, अतः घटज्ञान पट में प्रत्यक्ष नहीं है।

खण्डन—अन्य विषयक प्रत्यक्ष के लक्ष्य न होने से वह प्रत्यक्ष न कहा जायगा। अथवा लक्ष्यभूत अन्य विषयक प्रत्यक्ष में भी उक्त लक्षण के समन्वय होने से अतिव्याप्ति होगी। तद् शब्द को किसी अनुगमक रूप से सन्निकर्षजज्ञानपरक मान भी लें तो व्यवच्छेद के न होने से घटज्ञान पट में प्रमाण हो जायगा। कारण कि तद् शब्द से पटज्ञान का भी परामर्श कर सकते हैं। इन्द्रियार्थ सन्निकर्षोत्पन्न अव्यभिचारिज्ञान प्रत्यक्ष है, इस लक्षण में भी घटज्ञान आत्मा में वा पट में प्रत्यक्ष हो जायगा—यह दोष जानना चाहिये। यदि जिस वस्तु के सन्निकर्ष से जो ज्ञान उत्पन्न हो वह ज्ञान उस विषय में प्रत्यक्ष है—ऐसा लक्षण करें तो यद् तद् शब्द को एकज्ञानपरक मानें वा ज्ञानसामान्यपरक मानें उभयथा पूर्वोक्त दोष होगा। यदि यद्तद्घटित लक्षण करें तो रजत के सन्निकर्ष से शुक्ति में रजतभ्रम नहीं होता है, अतः रजत में प्रत्यक्ष नहीं होगा। फिर अव्यभिचारी विशेषण व्यर्थ हो जायगा।

राभावादुक्तदोषतादवस्थ्यात्। गुरुमतानुसारेण सुतरां विशेषणवैयर्थ्यात्तेन व्यभिचारानङ्गीकारात्। रजतत्ववैशिष्ट्ये पुरोवर्तिनस्तदभावात्, तस्मिन्नेव वांशेऽप्रामाण्यं न तु रजतत्वमात्रे तस्यान्यत्र सत्त्वात्॥ ५०॥

अथ साक्षात्कारित्वं प्रत्यक्षलक्षणमुच्यते तदा साक्षात्कारिभ्रमेऽपि प्रसङ्गः। अव्यभिचारित्वेन विशेषितं तल्लक्षणमिति वा भेदाग्रहव्यतिरिक्तविभ्रमाभावो वेति चेत् न। विकल्पासहत्वात्। किमवगतमिदं लक्षणं फलहेतुः अनवगतं वा, न तावच्चरमः, तदभिधानवैयर्थ्यप्रसङ्गात्। अभिधानस्य ज्ञानोत्पादोपयोगित्वात् तस्य चानवगतस्यैव फलसाधकत्वाभ्युपगमात्। आद्ये किमन्यस्मात्तदवगमः; उत त्वदीयाल्लक्षणवाक्यात्, यद्यन्यस्मात्कृतममुना लक्षणाभिधानप्रयासेन, अभिधानस्य ज्ञानोत्पदातिरिक्तप्रयोजनाभावात् तस्य चान्यत एव सिद्धेः।

अन्त्ये किं त्वदभिधानमाप्तोपदेशतया साक्षात्कारित्वं बोधयति, उत लिङ्गादिभावेन ? न तावच्चरमः, त्वद्वचनस्य साक्षात्कारित्वाविनाभावादेर्दर्शयितुमशक्यत्वात्। नापि प्रथमः, वादिनं प्रति भवत आप्तत्वासिद्धेः। सिद्धौ हि प्रतिज्ञामात्रादेव साध्यसिद्धेर्हेत्वाद्यभिधानमनर्थकं सर्वत्र स्यात्॥ ५१॥

संस्काररूप प्रत्यासत्ति रजत में भी है—यह आप नहीं कह सकते हैं, कारण कि पुरोवर्त्तीशुक्ति में जो रजतत्ववैशिष्ट्य (तादात्म्य) है उसमें संस्काररूप प्रत्यासत्ति भी नहीं है और तादात्म्य में ही वह ज्ञानभ्रम भी है, रजत्व में भ्रम नही है, कारण कि रजतत्व अन्यत्र विद्यमान है॥५०॥

समर्थन—साक्षात्कारित्व प्रत्यक्ष का लक्षण है।

खण्डन—प्रत्यक्षभ्रम में प्रसङ्ग होने से यह लक्षण अयुक्त है।

समर्थन—भ्रम में अतिव्याप्तिवारण के अर्थ, अव्यभिचारित्व का निवेश है, अतः अतिव्याप्ति नहीं, अथवा भेदाग्रह से भिन्न भ्रमज्ञान होता नहीं है अर्थात् ज्ञानमात्र प्रमा ही है, अतः व्यभिचारी विशेषण देने का कुछ काम नहीं है।

खण्डन—यह लक्षण भी विकल्प को नहीं सह सकता है। देखिये—क्या अवगत (ज्ञात) लक्षण व्यावृत्ति वा व्यवहाररूप फल का कारण है वा अनवगत ? अनवगत, व्यावृत्ति आदि फल का कारण नहीं है, कारण कि यदि अनवगतलक्षण फल का हेतु हो तो अभिधान केवल ज्ञान के लिये होता है और लक्षणज्ञान का प्रकृत में कुछ उपयोग नहीं है, कारण कि अज्ञात ही लक्षण व्यावृत्ति, आदि फल का हेतु है और यदि अवगतलक्षण को व्यावृत्ति आदि का हेतु मानें और लक्षण का अवगम अन्य से मानें तो लक्षण का अभिधान व्यर्थ है, कारण कि अभिधान ज्ञान के लिये होता है वह अन्य से सिद्ध है। यदि लक्षण वाक्य से अवगत होता है तो यह विकल्प होता है कि आपका लक्षणवाक्य आप्तवाक्यरूप से लक्षण का बोधक है वा हेतुरूप से। इनमें हेतुरूप से नहीं कह सकते, कारण कि साक्षात्कारित्व का अविनाभाव (व्याप्ति) वाक्य में नहीं है तथा आप्तवाक्यरूप से भी नहीं कह सकते, कारण कि आपका वाक्य, वादी के प्रति आप्तवाक्य नहीं है। यदि आपके वाक्य को आप्तवाक्य मानें भी तो प्रतिज्ञामात्र से साध्यसिद्धि होने से हेतु आदि का अभिधान व्यर्थ हो जायगा॥ ५१॥

अथ मन्यसे यः साक्षात्कारित्वमन्यतो जानाति प्रत्यक्षव्यवहारनिदानतया च न जानाति, तं प्रति प्रत्यक्षव्यवहारनिदानत्वमस्य ज्ञाप्यते लक्षणवादिना, तच्चानुमानभावेनैव, नाप्तोपदेशतया। अतएव च लक्षणं केवलव्यतिरेक्यनुमानमाचक्ष्महे, तद्यथा—श्रावणादिप्रमितयः साक्षात्कारिप्रमितयो वा प्रत्यक्षत्वेन व्यवहर्त्तव्याः, साक्षात्कारिप्रमितित्वात् न यत्प्रत्यक्षतया व्यवह्रियते न तत्साक्षात्कारि यथाऽनुमितिः तथाचैता स्तस्मात्तथा—एतदनुमानप्रतिपादकश्च वाक्यं नाप्तवाक्यत्वेन प्रयुज्यते वादिना, किन्तु व्याप्त्यादेः प्रतिपन्नस्यैव स्मारकं, पूर्व्वाप्रतिपन्नस्य वा जिज्ञासोत्पादनद्वारेणेदानीमेव वादिनि प्रमाणोत्पादकमित्युक्तदोषानवकाश इति ॥

न प्रत्यक्षतया व्यवहर्त्तव्या इति व्यवहारस्य किं विषयभेदो विशेषः उत शब्दभेदः।

आद्ये यद्यसौ विषयविशिष्टं व्यवहारं नाज्ञासीत्कथं साक्षात्कारिणि तस्य स्वकर्त्तव्यतां लक्षणवाक्यादप्यवगच्छेत्, नह्यविदिताग्निरनुमानादप्यग्निसम्बन्धं बोधयितुं शक्यः। अथाज्ञासीत् तदा ज्ञातज्ञापनवैयर्थ्याल्लक्षणरूपमनुमानं निष्प्रयोजनम् ॥ ५२ ॥

समर्थन—जो पुरुष साक्षात्कारित्व को अन्य हेतु (प्रत्यक्ष आदि) से जानते हैं; किन्तु साक्षात्कारित्व में प्रत्यक्षत्व व्यवहार के कारणत्व को नहीं जानते हैं, उनके प्रति प्रत्यक्षत्व व्यवहार का कारणत्व लक्षण से बोधित होता है। वह बोधन भी आप्तवाक्यरूप से नहीं होता है, किन्तु परार्थ अनुमानरूप से होता है। इसीसे लक्षण को व्यतिरेकी अनुमान हम लोग कहते हैं। वह अनुमान-श्रावण आदि प्रमिति वा साक्षात्कारी प्रमिति, प्रत्यक्षत्व से व्यवहर्त्तव्य हैं, साक्षात्कारित्वयुक्त होने से, जो प्रत्यक्षत्व से व्यवहर्त्तव्य नहीं है, वह साक्षात्कारी नही है, जैसे अनुमिति। साक्षात्कारीरूपपक्ष साक्षात्कारित्वरूप हेतुसे युक्त है तस्मात् उक्त साध्य (प्रत्यक्षत्व से व्यवहर्तव्यत्व) से युक्त है—एतादृश पञ्चावयव वाक्यरूप है। इस पञ्चावयव वाक्य को वादी आप्तवाक्यरूप से प्रयोग नहीं करता है; किन्तु पूर्वज्ञात व्याप्ति के स्मरण के अर्थ अथवा पूर्व अज्ञात व्याप्ति के (जिज्ञासा के उत्पादन द्वारा) उस काल में ही ज्ञान के लिये प्रयोग करता है, अतः कोई दोष नहीं है।

खण्डन—प्रत्यक्षत्व से व्यवहर्तव्य है-- क्या इस वाक्य का प्रत्यक्षत्वप्रकारक ज्ञान विषयत्व अर्थ है ? वा प्रत्यक्ष शब्द से अभिधेय है यह अर्थ है। प्रथम पक्ष में यदि यह पुरुष प्रत्यक्षत्वप्रकारक ज्ञानविषयत्व को प्रथम से नहीं जानता है तो लक्षण वाक्य से साक्षात्कारी में कैसे जानेगा, कारण कि जो अग्नि को नहीं जानता है वह धूम से पर्वत में अग्नि को नहीं जान सकता है। यदि प्रथम से प्रत्यक्षत्वप्रकारक ज्ञानविषयत्व को जानता है, तो ज्ञात के ज्ञापन होने से अनुमान व्यर्थ है ॥ ५२ ॥

समर्थन—जो पुरुष सामान्यरूप से जानता है कि प्रत्यक्ष व्यवहार का कुछ विषय है, परन्तु विशेषरूप से नहीं जानता कि प्रत्यक्ष व्यवहार का अमुक विषय है उसके प्रति यह अनुमान प्रयोग है।

खण्डन—व्यवहारमात्र के विषय को सामान्यरूप से जानता है, अथवा व्यवहार विशेष (प्रत्यक्षत्व व्यवहार) के सामान्य से निमित्तवत्ता को जानता है। प्रथमपक्ष में व्यवहार-

अथ सामान्यतो जानाति अस्ति कश्चिद्विषयः प्रत्यक्षव्यहारस्य, विशेषतस्तु न जानाति तं प्रतीदमुच्यते न । किं सामान्यतो निमित्तवत्तां व्यवहारमात्रस्य जानाति उत व्यवहारविशेषस्य । आद्ये प्रकृतानुपयोगः व्यवहारविशेषस्य चिन्त्यमानत्वात् । द्वितीये किंकृतोऽसौ व्यवहारस्य विशेष इति विकल्पितपक्षानुप्रवेशमन्तरेण न निस्तारः ॥ ५३ ॥

"एतेन सर्व्वस्यैव लक्ष्यस्य स्वीकारः परासनीयः ।

तथाहि—

नात्यापत्त्या प्रमामात्रात्ते तेऽर्थाः स्वीक्रियोचिताः ।
तद्धियस्तदुरीकारे स्वाश्रयं कश्चिकित्सतु ॥ ३५ ॥
अथान्यः स विशेषश्चेत् तद्धीत्वं कश्चिदिष्यते ।
दत्तः साकारवादाय विष्टरः स्पष्टमेव तत् ॥ ३६ ॥
अर्थादुत्थास्तत्रो धर्मा नानुगत्वादयो यथा ।
तद्धीत्वमपि तद्वत्स्यादित्यर्थोऽनर्थमाविशेत् ॥ ३७ ॥
सोऽपि वा धीविशेषः किं स्वीकार्य्यस्तद्धियं विना ।
एवञ्च सोऽपि सोपीति नान्तः सोपानधावने ॥ ३८ ॥
समस्तलोकशास्त्रैकमत्यमाश्रित्य नृत्यतोः ।
का तदनु गतिस्तत्तद्वस्तुधीव्यवहारयोः ॥ ३६ ॥
उपपादयितुं तैस्तैर्मतैरशकनीययोः ।
अनिर्वक्तव्यतावादपादसेवागतिस्तयोः ॥ ४० ॥ ५४ ॥

मात्र की निमित्तवत्ता सामान्य से जानता भी हो तो उसका प्रकृत में कोई उपयोग नहीं है, कारण कि इदानीं व्यवहारविशेष (प्रत्यक्षत्व व्यवहार) की चिन्ता है। द्वितीय पक्ष में अर्थात् यदि कहें कि प्रत्यक्ष व्यवहार के सामान्य से निमित्तवत्ता जानता है तो यह विकल्प होता है कि प्रत्यक्ष व्यवहार में जो विशेष है वह प्रत्यक्षज्ञानकृत वा प्रत्यक्षशब्दकृत है और ऐसा विकल्प होने पर दोनों पक्षों में मूलकथित दोष हो जायगा ॥५३॥

इस अग्रिम युक्ति से भी लक्षणमात्र खण्डित है, देखिये—लक्षण से जायमान अनुमितिरूप प्रमामात्र से लक्ष्य की सिद्धि नहीं होती है, कारण कि प्रमामात्र सब अर्थ साधारण है, अतः एक प्रमा से सब अर्थ की सिद्धि हो जायगी तथा लक्ष्यविशिष्ट प्रमा से भी लक्ष्य की सिद्धि नहीं होती है, कारण कि लक्ष्यविशिष्ट प्रमा में लक्ष्य भी विशेषण है, अतः अंशतः लक्ष्य से लक्ष्य की सिद्धि होने से आत्माश्रय हो जायगा।

समर्थन—लक्ष्यविशिष्ट बुद्धित्व, बुद्धि का ही धर्म्मविशेष है, लक्ष्य का वैशिष्ट्य नहीं है, अतः लक्ष्यविशिष्ट प्रमा से लक्ष्य की सिद्धि में आत्माश्रय नहीं है।

खण्डन—यदि तद्विषयवैशिष्ट्य को बुद्धि का धर्म्म मानेंगे तो बुद्धि साकार हो जायगी, निराकार न रहेगी, कारण कि यावत् साकार घटादि से बुद्धि का अभेद न मानें तावत् घटादि अर्थ वैशिष्ट्य, बुद्धि का धर्म्म नहीं हो सकता है।

नापि द्वितीयः। तथा हि अयमनुमानार्थः स्यात्—श्रावणादिप्रतिपत्तयः प्रत्यक्षशब्दाभिधेयाः साक्षात्कारित्वादित्यादिः—सोऽपि न, यद्यसाक्षात्कारिण्यनुमानादौ तच्छब्दाप्रयोगमात्रात्साक्षात्कारिणि तच्छब्दप्रयोगः क्रियते तर्हि शशविषाणजबगडदशादिशब्दप्रयोगोऽपि साक्षात्कारिणि कर्त्तव्य एवाविशेषात्। अथ जवगडदशादिशब्दाः सामान्यतोऽर्थवत्तया न प्रसिद्धाः, क्वचिदप्यप्रयोगात्, शशविषाणादिशब्दाश्चासद्विषया एवेति सिद्धाः, प्रत्यक्षादिशब्दास्तु सद्विषयवत्तया सामान्यतः सिद्धाः, प्रत्यक्षमस्तीत्यादिप्रयोगदर्शनादित्यस्ति विशेष इति चेत् मैवम्। एतेनापि विशेषेण चाक्षुषादिशब्दानामव्यवच्छेदात् तेषामपि साक्षात्कारिमात्रे प्रयोगप्रसङ्गः। साक्षात्कारित्वे सत्यपि श्रावणादौ चाक्षुषादिशब्दानामप्रयोगो न त्वेवं प्रत्यक्षादिशब्दानामिति विशेष इति चेत्। एवं तर्हि यत्र साक्षात्कारित्वं नास्ति तत्र प्रत्यक्षशब्दप्रयोगो नास्ति, यत्र साक्षात्कारित्वमस्ति तत्र सर्वत्रास्तीति यो जानीते तं प्रति लक्षणाभिधानमिति स्यात्, स च व्यवहारान्तरवदन्वयव्यतिरेकाभ्यामेव वाच्यवाचकभावमवधारितवानिति व्यर्थं लक्षणम्।

एतेनानुमित्यादिव्यवच्छिन्नतया व्यवहर्त्तव्यमित्यप्युक्तानुमानसाध्यतयाऽभिधीयमानमपास्तं वेदितव्यम्॥ ५५॥

समर्थन—ज्ञान का स्वभाव केवल प्रकाशरूप है अतः ज्ञान का तद्धीत्व स्वाभाविकधर्म्म नहीं है; किन्तु अर्थ के सम्बन्ध से औपाधिक है, जैसे स्फटिक का लौहित्य। अतः ज्ञानगत विशेषधर्म्मके उत्पादन के अर्थ वाह्य अर्थ के आवश्यक होने से वौद्धमत का प्रवेश नही होगा।

खण्डन—जैसे अनुमात्व आदि धर्म, अर्थजन्य नहीं हैं, किन्तु लिङ्गपरामर्श से जन्य हैं-ऐसे ही तदर्थबुद्धित्व भी अर्थजन्य नहीं है, किन्तु अन्यजन्य ही है। अतः बुद्धिधर्म्मके आधान के लिये वाह्य अर्थ का उपयोग नहीं है। किञ्च बुद्धिगत तद्बुद्धित्वरूप धर्म्म की सिद्धि भी अतिप्रसङ्ग होने से प्रमामात्र से हो नहीं सकती, किन्तु तद्बुद्धित्वविशिष्टप्रमा से ही होगी, अतः अंशतः आत्माश्रय हो जायगा, तथा तद्बुद्धित्वबुद्धि का भी तद्बुद्धिबुद्धित्वरूप धर्म्म की सिद्धि तद्बुद्धि से ही होगी, अतः अनवस्था का प्रसङ्ग हो जायगा शंका—यदि वाह्य अर्थ वा तद्बुद्धित्व की सिद्धि न हो तो सम्पूर्ण लोकशास्त्रमें वर्तमान "अयंघटः" इस बुद्धि वा "घटेन जलमाहरेयम्" इस व्यवहार की सिद्धि कैसे होगी।

उत्तर—जब वाह्यपदार्थ के माननेवाले मतवादी वाह्यअर्थ का उपपादन नहीं कर सकते, तब वाह्य पदार्थ सत् नहीं है और प्रतीति होने से असत् भी नहीं, किन्तु सत् असत् से विलक्षण अनिवर्चनीय हैं इससे अन्य गति नहीं है॥५४॥

द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है कारण कि द्वितीय कल्प में यह अनुमान का स्वरूप होगा कि श्रावणआदि प्रमा प्रत्यक्ष शब्द के अभिधेय हैं. साक्षात्कारी होने से, जो प्रत्यक्ष शब्द का अभिधेय नहीं है. वह साक्षात्कारी नहीं है जैसे अनुमिति—यह युक्त नहीं है, कारण कि असाक्षात्कारी अनुमिति में प्रत्यक्ष शब्द के अप्रयोग होने से ही साक्षात्कारी में प्रत्यक्ष शब्द का प्रयोग हो तो शशविषाण जब गड़दश आदि शब्द का भी प्रयोग साक्षात्कारी में करना चाहिये।

पूर्वप्रतिपन्नमेव वाच्यवाचकभावं लक्षणाभिधानेन स्मार्य्यत इति चेन्न, अवगतसमयस्य/प्रत्यक्षशब्दादेव तत्स्मरणसम्भवात् व्यर्थता लक्षणाभिधानस्य स्यात् । अवगतशब्दार्थसम्बन्धः शब्दादेव स्मरन् यदि लक्षणेन स्मार्य्यते, तदा लक्षणवाक्यगतपदकदम्बार्थस्मरणार्थमपि तल्लक्षणमभिधानीयमविशेषादेवं तल्लक्षणवाक्येऽपीत्यपर्य्यवसानं स्यात् ।

ननु प्रतिवादिनं प्रति लक्षणाभिधानं नार्थवत् तेन वाद्याप्तभावानङ्गीकारात्; किन्तु शिष्यार्थं लक्षणमुच्यते शास्त्रे, स हि शास्त्रस्य कर्त्तारमाप्तमेव मन्यते, तस्मात् शिष्यं प्रत्याप्तवचनतयैव लक्षणवाक्यमर्थं प्रतिपादयिष्यति गुरुणा गीयमानम्, यस्त्वया साक्षात्कारिशब्दार्थः प्रतीतः स एव प्रत्यक्षशब्दार्थ इति, मैवम् । यदि वादिनं प्रति न शास्त्रं, किन्तु शिष्यं प्रति, तदा प्रतिज्ञामात्रादेवाप्तवचनात् शिष्यस्यार्थनिश्चयोत्पत्तेः हेत्वाद्यभिधानमनर्थकमापन्नं शास्त्रे ।

समर्थन—जबगड़दश आदि शब्द सामान्यतः अर्थवत्रूप से सिद्ध नहीं है; कारण कि किसी अर्थ में इनका प्रयोग नहीं होता है । तथा शशविषाण शब्द असत्विषय है और प्रत्यक्षशब्द सद्विषयत्वरूप से सामान्यरूप से सिद्ध है, कारण कि "प्रत्यक्षमस्ति" यह प्रयोग देखने में आता है यह विशेष है। अर्थात् सद्विषय और अर्थवद् होकर अनुमिति आदि में अप्रयुक्त होने से प्रत्यक्षशब्द का साक्षात्कारी में प्रयोग होता है, ऐसे जवगड़दश आदि शब्द नहीं हैं, अतः इनका साक्षात्कारी में प्रयोग नहीं होता।

खण्डन—ऐसा विशेष होनेपर चाक्षुषादि शब्द का भी साक्षात्कारीमात्र में प्रयोग हो जायगा, कारण कि चाक्षुषादि शब्द अर्थवत् सद्विषय होकर भी अनुमिति आदि में अप्रयुक्त हैं ।

यदि कहें कि साक्षात्कारीरूप श्रावण आदि में चाक्षुष शब्द का प्रयोग नहीं होता है और प्रत्यक्षशब्द का प्रयोग होता है प्रत्यक्ष और चाक्षुषशब्द में यह भेद है अर्थात् प्रत्यक्षशब्द अर्थवत् सद्विषय तथा साक्षात्कारीमात्र में प्रयुक्त होकर अनुमिति आदि में नहीं प्रयुक्त होता है, अतः साक्षात्कारीमात्र का वाचक है तो जिस अर्थ में साक्षात्कारित्व नहीं है वहां प्रत्यक्ष शब्द का प्रयोग नहीं है और जहां साक्षात्कारित्व है, वहां सर्वत्र प्रत्यक्ष शब्द का प्रयोग है—यह जो जानता है उसके लिए लक्षण का अभिधान है और वह पुरुष घटपट आदि शब्द के तुल्य अन्वय व्यतिरेक से ही प्रत्यक्ष शब्द के भी वाच्यवाचकभाव का अवगम कर सकता है, अतः लक्षण का अभिधान व्यर्थ है ।

इसी प्रकार साक्षात्कारी प्रमितिअनुमित्यादि व्यवच्छिन्नत्व रूप से व्यवहर्तव्य हैं, साक्षात्कारित्वयुक्त होने से इत्यादि कथन का खण्डन जानना चाहिये, कारण कि अन्वय व्यतिरेक से ही उक्त अर्थ सिद्ध है ॥५५॥

समर्थन—पूर्वज्ञात वाच्यवाचकभाव का स्मरण, लक्षण के अभिधान से पुरुष को कराया जाता है ?

खण्डन—जिस पुरुष को समय (सङ्केत) का ज्ञान हो चुका है, वह प्रत्यक्ष शब्द के श्रवण से ही सङ्केत का स्मरण कर सकता है, अतः उस पुरुष के सङ्केतस्मरणार्थ लक्षण का अभिधान व्यर्थ है ।

अथ भवतु तत्प्रतिवादिनमपि प्रति शास्त्रो वाक्यं यत्र हेत्वाद्युपात्तं, लक्षणवाक्यन्तु शिष्यमेव प्रति प्रयोजकं प्रतिपन्नशास्त्रकाराप्तभावमिति मन्यसे। तदप्यनुपपन्नम्। शास्त्रान्तरसाध्यत्वादस्यार्थस्य। अस्ति समयग्राहकं शास्त्रं मुनिभिः प्रणीतं नामलिङ्गानुशासनव्याकरणादि। यदि च शास्त्रान्तरसाध्योऽप्यर्थो भवदीयशास्त्रस्य विषयस्तर्हि प्रकृतिप्रत्ययविभागेन साधनमपि शब्दानां कुतो न व्युत्पाद्यते लिङ्गं वा शब्दानां कुतो नाभिधीयते, तदज्ञानेऽपि पराजयो जायत एव ॥ ५६ ॥

अथ वाऽस्तु व्याकरणादिविषयं विहाय नामव्युत्पादनं कथमपि भवच्छास्त्रस्य विषयस्, तथापि न्यूनतरत्वमस्मिन् विषये भवदीयशास्त्रस्य। बहूनि नामानि विद्यन्ते कोषान्तरवर्त्तीनि कुतो न व्युत्पादितानि तानीति। अथास्मिन् शास्त्रे येषां शब्दानामुपयोगस्तेषामनेन व्युत्पादनं न सर्वेषामित्युच्यते। तथापि यथैकवाक्यगतस्य पदस्य

यदि शब्द के श्रवण से ही सङ्केत का स्मर्ता लक्षणवाक्य से भी सङ्केत को स्मरण करता है, तो लक्षणवाक्यगत जो पदकदम्ब, उनके अर्थ के स्मरण के लिये भी तत् तत् लक्षण का अभिधान करना चाहिये, कारण कि जिस पद के श्रवण से सङ्केत स्मृत है उसके स्मरण के लिये भी आपको लक्षण करना है, फिर विशेष क्या है कि उन पदार्थों का लक्षण न किया जाय। इस प्रकार उस पदार्थ के लक्षणवाक्यगत अनेक पदार्थों के भी लक्षण करना होगा, अतः लक्षण के निर्माण की समाप्ति नहीं होगी।

समर्थन—प्रतिवादी के लिये लक्षण का अभिधान नहीं है, कारण कि वह वादी को आप्त नहीं मानता है; किन्तु शिष्य के लिये शास्त्र में लक्षण कहा है, कारण कि वह शास्त्रकर्ता को आप्त मानता है।

इस कारण गुरु से गीत लक्षणवाक्य आप्तवचन रूप से ही—जो तुम साक्षात्कारी शब्द का अर्थ जानते हो, वही प्रत्यक्ष शब्द का अर्थ है—इस प्रकार अर्थ प्रतिपादन करता है ?

खण्डन—यदि वादी के लिये शास्त्र नहीं है, किन्तु शिष्य के लिये है, तो प्रतिज्ञामात्र से ही आप्तवचनरूप से शिष्य अर्थ का निश्चय कर लेगा, अतः शास्त्र में हेतु आदि का अभिधान अनर्थक हो जायगा।

समर्थन—जिस वाक्य में हेतु आदि का अभिधान हो वह शास्त्रीय वाक्य प्रतिवादी के लिये ही रहे, परन्तु लक्षणवाक्य तो उस शिष्य के लिये ही है, जो शास्त्रकर्ता को आप्त जानता है।

खण्डन—आपके कथन के अनुसार लक्षणनिर्म्माण का प्रयोजन सङ्केतग्रह हुआ, यह युक्त नहीं है, कारण कि यह अर्थ शास्त्रान्तरसाध्य है। मुनिओं के प्रणीत नामलिङ्गनुशासन व्याकरण आदि बहुत से शास्त्र शक्तिग्राहक हैं। यदि अन्य शास्त्र से साध्य अर्थ भी आपके शास्त्र के विषय हैं; तो प्रकृतिप्रत्यय के विभाग से शब्दों का साधन आप क्यों नहीं करते हैं तथा शब्दों के लिङ्ग का व्युत्पादन क्यों नहीं करते, कारण कि उनके अज्ञान से भी पराजय होता ही है ॥५६॥

यदि कहें कि व्याकरण के विषय को त्यागकर नाम व्युत्पादन हमारे शास्त्र का विषय है, तो भी इस विषय में भी आपके शास्त्र की न्यूनता ही है, कारण कि बहुत से नाम कोशों में हैं, फिर उनका भी व्युत्पादन आपने क्यों नहीं किया। यदि कहें कि जिन शब्दों का प्रकृत-

लक्षणव्युत्पादनमेवं तल्लक्षणवाक्यगतपदस्यापीत्यपर्यवसानमापतितं शास्त्रस्य, तत्तल्लक्षणवाक्यप्रयोग एव तेषां तेषां पदानां शास्त्रे जातोपयोगत्वात्। अथ नानालक्षणप्रणेतॄणां वादिनां विप्रतिपत्तेः प्रत्यक्षादिशब्दार्थ एव व्युत्पाद्यते संशयनिरासाय नान्योऽसंशयत्वादिति मन्यसे, तथाप्यनुपपत्तिः। अस्ति हि वादीनामर्थे वाच्यताद्योत्यताविवादः, अस्ति च छिदुरादिपदानामर्थे कर्मकर्तृत्वाकर्मकर्तृत्वे विवादः, अस्ति च भावशब्दस्य स्वरूपसत्त्वसत्तासामान्याद्यर्थत्वे, अस्ति चाधिकरणशब्दार्थस्य पतनप्रतिबन्धकत्वसमवायित्वादौ। एवमन्यस्मिन्नपि बहौ पदार्थे जाग्रति विप्रतिपत्तयस्तल्लक्षणानि कस्मान्नोक्तानि तदास्तामेकत्र विस्तराभिनिवेशः॥ ५७॥

शास्त्र में उपयोग है, उनका ही निरूपण किया है, अन्य का नहीं, तो जैसे एकवाक्यगत पद का लक्षण (अर्थ व्युत्पादन) है, वैसेही उस लक्षणवाक्यगतपद का भी लक्षण करना होगा इस रीति से शास्त्र का पर्यवसान नहीं होगा, कारण कि उन २ लक्षणवाक्यों के प्रयोग में ही उन २ पदों का उपयोग है।

समर्थन—नानाप्रकार-लक्षणप्रणेता वादिओंकी प्रत्यक्षादि लक्षण में विप्रतिपत्ति होनेसे सन्देह के निरास के अर्थ प्रत्यक्षादि शब्द के अर्थ का ही निरूपण करते हैं अन्य का नहीं, कारण कि अन्यत्र सन्देह नहीं है?

खण्डन—यदि सन्दिग्ध का ही निरूपण करना है तो च वा आदि निपात के अर्थ में वाच्यत्वद्योत्यत्व का विवाद है, तथा छिदुर आदि शब्द में कर्तृ प्रत्यय है, वा कर्मकर्तृ प्रत्यय है, यह विवाद हैं, एवम् भावशब्द स्वरूप सत् का वा सत्तासामान्य विशिष्ट का वाचक है यह विप्रतिपत्ति है, तथा अधिकरण शब्द द्रव्य समवायी का वाचक है या पतनप्रतिबन्धक वस्तु का वाचक है, यह विवाद है एवम् अन्य बहुत से पदार्थों में विप्रतिपत्ति है, फिर उन सबका निरूपण आप क्यों नहीं करते—तस्मात् एकत्र विस्तार का अभिनिवेश व्यर्थ है॥ ५७॥

किञ्च जिस साक्षात्कारित्व को प्रत्यक्ष का लक्षण कहते हैं वह साक्षात्कारित्व क्या है।

समर्थन—वर्त्तुलत्व पृथुबुध्नोदरत्व आदि विशेष से सहित जो घटादि अर्थ उसका ज्ञान साक्षात्कारी है।

खण्डन—विशेष के साहित्य को यदि उपलक्षण मानें, अर्थात् विशेष जिसमें स्वरूप से रहता हो, विशेष भी ज्ञान में भासता हो यह नियम नहीं है, यदि ऐसा मानें, तो अनुमिति आदि में लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि अनुमिति के विषय वह्नि आदि में भी वस्तुरूपसे विशेष विद्यमान ही है। यदि विशेष के साहित्य को विशेषण मानें तो विशेषशृङ्खला (परम्परा) का कहीं विश्राम माननेपर जिस विशेष में अन्य विशेष नहीं है उस विशेष का ज्ञान, प्रत्यक्ष न होगा, अतः उस विशेष अंश में उस विशेष से विशिष्ट का ज्ञान भी प्रत्यक्ष न कहावेगा, एवम् मूलप्रत्यक्ष-पर्यन्त उस विशेष अंश में प्रत्यक्षता नहीं होगी। यदि विशेषशृङ्खला का विश्राम नहीं मानें तो अनवस्था दोष का प्रसङ्ग होगा। किञ्च सब विशेष स्वविशेष के साथ ही प्रत्यक्ष में भासेंगे और यावत् विशेषविशिष्ट साध्यसाधन में ही व्याप्तिग्रह होने से अनुमिति में भी यावत् विशेष का भान हो जायगा, अतः अनुमिति में प्रत्यक्षत्व हो जायगा॥५८॥

किञ्च तत्साक्षात्कारित्वम्? । सविशेषार्थप्रकाशत्वमिति चेन्न । सविशेषत्वस्योपलक्षणत्वेऽनुमानादिव्याप्तिः । विशेषणत्वे च यदि विशेषशृङ्खलाया विश्रान्तिस्तदाशेषविशेषस्य बोधे प्रत्यक्षलक्षणक्षीणत्वेनाऽऽमूलमप्रत्यक्षतापातः । यद्यविश्रान्तिस्तदा तादृशस्यैव व्याप्तिग्रहादनुमायामपि तादृशीसिद्धिरिति साक्षात्कारित्वापत्तिः ॥५८॥

अथाननुगमात्तत्र न तदनुमा, तर्हि तदनुगतप्रतीत्याद्यनुपपत्तिः व्यक्तेरनुमानादसिद्ध्यापत्तिश्च । यथा हि व्यक्तिं विना सामान्यस्य, तथा तावत् तं विशेषं विना व्यक्तेरप्यनुपपत्त्यविशेषात् । यदि च प्रतीत्यपर्य्यवसानाभावात्पक्षधर्मतया नानन्तविशेषसिद्धिरिति मन्यसे तदा प्रतीतापर्य्यवसानात्तद्बुद्धिः साक्षात्प्रकाशः स्यात् ।

अप्रतिपद्यमानान्तविशेषप्रकाशकल्पनाच्चैकाकिसाक्षात्त्वनामकविशेषकल्पनैवाल्पत्वात् श्रेयसितरा । साक्षात्त्वव्यवहारान्यथानुपपत्तेः कल्पनाबीजस्य तावताऽपि चरितार्थत्वादिति कृत्वा तत् कल्पनाऽपि नात एव, विस्तरश्चात्र वक्ष्यते ॥५६॥

समर्थन—विशेष अनन्त हैं, उनमें एक अनुगत रूप नहीं है, अतः अनुमिति में उनका भान नहीं होगा।

खण्डन—यदि विशेष का अनुमिति में भान नहीं होता है, तो व्यापक विशेष विषयक "अग्निमान् अयम्" इत्याकारक प्रतीति वा व्यवहार नहीं होना चाहिये।

किञ्च व्यक्ति की सिद्धि भी अनुमिति में नहीं होगी। यदि कहें कि व्यक्ति का भान, सामान्य के भान के विना अनुपपन्न है, अतः सामान्य विषयक अनुमिति में व्यक्ति भी भासती है, तो तावत् विशेष के विना व्यक्ति भी अनुपन्न ही है; अतः व्यक्तिविषयक अनुमिति में तावत् विशेष के भान का प्रसङ्ग हो जायगा। यदि कहें कि विशेष के भान के बिना भी व्यक्ति का भान हो सकता है, अतः अनुपपत्ति के न होने से विशेष का भान अनुमिति में नहीं होता हैं, तब व्यक्ति भी विशेष के बिना अनुपपन्न है, अतः व्यक्ति की अनुपत्ति से जो विशेष कीं कल्पना है, वह विशेषविषयक होने से प्रत्यक्ष हो जायगी। किञ्च साक्षात्त्व व्यवहार की उपपत्ति विषयनिष्ठ एक साक्षात्त्वधर्म्म की कल्पना से ही सिद्ध है, फिर अनन्त विशेष की कल्पना में कुछ प्रमाण भी नहीं है।

समर्थन—विशेष की सिद्धि अप्रस्तुत है, अतः उसकी असिद्धि से कोई हानि नहीं है, प्रस्तुत प्रत्यक्ष का लक्षण है उसकी उपपत्ति साक्षात्त्व की कल्पना से हो सकती है।

खण्डन—यदि प्रत्यक्षत्व व्यवहार की अन्यथानुपपत्ति से अर्थगत साक्षात्त्व की कल्पना वा अनुमिति आप करें, तो वह कल्पना वा अनुमिति साक्षात्त्वविषयक होने से प्रत्यक्ष होजायगी। किञ्च अनिर्वचनीय साक्षात्व से ही साक्षात् व्यवहार की उपपत्ति है, अतः अर्थगत वस्तुभूत साक्षात्व में कुछ प्रमाण भी नहीं है। इस विषय को विस्तार से आगे कहेंगे ॥५६॥

किञ्च यदि स्व से जो इतर उससे व्यवच्छेद—भेद को विशेष कहें तो निर्विकल्पक ज्ञान में इतर व्यवच्छेद का भान नहीं होता है, अतः उसमें अव्याप्ति होजायगी। यदि इतर व्यावृत्तस्वरूप को विशेष कहें और निर्विकल्प में इतर व्यावृत्तस्वरूप के भान होने से अव्याप्ति का अभाव कहें, तो भी दूर से सामान्य रूप से प्रत्यक्ष में अर्थात् 'चयस्त्विषा-

विशेषश्च यदि व्यवच्छेदस्तदा निर्विकल्पकाव्याप्तिः। यदि च विश्वव्यावृत्त-स्वरूपप्रकाशात् सोऽपि तथा, तदा दूरे सामान्यप्रत्यक्षस्याप्रत्यक्षत्वापातः तत्र जगद्वैलक्षण्यप्रकाशे संशयाद्यनुपपत्तेः। यदि तत्रापि प्रतिपत्त्रादिव्यवच्छेदमात्रप्रकाशाद्विशेषप्रकाशत्वमेव तदाऽनुमित्यादिव्याप्तिः।

अथ इन्द्रियकरणकानुभूतित्वम्, तन्न। साक्षात्कारिधीकरणस्यैवेन्द्रियत्वेनान्योन्याश्रयत्वापत्तिरिति केचित्। तन्न अज्ञातप्रमाकरणत्वस्य भावत्वविशेषितस्येन्द्रियत्व-निरुक्तेः सम्भवात्। विना कार्य्यगतविशेषसिद्धिं किं प्रति करणत्वमेव ज्ञेयमिति तु बाधः साधीयान् ॥६०॥

मित्यवधारितं पुरा' इत्यादि प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि सामान्य प्रत्यक्ष में स्व से इतर यावत् पदार्थ से व्यावृत्तत्व रूप से स्वरूप नहीं भासता है, अन्यथा सामान्य प्रत्यक्ष के उत्तर सन्देह विपर्य्यय कहीं नहीं होगा। यदि किञ्चित् प्रतिपत्ता (ज्ञाता) आदि से व्यावृत्तत्व रूप से स्वरूप की प्रतीति होती है, अतः सामान्य ज्ञान को प्रत्यक्ष मानें तो अनुमिति में भी प्रतिपत्तादि से व्यावृत्तत्व रूप से ही वह्न्यादि स्वरूप के भान होने से वह अनुमिति भी प्रत्यक्ष हो जायगी।

समर्थन—जिस ज्ञान का करण इन्द्रिय हो वह प्रत्यक्ष है इस लक्षण में "प्रत्यक्ष ज्ञान का जो करण वह इन्द्रिय है" ऐसा इन्द्रिय के लक्षण होने से अन्योन्याश्रय दोष देते हैं; परन्तु यह युक्त नहीं है, कारण कि अज्ञात रूप से जो प्रमा का करण हो वह इन्द्रिय है वा अज्ञात रूप से भावरूप जो प्रमा का करण हो वह इन्द्रिय है ऐसा इन्द्रिय का लक्षण हो सकता है।

खण्डन—इस लक्षण में कार्य्यभूत प्रमा का भी निवेश है; अतः यावत् प्रमा का ज्ञान न हो तावत् उक्त लक्षण का ज्ञान नहीं हो सकता है और यदि प्रमा का ज्ञान (अन्य) किसी चिह्न से मानें तो वही चिह्न लक्षण रहे, यह लक्षण व्यर्थ है; कारण कि लक्ष्य का ज्ञान-रूप लक्षण का प्रयोजन अन्य से ही सिद्ध हो गया ॥ ६० ॥

समर्थन—अपरोक्ष व्यवहार का हेतु विलक्षण जो अर्थनिष्ठ ज्ञातता उसका जनक ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—जनकप्रमा में ऐकरूप्य (अवच्छेदक धर्म्म) का यावत् ज्ञान न हो तावत् जनकत्व के ज्ञान के न होने से जनकत्वघटित उक्त लक्षण का ज्ञान नहीं होगा। यदि कहें कि अनुमिति के विषयनिष्ठ ज्ञातता से विलक्षण ज्ञातता की अन्यथा अनुपपत्ति से प्रमागत विलक्षण ऐक्य का आक्षेप होगा तो इन्द्रिय परामर्श आदि कारण के वैलक्षण्य से ज्ञातता के वैलक्षण्य की उपपत्ति होने से अन्यथा अनुपपत्ति ही नहीं है।

समर्थन—मेय (अर्थ) से जन्य जो ज्ञान वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—आत्मरूप मेय से सबज्ञान जन्य है अतः सबज्ञान प्रत्यक्ष हो जायेंगे।

समर्थन—स्वमेय से जन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है, आत्मा स्वमेय नहीं है, अतः अन्य ज्ञान में अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—यदि स्वशब्द को तत्तद् ज्ञानव्यक्तिपरक मानें तो जिस ज्ञान व्यक्ति का स्वशब्द सेउपादान करेंगे उस व्यक्ति से अन्यत्र अव्याप्ति हो जायगी और यदि स्वशब्द से ज्ञानमात्र का उपादान करें तो यत्किञ्चित् ज्ञान का विषय आत्मा भी है, अतः ज्ञानमात्र प्रत्यक्ष हो जायेंगे।

एतेन ज्ञातता काचिद्विलक्षणा तज्जनकत्वं ज्ञानस्य साक्षात्त्वमिति निरस्तम्। ऐकरूप्याव्यवस्थितौ कारणत्वानवधारणात्। नच ज्ञाततावैलक्षण्यान्यथानुपपत्तेरेव तत्सिद्धिः कारणान्तरवैलक्षण्यादेव तदुपपत्तेः

नापि मेयजनितत्वमतिप्रसङ्गात्। स्वमेयजत्वे च स्वार्थव्याप्त्याऽननुगमात्, पूर्वदोषानिवृत्तेश्च।

अथ येन प्रमिते सति न प्रमित्सा पुनर्भवति तज्ज्ञानं साक्षात्कारीति तन्न। प्रत्यक्षावगतेऽपीष्टे तनयादौ प्रमित्सादर्शनात्। अथ यदनन्तरं न विजातीयप्रमित्सा तद्भावस्तथात्वम्, तन्न। तत्साजात्यानवगतौ तद्विजातीयानवगतेररिसम्पद्यनुमादि-विषयायां प्रत्यक्षयितुमनिष्टेश्च। प्रत्यक्षावगतेऽपि दहने रक्ताशोकस्तवकसन्देहे धूमदर्श-नेन वह्नेरनुमीयमानत्वादित्यप्येके ॥६१॥

अज्ञायमानासाधारणकारणकानुभवत्त्वं कारणविशेषणीकृतभावत्त्वं वा साक्षा-त्कारित्वमिति चेन्न। दीर्घादिप्रत्यक्षाव्यापनात् तत्रावधिप्रभृतेः प्रतीयमानस्यापेक्षणात्।

समर्थन—जिस ज्ञान से प्रमित अर्थ की पुनः प्रमित्सा (यथार्थ ज्ञान की इच्छा) न हो वह ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—पुत्र आदि अतिप्रियवस्तु का एकवार अवलोकन होनेपर भी पुनः अव-लोकन की इच्छा होती है, अतः पुत्र आदि के प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—जिस ज्ञान से प्रमित वस्तु में विजातीय प्रमिति की इच्छा न हो, वह प्रत्यक्ष है, पुत्रदर्शन के बाद पुनः दर्शन की इच्छा होने पर भी विजातीय अनुमिति आदि की इच्छा नहीं होती है, अतः पुत्रावलोकन में अव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—यावत् प्रत्यक्षनिष्ठ समान जाति का ज्ञान न हो तावत् प्रत्यक्ष के विजातीय-त्व से घटित उक्त लक्षण का ज्ञान नहीं हो सकता है और यदि उक्त लक्षण से साजात्य का ज्ञान मानें तो उक्त लक्षण से साजात्य ज्ञान तथा साजात्य के ज्ञान से उक्त लक्षण का ज्ञान इस रीति से अन्योन्याश्रय हो जायगा। यदि अन्य से साजात्य का अवगम हो तो प्रथम उपस्थित (ज्ञात) होने से वहीं लक्षण रहे यह लक्षण व्यर्थ है। किञ्च शत्रुधन की अनुमिति होने पर भी विजातीय प्रत्यक्ष ज्ञान की इच्छा नहीं होती, अतः उसकी अनुमिति में अतिव्याप्ति हो जायगी। किंच जहाँ प्रत्यक्ष से वह्नि का सामान्य से अवगम हो गया हो वहां भी वह्नि में रक्ताशोक के स्तवक (गुच्छ) के सन्देह होने पर धूम से अनुमिति होती है, अतः उस प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी ॥ ६१ ॥

समर्थन—जिस अनुभव का असाधारण कारण अज्ञात हो, वह प्रत्यक्ष है अथवा (जो अनुपलब्धि को पृथक प्रमाण मानते हैं, उनके मत में अभाव प्रमा में प्रत्यक्ष लक्षण की अव्याप्ति के वारण के अर्थ असाधारण कारण में भावत्व विशेषण देकर द्वितीय लक्षण का प्रणयन है) जिस अनुभव का भावरूप असाधारण कारण अज्ञात हो वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—"अयं दण्डो ह्रस्वः" "अयं दीर्घः" इस प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी; कारण कि इस प्रत्यक्ष में अवधिज्ञान की अपेक्षा है।

समर्थन—इस प्रत्यक्ष में ज्ञात अवधि कारण नहीं है, किन्तु अवधि का ज्ञान कारण है; क्योंकि अतीत अनागत अवधि से भी ह्रस्वादि का ज्ञान होता है।

नावधिस्तत्र ज्ञायमानस्तथा, अवधिज्ञानं तु स्यात् अतीतादावप्यवधौ तथाप्रत्ययादिति चेत्, तुल्यं लिङ्गे धूमादावपि, धूमदर्शनात्तत्राग्निरासीदिति पश्चादप्यनुमानात् । ज्ञानविशेषणतया तु ज्ञेयहेतुता तुल्यैवेति ।

असाधारणकारणगिरा करणमभिमतमिति चेन्न । अनुमितभाविलिङ्गकभाविलिङ्ग्यनुमितावसतो लिङ्गस्य करणत्वासम्भवेन ज्ञायमानकरणकत्वाभावात् ।

लिङ्गज्ञानं तावत्करणं, तच्च स्वप्रकाशवादिनो मम ज्ञायमानमेव तत्रेति चेन्न । तस्यापि ज्ञायमानतया करणकोटिप्रवेशे प्रमाणाभावात् उक्तप्रत्ययानां तथात्त्वाभावात् ॥६२॥

अन्यथासिद्धस्यापि ज्ञायमानत्वस्यावर्ज्जने चक्षुराद्यनुमित्यनन्तरं दैवोपजातघटादिप्रत्यक्षाव्यापनात् ।

खण्डन—अतीत अनागत धूमस्थल में वह्नि की अनुमिति होने से ज्ञात धूम भी अनुमिति का करण नहीं है; किन्तु धूम का ज्ञान ही अनुमिति का करण है, अतः अनुमिति के अज्ञातकरणक न होने से प्रत्यक्ष लक्षण की अनुमिति में अतिव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—धूमज्ञान का विशेषण धूम ज्ञात ही अनुमिति का करण होता है; अतः ज्ञातकरणक होने से अनुमिति में अतिव्याप्ति नहीं होगी ।

खण्डन—अवधि ज्ञान का विशेषण अवधि भी ज्ञात ही कारण होता है, अतः ह्रस्वादि प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—असाधारण कारणशब्द, करणपरक है और अवधिज्ञान ह्रस्वादिप्रत्यक्ष में करण नही है; किन्तु इन्द्रिय करण हैं, और वे अज्ञात ही है; अतः ह्रस्वादि प्रत्यक्ष में अव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—जिस यज्ञशाला में होम सामग्री से भावी धूम की अनुमिति करके पश्चात् वह्नि की अनुमिति होती है, वहां पर उस काल में असत् धूम, हेतु हो नहीं सकता है, किन्तु धूमज्ञान ही करण है और वह अज्ञातही करण होताहै; अतः उस अनुमिति में अतिव्याप्ति होजायगी ।

समर्थन—लिङ्गज्ञान करण है और वह स्वप्रकाश होने से ज्ञात ही करण होता है, अतः अनुमिति में ज्ञातकरणक होने से अतिव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—लिङ्गज्ञान अनुमिति में ज्ञातरूप से करण है इसमें कुछ प्रमाण नहीं है । यदि कहें कि स्वप्रकाश होने से लिङ्गज्ञान ही स्व के ज्ञातरूप से करण होने में प्रमाण है तो यह युक्त नहीं है, कारण कि स्वप्रकाश होने से ईयत्मात्रही सिद्ध होगा कि अनुमिति के जननकाल में लिङ्गज्ञान, ज्ञात रहता है। ज्ञातरूप से करण है यह बात सिद्ध नहीं हो सकती है ॥६२॥

समर्थन—लिङ्गज्ञान ज्ञातरूप से करण न हो अनुमिति के जननकाल में ज्ञात तो होता ही है, इससेही ज्ञातकरणक होने से अनुमिति में प्रत्यक्षलक्षण की अतिव्याप्ति नहीं होगी ।

खण्डन—जिस स्थल में रूप का प्रत्यक्ष करणजन्य है, कार्य्य होने से, घटादि के तुल्य—इस प्रकार से चक्षुरादि की अनुमिति होती है वहां दैववश से वा रूप के प्रत्यक्षरूप प्रमाण के बल से घटादि प्रत्यक्ष भी कदाचित् होता ही है, अतः उस प्रत्यक्ष में [ज्ञात करणक होने से] अव्याप्ति हो जायगी । तस्मात् आप कहेंगे कि जिस ज्ञान का करण अन्यथासिद्ध ज्ञान का अविषय हो वह प्रत्यक्ष है, तब तो धूमज्ञान भी [ज्ञात रूप से करण न होने से अनन्यथासिद्ध ज्ञान का] अविषय है, अतः अनुमिति में अतिव्याप्ति होजायगी ।

नियमेनेति चेन्न । विधौ वैयर्थ्यात् । नियमेन निषेधस्य विशेषणे दैवावगतेन्द्रियज्ञानानन्तरजप्रत्यक्षसम्भवादसिद्धिः । विधौ करणत्वप्रविष्ट एवायं नियमो निरुच्यत इति चेन्न । तथाऽपि वैयर्थ्यादेव । अन्यथाऽतिप्रसक्तेरवैयर्थ्यमिति चेन्न, तथाप्यतिप्रसक्तेरेव । नहि रसादिसाक्षात्कारे रूपादिर्हेतुः । अन्यथासिद्धेर्नेति चेन्न । तुल्यत्वादनुमानेऽपि ॥६३॥

किंच यत्र निषेधस्तद्गतमैकरूप्यं निरूप्यमन्यथा किमादाय नियमो निरूप्येतेति कार्यगतैकरूप्यमनभिधाय न निस्तारः । विनाऽपि च नियमपदप्रवेशं कार्यगतैकरूप्यमनिरूप्याऽनिस्तार एव । ज्ञायमानं नात्र करणमिति हि यदि कार्यव्यक्तिमभिसन्धाय तदा तत्पूर्वं प्रतीतानां तत्राकारणत्वं दुरवधारणं ततस्तज्जातीये तज्जातीयव्यभिचारप्रतिसन्धानेऽवश्यं यतनीयमिति । अथाऽव्यवहितार्थप्रमात्वं तथा, तर्हि किमपेक्ष्याव्यवधानम् । किञ्च तदिति वाच्यम् । इन्द्रियमपेक्ष्य तत् असन्निकर्षश्च तदिति चेत् । तर्हीन्द्रियसन्निकृष्टप्रकाशत्वमिति कुटिलिकार्थः, स चानुपपन्नः स्वविलोचनगोलकानुमानव्याप्तेः ।

समर्थन—लक्षण में नियम के निवेश होने से चक्षुरादि की अनुमिति के उत्तर जायमान घट के प्रत्यक्ष में अव्याप्ति नहीं है ।

खण्डन—जिस ज्ञान का करण नियम से ज्ञात न हो वह प्रत्यक्ष है इस प्रकार नियम ज्ञान रूपविधि (भाव) का विशेषण है अथवा नियम से अज्ञात है जिस ज्ञान का करण वह प्रत्यक्ष है, इस प्रकार नियम, ज्ञात के अभावरूप निषेध का विशेषण है । यदि नियम को विधि का विशेषण कहें तो नियम का निवेश व्यर्थ है, क्योंकि नियतपूर्ववर्ती को ही करण कहते हैं, अतः करण के लक्षण में नियम के प्रवेश होने से पृथक् नियम निवेश व्यर्थ है ।

समर्थन—यदि—जिसका करण ज्ञात न हो वह प्रत्यक्ष है—ऐसा ही लक्षण करें, नियम का पृथक् निवेश न करें तो ज्ञान के उपलक्षण होने से ज्ञान में करणत्व का निषेध नहीं होगा ।

खण्डन—नियम का पृथक् निवेश न करिये उसका पृथक् निवेश व्यर्थ है, क्योंकि ज्ञान को विशेषण न रखने में कोई हानि नहीं है ।

समर्थन—ज्ञान को विशेषण न मानें तो ज्ञान में करणत्व के निषेध न होने से इन्द्रिय की अनुमिति के बाद दैववश ज्ञात घट प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी; अतः ज्ञान के विशेषणत्वबोधन के अर्थ पृथक् नियम का निवेश अवश्य होना चाहिये ।

खण्डन—रस साक्षात्कार में रूप करण है और वह ईश्वर के ज्ञानविषय होने से नियम से ज्ञात है । अतः रससाक्षात्कार में अव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—रससाक्षात्कार में रूप अन्यथासिद्ध है, करण नहीं है, अतः अव्याप्ति नहीं ।

खण्डन—अनुमिति का परामर्श भी ज्ञात करण नहीं है अतः अतिव्याप्ति हो जायगी । यद्यपि परामर्श स्वप्रकाश होने से ज्ञान ही रहता है, तथापि ज्ञातत्वेन कारण न होने से परामर्श का ज्ञान अन्यथासिद्ध है, करण नहीं है ।

नियम से जिसका करण अज्ञात हो यह द्वितीय पक्ष भी ठीक नहीं है, क्योंकि चक्षुरादि की अनुमिति के बाद दैववश जात घट प्रत्यक्ष में व्यभिचार होने से अव्याप्ति हो जायगी ॥६३॥

ज्ञानाजन्यज्ञानत्वं तदिति चेन्न । सविकल्पकविशेषाव्यापनात् । एतेन विषयान्तरज्ञानाजन्यत्वं तदिति प्रत्युक्तम् । सविकल्पकस्याधिकव्यवच्छेदरूपविषयज्ञात् तदवधिज्ञानजन्यत्वात् ॥६४॥

स्वविषयानन्तर्गतार्थज्ञानाजन्यधीत्वं तत्, नच सप्रतियोगिकार्थप्रत्यक्षाव्याप्तिः प्रतियोगिनोऽपि विशिष्टार्थप्रविष्टस्य तत्ताया इव प्रत्यभिज्ञायां प्रत्यक्षविषयत्वोपगमात्,

किञ्च जिस प्रत्यक्षज्ञान के करण में ज्ञातत्व का निषेध आप करते हैं, उस ज्ञान में यावत् ऐकरूप्य का निरूपण (ज्ञान) न हो, तावत् किस धर्म को उद्देश्यता का अवच्छेदक मान कर निषेध करेंगे। अतः प्रत्यक्षगत ऐकरूप्य के निरूपण के विना उक्त लक्षण का निर्वाह नहीं हो सकता है। नियम का अनिवेश कर भी यावत् ऐकरूप्य का ज्ञान न हो, तावत्-जिस ज्ञान का करण अज्ञात हो वह प्रत्यक्ष है इस लक्षण का निर्वाह नहीं हो सकता है, कारण कि यदि जिस प्रत्यक्ष व्यक्ति का करण ज्ञात न हो वह प्रत्यक्ष है, इस प्रकार से व्यक्तिघटित लक्षण करें तो इन्द्रिय की अनुमिति के उत्तर जात घटादि प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी। अतः यद्ज्ञानजातीय का करणजातीय ज्ञात न हो इस प्रकार से ही व्यभिचार (प्रत्यक्ष के करण में ज्ञानत्व का निषेध) का प्रतिसन्धान आप कहेंगे और वह प्रत्यक्षत्व ज्ञान के विना हो नहीं सकता है।

निर्वचन—अव्यवहित जो अर्थ उसकी प्रमा, प्रत्यक्ष है।

खण्डन—इस लक्षण में अव्यवधान क्या वस्तु है और किसकी अपेक्षा से अव्यवधान अभिप्रेत है, यदि इन्द्रिय की अपेक्षा से अव्यवधान का ग्रहण करें और सन्निकर्ष को अव्यवधान कहें तो इन्द्रियसन्निकृष्ट अर्थ का प्रकाश प्रत्यक्ष है यह कुटिलिका (वक्रोक्ति) का सरल अर्थ हुआ। वह स्वविलोचन के गोलक की अनुमिति में अतिव्याप्ति होने से अयुक्त है।

निर्वचन—ज्ञान से अजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—ज्ञान से यदि ज्ञानसामान्य का ग्रहण करें तो निर्विकल्पक ज्ञान से जन्य होने से सविकल्पक ज्ञानमात्र में अव्याप्ति हो जायगी। यदि ज्ञानपद से सविकल्पक ज्ञान का ग्रहण करें तो भी अभाव आदि का ज्ञान, सविकल्पक—प्रतियोगीज्ञान से जन्य होता है, अतः उसमें अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—स्वविषय से अन्य जो विषय उसके ज्ञान से अजन्य जो ज्ञान वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—सविकल्पक ज्ञान भी स्वविषय-अतद्व्यावृत्ति से अन्य जो वस्तुमात्र, तद्विषयक निर्विकल्पक ज्ञान से जन्य होता है, अतः सविकल्पक में अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च अतद्व्यावृत्ति तद्भिन्न भेद है और भेदज्ञान नियमतः प्रतियोगी ज्ञान से जन्य होता है, अतः अतद्व्यावृत्ति विषयक सविकल्पक ज्ञान के प्रतियोगी ज्ञान से जन्य होने से उसमें अव्याप्ति हो जायगी ॥६४॥

समर्थन—स्वविषय के अनन्तर्गत जो अर्थ, तद्विषयक ज्ञान से अजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है इस लक्षण के—प्रतियोगी ज्ञान से जन्य अभाव ज्ञान में—अव्याप्ति नहीं है, कारण कि जैसे प्रत्यभिज्ञा में तत्ता भासती है, वैसे ही अभावज्ञान में प्रतियोगी भी भासता है, अतः प्रतियोगी स्वविषय के अनन्तर्गत नहीं है, अथवा स्वविषय के अनन्तर्गत जो प्रतियोगी से भिन्न अर्थ उससे अजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष है इस निवेश में कोई दोष नहीं है।

अप्रतियोगित्वेन विशेषणाद्वेति चेन्न । स्वपदेनैव द्वारीकृतत्वात्, कार्यव्यक्तावजन्यताया दुरवधारणत्वाच्च । तज्जातीये तज्जातीयव्यभिचारशङ्काग्रहे च कार्य्यैकजात्ये च पूर्वव-त्पतनमिति ॥६५॥

स्वकालावच्छिन्नार्थबोधत्वं साक्षात्त्वमित्यपि न । स्वार्थाविवेचनात् । कथञ्चानु-मानादिव्यवच्छेदः । तत्र व्याप्त्यादिप्रविष्टकालनियतार्थत्वं, यत्रापि चन्द्रोदयसमुद्रवृ-द्ध्यादौ स्वकालार्थत्वं तत्रापि व्याप्तिप्रविष्टतैव तादृशत्वस्य प्रयोजिकेति चेन्न । कथमप्यस्तु तथापि स्वकालावच्छिन्नार्थत्वस्य सम्भवात् । नच यज्जातीयमेवमेवेति विशेषः साजात्यस्य वैलक्षण्यस्याग्रतः सिद्धौ किमन्येन । न च तदपीति वक्ष्यते । व्याप्त्यादिकमन्तरेणेति चेन्न । तस्यैव समर्थत्वेन स्वकालकथावैयर्थ्यात् । यथाच न तदपि तथा वक्ष्यते ।

खण्डन—स्वपद को यदि ज्ञानसामान्यपरक मानें तो ज्ञान के विषय के अनन्तर्गत जो अर्थ तद्विषयक ज्ञान से अजन्य होने से अनुमित्यादि में अव्याप्ति होजायगी। अथवा ज्ञान के विषय के अनन्तर्गत जो अर्थ तद्विषयक ज्ञान की असिद्धि होने से असम्भव हो जायगा। यदि स्वपद को ज्ञानव्यक्तिपरक कहें तो जिस ज्ञानव्यक्ति का स्वपद से उपादान करेंगे उससे अन्य व्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च अन्वयव्यतिरेक से कार्य्यकारणभाव गृहीत होता है और यदि कारणव्यक्ति का कार्य्यव्यक्ति में अन्वयव्यतिरेक से कार्य्यकारण-भाव का ग्रहण मानें तो इन्द्रियानुमितिरूप ज्ञान का स्व से उत्तर दैववश से जात घटप्रत्यक्ष व्यक्ति में अन्वय व्यतिरेक होने से उक्त प्रत्यक्ष में ज्ञान के अजन्यत्व का ग्रहण नहीं होने से अव्याप्ति हो जायगी। यदि ज्ञानजातीय के प्रत्यक्षजातीय में अन्वयव्यतिरेक के न होने से ज्ञान से अजन्यत्व का ग्रहण प्रत्यक्ष में मानें तो लक्षण के ज्ञान से पूर्व प्रत्यक्षत्व का ग्रह अवश्य मानेंगे। अन्यथा अजन्यत्वघटित उक्त लक्षण का ज्ञान ही नहीं होगा और प्रत्यक्षत्व का ग्रह यदि अन्य से सिद्ध है तो लक्षण का प्रणयन व्यर्थ है ॥६५॥

समर्थन—स्व (ज्ञान) का जो काल उससे अवच्छिन्न अर्थ का ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—स्व शब्द से यदि ज्ञानसामान्य का ग्रहण करें तो यत्किञ्चित् ज्ञान के काल अवच्छिन्न अतीत अनागत अर्थ भी है, अतः तद्विषय की अनुमिति आदि में अतिव्याप्ति हो जायगी। यदि एक प्रत्यक्ष व्यक्ति का स्व से उपादान करें तो अन्यव्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी। किञ्च अनुमिति भी स्वकाल से अवच्छिन्न वस्तु का ही ग्रहण करती है, अतः उसमें अतिव्याप्ति होजायगी।

समर्थन—अनुमिति विषय में बोधकाल से अवच्छिन्नत्व "यदा धूमस् तदा वह्निः" इत्याका-रक व्याप्तिग्रह के अधीन है। "अयं पूर्णचन्द्रोदयः स्वकालिकसमुद्रवृद्ध्यादिमान् चन्द्रो-दयत्वात्—पूर्वचन्द्रोदयवत्" इस स्थल में भी (जहाँ स्वकाल साध्य में प्रविष्ट है) अनुमिति विषय में-यदा चन्द्रोदयस् तदा स्वकालिकसमुद्रवृद्धिः इत्याकारक व्याप्ति ही बोधकाला-वच्छिन्नत्व का प्रयोजक हैं।

खण्डन—बोधकाल के अवच्छिन्नत्व का कोई भी प्रयोजक हो इससे क्या हुआ, बोध-काल से अवच्छिन्न विषयक होने से अनुमिति में अतिव्याप्ति वैसी ही है।

यत्तु कश्चिदाह स्वप्रकाशनिषेधात् स्वकालावच्छिन्नार्थप्रकाशत्वासम्भव इति, तदयुक्तम्। वस्तुतो यः स्वकालस्तस्य विवक्षितत्वात्। वर्त्तमानप्रकाशस्तथेति निरुक्तिपर्य्यवसानात्। वर्त्तमानार्थस्य च सर्वनिर्वचनीयत्वात्। तथा चोक्तम्—

"सम्बद्धं वर्त्तमानञ्च गृह्यते चक्षुरादिना"।

तस्मादस्मदुक्तमेव युक्तम् ॥६६॥

षोढासन्निकर्षेतराप्रयुक्तविषयनियमं ज्ञानं तथेति चेन्न। दोषवशजातसाक्षाद्बोधे तदसम्भवात्। प्रमासाक्षात्कारस्तावत्तथेति चेन्न। साक्षात्त्वेन प्रमेतरयोरविशिष्टतया साक्षात्त्वस्य साधारणस्यैव निर्व्वक्तव्यत्वात्। अनिष्टभ्रमबुद्धिमते षोढासन्निकर्षस्य प्रत्येकमिलितविकल्पानुपपत्तेः।

समर्थन—यज्जातीय ज्ञान, स्वकाल से अवच्छिन्न जो अर्थ तद्विषयक ही हो वह प्रत्यक्ष है। अनुमितिजातीय ज्ञान स्वकाल से अनवच्छिन्न जो अतीत अनागत अर्थ तद्विषयक भी होता है, अतः उसमें अतिव्याप्ति नहीं होगी?

खण्डन—यावत् प्रत्यक्षत्व रूप साजात्य का ग्रह न हो, तावत् उक्त लक्षण का ज्ञान नहीं हो सकता है और यदि प्रत्यक्षत्व का ज्ञान नहीं हो सकता है और यदि प्रत्यक्षत्व ज्ञान अन्य चिन्हों से सिद्ध है तो लक्षण व्यर्थ है और प्रत्यक्षत्व की सिद्धि भी नहीं हो सकती हैं यह आगे कहेंगे।

समर्थन—व्याप्ति आदि के बिना ही जो ज्ञान स्वकाल से अवच्छिन्न जो अर्थ तद्विषयक हो वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—यदि व्याप्ति का निवेश करना है तो व्याप्ति के विना जात जो ज्ञान वह प्रत्यक्ष है, इयन्मात्र ही लक्षण पूर्ण है। स्वकाल से अवच्छिन्न जो अर्थ तद्विषयकत्व का निवेश व्यर्थ है, और यह भी लक्षण निर्दोष नहीं है, यह कहेंगे। कोई कोई विद्वान् इस लक्षण में यह दोष देते हैं कि ज्ञान स्वप्रकाश नहीं है, अतः स्वज्ञान के कालरूप विशेषण से विशिष्ट अर्थ का ज्ञान न होने से यह लक्षण असम्भव से ग्रस्त है, परन्तु यह दोष युक्त नहीं, कारण कि स्वकाल उपलक्षण है, विशेषण नहीं है। अतः स्वप्रकाश न होने पर भी अन्य से ज्ञात स्वकाल से उपलक्षित अर्थ का ज्ञान हो सकता है, अतः असम्भव नहीं है। वर्त्तमानविषयक प्रत्यक्ष होता है यह सर्ववादी मानते हैं। भट्ट जी ने कहा है कि वर्त्तमान सम्बद्ध विषय को चक्षु ग्रहण करता है ॥६६॥

समर्थन—षट् प्रकार के सन्निकर्ष से जो इतर उससे अप्रयुक्त जिस ज्ञान के विषय का नियम हो वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—"इदं रजतम्" इस ज्ञान में जो रजतत्व का समवाय भासता है उसका प्रयोजक दूरत्वरूप दोष है, अतः वहाँ अव्याप्ति हो जायगी; प्रमा-अप्रमा उभयरूप सामान्य से प्रत्यक्ष ज्ञान का यह लक्षण है, अतः प्रमा प्रत्यक्ष ही लक्ष्य है ऐसा आप नहीं कह सकते हैं। यदि अख्यातिवादी कहें कि मेरे मत में भ्रम होता नहीं है, अतः भ्रम में अव्याप्ति नहीं है तो भी एक एक सन्निकर्ष से इतर लें, अथवा षट् सन्निकर्ष से इतर लें, उभयथा संयोगादि षट् से इतर, संयुक्तसमवाय हैं, अतः संयुक्तसमवाय से जन्य प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी।

साक्षाद्धीः स्वरूपधीः स्वेन रूपेण वस्तुनो भानमिति चेन्न। अनुमानादिव्याप-नात्। अनुमानादौ लिङ्गाद्यपेक्षत्वात्तदवच्छिन्नकालसम्बद्धबोधत्वं न लभ्यत इति चेन्न। व्यभिचारात्। यत्र लिङ्गादि भाव्यादिबोधकं तत्र तत्कालताव्यभिचारात्। एतेन यदि न लिङ्गकालावच्छिन्नव्यापकप्रतिभासोऽनुमा तदाकूटव्याप्यानुमितस्य व्यापकस्य दैवव-शात् सत्यव्याप्यव्यक्त्यन्तरवतः प्राप्तौ व्याप्तिकालावच्छिन्नव्यापकप्राप्त्या तावत्यंशे प्रमा-त्वं प्रमाविशेषान्तर्भावानिर्वाह्यमापद्येतेति निरस्तम्। भूतादिव्यापकानुमाने व्याप्यकाल-त्वासम्भवात्। तथापि चाग्न्यादिमदंशमात्रे प्रमात्वापातदुष्परिहरत्वस्योक्तत्वात्॥६७॥

समर्थन—स्वरूप का ज्ञान अर्थात् जो धर्म्म जिसमें हो उस धर्म्म से विशिष्ट उस धर्म्मी का ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—अनुमति में भी जो धर्म्म जिसमें है उस धर्म्म से विशिष्ट ही धर्मीका उल्लेख होता है, अतः अनुमिति में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—लिङ्गादि काल से अनवच्छिन्न धर्मी की जो बुद्धि वह स्वरूप धी प्रत्यक्ष है और अनुमिति में लिङ्गकाल से अवच्छिन्न धर्मी भासता है, अतः अनुमिति में अतिव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—जिस स्थल में विशिष्ट मेघोदय से भावी वृष्टि की अनुमिति करते हैं, उस स्थल में लिङ्गकाल से अनवच्छिन्न ही धर्म्मी भासता है, अतः उस अनुमिति में अति-व्याप्ति वैसी ही है। अनुमिति में साध्य के विशेषणत्वरूप से लिङ्गकाल से अवच्छिन्नत्व अवश्य भासता है। अन्यथा पर्वत में धूलीपटल में धूमभ्रम के अनन्तर जात-पर्वतो वह्नि मान्-यह ज्ञान प्रमा हो जायगा। उक्त ज्ञान प्रमाही है ऐसी इष्टापत्ति आप नहीं कर सकते; कारण कि स्वीकृत प्रमा में अन्तर्भाव न होने से उक्त ज्ञान को पञ्चमी प्रमा मानना पड़ेगा वह अनिष्ट है, यह किसी आचार्य्य का कथन भी खण्डित जानना चाहिये—कारण कि भूत भावी साध्यस्थलमें व्यभिचार होनेसे लिङ्गकाल से अवच्छिन्नत्व साध्य के विशेषणरूप से नहीं भासता है। किञ्च लिङ्गकाल से अवच्छिन्नत्व का अनुमिति में भान मानें तब भी विशिष्ट अंश में उक्त ज्ञान प्रमा न होगा, परन्तु वह्नि अंशमें प्रमात्व हो ही जायगा॥६७॥

समर्थन—अनुपहित वस्तु का जो ज्ञान वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—विशेषण से उपहित विशेष्य के प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—कारण से उपहित जो न हो उसका ज्ञान प्रत्यक्ष है।

खण्डन—घट का कारण जो दण्ड उससे उपहित पुरुष का "दण्डी पुरुष" इत्याका-रक प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—स्वकारण से अनुपहित का जो ज्ञान वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—यह परिष्कार भी स्वपदरूपी सिंह की कुक्षि में निक्षिप्त है अर्थात् स्वपद के विवेश से ही खण्डित है, कारण कि स्वपद को यदि कारणव्यक्तिपरक मानें तो जिस धूम व्यक्ति को स्वशब्द से ग्रहण करेंगे, उससे अन्य धूम से उपहित वह्नि की अनुमिति में अति-व्याप्ति हो जायगी।

यदि स्वपद का कारणसामान्यपरक मानें तो अन्य के कारण दण्ड से उपहित पुरुषादि के प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी।

अनुपहितप्रतीतिः साक्षाद्धीरिति चेन्न । विशिष्टप्रविष्टविशेष्यप्रत्यक्षाव्यापनात् । करणानुपहितत्वं विवक्षितमिति चेन्न । परकरणोपहिताव्यापनात् । स्वकरणोपहितत्वस्य च स्वपदकुक्षिनिक्षिप्तत्वात् ।

व्याप्त्याद्युपहितत्वादीनां व्यतिरकेस्य यत्र समुच्चयः सा धीः साक्षाद्धीरिति चेन्न । व्याप्त्यादिप्रत्यक्षाव्यापनात् । असिद्धत्वाच्च । पर्व्वतोऽग्निमानित्येव प्रतिज्ञानात् । शब्देन च स्वाप्रतिपादनात् । शाब्दादिमितेश्च प्रत्यक्षत्वापादनात् ॥ ६८ ॥

अव्यवहितधीत्वं साक्षाद्धीत्वमिति चेन्न । व्यवधानविकल्पानुपपत्तेः । यदि द्रव्यविशेषान्तरावस्थितिर्व्यवधिः, तदानीमप्रत्यक्षविभुधियां साक्षात्त्वापत्तिः । अथ ज्ञापकज्ञानपूर्वसत्ता व्यवधानं तदा परत्वाद्यप्रत्यक्षतापत्तिरिति । विशिष्टवैशिष्ट्यं व्यवधानमिति चेन्न । धूमविशिष्टे वह्निवैशिष्ट्यमिति स्वरूपस्थितौ तथात्वे कार्य्यकारणभावविरोधः प्रतीतौ धूमवैशिष्ट्यस्य धर्मिविशेषणत्वे हेतोरंशतः स्ववृत्तिः । साध्यविशेषणत्वे व्याप्तिग्राहिप्रत्यक्षेऽप्यव्यवधानाभावात् न साक्षात्त्वं स्यात् ॥ ६९ ॥

समर्थन—व्याप्त्यादि के उपहितत्व का अभाव जिस ज्ञान में हो वह प्रत्यक्ष है ।

खण्डन—वह्निव्याप्यो धूमः इस व्याप्ति के प्रत्यक्ष में धूम के विशेषणरूप से व्याप्ति भासती है, अतः उसमें अव्याप्ति हो जायगी । किञ्च अनुमिति आदि में व्याप्ति आदिका भान नहीं होता है, कारण कि "पर्वतो वह्निमान्" इत्यकारक ही अनुमान में प्रतिज्ञावाक्य होता है—शब्दसे भी [शब्द से उपहित अर्थ का] बोध नहीं होता है—अतः अनुमिति में अतिव्याप्ति के निरासार्थ उक्त विशेषण व्यर्थ है और उक्त विशेषण न देने पर अनुमिति आदि में अतिव्याप्ति हो जायगी ॥ ६८ ॥

समर्थन—इन्द्रियों से अव्यवहित वस्तु की धी साक्षात्धी (प्रत्यक्ष) है ।

खण्डन—व्यवधान क्या वस्तु है इस बात को अनुपपत्ति होने से यह लक्षण भी अयुक्त है—देखिये यदि ज्ञेय और इन्द्रियोंके मध्यमें द्रव्य विशेष की स्थिति को व्यवधान कहें तो विभु (आकाशादि) की अनुमितिरूप बुद्धि में अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि ज्ञेय (आकाशादि) और इन्द्रिय इन दोनों के मध्य में कोई द्रव्य नहीं है । यदि ज्ञापक (स्वजनक) जो ज्ञान उसकी (स्व की उत्पत्ति से पूर्वसत्ता को व्यवधान कहें तो ह्रस्वत्वादि तथा परत्वादि का ज्ञान भी प्रतियोगि ज्ञान से जन्य है, अतः ह्रस्व-त्वादि ज्ञान में अव्याप्ति हो जायगी । यदि विशिष्टवैशिष्ट्य को व्यवधान कहें तो दण्डी पुरुष इस प्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी । यदि हेतु धूम, आदि से विशिष्ट पर्वत में वह्नि आदि के वैशिष्ट्य को व्यवधान कहें तो यदि धूम विशिष्ट पर्वत में वह्नि का वैशिष्ट्य रहता है, ईदृश स्थिति में व्यवधान मानें तो कार्यकारण भाव में विरोध होगा । अर्थात् कारण होने से धूम से प्रथम ही वह्नि सिद्ध है, फिर धूम विशिष्ट में ही वह्नि वैशिष्ट्य रहता है, यह कैसे हो सकता है और यदि प्रतीति में धूमविशिष्ट में वह्निवैशिष्ट्य को व्यवधान कहें तो यदि धर्म्मी (पर्वत) में धूम वैशिष्ट्य को विशेषण मानें तो "धूमवान् पर्वतो वह्निमान धूमवत्त्वात्" ऐसा ज्ञान के आकार होने से अंशतः आत्माश्रय हो जायगा । कारण कि विशिष्टवृत्तिधर्म्म विशेषणवृत्ति भी होता है और यदि धूम वैशिष्ट्य के साध्य के विशेषणत्व को व्यवधान कहें तो "वह्निः धूमव्यापकः" इस व्याप्तिप्रत्यक्ष में अव्याप्ति हो जायगी ॥ ६९ ॥

अथ ज्ञानस्य जातिभेदः कश्चित्साक्षात्त्वं, तत्रानुभवत्वेन परापरभावानुपपत्तिः स्मृतेरपि साक्षात्कारित्वादिति केचित्। तन्न। स्मृतेस्तथात्वानभ्युपगमात्। स्वप्नस्य तावत् स्मृतित्वासिद्धेः सिद्धौ वा तत्र साक्षात्त्वारोपोपगमात्। भावनाबलजस्य च क्वचिदालोकादिधर्मिकप्रियाद्याश्रयधर्मारोपत्वं शुक्तिरजतभ्रमवत् निमीलितनयनादेश्च स्वप्नवदेव गतिरवगन्तव्येति।

इदन्तु स्यात् परमाण्वादिबुद्धावनुव्यवस्यमानायां परमाणुप्रतीत्यंशेऽपि साक्षात्त्वमनुभूयत इत्यत्र न नः सम्प्रतिपत्तिः। अन्यथा लिङ्गबुद्धिलक्षणया प्रत्यसत्त्या वह्निरपि मानसप्रत्यक्ष एव न लैङ्गिक इति परेण सुवचत्वात्। एवं प्रत्यभिज्ञायां पूर्वदेशकालस्थितिमस्य पश्यामीति कस्यानुभवो यद्वलाऽत्तथाभ्युपेयं तस्मात्प्रतीति कलहोऽयम् ॥७०॥

निर्वचन—ज्ञान का जातिविशेष, साक्षात्व है तथा वह साक्षात्त्व-जाति ही प्रत्यक्ष का लक्षण है—इस लक्षण में कोई आचार्य्य यह दोष देते हैं कि साक्षात्त्व स्मृति में होने से अनुभूवत्व से अल्पदेश वृत्ति नहीं है तथा अनुमिति में न होने से अधिकदेशवृत्ति भी नहीं है अर्थात् स्मृति में साक्षात्त्व है और अनुभवत्व नहीं है, एवं अनुमिति में अनुभवत्व है और साक्षात्त्व नहीं है, प्रत्यक्ष ज्ञान में दोनों हैं, अतः सङ्करदोष होने से साक्षात्त्वजाति नहीं है, परन्तु यह दोष युक्त नहीं है, कारण कि स्मृति में साक्षात्त्व है इसमें कुछ प्रमाण नहीं है, जाग्रत् में अनुभूत पदार्थ ही सँस्कार के बल से स्वप्नदशा में प्रतीत होता है, अतः स्वप्न स्मृति है यह कथन युक्त नहीं हैं, कारण कि कदाचित् अननुभूतस्वशिरःच्छेद आदि भी स्वप्न में भासते हैं, अतः स्वप्न स्मृति नहीं है, यदि स्वप्न को स्मृति मानें भी तो भी स्वप्न वाह्य इन्द्रियों से अजन्य होने से प्रत्यक्ष नहीं है, किन्तु स्वप्न में प्रत्यक्षत्व का आरोप मात्र होता है कामी मनुष्य की [जो भावना के बल से कामिनी की] प्रतीति होती है वह भी प्रत्यक्षायमाण अर्थात् प्रत्यक्षरूप स्मृति नहीं हैं, किन्तु शुक्ति में रजत की प्रतीति के तुल्य आलोक में प्रिया के मुखादि का भ्रम मात्र है। निमीलितनेत्रवाले मनुष्य को जो कदाचित् कुछ वस्तु की प्रतीति हो जाती है, वह भी स्वप्न के तुल्य स्मृति ही है, अतः स्मृति में प्रत्यक्षत्व के न होने से साङ्कर्य्य नहीं है।

खण्डन—द्व्यणुकं, स्वपरिमाणात् अणुतरपरिमाणाऽरब्धम्, कार्य्यद्रव्यत्वात्, पटवत्, इस अनुमिति के वाद "जात परमाणुंमनुमिनोमि" इस अनुव्यवसाय में अनुमित्यंश में प्रत्यक्षत्व के तथा परमाण्वंश में परोक्षत्व के होने से साङ्कर्य्य है, अतः प्रत्यक्षत्व जाति नही है। यदि कहें कि परमाणु की अनुमिति, आत्मा में है और आत्मा मनः संयुक्त है, अतः ज्ञानलक्षणप्रत्यासंति होने से परमाण्वंश में भी उक्त अनुव्यवसाय प्रत्यक्षही है तो यह युक्त नहीं है, कारण कि ऐसा मानने पर वह्निसम्बद्ध धूम का ज्ञान आत्मा में समवेत है और आत्मा, मनः संयुक्त है, अतः ज्ञानलक्षणप्रत्यासत्ति ही होनेसे अनुमिति भी प्रत्यक्ष हो जायगी "किञ्च" सोऽयँदेवदत्तः इस प्रत्यभिज्ञान में तत्ता अंशमें स्मृतित्व तथा इदन्ता अंशमें प्रत्यक्षत्व होने से भी सांकर्य्य है, अतः प्रत्यक्षत्व जाति नहीं है। किस मनुष्य के इदन्ता अंशके तुल्य तत्ताविशिष्ट अंश में भी अर्थात् देवदत्त के पूर्वदेशकाल सम्बन्ध अंश में (पश्यामि) इत्याकारक अनुव्यवसाय अनुभव सिद्ध है, जिसके बल से उस अंश में भी प्रत्यभिज्ञा को प्रत्यक्ष मानें तस्मात् तत्ता अंश में प्रत्यभिज्ञा प्रत्यक्ष है—यह वाद विवाद ग्रस्त है ॥ ७० ॥

यदि च साक्षात्त्वं जातिरध्यक्षमानिका तदा प्रतीतौ कस्याञ्चिदध्यक्षानध्यक्षविवादो न स्यात्। न हि घटादिप्रत्यक्षत्वे विवदन्ते। क्वचिदस्फुटत्वाद्विवाद इति चेत्। मैवम्। निरंशे वस्तुनि कः स्फुटत्वानवभासः। यद्येकार्थसमवायिभिर्भूयोभिः सहोपलम्भः, स ज्ञानत्वादिवत्साक्षात्त्वेऽपि तर्हीति ज्ञानादित्वे न विवादः साक्षात्त्वेलितिविशेषो वाच्यः। दर्शनकृतो हि विवादो न मात्सर्य्येण वाङ्मात्रेण वा किन्तु तत्त्वाभिमानादेव।

प्रत्यक्षार्थधर्मिकायाश्चानुमायां साक्षात्त्वपरोक्षत्वसङ्करो दुर्वारः। परोक्षत्वं न जातिः, किन्तु साक्षात्त्वमेव तथा केवलन्तु साक्षात्त्वाभावः परोक्षत्वमिति चेन्न। अस्यार्थस्याऽविनिगन्तव्यत्वापत्तेः। सर्वज्ञमनुमन्यमानस्य च मते दृष्टलिङ्गादेरीश्वरस्य लिङ्ग्यादिबुद्धावपरोक्षत्वेनापि विरोधः॥ ७१॥

लिङ्गादिधीजन्यत्वमनुमितित्वादौ प्रयोजकमिति चेत्। साक्षात्त्वेऽपि तर्हीन्द्रियसन्निकर्षादिजत्वमिति साक्षादपि सा न स्यात्।

किञ्च प्रत्यक्षत्व को प्रत्यक्षरुप प्रमिति का विषय मानें तो किसी २ प्रतीति में जो विवाद होता है कि यह ज्ञान प्रत्यक्ष है वा नहीं वह न होना चाहिये अर्थात् वायुज्ञान को कोई प्रत्यक्ष और कोई अनुमिति मानते हैं, तथा अभावज्ञानको कोई प्रत्यक्ष तथा कोई अनुपलब्धि रुप प्रमाण से जन्यप्रमित्यन्तर मानते हैं—यह मतभेद न होना चाहिये, कारण कि घटादि के प्रत्यक्ष में किसीको विवाद नहीं होता है कि घटज्ञान प्रत्यक्ष है वा अनुमिति।

समर्थन—वायुज्ञान में प्रत्यक्षत्व को स्फुट अवभासके न होने से मतभेद होता है।

खण्डन—प्रत्यक्षत्व जाति निरंश (अखण्ड) है, अतः इसका स्फुट अवभास क्या वस्तु है। यदि कहें कि ज्ञानरूप एक अर्थ में समवायी जो ज्ञानत्व, अनुभवत्व, अपरोक्षत्व आदि बहुत से धर्म्म हैं उनके साथ जो अवभास वह स्फुट अवभास है तो वह स्फुट अवभास ज्ञानत्व के तुल्य प्रत्यक्षत्व में भी हैं, फिर ज्ञानत्व आदि में तो विवाद होता नहीं है और प्रत्यक्षत्व में विवाद होता है इसमें कोई विशेष कारण कहना चाहिये। यह दर्शन कारोंका विवाद है अतः ईर्ष्या अथवा वाङ्मात्र से नहीं है; किन्तु तत्वज्ञानके अभिमान से है। किञ्च जहां धर्म्मी (पक्ष) प्रत्यक्ष हैं, उस अनुमिति में पक्षांशमें प्रत्यक्षत्व तथा साध्यांश में परोक्षत्व होने से भी साङ्कर्य्य है। परोक्षत्व जाति नहीं है, किन्तु प्रत्यक्षत्व का अभावही परोक्षत्व हैं, अतः साङ्कर्य्य नहीं है, यह कथनभी युक्त नहीं, कारण कि परोक्षत्व हां जाति है और परोक्षत्व का अभाव ही प्रत्यक्षत्व है ऐसा न मानने में कुछ विनिगमक (प्रमाण) नहीं है। किञ्च जो आचार्य्य सर्वज्ञ ईश्वर को अनुमितिसिद्ध मानते हैं उनके मतमें ईश्वर का धूमज्ञानके अनन्तर जो वह्नि का ज्ञान होता है वह ईश्वरीय ज्ञान होने से प्रत्यक्ष तथा लिङ्ग ज्ञानके अनन्तर होने से परोक्ष भी हैं, अतः उस ज्ञानमें साङ्कर्य्य होने से प्रत्यक्षत्व जाति नहीं है॥ ७१॥

समर्थन—लिङ्गजत्व अनुमितित्व का प्रयोजक है और ईश्वरीय ज्ञान, नित्य होने से अनुमिति नहीं है।

खण्डन—यदि ऐसा है तो इन्द्रिय सन्निकर्षजत्व प्रत्यक्षत्व का प्रयोजक है। उसके न होने से ईश्वरीयज्ञान प्रत्यक्ष भी न कहावेगा और ईश्वरीय ज्ञान को सब आचार्य्य अपरोक्ष मानते हैं। अतः ईश्वरीय ज्ञान अपरोक्ष नहीं है ऐसी इष्टापत्ति आप नहीं कर सकते।

व्यञ्जकोपाधिनियता च जातिरिष्यते। नच तदत्र उक्तप्रकारबाधात्। नच व्यञ्जकनियमानभ्युपगत्या न तदत्रोपगम्यमिति वाच्यम्। किं मया दृष्टं तथा किं वा केनचित्कथितमिति संशयानुपपत्तेः। प्राग्भूतायां स्मर्य्यमणायां तद्बुद्धौ त्वन्मते मनसा ज्ञानरूपया प्रत्यासत्त्या प्रत्यक्षीक्रियमाणायां साक्षात्त्वाऽग्रहो विना व्यञ्जकाभावं कथं स्यात्।

अर्थधर्मश्च साक्षात्त्वमिति स्वप्रकाशवादे निरस्तम्।

तथाप्यबाधितसाक्षात्त्वबुद्धिव्यवहारबलादन्ततः पदार्थान्तरमपि साक्षात्त्वमनभ्युपगम्य न निस्तारोऽस्ति, भ्रान्तेरप्यभ्रान्तिपूर्वकत्वादिति चेन्न। तस्यापि साक्षाद्ग्रहे क्वचिदपि तद्विवादो न स्यादित्यादिदोषसाम्यात्, अनुमानादिवेद्यत्वे च लिङ्गाद्यनुपपत्तेः, क्व च व्याप्त्यादिग्रह इत्यादिदुरुत्तरपरम्परैव स्यात्। सप्तपदार्थनियमसाधनानि च न कथं परिपन्थीनि स्युरिति ॥ ७२ ॥

किञ्च व्यञ्जक जो धर्म्म उससे नियत ही जाति होती है, और प्रत्यक्षत्व का व्यञ्जक–उक्त इन्द्रियार्थ सन्निकर्षोत्पन्न ज्ञानत्व आदि के खण्डित होने से कोई है नहीं, अतः प्रत्यक्षत्व जाति नहीं है।

समर्थन—व्यञ्जक उपाधि से नियत ही जाति होती है इस नियम को हम नहीं मानते हैं।

खण्डन—इस नियम को न मानें तो "क्या मैंने देखा था वा किसीसे सुना था" ऐसा कदाचित् सन्देह होता है "वह उत्पन्न नहीं होगा, कारण कि प्राक्काल में जात बुद्धि व्यक्ति को स्मृत होने पर अथवा तुह्मारे मत में ज्ञानरूप प्रत्यासत्ति से प्रत्यक्ष होने पर प्रत्यक्षत्व जाति का अनिश्चय हो नहीं सकता है और जो व्यञ्जक मानते हैं, उनके मतमें व्यक्ति के ग्रहण होने पर भी व्यञ्जक के अनिश्चय से जाति का कदाचित् अनिश्चय हो सकता है। ज्ञान का धर्म्म साक्षात्व नहीं है; किन्तु ज्ञेय का धर्म्म है तद्विषयक होने से ज्ञान में साक्षात्व व्यवहार होता है इस बातका खण्डन स्वप्रकाश (कर्म्म लक्षण के खण्डन) के प्रस्ताव में कह चुके हैं।

समर्थन—तब भी अबाधित साक्षात्व की बुद्धि वा व्यवहार के बल से [साङ्कर्य्य होने से जाति न होने पर भी] पदार्थान्तर साक्षात्व को विना मानें निर्वाह नहीं होगा कारण कि भ्रान्ति भी प्रमापूर्वक ही होती है।

खण्डन—उस पदार्थान्तर साक्षात्व को यदि प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय मानें तो कहीं भी सन्देह न होना चाहिये—यह पूर्व उक्त दोष है। किञ्च साक्षात्व बुद्धि वा व्यवहार अनिर्वचनीय साक्षात्व से उपपन्न हैं, अतः कोई लिङ्ग वा अनुपपन्न भी नहीं है। जिससे साक्षात्व की सिद्धि हो। तथा यावत् किसी व्यक्ति में साक्षात्व का प्रत्यक्ष न हो तावत् व्याप्तिग्रह भी नहीं हो सकता। तथा साक्षात्व को पदार्थान्तर मानने में सात ही पदार्थ हैं अष्टम नहीं है यह आपका नियम भी बाधक है॥ ७२॥

निर्वचन—लिङ्ग जन्यत्व का जो अभाव तथा शब्द जन्यत्व का जो अभाव तथा सादृश्य जन्यत्व का जो अभाव इन अभावत्रय से युक्त बुद्धि प्रत्यक्ष है।

लिङ्गादिजलाभावसमुदायवती धीः साक्षादिति चेन्न। परोक्षविषयसंशयादावतिव्याप्तेः। ईदृशी प्रमा तथेति चेन्न। प्रत्यक्षभ्रमाव्याप्तेः॥

अनुमानादिव्यवच्छेद्यतत्तदसाधारणकारणाजनिता धीः साक्षादिति चेन्न। एवं हि प्रत्यक्षतत्तदपरव्यतिरिक्ता धीरनुमानादिरिति वैपरीत्यमेव कुतो न स्यादित्यविनिगम्यत्वं स्यात्। तेषु व्यवच्छेद्येष्वेकद्व्यादि परिहाय व्यवच्छेद्यहेत्वजनितत्वेनापि साक्षात्त्ववत्तत्र तत्रानुगतबुद्ध्याद्यन्तरापत्तेः। व्यवहारे सति निमित्तानुसरणं, न तु निमित्तानुसरणेन व्यवहार इति चेन्न। निमित्तस्यानत्यापत्तिद्वारस्यैव कल्प्यत्वात्। तत्तज्जनितत्वाभावो हि तेनैव रूपेणानुगतव्यवहारप्रत्ययावादध्यान्न त्वन्येनापि। तथात्वे यावत्परिदृष्टव्यक्तिविशेषान्यत्वेन व्यवहारोपपत्तौ गोत्वाद्युच्छेदप्रसङ्गः। तस्मात्—

खण्डन—परमाणु जगत् के कारण हैं, वा प्रधान इस परोक्षविषयक सन्देह में तथा प्रधान ही जगत् का कारण है, इस भ्रम में तथा-ग्राम में माता, इस स्मृति में अतिव्याप्ति हो जायगी। उक्त अभावत्रयविशिष्ट प्रमा प्रत्यक्ष है—यह नहीं कह सकते हैं, कारण कि प्रत्यक्षभ्रम में अव्याप्ति हो जायगी। प्रत्यक्षप्रमाही लक्ष्य है—यह कथन भी भ्रम प्रमा साधारण प्रत्यक्षमात्र के प्रस्तुत होने से अयुक्त है।

समर्थन—अनुमिति, उपमिति, शाब्दबोध, परोक्ष, सन्देह, भ्रम, स्मृति आदि जो व्यवच्छेद्य उन व्यवच्छेद्यों के जो असाधारण कारण उनसे अजन्य बुद्धि प्रत्यक्ष है।

खण्डन—इसी रीति से प्रत्यक्षादि तत्तत् व्यवच्छेद्य के असाधारण कारण से अजन्यज्ञान अनुमिति आदि हैं ऐसा अनुमिति आदि का भी लक्षण कर सकते हैं, अतः अन्योन्याश्रय हो जायगा।

किञ्च प्रत्यक्ष अनुमिति इन दोनों में वृत्ति प्रत्यक्षादि त्रय में वृत्ति अथवा चतुष्टय में वृत्ति भी तत् तत् व्यवच्छेद्य के असाधारण कारण से अजन्यत्वरूप एक लक्षण होने से प्रत्यक्षादि दो वा तीन में भी अनुगत बुद्धि वा व्यवहार हो जायगा।

समर्थन—प्रत्यक्ष आदि दो वा तीन में अनुगत व्यवहार नहीं ही होता है, अतः अनुगत लक्षणरूप निमित्त का कल्पन नहीं होगा, कारण कि व्यवहार के अनुसार से ही निमित्त की कल्पना होती है।

खण्डन—सत्य है, व्यवहार के अनुसार से ही लक्षणरूप निमित्त की कल्पना होती है, परन्तु निमित्त की कल्पना भी ऐसी ही होनी चाहिये, जिसमें कोई अतिप्रसङ्ग का द्वार न हो और पूर्वउक्त दोष होने से पूर्वउक्त लक्षणरूप निमित्त ऐसा नहीं है।

किञ्च यदि अनुमित्यादि तत्तत् व्यवच्छेद्य के असाधारण कारण से जन्यत्वाभाव को प्रत्यक्ष कहें तो उक्त जन्यत्वाभावरूप से ही अनुगतव्यवहार वा अनुगतप्रतीति का निमित्त उक्त लक्षण होगा, प्रत्यक्षत्व रूप से व्यवहार वा प्रतीति का निमित्त नहीं होगा। यदि उक्त जन्यत्वाभावरूप से ही प्रत्यक्ष व्यवहार वा प्रतीति की उपपत्ति मानें, तो परिदृष्ट अश्वादि व्यक्ति से अन्यत्व रूप से ही गवादि प्रतीति की भी उपपत्ति हो जायगी, फिर गोत्वादि का उच्छेद हो जायगा। तस्मात् इदं प्रत्यक्षं वा अयं गौः इत्यादि विधिमुख से जायमान प्रत्यक्ष है, अतः व्यतिरेक से अर्थात् उक्त जन्यत्वाभावरूप लक्षण से इनका

विधिजः प्रत्ययोऽन्योऽयं व्यतिरेकासमर्थनः ।
नैवं चेदपराद्धं ते किमन्यापोहवादिना ॥४१॥७३॥

शब्दानुमानोपमानजप्रमितिव्यतिरिक्तत्वे सति प्रमितित्वं प्रत्यक्षलक्षणमभिधाय यः कोपि न त्रपते स प्रष्टव्यः, किं प्रत्येकमिदं लक्षणमुत मिलितम् । नाद्यः प्रत्येकं व्यभिचारात् । द्वितीये किं मिलितानां निषेधः, उत निषेधानां मिलितत्वम् । नाद्यः प्रत्येकमेव व्यभिचारात् । न हि प्रत्येकमनुमित्यादौ मिलिततद्रूपसम्भवः । नापि द्वितीयः मिलितास्वनुमित्यादिषु निषेधमेलकसम्भवेऽपि प्रत्यक्षत्वानभ्युपगमात् ।

न वह्वाश्रयाणामुक्तनिषेधानां लक्षणत्वमपि त्वेकाश्रयाणामिति चेन्न । समुदायिभेदेऽपि समुदायस्यानुमित्यादिवदेकतोपचारवीजाविशेषाभ्युपमम इति हि वक्ष्यते । असमुदायत्वे सतीत्यपि विवक्षितमिति चेन्न । समुदायत्वविशिष्ट एवांशतः स्वात्मनि

समर्थन नहीं हो सकता है, यदि ऐसा न मानें तो अन्य अपोहवादी बौद्धों का क्या अपराध है कि इनका कथन न माना जाय ॥७३॥

लक्षणान्तर खण्डन

शब्दज, अनुमानज उपमानज, प्रमिति से भिन्न जो प्रमिति वह प्रत्यक्ष है—ऐसा लक्षण कह कर जो लज्जित नहीं होते हैं, उनसे पूछना चाहिये कि क्या प्रत्येक लक्षण है, वा मिलित, इनमें प्रत्येक अर्थात् शब्दज प्रमिति व्यतिरिक्त प्रमितित्व आदि तो लक्षण नहीं हैं, कारण कि शब्दजप्रमितिव्यतिरिक्त प्रमितित्व अनुमिति में अतिव्याप्त हैं। एवं प्रत्येक निवेश में अन्यत्र भी लक्षण को अतिव्याप्त जानना चाहिये। यदि मिलित लक्षण कहें तो शब्दज तथा अनुमानज तथा उपमानज प्रमितिसमुदाय से व्यतिरिक्त प्रमितित्व लक्षण है वा शब्दज प्रमिति का जो भेद तथा अनुमानज प्रमिति का जो भेद तथा उपमानज प्रमितिका जो भेद एतत् भेदत्रयविशिष्ट प्रमिति लक्षण है। इनमें प्रथम पक्ष में समुदाय के भेद के प्रत्येक में होने से प्रत्येक में अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि प्रत्येक अनुमिति आदि समुदायरूप नहीं है, और द्वितीय कल्प में अनुमित्यादि त्रय समुदाय में प्रत्येक अनुमिति आदि के भेदत्रय के होने से अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—शब्दादि प्रतीति के भेदत्रय से युक्त एक जो प्रतीति वह प्रत्यक्ष है, अनुमित्यादि त्रय समुदाय में एकत्व नहीं हैं, अतः अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—यद्यपि समुदाय के एकदेश अनुमित्यादि अनेक हैं, परन्तु समुदाय एक ही है, अर्थात् प्रत्येक अनुमिति आदि में गुणरूप एकत्व के न होने पर भी उपचार से जैसे एकत्व व्यवहार होता है, वैसे ही अनुमित्यादि समुदाय में भी उपचार से एकत्व व्यवहार होता है; कारण कि उपचार का वीज परोक्षत्वरूप एक धर्म्म अनुमित्यादित्रय में भी विद्यमान हैं।

समर्थन—उक्त लक्षण में समुदाय से भिन्नत्व का भी निवेश है, अतः अनुमित्यादित्रय के समुदाय में अतिव्याप्ति नहीं होगी।

वृत्तिविरोधभयेनासमुदायत्वस्यैष्टव्यत्वेन तादृशि प्रसङ्गो दुर्वारः। ७४—ज्ञानस्यैवं विवक्षितमिति चेन्न। विशिष्टस्यापि ज्ञानस्य ज्ञानत्वादेव।

एकेति च किमाश्रयव्यक्त्यभेदो विवक्षितः, उताभिन्नजातीयता, उतैकोपाधिकता, उतैकसङ्ख्यायोगिता, उत द्व्यादिसंख्यायोगिता उत द्व्यादिसङ्ख्यायोगाभावः। आद्ये तद्विशिष्टस्याव्यापकतादोषः व्यक्त्यात्मनोऽभेदस्य व्यावृत्तत्वात् धर्मिणा च लक्षणविशेषणेऽलक्ष्यधर्मत्वं धर्मस्य स्यात् स्वस्यैव स्वधर्मत्वानुपपत्तेः। आश्रयाभेदस्योपलक्षणत्वे प्रागुक्तदोषः।

द्वितीये तदेवाभिन्नजातीयत्वं लक्षणमस्तु अवश्यन्तया प्राथम्येन प्रतीयमानत्वात्। न तृतीयः परोक्षप्रमितित्वस्यानुमित्यादिषु मिलितास्वपि भावात्। नापि चतुर्थः वैशेषिकपक्षे गुणतया तदभावात् भावे वाऽनुमित्यादित्रयवृत्तीनां त्रयाणामप्यभावानामेकत्वसङ्ख्यासामानाधिकरण्यसम्भवात्, मिलितानामप्येकसमुदायापेक्षया

खण्डन—यदि कहें कि समुदायत्व विशिष्ट में समुदायत्व रहता है, तो विशिष्टवृत्तिधर्म्म को विशेषणवृत्ति अवश्य होनेसे अंशतः आत्माश्रय हो जायगा, अतः समुदायत्वविशिष्ट भी असमुदाय ही है॥ ७४॥

समर्थन— उक्त लक्षण में प्रमितित्व का भी निवेश है और समुदाय प्रमिति नहीं है।

खण्डन—समुदायत्वविशिष्ट अनुमित्यादि, प्रमिति है, अतः समुदाय भी प्रमिति ही है। किञ्च लक्षण में निविष्ट एक शब्द से लक्षणाश्रय लक्ष्यव्यक्ति का अभेद अभिप्रेत है वा एक जाति का आश्रयत्व, अथवा एक उपाधि का आश्रयत्व, वा एकत्व संख्या का योग, यद्वा द्वित्व आदि संख्या का योगाभाव अभिप्रेत है। प्रथम कल्प में धर्मी (लक्ष्य) को भी लक्षण के विशेषण होने से लक्षण लक्ष्य का धर्म्म न हो सकेगा, कारण कि जैसे स्व स्व का धर्म नहीं हो सकता, वैसेही स्व विशिष्ट भी स्व का धर्म नहीं हो सकता। यदि कहें कि लक्ष्य व्यक्ति का अभेद लक्षण में विशेषण नहीं है, किन्तु उपलक्षण है, अतः उक्त दोष नहीं, तब भी व्यक्तिरूप अभेद व्यावृत्त (अन्य व्यक्ति से पृथग्भूत) है, अतः जिस व्यक्ति को लक्षण में उपलक्षण करें, उससे अन्य व्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि व्यक्ति के अभेद को व्यावृत्त होने से व्यक्तिमात्र को उपलक्षण कर नहीं सकते। द्वितीय वा तृतीय कल्प में यदि वह जाति वा उपाधिप्रत्यक्षत्व वा अर्थजत्व ही हो तो वही जाति वा उपाधि लक्षण रहे प्रकृत लक्षण व्यर्थ है, कारण कि उक्त लक्षण में विशेषण होने से वह जाति वा उपाधि अवश्य ज्ञेय है, तथा उक्त जाति वा उपाधि को लक्षण मानने में लाघव भी है। यदि यत् किंचित् जाति वा उपाधि का ग्रहण हो तो परोक्षत्वरूप जाति वा उपाधि अनुमित्यादि त्रय में भी है, अतः अनुमित्यादिसमुदाय में अतिव्याप्ति हो जायगी। चतुर्थ कल्प में वैशेषिक के मत के अनुसार एकत्व संख्या प्रत्यक्ष में भी नहीं हैं, अतः असम्भव हो जायगा और अन्यमत के अनुसार अनुमित्यादित्रय में उक्त अभावत्रय भी है तथा समुदाय की अपेक्षा से एकत्व संख्या भी हैं, अतः अनुमित्यादि समुदाय में अतिव्याप्ति हो जायगी। पंचम कल्प में वैशेषिक के मत के अनुसार अनुमित्यादित्रय में भी द्वित्वादि संख्या के अभाव होने से अति-

तथात्वात्, । नापि पञ्चमः वैशेषिकमतानुसारेणानुमित्यादित्रयेऽपि तदभावस्य तुल्यत्वात् । अतदनुसारे प्रत्यक्षव्यक्तिष्वपि द्व्यादिसङ्ख्यायोगात् ॥७५॥

तथापि नैकस्यां प्रत्यक्षव्यक्तौ द्व्यादिपरिसमाप्तिः द्व्यादिसङ्ख्यापरिसमाप्त्यभावश्च तदभावशब्देन विवक्षित इति चेन्न । का हि परिसमाप्तिर्यैकस्यां व्यक्तौ नास्तीत्युच्यते । तत्रैव वृत्तिर्द्व्यादेः परिसमाप्तिः सैकस्यां व्यक्तौ नास्तीति चेन्न । एवमेकत्वस्यापि न क्वचित्परिसमाप्तिः स्यात् न हि तस्य तत्रैव वृत्तिरन्यस्यैकत्वाभावप्रसङ्गात् । अत एकत्वसङ्ख्यावत्यामेव व्यक्तौ द्व्यादिपरिसमाप्तिरित्यविशेष एव ।

एकव्यक्तिगतैकत्वसङ्ख्याव्यक्तिर्नान्यत्रेति चेन्न । सत्ताव्यक्तेरप्येवम्भावप्रसङ्गात् अननुगतत्वापत्तेश्च । सत्तैकैव जातिरूपा एकत्वन्तु प्रतिव्यक्ति भिन्नं गुणपदार्थ इति

व्याप्ति हो जायगी, तथा अन्य मतके अनुसार प्रत्यक्ष में भी द्व्यादि संख्या है, अतः असम्भव हो जायगा ॥ ७५ ॥

समर्थन—तब भी एक प्रत्यक्ष व्यक्ति में द्वित्व आदि सङ्ख्या की परिसमाप्ति (पर्य्याप्ति) नहीं हैं और द्व्यादि की परिसमाप्ति का अभाव लक्षण-में निविष्ट है, अतः असम्भव नहीं होगा ।

खण्डन—द्वित्वादि संख्या की परिसमाप्ति क्या है जो एक व्यक्ति में नहीं है ?

समर्थन—केवल उसीमें वृत्तित्व द्वित्व की परिसमाप्ति हैं वह द्वित्व की परिसमाप्ति एकही व्यक्ति में नहीं है, कारण कि द्वित्व दो व्यक्तियों में रहता है ।

खण्डन—यदि तत्रैववृत्तित्व को पर्य्याप्ति कहें तो एकत्व की भी कहीं पर्य्याप्ति न होगी, कारण कि एकत्व अन्यत्र भी रहता है, अन्यथा अन्यत्र एकत्व का अभाव हो जायगा । अतः वृत्तित्वमात्रके ही पर्य्याप्तित्व होने से एक प्रत्यक्ष व्यक्ति में भी द्वित्व की पर्य्याप्ति हो हैं, अभाव नहीं हैं, अतः लक्षण का असम्भव हो जायगा ।

समर्थन—एक व्यक्तिगत एकत्व व्यक्ति अन्यत्र ही रहता है, अतः तत्रैववृत्तित्वरूप पर्य्याप्ति एकत्व में हैं ।

खण्डन—सत्ताव्यक्ति भी ऐसी ही हो जायगी अर्थात् एक व्यक्तिगत सत्ता अन्यत्र न रहेगी । यदि सत्ता को भी प्रतिव्यक्ति भिन्न मानें तो "इदं सत्" "इदं सत्" यह अनुगत प्रतीति नहीं होगी । किंच यदि प्रतिव्यक्तिव्यावृत्त एकत्व को मानें तो 'इदमेकम्' 'इदमेकम्' यह अनुगत प्रतीति न होगी । किञ्च यदि एकत्व को नाना मा ँ तो सब एकत्व के लक्षण में प्रवेश तो हो नही सकता, किन्तु एकही एकत्व का निवेश कर सकते हैं; अतः जिस प्रत्यक्ष व्यक्तिगत एकत्व का निवेश करेंगे उससे अन्य व्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—सत्ता एक ही जातिरूप है तथा एकत्व प्रतिव्यक्ति भिन्नगुण पदार्थ है ।

खण्डन—निश्चय, आप वैशेषिकों के वञ्चन में आ गये हैं । अन्यथा सत्ता और एकत्व दोनों की प्रतीति वा व्यवहार में भेद न देखते हुए भी आप युक्तिविरुद्ध असम्बद्ध एकत्व को गुण तथा सत्ता को जाति क्यों कहते ।

समर्थन—यदि एकत्व जाति है, तो द्रव्यत्व के तुल्य, एकत्व का भी सत्ता के साथ पर अपरभाव होना चाहिए । वह हो नहीं सकता; कारण की सत्ता में सत्ता नहीं रहती है और एकत्व रहता है तथा एकत्व में सत्ता है, और एकत्व नहीं है; अतः सांकर्य्य होने से एकत्व जाति नहीं है ?

चेत् । नूनं वैशेषिकैर्विप्रलब्धोऽसि, कथमन्यथा सदेकप्रत्यययोरनुभवव्यवहारविशेषमपश्यन्नपि कानिचित्कानिचिदसम्बद्धान्यक्षराणि प्रलपसि । सत्त्वैकत्वयोः परापरत्वानुपपत्तेरेवं स्यादिति चेन्न । साम्यात् । जातिपरापरत्वध्रौव्यमेव च क्वाप्येकन्यूनवृत्तित्वे प्रमाणं स्यात् । क्व तथेति चेन्न । शैलेऽनलस्यानुमायां क्व हस्तवितस्त्यादौ तदंश इत्यनिश्चयवददोषत्वात् ॥७६॥

नन्वस्तु मा वासीदेकत्वमनुगतं किमनेनात्र निरूपितेन, द्वित्वादि यत्र न समाप्यते अभिहिताभावत्रयं चास्ति तत्प्रत्यक्षमिति । मैवम् । अनुमित्यादित्रयेऽपि न त्रित्वं परिसमाप्तम् । एवं सत्यन्यानि त्रीणि न स्युः । अन्या सा त्रित्वव्यक्तिर्याऽन्यत्रेति चेन्न । त्रित्वव्यक्तेः कस्याश्चिदनुमित्यादित्रये समाप्त्यभावात् ।

काचिदपि त्रित्वव्यक्तिर्यत्र न समाप्यत इति चेन्न । अव्यापकत्वात् । प्रत्यक्षत्वस्य च त्रित्वव्यक्तेश्चावश्यं सामानाधिकरण्यस्य वैशेषिकमतव्युत्थितेन भवताऽभ्युपगम्यत्वात् । अन्यथा प्रत्यक्षव्यक्तयस्तिस्रो न स्युस्, तदेव हि त्रिरभिधीयते यत्र त्रित्वं परिसमाप्यते ॥७७॥

खण्डन—यदि सांकर्य्य का परिहारमात्र ही कर्त्तव्य है, तो सत्ता को गुण और एकत्व को जाति मान कर कीजिये, क्या हानि है। किंच सत्ता एकत्व इन दोनों में एक पर तथा एक अपर है, एक व्यक्ति में वृत्ति, जातिद्वय होने से, जैसे द्रव्यत्व—यह अनुमिति ही एक के न्यूनवृत्तित्व में प्रमाण है। सत्ता अपर जाति है वा एकत्व इस विशेष का अनिश्चय अनुमिति में दोष नहीं है, कारण कि अनुमिति से सर्वत्र सामान्यरूप से ही निश्चय होता है, विशेषरूप निश्चय कहीं नहीं होता है। पर्वत में धूम से वह्नि की अनुमिति में भी हस्तपरिमित वा वितस्तिपरिमित वह्नि है ऐसा विशेष निश्चय कहाँ होता है ॥७६॥

समर्थन—एकत्व अनुगत हो वा न हो यहाँ इस निरूपण का क्या प्रयोजन है, द्वित्व आदि की परिसमाप्ति जहाँ न हो और उक्त अभावत्रय हो वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—अनुमिति आदि त्रय में भी त्रित्व की परिसमाप्ति नहीं है, कारण कि अन्यत्र भी त्रित्व है, यदि अनुमित्यादि त्रय में ही त्रित्व की परिसमाप्ति मानें तो अन्यत्र त्रित्व न रहेगा।

समर्थन—अन्यत्र जो त्रित्व व्यक्ति है, वह अन्य ही है, अर्थात् अनुमिति आदि में जो त्रित्व है उसकी परिसमाप्ति उसीमें है वह अन्यत्र नहीं है।

खण्डन—यत् किञ्चित् त्रित्व व्यक्ति की परिसमाप्ति का अभाव अनुमित्यादि त्रय में भी है?

समर्थन—किसी भी त्रित्वव्यक्ति की परिसमाप्ति जहाँ न हो वह प्रत्यक्ष है।

खण्डन—आप वैशेषिक (कणादमुनि के अनुयायी) नहीं हैं। अतः प्रत्यक्ष में त्रित्व संख्या को अवश्य मानेंगे, यदि न मानें तो "प्रत्यक्षव्यक्तयस्तिस्रः" ऐसा व्यवहार आप के मत में कैसे होगा, कारण कि वे ही तीन हैं, जिनमें त्रित्व संख्या हो, अतः प्रत्यक्ष में भी सब त्रित्व का अभाव नहीं है ॥ ७७ ॥

किञ्च तथापि स एवातिव्यापकतादोषः, त्रित्वेनावच्छिन्नास्वनुमित्यादिव्यक्तिषु त्वदभिहितमभावत्रयमस्तीति तत्र प्रत्यक्षलक्षणं गतमित्यतिव्याप्तिरुक्ता तद्व्यावर्त्तनाय भवताऽभिधीयते काचिदपि त्रित्वव्यक्तिर्यत्र न समाप्यत इति। न चैवमुक्ते साऽतिव्याप्तिर्निवर्तते तत्राप्युक्तविशेषणस्य विद्यमानत्वात्। न हि त्रित्वावच्छिन्ने तस्मिन् त्रित्वव्यक्तिः काचिदपि समाप्यते, त्रित्वलक्षणैकोपाध्यवच्छिन्ने तस्मिन् त्रित्वव्यक्त्यन्तरं भवदप्याश्रयान्तरमादाय वर्त्तते न तु यत्रैव परिसमाप्यते। यत्र चोक्तमुपाधिभूतं त्रित्वं तेषु यदि त्रित्वसमाप्तिर्धर्मिषु दृश्येत तदा तद्दर्शनेन तत्र धर्मिमात्रे लक्षणव्यावृत्तिः सिद्ध्येत्। न तु त्रित्वविशिष्टे धर्मिणि तस्मादतिव्यापकत्वं तदवस्थमेव। अभावत्रयञ्च त्रित्वोपाध्यवच्छेदेन समुदिततामुपगतवति विशिष्टे धर्मिणि वर्त्तते नत्वविशिष्टे प्रत्येकमभावत्रयावस्थानस्य तेषु वक्तुमशक्यत्वात्।

अथ मन्यसे तादृशस्य विशिष्टस्य प्रमितित्वेनैव व्यवच्छेदः नह्यभावत्रयवत् त्रित्वं विशेषणमाश्रयकोटावन्तर्भाव्य तासु धर्मिव्यक्तिषु प्रमितित्वं वर्त्तते, किन्तु तेषां धर्मिणां स्वरूपमात्रे उक्ताभावत्रयं प्रमितित्वञ्चेत्येतद्यत्रास्ति तत्प्रत्यक्षमिति हि ब्रूम इति। न।

किञ्च ऐसा निवेश करने पर भी वही अतिव्याप्तिदोष है। देखिये-त्रित्व से युक्त अनुमिति आदि व्यक्ति में उक्त अभाव त्रय है, अतः वहाँ प्रत्यक्षलक्षण के होने से अतिव्याप्ति हुई। उसकी व्यावृत्ति के लिये आप निवेश करते हैं कि कोई भी त्रित्वव्यक्ति जहां परिसमाप्त न हो वह प्रत्यक्ष है। ऐसा निवेश करने पर भी उक्त अतिव्याप्ति का वारण नहीं होता है, कारण कि त्रित्वविशिष्ट उक्त विशेषण विद्यमान है। अनुमिति आदि में भी किसी भी त्रित्वव्यक्ति के न होने से त्रित्वलक्षण एक उपाधि से अवच्छिन्न (युक्त) अनुमित्यादि त्रय में अंशतः आत्माश्रय होने के भय से वह त्रित्व तो है नहीं, अन्य त्रित्व है, परन्तु वह भी घट पटादि अन्य-आश्रय का आदानकर है। केवल उसमें नहीं है, जहाँ उपाधिभूत त्रित्व है, कारण त्रित्वविशिष्ट समुदाय एक है। केवल उन धर्मियों में त्रित्व देखा जाता है, अतः धर्मीमात्र में लक्षण की व्यावृत्ति नहीं हो सकती है। त्रित्वविशिष्टधर्म्मी में व्यावृत्ति नहीं हो सकती है, तस्मात् त्रित्वविशिष्ट में अतिव्याप्ति तदवस्थ ही है। शब्दादि प्रमिति का अभावत्रय त्रित्वरूप उपाधिविशिष्ट धर्मी में है, केवल धर्मी में नहीं है। एक एक में दो अभावों के होने पर भी तीन अभाव नहीं है, कारण कि शब्दप्रमिति में शब्दप्रमितित्व का अभाव नहीं होता है।

समर्थन—अनुमिति आदि समुदाय में अतिव्याप्ति का व्यवच्छेद (वारण) प्रमितित्व के निवेश से ही होगा, कारण कि जैसे उक्त अभावत्रय, त्रित्व विशिष्ट धर्म्मी में हैं, वैसे प्रमितित्व, त्रित्वविशिष्टधर्म्मी में नहीं है, किन्तु धर्म्मीमात्र में है और उक्त अभावत्रय तथा प्रमितित्व दोनों जहां एक में रहें, वह प्रत्यक्ष है ऐसा हम कहते हैं।

खण्डन—आप भी किसी भिन्नधर्म से युक्त ही धर्मी में प्रमितित्व तथा उक्त अभावत्रय को मानेंगे, देखिये-यदि प्रमितित्व के काचित्कत्व में नियामक न कहा जाय तो वस्तुमात्र ही प्रमिति हो जायगी, वा कुछ भी प्रमिति नहीं होगा। नियम में यदि अन्य की अपेक्षा न हो तो सर्वत्र सत्ता वा असत्ता हो जायगी, कारण कि भावों का काचित्कत्व नियामक से

भवताऽपि भिन्नभिन्नधर्मावच्छिन्नस्यैव धर्मिणः प्रमितित्वमभावत्रयवत्त्वञ्चावश्यमभ्युपगन्तव्यम् । तथा हि—यदि प्रमितित्वस्य काचित्कत्वे नियामकं नोच्यते तदा सर्वा प्रमितिः स्यात् न वा काचिदपि ।

सर्व्वत्र सत्ताऽसत्ता वा नियमेऽन्यानपेक्षया ।
नियामकाद्धि भावानां काचित्कत्वस्य सम्भवः ॥४२॥

तन्नियामकमाश्रये विशेषणीभूतं वा वक्तव्यं, उपलक्षणीभूतं वा । आद्ये यदेव प्रमितित्वस्याश्रयविशेषणं तदेव यद्यभावत्रयस्यापि तस्य तदा त्रित्वावच्छिन्नेऽनुमित्यादावभावत्रयस्य दर्शितत्वात्तत्र च प्रमितित्वेनापि त्रित्वावच्छिन्ने भवितव्यमिति प्रमितित्वान्न तद्व्यवच्छेदः । अथान्यावच्छिन्ने प्रमितित्वमन्यधर्मावच्छिन्ने चाभावत्रयसम्बन्धः, तदा नास्ति त्वत्पक्षेऽपि प्रमितित्वस्यैकधर्मविशिष्टाश्रयत्वलक्षणमेकाश्रयत्वं विशिष्टेऽपि धर्मिण्याश्रितो धर्म्याश्रित एवेति कृत्वा च प्रमितित्वस्याभावत्रयसमानाश्रयत्वेऽनुमित्यादित्रयेऽपि प्रसङ्गस्तदवस्थः ।

नापि द्वितीयः उपलक्षणीभूतेन केनचिद्धर्मेण योऽसावुपलक्षितो धर्मी स एव खलु त्रित्वविशिष्टोपि विशेषणवतोपि यावद्विशेष्यवस्तुनो विशेष्यवस्त्वात्मकत्वात् । यथा दण्ड्यपि पुरुषः पुरुष एव, एवञ्च सत्युपलक्षितादनन्यभूते त्रित्वविशिष्टेऽप्यनुमित्यादौ प्रमितित्वमाश्रितं नियामकेनोपलक्षणेनोपलक्ष्याभेदव्यवस्थिततया तस्याप्यवच्छिन्नत्वात् । तथाचातिव्याप्तिर्व्वज्रलेपायिता ॥७८॥

होता है, उस नियामक को आश्रय में विशेषण मानें वा उपलक्षण। प्रथम पक्ष में जो प्रमितित्व का नियामक आश्रय में विशेषण है, यदि वही—अभावत्रय का नियामक भी आश्रय में विशेषण है तो त्रित्वविशिष्ट अनुमित्यादि त्रय में उक्त अभावत्रय को दिखा आये हैं और प्रमितित्व-भी त्रित्वविशिष्ट अनुमित्यादि में है, कारण कि दोनों के नियामक एक ही हैं, अतः प्रमितित्व रूप विशेषण से अनुमित्यादि समुदाय में अतिव्याप्ति का वारण नहीं हो सकता है। यदि अन्यधर्म्म से अवच्छिन्न (नियमित) आश्रय में प्रमितित्व तथा अन्यधर्म से अवच्छिन्न आश्रय में अभावत्रय मानें तो तुह्मारे पक्ष में भी प्रमितित्व तथा अभावत्रय एक धर्म विशिष्ट प्रत्यक्ष में नहीं हैं, अतः असम्भव हो जायगा। यदि कहे कि यद्यपि अवच्छेदक भेद है, तथापि प्रत्यक्षरूप धर्म्मी में प्रमितित्व और अभावत्रय दोनों हैं, अतः असम्भव नहीं है, तो अनुमिति आदि त्रय में भी त्रित्वविशिष्ट में अभावत्रय तथा प्रत्येक में अर्थात् प्रत्यक्षत्व विशिष्ट में प्रमितित्व भी हैं, अतः अतिव्याप्ति वैसी ही है। नियामक आश्रय में उपलक्षण है यह द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि उपलक्षणीभूत जो धर्म्म उससे उपलक्षित जो धर्म्मी है, वह धर्म्मी ही त्रित्वरूप विशेषण से विशिष्ट भी है; कारण कि विशेषणवान् विशेष्य भी विशेष्यरूप ही है, जैसे दण्डी पुरुष भी पुरुष ही है। ऐसा होने पर उपलक्षित में प्रमितित्व के होने से उपलक्षित से अनन्यभूत त्रित्वविशिष्ट अनुमिति आदि त्रय में भी प्रमितित्व है; कारण कि उपलक्ष्य के अभेदरूप से व्यवस्थित होने से त्रित्वविशिष्ट भी नियामक उपलक्षण से अवच्छिन्न है। अतः प्रत्यक्षलक्षण की अनुमित्यादि त्रय में अव्याप्ति-वज्रलेप तुल्य हो गई ॥ ७८ ॥

तथाप्युपलक्षकेण त्रित्वविशिष्टतया नोपलक्षितोऽसौ धर्मी, किन्तु स्वरूपेणेति चेन्न। उक्तमत्र। यदेव तदुपलक्षितं तदेव विशिष्टमपि। तथापि विशिष्टेन रूपेण तावन्नोपलक्षितमिति चेत् मोपलक्षि। अविशिष्टेनापि तन्नोपलक्षितमेव अन्यथा प्रकृतेपि वैयधिकरण्यापत्तेः।

तदास्तामुल्लसत्पल्लवदलनविलसितेनेति। तदेवं लक्षणान्तरेऽपि प्रतिपादितोऽयं दूषणसमूहः स्वयमूहनीयः।

एतदेव परामृश्य भट्टैरिदमुदाहृतम्।
लक्षणस्याऽभिधानन्तु केनांशेनोपयुज्यते ॥४३॥

अन्याभिप्रायोक्तमपि हि तत्सामान्यतोऽप्युपपद्यमानमेवेति ॥७९॥

समर्थन—यद्यपि उपलक्षित से अनन्यभूत त्रित्व विशिष्ट है; तथापि उपलक्षक से त्रित्वविशिष्ट रूप से उपलक्षित नहीं होता है, किन्तु केवल धर्म्मीमात्र उपलक्षित होता है।

खण्डन—जो उपलक्षित है वही त्रित्वविशिष्ट भी है। यदि कहें कि त्रित्व विशिष्ट-रूप से उपलक्षित नहीं है तो न सही। अविशिष्टरूप से भी तो उपलक्षित नहीं है, अन्यथा यदि अविशिष्टत्व रूप से उपलक्षित में प्रमितित्व को मानें तो अविशिष्टत्व से उपलक्षित में प्रमितित्व के तथा प्रत्यक्षत्वादि विशिष्टरूप से उक्त अभावत्रय के होने से प्रत्यक्ष में भी भिन्न अवच्छेद से प्रमितित्व और अभाव त्रय है, अतः प्रत्यक्ष में असंभव होजायगा। तस्मात् शङ्कारूपपल्लव जिसमें उल्लसित हैं ऐसे वचन का आडम्बर व्यर्थ है, इसी प्रकार अन्य लक्षणों में भी इन दूषणसमूहों की स्वयं ऊहा करनी चाहिये।

इसी बात को विचार कर भट्ट जी ने कहा है कि लक्षण का अभिधान किसी अंश में उपयोगी नहीं है। यद्यपि भट्टजी ने धर्म्म में नोदना (विधि) ही प्रमाण है वा नोदना प्रमाण ही है, धर्म्म में प्रत्यक्षादि लक्षण अनुपयोगी हैं—इस प्रस्ताव में कहा है, तथापि लक्षण सामान्य में भी भट्टजी का कथन उपयोगी हो सकता है क्योंकि लक्षणमात्र उक्त प्रकार से खण्डित हैं ॥ ७९ ॥

इति प्रत्यक्षलक्षण खण्डनानुवाद।

अनुमानलक्षण खण्डनारम्भः

अनुमानमपि किमुच्यते। करणपक्षे लिङ्गपरामर्शोऽनुमानमिति चेत् किं लिङ्गत्वम्। व्याप्तस्य पक्षधर्मत्वमिति चेत्, न। संशयस्योपलक्षणत्वे तत्र दृष्टापि व्यापकं तत्परामर्शोऽतिप्रसङ्गात्। अतएव न तस्य वर्त्तमानस्यातत्कालेऽप्युपलक्षणत्वात्। विशेषणत्वे चानुमाय व्यापकं धर्मिनाशवदप्रवृत्त्यापत्तेः। पक्षधर्माद्धेतोः पक्षांशे विशेष्ये साध्यसिद्धिरीदृशश्च वैयधिकरण्यमिष्टमेवेत्यतो नैवमिति चेन्न। पक्षमादाय वैयधिकरण्ये नियतसामानाधिकरण्यलक्षणव्याप्तिलोपापत्तेः। तथापि विशेष्यमादाय साऽस्त्येवेति चेन्न। साध्यविशेषसिद्धिरपि यत्र व्याप्तिबलायातं सामान्यं तत्र सामान्यप्रतीत्यपर्य्यवसानबलादेवेति सामान्यविशेषसिद्धावनुपयोगिनी पक्षधर्मता त्वदिष्टा केवलं सिद्धसाधनपरिहारायानुमितिकारणत्वेनैष्टव्या सिद्धसाधनञ्च न स्वार्थानुमाने दोष इति नानुमितिमात्रहेतुनिवेशिनी सेति। मोक्षमार्गैर्हि—

अनुमानलक्षण खण्डन

खण्डनकर्ता—अनुमान भी क्या वस्तु है अर्थात् लक्षण न होने से अनुमान भी अनिर्वचनीय ही है। "अनुमीयतेऽनेनेत्यनुमानम्"—इस करणव्युत्पत्तिपक्ष में लिङ्ग के परामर्श (ज्ञान) को अनुमान कहते हैं।

खण्डन—इस लक्षण के घटक लिङ्ग की निरुक्ति होनी चाहिये, अतः पहिले यह कहिये कि लिङ्ग क्या वस्तु है ?

निर्वचन—पक्षवृत्ति धूमादि व्याप्तिविशिष्ट लिङ्ग है।

खण्डन—जिस धर्मी में साध्य का सन्देह हो वह पक्ष है—यहां सन्देह पक्ष में उपलक्षण है वा विशेषण। यदि उपलक्षण मानें तो जहाँ पर्वत में वह्नि के प्रत्यक्ष होने पर भी धूम का परामर्श होता है, वहां पर धूमपरामर्श अनुमान तथा धूम लिङ्ग कहा जावेगा। वर्त्तमान जो सन्देह उससे उपलक्षित धर्मी में वृत्ति व्याप्तिविशिष्ट धूमादि लिङ्ग है और प्रकृतस्थल में वर्त्तमान सन्देह नहीं है, अतः अतिप्रसङ्ग नहीं, यह कथन भी युक्त नहीं है, कारण कि भूत, भविष्यत् भी [गुरुटीका कुरु-क्षेत्र इत्यादि स्थल में] गुरु, कुरु उपलक्षण देखे जाते हैं। भावार्थ यह है कि वर्त्तमान, विशेषण ही होता है उपलक्षण नहीं, अतः यदि सन्देह में वर्त्तमान विशेषण हो तो सन्देह धर्मी का विशेषण हुआ उपलक्षण न रहा और यदि सन्देह को धर्मी का विशेषण मानें तो वह्नि के अनुमान होने पर वह्नि के अर्थ प्रवृत्ति न होनी चाहिये, कारण कि धर्मी के नाश होने पर धर्म के अर्थ प्रवृत्ति नहीं होती हैं और यहां वह्नि की अनुमिति होने पर सन्देह के नाश होने से सन्देहविशिष्ट धर्मी का भी नाश ही है।

निर्वचन—सन्देहविशिष्ट पर्वत में विद्यमान धूम से केवल पर्वत में वह्नि की अनुमिति होती है और साध्यसिद्धि से सन्देह के नाश होने पर भी पर्वत विद्यमान है, अतः धर्मी के नाश के तुल्य अप्रवृत्ति नहीं होती है।

"आगमेनानुमानेन ध्यानात्प्रत्यक्षणेन च।
तेधाऽऽत्मनि प्रमाणानां संप्लवः स्वार्थमिष्यत इति ॥४४॥

एतेन संशययोग्यताऽपि निरस्ता ॥८०॥

व्याप्यत्वमिति चेत्। किं वस्तुगत्या व्याप्यस्य स्वरूपेण परामर्शोऽनुमानं व्याप्यतया वा। नाद्यः अगृहीतव्याप्तिनाऽपि धूमादिपरामर्शस्यानुमानताप्रसङ्गात्। नापि द्वितीयः व्याप्त्युल्लेखिनः प्रमाणस्यानुमानत्वप्रसङ्गात्। तस्यापि व्याप्यत्वग्राहिताया अवश्यवक्तव्यत्वात्। अतएव द्वितीयतृतीयविशेषणे अपि निरस्ते। धारावाहिनि तथात्वापत्तेः। गृहीतव्याप्तिनाऽपि युगपदुभयग्रहणे द्वावेतौ व्याप्यव्यापकाविति

खण्डन—यदि सन्देहविशिष्टपर्वत में धूम है तथा केवल पर्वत में वह्नि है, तो नियत सामानाधिकरण्यरूप साध्य की व्याप्ति साधन में न रही।

निर्वचन—सन्देहविशिष्टपर्वत में यदि धूम है, तो केवल पर्वत में भी है कारण कि विशिष्ट में वृत्तिधर्म विशेष्य में भी रहता है, अतः पर्वत में साध्य तथा साधन दोनों हैं, अतः व्याप्ति का विलोप नहीं।

खण्डन—पर्वत में व्याप्तिविशिष्ट धूम के ज्ञान से ही सामान्य से वह्नि का पर्वत में ज्ञान होगा और विशेषज्ञान के विना सामान्य के अपर्य्यवसान से विशेषवह्नि का भी पर्वत में ज्ञान होगा, अतः पक्षधर्मत्व के निवेश का सामान्य वा विशेषरूप से साध्य की सिद्धि में उपयोग तो है नहीं, केवल सिद्धसाधनरूप दोष की निवृत्ति ही में उपयोग है और सिद्धसाधनस्वार्थानुमान में दोष नहीं है, कारण कि मुमुक्षुओं के आगम (श्रवण) अनुमान (मनन) ध्यान (निदिध्यासन रूप प्रत्यक्ष) के आत्मा में होने से प्रमाणत्रय के एक में सङ्कर तथा शब्दसिद्ध आत्मा में अनुमिति देखने में आती है, अतः अनुमिति मात्र के हेतु में पक्षधर्मता का निवेश नहीं हो सकता है।

निर्वचन—सन्देहयोग्य साध्य से विशिष्ट पर्वतादि पक्ष है तथा उक्त पक्ष में वृत्ति व्याप्तिविशिष्ट धूमादि लिङ्ग हैं।

खण्डन—व्यापक वह्नि आदि के प्रत्यक्ष होने पर भी हेतु धूमादि का ज्ञान परामर्श हो जायगा, कारण कि साध्य का निश्चय होने पर भी साध्य के सन्देह की योग्यता है ही। अन्यथा उक्त पक्ष में कालान्तर में भी अनुमिति न होगी॥ ८०॥

निर्वचन—व्याप्तिविशिष्ट लिङ्ग है और तत्परामर्श अनुमान है ईयत् मात्र ही रहे, पक्ष धर्मत्व का लिङ्गलक्षण में निवेश न रहे हानि क्या है। (१)

खण्डन—क्या वस्तुतः जो हेतु व्याप्तिविशिष्ट है उस हेतु का स्वरूप से परामर्श अनुमान है अथवा व्याप्तिविशिष्टत्व रूप से हेतु का परामर्श अनुमान है। प्रथम पक्ष में जिस पुरुष को व्याप्तिग्रह नहीं हुआ हो उसका "पर्वतो धूमवान्" यह ज्ञान अनुमान हो जायगा। द्वितीय पक्ष में व्याप्ति को विषय करनेवाला "धूमाग्नी व्याप्तौ" यह ज्ञान अनुमान हो जायगा, कारण कि व्याप्ति के उल्लेखवाला उक्त ज्ञान का व्याप्यत्व भी विषय होता ही है

---

१ परार्थानुमान स्थल में सिद्धसाधन को दोष होने से वहां अतिव्याप्ति के वारणार्थ पक्ष वृत्तित्व का निवेश आवश्यक है तथापि आपात से यह ग्रन्थ है

परामर्शस्यानुमानत्वप्रसङ्गात् । न च तदनुमानमेव, असन्दिग्धतया पक्षत्वाभावेन तद्धर्मस्य हेतोः सिद्धसाधनवदपक्षधर्मत्वात् ॥८१॥

स्वार्थानुमाने नाऽयं दोष इति चेन्न । प्रत्यक्षलक्षणोपपत्त्या साक्षात्वासाक्षात्वविरोधापत्तेः । अव्यापकविषयत्वे सतीति चेन्न । व्याप्यविषयत्वाभावप्रसङ्गात् । व्याप्यत्वं हि सप्रतियोगिकग्रहणं तथा चैतस्य व्याप्यमिदमिति गृह्यते तथा च सति व्यापकस्यापि विशेषणस्य ग्रहणमवश्यं वक्तव्यमन्यथा विशिष्टग्रहणस्य वक्तुमशक्यत्वात् । विशेषतो व्यापकाविषयत्वे सतीति चेन्न । अग्निधूमौ व्याप्तावित्याप्तोपदेशात्पूर्व्वं भूयोगृहीतवह्निधूमसाहचर्यस्य वन्हिधूमाग्रहणकाले विमर्शवशाद्व वा जायमानव्याप्तिग्रहणस्य व्याप्यपरामर्शोऽनुमानं स्यात् । न परामर्शः प्रत्ययमात्रं येन प्रथमग्रहणे प्रसङ्गः स्यात् किन्नाम प्रत्यभिज्ञानमिति चेन्न । विचारादाप्तोपदेशाद्वा प्रतीत्य व्याप्तिं पुनराप्तोपदेशाद्विचाराद्वा यैव मया व्याप्तिर्गृहीता सैवेयमिति प्रत्यभिजानानस्य व्याप्तिज्ञानमनुमानं

द्वितीय लिङ्गपरामर्श "यत्र २ धूमस्तत्र २ वह्निः" अथवा तृतीय लिङ्गपरमार्श (धूमवांश्चायम्) अनुमान है—यह कथन भी उक्त दोष से ही युक्त नहीं है, किञ्च धाराबाही ज्ञान के द्वितीय वा तृतीय "पर्वतो धूमवान्" यह ज्ञान अनुमान हो जायगा। किञ्च जहाँ व्याप्ति के प्रत्यक्ष के बाद "धूमवह्नी व्याप्यव्यापकौ" यह मानस ज्ञान हुआ, वहाँ वह ज्ञान अनुमान हो जायगा और वह ज्ञान अनुमान ही है ऐसी इष्टापत्ति नहीं कर सकते, कारण कि यहाँ साध्य के सन्देह न होने से पर्वत पक्ष नहीं है, अतः उस पर्वत में विद्यमान हेतु, सिद्धसाधनस्थल के तुल्य पक्षधर्म नहीं है ॥ ८१ ॥

समर्थन—स्वार्थ अनुमान में अपक्षधर्म्मत्व दोष नहीं है, अतः व्याप्तिप्रत्यक्ष के अनन्तर जात "धूमवह्नी व्याप्यव्यापकौ" यह धूमपरामर्श, अनुमान ही है।

खण्डन—यदि उक्त परामर्श को अनुमान मान लें, तो इसके अनन्तर जात "पर्वतो बह्निमान्" यह ज्ञान अनुमान से जन्य होने से अनुमिति तथा चक्षु के अन्वय होने से प्रत्यक्ष है, अतः अनुमितित्व प्रत्यक्षत्व से सङ्करदोष हो जायगा।

निर्वचन—व्यापकाऽविषयक जो व्याप्यपरामर्श वह अनुमान है।

खण्डन—जो ज्ञान व्यापक को विषय नहीं करता हो वह व्याप्यविषयक हो नहीं सकता, कारण कि व्याप्य, व्यापक से निरूपित होता है अर्थात् "इसका यह व्याप्य है" ऐसा ही व्याप्य का ज्ञान होता है, अतः व्याप्ति में विशेषणरूप से व्यापक अवश्य भासता है। अन्यथा विशेषण के भान के बिना विशिष्ट का भान हो नहीं सकता है॥

निर्वचन—जिस ज्ञान का विशेषरूप से व्यापक विषय न हो ऐसा जो व्याप्यपरामर्श वह अनुमान है ?

खण्डन—"धूमाग्नी व्याप्यव्यापकौ" इस आप्त के उपदेश से अथवा पूर्वकाल में जिस पुरुष को बार २ वह्नि-धूम का साहचर्य्य ज्ञान हुआ हो उस पुरुष के वह्निधूम के अप्रत्यक्ष काल में विचार (तर्क) से जात व्याप्य परामर्श अनुमान हो जायगा, कारण कि शाब्द वा मानस होने से उक्त ज्ञान में व्यापक विशेष रूप से नहीं भासता है।

समर्थन—ज्ञानमात्र को परामर्श नहीं कहते हैं; किन्तु प्रत्यभिज्ञा को कहते हैं और उक्त शाब्द वा मानसज्ञान प्रत्यभिज्ञारूप नहीं है, अतः उक्त ज्ञान अनुमान नहीं होगा।

स्यात् । विशेषतो व्याप्यविषयत्वे सतीति चेन्न । अव्यापकत्वप्रसङ्गात् । एकव्यक्तिविषयत्वस्य व्यक्त्यन्तरेऽसम्भवात्सामान्यतो व्यक्तिविषयत्त्वस्य चातिप्रसञ्जकत्वात् ॥८२॥

किञ्च धूमवत्त्वादेर्यदाकदाचिदग्निमत्वं वा प्रतीयते तदानीं वाऽग्निमत्त्वं पर्व्वतादेः। नाद्यः तदानीमिवान्यदाऽप्यग्न्यर्थिप्रवृत्तेस्तत्र प्रसङ्गात् । न द्वितीयः तदानीमग्निमत्तया व्याप्तत्वानवगमात् । तदेति धूमकालोऽपेक्षित इति चेन्न । क्वचिद्देशेऽन्यदाऽपि धूमस्यावस्थानमस्तीति कालान्तरस्यापि धूमकालत्वात् । तद्धूमकालोऽपेक्षित इति चेन्न । तच्छब्दस्य व्यक्तिविशेषवचनत्वेऽप्रतीतव्याप्तिकत्वं यत्किञ्चिद्व्यक्तिवचनत्वे चोक्तदोषापत्तिः । हेतोः पक्षधर्मतयाप्यपर्व्वतादिधर्मः साध्यो माभूत्तदस्तु कालान्तरे किं न

खण्डन—विचार वा आप्तोपदेश से व्याप्तिज्ञान होने पर जायमान—विचार वा आप्तादेश से जो व्याप्ति गृहीत हुई थी, वही यह व्याप्ति है—इस व्याप्ति प्रत्यभिज्ञा में अनुमानत्व हो जायगा ।

निर्वचन—जिसका विशेष रुप से व्यापक तो विषय हो नहीं, ऐसा विशेषरूप से व्याप्यविषयक परामर्श अनुमान है ?

खण्डन—विशेष से व्याप्तिविषयक हो इस वाक्य का पर्वतादिनिष्ठ तत्तद्धूमादि विषयक हो यह अर्थ है, वा सामान्य से व्यक्तित्वाधिकरण-विषयक हो वह अर्थ विवक्षित है। प्रथम पक्ष में अरण्यादिगत धूमपरामर्श में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि लक्षण में पर्वतगतधूम व्याप्ति का विशेष होने से अरण्यगतधूम में उक्त लक्षण का असम्भव है। द्वितीय पक्ष में सामान्य से व्यक्तित्वाधिकरण प्रत्यभिज्ञान का भी विषय है, अतः पूर्व उक्त प्रत्यभिज्ञा में अतिव्याप्ति हो जायगी ॥८२॥

किञ्च—धूम से पर्वत में जिस किसी काल से सम्बद्ध वह्नि की प्रतीति होती है अथवा उसी काल से सम्बद्ध वह्नि की प्रतीति होती है—इन दोनों में प्रथम पक्ष युक्त नहीं, कारण कि जैसे उस काल में अग्नि के अर्थ मनुष्यों की प्रवृत्ति होती है वैसे ही अन्यकाल में भी प्रवृत्ति हो जायगी। और द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं, कारण कि तात्कालिकत्वरूप से अग्नि की धूम में व्याप्ति नहीं है, किन्तु अग्नित्वरूप से ही अग्नि की धूम में व्याप्ति है।

निर्वचन—"यदा २ धूमस्तदा २ वह्निः "ईदृशव्याप्तिग्रह में काल भासता है, अतः धूमकालिक अग्नि की अनुमिति होती है।

खण्डन—किसी देश में दूसरे काल में भी धूम रहता है, अतः अन्यकाल को भी धूमकाल होने से अन्यकाल में भी अग्न्यर्थी की प्रवृत्ति होनी चाहिये।

निर्वचन—तद्शब्द परामर्शविषय धूमपरक है, अतः अन्यकाल में अग्न्यर्थी को प्रवृत्ति नहीं होती है।

खण्डन—यदि तद्शब्द को परामर्शविषय तत्तद्धूमव्यक्तिपरक मानें, तो तत्तद्धूमव्यक्तिविशेष में विशेषरूप से व्याप्तिग्रह है नहीं, फिर अनुमिति में उस काल का स्फुरण कैसे होगा। यदि तद्शब्द का जिस व्यक्ति में व्याप्तिग्रह हुआ है उस व्यक्तिपरक मानें तो सम्भव है कि अन्यकाल में विद्यमान धूम में भी व्याप्तिग्रह हुआ हो, अतः अन्यकाल में भी प्रवृत्ति हो जायगी।

स्यात् । तं कालमन्तर्भाव्य पक्षत्वे कथं पश्चान्निष्कम्पं प्रवर्त्तत । धूमकालमन्तर्भाव्य चेदुक्तमावर्त्तते । तद्धूमकालश्चेदंशतः स्ववृत्तिः ॥ ८३ ॥

कश्च व्याप्तिशब्दार्थ इति वक्तव्यम् । अविनाभावइति चेन्न । किमेकस्याव्यतिरेकेऽपरस्य भावोऽविनाभावपदार्थः, उत एकस्य व्यतिरेकेऽपरस्य व्यतिरेकः । यद्याद्यस्तदाऽव्यतिरेकोऽन्वयार्थ इत्येकस्यान्वयेऽपरस्यान्वय इत्युक्तं स्यात् । एवञ्च सति पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरन्ययो व्याप्तिः स्यात् ।

न काचित्कः सम्बन्धो व्याप्तिः सार्व्वत्रिकस्य तथात्वेन विवक्षितत्वादिति चेत् । किमिदं सार्व्वत्रिकत्वं सम्बन्धस्य । सर्वासु तज्जातीयव्यक्तिषु विद्यमानतेति चेत् । नेयं सर्वतज्जातीयव्यक्त्यपरिज्ञाने शक्यावधारणा । न च सर्व्वास्ता व्यक्तयो विशेषतो ज्ञातुं शक्यास्तत्तत्प्रमितिकरणासम्भवात् ।

हेतु में पक्षधर्म्मता केवल से पक्ष में ही वह्नि की सिद्धि होती है अपक्ष में नहीं, यह तो हो सकता है; परन्तु अन्यकाल में अग्नि की सिद्धि क्यों नहीं।

निर्वचन—अनुमितिकाल से वा लिङ्गकाल से विशिष्ट संदिग्धसाध्य धर्म्मी पक्ष है, अतः लिङ्गकाल अनुमिति में भासता है।

खण्डन—यदि लिङ्गकालविशिष्ट को पक्ष मानेंगे, तो लिङ्गकाल के नाश होने पर धर्म्मी के नाश के तुल्य प्रवृत्ति नहीं होगी।

निर्वचन—लिङ्गकाल, पक्ष में विशेषणरूप से नहीं भासता है, किन्तु धूमकाल भासता है और धूमकाल धूम की अनुवृत्ति होने से प्रवृत्ति काल भी है, अतः हानि नहीं।

खण्डन—यदि धूमकाल को पक्ष में विशेषण मानें, तो अन्य काल भी धूमकाल है अतः अन्यकाल में भी प्रवृत्ति होनी चाहिये। यदि च तद्धूमकाल, पक्ष में विशेषण मानें, तो "तद्धूमकालविशिष्टपर्वतः धूमवान्" ऐसा पक्षधर्म्मता के ज्ञान के होने से अंशतः धूम में धूमवृत्तित्व हो जायगा ॥ ८३ ॥

किञ्च यह भी कहना चाहिये कि व्याप्ति शब्द का क्या अर्थ है यदि अविनाभाव को व्याप्ति शब्द का अर्थ कहें, तो क्या एक के अव्यतिरेक में अपर का भाव अविनाभाव शब्द का अर्थ है अथवा एक के व्यतिरेक में अपर का व्यतिरेक, अविनाभाव शब्द का अर्थ है ? यदि प्रथम पक्ष है तो अव्यतिरेक अन्वय है, अतः एक के अन्वय में अपर का अन्वय—यह अर्थ हुआ ऐसा माननेपर लोहलेख्यत्व (कुठारादिच्छेद्यत्व) रूप साध्य का पार्थिवत्व में व्याप्ति हो जायगी, कारण कि एक पार्थिवत्व का जिस काष्ठादि में अन्वय है वहाँ लोहलेख्यत्व का भी अन्वय है।

समर्थन—काचित्कसम्बन्ध (अन्वय) व्याप्ति नहीं है, किन्तु सार्वत्रिक सम्बन्ध व्याप्ति है और सार्वत्रिक पार्थिवत्व का लोहलेख्यत्व में अन्वय, वज्र (हीरा) में व्यभिचार होने से नहीं है।

खण्डन—सम्बन्ध में सार्वत्रिकत्व क्या वस्तु है। यदि तज्जातीय सर्वव्यक्तियों में विद्यमानता है तो यावत् सर्वव्यक्तियों का ज्ञान न हो तावत् सर्वव्यक्तियों में सम्बन्ध की विद्यमानता का ज्ञान हो नहीं सकता और सब व्यक्तियों का विशेषरूप से ज्ञान कारण के न होने से हो नहीं सकता।

इन्द्रियेण सामान्यलक्षणया प्रत्यासत्त्या व्याप्तिग्रहणकाले सर्वास्तज्जातीयव्यक्तयो गृह्यन्ते यदनभ्युपगमे षण्डकमुद्वाह्य मुग्धायाः पुत्रप्रार्थनमिवेति वाचस्पतिरुपालम्भमवादीदिति चेत्। मैवम्। सामान्यलक्षणया प्रत्यासत्त्या व्याप्तिं गृह्णतः सार्वज्ञप्रसङ्गात् ॥ ८४ ॥

क्वचिदप्यज्ञानं ते न स्यादिति च सार्वज्ञापादनमिति न प्रतिकृत्यापि। प्रमेयतया व्याप्तिग्रहणकाले सर्वतज्जातीयव्यक्तिग्रहणे प्रमेयत्वादिसर्व्वं तदा ज्ञायत एव न तु रूपान्तरेणेति चेन्न। यदि रूपान्तरेण तत् प्रमेयं तदा रूपान्तरवतोऽपि प्रमेयत्वाधारतया कथमग्रहणम्। अथ न प्रमेयं नास्त्येव रूपान्तरेण तत्। येन तु रूपेणास्ति तेन सर्व्वेण प्रमेयमिति यावद्विद्यमानाकारेण ज्ञातत्वप्रसङ्गः। तथात्वस्वीकारे च ज्ञायतां प्रमेयत्वदर्शिना भवता मामकी चित्तवृत्तिः ततः श्रद्धास्ये ॥ ८५ ॥

समर्थन—चक्षुरिन्द्रिय से सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति (सन्निकर्ष) द्वारा व्याप्ति ग्रह काल में सबव्यक्तियों का ग्रहण (ज्ञान) होता है। जिस सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति के अस्वीकार में व्याप्ति के ग्रह का स्वीकार, षण्डक से विवाह कर मुग्धा स्त्री की पुत्र प्रार्थना के तुल्य है, ऐसा उपालम्भ वाचस्पति मिश्र ने किया है।

खण्डन—यदि सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति से व्याप्तिग्रहण काल में सब व्यक्तियों का ग्रहण मानें, तो प्रमेयत्व के व्याप्तिग्रह काल में प्रमेयमात्र के ग्रह होने से मनुष्यमात्र को सर्वज्ञ हो जाना चाहिये ॥ ८४ ॥

प्रतिवन्दी सर्वज्ञत्व का प्रसङ्ग हो जायगा यह दोष का प्रसङ्ग भी सर्व ज्ञान के बिना हो नहीं सकता है, कारण कि जब आप सर्व को जानते ही नहीं है फिर मुझ मे सर्व ज्ञान का प्रसङ्ग (आरोप) करेंगे कैसे, अतः आपको भी सर्वज्ञत्व हो जायगा।

उत्तर—यह प्रतिकृत्या (प्रतिवन्दी) भी युक्त नहीं है। अनिष्टकारक देवता को कृत्या कहते हैं और उस देवता के निवारक देवता को प्रतिकृत्या कहते हैं। प्रकरण में लक्षण से प्रतिकृत्या शब्द प्रतिवन्दीपरक है, कारण कि मेरे चित्त में क्या है इस प्रश्न के उत्तर न देने से मेरे हृद्गत वस्तु को आप नहीं जानते यह बात सिद्ध होती है वह बात मेरे हृद्गत वस्तु के जानने पर नहीं हो सकती यह सर्वज्ञत्वापादन का आशय है।

समर्थन—सामान्यलक्षणा से प्रमेयत्वरूप से सर्व के ग्रहण होने पर भी रूपान्तर (तत्तद्रूप) से सर्व का ग्रहण नहीं होता है, अतः सर्वज्ञत्व प्रसङ्ग नहीं।

खण्डन—यदि तत्तद्रूप से तत् तत् वस्तु प्रमेय है, तो तत्तद्रूपविशिष्ट तत्तद्वस्तु को प्रमेयत्व रूप का आधार होने से प्रमेयत्व रूप से ग्रहण क्यों न हो, यदि अन्यरूप से वह प्रमेय नहीं है तो अन्यरूप से वह है नहीं, जिस रूप से वह है उस रूपसे वह प्रमेय है, अतः यावत् विद्यमान आकार से ग्रहण का प्रसंग हो जायगा। यदि आप मान लें कि यावत् विद्यमान आकार से सब वस्तु ज्ञेय है तो प्रमेयत्व से सब वस्तु को देखनेवाले आप मेरे चित्त में वर्तमान वस्तु को जान लें, फिर आपके वचन में मैं श्रद्धा करूँगा ॥ ८५ ॥

समर्थन—जैसे अन्योन्याभाव, वैधर्म्य आदि रूपभेद, वस्तुओं में पृथक्त्वरूप है, वैसेही एकत्व, प्रमेयत्व आदि भी वस्तुओं का ऐक्यरूप ही है, तब प्रमेयत्व आदि भी

स्यादेतत् यथा भेदोऽन्योन्याभाववैधर्म्यादिः पृथक् तथैक्यमपि वस्तूनां, ततः प्रमेयत्वाद्यपि धर्मिणामेकत्वमेकमेव ततः प्रमेयत्वेन ज्ञायमानं तत् सर्वमपि तेनैक्येन प्रतीयमानैकव्यक्त्यात्मकमेव ज्ञायमानं भवतीति कथं तदेकलवेदिनः सार्व्वज्ञम्। नच वाच्यं ननात्वमपि व्यक्तीनां प्रमेयमिति तदपि धर्मितया ग्राह्यमेवेति, यतस्तदपि प्रमेयत्वादिना गृह्यमाणमेकमेव गृहीतं भवतीति। तस्मात्—

"एको भावस्तत्त्वतो येन दृष्टः
सर्व्वे भावास्तत्त्वतस्तेन दृष्टा इति।,,

तत्त्वतस्ताद्रूप्येण एकीभूता इति। तदेतदपि नोपपन्नम्। नानैकमिति व्याहतप्रतीत्यापत्तेः॥

अथ रूपान्तरेण नानात्वं प्रमेयत्वादिना चैक्यमिति व्यवस्थित्या न व्याघातः स्यात्। तर्हि प्रमेयत्वाद्याधारस्य व्यक्तिभेदस्य कृत्स्नस्य ग्रहणात् सार्वज्ञापत्तिस्तादवस्थ्येति॥ ८६॥

धर्म्मियों के ऐक्यरूपही है, तस्मात् प्रमेयत्व रूप से ज्ञायमान वह सर्ववस्तु ऐक्यरूप से प्रतीयमान एक रूपात्मक ही ज्ञात होता है, अतः एकत्ववेदी के ऊपर सर्वज्ञत्व का प्रसङ्ग कैसे हो सकता है। यदि कहें कि व्यक्तियों का नानात्व भी प्रमेयत्व रूप से ज्ञात होता है अतः वस्तु नाना हैं तो यह युक्त नही है, कारण कि नानात्व भी प्रमेयत्व रूप से गृहीत एक ही होता है। यह कहा भी हैं कि जिस पुरुष ने एक भाव (वस्तु) को प्रमेयत्वादिरूप से देखा है उस पुरुष ने संपूर्ण भावों को प्रमेयत्वादि रूप से एकता को प्राप्त, ही देखा है।

खण्डन—यदि ऐसा मानें तो "नाना एक हैं" ऐसी व्याहत प्रतीति होने लगेगी। यदि कहें कि अन्यरूप से नाना है तथा प्रमेयत्व रूप से एक है, अतः व्याहत प्रतीति नहीं होगी तो प्रमेयत्व के आधार भिन्न २ सब व्यक्तियों के ग्रहण होने से सर्वज्ञत्व का आपादनरूप दोष पूर्ववत् ही रहा॥ ८६॥

किञ्च सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति से सब व्यक्तियों के ज्ञान होने पर भी उन व्यक्तियों में व्याप्तिरूप सम्बन्ध में क्या प्रमाण है।

समर्थन—सब व्यक्तियों के तुल्य उनके व्याप्तिरूप सम्बन्ध (ज्ञान) में भी इन्द्रिय ही करण है और सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति ही सन्निकर्ष है। अतः सम्बन्ध में इन्द्रिय ही प्रमाण है।

खण्डन—यदि सम्बन्ध में इन्द्रिय को प्रमाण मानें, तो (यत्र २ पार्थिवत्वम् तत्र २ लोहलेख्यत्वम्) ऐसा व्याप्ति निश्चय होने पर भी जो कहीं वज्र में व्यभिचार देखा जाता है वह न होना चाहिये, कारण कि इन्द्रिय से व्याप्तिरूप सम्बन्ध प्रमित है।

समर्थन—वहां व्याप्तिरूप सम्बन्ध की प्रतीति भ्रमरूप है, कारण कि पीछे बाधित होती है।

खण्डन—वह्नि के धूम में व्याप्ति ग्रह का जो इन्द्रिय और सामान्यलक्षणा प्रत्यासत्ति आदि कारण हैं, वे ही पार्थिवत्व के लोहलेख्यत्व में व्याप्ति ग्रह के भी कारण हैं, फिर जब कारण एक हैं तब पूर्वस्थल में अभ्रान्ति है उत्तरस्थल में भ्रान्ति है—यह विभाग हो नहीं सकता। पूर्वस्थल में दोष नहीं है उत्तरस्थल में दोष है यह विवेचन भी दुष्कर है।

किञ्च सामान्यलक्षणया प्रत्यासत्त्या तज्जातीयविशेषग्रहणे तासु सर्व्वासु व्यक्तिषु सम्बन्धास्तित्वे किं प्रमाणम्। सर्व्वव्यक्तिवत्तत्सम्बन्धग्रहेऽपि व्याप्तिग्राहकमिन्द्रियमेव प्रमाणमिति चेत्तर्हि क्वचिदेवमवधारितस्य यद्व्यभिचारो दृश्यते तन्न स्यात् इन्द्रियेण तत्सम्बन्धस्य प्रमितत्वात्। भ्रान्तिस्तत्र सम्बन्धप्रतीतिः पश्चाद्बाधादिति चेन्न। सामग्र्यभेदे काचिदभ्रान्तिः काचिदभ्रान्तिरिति विभागानुपपत्तेः दोषादोषवैचित्र्यविवेचनस्य च दुष्करत्वात्।

कार्य्यभेदादेव सामग्रीभेदोऽप्युन्नेय इति चेत्। उन्नीयताम्। स एव तु कीदृगुन्नेय इति वाच्यम्। न तावत्साव्वत्रिकसम्बन्धभावाभावात्मकस्तदानीं भाविनां सम्बन्धानामसत्त्वेनाकारणत्वात्। सामान्यतश्च तज्जातीययोः सम्बन्धस्य प्रतीतेः पूर्व्वं सत्त्वं भ्रान्त्यभ्रान्तिसाधारणं, क्वचिदपि सम्बन्धाभावे भ्रान्तेरनुत्पादात्॥ ८७॥

किमेतावता अन्यएव तर्हि कार्य्यभेदात्कारणभेदः कल्पयिष्यत इति चेत्। स हि किमिन्द्रियसहकारिभूतः करणान्तरमेव वा कल्पनीय इति वाच्यम्। नाद्यः इन्द्रि-

समर्थन—कार्य्यभेद से अर्थात् पूर्वस्थल में प्रमाणरूप तथा उत्तरस्थल में भ्रमरूप व्याप्तिग्रह होता है इससे सामग्रीभेद की अनुमिति करनी चाहिये।

खण्डन—अनुमिति कीजिये, परन्तु यह कहिये कि वह सामग्रीभेद क्या है, वह्निधूमस्थल में सार्वत्रिक सम्बन्ध है और लोहलेख्यत्व पार्थिवत्वस्थल में सार्वत्रिक सम्बन्ध नहीं है। यह सामग्रीभेद तो आप नहीं कह सकते हैं, कारण कि व्याप्तिग्रहकाल में भावी सम्बन्ध है नहीं, अतः व्याप्तिग्रह के भावी सम्बन्ध कारण नहीं हो सकते हैं—यदि कहें कि सामान्यरूप से वह्नि धूमजातीय के सम्बन्ध व्याप्तिधूमग्रह से पूर्व विद्यमान है तो लोहलेख्यत्व और पार्थिवत्व का सम्बन्ध भी सामान्यरूप से काष्ठादि में व्याप्ति ग्रहकाल में विद्यमान ही है। यदि कहीं भी लोहलेख्यत्व पार्थिवत्व के सम्बन्ध का ग्रह न हो तो भ्रान्ति होगी कैसे॥८७॥

समर्थन—कार्यभेद से कारणभेद की कल्पना करेंगे और वह सार्वत्रिक सम्बन्ध से अन्य ही है।

खण्डन—वह कारण क्या इन्द्रिय का सहकारी है? अथवा स्वतन्त्र (इन्द्रियनिरपेक्ष) अन्य ही कारण है। इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है; क्यों कि इन्द्रियाँ भावी भूत के सम्बन्ध (व्याप्ति) अंश में कारण नहीं हो सकती हैं और इन्द्रिय के व्यापार न होने पर भी वह्नि की व्याप्ति धूम में न हो तो भूयः सहदर्शन नहीं हो सकता है। इस विचारवाले मनुष्य को पूर्व प्रतीति परस्परसम्बद्ध धर्म्मिद्वय की व्याप्तिग्रह (ज्ञान) देखा जाता है यदि कहें कि चक्षुरादि के उपरामकाल में भी मनरूप इन्द्रिय है तो युक्त नहीं, कारण कि मन व्याप्तिग्रह में चाक्षुषादि ज्ञान के तुल्य कारण तो है, परन्तु परिकल्पनीयसहकारी से ही सर्वदोष की निवृत्ति होने से मन के करणत्व में प्रमाण नहीं है। जैसे चाक्षुषादि ज्ञान में चक्षु कारण है वैसे ही व्याप्तिग्रह में भी मन से अन्य ही कारण कल्पनीय है, और वह यदि व्याप्तिग्रह को प्रत्यक्ष मानें तो सप्तम इन्द्रिय हो जायगा, अन्यथा यदि मन को ही कारण मानें तो चाक्षुषादिज्ञान में भी चक्षु करण न होगा, कारण कि कह सकते हैं कि मन ही सुखानुभव के तुल्य चाक्षुष में भी करण है चक्षुसहकारी मात्र है।

यस्य भाविभूतसम्बन्धांशे प्रमाणत्वकल्पनायां प्रमाणाभावात्। प्रत्युत व्युपरतेन्द्रियव्यापारस्यापि विचारयतः पूर्वप्रतीतसम्बन्धधर्म्मिद्वयस्य व्याप्त्यवधारणदर्शनात्। तत्रापि मनोऽस्तीन्द्रियमिति चेत् अस्तु, तस्मिन् कार्य्ये मनसः करणत्वे तु प्रमाणाभावः। अवश्यपरिकल्पनीयेनान्येनैव सर्वानुपपत्त्युपशान्तेः। कारणत्वमात्रं तु चक्षुरादिजज्ञानवन्मनसस्तत्र स्यात्। चक्षुरादिवत्करणमन्यदेव तत्कल्पनीयमिति सप्तममिन्द्रियं प्रमाणान्तरं वा प्रसज्येत। अन्यथा चाक्षुषादिप्रतीतावपि चक्षुरादेः करणत्वं न स्यात्। शक्यते तत्रापि वक्तुं मन एव तत्र सुखादिप्रतीतिवत्करणं, चक्षुरादयस्तु सहकारिमात्रम्। नापि द्वितीयः, इन्द्रियान्तरप्रसङ्गात् प्रमाणान्तरप्रसङ्गाद्वा ॥८८॥

नापि विनाभाव एकस्य व्यतिरेकेणापरस्याव्यतिरेकस्तन्निषेधोऽविनाभाव इति द्वितीयः पक्षः। एवं हि लोहलेख्यत्वव्यतिरेकश्च पार्थिवत्वव्यतिरेकश्च क्वचिदस्तीति पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरप्यविनाभावः प्रसज्येत। सार्व्वत्रिकं व्यतिरेकयौगपद्यं विवक्षितं न तु क्काचित्कम्, अत एवोच्यते अविनाभावनियम इति चेन्न। सार्व्वत्रिकान्वयावधारणनिरासन्यायेन सार्व्वत्रिकव्यतिरेकावधारणस्याप्यशक्यत्वात्। शक्यत्वे चाऽन्वयावधारणमेवास्तु सार्वत्रिकं, कृतं व्यतिरेकावधारणकुटिलिकया।

स्वतन्त्र कारण भी नहीं है, कारण कि यह सप्तम इन्द्रिय वा पञ्चम प्रमाण हो जायगा ॥८८॥

एक के व्यतिरेक में अपर का अव्यतिरेक विनाभाव है और उसका निषेध अविनाभाव है—यह द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि ऐसा होने पर लोहलेख्यत्व का व्यतिरेक (अभाव) और पार्थिवत्व का व्यतिरेक भी कहीं आकाश में है, अतः पार्थिवत्व लोहलेख्यत्व का भी अविनाभाव (व्याप्ति) हो जायगा।

समर्थन—सार्वत्रिक व्यतिरेक का साहित्य विवक्षित है, क्काचित्क साहित्य विवक्षित नहीं है। इसीसे अविनाभाव का नियम व्याप्ति है— ऐसा कहा है।

खण्डन—सार्वत्रिक अन्वय के ज्ञान के तुल्य सार्वत्रिक व्यतिरेक का ज्ञान सामान्यलक्षणा के न होने से, शक्य नहीं है। किसी प्रकार अवधारण शक्य भी हो तो अन्वय का अवधारण ही व्याप्ति रहे, व्यतिरेक का अवधारण व्याप्ति है—यह कुटिलिका (वक्रोक्ति) व्यर्थ है।

समर्थन—जिन साध्यसाधन के मध्य में साधन के—विपक्ष (साध्याभावाधिकरण) में—वृत्तित्व का बाधक वृत्तित्वाभाव का साधक हो उन दोनों का अन्वय, व्याप्ति है—ऐसा कोई आचार्य कहते हैं ?

खण्डन—यह भी युक्त नहीं है, कारण कि विपक्ष में वृत्तित्व का बाधक प्रमाण है वा तर्क ? यदि प्रमाण हो तो उनमें चक्षुरादि इन्द्रियां तो हो नहीं सकतीं, कारण कि इन्द्रियां, सम्बद्धमात्र को ग्रहण करती हैं, अतः इन्द्रिय से अतीत अनागत असन्निकृष्टविपक्ष का ज्ञान हो नहीं सकता, अन्यथा (यदि इन्द्रिय से हेतु में अतीत अनागत विपक्ष वृत्तित्वाभाव का ग्रहण मानें) कहीं भी व्यभिचार का सन्देह नहीं होना चाहिये।

"ह्रदादिर् धूमाभाववान् वह्न्यभावात्" इत्याकारक अनुमिति भी विपक्ष का बाधक प्रमाण नहीं हो सकती है, कारण कि उक्तस्थल में धूमाभाव की जो वह्न्यभाव में व्याप्ति है

यत्र विपक्षे वृत्तौ बाधकमस्ति तयोरन्वयो व्याप्तिरिति केचित्। तन्न। यत्तु विपक्षे वृत्तौ बाधकं तत्प्रमाणं वा तर्को वा स्यात्। आद्ये न तावदिन्द्रियं तदसम्भवात्। अन्यथा व्यभिचाराव्यभिचारसंशयो न स्यात्। नाप्यनुमानम्। अनवस्थाप्रसङ्गात्। नाप्यर्थापत्तिः, अनुमानाव्यतिरेकात्। व्यतिरेके वा यदि लिङ्गिव्यतिरेकेण लिङ्गस्यानुपपत्तिस्तदा तत एव लिङ्गिसिद्धेः कृतमनुमानेन। अनेवम्भावे च तयोः किमायातम् ॥ ८९ ॥

अस्तु वा कथमपि तावदर्थापत्तिर्बाधिका, तथापि कीदृगभ्युपगम इति प्रष्टव्यम्। किं विपक्षवृत्तिबाधकसध्रीचीनो यत्र क्वचिदन्वयो व्याप्तिः, उत तत्सहितः सार्व्वत्रिकोऽन्वयः, उत किं नो विशेषगवेषणेन तत्सध्रीचीनः सामान्यतोऽन्वयो व्याप्तिः, उत सार्वत्रिकान्वयः स च विपक्षे बाधकादवगम्यते। नाद्यः विकल्पानुपपत्तेः, तथा हि किं विपक्षे वृत्तौ बाधकं सर्व्वव्यक्तिविषयमुत सामान्यविषयम्। आद्ये यत्राप्यनुमानं प्रवर्त्तनीयं तत्रावश्योपस्थाप्यया अन्यथाभावबाधकभूतयाऽर्थापत्त्यैव साध्यसिद्धेः शान्तमनुमानव्यसनेन ॥९०॥

उसके घटक विपक्ष का बाधक भी अनुमिति ही है, इस प्रकार अनवस्था हो जायगी। अर्थापत्ति भी विपक्ष में बाधक प्रमाण नहीं है, कारण कि अनुमिति में ही अर्थापत्ति का अन्तर्भाव है। यदि अर्थापत्ति को अनुमिति से पृथक् भी मानें तो भी यदि अर्थापत्ति को साध्य के अभाव में हेतु की अनुपपत्तिरूप मानें तो उसीसे (अर्थापत्ति से) ही साध्य की सिद्धि होने से अनुमान व्यर्थ हो जायगा। यदि अन्यरूप अर्थात् कारण आदि के विना कार्य्य आदि की अनुपपत्ति रूप मानें तो प्रकृत (विपक्षबाधकस्थल) में धूमाभावरूप साध्य तथा वह्न्यभावरूप हेतु को उससे क्या लाभ हुआ अर्थात् अर्थापत्ति से विपक्ष में धूम के बाध की सिद्धि नहीं हुई ॥ ८९ ॥

किसी प्रकार से विपक्ष में हेतु का बाधक अर्थापत्तिरूप प्रमाण हो तब भी यह पूछना है कि व्याप्ति का स्वरूप कैसा हुआ। क्या विपक्षवृत्तित्व के बाधक से सहित जिस किसी अधिकरण में अन्वय, व्याप्ति है अथवा विपक्षवृत्तित्व के बाधक से सहित सार्वत्रिक अन्वय, व्याप्ति है। अथवा विशेष विवरण (विचार) से क्या लाभ है। विपक्ष-वृत्तित्व के बाधक से सहित सामान्य से अन्वय व्याप्ति है। अथवा सार्वत्रिक अन्वय व्याप्ति है, और उसका ज्ञान विपक्ष में बाधक प्रमाण से होता है। इनमें प्रथम कल्प युक्त नहीं है, कारण कि विकल्प की उपपत्ति नहीं है। देखिये—क्या विपक्ष में हेतु के वृत्तित्व का बाधक; सर्वव्यक्तिविषयक होना चाहिये। अथवा सामान्यविषयक होना चाहिये। प्रथम कल्प में जिस पक्ष में साध्य की अनुमिति करनी है उस पक्ष में भी "अग्न्यभावे सति धूमाभावः" इस अन्यथाभाव के बाधक अर्थापत्ति से ही (अग्न्यभावे धूमभावोऽनुपपन्नः इति धूमभावेन वह्निभावः कल्प्यते) इस प्रकार साध्य की सिद्धि होने से अनुमान का व्यसन व्यर्थ है ॥ ९० ॥

द्वितीयकल्प में कहीं वज्रादि में व्यभिचार होने पर भी कहीं काष्ठादि में अव्यभिचार का आश्रयण कर बाधक अर्थापत्ति चरितार्थ (सफल) हो सकती है, कारण कि धूम का अधिकरणत्वमात्र अग्नि के अधिकरणत्वमात्र का व्यतिरेकी (विरोधी) है—ऐसा सामान्यतः

द्वितीये क्वचिद्व्यभिचारेऽपि क्वचिदव्यभिचारमाश्रित्य बाधकस्य चरितार्थत्वं धूमवत्तामात्रमग्निमत्तामात्रव्यतिरेकीत्येवंरूपो हि सामान्यतो विपक्षपक्षः, तत्र च बाधकं तयोरविरोधे पर्य्यवस्यति। अविरोधश्च क्वचित्साहित्याद्भवत्येवेति पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरप्येवम्भूतव्याप्तत्वप्रसङ्गः।

नापि द्वितीयः विशेषणवैयर्थ्यात्। सार्वत्रिकोऽन्वय इत्येवोच्यताम्। न च सोऽपि सङ्गत इत्युक्तम्। नाऽपि तृतीयः। बाधकस्य सामान्यविशेषविषयताविकल्पोक्तयुक्त्यैव निरस्तत्वात्॥ ६१॥

नापि चतुर्थः। तथा हि यद्धूमवत् तदग्निमदित्यत्रेदमन्वयस्य सार्वत्रिकत्वं वाच्यं, यत्सर्वासां धूमव्यक्तीनामग्निसम्बन्धित्वं, तद्यदि व्याप्तिग्रहकाले गृहीतं तदा पक्षस्यापि धूमवद्व्यक्तेरग्निमत्त्वं प्राक् गृहीतं स्मर्य्यत एवेति गतमनुमानम्। सामान्याऽग्निमत्त्वं तस्यापि गृहीतमेव विशेषतस्त्वनुमीयत इति चेन्न। विशेषत इति किमग्निमत्त्वस्य विशेषो व्यक्तिरूपो विवक्षितः, उत कालदेशादिसम्बन्धस्तस्य। नाद्यः सर्वव्यक्तीनां व्याप्तौ प्रतीत्वेन भवतैवाङ्गीकारात्।। नापि द्वितीयः, अग्निमद्रूपतया स्मृतस्य पक्षीभूतस्य धूमवद्विशेषस्य चक्षुरादिभिरेव पर्वतत्वादिदेशकालविशेषादिमत्तया परिच्छेदात्। यथा प्राक्प्रत्ययाहितसंस्कारसध्रीचीनैश्चक्षुरादिभिः परिच्छिद्यमानेदानीम्भावदेशविशेषाव-

---

विपक्ष है। वहां बाधक अर्थापत्ति "धूमवत्तामात्रमग्निमत्तामात्रविरोधीति अनुपपन्नमिति—" धूमवत्तामात्रं अग्निमत्तामात्राविरोधि" इस प्रकार उन दोनों के अविरोध में पर्य्यवसित होता है। अविरोध कहीं साहित्य से भी होता ही है अतः लोहलेख्यत्व की पार्थिवत्व में व्याप्ति हो जायगी॥ द्वितीयपक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि सार्वत्रिक अन्वय व्याप्ति है-इयन्मात्र कहने से ही कोई दोष नहीं होने से—विपक्षवृत्तिबाधकसहितरूप-विशेषण व्यर्थ हो जायगा। सार्वत्रिक अन्वय भी ग्राहक प्रमाण न होने से व्याप्ति नहीं है यह हम कह चुके हैं।

तृतीयकल्प भी युक्त नहीं, कारण कि विपक्ष में बाधक, सर्वव्यक्तिविषयक हो वा यत्किञ्चिद्विषयक हो इस रीति से विकल्प कर प्रथमपक्ष के तुल्य खण्डित है॥ ६१॥

चतुर्थ पक्ष भी युक्त नहीं, कारण कि "यत् धूमवत् तत् वह्निमत्" यहां अन्वय का सार्वत्रिकत्व यह है कि सर्वधूमवद् व्यक्तियों के अग्निसम्बन्धित्व, वह यदि व्याप्ति काल में गृहीत है तो धूमवत् पर्वतव्यक्ति का अग्निमत्व पहिले से ही गृहीत है, उसीका स्मरण होगा अतः अनुमान व्यर्थ है।

समर्थन—सामान्य से धूमवत्पर्वत का अग्निमत्व गृहीत है, विशेष रूप से अग्निमत्व की अनुमिति होती है।

खण्डन—अग्निमत्व का विशेष क्या है व्यक्तिरूप है वा काल देश सम्बन्धरूप है? इनमें प्रथमपक्ष युक्त नहीं, कारण कि व्याप्ति में सर्वव्यक्ति, सामान्यलक्षण से प्रतीत होती है यह आप भी मानते हैं। द्वितीयपक्ष भी युक्त नहीं, कारण कि "अग्निमत् है" इस रूप-से स्मृत, पक्षभूत-धूमवत्-व्यक्ति को—चक्षुरादि से ही पर्वतादिदेश तथा वर्तमानादि काल-

स्थानादेः स एवायमिति प्रत्यभिज्ञायमानताऽङ्गीक्रियते। तथैवात्राऽप्यस्तु, कृतमनुमानेन ॥९२॥

नाप्युपमानं बाधकं विपक्षे शक्यं वक्तुं, तस्य नियतविषयत्वेनैतादृशे विषयेऽनुदयात्। नापि शब्दः, आप्तस्योपदेष्टुरभावे व्याप्त्यनवगमप्रसङ्गात्।

अभावस्तु कदाचित् स्यात्, सोऽपि निरूप्यमाणो न घटते। एवं स वाच्यो यदि वह्निव्यतिरेकेण धूमः स्यात्तदा तथोपलभ्येत, न चोपलभ्यतेऽतोऽनुपलम्भान्नास्ति तद्व्यतिरेकेणेति। तच्च न। तथा हि क्वचिद्व्यभिचारादर्शनाद्वाऽयमभावः प्रवर्तते, सर्वत्र व्यभिचारादर्शनाद्वा। नाद्यः पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरपि व्याप्तत्वप्रसङ्गात्। न द्वितीयः सर्वत्र योग्यानुपलम्भो वाऽनुपलम्भमात्रं वा वाच्यम्। नाद्यः सर्वत्र योग्यानुपलम्भासम्भवात्। नापि द्वितीयः, पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरपि सम्भवात्। तत्र वज्र एव व्यभिचार इति चेन्न। तदीयादर्शनदशायां व्यभिचारानवगमात्। तद्दर्शनदशायां

सम्बन्धि रूप से—प्रतीति होगी। जैसे पूर्वकाल में जात ज्ञान से जन्य संस्कार से युक्त चक्षुरादि से एतत्देशकालयुक्त कार्षापण-आदि की "स एव अयम्" इत्याकारक प्रत्यभिज्ञा होती है वैसे ही अनुमितिस्थल में भी है, अनुमान व्यर्थ है ॥ ९२ ॥

उपमान भी विपक्ष में बाधक नहीं है, कारण कि उपमान से केवल संज्ञासंज्ञीभाव का ही निश्चय होता है।

तथा शब्द भी विपक्षवृत्तित्व में बाधक नहीं है, कारण कि जहाँ आप्त उपदेष्टा का अभाव है, वहां पर व्याप्ति का ग्रह नहीं होगा।

विपक्ष में हेतु के वृत्तित्व का बाधक कथञ्चित् अभाव (अनुपलब्धि) हो सकता है, परन्तु विचारने से वह भी युक्तिसिद्ध नहीं होता। देखिये—अभाव का आकार ऐसा होता है कि यदि वह्नि के अभावाधिकरण में धूम होता धूम का उपलम्भ (प्रत्यक्ष) होता। उपलम्भ नहीं होता है, अतः वह्निव्यतिरेक में धूम नहीं है। वह हो नहीं सकता है कारण कि यदि कहीं साध्य व्यतिरेक हेतु के अदर्शन से यह अभाव प्रवृत्त होता हो तो कहीं आकाशादि में लोहलेख्यत्व के व्यतिरेक में पार्थिवत्व के अदर्शन से अभाव के प्रवृत्त होने से लोहलेख्यत्व का पार्थिवत्व में व्याप्तिग्रह हो जायगा। यदि सर्वत्र साध्य के व्यतिरेक में हेतु के अदर्शन से अभाव प्रमाण की प्रवृत्ति मानें तो, सर्वत्र योग्यानुपलम्भ से वा अनुपलम्भमात्र से प्रवृत्त होता है। प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि अतीतअनागत विप्रकृष्टादि सर्वत्र योग्यता का अभाव है। द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि लोहलेख्यत्व के व्यतिरेक (अभाव) के अधिकरण आकाश में पार्थिवत्व के अदर्शन से लोहलेख्यत्व की पार्थिवत्व में व्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—वज्र में लोहलेख्यत्व के व्यतिरेक में पार्थिवत्व का दर्शन है ? अतः व्याप्ति नहीं।

खण्डन—वज्र अदर्शनदशा में पार्थिवत्व में व्यभिचार के अदर्शनकाल में व्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—वज्र की दर्शनदशा में व्यभिचार है, जिस स्थल में कदापि व्यभिचारदर्शन नहीं वहाँ व्याप्ति रहती है।

तावदस्ति व्यभिचारो, यत्र तु न कदाचिदपि व्यभिचारदर्शनं तत्र व्याप्तिरिति चेत् । अत्रापि व्यभिचारो न द्रक्ष्यत इत्यत्रापि नियामकादर्शनात् ॥९३॥

नापि विपक्षे बाधकस्तर्को वाच्यः, तर्कस्य व्याप्तिमूलत्वाभ्युपगमेऽनवस्था-प्रसङ्गात् । तदनभ्युपगमे मूलशैथिल्येन तर्काभासत्वापातात् ।

अथ ब्रूषे न शक्यमिदं वक्तुं—तथाह्यग्निधूमव्यभिचारशङ्कायां बाधकस्तर्कोऽय-मभिधीयते, यदि धूमोऽग्निं व्यभिचरेदकारणकः सन्नित्यः स्यात् न स्यादेव वा । स चाय-मनुत्तरस्तर्कः, तत्र शङ्कायां व्याघातापत्तेः । तदेव ह्याशङ्क्यते यस्मिन्नाशङ्क्यमाने स्व-क्रियाव्याघातादयो दोषा नावतरन्तीति लोकमर्य्यादा । एवं सर्वत्रानुत्तरस्तर्को बाध-कोऽभिधेय इति ॥९४॥

खण्डन—यदि ऐसा कहें तो कहीं भी व्याप्ति नहीं होगी कारण कि वह्नि का धूम में व्यभिचार नहीं देखा जायगा इसमें कुछ प्रमाण नहीं ॥९३॥

तर्क को भी विपक्ष में हेतु के वृत्तित्व का बाधक नहीं कह सकते हैं, कारण कि यदि व्याप्ति को तर्क का मूल मानें तो तर्क से व्याप्ति का ज्ञान और उस तर्क के मूल व्याप्ति का ज्ञान अन्य तर्क से एवं उस तर्क के मूल व्याप्ति का ज्ञान अन्य तर्क से एवं प्रकार से अथवा व्याप्ति के ज्ञान से तर्क की प्रवृत्ति और तर्क से व्याप्ति का ज्ञान इस क्रम से अनवस्था तथा अन्योन्याश्रय आदि हो जायँगे। यदि व्याप्ति को तर्क का मूल न माने तो तर्क में मूल (प्रमाण) का अभाव हो जायगा।

समर्थन—तर्क से व्यभिचार का बाध नहीं होता है—यह आप नहीं कह सकते कारण कि धूम में अग्नि के व्यभिचार को शङ्का में यह तर्क कहेंगे कि यदि धूम अग्नि का व्यभिचारी होता तो अकारण हो कर नित्य होता वा नहीं होता यह तर्क अकाट्य है; उसमें यदि शङ्का हो तो व्याघात हो जायगा। वही शङ्का होती है जिस शङ्का में स्वक्रिया व्याघात आदि दोष अवतीर्ण न होते हों ऐसा होने पर सर्वत्र व्यभिचार की शङ्का में तर्क ही अकाट्य बाधक होंगे ॥ ९४ ॥

खण्डन—ऐसी शङ्का क्यों हो कि कार्य्यकारणभाव ही नहीं हो। ऐसी शङ्का हो सकती है कि शायद अग्नि से अन्यकारण से भी धूम होता हो तो वह धूम, वह्नि का व्यभि-चारी हो सकता है।

समर्थन—यदि धूम, वह्नि के अन्यकारण से भी होता तो धूम एकजातीय (तुल्य) नहीं होता और तुल्य (एकजातीय) है अतः अन्य से जन्य नहीं है।

खण्डन—कहीं इन्द्रिय से जन्य तथा कहीं अनुमान से जन्य होने पर भी जैसे ज्ञान एक जातीय होता है, वैसे ही कहीं अन्य से जन्य होने पर भी धूम को एक जातीयत्व हो सकता है।

समर्थन—ज्ञानस्थल में इन्द्रियादि अवान्तर (विशेष साक्षात्कारित्व आदि) में प्रयो जक हैं, ज्ञानत्व में नहीं।

खण्डन—ज्ञानत्व आकस्मिक (प्रयोजक से रहित) न हो इस लिये ज्ञानत्व का अनु-गत प्रयोजक अवश्य कहना होगा। वैसे ही वह्नि भी धूमविशेष में ही प्रयोजक है ऐसी शङ्का हो सकती है।

मैवम् । किमित्येवं शङ्कितव्यं यद्धेतुफलभाव एव न भविष्यति । एवन्तु शङ्कितव्यम् । अग्निं विहायान्यस्मादपि हेतोरयमुदेष्यतीति । न च वाच्यमेवं हि सति धूमस्यैकजातित्वं न स्यादिति । क्वचिदिन्द्रियजन्यत्वे क्वचिदनुमानादिजन्यत्वेऽपि ज्ञानैकजात्यवत्तदुपपत्तेः । तत्रेन्द्रियादीनामवान्तरसामान्ये साक्षात्कारित्वादौ प्रयोजकत्वं, न ज्ञानतायामिति चेन्न । ज्ञानत्वस्याऽऽकस्मिकत्वपरिहारार्थं तत्कारणस्यानुगतस्य भवताऽवश्यं वक्तव्यत्वात् । धूमेऽपि वह्नेर्विशेष एव प्रयोजकत्वस्य तद्वच्छङ्कितुं शक्यत्वात् । न दृश्यते तावदग्निप्रयोज्यो धूमे विशेष इति च न वाच्यम् । तददर्शनस्यापाततो हेत्वन्तरप्रयोज्यावान्तरजात्यदर्शनेनायोग्यतयाऽविकल्प्यत्वादप्युपपत्तेः । यदा तु हेत्वन्तरप्रयोज्यो धूमस्य विशेषो द्रक्ष्यते तदाऽसौ विकल्पिष्यत इति सम्भावनाया दुर्निवारत्वात् ॥९५॥

अस्त्यात्ममनोयोगोऽनुगतं कारणं ज्ञानोत्पत्ताविति चेन्न । यद्यात्ममनोयोगादुत्पद्यमानं ज्ञानं स्यादिच्छादयोऽपि ज्ञानं प्रसज्येरन् । यदि त्वदृष्टविशेषो वा शक्तिभेदो वा ज्ञानत्वजातिर्वा ज्ञानप्रागभावो वा तत्रानुगतं कारणमुच्यते, तदा तदितरत्रापि वह्निव्यभिचारे धूमस्यैकजात्यप्रयोजकतया शक्यत एव शङ्कितुम् ॥९६॥

समर्थन—अग्निकृत धूम में विशेष नहीं देखने में आता है ?

खण्डन—यह कथन भी युक्त नहीं है, कारण कि धूम में अग्निकृत विशेष का अदर्शन—आपात से अन्यहेतु से प्रयोज्य विशेष जाति के अदर्शन से उपपादित हो सकता है कारण कि जब वह्नि से अन्य हेतुजन्य, धूम का विशेष देखा जायगा, तब धूम के विशेष का ज्ञान होगा ऐसी सम्भावना का सम्भव है ॥ ९५ ॥

समर्थन—आत्ममनःसंयोगरूप अनुगत कारण, ज्ञानत्व का प्रयोजक है तथा वह्नि से अन्यकारणजन्यत्वरूप से सम्भावित जो धूम तत्साधारण धूमत्व का प्रयोजक अनुगत कोई कारण नहीं है।

खण्डन—यदि आत्ममनोयोग को ज्ञान का प्रयोजक मानें तो इच्छा आदि भी ज्ञान हो जायँगे। यदि अदृष्टविशेष को वा शक्तिविशेष को वा ज्ञानत्वजाति को वा ज्ञान के प्रागभाव को ज्ञान का अनुगत कारण मानें तो धूमस्थल में भी वह्नि के व्यभिचार में धूम के ऐकजात्य के प्रयोजक अदृष्टादि हैं—ऐसी शङ्का हो सकती है ॥ ९६ ॥

समर्थन—व्यभिचार देखने पर अदृष्ट को ऐकजात्य का प्रयोजक मानना युक्त है, धूमस्थल में व्यभिचार तो दीखता नहीं है, पुनः अदृष्टादि को ऐकजात्य का प्रयोजक मानना युक्त नहीं है ?

खण्डन—व्यभिचार होने पर ही ऐकजात्य का कल्पन युक्त है, परन्तु धूमस्थल में व्यभिचार न देखा जायगा इसमें प्रमाण नहीं है।

समर्थन—इस रीति से शङ्काकरनेवाले आप कहीं भी अनुमान नहीं कर सकेंगे और यावत् प्रतिवादी की आत्मा का अनुमान न हो तावत् कथा में प्रवृत्ति न होगी और यदि अनुमान करें तो स्वकर्तव्य अनुमान में ऐसी शङ्का होगी, अतः वही व्याघात आपके ऊपर भी हो जायगा।

दृष्टे व्यभिचारे युक्तमदृष्टादेरैकजात्यपरिकल्पनमिति चेत्। अस्तु दृष्टे तन्निश्चयः। अत्रापि व्यभिचारो न दृश्यत इत्यत्र नियामकाभावात् शङ्किष्यते। एवं शङ्कमानस्य भवतो न क्वचिदनुमानं स्यात्। प्रतिवाद्यात्माद्यनुमानादिव्यतिरेकेण कथायामेव प्रवृत्त्यनुपपत्त्या स्वयं स्वकर्त्तव्येष्वनुमानेष्वेतादृशशङ्काक्रमणात् स एव व्याघात इति चेन्न। धूमवद्व्यक्तेरपि वह्निकारणविशेषानुमानस्यैवं सति सदनुमानत्वप्रसङ्गात्। सामग्रीसाम्येन प्रमाप्रमावैचित्र्यानुपपत्तेः। साधारणधर्मदर्शनविशेषादर्शनादौ सत्यपि शङ्कायाश्चानुदये सामग्र्यां सत्यामपि कार्य्यानुदयात्परप्रतिपत्त्युत्पादनार्थं वचनादिरूपां प्रतिपत्तिसामग्रीमुत्पादयितुं यतमानस्य भवतोऽपि स्वक्रियाव्याघातस्तुल्यः ॥६७॥

खण्डन—आपका क्या अभिप्राय है, क्या जहां व्यभिचार की शङ्का हो वहाँ अनुमिति में दोष नहीं होता है यह अभिप्राय है अथवा सदोष भी अनुमान प्रमाण है—यह अभिप्राय है। इनमें प्रथमपक्ष का स्वीकार आप नहीं कर सकते। कारण कि, शङ्कितोपाधि को दोष आप मानते हैं। यदि द्वितीय मानें तो जैसे धूम से वह्नि की अनुमिति प्रमिति है वैसे ही वह्नि से वह्नि के कारण तृणादि की अनुमिति भी प्रमिति हो जायगी। जब सामग्री समान है अर्थात् पक्षधर्म्मता व्यभिचारशङ्का आदि दोनों स्थलों में एक से हैं, तो धूम से वह्नि की अनुमिति प्रमिति है और वह्नि से वह्नि के कारण विशेष की अनुमिति अप्रमिति है यह कथन भी नहीं बनता।

समर्थन—व्याघात के भय से "यदि वह्निविरहिण्यपि धूमः स्यात्" यह शङ्का (सन्देह) ही नहीं हो सकती है।

खण्डन—यदि साधारणधर्म्म दर्शन विशेषादर्शन आदि शङ्का के कारण होने पर भी शङ्का न हो तो पर के ज्ञान के लिये वचनादि रूप (ज्ञान) सामग्री के उत्पादन में आपकी प्रवृत्ति भी व्याघात के भय से नहीं होनी चाहिये॥ ६७॥

समर्थन—व्याघात ही विशेष है, अतः उस व्याघात विशेष के दर्शन होने से शङ्का की सामग्री ही मेरे मत में नहीं है, फिर व्याघात का साम्य कैसे होगा।

खण्डन—वह व्याघात आहार्य्य (बाधकालिक इच्छाजन्य) अर्थात् भ्रमरूप व्याप्य के आरोपरूप कारण से जन्य ही तो दृष्ट है नहीं, कारण कि यदि पार्थिवत्व, लोहलेख्यत्व का व्यभिचारी होता, तो प्रमेय ही नहीं होता इस आभासजन्य व्याघात से पार्थिवत्व की लोहलेख्यत्व में भी व्याप्ति गृहीत हो जायगी। अनाहार्य्य प्रमाणरूप व्याप्य के आरोपरूप कारण से जन्य व्याघात विशेष है—उसका निरास तर्क के खण्डन के समय चतुर्थ परिच्छेद में करेंगे।

किञ्च आप जिस व्याघातरूप विशेष के दर्शन को शङ्का का विरोधी कहते हैं वह व्याघातदर्शन किसी प्रमाण से होता है वा तर्क से? यदि प्रमाण से कहें तो शङ्का का अस्तित्व भी उसी प्रमाण से सिद्ध हुआ, कारण कि शङ्का होने पर ही व्याघात होगा। यदि विना शङ्का व्याघात हो तो जैसे शङ्का करने पर मेरे पक्ष में आप व्याघात देते हैं वैसे ही विना शङ्का आपके पक्ष में हम भी व्याघात दे सकेंगे।

समर्थन—शङ्का में भी वह व्याघात ग्राहक प्रमाण रहे, इससे हानि क्या हुई। प्रथम शङ्का के अवलम्बन से जात व्याघातरूप विशेष के दर्शन से ही अन्य शङ्का के न होने से ही व्याप्तिग्रह हो जायगा।

व्याघातस्यैव विशेषत्वात् तद्दर्शनेन शङ्कासामग्र्येव नास्ति मत्पक्षे कुतो व्याघातसाम्यमिति चेन्न । तद्धि न तावत् आहारादिकारणाज्जायमानमेष्टव्यं कूटविषयस्य तस्यातिप्रसञ्जकत्त्वात् । कूटभिन्नः प्रसञ्जकः प्रमितस्यैव स्यादिति चेन्न । तस्य तर्कावसरे निरस्यत्वात् । तस्माद्यदेतद्व्याघातरूपस्य विशेषस्य दर्शनं शङ्काप्रतिपक्षभूतमुच्यते, तत् किं प्रमाणात् कुतश्चिदुपजायमानं वक्तव्यं तर्काद्वा, यदि प्रथमः, शङ्कास्तित्त्वमपि तेनैव प्रमाणेनोपनेयं शङ्कायां सत्यां व्याघातात् । यदि च शङ्कां विनापि व्याघातः, तदा शङ्क्यमानाशङ्क्यमानयोर्व्याघातस्य साम्यं सिद्धमेव । भवतु शङ्कायामपि तत्प्रमाणं, किमेतावता प्रथमोपजातशङ्कामवलम्ब्य व्यवस्थितस्य व्याघातरूपस्य विशेषस्य दर्शनात् शङ्कान्तरं नोत्पद्यत इति चेन्न । व्याघातसत्ताकाले तदवलम्ब्यया शङ्कयैव शङ्क्यमानव्यभिचारता, तस्याः शङ्काया व्युपरमे च तदवलम्बिनो व्याघातरूपस्य विशेषस्याभावात् कः शङ्कान्तरोत्पत्तेर्वारयितेति वक्तव्यम् ॥९८॥

मा नामास्तु तदा व्याघातात्मा विशेषस्तदवगमस्तदाहितो वा संस्कारस्तावदस्ति, विशेषावगमतत्संस्कारौ च शङ्काविरोधिनौ, नतु स्वरूपेण क्वचिदपि विशेषस्यावस्थानं तथेत्ति चेन्न । अयावदाश्रयभाविनो विशेषस्य पूर्वस्थितस्य यद्दर्शनं तदाहितो वा संस्कारः तस्य कालान्तरेपि तत्प्रतिधर्मसंशयविरोधित्वेऽवयविपाकपक्षे कुम्भस्य परमाणुपाकपक्षे परम्परया तदारम्भकस्य परमाणोः पूर्वं श्यामतया ज्ञातस्य कालान्तरे सम्भावितपाकस्य पाकजन्यरूपविशेषवत्तायां संशयो न स्यात् । यदि च शङ्कायां व्याघातस्तदा शङ्काश्रयस्य विशेषरूपस्य व्याघातस्य दर्शनाच्छङ्कायां शङ्कान्तरं मा भूत् । यदि तु व्यभिचाराश्रयस्तदा व्यभिचारः स्यादेव, व्याघाताश्रयस्य व्यभिचारस्यापि प्रमित्यापत्तेः ॥९९॥

खण्डन—व्याघात के सत्ताकाल में उसके अवलम्बभूत शङ्का से ही व्यभिचार की शङ्का है और उस शङ्का के उपरम होने पर उसके अवलम्ब से जात व्याघात के अभाव होने से अन्य शङ्का की निवृत्ति कौन करेगा ॥ ९८ ॥

समर्थन—उस काल में व्याघातरूप विशेष न रहे हानि क्या है। व्याघात का ज्ञान वा ज्ञान से आहित-(कृत) संस्कार ही शङ्का का विरोधी है। स्वरूप से विशेष कहीं भी नहीं रहता है।

खण्डन—यदि यावत् आश्रय काल में न होनेवाले पूर्वस्थित विशेष के दर्शन को वा विशेषदर्शन से जन्य संस्कार को कालान्तर में जात उस विशेष के विरोधी धर्म्मविषयक संशय का विरोधी मानें तो पूर्वकाल में श्यामत्वरूप से ज्ञात अवयविपाकमत में कुम्भ में तथा परमाणुपाकमत में परम्परा से घटारम्भक परमाणु में अन्य काल में पाक से सम्भावित रक्तत्वरूप का सन्देह न होगा। यदि शङ्का में व्याघात है तो शङ्काश्रय व्याघातरूप विशेष के दर्शन से शङ्का में अन्यशङ्का न हो, परन्तु प्रथम शङ्का होने से व्याप्तिग्रह नहीं होगा और यदि व्यभिचार में व्याघात दें तो व्याघात को विषयकरनेवाली प्रमा के विषय होने से व्यभिचार अवश्य होगा ॥ ९९ ॥

अनादिसिद्धव्याप्तिकास्ते तर्का इति चेन्न, तद्बुद्धेः प्रमितत्वासिद्धेः। शरीरे स्वात्मप्रत्ययस्य तादृशस्याप्यप्रमात्वोपगमात्। अनादित्वासिद्धेश्चोभयत्राविशेषात्।

नापि यद्यत्र व्यभिचारः शङ्क्येत, तदा व्याघातः स्यादित्येवंरूपात्तर्काद्व्याघातावगमः, व्याघातप्रतिपादकस्य तर्कस्य मूलशैथिल्ये तर्काभासत्वापातात्। तादृशस्यापि व्याघातोपनायकत्वे व्याघातापत्तेश्च साम्यम्। शक्यत एव तर्काभासाद्भवतोऽपि व्याघात उपनेतुम्।

अथ तर्कस्य व्याप्तिर्मूलभूताऽभ्युपगम्यते। तत्रापि व्यभिचारशङ्कायां पुनरनवस्थैव। तत्रापि व्याघातापादने पुनरित्थमनवस्थैव।

तस्मादस्माभिरप्यस्मिन्नर्थे न खलु दुष्पठा।
त्वद्गाथैवान्यथाकारमक्षराणि कियन्त्यपि ॥४४॥
व्याघातो यदि शङ्काऽस्ति नचेच्छङ्का ततस्तराम्।
व्याघातावधिराशङ्का तर्कः शङ्कावधिः कुतः ॥४५॥१००॥

अव्यभिचारश्चैकपरित्यागव्यवच्छेदेनापरान्वयः, सपकालदृष्टे नष्टेऽदृष्टः शङ्क्यत इत्याहुः।

समर्थन—अनादिसिद्ध व्याप्तिवाले वे तर्क हैं, जिनसे व्याप्तिग्रह होता है।

खण्डन—अनादिसिद्ध होने से तर्क का मूल व्याप्ति, प्रमित नहीं हो सकती। अन्यथा अनादिसिद्ध होने से शरीर में आत्मबुद्धि भी प्रमित हो जायगी, कारण कि अनादिसिद्धत्व उभयत्र तुल्य है।

समर्थन—यदि "अत्र (वह्निधूमस्थल में) व्यभिचारः स्यात्तदा व्याघातः स्यात्" इस तर्क से व्याघात का अवगम होगा।

खण्डन—व्याघात के प्रतिपादक तर्क के मूल प्रमाण न होने से यह तर्क आभास है और यदि तर्काभास से भी व्याघात का प्रतिपादन करें तो आपके प्रति भी "तर्कः आभास उपपादकश्च" ऐसा विरुद्ध संघटनरूप व्याघात हम भी दे ही सकते हैं। यदि तर्क का मूल व्याप्ति को मानें तो तर्क के मूल व्याप्ति में भी व्यभिचार की शङ्का होने पर अन्य तर्क का आश्रयण करना होगा, एवं उस तर्क के मूल व्याप्ति में व्यभिचार की शङ्का होने पर अन्य तर्क के आश्रयण से अनवस्था प्रसङ्ग होगा। यदि कहें कि अनवस्था होने पर कहीं भी अनुमान न होने से परप्रतिपत्त्यर्थ वचन में प्रवृत्तिरूप व्याघात होगा, अतः अनवस्था नहीं, तो जिस तर्क से अनवस्था में व्याघात का आपादन आप करते हैं उस, तर्क के मूल व्याप्ति में भी व्यभिचार की शङ्का होने से पुनः अनवस्था दोष होगा। तस्मात् इस विषय में हम भी कुछ ही अक्षरों को बदल कर तुम्हारी ही गाथा को पढ़ सकते हैं कि—यदि व्याघात प्रामाणिक है तो शङ्का अवश्य है। कारण कि शङ्का होने पर ही व्याघात होता है और यदि व्याघात नहीं है तो प्रतिबन्धक के न होने से अवश्यमेव शङ्का है। शङ्का की अवधि (अवसान) व्याघात कैसे हो सकता है, तथा तर्क, शङ्का की अवधि कैसे होगा। कारण कि तर्क के मूल व्याप्ति में भी शङ्का तदवस्थ ही है ॥ १०० ॥

स्वाभाविकः सम्बन्धो व्याप्तिरित्यपरः। स प्रष्टव्यः कस्य स्वाभाविकः किं सम्बन्धिनोरुतान्यस्य। न चरमः वैपरीत्यापत्तेः।

आद्ये कः स्वाभाविकशब्दार्थ इति प्रष्टव्यं, किं सम्बन्धिस्वभावाश्रितः। अथ सम्बन्धिस्वभावजन्यः। अथ सम्बन्धित्वविवक्षितस्वभावानतिरिक्तः, अथ सम्बन्धिस्वभावव्याप्यः। अथवा सम्बन्धिस्वभावादन्येन न प्रयुक्तः। उतान्य एव कश्चिद्विवक्षितः।

आद्ये पार्थिवत्वलोहलेख्यत्वयोरपि व्याप्तत्वप्रसङ्गः। न द्वितीयः अतिव्याप्तेरव्याप्तेश्च।

अतएव न तृतीयः ॥१०१॥

समर्थन—व्यभिचार की शङ्का में अव्यभिचार भी एक कोटि है कारण कि शङ्का (सन्देह) उभयकोटिक होती है। अतः किसी अधिकरण में अव्यभिचार के निश्चय होने से अनुमिति हो जायगी?

खण्डन—पक्ष (साध्य) के अभाव के अनधिकरण में हेतु का अन्वय (वृत्तित्व) रूप अव्यभिचार, समकाल में जात दृष्ट तथा नष्ट दो पदार्थों में है, वही शङ्का में अपर कोटि होगी। यदि कहें कि उसी स्थल में अनुमिति हो जायगी तो यह युक्त नहीं, कारण कि ऐसा स्थल कहीं दृष्ट नहीं है।

अन्य आचार्य्य कहते हैं कि स्वाभाविक सम्बन्ध व्याप्ति है। उनसे पूछना चाहिये कि किसका स्वाभाविक सम्बन्ध व्याप्ति है? सम्बन्धियों का अथवा अन्य का? यदि अन्य का कहें तो जैसे असम्बन्धियों का सम्बन्ध व्याप्ति है वैसे ही सम्बन्धियों का असम्बन्ध भी व्याप्ति हो जायगा। यदि सम्बन्धियों का स्वाभाविक सम्बन्ध व्याप्ति है तो स्वाभाविक शब्द का अर्थ क्या है। जैसे वह्नि के स्वभाव (स्वरूप) के आश्रित औष्ण्य वह्नि का स्वाभाविक है वैसे ही सम्बन्धी के स्वभाव (स्वरूप) का आश्रित सम्बन्ध व्याप्ति है। वा जैसे वसन्त से जन्य होने से वृक्षप्रसूति वसन्त का स्वाभाविक है, वैसे ही सम्बन्धी स्वभाव (स्वरूप) जन्य सम्बन्ध व्याप्ति है। वा सम्बन्धित्वरूप से विवक्षित सम्बन्धी के स्वभाव से अनतिरिक्त अर्थात् स्वभावरूप सम्बन्ध ही व्याप्ति है। वा सम्बन्धी के स्वभाव से व्याप्य सम्बन्ध व्याप्ति है। वा सम्बन्धी के स्वभाव (स्वरूप) से अन्य से प्रयुक्त (जन्य) न हो ऐसा जो सम्बन्ध वह व्याप्ति है—अथवा और ही कुछ वस्तु व्याप्ति है। प्रथम पक्ष में पार्थिवत्व में लोहलेख्यत्व का सम्बन्ध व्याप्ति हो जायगा। द्वितीयपक्ष में जन्य होने से धूम का एकाश्रय में संयोगरूप सम्बन्ध वह्नि में व्याप्ति हो जायगा तथा अजन्य होने से रूपरस का एकाश्रय समवायरूप सम्बन्ध व्याप्ति न कहावेगा। तृतीय पक्ष में वह्नि का धूम में एकाश्रय संयोगरूप सम्बन्ध व्याप्ति न होगा, कारण कि संयोग सम्बन्धी का स्वरूप नहीं है, किन्तु अतिरिक्त है।

अन्य आचार्य्य कहते हैं कि उपाधिरहित सम्बन्ध व्याप्ति है। उनसे पूछना चाहिये कि वह उपाधि क्या वस्तु है, जिससे शून्य को व्याप्ति कहते है; तथा लोहलेख्यत्व का पार्थिवत्व में एकार्थ समवायरूप सम्बन्ध व्याप्ति हो जायगा, कारण कि समवाय सम्बन्धी का स्वरूप है। (१०१)

चतुर्थकल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि यावत् व्याप्ति की निरुक्ति न हो तावत् सम्बन्धी-स्वभाव-व्याप्य-सम्बन्धरूप निरुक्त व्याप्ति की निरुक्ति नहीं हो सकती है अर्थात् व्याप्ति के लक्षण में व्याप्ति के प्रवेश होने से आत्माश्रय दोष हो जायगा। किञ्च यदि सम्बन्ध को व्याप्य मानेंगे तो व्यापक जो सम्बन्धी वह अधिक देश वा काल में वृत्तित्व से सम्भावित है, अतः एक सम्बन्धी के दर्शन से अन्य सम्बन्धी की अनुमिति नहीं होगी।

नापि चतुर्थः, व्याप्त्यनिरुक्त्या व्याप्यत्वानिरुक्तेः। सम्बन्धस्य व्याप्यत्वे च सम्बन्धिनोर्व्यापकयोः सम्भावितसम्बन्धाधिकदेशकालतया एकसम्बन्धिदर्शनेऽपरानुमानाय नियामकत्वायोगात्। नापि पञ्चमः, न प्रयुक्त इति यदि न जनितस्तदा सम्बन्धस्याकृतकत्वपक्षेऽन्येनेति विशेषणवैयर्थ्यमकृतस्य सम्बन्धिस्वभावेनाऽप्यजनितत्वात्। सम्बन्धस्य कृतकत्वपक्षे स्वरूपासिद्धिरेव स्यात्। सामग्र्याः सर्वसम्भवादन्ततः कालदेशादृष्टादिभिरपि तज्जन्यत्वस्यावश्यवक्तव्यत्वात्। नापि षष्ठः पक्षः, तस्य निर्वक्तुमशक्यत्वात्। एवमेव विकल्पचार्यं चरमविकल्पः सर्व्वत्रोपन्यस्य दूष्यो न्यूनत्वशङ्काभयादिति॥१०२॥

अनौपाधिकः सम्बन्धो व्याप्तिरित्यपरः। स प्रष्टव्यः, कोऽयमुपाधिर्नाम यच्छून्यत्वमनौपाधिकत्वम्। उपाधिः साध्यव्यापकत्वे सति साधनाव्यापकः। अयञ्च—

"एकसाध्याविनाभावे मिथः सम्बन्धशून्ययोः।
साध्याभावाविनाभावी स उपाधिर्यदत्ययः"—

इत्यस्य व्यतिरेकमुखस्य यदत्ययः, स उपाधिरिति योज्यमानस्य पर्य्यवसितोऽर्थः। तद्धर्म्मभूता हि व्याप्तिर्जपाकुसुमरक्ततेव स्फटिके साधनाभिमते चकास्तीत्युपाधिरसावुच्यते। तदिदमाहुः—

"व्याप्तेश्च दृश्यमानायाः कश्चिद्धर्मः प्रयोजकः।
अस्मिन्सत्यमुना भाव्यमिति यत्सा निरूप्यते॥
अन्ये परप्रयुक्तानां व्याप्तीनामुपजीवकाः।
तैर्दृष्टैरपि नैवेष्टा व्यापकांशावधारणा"॥

स चोपाधिर्निश्चित इवाशङ्कितश्च यत्रेदमुच्यते

"यावच्चाव्यतिरेकित्वं शतांशेनापि शङ्क्यते।

पञ्चम पक्ष भी युक्त नहीं है। कारण कि यदि "अन्य से नहीं प्रयुक्त है" इसका अन्य से जनित नहीं है—यह अर्थ करें तो सम्बन्ध अकृतक (नित्य) है इस पक्ष में "अन्य से" यह विशेषण व्यर्थ है, कारण कि जो अकृतक है वह सम्बन्धी के स्वभाव से भी अजन्य है तथा सम्बन्ध कृतक है इस पक्ष में "सम्बन्धी के स्वभाव से नहीं प्रयुक्त हो" यह स्वरूप ही असिद्ध है, कारण कि कार्य्यमात्र सामग्री से जन्य होता है, अतः देशकाल अदृष्ट आदि से वह व्याप्तिरूप सम्बन्ध प्रयुक्त है यह अवश्य मानना होगा। षष्ठ पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि उसका निर्वचन नहीं हो सकता। इस रीति से विकल्प कर इस चरम विकल्प का सर्वत्र खण्डन करना चाहिये। अन्यथा न्यूनता हो जायगी, अर्थात् यदि वादी विकल्पित पक्षों से भिन्न पक्ष का आश्रयण करें तो विकल्प में न्यूनता हो जायगी और यदि उक्त से अन्यत्व रूप से भी विकल्प कर दें तो वादी से अवलम्बित पक्ष का उसमें अन्तर्भाव होने से न्यूनता नहीं होगी॥ २॥

समर्थन—जो साध्य का व्यापक तथा साधन का अव्यापक हो वह उपाधि है—यह लक्षण उदयनाचार्य्य के व्यतिरेक मुख से कथित लक्षण वाक्य का फलितार्थ है। आचार्य्य के लक्षण वाक्य का अक्षरार्थ तो यह है कि "साधन और उपाधित्व से अभिमत–इन दोनों

विपक्षस्य कुतस्तावद्धेतोर्गमनिकाबल"मिति चेत् ॥३॥

साध्यव्यापके पक्षेतरत्वेऽपि प्रसङ्गात् । तद्व्यतिरिक्त इत्यपीति चेन्न । बाधोन्नीतस्य तस्याव्यापनात् । अन्यथा निरुपाधिसम्बन्धित्वे बाधासिद्धेः । यदाह बाधेन वोपाधिरुन्नीयतां, अन्येन वेति न कश्चिद्विशेषः । एतदर्थमपि विशेषणीयमिति चेन्न । तथापि साधनाव्यापकत्वे सतीति तद्व्याप्त्यनवधारणे न शक्यावधारणम् । एवं साध्यव्यापक इत्यपि ॥४॥

के मध्य में जिसका अभाव साध्याभाव का व्याप्य हो वह उपाधि है। वह्नि से धूम के अनुमितिस्थल में आर्द्रेन्धन की उपाधि संज्ञा है। स्फटिक में जपाकुसुम के रक्तत्व के भान के निमित्त जपाकुसुम को जैसे उपाधि कहते हैं, वैसे ही आर्द्रेन्धन संयोगनिष्ठ धूम की व्याप्ति का वह्नि में भान के निमित्त आर्द्रेन्धन संयोग को भी कहते हैं। यह कहा भी है कि अन्य (सोपाधिक) हेतु उपाधिनिष्ठ व्याप्ति का अवलम्बन करते हैं, वे सोपाधिक हेतु पक्ष में देखे भी जायं तो भी व्यापक को सिद्धि नहीं होती है। वे उपाधि निश्चित के तुल्य आशङ्कित भी होते हैं। यह भी कहा है कि जब तक विपक्ष में हेतु के शतांश से भी अर्थात् उपाधि की शंका से भी शङ्का हो तब तक हेतु में साध्यगमन की सामर्थ्य कैसे हो सकती है ॥ ३ ॥

खण्डन—साध्य का व्यापक तथा साधन का अव्यापक पक्षेतरत्व भी उपाधि हो जायगा। पक्षेतरत्व उपाधि ही है—यह आप नहीं कह सकते हैं, कारण कि पक्षेतरत्व-रूप उपाधि का सर्वत्र सम्भव होने से अनुमानमात्र का उच्छेद हो जायगा।

समर्थन—उपाधि के लक्षण में पक्षेतरत्व से भिन्न ही—ऐसा निवेश करने से पक्षेतरत्व उपाधि न कहावेगा।

खण्डन—ऐसा निवेश करने पर "वह्निः अनुष्णः कृतकत्वात्" इस अनुमान में वह्नीतरत्व उपाधि न कहावेगा। यहाँ वाध ही दोष है उपाधि दोष नहीं है—यह नहीं कह सकते हैं, कारण कि यदि व्यभिचार न हो तो हेतुमत् पक्ष में वाध ही अप्रमाणित सिद्ध होता है। यह भी कहा है कि बाध से अथवा व्यभिचार से उपाधि की अनुमिति होती है, इसमें कोई विशेष नहीं है।

समर्थन—उपाधिलक्षण में बाधोन्नीत पक्षेतरत्व से भिन्न जो पक्षेतरत्व उससे भिन्नत्व का निवेश होने से कोई दोष नहीं है।

खण्डन—तब भी जब तक साधन में उपाधि की व्याप्ति का ज्ञान न हो, तब तक साधन के अव्यापकत्व का ज्ञान न होने से अन्योन्याश्रयादिदोष हो जायेंगे—इसी प्रकार से साध्य में उपाधि की व्याप्ति की अज्ञानदशा में साध्य व्यापकत्व का ज्ञान भी नहीं हो सकता है ॥४॥

समर्थन—साध्य में जिसका व्यभिचार अदृष्ट हो वह साध्यव्यापक है ?

खण्डन—यह कथन भी युक्त नहीं, कारण कि वस्तुतः जिससे साध्य व्यभिचारी है वह भी आपाततः अव्यभिचारिसाध्यस्वरूप से ज्ञात हो सकता है, अतः वह भी उपाधि हो जायगा। जैसे "क्षित्यादिकं कर्तृजन्यं कार्य्यत्वात्" यहाँ रूपित्व उपाधि हो जायगा। यदि कहें कि अन्य काल में भी अदृष्ट व्यभिचार साध्य जिससे हो वह साध्यव्यापक है तो वह्नि से धूम के साधनस्थल में आर्द्रेन्धन संयोग भी उपाधि न होगा, कारण कि आर्द्रेन्धन

अथ मन्यसेऽदृष्टव्यभिचारसाध्यत्वं साध्यव्यापकत्वम्। न, वस्तुगत्या व्यभिचारिसाध्यस्याप्यापाततोऽदृष्टव्यभिचारसाध्यत्वसम्भवात्, तस्याप्युपाधित्वापत्तेः। न द्रक्ष्यत इति च निरूपयितुमशक्यम्। व्याप्तिग्रहकाले च साध्यत्वाभावेन तदव्यभिचारः कथमवधार्य्यः। साध्यं व्यापकमपेक्षितमिति चेन्न। व्याप्त्यनवगमे व्यापकार्थानवगमात्। सम्भावितव्यापकभावो व्यापकोऽपेक्षित इति चेन्न। व्यापकस्यानिरुक्तौ किंरूपतया सम्भावनापि स्यात्। अथ साध्यव्यापक इत्येव भद्रं, तदानीं साध्यत्वाभावेऽपि साधयितुमर्हत्त्वस्य विवक्षितत्वात्। न, कथं ह्यवगन्तव्यमिदमेव साधयितुमर्हमिदं नेति। व्यापकत्वादिति वक्तुमशक्यत्वात्॥५॥

न च साधनाव्यापकत्वं सर्व्वत्र निश्चेतुं शक्यम्—स श्यामो मैत्रतनयत्वादित्यत्र शाकाद्याहारपरिणतिपरम्पराया मैत्रतनयेऽभावस्य दुरधिगमत्वात्।

संयोग में धूमरूप साध्य का व्यभिचार नहीं देखा जायगा इसमें कुछ प्रमाण नहीं है। किञ्च व्याप्ति के ग्रहकाल में साध्यत्व (सिद्धिकर्म्मत्व) के अभाव होने से साध्य का व्यभिचार कैसे जाना जायगा। साध्य के व्यापकत्व का ग्रहण है—यह भी कह नहीं सकते, कारण कि जबतक व्याप्ति का ज्ञान न हो तबतक व्यापकत्व का ज्ञान अशक्य है। जिसके व्यापकत्व की सम्भावना हो वह व्यापक है यह कथन भी युक्त नहीं, कारण कि यावत् व्यापकत्व की निरुक्ति न हो तावत् किस रूप से सम्भावना होगी।

समर्थन—साध्यव्यापक—यही युक्त है, कारण कि उस काल में साध्यत्व के अभाव होने पर भी साधन का अर्ह है ही।

खण्डन—यह कथन भी युक्त नहीं है, कारण कि व्याप्ति के अज्ञान काल में यह कैसे जाना जायगा कि यह साधन का अर्ह है और यह साधन का अर्ह नहीं है॥ ५॥

व्यापकत्व से साध्य का निश्चय नहीं हो सकता है, क्योंकि यावत् व्याप्ति का लक्षण न हो तावत् यह व्याप्य है यह व्यापक है यह निश्चय कैसे होगा।

साधनाव्यापकत्व का भी निश्चय सर्वत्र नहीं हो सकता है, कारण कि "स श्यामः मैत्रतनयत्वात्" इसस्थल में शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परारूप उपाधि के अभाव का ज्ञान मैत्रतनय में हो नहीं सकता है।

समर्थन—जिस उपाधि के साध्यव्यापकत्व तथा साधनाऽव्यापकत्व में प्रमाण है वह निश्चित उपाधि है और जिस उपाधि में उक्त उभयरूप में प्रमाण नहीं है, वह शङ्कित उपाधि और मैत्रतनयत्व का शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परा है (अर्थात् गौरमैत्रतनय में शाकाद्याहार परिणतिपरम्परा नहीं है) इसमें कोई नियामक नही है अतः यह शङ्कित उपाधि ही है।

खण्डन—"मैत्रतनयः शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परावान् मैत्रतनयत्वात्" इस प्रकार से मैत्रतनयत्वरूप हेतु से ही मैत्रतनय में शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परारूप उपाधि की अनुमिति होने से साधनाव्यापकत्व की शङ्का का उच्छेद हो सकता है।

समर्थन—मैत्रतनयत्व से शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परा के साधन में शाकाद्याहार सामग्रीसत्व उपाधि है, अतः उक्त अनुमिति न होने से "स श्यामः मैत्रतनयत्वात्" इस स्थल में शाकपाकजत्व शङ्कित उपाधि हो सकता है।

यत्रोक्तलक्षणस्य निश्चायकं प्रमाणमस्ति तत्र निश्चितोपाधित्वमन्यत्र शङ्कितोपाधित्वम्। मैत्रतनयत्वव्याप्यशाकाद्याहारपरिणतिपरम्परया स्यात्तव्यमित्यत्र नियामकाभावादिति चेन्न। मैत्रतनयत्वेनैव हेतुना तस्यापि प्रसाधने तच्छङ्कया अपि छेत्तुमशक्यत्वात्। तत्रापि तत्तत्सामग्रीत्युपाधिपरम्पराभिधाने च तस्या अपि मैत्रतनयत्वेनैव प्रसाधनस्य कर्त्तुं शक्यत्वात्॥ ६॥

अनवस्थैवं स्यादिति चेत्। न, उपाध्युपन्यास एव कुतोऽनवस्था न स्यात्। साध्यसामग्र्या उपाधित्वे धूमानुमानसाधारण्यात्। एवं च साध्ये सामग्र्युपाधित्वव्यवच्छेदार्थमपि लक्षणं विशेषणीयम्। श्यामत्वादौ साध्ये शाकाद्याहारपरिणतिपारम्पर्यादेस्तस्मिन्साध्ये श्यामत्वादेरुपाधित्वसम्भवेन कथमुपाधिरपि साधयितुं शक्यत इति चेत्। मैवम्, प्रत्येकं द्वयोरपि मैत्रतनयत्वादिना साधने साधनाव्यापकत्वस्य शङ्कितुमशक्यत्वात्। अन्यथा सकर्तृकत्वे साध्येऽदृष्टजत्वं अदृष्टजत्वे च सकर्तृकत्वमुपाधिरि-

---

खण्डन—शाकाद्याहारसामग्री की भी मैत्रतनयत्व से ही अनुमिति होने से, शाकाद्याहार सामग्री को साधन के अव्यापक न होने से उपाधि नहीं है। यदि शाकाद्याहारसामग्री को अनुमिति में भी शाकाद्याहारसामग्री की सामग्री को उपाधि कहें तो मैत्रतनयत्व से शाकाद्याहारसामग्री की सामग्री के अनुमान होने से वह भी साधनाव्यापक न होने से उपाधि न कहावेगा, एवं तत्सामग्री के उपाधित्व के उपन्यास में भी मैत्रतनयत्व से तत्सामग्री के अनुमान से साधनाव्यापकत्व जानना चाहिये॥ ६॥

यदि कहें कि तत्सामग्री के साधनव्यापकत्व के अनुमान में साधन की अनवस्था है तो उपाधि के साधनव्यापकत्व के साधन में उपाधि एवं उस उपाधि के साधनव्यापकत्व के साधन में उपाधि—इस रीति से उपाधि के उपन्यास में भी अनवस्था हो जायगी।

किञ्च यदि साध्यसामग्री को भी उपाधि मानें तो "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" यहां भी वह्निसामग्री के उपाधि होने से अनुमितिमात्र के उच्छेद के भय से उपाधि के लक्षण में साध्यसामग्री भिन्न का निवेश हो सकता है, तब मैत्रतनयत्व से शाकपाकजत्व के अनुमान में शाकपाकसामग्री के उपाधि न होने से शाकपाकजत्व को साधन के व्यापक होने से वह उपाधि नहीं हो सकता है।

समर्थन—मैत्रतनयत्व से श्यामत्व के साधन में शाकपाकजत्व उपाधि है तथा शाकपाकजत्व के साधन में श्यामत्व उपाधि है, अतः उपाधि के अनुमान न होने से साधनाऽव्यापकत्व, उपाधि में युक्त ही है।

खण्डन—दोनों को एक काल में मैत्रतनयत्व से साधन होने से शाकपाकजत्व में साधन व्यापकत्व ही है, अतः साधनाऽव्यापकत्व की शङ्का नही है। ऐसे स्थल में यदि एक साध्य की सिद्धि में अन्य उपाधि दे सकें, तो क्षिति में कार्य्यत्व से सकर्तृकत्व के साधन में अदृष्टजत्व तथा अदृष्टजत्व-साधन में सकर्तृकत्व को उपाधि होने से दोनों की असिद्धि हो जायगी, एवं बुद्धिमत्पूर्वकत्व के साधन में प्रयत्नपूर्वकत्व तथा प्रयत्नपूर्वकत्व के साधन में बुद्धिमत्पूर्वकत्व के उपाधि होने से दोनों की असिद्धि हो जायगी, एवं वह्नित्वरूप से वह्नि की अनुमिति में इन्धनज तेज को तथा इन्धनज तेजस्त्वरूप से वह्नि के साधन में वह्नित्वरूप

त्युभयासिद्धिः स्यात्, एवं बुद्धिमत्पूर्वकत्त्वे प्रयत्नवत्पूर्वकत्त्वं प्रयत्नवत्पूर्वकत्त्वे बुद्धिमत्पूर्वकत्वमेवं वह्नित्वजात्याक्रान्तवत्त्वेऽपीन्धनत्वजात्याक्रान्तत्त्वं तस्मिन्वह्नित्वजात्याक्रान्तत्वमुपाधिः स्यादित्यत्राऽपि विश्वमनुमानं व्याकुलं स्यात् ॥ ७ ॥

अत एव साध्यसाधनसम्बन्धं प्रति व्यापकत्त्वं साध्यव्यापकत्त्वमिष्टमित्यपि प्रत्युक्तम्।

यत्राप्युपाधिर्निश्चीयते तत्राप्यतीन्द्रियोपाधिविषये तदभावस्य साधनाव्याप्त्यर्थमनुमेयतायां सोपाधीक्रियमाणेन साधनेनैव सत्प्रतिपक्षस्य कर्त्तुं शक्यत्वात्। तथा सति तत्र शङ्कितोपाधित्वमेव निर्व्यूढं स्थास्यतीति चेत् एवं ब्रुवाणो नियतमजैषीः, परं मन्द, मन्दाक्षं न प्रतिपक्षम्। तथाहि—स्वीकृतनिश्चितोपाधिभावे शङ्कितोपाधित्वमापतदनु-

---

से वह्नि को उपाधि होने से किसी भी रूप से वह्नि का अनुमान न होने से सम्पूर्ण अनुमान उच्छिन्न हो जायँगे ॥ ७ ॥

साध्य तथा साधन के सम्बन्ध का व्यापक तथा साधन का अव्यापक उपाधि है—यह लक्षण भी युक्त नहीं है; कारण कि व्याप्ति, साध्य, साधन के निर्वचन के विना यह निरुक्ति हो नहीं सकती है और व्याप्ति के घटक उपाधि के निर्वचनकाल में इनका निर्वचन हैं नहीं।

किञ्च जहाँ उपाधि निश्चित है वहाँ भी अतीन्द्रिय (शाकपाकजत्व) उपाधि के विषय में साधनाऽव्यापकत्व की सम्पत्ति के अर्थ पक्ष (मैत्रतनय) में शाकपाकजत्वाभाव की गौरत्व से अनुमिति होती है, अतः गौरत्व से शाकपाकजत्वाभाव की अनुमिति में जिस हेतु को उपाधि से युक्त बनाते हैं, उसी हेतु से पक्ष में उपाधि का अनुमान कर सत्प्रतिपक्ष दे सकते हैं।

समर्थन—यदि सत्प्रतिपक्ष होने से साधनाऽव्यापकत्व की सिद्धि न हुई तो वहाँ शङ्कित उपाधि ही रहे, हानि क्या है?

खण्डन—ऐसा कथन करने से तूने अवश्य विजयलाभ किया, परन्तु हे मन्द! मन्दाक्ष (लज्जा) के ऊपर, शत्रु के ऊपर, नहीं। निश्चितरूप से स्वीकार कर पीछे वादी के खण्डन करने पर उपाधि में शङ्कितत्वरूप से कथन को निर्लज्ज से अन्य कौन पुरुष अनुकूल मानेगा। किञ्च कहीं भी निश्चय न हो तो उपाधि का सन्देह भी नहीं हो सकता, कारण कि सामान्यदर्शन से कोटिद्वय के स्मरण होने पर सन्देह होता है और अनुभूत का स्मरण होता है, अतः उपाधि के निश्चय के विना सन्देह कैसे होगा।

समर्थन—जहाँ वह्नि से धूम के साधनस्थल में साधन वह्नि के अधिकरण अयोगोलक में आर्द्रेन्धन संयोग के न होने से आर्द्रेन्धन संयोग में साध्य धूम का व्यापकत्व तथा साधन वह्नि का अव्यापकत्व प्रत्यक्ष है, वहाँ निश्चित उपाधि है।

खण्डन—यद्यपि अयोगोलक में आर्द्रेन्धन संयोग का ऐन्द्रियक (चाक्षुष) बाध है; तथापि आर्द्रेन्धन जातीय अतीन्द्रिय आर्द्रेन्धनसंयोग की अनुमिति जिस हेतु को आप सोपाधिक बनाते हैं, उस वह्नि हेतु से ही हो सकती है। जिसका एकस्थल में प्रत्यक्ष होता हो उसका अन्यस्थल में प्रत्यक्षबाध होने पर भी हेतु के बल से अतीन्द्रियत्व सिद्ध हो सकता है। जैसे पाक से जाठर अग्नि।

कूलं मन्यते कोऽन्यो जितलज्जात्। न च क्वचिन्निश्चितोपाध्यनभ्युपगमे तच्छङ्का शक्या। यत्र प्रत्यक्षेणोपाधिनिश्चयस्तदेव तद्दर्शनस्थानं भविष्यतीति चेन्न। ऐन्द्रियकबाधे तज्जातीयस्यातीन्द्रियस्याप्रयोजकीक्रियमाणेन हेतुनैव साधयितुं शक्यत्वात्। न च यदेकत्रैकजातीयमैन्द्रियकं तदन्यत्रैन्द्रियकबाधे हेतुबलादतीन्द्रियं न प्रसाध्येत पाकदर्शनात् जठरानलादि। साधनाव्यापकत्वे सति साध्यव्यापक इति च न शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परासाध्यं व्याप्नोतीत्यव्यापकतादोषः। न हि शाकादित्वं नाम किञ्चिदेकमस्ति, यत्साध्यं व्याप्नुयात्॥ ८॥

किञ्च साध्य में व्यापक होकर जो साधन के अव्यापक हो वह उपाधि है इस उपाधि के लक्षण में शाकाद्याहारपरिणतिपरम्परारूप उपाधि श्यामत्वरूप साध्य का व्यापक नहीं है, अतः लक्षण में अव्याप्ति दोष है। (और) शाकादि एक अनुगत भी नहीं है जो साध्य का व्यापक हो॥ ८॥—किसी प्रकार शाकादि को अनुगत मान भी लें तो भी श्यामत्व का व्यापक नहीं है, कारण कि इन्द्रनीलशिला का श्यामत्व आहारजन्य नहीं है।

समर्थन—यहाँ यद्यपि साध्यत्व श्यामत्वरूप से है, तथापि साध्यत्व का पर्य्यवसान पुरुषश्यामत्व में ही है और पुरुषश्यामत्व का व्यापक शाकपाकजत्व है ही।

खण्डन—व्याप्ति में उपाधि होती है, अतः जिसकी जिसरूपसे जिसमें व्याप्ति हो, उपाधि में उसीरूप से साध्य के व्यापकत्व तथा साधन का अव्यापकत्व होना चाहिये। प्रकृत में श्यामत्वरूप से व्याप्ति है—अतः उसीरूप से साध्य का व्यापकत्व होना चाहिये, वह है नहीं। हेतु, मैत्रतनयत्वरूप पक्ष का धर्म्म है इसीसे पक्ष मैत्रतनयरूप पुरुष में साध्य की सिद्धि होने से साध्यत्व का, पुरुषश्यामत्व में पर्यवसान है, व्याप्ति के बल से नहीं है।

अन्यथा (यदि पुरुषश्यामत्वरूप से व्याप्ति मानें तो) "मैत्रतनयः पुरुषश्यामः मित्रातनयत्वात्" इत्यादि पञ्चावयव होने से साध्यदल में पुरुषीयत्व के निवेश का [व्यवच्छेद्य न होने से] वैयर्थ्य हो जायगा।

समर्थन—कज्जललेप से जात श्यामत्व की व्यावृत्ति के अर्थ पुरुषीयत्व का निवेश है।

खण्डन—यदि ऐसा हो तो संयुक्तपुरुषनिष्ठ श्यामत्व की परम्परासम्बन्ध से व्यावृत्ति के अर्थ भी विशेषण देना चाहिये।

समर्थन—साध्यसाधनसम्बन्ध का व्यभिचार जिसमें दृष्ट न हो वह साध्यव्यापक है, शाकपाकजत्व—श्यामत्व और मैत्रतनयत्व के सम्बन्ध का व्यापक है, अतः दोष नहीं।

खण्डन—ऐसा मानने पर "चक्षुः तैजसम् साक्षात्कृतिकरणत्वात्, इस सत् अनुमिति में उद्भूतरूपवत्व उपाधि हो जायगा, कारण कि तैजसत्व साक्षात्कृतिकरणत्व इन दोनों के सम्बन्ध का व्यापक उद्भूतरूपवत्व है।

किञ्च साध्यसाधनसम्बन्ध का व्यापक—इसमें सम्बन्ध द्वारा जो साधन का निवेश है, उससे केवल साध्यव्यापक का व्यवच्छेद होता है या नहीं, यदि होता है तो "अध्वरे पश्वालम्भः अधर्मसाधनं हिंसात्वत्" इस स्थल में निषिद्धत्व केवल अधर्म साधनत्वरूप साध्य का व्यापक होने से उपाधि न होगा और यदि केवल साध्यव्यापक का व्यवच्छेद नहीं होता है तो विशेषण व्यर्थ हो जायगा; कारण कि केवल प्रयोजन होने से विशेषण सफल नहीं होता है; किन्तु

अस्तु वा कथमपि, तथापि श्यामत्वं न व्याप्नोति, इन्द्रनीलशिलादिश्यामलस्याहाराजन्यत्वात् । शरीरश्यामत्वं, साध्यं तच्च व्याप्नोत्येवेदमिति चेन्न । व्याप्तावुपाधेरभिधेयत्वात् । नच पुरुषश्यामत्वेन व्याप्तिः । हेतुपक्षधर्मतयैव हि साध्यं पक्षधर्मः सिद्ध्यति न व्याप्त्या, अन्यथा पुरुषपदस्य व्यवच्छेदकस्याविशेषणत्वापातात् । परम्परासम्बन्धिकज्जलादिलेपश्यामलव्यवच्छेदकत्वे च संयुक्तश्यामपुरुषसमवेतश्यामलस्य परम्परासम्बन्धिनः कथं व्यवच्छेदः स्यात् । नच साध्यसाधनसम्बन्धादृष्टव्यभिचारत्वं साध्यव्यापकत्वं मा रूपसाक्षात्कृतिकरणादेस्तैजसादित्वे साध्ये भूदुद्भूतरूपवत्वादेरुपाधित्वम् । साधनेनापि च विशेषणतया निवेश्येन यदि केवलसाध्यव्यापकं व्यवच्छेद्यं, तदा तस्य व्यभिचारशङ्काधानक्षमस्याप्युपाधित्वं न स्यात् । अथ न किञ्चिद्व्यवच्छेद्यं तदा विशेषणत्वासिद्धिरेव । न हि प्रयोजनमात्राद्विशेषणमर्थवद्भवति, किन्तु किञ्चिद्व्यवच्छेदादिति । अन्यथा शरीरजन्यत्वमिवाकर्तृकत्वे व्यक्तमसिद्धौ पर्य्यवस्येदिति ॥ ६ ॥

किञ्च आभासे व्यतिरेकिणि पक्षधर्म्महेतौ जीवच्छरीरं पृथिव्याद्यष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत्, प्राणादिमत्वादित्यादौ कथमिदमुपाधिलक्षणं व्यवस्थाप्यं, न ह्याभासे

किसीका व्यवच्छेद होने से सफल होता है । अन्यथा जैसे "क्षित्यङ्कुरादिकम् कर्त्रजन्यं शरीराजन्यत्वात्" इस स्थल में शरीरविशेषण के व्यवच्छेदकत्व न होने से व्याप्यत्वासिद्धि होती है, वैसे ही "मैत्रतनयत्वम्, श्यामत्वव्यभिचारि, मैत्रतनयत्वावच्छिन्नश्यामत्वव्यापकशाकपाकजत्वव्यभिचारित्वात्" इस उपाधिव्यभिचार से साध्यव्यभिचार के अनुमितिस्थल में भी हेतुदल में मैत्रतनयत्वरूप विशेषण के व्यवच्छेदकत्व न होने से व्याप्यत्वासिद्धि हो जायगी ॥ ६ ॥

किञ्च केवलव्यतिरेकीआभास में जहाँ पक्ष में हेतु है, अर्थात् "जीवच्छरीरं पृथिव्याद्यष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत् प्राणादिमत्वात्" इस स्थल में इस लक्षण की व्यवस्था कैसे होगी । केवल व्यतिरेकीआभास में जो साध्य है वह उपाधि (भोगायतनत्व) से व्याप्त नहीं है, कारण कि ऐसा मानने पर, पर के अभिमत साध्य की कहीं सिद्धि हो जायगी ।

समर्थन—व्यतिरेकीआभास में व्यतिरेक व्याप्ति में ही उपाधि होती है, अतः उपाधि के व्याप्त होने से साध्य की कहीं सिद्धि नहीं हो सकती है ।

खण्डन—व्यतिरेकव्याप्ति भी "यत्र यत्र पृथिव्याद्यष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत्वं नास्ति, तत्र तत्र प्राणादिमत्वं नास्ति" यही है । उसमें जो पृथिव्याद्यष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत्वरूप साध्य का भाव व्याप्य है, उसका व्याप्य अभोगायतनत्वरूप उपाधि है—ऐसा अवश्य मानना होगा, अन्यथा यदि उपाधि को साध्याभाव का व्याप्य न मानें तो अभोगायतनत्वरूप उपाधि के अन्वय में साध्य का अन्वय हो जायगा, अतः फिर भी पराभिमत साध्य की कहीं सिद्धि हो जायगी । उपाधि (अभोगायतनत्व) में जो व्यतिरेकव्याप्ति (यत्र २ साध्याभावो नास्ति तत्र उपाधिर्नास्ति) है, उसके अवश्यम्भाव होने से उपाधि (अभोगायतनत्व) का जो व्यापक (अष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत्त्वाभाव) उसके व्यतिरेक (अभाव) अष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत्व को उपाधि (अभोगायतनत्व) के व्यतिरेक (अभाव) भोगायतनत्व का व्याप्य अवश्य मानना होगा, अतः पर के अभिमत साध्य की कहीं सिद्धि हो जायगी । असमव्याप्तिक व्याप्यव्यापकस्थल में अर्थात् (जीवच्छरीरं, अष्टद्रव्यातिरिक्तानेकद्रव्यवत

व्यतिरेक्यनुमानात्मनि यत्साध्यं तदुपाधिना व्याप्तमिष्यते तस्य पराभिमतस्य क्वचित् सिद्ध्यापत्तेः। व्यतिरेकयोर्व्याप्तावुपाधिश्चेत् तर्हि व्यतिरेके यद्व्याप्यं तस्य व्याप्य उपाधिरवश्यं मन्तव्योऽन्यथोपाधेरन्वये साध्यान्वयापत्तिरित्युपाधिव्यतिरेकव्याप्त्यवश्यम्भावस्याभ्युपगम्यतया उपाधेर्यद्व्यापकं तद्व्यतिरेक उपाधेर्व्यतिरेकस्य व्याप्यतया मन्तव्य इति परसाध्यापत्तिः। असमव्याप्तिकयोरन्वयव्याप्तिसाध्यसाधनभाववैपरीत्येन व्यतिरेकव्याप्तेरिति। नच दोषान्तरमेव तर्हि वाच्यमिति वाच्यम्। हेतोः पक्षधर्म्मत्वस्थितौ व्याप्तिक्षत्यर्थं त्वयोपाध्युपगमध्रौव्यात् ॥ १० ॥

भवतु वा या काचिद्व्याप्तिर्नाम तत्सत्त्व एवानुमितिभावात् तस्याश्चानुमितेश्च व्याप्तिरेष्टव्या, ततश्चाऽऽत्माश्रयः। तद्भेदे चाऽननुगमाविनिगमौ स्यातामिति।

व्याप्तिपक्षधर्म्मते अनुमितिं भावयत इति वदन्ति। कश्चायं पक्षो नाम यद्धर्म्मत्वं पक्षधर्म्मत्वम्। सिषाधयिषितधर्मा धर्मीति चेन्न। सिषाधयिषा हि प्रतिपिपादयिषा वा स्यात् प्रतिपित्सा वा। आद्ये स्वार्थानुमित्यनुदयप्रसङ्गः। द्वितीये चासुरभिगन्धानुमेयकुत्सितरसविषयस्वार्थानुमित्यनुदयप्रसङ्गः।

प्राणादिमत्वात् इत्यादि स्थल में) अन्वयव्याप्ति में जो साध्यसाधनभाव है, उसके विपरीत साध्यसाधनभाव व्यतिरेकव्याप्ति में होता है। व्यतिरेकी आभास में उपाधि दोष नहीं है, किन्तु अन्य ही दोष है, यह नहीं कह सकते हैं, कारण कि हेतु के पक्ष में होने पर व्याप्ति की क्षति के अर्थ उपाधि अवश्य माननी पड़ेगी। चाहे व्याप्ति कुछ भी हो, परन्तु व्याप्ति होने पर ही अनुमिति होती है, अतः अनुमिति के व्याप्तिजन्य होने से तथा जन्यत्व के व्याप्तिघटित होने से व्याप्ति की व्याप्ति, अनुमिति में अवश्य माननी होगी, तब तो यदि वही व्याप्ति मानें तो आत्माश्रय है और यदि भेद मानें तो उस व्याप्ति की भी अनुमिति में अन्य व्याप्ति होने से अनवस्था तथा अनेक व्याप्ति होने से अननुगम तथा अनेक व्याप्ति होने से कौनसी व्याप्ति अनुमिति का अङ्ग है इसमें विनिगमक का अभाव हो जायगा ॥ १० ॥

किञ्च आचार्य्यलोग कहते हैं कि व्याप्ति और पक्षधर्मता, अनुमिति के कारण हैं। उनमें पक्षधर्म्मता क्या वस्तु है ? यदि पक्ष में आश्रितत्व (वृत्तित्व) को पक्षधर्म्मता कहें तो नैयायिक आदि के मत में प्रमेयत्व हेतु न कहावेगा, कारण कि नैयायिक विषयविषयिभावरूप प्रमेयत्व को ज्ञेय और ज्ञान के स्वरूप से अतिरिक्त नहीं मानते हैं और ज्ञेय, ज्ञान, पक्ष जो प्रमेय तदाश्रित नहीं हैं, किन्तु आत्मादि आश्रित हैं। किञ्च पक्ष ही क्या वस्तु है जिसका धर्म्म पक्षधर्म्मता है।

निर्वचन—जिस धर्मी में साध्यरूप धर्म्म की सिषाधयिषा हो वह पक्ष है।

खण्डन—सिषाधयिषा, कथन की इच्छा है वा ज्ञान की इच्छा है। यदि प्रथमपक्ष मानें तो स्वार्थानुमिति का उदय नहीं होगा; कारण कि स्वार्थानुमिति में पञ्चावयवरूप प्रतिपादन की इच्छारूप पक्षता नहीं रहती है और अनुमितिमात्र में पक्षधर्म्मता कारण है। द्वितीयपक्ष में "सटित (सड़ा) मांसम्, कुत्सितरसवत्, असुरभिगन्धवत्वात्" यह स्वार्थानुमान नहीं कहावेगा, कारण कि यहां प्रतिपित्सारूप पक्षता नहीं है।

निर्वचन—जिस धर्मी में धर्म्म ज्ञात न हो वह पक्ष है।

न चानवधारितधर्मा धर्मी पक्षः। हेतुमत्तयाऽप्यनवधारणेऽनुमानोदयनिदान-भावासम्भवात्, अवधारणे चानवधारितधर्मत्वानुपपत्तेः॥ ११॥

नचाऽनवधारितहेतुविषयधर्मा धर्मी पक्षः, तथाहि केनानवधारितधर्मा, न तावद्-नुमानप्रयोक्त्रा, स्वयमज्ञाते परं प्रत्यप्रयोगात्। प्रतिवादिनेति चेन्न। प्रतिवादिविदिते ह्यर्थे वादितया परस्परविद्योत्कर्षापकर्षनिरूपणार्थमनुमानदर्शनात्।

तथाऽनवधारणं यत्किञ्चिद्धेतुविषयधर्मगोचरं, वादिप्रयोक्तव्यहेतुविषयगोचरं वा। न तावदाद्यः, अग्निमत्त्वनिश्चयदशायामपि तत्तद्धेतुविषयबहुतरापरधर्मानवधारणात् धूमं प्रति पर्वतस्य पक्षत्वप्रसङ्गात्। न द्वितीयः तथापि तत्र प्रसङ्गात्। तद्धेतूनामपि वादिप्रयोज्य-त्वात्। असाधारणविवक्षायाञ्चाननुगमात्, इतरेतराश्रयदोषाच्च। पक्षधर्मत्वेन हेतुत्वनिरू-पणात्। व्याप्तपक्षधर्मत्वस्य हेतुत्वात्। हेतुना च पक्षनिरूपणात्। स्वार्थानुमाने च हेतोरप्रयोज्यत्वात्, पक्षाभावेनानुमानानुदयप्रसङ्गात्। विरुद्धहेतौ पक्षस्याभासत्त्वप्रसङ्गात् तत्र साध्यस्य तद्धेतुविषयत्वाभावात्, हेतोरेव च साध्यविपरीतव्याप्तया दुष्टत्वात्॥१२॥

एतेन सन्दिग्धसाध्यधर्मा धर्मी पक्षः, साध्यत्वञ्च स्वपरार्थानुमानसाधारणमुत्पाद्य-ज्ञानत्वमिति निरस्तम्। भवतु वा यः कश्चन पक्षः, केयं पक्षधर्मता। पक्षाश्रिततेति

खण्डन—जिस काल में हेतु (धूम आदि) का पर्वत में अनिश्चय है, उस काल में भी पर्वत, पक्ष हो जायगा और उस काल में अनुमिति न होने से वह पक्ष नहीं है और धूम के ज्ञान होने पर धर्मी के ज्ञात होने से पर्वत पक्ष नहीं कहावेगा और पक्ष कहाता है॥११॥

समर्थन—हेतु का विषय साध्यरूप धर्म अज्ञात है जिस धर्मी में, वह पक्ष है।

खण्डन—यह लक्षण भी युक्त नहीं है; कारण कि किससे अज्ञात? यदि न्यायप्रयोक्ता से अज्ञात कहें तो परार्थानुमान में अनुमानप्रयोक्ता से पर्वत में वह्नि के ज्ञात होने से पर्वत पक्ष न कहावेगा। और यदि प्रतिवादी से अज्ञात कहें तो युक्त नहीं, कारण कि प्रतिवादी से साध्य के ज्ञात होने पर भी परस्पर विद्या के उत्कर्ष के बाधन के अर्थ प्रतिवादी अनुमान का प्रयोग करते हैं। तथा यत्किञ्चित्हेतुविषयधर्म का अनवधारण अपेक्षित है अथवा वादिप्रयोक्तव्यहेतुविषयधर्म का अनवधारण। प्रथमपक्ष में अग्नि के निश्चय होने पर भी तत् तत् अन्यहेतु विषय बहुत से धर्मों के अनिश्चय होने से धूम के प्रति पर्वत पक्ष हो जायगा। द्वितीयकल्प भी युक्त नहीं है; कारण कि अग्नि की निश्चयदशा में भी वादिप्रयो-क्तव्य धूमरूप हेतु विषय श्यामत्वप्रदेशवत्वरूपादि धर्म का अज्ञान है ही। अथवा अन्य हेतु भी कदाचित् वादी से प्रयोक्तव्य हैं ही। यदि कहें कि वादिप्रयोक्तव्य धूमरूप हेतु के विषय वह्निरूप धर्म का अनवधारण जहाँ हो, वह पक्ष है, तो साध्यसाधन भेद से पक्ष लक्षण के भेद होने से लक्षण में अननुगम दोष हो जायगा। किञ्च अन्योन्याश्रयदोष भी होगा, कारण कि व्याप्ति पक्षधर्मताविशिष्ट को ही हेतु कहते हैं। अतः पक्ष से हेतु का और हेतु से पक्ष का निरूपण है। किञ्च स्वार्थानुमान में हेतु का प्रयोग होता भी नहीं है, अतः पक्ष न होने से अनुमिति नहीं होगी। किञ्च विरुद्धहेतु में पक्षधर्मत्व का अभाव हो जायगा; कारण कि वहाँ साध्य हेतु का विषय नहीं होता है, किन्तु हेतु के साध्याभाव से व्याप्य होने से ही दुष्ट होता है॥१२॥

जहाँ साध्य का सन्देह हो वह पक्ष है और स्वार्थ परार्थ अनुमिति साधारण उत्पाद्य (जायमान) ज्ञान का विषय ही साध्य है—यह पक्ष का लक्षण भी युक्त नहीं है, कारण कि

चेन्न। नैयायिकादीन् प्रति प्रमेयत्वस्याहेतुत्वप्रसङ्गात्। विषयविषयिभावस्य ज्ञेयज्ञान-रूपातिरिक्तस्यानङ्गीकारात्। तयोश्च ज्ञेयाश्रितत्वायोगात्।

प्रतीतिं व्याप्तिबलेन सामान्यतो व्यापकावगाहनप्रवृत्तां विशेषमादाय परं पर्य्यवसाययितुं व्याप्तस्य सामर्थ्यं सेति चेन्न। तस्याः सामान्यविषयाया अनुपपत्तेरसिद्धेर्व्याप्तिवत्सम्भवात्, अनुपपत्तित्वे व्याप्त्यनुप्रवेशात्, अधिकविषयाकाङ्क्षित्वे विरम्य व्यापारापत्तेः, मानान्तरत्वापत्तेर्वा। विशेषविषयायाश्चानुपपत्तित्वेऽतिप्रसङ्गात्। पक्षधर्म्मतया च यदि साध्यव्यक्तिभेदः सिद्ध्येत् तर्ह्यनुमाय तां प्रत्यक्षेण पुरुषद्वयदर्शने तद्विशेषासंशयी स्यात्। प्राग्विशेषादर्शनात्तथा स्यादिति चेन्न। पश्चात्तत्र तद्दर्शित्वान्न संशयीतेति ॥१३॥

सन्देह के विशेषणत्व वा उपलक्षणत्व दोनों कल्पों में दोष कह आये हैं। किञ्च वादी का सन्देह वा प्रतिवादी का यह विकल्प कर पूर्वोक्त युक्ति से भी अयुक्त है।

निर्वचन—व्याप्ति के बल से सामान्यरूप से व्यापक को विषयकरनेवाली प्रतीति को विशेष के ग्रहण कर पर्य्यवसित (निराकाङ्क्ष) करनेवाली जो व्याप्य की सामर्थ्य वह पक्षधर्म्मता है?

खण्डन—यह लक्षण भी युक्त नहीं है; कारण कि सामान्य से जात प्रतीति, विशेष की प्रतीति के विना अनुपपन्न हो नहीं है; कारण कि जैसे "जो जो धूमवाला है वह वह वह्नि वाला है" यह सामान्यविषयक व्याप्तिज्ञ न विशेष की प्रतीति के विना ही होता है, ऐसे ही अनुमिति भी विशेष को प्रतीति के बिना ही होगी। यदि विशेष की प्रतीति के बिना सामान्य की प्रतीति अनुपपन्न मानें, तो व्याप्ति की प्रतीति भी विशेषविषयक हो जायगी। यदि कहें कि सामान्य से प्रतीति, विशेष के विना अनुपपन्न नहीं है, किन्तु विशेष की आकाङ्क्षा करती है, यही अपर्य्यवसान है तो सामान्यविषयक प्रतीति ही अधिक की आकाङ्क्षा करती है अथवा अन्य किसी (पक्ष धर्म्मता आदि) अधिक (विशेष) की आकाङ्क्षा करती है। प्रथमपक्ष में सामान्यबुद्धि के दो व्यापार मानने पड़ेंगे। एक स्वजन्म, द्वितीय विशेष विषयकआकाङ्क्षा, सो बुद्धि के बार २ व्यापार न होने से अयुक्त है। द्वितीयपक्ष में व्याप्ति के बल से सामान्य-विषयक प्रतीति एक प्रमिति तथा पक्षधर्म्मता के बल से विशेषविषयक अन्य प्रमिति इस रीति से दो प्रमाण हो जायगें। यदि कहें कि सामान्य की प्रतीति अनुपपन्न नहीं है; किन्तु विशेष की प्रतीति ही पर्वत निष्ठत्वादि अन्य विशेष के विना अनुपपन्न है तो पर्वतनिष्ठत्व भी अन्य विशेष के विना अनुपपन्न है एवं अन्यविशेष भी अन्यविशेष के विना, इस रीति से अनवस्था दोष हो जायगा॥

यदि पक्षधर्म्मता से साध्य व्यक्तिभेद (विशेष) सिद्ध होता तो अनुमान कर चक्षु से वह्नि के दर्शनकाल में तथा शब्दविशेष से पुरुष का अनुमान कर चक्षु से पुरुषद्वय के दर्शन काल में-यही अनुमित वह्नि व्यक्ति है वा अन्य" तथा यही अनुमित पुरुष है वा अन्य-इत्याकारक सन्देह न होता। यदि कहें कि पूर्वकाल में विशेष का दर्शन (प्रत्यक्ष) नहीं है, अतः सन्देह होता है तो पश्चात् (इदानीं सन्देहकाल में) विशेष का प्रत्यक्ष है, अतः सन्देह न होना चाहिये और सन्देह होता है, अतः जानते हैं कि अनुमिति सामान्यविषयक ही होती है; विशेष विषयक नहीं॥

इति अनुमानलक्षण खण्डन

अथोपमानलक्षणखण्डनारम्भः

उपमानमपि किमुच्यते। सादृश्यज्ञानमुपमानमित्येके। तन्न। स्मृतावपि प्रसङ्गात्। अनुभव इत्यभिधाने च सदृशाविमावितीन्द्रियजेऽपि प्रसङ्गात्। सोऽपि गवयो गवा सदृशो गवयत्वात् गवयान्तरवदित्यनुमानस्यापि तत्त्वापत्तेः। एवमाप्तोक्तिजेऽपि।

किञ्चोपमितिलक्षणमिदमुपमितिकरणलक्षणं वा स्यात्। नाद्यः सादृश्यस्योपमेयत्वापत्तेः। सदृशे चोपमेयव्यवहारोऽस्ति चन्द्रोपमेयं मुखमित्यादि। सदृशमितिः सेति चेन्न। अक्षादिकरणासम्भवे तदुदाहरणासिद्धेः। नापि द्वितीयः। सादृश्यज्ञानस्य सर्वस्यासम्भवत्प्रमाणान्तरव्यापारफलजनकताया दर्शयितुमशक्यत्वात्॥ १४॥

नच सादृश्यमेकमनुगतमस्ति। मुखसादृश्यस्य हस्तसादृश्यस्य च भेदेनैवोपलम्भात्। नच सादृश्यरूपत्वमनुगतं तेष्वपीत्यदोषः। तथापि सादृश्येन सह सादृश्येऽने-

....

अथ मीमांसकादि के अभिमत उपमान का खण्डन

उपमान भी क्या है अर्थात् लक्षण न होने से अनिर्वचनीय है।

निर्वचन—सादृश्य का ज्ञान उपमान है ऐसा लक्षण होने से अनिर्वचनीय नहीं है।

खण्डन—यदि ऐसा मानें तो सादृश्य की स्मृति भी उपमान हो जायगी और सादृश्य की स्मृति को उपमिति का करणरूप उपमान नहीं मान सकते हैं, कारण कि उसके अनन्तर अन्य अनुभव नहीं होता है जो, फलरूप उपमिति कहावे, तथा सादृश्य की स्मृति को उपमिति (फलरूप उपमान) भी नहीं मान सकते हैं, कारण कि स्मृति अप्रमा है और उपमिति प्रमा है॥

समर्थन—सादृश्य का अनुभव उपमान है।

खण्डन—ऐसा करने पर "सदृशौ इमौ" यह चक्षु आदि से जायमान ज्ञान भी उपमान हो जायगा—इसी रीति से "सोपि गवयो गवा सदृशो गवयत्वात्-गवयान्तरवत्" यह अनुमिति तथा "गोसदृशो गवयः" इस शब्द से जात ज्ञान भी उपमान हो जायगा। किञ्च सादृश्य का अनुभव उपमान है यह लक्षण उपमिति का है अथवा उपमिति के करण का? इनमें प्रथमकल्प युक्त नहीं है, कारण कि सादृश्य उपमेय हो जायगा और चन्द्रोपमेयं मुखम्—इस स्थल में सदृश में ही उपमेय व्यवहार होता है सादृश्य में नहीं।

समर्थन—सदृश का अनुभव उपमान है।

खण्डन—जहाँ चक्षुरादि वा हेतु वा शब्दरूप करण न हो वहाँ सदृश का ज्ञान होता नहीं है जो उपमान कहावे और जहाँ चक्षुरादि करण हैं वहाँ सदृश ज्ञान प्रत्यक्षादि ही है। सदृश का अनुभव उपमिति का करणरूप उपमान है—यह द्वितीयकल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि जिसमें अन्य इन्द्रियादि प्रमाण के व्यापार न हों वैसा उपमितिरूप फल प्रसिद्ध नहीं है, जिसके करण को सदृशज्ञानरूप उपमान मानें॥ १४॥

किञ्च सदृशमात्र में अनुगत एक सादृश्य नहीं है, कारण कि मुख में चन्द्र का सादृश्य तथा हस्त में पल्लव का सादृश्य भिन्न २ है एक नहीं है, अतः यदि मुखनिष्ठ सादृश्य के ज्ञान को उपमान कहें तो हस्तनिष्ठ सादृश्य के ज्ञान में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी।

कस्थत्वादौ सादृश्यरूपत्वाश्रिते सादृश्यरूपत्वस्याश्रयणाभ्युपगमे परस्पराश्रयभावोऽनभ्युपगमे वाऽननुगमः। तयोः सादृश्यानभ्युपगमे वाऽन्यत्रापि तथापत्तिः। किञ्च वैधर्म्यप्रतीतेरपि प्रमाणान्तरत्वमेवं स्यादविशेषात्। एवमेवाभ्युपगमे च परिगणितप्रमाणाधिक्यप्रसङ्गो वा सादृश्यबुद्धेरपि वा परिगणितेष्वेवान्तर्भावः स्यादिति ॥१५॥

अप्रतीयमानस्य प्रतीयमानेन सह सादृश्यप्रमितिरुपमानमित्यपि न। आप्तवाक्यादपि तथा प्रमितेः।

यत्र तद्व्यापारो नास्तीति चेन्न। स चायञ्च अभिन्नावितिवत् स चायञ्च सदृशाविति पूर्वप्रतीतस्य प्रतीयमानेन सहैवैन्द्रियकसादृश्यप्रतीतावपि प्रसङ्गात्। इन्द्रियासम्पृक्तस्येति चेन्न, प्रत्यक्षतो गोगवयसादृश्यं प्रतीत्य साऽपि च गौर्गवयेन सदृशी गोत्वादियमिवेत्यनुमितावपि प्रसङ्गात्। अलिङ्गजापीति चेन्न। नन्वेवं प्रत्यक्षानुमानशब्दानु-

---

समर्थन—सर्वसादृश्य में सादृश्यत्वरूप धर्म अनुगत है, अतः "सादृश्यत्वविशिष्ट का अनुभव उपमान है" ऐसा लक्षण होने से हस्तनिष्ठसादृश्य ज्ञान में अव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—सादृश्य का अनेकस्थत्वरूप से सादृश्य जो सादृश्यत्व में है उसमें यदि सादृश्यत्व मानें तो अन्योन्याश्रय हो जायगा और यदि सादृश्यत्व न मानें तो उस सादृश्य के ज्ञान का असंग्रह होने से उसमें उपमान के लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी।

किञ्च यदि सादृश्य का सादृश्य सादृश्यत्व में न मानें, तो मुख में चन्द्र के सादृश्य को भी न मानिये; कारण कि सादृश्य के न होने पर भी सादृश्य के सादृश्य की प्रतीति के तुल्य मुख में चन्द्र के सादृश्य की प्रतीति भी हो सकती है।

किञ्च "गोविलक्षणोऽयं महिषः" यह वैलक्षण्य की प्रतीति भी सादृश्य के अनुभव के तुल्य अन्य (पञ्चम) प्रमाण हो जायगी, कारण कि सादृश्य की प्रतीति से वैधर्म्य की प्रतीति में कोई विशेष नहीं है, जिससे सादृश्य की प्रतीति को प्रमाण मानें और वैधर्म्य की प्रतीति को प्रमाण न मानें। यदि वैधर्म्य की प्रतीति को प्रमाण मान लें तो परिगणित प्रमाण का आधिक्य हो जायगा अथवा वैधर्म्य की प्रतीति के तुल्य सादृश्य की प्रतीति का भी किसी प्रमाण में अन्तर्भाव हो जायगा ॥ १५ ॥

समर्थन—प्रतीयमान (गवय) का अप्रतीयमान (गो) में सादृश्य की प्रमिति उपमान है।

खण्डन—"त्वदीया गौः अनेन गवयेन सदृशी" इस आप्तवाक्य से जात सादृश्य की प्रमिति भी उपमान कही जायगी।

समर्थन—जहां शब्द का व्यापार न हो ऐसी उक्त प्रतीति उपमान है।

खण्डन—"स च अयञ्च अभिन्नौ" इस प्रत्यभिज्ञा के तुल्य "स च अयञ्च सदृशौ" यह चाक्षुष प्रत्यभिज्ञा भी होती है वह उपमान हो जायगी।

समर्थन—जहां इन्द्रिय का सन्निकर्ष भी न हो ऐसी उक्त प्रतीति उपमान है।

खण्डन—जहां प्रत्यक्ष से गो तथा गवय के सादृश्य की प्रतीति के अनन्तर "सापि गौःगवयेन सदृशी, गोत्वात्, इयमिव" ऐसी अनुमिति होती है, उसमें उपमानत्व का प्रसङ्ग हो जायगा।

समर्थन—लिङ्ग से भी अजन्य उक्त प्रतीति, उपमान है।

त्यत्वे सतीत्युक्तं स्यात् । तथा च विशेषणमेव समर्थमित्यप्रतीयमानस्येत्यादि व्यर्थम् ॥१६॥

नोपादेयमेव पदान्तरमिति चेन्न । अर्थापत्तेरवश्यं सम्भवात्, तेन सार्द्धमेतत्सादृश्यस्यानेन सार्द्धं तत्सादृश्यव्यतिरेकेणानुपपद्यमानत्वात् । अन्यथा प्रत्ययोत्पत्तिविषयं प्रमाणान्तरमापद्येत । तस्मादयं ह्रस्व इति प्रतीतेरस्मात् स दीर्घ इति चान्यथा कतमा प्रमा स्यात् । अर्थापत्तिं प्रमाणान्तरमनिच्छतापीयमर्थापत्तिरनुमाने वाऽन्तर्भाव्या पृथक् प्रमाणीकर्त्तव्या वा ।

एतेनाप्रतीतगवयगवान्तरसामान्यस्यादृष्टान्तानुमानासम्भवात्, गवयेनानेन सदृशी सा गौरिति मितिरुपमितिरित्यपि व्युदस्तम् । तयैतत्सादृश्यस्यैतेन तत्सादृश्यं विनाऽनुपपत्त्यैव सिद्धेरिति ॥१७॥

खण्डन—ऐसा कहने पर प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द से, अजन्य हो-यह कथित हुआ, तब तो प्रत्यक्षानुमान और शब्द से अजन्य ज्ञान उपमान है इयन्मात्रही लक्षण युक्त है "अप्रतीयमानस्य प्रतीयमानेन" इत्यादि विशेष्य दल व्यर्थ है। ॥१६॥

यदि कहें कि अप्रतीयमानस्य इत्यादि विशेष्यांश नहीं ही देना चाहिये, तो यह भी युक्त नहीं, कारण कि उपमान का फल अर्थापत्ति से ही सिद्ध है। देखिये—उसके साथ इसका सादृश्य, इसके साथ उसके सादृश्य के विना अनुपपद्यमान है । अतः उसके साथ इसके सादृश्य से इसके साथ तत्सादृश्य का आक्षेपरूप ज्ञान हो जायगा । अन्यथा यदि प्रतीयमान के साथ अप्रतीयमान के सादृश्य की प्रतीति को अर्थापत्ति न मानें (प्रमाणान्तर मानें) तो प्रतीयमान महिष के साथ अप्रतीयमान गौ के वैधर्म्य की प्रतीति भी प्रमाणान्तर कही जायगी। तथा "उससे यह ह्रस्व है" इस प्रतीति से जात "इससे वह दीर्घ है" यह प्रतीति कौनसी प्रमा होगी, जो पण्डित अर्थापत्ति को अन्य प्रमाण नहीं मानते हैं अनुमान में अन्तर्भूत मानते हैं। "इससे वह दीर्घ है" इस अर्थापत्ति को अनुमान के अन्तर्गत मानेंगे अथवा पृथक् प्रमाण मानेंगे। जिस पुरुष को पूर्वकाल में गो-गवय के सादृश्य की प्रतीति नहीं हैं, उस पुरुष को दृष्टान्त के न होने से अनुमान ज्ञान तो होगा नहीं, अतः उस पुरुष की इस गवय के सदृश मेरी गौ है—यह प्रतीति उपमान है—यह कथन भी खण्डित जानना चाहिये, कारण कि उसके साथ एतत्सादृश्य की (इसके साथ तत्सादृश्य के विना) अनुपपत्ति से ही इस गवय के सदृश मेरी गौ है—यह प्रतीति हो सकती है ॥ १७ ॥

अथ नैयायिकाभिमत उपमान का खण्डन

निर्वचन—जिस शब्द का संकेत अज्ञात हो, उस शब्द से युक्त वाक्य के अर्थ का शब्द में अनुसंधान उपमान है।

खण्डन—यह लक्षण युक्त नहीं है, कारण कि जिस शब्द का संकेत प्रथम तो अवगत हो और पश्चात् विस्मृत हो गया हो, उस शब्द से समभिव्याहृत वाक्यार्थ का शब्द में उप-

अनवगतसङ्गतिसंज्ञासमभिव्याहृतवाक्यार्थस्य संज्ञिन्यनुसन्धानमुपमानमित्यपि न, प्रस्मृतसङ्गतेरेवम्भूतोपमित्यव्यापनात्। अस्मृतसंगतीत्यभिधेयमिति चेन्न। अनुभूतस्मृतकालान्तरप्रस्मृतसङ्गतेरव्यापनात्। अस्मर्य्यमाणेति चेन्न। कदाचित् स्मर्य्यमाणताया स्तत्रापि सम्भवात्। सर्व्वदा अस्मर्य्यमाणतायाः क्वचिदप्यसम्भवात्। उपमितिप्राक्काल इति चेत्स्यादेवैतद्यद्युपमितिर्लक्षिता स्यात्, तदर्थमेव तु क्रन्दनमिदम्भवतः ॥१८॥

किञ्च सर्व्वैरनवगतसङ्गतित्वस्य प्रकृतेऽप्यसिद्धेः। केनाप्यनवगतसङ्गतित्वस्य वाक्यजेऽपि सम्भवात्। उपमात्रेति च पूर्ववत् निरस्तम्। यस्याः प्रमितेर्येन प्रमात्रेति चाभिधाने अनुगतरूपाभावात् व्यक्तौ पतनेन लक्षणाननुगत्यापत्तेः।

संज्ञेत्यप्याकुलं, गोसदृशो गवयः प्रायः कानने महति दृश्यत इति श्रुतवाक्यस्य काननपदाविदितसङ्गतेर्गवयपदविदितसङ्गतेश्चासंज्ञासंज्ञिसम्बन्धप्रतिपत्तिफलायामीदृशप्रतिपत्तौ गतत्वेनातिव्यापकत्वात्। विनापि वा प्रायः शब्दमभिहितस्य तस्यानुस-

---

संहार भी उपमान है और सङ्केत के ज्ञान होने से उक्त लक्षण समन्वित होता नहीं है, अतः अव्याप्ति होगी।

समर्थन—जिस शब्द का संकेत अस्मृत हो उससे समभिव्याहृत वाक्यार्थ का शब्द में अनुसंधान उपमान है। प्रकृत में यद्यपि संकेत अवगत है, तथापि स्मृत तो नहीं है, अतः अव्याप्ति नहीं।

खण्डन—जहाँ प्रथम तो संकेत अनुभूत हुआ हो, पश्चात् स्मृत हुआ हो पुनः कालवश से विस्मृत हुआ हो, वहाँ भी शब्द में उक्त वाक्यार्थ का अनुसन्धान उपमान ही है, और संकेत में स्मृतिविषयत्व ही है, स्मृतिविषयत्व का अभाव नहीं है, अतः उक्त लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—अस्मर्यमाण (वर्तमानस्मरण का अविषय) है संकेत जिस शब्द को उससे समभिव्याहृत वाक्यार्थ का शब्द में अनुसंधान उपमान है और उक्तस्थल में वर्तमान स्मरण नहीं है, अतः अव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—यदा कदाचित् वर्तमान स्मरण का विषयत्व उक्तस्थल में भी है, अतः वह अव्याप्ति तदवस्थ ही है और सर्वदा वर्तमान स्मरण के विषयत्व का अभाव कहीं भी नहीं है, कारण कि स्मृति के क्षणिक होने से सर्वदा वह वर्तमान नहीं रहती है, अतः अलीकप्रतियोगिक होने से उक्त अभाव हो नहीं सकता है, अतः असम्भव हो जायगा।

समर्थन—उपमिति से प्राक्काल में वर्तमान स्मरण का अविषय जो संकेत—इत्यादि कथन में कुछ दोष नहीं है।

खण्डन—ऐसा कह सकते, यदि उपमिति की निरुक्ति हो चुकी होती। उपमिति के लक्षण के अर्थ ही तो आपका यह क्रन्दन है, फिर इस काल में ऐसा परिष्कार कैसे हो सकता है ॥१८॥

किञ्च सब मनुष्यों से अनवगत संकेत उपमितिस्थल में भी नहीं है और एक दो व्यक्तियों से अनवगत संकेत वाक्य से जायमान बोधमात्र में है, अतः सब मनुष्यों से अनवगतत्व की विवक्षा में असम्भव और एक दो व्यक्तियों से अनवगतत्व की विवक्षा में

न्धाने प्रसङ्गः। तत्र काननसंज्ञासंज्ञिसम्बन्धावधारणेऽप्यन्यत्रैव पदान्तरसमभिव्याहारोत्थाया अन्यथानुपपत्तेः प्रमाणत्वात्। न तूपमानस्य। उपमेयसंज्ञासमभिव्याहृतेति विशेषणे च पूर्वोक्त एव निरासः॥१६॥

वाक्यार्थेत्यपि तादृगेव, प्रतिपत्तिकालास्मृतातिदेशवाक्यावगतकाननादिपदार्थस्य तथाविधप्रत्ययाव्यापनात्। वाक्यैकदेशस्यापि वाक्यत्त्वेन विवक्षितत्त्वे सदृशो गवय इत्यादिस्मारिणोऽपि प्रत्यये प्रसङ्गात्। प्रतीत्युत्पत्तिं प्रति प्रयोजकीभूतं यावत्तावद्वाक्यं विवक्षितमिति चेन्न। अन्तर्भावितवनाधिकरणतादृशप्रतिपत्तिं प्रति तस्याऽपि प्रयोजक-

---

अतिव्याप्ति हो जायगी। उपमितिकर्ता से अनवगत संकेत इत्यादि [उपमितिनिरुक्ति से पूर्व] कह नहीं सकते। यदि कहें कि जिस प्रमाता से अनवगत है संकेत जिस संज्ञा का, उससे समभिव्याहृत वाक्यार्थ का शब्द में अनुसन्धान, उस प्रमाता के लिये उस शब्द के विषय में उपमान है तो यत् तत् शब्द के व्यक्तिपरक होने से जिस व्यक्ति का यत् शब्द से ग्रहण करेंगे, उससे अन्यव्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी।

किञ्च लक्षण में शब्दपद का निवेश भी सदोष ही है, देखिये—जिस पुरुष ने "गोसदृशो गवयः प्रायो महति कानने दृश्यते" इस वाक्य का श्रवण तो किया है—परन्तु कानन पद के संकेत को नहीं जाना है तथा गवय पद के संकेत को जानता है उस पुरुष के अनुमानरूप [यही कानन है गवयाधार होने से, इत्याकारक] अनुसन्धान में अतिव्याप्ति हो जायगी; क्योंकि उसका भी कानन पद का संकेतज्ञान ही फल है। जहां "प्रायः" पद नहीं है—ऐसे उक्त वाक्य के अनुसन्धान में भी अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि यहां भी कानन पद का सञ्ज्ञासञ्ज्ञिसम्बन्धावधारण में "इहहि प्रभिन्नकमलोदरे मधूनि मधुकरः पिवति" इस वाक्यगत मधुकर पद के तुल्य अन्य पद के सम्बन्ध से उत्थ, अन्यथा (यदि यह कानन पद का अर्थ न हो तो) कानन पद में गवय पद का सन्निधान अनुपपन्न हो जायगा इत्याकारक अनुपपत्ति ही प्रमाण है, उपमान प्रमाण नहीं है। अनवगतसङ्गति जो उपमेयसंज्ञा, उससे समभिव्याहृत इत्यादि निवेश भी, उपमिति की निरुक्ति से पूर्व नहीं हो सकता॥१६॥

किञ्च लक्षण में वाक्यार्थ का निवेश भी सदोष ही है। श्रवण कीजिये—जहाँ पूर्व में श्रुत तो "गोसदृशो गवयः प्रायो महति कानने दृश्यते" यह वाक्य हुआ है, परन्तु अदृष्ट के वश से वाक्यघटित कानन पद का अर्थ स्मृत नहीं हुआ है, उस स्थल में वाक्यार्थ का अनुसन्धान नहीं है, किन्तु वाक्य के एकदेशार्थ का अनुसन्धान है, अतः अव्याप्ति हो जायगी। यदि वाक्य के एकदेश को भी वाक्य मान लें तो "सदृशो गवयः" एतन्मात्र के अर्थ का अनुसन्धान भी उपमान हो जायगा।

समर्थन—प्रतीतिप्रयोजक जो उक्त वाक्य, तदर्थ का अनुसन्धान उपमान है और "सदृशो गवयः" यह वाक्य प्रतीति में प्रयोजक नहीं है, अतः अतिव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—वन भी जिसका विषय है ऐसी प्रतीति का "गोसदृशो गवयः प्रायो महति कानने दृश्यते" यह वाक्य भी प्रयोजक है और दैववश से जहाँ उक्त वाक्यगत काननपदार्थ का स्मरण नहीं हुआ, उस स्थल में वाक्यार्थ का अनुसन्धान न होने से उपमिति का प्रयोजक जितना अंश हो, उतना ही उक्त लक्षण में वाक्य है—यह नहीं कह सकते हैं।

समर्थन—संज्ञासंज्ञी-सम्बन्ध की बुद्धि का प्रयोजक यावत् अंश हो तावन्मात्र की—उक्त लक्षण में वाक्यशब्द से विवक्षा है।

त्वात् । उपमितिं प्रतीति तु पूर्ववन्निरस्तमिति । यावत्संज्ञासंज्ञिबुद्ध्यौपयिकं तावद्विवक्षितमिति चेन्न । लक्षणसहचरितसंज्ञोपदेशार्थानुसन्धानेऽपि प्रसङ्गात् ॥ २० ॥

किञ्च यदा तर्कानुसन्धानविरहिणः सत्यप्येवंविधानुसन्धाने सादृश्यमेव गवयपदप्रवृत्तिनिमित्तमिति मितिः फलमुत्पद्यते, तदा तस्याप्रमाकरणस्यापि उपमानत्वमापद्यते । प्रमाफलकमितिविशेषणप्रक्षेपपक्षे चानुसंहितरूपव्यवहार्य्यतानुमित्युत्पादेनाप्येतादृशानुसन्धानमुपमानं स्यात् । अव्याप्तविषयप्रमाफलकमिति विशेषणीयमिति चेन्न । वस्तुगत्याऽव्याप्तत्वस्योपमेयेऽप्यभावात् । व्याप्ततयाऽनवगम्यमानस्येति च कृते यत्प्रति तल्लिङ्गं तेन सह व्याप्तत्वावगतमुपमितिकरणमपि न व्याप्नुयात् । उपमेयेन सह व्याप्तत्वानवगत-

---

खण्डन—"गन्धवती पृथिवी" इस लक्षणवाक्य के श्रवण के बाद गन्धयुक्त व्यक्ति के प्रत्यक्ष होने पर जो "सा इयं गन्धवती पृथिवी" यह अनुसन्धान होता है, उसमें लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि यहाँ भी अज्ञातसंकेत समभिव्याहृत वाक्यार्थ का संज्ञी में अनुसन्धान है ही और यह व्यतिरेकी अनुमान है, उपमान नहीं है ॥२०॥

किञ्च लाघवरूप तर्क का अनुसन्धान न होनेपर "गोसदृशो गवयः" इस वाक्य के श्रवण के बाद गोसदृश व्यक्ति के प्रत्यक्ष होने पर जहाँ "स एव अयं गोसदृशो गवयः" यह अनुसन्धान होता है, उस स्थल में गो सादृश्य ही गवय पद का प्रवृत्तनिमित्त है—ऐसा ज्ञान होता है, उस अप्रमा का करण भी उपमान हो जायगा । यदि कहें कि प्रमिति का जनक उक्तवाक्य के अर्थ का अनुसन्धान उपमान है, तो अनुसंहित जो पृथिवीत्वरूप धर्म, तद्व्यवहार्य्यत्वानुमिति के उत्पादक लक्षण वाक्य के अर्थ के अनुसन्धान में अतिव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—व्याप्त (लिङ्ग) जिसका विषय न हो ऐसा जो [प्रमाफलक उक्त-वाक्यार्थ के सञ्ज्ञी में] अनुसन्धान, वह उपमान है, अतः लक्षण वाक्यार्थ के अनुसन्धान में अतिव्याप्ति नहीं ; कारण कि पृथिवीत्व से व्यवहार्य्यत्व का व्याप्त गन्धवत्व आदि लिङ्ग, उक्त अनुसन्धान के विषय हैं ।

खण्डन—ऐसा मानने पर "स एव अयं गोसदृशो गवयः" इत्याकारक अनुसन्धान भी उपमान न कहावेगा, कारण कि पदार्थत्व आदि से व्याप्त ही गोसादृश्य उक्त अनुसन्धान का विषय होता है। यदि कहें कि व्याप्तत्वरूप से ज्ञात है विषय जिसका ऐसा [प्रमाफलक उक्त वाक्यार्थ का] अनुसन्धान उपमान है और गोसादृश्य—व्याप्त होने पर भी व्याप्तत्वरूप से—ज्ञात नहीं है; अतः अव्याप्ति नहीं, तो जिस काल में पदार्थत्व के व्याप्तत्वरूप से गोसादृश्य अवगत होता है, उस काल में उसका अनुसन्धान उपमान न कहा जायगा ।

समर्थन—उपमेय के साथ व्याप्तत्वरूप से अनवगम्यमान विषयक उक्त अनुसन्धान उपमान है और गोसादृश्य, उपमेय गवय से व्याप्तत्वरूप से अवगत नहीं है, अतः अव्याप्ति नहीं ।

खण्डन—गन्धवत्व भी उपमेय के साथ व्याप्तत्वरूप से अनवगम्यमान नहीं है, अतः लक्षणवाक्यार्थ का अनुसन्धान भी उपमान हो जायगा । यदि अनुमेय के साथ व्याप्तत्वरूप

वोक्तावप्यनुमाने प्रसङ्गस्तदवस्थः । अनुमेयेन सहेति कृते च तदनपायादव्याप्तिस्तदवस्थैव ॥ २१ ॥

संज्ञासंज्ञिसम्बन्धप्रमितिकरणमिति चेन्न । तथात्वासिद्धेः । अर्थापत्त्यादितस्तत्सिद्धेर्वक्ष्यमाणत्वात् । अननुमितिजनकं तादृक् प्रतिसन्धानमुपमानमिति चेन्न । तज्जातीयस्यानुमितिजनकत्वात् । व्यक्त्यपेक्षायाञ्च जनकत्वस्य सामान्याकारपर्य्यवसायिनो नित्यं व्यक्तावसम्भाविततया अननुगमेन चायुक्तत्वादिति ॥ २२ ॥

किञ्च गोसादृश्यं विहाय गवयत्वजातौ गवयशब्दार्थताप्रतीतिः कल्पनालाघवाख्यं तर्कमपास्य न स्यादिति तदुपन्यासस्थितौ किमानुमानिक्येव तत्र गवयत्वस्य गवयपदवाच्यताप्रमितिरियं नेष्यते । सम्भवति हि प्रयोगः विमतिपदं गवयशब्दप्रवृत्तिनिमित्तं तथात्वे तर्केण विषयीक्रियमाणविपर्य्ययकत्वात् । न यदेवं न तदेवं यथा गोत्वं तथा चेदं ततस्तथेति । न ह्यस्ति सम्भवो मूलशैथिल्यादिदोषविरहिततर्कनिवेदितविपर्ययश्चा-

---

से अनवगम्यमान कहें तो जिस काल में पदार्थत्व के साथ व्याप्तत्व रूप से अवगत गोसादृश्य है उस काल में "स एव अयं गोसदृशो गवयः" यह अनुसन्धान उपमान नहीं कहावेगा ॥ २१ ॥

समर्थन—संज्ञा और संज्ञी के सम्बन्ध की जो प्रमिति उसका करण जो उक्त अनुसंधान, वह उपमिति है ।

खण्डन—लक्षण वाक्यार्थ का अनुसन्धान भी उपमान हो जायगा । किञ्च संज्ञासंज्ञिभाव की प्रमिति, अर्थापत्ति वा अनुमान से ही सिद्ध है, अतः उक्त अनुसन्धान उसका कारण नहीं है ॥

समर्थन—अनुमिति का अजनक उक्त अनुसन्धान उपमान है ।

खण्डन—जिस अनुसन्धान का सजातीय, अनुमिति का अजनक हो—यह अर्थ है अथवा जो अनुसन्धान व्यक्ति अनुमिति का अजनक हो—यह अर्थ है । इनमें प्रथमपक्ष युक्त नहीं है कारण कि "स एव अयं गोसदृशो गवयः" इस अनुसन्धान के सजातीय अन्य अनुसन्धान भी कदाचित् अनुमिति का जनक हो सकता है ।

द्वितीयकल्प भी अयुक्त है कारण कि सामान्यरूप से गृहीत जनकत्व (फलोपधायकत्व न हो, परन्तु स्वरूपयोग्यत्व) सब ही व्यक्ति में अवश्य रहता है, अतः किसी भी व्यक्ति को अनुमिति का अजनक न होने से असम्भव हो जायगा, तथा लक्षण में व्यक्ति के प्रवेश होने से व्यक्ति के भेद से लक्षण के भेद होने से लक्षण का अननुगम हो जायगा ॥२२॥

किञ्च गोसादृश्य को छोड़कर गवयत्वजाति में गवयशब्दार्थत्व की कल्पना लाघवरूप तर्क के विना हो नहीं सकती है । जब उपमान में भी लाघवरूप तर्क की अपेक्षा ही है, तो जिस अनुमान को सब ही मानते हैं, उसीमें लाघवरूप तर्क को सहकारी क्यों न माना जाय । पञ्चावयव के प्रयोग का भी सम्भव है । देखिये—विप्रतिपत्ति (सन्देह) का विषय गवयत्व, गवय शब्द की प्रवृत्ति का निमित्त है, गवयत्व के प्रवृत्तिनिमित्तत्व में तर्क से अविषयीकृत विपर्य्यय के होने से, जो गवयशब्द का प्रवृत्तिनिमित्त नहीं है, वह तर्क से अविषयीक्रियमाण विपर्य्यय एक नहीं है, जैसे गोत्व अथवा गोसादृश्य, यह गवय तर्क से

र्थो नच तथेति । अथवा गवयपदमसम्भवत्प्रवृत्तिनिमित्तान्तरमनुपपद्यमानाप्तोक्तगोसादृश्यसामानाधिकरण्यमर्थाद्गवयत्वप्रवृत्तिनिमित्तकतामाक्षिपतीत्यर्थापत्तिरेवास्तु प्रमाणमस्तु । सा च त्वया व्यतिरेकीकृत्य परेण पृथगेवावश्यं प्रमाणनीयेति ॥ २३ ॥

अथ शब्दलक्षणखण्डनारम्भः

शब्दोऽपि क उच्यते । आप्तवाक्यं हि शब्दः प्रमाणमिति न युक्तं, विकल्पानुपपत्तेः। तथा हि कोऽयमाप्तो नाम । यथादृष्टवादीति चेन्न । भ्रान्तिप्रतिपन्नवादिवाक्येऽपि प्रसङ्गात् । प्रमाणदृष्टेतिविशेषणे च तथा भूतस्यान्यथावादव्यापनात् । यथाप्रमाणेति करणे चांशे तथाभूतवादिवाक्यस्याऽयथार्थस्याऽपि व्यापनात् । यावद्यथाप्रमाणदृष्टनिरुक्तौ च प्रायेणातथाभूतत्वादेव लक्ष्याणां तदव्याप्तेः । नहि यावत्प्रमितं तावदभिधीयते । यथाप्रमितस्यैव च वक्तुर्वाक्यमिति व्याकारे च युधिष्ठिरवाक्यस्याप्यनेवम्भूतत्वे-

---

अविषयीक्रियमाण विपर्य्ययक है, अतः गवयशब्द का प्रवृत्तिनिमित्त है, यह सम्भव नहीं है कि अर्थमूलशैथिल्य आदि दोष से रहित तर्क से निवेदित विपर्य्ययक हो और प्रवृत्ति में निमित्त न हो । अथवा गवय शब्द के गवयत्व प्रवृत्तिनिमित्तकत्व के बिना गवय शब्द में आप्तपुरुषों से उक्त गोसदृश शब्द का सामानाधिकरण्य अनुपपद्यमान है, अतः गवय शब्द का गवयत्व प्रवृत्तिनिमित्तकत्व का आक्षेप करेगा, अतः अर्थापत्ति ही प्रमाण रहे उसको आप व्यतिरेकी अनुमानरूप से और अन्य मीमांसकादि पृथक् प्रमाणरूप अवश्य मानते हैं । गोत्व कथंचित् कालिकादि सम्बन्ध से गवय में रहता है, अतः उसको प्रवृत्तिनिमित्त मानने में गौरव है ॥२३॥

इति उपमानप्रमाणखण्डन

शब्दप्रमाणलक्षणखण्डन

प्रमाणभूत शब्द भी क्या वस्तु है अर्थात् लक्षण न होने से अनिर्वचनीय ही है ।

निर्वचन—आप्त का वाक्य, प्रमाण शब्द है ऐसा लक्षण होने से अनिर्वचनीय नहीं है ।

खण्डन—यह लक्षण युक्त नहीं है, कारण कि आप्तत्व की निरुक्ति नहीं हो सकती है । कहिये—आप्त कौन है ?

निर्वचन—जैसा देखा हो वैसा ही कहनेवाला आप्त है ।

खण्डन—भ्रम से शुक्ति को रजतत्वरूप से देख कर जो शुक्ति को रजत कहता, है वह भी आप्त हो जायगा, कारण कि उसने जैसा देखा है, वैसा ही कहा है ।

समर्थन—प्रमाण से जो दृष्ट हो उसको कहनेवाला आप्त है ?

खण्डन—प्रमाण से दृष्ट शुक्ति को इदानीं रजत कहनेवाला भी आप्त हो जायगा ।

समर्थन—प्रमाण से जैसा देखा हो वैसा ही कहनेवाला आप्त है ।

खण्डन—रङ्ग (राग) में—इमे रङ्गरजते, इस भ्रमस्थल में उक्त वाक्य का वक्ता भी आप्त हो जायगा, कारण कि रङ्गत्वरूप से प्रमाणदृष्ट को रङ्गत्वरूप से भी वह कहता ही है ।

नाव्याप्त्यापत्तेः। तत्र विषय इति विशेषणे च विशेषरूपस्य विषयस्यासाधारण्येनाऽव्यापकत्वापातात् ॥ २४ ॥

अथ निर्दोषस्य वाक्यं तथेति चेन्न। सदोषस्य-नास्ति घट इत्यभिधित्सतोऽस्ति घट इति दैवान्निर्गतयथार्थवाक्याव्याप्तेः। तत्प्रमाणं न भवत्येवेति चेन्न। पूर्वमुक्तोत्तरत्वात्। प्रवृत्तिसामर्थ्येन प्रामाण्यावधारणसम्भवादापाततः सन्देहेऽप्यदोषात्, सामान्यतो निर्दोषत्वस्य भीमाग्रजेऽप्यभावात्, विशेषतस्तथात्वस्यासाधारण्यपर्य्यवसायित्वात् ॥ २५ ॥

यथार्थवाक्यं शब्दः प्रमाणमित्यत्र को दोष इति चेन्न। पूर्वोक्तयाथार्थ्यदूषणानि तावत्प्रथमः। यथार्थमिति विशेषणस्य व्यवच्छेदकत्वाव्यवच्छेदकत्वयोः पूर्ववदोषश्च द्वितीयः। वाक्यत्वानिरुक्तिश्च तृतीयः।

समर्थन—जितनी वस्तु जिसरूप से प्रमाण द्वारा दृष्ट हों, उतनी ही वस्तु को उसीरूप से कहनेवाला आप्त है।

खण्डन—प्रायः उदाहरण वैसे नहीं मिलते हैं, अतः असम्भव हो जायगा, कारण कि जिस जिस रूप से वस्तु प्रमित होती है, उन सब रूपों से वस्तु का एक साथ कथन हो नहीं सकता है।

समर्थन—जैसा जो प्रमित हो उसी प्रकार से उसको ही जो कहे, अप्रमित को कदापि न कहे, ऐसे वक्ता का वाक्य प्रमाण है।

खण्डन—युधिष्ठिर जो आप्तत्वरूप से प्रसिद्ध हैं, उनके वाक्य में भी अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि कदाचित् उन्होंने भी अप्रमित—अश्वत्थामा हतो नरो वा हस्ती वा—इस वाक्य कोकहा था।

समर्थन—जैसा जो प्रमित हो उसको उसीप्रकार से कथन करनेवाला उस विषय में आप्त है और उसी विषय में उसका वाक्य प्रमाण है।

खण्डन—लक्षण में यत् शब्द को तत्तत्व्यक्तिपरक ही मानेंगे, अतः जिस व्यक्ति का ग्रहण करेंगे उससे अन्य व्यक्ति में अव्याप्ति हो जायगी ॥ २४ ॥

समर्थन—निर्दोष पुरुष का वाक्य प्रमाण शब्द है।

खण्डन—घटवत् भूतल में-नास्ति घटः, इस कथन के इच्छाकाल में दैववश से कथित सदोष पुरुष का-अस्ति घटः—यह वाक्य प्रमाण न कहावेगा। वह वाक्य अप्रमाण नहीं है—यह नहीं कह सकते हैं, कारण कि इसका विषय अबाधित है और संवादी प्रवृत्ति होने से उक्त वाक्य में प्रामाण्य का ही सम्भव है। सदोष के वचन होने से आपात से सन्देह हो भी तो कुछ हानि नहीं है। किञ्च यदि सब दोषों से रहित को निर्दोष शब्द का अर्थ मानें, तो युधिष्ठिर भी ऐसे नहीं हैं और यदि यत्किञ्चित् दोष के अभाव से विशिष्ट को निर्दोष शब्दार्थ मानें, तो लक्षण सर्वलक्ष्य साधारण नहीं होगा

अर्थात् यदि वञ्चनारूप दोष के अभाव का लक्षण में निवेश करें तो तदभाव विशिष्ट वक्ता के वाक्यमात्र में समन्वय होगा, लोभरूप दोषाभावविशिष्ट वक्ता के वाक्य में समन्वय नहीं होगा ॥२५॥

समर्थन—यथार्थवाक्य शब्द प्रमाण है—इस लक्षण में क्या दोष है?

तथाहि किमिदं वाक्यं नाम ? एकार्थावच्छिन्नपदसमुदायो वाक्यमिति चेन्न । एकत्वविषयत्वावच्छिन्नत्वानां वाच्यानि दूषणानि तावत्सन्तु, पदपदार्थन्तु चिन्तयामः ॥ २६ ॥

सुप्तिङन्तं पदमिति केचित् । वर्णा विभक्त्यन्ताः पदमित्यन्ये । तत्र नाद्यः प्रत्येकं मिलितस्य चाव्यापकत्वात् । पृथक्प्रवृत्तिनिमित्ततायाश्च वाक्यलक्षणाव्यापकत्वापातात् ।

नापि द्वितीयः विभक्त्यर्थस्यानुगतस्यासम्भवात् "विभक्ति" रित्यनेन सुप्तिङोः, "प्राग्दिशोऽविभक्ति" रित्यनेन च तसिलादेः पृथक् पृथगेव विभक्तिसंज्ञाविधानात् शब्दसाम्येन च लक्षणायोगात् ॥ २७ ॥

किञ्च वर्णा इति बहुत्वस्य विवक्षितत्वे अहमित्यादेरपदत्वप्रसङ्गः । अविवक्षितत्वे देवदत्त इत्यन्ताकारस्य पदत्वापातः तस्य विभक्त्यन्तत्वात् । सार्थकस्तथेति चेत् । भवतीत्यादौ शवकारादीनां पदत्वप्रसङ्गः, शपः सार्थकत्वात् । यत्र विहिता विभक्तिस्तदिति चेन्न । शवकारं परित्यज्य पदत्वप्रसङ्गात् । तन्मध्यपतितत्वाच्छवकारोऽपि गृह्यत

खण्डन—यदि वाक्य में अर्थसादृश्य का प्रमेयत्वरूप से ग्रहण करें तो आभास वाक्य में अतिव्याप्ति हो जायगी, अतः यथार्थज्ञानजनकवाक्य-प्रमाण है—ऐसा लक्षण करेंगे । इस लक्षण में भी यदि यत्किञ्चित्रूप से सादृश्य का ग्रहण करें, तो भ्रान्तिज्ञान के प्रमेयत्वरूप से अर्थसदृश होने से उसके जनक वाक्य में अतिव्याप्ति हो जायगी, और यदि भासमान आकार से सादृश्य का ग्रहण करें तो "रूपी घटः" इस वाक्य में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि रूपवत्व से ज्ञान में अर्थ सादृश्य नहीं है इत्यादि । यथार्थानुभवः प्रमाणम्—इस प्रकरण में उक्त प्रथम दोष है । तथा यदि अयथार्थवाक्य को यथार्थ इस विशेषण का व्यवच्छेद्य मानें, तो अंश में जो यथार्थ है तथा अंश में अयथार्थ है वह वाक्य यथार्थ अंश में भी प्रमाण न होगा । यदि व्यवच्छेद्य न मानें, तो यथार्थ विशेषण व्यर्थ हो जायगा यह द्वितीय दोष है और वाक्यत्व की अनिरुक्ति तृतीय दोष है । देखिये—वाक्य क्या वस्तु है ।

निर्वचन—एक अर्थ से अवच्छिन्न अर्थात् एक अर्थ का वाचक पदसमुदाय वाक्य है ।

खण्डन—एकत्व अर्थत्व और अवच्छिन्नत्व में वक्तव्य दोष तब तक रहे । पद शब्द के अर्थ का सम्प्रति विचार करते हैं कि पद शब्द का अर्थ क्या है ॥ २६ ॥

निर्वचन—कोई आचार्य "सुप्तिङन्तं पदम्" यह पद का लक्षण करते हैं और अन्य आचार्य्यों का विभक्यन्त वर्ण पद है—यह लक्षण है ।

खण्डन—इनमें प्रथमलक्षण युक्त नहीं है, कारण कि यदि सुबन्त को पद कहें तो तिङन्त में और यदि तिङन्त को पद कहें तो सुबन्त में अव्याप्ति हो जायगी और यदि सुप्तिङन्त को पद कहें तो सुप्तिङ् दोनों किसीके अन्त में नहीं है, इससे असम्भव हो जायगा और यदि (सुबन्तपदं तिङन्तपदं) इस रीति से दो लक्षण करें तो सुबन्त पद है इस लक्षण की तिङन्त में और तिङन्त पद है इस लक्षण की सुबन्त में अव्याप्ति हो जायगी । द्वितीयलक्षण भी युक्त नहीं है, कारण कि—विभक्तिश्च, इससे सुप्तिङ् की और "प्राग्दिशोऽविभक्तिः" इससे तसिलादि की पृथक् पृथक् विभक्तिसंज्ञा होनेसे विभक्ति शब्द का अनुगत

इति चेत् तर्हि यत्र विभक्तिर्विधीयते तत्र तद्विभक्तिमध्यपतितं पदमिति वा विवक्षितं, यत्र विभक्तिर्विधीयते तत्तद्विभक्तिमध्यवर्तिसहितं पदमिति वा, आद्ये शबकारस्यापि पृथगेव पदत्वप्रसङ्गः लक्षणस्य चाव्यापकत्वात् । द्वितीये देवदत्त इत्यस्यापदत्वप्रसङ्गः मध्यवर्तिनोऽभावेन मध्यवर्तिसहितविशेषणाभावात् । क्वचिन्मध्यवर्तिसहितस्य क्वचित्केवलस्येतियथासम्भव इति चेन्न । एकानुगतरूपानभिधाने लक्षणस्याव्यापकतापत्तेर्दुर्निवारत्वात् ॥ २८ ॥

किञ्च देवदत्तस्वित्यपि पदं स्यात् । अथ अपशब्दोऽयं पदत्वे सति रुत्वादेर्विधानस्यावश्यम्भावित्वात् इति चेन्न । यत एवायमपशब्दः अत एव भवतो दोषः प्रसज्यते, अपशब्देऽपि पदलक्षणं गतमिति । तस्मात् पाणिनिनाऽऽचार्येण शब्दसिद्ध्यर्थं पदसंज्ञेयं रुत्वादिविध्यनुरोधेनापशब्ददशायामन्यैव कृता नदीसंज्ञावन्न लौकिकपदव्यवहारसिद्ध्यर्थं साधुशब्दविशेषे, ततश्च तस्यान्यदेव लक्षणं वाच्यमन्यथा दाक्षीनन्दनोदी-

---

अर्थ नहीं है । अतः शब्दसम होने से केवल सुबन्त-तिङन्त में समन्वित विभक्त्यन्त वर्ण पद है यह लक्षण हो नहीं सकता है । अन्यथा यदि यह लक्षण मानें तो सुप्रहित केवल तखिलन्त भी पद हो जायगा ॥२७॥

किञ्च "वर्णाः" इसमें बहुत्व की यदि विवक्षा करें तो "अहम्" इत्यादि पद न कहावेगा । यदि बहुत्व की विवक्षा न करें तो "देवदत्तः" यहाँ अ भी विभक्त्यन्त होने से पद कहा जायगा।

समर्थन—सार्थक, विभक्त्यन्त पद है, अतः "देवदत्तः" इसका घटक "अः" पद हो जायगा ।

खण्डन—ऐसा कहने पर-भवति, इसका घटक "अति" पद हो जायगा, कारण कि शप् प्रत्यय होने से सार्थक है ।

समर्थन—जिससे विभक्ति विहित हो [सार्थक विभक्त्यन्त] वह पद है, अतः शप् से विभक्ति के अविहित होने से वह विभक्त्यन्त पद नहीं होगा ।

खण्डन—शप् के आकार को त्याग कर "भूति" एतन्मात्र पद हो जायगा और लोक में तन्मात्र में पदत्व प्रसिद्ध है, अतः इष्टापत्ति नहीं कर सकते हैं ।

समर्थन—प्रकृतिप्रत्यय के मध्य में होने से शप् विशिष्ट ही पद है ।

खण्डन—जहां विभक्ति का विधान हो वहां तन्मध्यपतित पद है-यह अर्थ विवक्षित है अथवा जिससे विभक्ति का विधान हो तन्मध्यपतितयुक्त पद है—यह अर्थ विवक्षित है । प्रथमपक्ष में शप् का अकार पृथक् ही पद हो जायगा । किञ्च भवति इत्यादि में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी ।

द्वितीयपक्ष में "देवदत्तः" यह पद न कहावेगा, कारण कि मध्यवर्त्ती के अभाव होने से तद्विशिष्ट नहीं है ।

समर्थन—कहीं कहीं जिससे विभक्ति विहित हो, मध्यवर्तिसहित विभक्त्यन्त वह पद है तथा कहीं कहीं जिससे विभक्ति विहित हो केवल विभक्त्यन्त ही पद है ।

खण्डन—सब लक्ष्यों में एक अनुगत लक्षण के न होने से प्रथम लक्षण की द्वितीय लक्षणों के लक्ष्य में और द्वितीय की प्रथमलक्षण के लक्ष्य में अव्याप्ति हो जायगी ॥ २८ ॥

रितनदीसंज्ञामत्यभिज्ञायां पाथः प्रार्थयमानः काननस्थलीमलीकाभिमानी भवानीहेत ॥ २९ ॥

अथोच्यते विभक्त्यन्तमेव सर्व्वलक्षणप्रवृत्त्या निष्पन्नं व्यावहारिकं पदमिति लक्षणमस्तु । मैवम् । सर्व्वलक्षणप्रवृत्तेः सर्वत्रासम्भवात् । सम्भवत्सर्वलक्षणप्रवृत्त्येति चेन्न । सम्भवत्त्वं तत्काले कालान्तरे वा विवक्षितम् । आद्ये देवदत्त रु, इत्यपि पदं स्यात् । रुत्वविधानकाले विसर्गस्यासम्भावितत्वात् । कालान्तरेऽपीतिपक्षे देवदत्त इत्यपि पदं न स्यात्, इत्यादिपदपूर्व्वकालभाविनो यत्त्वयलोपादेरकरणात् ॥ ३० ॥

शब्दान्तरसन्निधिव्यतिरेकेण यद्भावि लक्षणं तद्विवक्षितमिति चेन्न । जीविकाकृत्य व्याचष्ट इत्यर्थे जीविकां कृत्वा व्याचष्ट इति प्रयुज्यमानं वाक्यं स्यात् । एकार्थावच्छिन्नपदसमुदायस्य तत्रापि गतत्वात् । कृत्वेत्यनेन सम्बद्धस्य जीविकामित्यस्योक्तपदलक्षणेन सङ्गृहीतत्वात् ।

किञ्च "देवदत्त सु" यह भी पद हो जायगा, कारण कि यह भी विभक्त्यन्त है ।

समर्थन—यह अपशब्द—अशुद्धशब्द है, अतः बोलते नहीं है, परन्तु पद ही है, कारण कि पद न हो तो रुत्व विसर्ग होगा कैसे ।

खण्डन—अपशब्द है इसीसे तो दोष होता है कि अपशब्द में भी आपके पदलक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी । तस्मात् पाणिनि आचार्य ने शब्दसिद्धि के अर्थ रुत्व आदि विधि के अनुरोध से अपशब्द, साधारण नदीसंज्ञा के तुल्य अन्य ही पद का लक्षण किया है, लौकिक पदव्यवहार की सिद्धि के अर्थ केवल साधुशब्दविषयक लक्षण नहीं किया है, अतः लौकिक पद का और ही लक्षण करना चाहिये । अन्यथा यदि पाणिनिकृत (लक्षण को लोकसाधारण मानें तो) दाक्षीनन्दन कृत नदीसंज्ञा का अनुसन्धान कर अलीक अभिमानी आप निर्जल काननस्थली को नदी मान कर जल के लिये उसको प्राप्त कीजिये ॥ २९ ॥

समर्थन—विभक्त्यन्त ही [सब लक्षणों की प्रवृत्ति से निष्पन्न] लौकिक पद है ।

खण्डन—सर्वत्र सब लक्षणों की प्रवृत्ति न होने से असम्भव हो जायगा ।

समर्थन—जिन जिन लक्षणों की जहाँ जहाँ प्रवृत्ति हो उन सब लक्षणों से निष्पन्न विभक्त्यन्त लौकिक पद है ।

खण्डन—उस काल में जिन २ लक्षणों की प्रवृत्ति का सम्भव हो—यह अर्थ है वा अन्यकाल में भी जिन २ लक्षणों की प्रवृत्ति का सम्भव हो—यह अर्थ है । प्रथमपक्ष में "देवदत्त" यह भी पद हो जायगा, कारण कि रु विधान काल में विसर्ग की प्रवृत्ति तो है नहीं और जिन २ सूत्रों की प्रवृत्ति है, वे प्रवृत्त हो चुके हैं और द्वितीय पक्ष में "देवदत्तः" यह भी पद न कहावेगा, कारण कि इति आदि जोडने पर यत्व आदि की प्रवृत्ति की भी सम्भावना है और यत्वादि प्रवृत्त नहीं हैं ॥३०॥

समर्थन—शब्दान्तर का जो सन्निधान उसके अभावकाल में जिन २ लक्षणों की प्रवृत्ति हो, उन २ लक्षणों की प्रवृत्ति से निष्पन्न, पद है ।

यदुपाधिका यल्लक्षणप्रवृत्तिस्तदुपाधिसम्पत्तौ तेन निष्पन्नं तथेति चेन्न, यत्र नास्त्युपाधिसम्पत्तिस्तत्र केवले तस्यां सत्यामित्यस्याभावादपदत्वापत्तेः। यस्यामवस्थायां यस्य लक्षणस्योपनिपातस्तत्सर्वसम्पत्तौ विभक्त्यन्तं पदमिति चेन्न, यस्यामवस्थायामित्यवस्थानां भिन्नभिन्नाकारेण परामर्शे लक्षणस्याननुगमादव्यापकतादोषः। अवस्थानामैक्यमविवक्षितमसम्भावितं च। सर्वदा सर्वावस्थाविषये लक्षणप्रसङ्गादिति। स च भवति भवति भवतीति, भवत्यस्तीति, पटः पटाविति, पटं पट इति चेत्यतिव्याप्तिः।

एतेनापौरुषेयं वाक्यं तदित्यपि निरस्तम् ॥३१॥

खण्डन—जीविका कृत्य व्याचष्टे—इस अर्थ में प्रयुक्त—जीविकां कृत्वा व्याचष्टे—यह भी वाक्य हो जायगा, कारण कि कृत्वा इससे सम्बद्ध "जीविकाम्" इसको उक्त पद लक्षण से संगृहीत होने से वह एक अर्थ से अवच्छिन्न पदसमुदायरूप वाक्य है ही।

समर्थन—जिन २ कारणों से जिन २ सूत्रों की प्रवृत्ति हो उन २ कारणों की सम्पत्ति होने पर उन २ सूत्रों की प्रवृत्ति से निष्पन्न ही पद है और औपम्यरूप अर्थ तथा "कृत्वा" और "जीविकाम्" इन दो पदों का परस्पर सन्निधानरूप कारण से गतिसंज्ञा—समासल्यप् की प्रवृत्ति होती है, अतः इन सूत्रों की प्रवृत्ति होने पर ही उक्त वाक्यघटक पद होंगे, अन्यथा नहीं।

खण्डन—जहां कारण औपम्यादि नहीं हैं वहां, उपाधि-सम्पत्तौ सत्यां—इस लक्षणांश के समन्वय न होने से पदत्व नहीं होगा।

समर्थन—जिस अवस्था में जिन २ सूत्रों की प्रवृत्ति हो, उन २ सूत्रों की प्रवृत्ति होने पर उस अवस्था में विभक्त्यन्त पद है।

खण्डन—लक्षण में अवस्था पद से अवस्थाविशेष का ग्रहण है वा अवस्थासामान्य का। यदि अवस्थाविशेष का ग्रहण करें तो जिस देवदत्तः इस अवस्था का लक्षण में निवेश होगा, उससे अन्य यज्ञदत्त इत्यादि अवस्था में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी। द्वितीयपक्ष भी युक्त नहीं, कारण कि अवस्थामात्र में ऐकरूप्य अविवक्षित है तथा असम्भावित है। अन्यथा सब अवस्थाओं में सब कालों में सब लक्षणों की प्रवृत्ति हो जायगी अर्थात् यदि अवस्थाओं के ऐक्य, पदों की एकरूपतारूप हैं तो "भवति"—यह तिङन्त तथा "भवति" सप्तम्यन्त तथा "भवति"—सम्बोधन इन तीनों की एक अवस्था होने से "भवति" इस अवस्था में प्रवृत्त सब लक्षणों की प्रवृत्ति किसी "भवति" में नहीं है, अतः तीनों में अपदत्व हो जायगा। यदि अर्थैक्यरूप अवस्थाओं का ऐक्य हो तो अस्ति भवति—इन दोनों की एक अवस्था होने से उस अवस्था में प्रवृत्त सब लक्षणों की एक में प्रवृत्ति न होने से अव्याप्ति हो जायगी। यदि एकविभक्तिकत्वरूप अवस्थाओं का ऐक्य हो तो "पटः पटौ" इन दोनों में की प्रथमारूप एक विभक्ति होने से एक अवस्था हो जायगी और उस अवस्था में प्रवृत्त सब लक्षणों से प्रत्येक की निष्पत्ति न होने से अव्याप्ति हो जायगी। यदि प्रातिपदिक की ऐक्यरूप्य अवस्थाओं का ऐक्य है, तो पटम् पटः इन दोनों की एक अवस्था होने से इस अवस्था में प्राप्त सब लक्षणों से प्रत्येक की निष्पत्ति न होने से अव्याप्ति हो जायगी, पद तथा वाक्य की निरुक्ति न होने से ही अपौरुषेय वैदिकवाक्य, प्रमाणशब्द है यह लक्षण भी खण्डित जानना चाहिये ॥ ३१ ॥

इति शब्दप्रमाणलक्षणखण्डन,

अथार्थापत्तिलक्षणखण्डनारम्भः ।

का पुनरर्थापत्तिरपि । अन्यथाऽनुपपत्तिरिति चेन्न, यतोऽन्यत्त्वं तत्सिद्धेरग्रे तदसिद्धेः ।

सिद्धे नानुपपत्तिनिति चेन्न, विशेषणव्यवच्छेद्याप्रतीतौ तद्वैयर्थ्येन तदनुपादाने सर्वथाऽनुपपत्त्यर्थतायां फलविरोधात् । केनाऽप्यनुपपत्त्यर्थत्त्वे साध्यसिद्ध्यपर्यवसानात् ॥३२॥

प्रमाणयोर्विरोधानुपपत्तिरिति चेन्न , असिद्धत्वात् । प्रमाणत्वेनाभिमन्यमानयोरिति चेन्न, अभिमतेर्भ्रमार्थत्त्वेऽतिप्रसङ्गात् । ज्ञानार्थत्त्वेऽप्युक्तदोषाऽनिवृत्तिरेव । अनिर्णीयमानप्रामाण्याप्रामाण्ययोरित्यत्रापि तथैव । तथाहि—सत्प्रतिपक्षेऽपि तस्य तदुपपाद-

अथ अर्थापत्तिलक्षणखण्डनानुवाद

अर्थापत्ति क्या वस्तु है * अर्थात् लक्षण न होने से मीमांसक का अभिमत-अर्थापत्तिप्रमाण भी अनिर्वचनीय ही है ।

निर्वचन—अन्यथा (बहिःसत्व के विना) जीवित देवदत्त के गृह में असत्व की अनुपपत्ति अर्थापत्ति प्रमाण है, ऐसा लक्षण होने से अनिर्वचनीय नहीं है ।

खण्डन—जिस बहिःसत्व के विना अनुपपत्ति है, उसकी पहले से ही सिद्धि होने से अर्थापत्ति प्रमाण का कुछ फल नहीं है ।

समर्थन—देवदत्त का बहिःसत्व अर्थापत्ति का फल है और सामान्य से सिद्ध बहिःसत्व के विना अनुपपत्ति अर्थापत्तिरूप करण है, अतः बहिःसत्व की प्रथम से सिद्धि होने पर भी कुछ हानि नहीं है ।

खण्डन—यदि विशेष से असिद्ध देवदत्तीय बहिःसत्व के व्यवच्छेद के अर्थ "सिद्धेन" यह विशेषण है, तो यदि व्यवच्छेद्य प्रसिद्ध है तो फल की प्रथम से ही सिद्धि होने से अर्थापत्ति व्यर्थ है और यदि नहीं प्रसिद्ध है तो व्यवच्छेद्य के अभाव होने से विशेषण व्यर्थ है और यदि "अन्यथा" विशेषण न देकर अनुपपत्तिमात्र को अर्थापत्ति कहें तो जो कारण के विना नहीं—किन्तु स्वतः अनुपपन्न है, उसके उपपादक कारण की कल्पना न होने से अर्थापत्ति व्यर्थ हो जायगी ।

समर्थन—जिस किसीके विना अनुपपत्ति, अर्थापत्ति है ।

खण्डन—ऐसा मानने पर देवदत्तीय बहिःसत्व के विना अनुपपत्ति तो है नहीं, अतः देवदत्तीय बहिःसत्व का कल्पन नहीं होगा ॥ ३२ ॥

* जहां पर ज्योतिषशास्त्र से "वर्षशतजीवी देवदत्तः" ऐसा ज्ञान होने पर "देवदत्तः क्वचिदस्ति वर्षशतजीवित्वात्" ऐसा सामान्यतोदृष्ट अनुमान होता है । ततः अनुपलब्धिप्रमाण से "देवदत्तो गृहे नास्ति" ऐसा ज्ञान होता है वहाँ पर "देवदत्तस्य गृहे असत्वे सति वर्षशतजीवित्वं बहिःसत्वं विना अनुपपन्नम् इति तेन बहिःसत्वं कल्प्यते" ऐसा ज्ञान होता है यहां पर अन्यथानुपपत्ति प्रमाणरूप अर्थापत्ति है और बहिः सत्वकल्पन फलरूप अर्थापत्ति है। अर्थस्य आपत्तिर्यस्याः इस व्युत्पत्ति से प्रमाण में और अर्थस्य आपत्तिः इस व्युत्पत्ति से प्रमामें अर्थापत्ति शब्द का प्रयोग होता है । प्रत्यक्षादि चार प्रमाण से पृथक् अर्थापत्ति को पञ्चम प्रमाण मीमांसक मानते हैं । उसीका खण्डन यहाँ करते हैं ।

कप्रमाफलकत्वापत्तेः। तत्र विरोधे व्याहत्यैकाप्रामाण्यनिश्चयो यत्र तु नैवं तद्विवक्षितमिति चेन्न, एवं सत्प्रतिपक्षवदन्यत्रापि विरोधार्थत्वेनैवाभासत्वाविशेषात्। तर्कयोर्विरोधोऽपेक्षित इति चेन्न, मिथो विरोधेन तर्कयोरप्याभासत्वात् ॥३३॥

विशेषप्रवृत्तप्रमाणार्थप्रतिक्षेपविषयत्वसंशयोऽविशेषप्रवृत्ततद्विपरीतार्थप्रमाणस्य विरोध इति चेन्न, विशेषविषयप्रमाणबाधितवैपरीत्ये सति तद्विरुद्धार्थतांशे संशयस्य दुर्बलस्यानवकाशत्वेनाविशेषप्रवृत्तप्रमाणविषयतां तदीयां गोचरयितुमप्यसामर्थ्यादेव। अविशेषप्रवृत्तस्य प्रमाणस्य तद्विपरीतार्थविशेषविषयप्रमाणदर्शनं तदितरविशेषविषयप्रमाफलकं तथेति चेन्न, अविशेषप्रवृत्तस्य प्रमाणस्य तद्विपरीतार्थविशेषविषयस्य च प्रमाणस्य च विषययोस्तद्विपरीतत्वविशेषणप्रतीत्यङ्गीकारलब्धायां परस्परविरुद्धत्वप्रतीतौ

समर्थन—ज्योतिःशास्त्र से "वर्षशतजीवी देवदत्त"—ऐसा निश्चय होने पर "देवदत्तः क्वचिदस्ति वर्षशतजीवित्वात्" इस सामान्यतोदृष्ट अनुमान और देवदत्तः गृहे नास्ति, इस अनुपलब्धि प्रमाण के परस्पर विरोध की [बहिः सत्व कल्पन के बिना] अनुपपत्ति अर्थापत्ति है और बहिःसत्व कल्पनफल है।

खण्डन—प्रमाणों में परस्पर विरोध कहीं भी देखा नहीं गया है, अतः अयुक्त है।

समर्थन—प्रमाणत्व से अभिमतों में विरोध की अनुपपत्ति अर्थापत्ति है।

खण्डन—अभिमत शब्द का भ्रम अर्थ करें अथवा ज्ञान अर्थ करें अथवा जिस ज्ञान का प्रामाण्य अप्रामाण्य अनिश्चित हो ऐसा ज्ञान अर्थ करें इन तीनों पक्षों में दोष होगा। देखिये—यदि ज्ञानों के विरोध की अनुपपत्ति से उपपादक की कल्पना हो तो—शब्दोऽनित्यः कृतकत्वात्, शब्दोनित्यः श्रावणत्वात्, इस सत्प्रतिपक्ष स्थल में भी ज्ञानों का विरोध अनुपपन्न होकर किसी उपपादक की कल्पना करेगा।

समर्थन—सत्प्रतिपक्ष स्थल में विरोध से व्याघात होने से एक के अप्रामाण्य का निश्चय होता है और अर्थापत्ति स्थल में बहिः सत्व के कल्पन से भी उपपत्ति है व्याघात है नहीं, अतः एक के अप्रामाण्य का निश्चय नहीं होता है।

खण्डन—जैसे सत्प्रतिपक्षस्थल में विरोध से एक के आभासत्व का कल्पन होता है ऐसे ही अर्थापत्तिस्थल में भी विरोध से एक का आभासत्व हो जायगा।

समर्थन—ज्योतिषशास्त्र से "वर्षशतजीवी देवदत्तः" ऐसा ज्ञान होने पर यदि देवदत्तः "क्वचित् न स्यात्, तदा वर्षशतजीवी न स्यात्, यदि देवदत्तः बहिर्न स्यात् तदा गेहनिष्ठ अत्यन्ताऽभावप्रतियोगी न स्यात्" इनदोनों तर्कों का क्वचित् शब्द के गृहसत्व में पर्य्यवसान से विरोध अर्थापत्ति है।

खण्डन—प्रमाण के तुल्य तर्कों में भी विरोध नहीं होता है, यदि विरोध हो तो तर्क आभास हो जाते हैं। प्रकरण में अनुपलब्धि से बाधित होने से क्वचित्व से प्रवृत्त तर्क का गृहसत्व में पर्य्यवसान नहीं हो सकता है, अतः विरोध नहीं है ॥३३॥

समर्थन—सामान्य से प्रवृत्त सत्वविषयक पूर्वजात सामान्यतोदृष्टरूप प्रमाणमें—अनुपलब्धिरूप पीछे जात प्रमाण का जो गृहे असत्वरूप विषय उसका अभाव, गृहसत्व है विषय जिसका—तत्व का संशय अर्थात् देवदत्तः क्वचिदस्ति, वर्षशतजीवित्वात्, इत्यनुमितौ गृहसत्वविषयत्वं न वा—यह संशय अर्थापत्ति है।

धर्मिणोर्विरुद्धधर्माध्यासस्य भेदस्य विरोधविवेचनस्फुटतद्गर्भप्रवेशतया तत्सहज्ञेयस्य तन्नान्तरीयकस्य चान्यत्रेवाऽन्यत एव प्राप्तेः ॥३४॥

किञ्चाविशेषप्रवृत्तस्यैव तस्य किं विशेषविषयत्वं ? अथ सामान्यतः प्रवृत्तस्य नान्तरीयकतया प्रागेव विशेषविषयस्य विशेषविषयत्वेनाज्ञातस्य विशेषविषयत्वं ? अथ वा सामान्यस्य तद्विषयस्य विशेषः ? उत तद्विषयीकृतविशेषगतं किमपि धर्मान्तरमिदानीं प्रमीयते। नाद्यः, अर्थापत्तेर्भ्रमकरणत्वापत्तेः। न द्वितीयः, तदनुव्यवसायोत्पत्तेस्तद्विषयप्रतीत्यसम्भवात्। न तृतीयः, सामान्यस्यानन्तर्भावितायश्रयस्य प्रत्येतुमशक्यत्वात्, प्रागेव तत्सिद्धेः॥ ३५ ॥

खण्डन—देवदत्तो गेहे नास्ति इस अनुपलब्धिरूप प्रमाण से गृहासत्व के बोध होने पर गृहसत्व अंश में दुर्बल संशय को बाधित होने से अविशेष से प्रवृत्त प्रमाण की विरुद्ध अंशीय विषयता को विषय करने में उसकी सामर्थ्य नहीं हो सकती है।

समर्थन—अविशेष से प्रवृत्त देवदत्तः क्वचिदस्ति वर्षशतजीवित्वात् इस सामान्यतो दृष्टरूप प्रमाण का [तद्विषय विपरीत गृहासत्व विषय का अनुपलब्धिरूप प्रमाण के दर्शन से] बहिः सत्वप्रमा की उत्पत्ति में पर्य्यवसान अर्थापत्ति है।

खण्डन—अविशेष से प्रवृत्त "देवदत्तः क्वचित् अस्ति वर्षशतजीवित्वात्" इस सामान्यतोदृष्ट प्रमाण का तथा उसके विपरीत अर्थ का विषय करनेवाला "देवदत्तः गृहे-नास्ति" इस विशेषविषयक प्रमाण का जो विषय अस्तित्व, नास्तित्व उन विषयों का जो तद् विपरीतत्व विशेषण की प्रतीति के अङ्गीकार से लब्ध परस्पर विरुद्धत्व प्रतीति उसके होने पर बहिः गृहरूप धर्मियों के विरुद्ध धरर्म का अध्यासरूप भेद—धर्मों का जो विरोधप्रतिसंधान उसके गर्भ में धर्मि भेद के प्रविष्ट होने से—विरुद्धत्व के सहज्ञेय है, अथवा जो विरुद्ध धर्म्माध्यास को भेद का हेतु मानते हैं उनके मत में विरुद्धत्व के नान्तरीयक हैं, अतः अन्यत्र के तुल्य अन्य से (अनुमान प्रमाण से) ही सिद्ध है। अर्थात् अस्तित्व नास्तित्वरूप विरुद्ध धर्म्म का अध्यास ही गेह तथा बहिःरूप धर्म्मी के भेद है, अतः विरुद्ध धर्म्मी का अध्यास से सहज्ञेय धर्म्मी का भेद है, वा विरुद्ध धर्म्माध्यास से अनुमेय है, अतः तदर्थ अर्थापत्ति को मानना व्यर्थ है॥३४॥

किञ्च अविशेष से प्रवृत्त प्रमाण में ही विशेष विषयकत्व पश्चात् ज्ञात होता है, अथवा सामान्य से प्रवृत्त प्रमाण ही नान्तरीयक होने से प्रथम से ही विशेषविषयक है परन्तु विशेष विषयकत्व अज्ञात है वह इदानीं ज्ञात होता है ? अथवा सामान्य विषयक ज्ञान ही विनिगमन न होने से गृहसत्ववहिःसत्व उभय विषयक है उसके वहिःसत्व में पर्य्यवसान गृहे नास्ति इसकी अन्यथानुपपत्ति से इदानीं ज्ञात होता है ? अथवा सामान्य ज्ञान के विषय विशेष में कोई अन्य धर्म्म इदानीं प्रतीत होता है ? इनमें प्रथमकल्प युक्त नहीं है कारण कि सामान्यविषयक ज्ञान में विशेष विषयत्व का विषय करनेवाला ज्ञान भ्रम हुआ अतः तत्करण अर्थापत्ति अप्रमाण हो जायगी। द्वितीयकल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि सामान्य विषयक ज्ञान नान्तरीयक होने से विशेष विषयक भी है अतः अनुव्यवसाय से ही विशेष विषयत्व के ज्ञान होने से तदर्थ अर्थापत्ति का स्वीकार व्यर्थ है। तृतीयविकल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि यदि सामान्य ज्ञान नान्तरीयक होने से विशेषद्वय विषयक मानें तो भी अभिमत बहिःसत्व विषयकत्व पूर्व से ही सिद्ध है, अतः तद्ज्ञापक अर्थापत्ति अनुवादक हुई ॥३५॥

नापि चतुर्थः, तद्धि प्रतीयमानविरोधिव्यतिरिक्तत्वमन्यद्वा स्यात्। नान्त्यः, तत्प्रतीतौ सामर्थ्यानुपदर्शनेनानियमप्रसङ्गात्। न प्रथमः, अनुगताननुगतजातिव्यक्तिचाक्षुषाचाक्षुषादिव्यक्तिगन्धादितादात्म्यवादिनये तदुभयप्रमातादात्म्यविषयताव्युदासं विना विरोधाऽसिद्ध्या तद्गमनिकावकाशस्यैवासिद्धेः। तदुभयप्रतीतौ च तदवधारणे प्रागेव तत्प्रतीत्याऽर्थापत्त्यनुवादतापत्तेः॥ ३६॥

अथानुपलब्धिप्रमाणलक्षणखण्डनारम्भः

योग्यानुपलम्भोऽभावप्रमाकरणमित्यप्ययुक्तम्। प्रमाणाभावस्य तथात्त्वे विभ्रमानुदयप्रसङ्गात्। उपलम्भाभावमात्रस्य तथात्त्वे शङ्खधवलिमप्रतिसन्धानवतः पीतभ्रमानुदयप्रसङ्गात्। कालभेदात्तत्राविरोध इति चेन्न, तथापि संसृष्टयोरन्योन्याभावाग्रहण-

---

चतुर्थकल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि वह धर्म्म कौन है, प्रतीयमान जो विरोधी धर्म्मगृहासत्वतद्व्यतिरिक्तत्व (वहिः सत्व) है? अथवा उससे अन्य ही कोई धर्म्म है? इनमें द्वितीयपक्ष तो युक्त नहीं है। कारण कि उक्त धर्म्म का अन्यत्वरूप से ज्ञान होने पर भी विशेषरूप से ज्ञान न होने से उसमें अर्थापत्ति की सामर्थ्य कह नहीं सकते हैं। प्रथमकल्प भी अयुक्त है, कारण कि जो (आचार्य्य) अनुगत जाति और अननुगत व्यक्ति का तथा चाक्षुष व्यक्ति और अचाक्षुष गन्ध का तादात्म्य मानते हैं, उनके मतमें देवदत्त के सत्व असत्व का भी गृह के साथ तादात्म्य ही है, अतः उन दोनों का विरोध ही नहीं है। फिर विरुद्धत्व "प्रतीति से वहिःसत्व का गमक कैसे होगा, जो धर्म्म और धर्म्मी के भेद मानते हैं उनके मत में भी धर्म्मी के विरोध की प्रतीति के सहज्ञेय धर्म्मी का भेद है, अथवा नान्तरीयक होने से अनुमान का विषय है। अतः अर्थापत्ति [अनुवादक होने से] प्रमाण नहीं हो सकती है॥ ३६॥

इति अर्थापत्तिप्रमाणखण्डनानुवाद।

अथ अनुपलब्धिप्रमाणखण्डन

योग्य अनुपलब्धि, अभाव-प्रमा का कारण है—यह भी अयुक्त है, कारण कि यदि उपलब्धि शब्द का अर्थ प्रमा हो तो (इदं रजतम्) इस भ्रम से पूर्व रजतत्व की स्मृति रूप ज्ञानलक्षणप्रत्यासत्ति होने पर भी रजतत्व की प्रमा का अभाव ही है। अतः अनुपलब्धिरूप कारण होने से (इदं न रजतम्) ऐसी अभाव की प्रमा ही होनी चाहिये (इदं रजतम्) ऐसा भ्रम नहीं होना चाहिये। यदि उपलम्भ शब्द का ज्ञानमात्र अर्थ करें तो यद्यपि (इदं रजतम्) इस विशिष्टवैशिष्ट्यावगाही भ्रमस्थल में दोष नहीं है, कारण कि

---

* "भूतले घटः" "भूतले पटः" इत्यादि व्यवहार से जैसे घटादिभाव को बाह्य पदार्थ मानते हैं वैसे ही भूतले घटाभावः" "भूतले पटाभावः" इत्यादि व्यवहार से भेदवादी अभाव को भी बाह्य पदार्थ मानते हैं। भेद यह है कि नैयायिक उसको प्रत्यक्ष मानते हैं और मीमांसक चक्षुरादि सन्निकर्ष न होने से अभाव प्रमा को अनुलब्धि प्रमाणजन्य मानते हैं। यहाँ उसी अनुलब्धि प्रमाण का खण्डन करते हैं।

प्रसङ्गात्। तादात्म्यस्य स्वरूपमात्राऽनतिरेकात्। अभावस्फुरणे च तत्प्रतिभानस्य ध्रौव्यात् ॥ ३७ ॥

किञ्च योग्यता हि तत्तदविनाभूतान्यप्रतियोगिप्रमापकसाकल्यमिष्यते, तथा सति च यत्र भावोपलम्भस्तत्राप्यभावप्रमा स्यात्। नहि तत्र हेतुव्यतिरेकेणैव वा सत्येव वा तदभावप्रमोत्पद्यते। तत्तदविनाभूतविरहसहितः स तथेति चेन्न। तदविनाभूतव्यतिरेकस्य तद्व्यतिरेकेणैवान्यथासिद्धसन्निधेरपि हेतुत्वाङ्गीकारे प्रमाणाभावात्। अतएवा-

---

प्रत्यक्ष में सन्निकर्ष के विना भान न होने से भ्रम से पूर्व ज्ञानलक्षणा के सम्पत्यर्थ रजतत्व की स्मृति अवश्य माननी पड़ेगी अतः रजतत्वोपलब्धि के अभावरूप कारण न होने से (इदं न रजतम्) यह अभाव की प्रमा नहीं होगी ? किन्तु (इदं रजतम्) यह भ्रम ही होगा, तथापि "श्वेतः शंखः"—ऐसा प्रतिसन्धान (स्मरण) वाले को विरोधी ज्ञान होने से पीतत्वस्मृति नहीं है, अतः पीतत्वोपलम्भाभावरूप कारण होने से "पीतो न शंखः" यह अभाव की प्रमा ही होनी चाहिये "पीतः शंख" यह भ्रम नहीं होना चाहिये।

समर्थन—"पीतः शङ्खः" इस भ्रम में पीतत्व का भान पीतत्वस्मृतिरूप ज्ञानलक्षण प्रत्यासत्ति के विना हो नहीं सकता है, अतः अनुभव के अनुरोध से कल्पना करेंगे कि उक्त स्मृति के जनक संस्कार के उद्बोधक पित्तादि दोष से ही "श्वेतः शंखः" इस पूर्व द्वितीय क्षणवर्ति प्रतिसन्धान का प्रतिबन्ध भी होता है, अर्थात् प्रतिबन्धक के न होने से- भ्रम से पूर्वलक्षण में पीतत्व स्मृति है, अतः अनुपलम्भरूप कारण के न होने से अभाव की प्रमा नहीं होती है, किन्तु "पीतः शङ्ख" ऐसा भ्रम ही होता है।

खण्डन—चक्षु से संयुक्त घट पट के अन्योन्याभाव का प्रत्यक्ष नहीं होगा, कारण कि अभाव के प्रत्यक्ष में प्रतियोगी के प्रत्यक्ष का अभाव कारण है, और अन्योन्याभाव के ग्रह· स्थल में सर्वत्र नियम से प्रतियोगी का प्रत्यक्ष रहता है। तादात्म्य अन्योन्याभाव का प्रतियोगी है, घट पट प्रतियोगी नहीं है—यह नहीं कह सकते, कारण कि घट पट के तादात्म्य को घट पट रूप होने से यदि तादात्म्य प्रतियोगी है तो घट पट भी प्रतियोगी ही हैं, तथा "घटः पटात्मा न" इत्याकारक अन्योन्याभाव के प्रत्यक्षस्थल में सर्वत्र ही नियम से घट पट की प्रतीति ही रहती है, अतः यदि अनुपलब्धि को कारण मानें तो अन्योन्याभाव का कहीं भी प्रत्यक्ष नहीं होगा ॥ ३७ ॥

किञ्च प्रतियोगी से और प्रतियोगीव्याप्त प्रतियोगीसन्निकर्षादि से अन्य, प्रतियोगी प्रमाजनक आलोकादि का समूह ही योग्यता है, ऐसा मानने पर जहां भाव (प्रतियोगी) का प्रत्यक्ष होता है—वहां भी अभाव की प्रमा हो जायगी, कारण कि वहां हेतु के विना ही, अथवा नित्या ही घटादि प्रमा नहीं होती है, किन्तु हेतु से ही होती है, अतः प्रतियोगी की प्रमा की कारणसमूहरूप योग्यता विद्यमान है।

समर्थन—प्रतियोगी और प्रतियोगीव्याप्त के अभाव से युक्त प्रतियोगी प्रमाजनक साकल्य उक्त स्थल में नहीं है, किन्तु प्रतियोगी का सन्निकर्ष ही है, अतः अभाव की प्रमा नहीं होती है।

खण्डन—प्रतियोगीव्याप्त के अभाव को प्रतियोगी के अभाव से अन्यथासिद्ध होने से उसके अभाव का प्रमा के हेतुत्व में प्रमाण नहीं है, अर्थात् जब अभाव की प्रमा में प्रति-

लोकस्याध्यक्षणे नालोकान्तरवत्ताऽवयवेनावयविना वा, आलोकेनान्यथासिद्धसन्निधिरहेतुरित्यालोकाभावग्रहे सा नापेक्ष्यते ॥ ३८ ॥

अर्थान्तयोगस्तु नार्थव्याप्तोऽशतयैक्यात् । तद्विरहसहितः स तथेति चेन्न, इन्द्रियसन्निकर्षस्य हि प्रतियोग्यनुपलम्भे तावद्धेतुताऽङ्गीक्रियते तत्र । किं सन्निकर्षव्यतिरेके कार्य्यानुदयोदाहरणमेष्टव्यं न वा, न यदि, तदा सन्निकर्षस्य हेतुतैव कुतो मन्तव्याऽन्यथैव कार्य्योत्पत्त्युपपत्तेः । एष्टव्यश्चेत्तर्हि तत्रैवोदाहरणे व्यवधायकेनेन्द्रियसन्निकर्षशून्ये परमार्थतश्चाभाववत्युक्तकरणसम्पत्तेरभावप्रमा स्यात् । तत्र व्यवधायकाभावः प्रतियोग्युपलम्भको नास्तीति चेन्न । सन्निकर्षस्य प्रमाव्यतिरेकप्रयोजकत्वावधारणोदाहरणमेव तर्हि तन्न स्यात् । व्यवधायकस्य सन्निकर्षविरोधिनैव प्रमाविरोधित्वमिति चेत्तर्हि व्यवधायकाभावः सन्निकर्षोत्पत्तौ कारणं, न त्वभावप्रमाविशेषोत्पत्ताविति स्थिते स प्रसङ्गस्तदवस्थ एव । नच सन्निकर्षाभावादेव तदानीमुक्तकारणासम्पत्तिः प्रतियोगिसन्निक-

---

योगी-व्याप्त का अभाव कारण ही नहीं है, तब प्रतियोगीव्याप्त के होने पर भी अभाव-प्रमा होनी चाहिये, अन्यथासिद्ध हेतु नहीं होते हैं ? इसीसे अवयवी अथवा अवयवरूप आलोक के प्रत्यक्ष में अवयव अथवा अवयवीरूप अन्य आलोक (अन्यथासिद्ध होने से) कारण नहीं होता है, आलोक के प्रत्यक्ष में अकारण होने से ही आलोक के अभाव (तमः) के प्रत्यक्ष में भी आलोक की अपेक्षा नहीं होती है ॥३८॥

किञ्च योग्यता के लक्षण में तदविनाभूत शब्द से प्रतियोगी के सन्निकर्ष का ग्रहण अभिप्रेत है, परंतु प्रतियोगी से व्याप्त प्रतियोगी का सन्निकर्ष होता नहीं है, कारण कि प्रतियोगी का सन्निकर्ष "प्रतियोगी" से घटित है, अतः अंशतः एक है और स्व से व्याप्त, स्व होता नहीं है ।

समर्थन—प्रतियोगी के अभाव से सहित प्रतियोगी की प्रमा के जनक साकल्य अभाव-प्रमा का हेतु है और प्रतियोगी के प्रत्यक्षस्थल में प्रतियोगी का अभाव नहीं है, अतः अभाव की प्रमा नहीं होती है ।

खण्डन—इन्द्रिय के सन्निकर्ष को प्रतियोगी के उपलम्भ में हेतु मानते हैं, अतः सन्निकर्ष के अभाव में प्रतियोगी का अप्रत्यक्ष इष्ट है । अन्यथा सन्निकर्ष की हेतुता सिद्ध कैसे होगी, कारण कि सन्निकर्ष के विना भी कार्य्य की उत्पत्ति हो गई । यदि उक्तस्थल में अप्रत्यक्ष इष्ट है तो उसी उदाहरण में व्यवधायक के होने से इन्द्रिय सन्निकर्ष नहीं है और वस्तुतः अभाव है और उक्त योग्यता भी है, अतः अभाव की प्रमा होनी चाहिये ।

समर्थन—वहाँ व्यवधायक का अभावरूप प्रतियोगी के उपलम्भ का कारण नहीं है, अतः उक्त योग्यता के न होने से अभाव की प्रमा नहीं होती है ।

खण्डन—यदि व्यवधायक के अभाव को कारण मानें, तो सन्निकर्ष के अभाव से प्रतियोगी की प्रमा का अभाव उक्तस्थल में नहीं हुआ, अतः सन्निकर्ष की हेतुता सिद्ध नहीं होगी, यदि कहें कि व्यवधायक, सन्निकर्ष के विरोधी होने से प्रमा का विरोधी है ? तो व्यवधायक का अभाव सन्निकर्ष की उत्पत्ति में कारण है, प्रतियोगी की प्रमा में नहीं, अतः उक्तस्थल में अभाव की प्रमा क्यों नहीं होती है, यह प्रसङ्ग वैसा ही रहा ।

र्यस्याभावप्रमोत्पादकत्त्वे नित्यं तदनुत्पत्त्यापत्तेः । अतएव नाव्यवधानमधिकं कारणमेष्टव्यं, इन्द्रियसन्निकर्षे एव तदुपपत्तेः । नचाश्रयसाक्षात्कारोपि प्राङ्नास्तिताग्रहादौ व्यभिचारात् ॥ ३९ ॥

ननु व्यवधायकसद्भावेऽपि यत्र परमार्थतोऽस्त्यभावस्तत्रोक्तकारणादभावावधारणमस्त्येव को विरोधः । स न तावद्भावयोगिन्यपि तावता तद्विरहप्रमा प्रसज्येत । तर्हि प्रतियोग्यभावसहितोऽनुपलम्भ एवाभावप्रमाणमस्तु, जहीहि योग्यताविशेषणनिवेशव्यसनम् । योग्यताविशेषणाप्रक्षेपेऽनुपलम्भमात्रतो वस्तुगत्या प्रतियोग्यभाववत्यपि नाभावनिश्चयः, कदाचित्तु संशयो जायते, तत्कथं तथाङ्गीक्रियत इति चेत् तर्हि व्यवधानेऽप्येवमेवेति योग्यताविशेषणप्रक्षेपेऽपि तुल्यम् ॥ ४० ॥

समर्थन—प्रतियोगी का सन्निकर्ष, प्रतियोगी का व्याप्त नहीं है, कारण कि अंशतः एक है और स्व से स्व, व्याप्त होता नहीं है ? अतः तत् तत् अविनाभूत से अन्य प्रतियोगी के प्रमापक साकल्य के मध्य में प्रतियोगी का सन्निकर्ष भी प्राप्त हुआ और उक्तस्थल में वह है नहीं, अतः अभाव की प्रमा नहीं होती है ।

खण्डन—प्रतियोगी का सन्निकर्ष, अभाव की प्रमा का कारण नहीं है, कारण कि यदि प्रतियोगी के सन्निकर्ष को अभाव की प्रमा का कारण मानें तो प्रतियोगी के सन्निकर्ष-स्थल में सर्वत्र अभाव का ही ग्रहण होने लगेगा—और व्यवधायक के अभाव के तुल्य व्यवधान का अभाव भी प्रतियोगी के प्रत्यक्ष में अधिक कारण नहीं है ? कारण कि सन्निकर्ष की उत्पत्ति में ही उसका सार्थक्य है ।

समर्थन—अभाव के प्रत्यक्ष में आश्रय का साक्षात्कार भी कारण है और उक्त स्थल में वह नहीं है, अतः अभाव की प्रमा नहीं होती है ।

खण्डन—यदि अभाव की प्रमा में आश्रय के साक्षात्कार को कारण मानें, तो गृह से बाहरस्थित पुरुष का गृहनिष्ठ चैत्राभाव का प्रत्यक्ष नहीं होगी, कारण कि आश्रय का साक्षात्कार नहीं है ॥ ३९ ॥

समर्थन—व्यवधायक के होने पर वस्तुतः जहाँ अभाव है, वहाँ उक्त कारण से अभाव का ज्ञान होता ही है, विरोध ही क्या है इससे जहाँ भाव है वहाँ अभाव की प्रमा नहीं होगी ।

खण्डन—तब प्रतियोगी के अभाव से विशिष्ट अनुपलम्भ को ही अभाव की प्रमा का कारण मानिये, योग्यता के निवेश के व्यसन को छोड़िये ।

समर्थन—यदि योग्यता का निवेश न करें तो कदाचित् अन्धकारादि में अभावयुक्त देश में भी अनुपलब्धिमात्र से अभाव का निश्चय नहीं होता है, किन्तु सन्देह ही होता है वह उपपन्न कैसे होगा ?

खण्डन—तब तो व्यवधायक होने पर भी अभाव का सन्देह हीं होता है, निश्चय नहीं होता है और उक्त योग्यता के निवेश करने पर अभाव का निश्चय हो जायगा । वह अनुभव से विरुद्ध है, अतः उक्त योग्यता का निवेश निर्दोष नहीं है ॥४०॥

किञ्च मेय का वास्तविक सत्व, प्रमाण कोटि में निवेश के अर्ह नहीं है, कारण कि मेयरूप वस्तु के सत्व के निर्धारण के अर्थ ही विचारक लोग प्रमाण.अप्रमाण का विवेचन,

अपि च मेयस्य वास्तवसत्त्वं प्रमाणकोटावनिवेशार्हमेव मेयवस्तुसत्त्वनिर्द्धारणार्थमेव हि प्रमाणाप्रमाणविवेचनं विचारकाणाम् । अन्यथाऽनुमाने व्याप्तावुपाधिनिरासायायासो व्यर्थः स्यात्, व्याप्तपक्षधर्मताज्ञानमात्रस्यैव कारणत्वाङ्गीकारेण सौस्थ्यात् । प्राङ्नास्तिताप्रमितौ च यद्यभावप्रमाणतां मन्यसे, तर्हि सा न स्यात् । तत्रेदानीं जायमानाभावप्रमोत्पत्तावभाववास्तवसत्ताविरहस्यापीदानीं क्वचित्सम्भवात् । फलविषयकालिकाभावोपलक्षिताश्रयादेः कारणकोटिनिवेशने विशेषाभावात् । तदुपलक्षितत्त्वस्यैव विशेषणस्य विशेषत्वेऽतिप्रसङ्गात् । तथापि सामान्यतो विशेषाभावोऽसिद्ध इति चेन्न, तस्य सत्त्वे निर्व्वचनापातात् ॥४१॥

लक्षण से करते हैं, अन्यथा (यदि मेय के स्वरूप का प्रमाणदल में निवेश कर सकें तो) अनुमानस्थल में व्याप्ति में उपाधि के निरास के अर्थ प्रयास व्यर्थ हो जायगा, कारण कि मेय से विशिष्ट व्याप्तिपक्षधर्म्मता के ज्ञानमात्र की कारणता के स्वीकार से ही निर्वाह हो जायगा ।

किञ्च यदि प्रतियोगी के अभाव से विशिष्ट प्रतियोगी के प्रमापक साकल्यरूप योग्यता से विशिष्ट अनुपलब्धि को प्रमाण मानें, तो जहां सम्प्रति भाव है; परन्तु पहले अभाव था, वहां अतीत अभाव का "प्रागत्र घटो नासीत्" ऐसी प्रमा नहीं होगी, कारण कि सम्प्रति अभावघटित उक्त प्रमाण नहीं है । यदि फल (प्रमा) विषय जो अतीतकाल, तात्कालिक अभाव से उपलक्षित अधिकरण से विशिष्ट प्रतियोगी के प्रमापक साकल्य को योग्यता कहें तो उक्त स्थल में यद्यपि आपाततः दोष की प्रतीति नहीं होती है, तथापि उक्त निवेश में कोई विशेष नहीं है । फलविषयकालिकाभावोपलक्षितत्व के अतिप्रसङ्ग होने से विशेष कह नहीं सकते हैं और यदि अभाव से उपलक्षित आश्रय को अभाव के प्रत्यक्ष में कारण मानें तो सर्वत्र प्रतियोगी से युक्त अधिकरण में अभाव की प्रमा हो जायगी, कारण कि यदा कदाचित् विद्यमान अभाव से उपलक्षित प्रतियोगी से युक्त अधिकरणमात्र है ही ।

समर्थन—यद्यपि विशेष का निर्वचन नहीं हो सकता, तथापि प्राङ्नास्तितास्थल में अभाव की प्रमा होती है और अन्यत्र प्रतियोगी से युक्त अधिकरण में अभाव की प्रमा नहीं होती है, अतः फल के अनुरोध से विशेष की कल्पना करेंगे कि कोई विशेष है ।

खण्डन—यदि उक्त स्थल में विशेष है तो अवश्य उसका निर्वचन करना चाहिये अन्यथा सामान्य से ही सर्वत्र उत्तर होगा, विशेष से उत्तर का सर्वत्र अभाव हो जायगा ॥ ४१ ॥

इति अनुपलब्धिखण्डन

अथ असिद्धलक्षणखण्डनानुवाद

असिद्ध सी क्या वस्तु है ? अर्थात् लक्षण न होने से अनिर्वचनीय है ।

निर्वचन—व्याप्ति और पक्षधर्मता से जो अप्रमित हो वह असिद्ध है ।

कश्चाऽयमसिद्धो नाम ? तथाहि-व्याप्तिपक्षधर्मत्वाभ्यामप्रमितोऽसिद्ध इत्यलक्षणं, हेत्वाभासान्तराणामपि ह्यसिद्धप्रवेश एवं सति स्यात् । व्याप्तिं पक्षधर्मतां तत्प्रमितिं वा न विरुन्धतां हेतुदोषत्वासम्भवात्

ननु नेदमीदृशं तथाहि—केचिद्दोषा व्याप्तिपक्षधर्मतातत्प्रमितिविरहात्मानः, केचित्तु व्याप्त्यादिभङ्गे लिङ्गभूताः, प्रतिबन्धकतयाऽनुमित्युत्पत्तिं निरुन्धनाश्च केचिद्दोषभूयं भजन्ते । तत्र प्रथमे तावदसिद्धमध्यमध्यासते, तद्यथा—व्याप्यत्वासिद्धः सोपाधिरूपः अनौपाधिकसम्बन्धिता हि व्याप्तिः सहोपाधिता चानुपाधिताविरहरूपैव एवमधिकरणासिद्धिरप्यसिद्धावेवान्तर्भविष्णुः पक्षपदोपात्तस्याश्रयस्य व्यतिरेकरूपा हि सा ॥४२॥

सिद्धसाधनमपि तथैव । सिषाधयिषितधर्मविशिष्टो हि पक्ष उच्यते, यच्च सिद्धं न तत्र सिषाधयिषाऽस्ति ततो, विशेषणाभावायत्तो विशिष्टपक्षरूपस्य तत्राभावः । नच वाच्यं यथा सव्यभिचारत्वान्नष्टव्याप्तिकमिति पृथगेव सव्यभिचारस्य दोषत्वं तथासिद्धत्वात्तत्र सिषाधयिषा नास्तीति सिद्धत्वस्यापि पृथगेव दोषत्वं प्राप्नोति लिङ्गद्वारेणासिद्धिपर्य्यवसायित्वात्, अन्यथा व्याप्त्यादिविरहपर्य्यवसायितमात्रेण सव्यभिचारत्वादीनामप्यसिद्धावेवान्तर्भावः स्यादिति । यतः सिषाधयिषाभावो न प्रतिपत्त्रा सिद्धत्वा-

---

खण्डन—ऐसा मानने पर अन्य विरुद्ध आदि हेत्वाभासों का भी असिद्ध में ही प्रवेश हो जायगा, कारण कि व्याप्ति तथा पक्षधर्मता और इनकी प्रमिति के जो विरोधी नहीं है, वे हेतु दोष ही नहीं हैं, और विरुद्धादि हेतु दोष हैं, अतः व्याप्ति तथा पक्षधर्मता और तत्प्रमिति के अवश्य विरोधी हैं और विरोधी होने से व्याप्तिपक्षधर्म्मता से अप्रमित हैं

समर्थन—यह वस्तु ऐसी नहीं है । देखिये—कोई दोष व्याप्तिपक्षधर्मतातत्प्रमिति के अभाव रूप हैं और कोई दोष व्याप्ति आदि के अभाव में अनुमापक हेतु हैं तथा कोई प्रतिबन्धक होने से अनुमिति के निरोध करने से दोष हैं। उनमें प्रथम दोष असिद्ध के मध्य में स्थित है, कारण कि व्याप्यत्वासिद्ध सोपाधिरूप है, और अनौपाधिक सम्बन्ध ही व्याप्ति है और अनुपाधित्व-विरहरूप सोपाधित्व है, इसी प्रकार अधिकरणासिद्धि भी असिद्ध के मध्य में ही अन्तर्भूत होने योग्य है, कारण कि पक्षपद से उपात्त आश्रय का व्यतिरेकरूप अधिकरणासिद्धि है ॥ ४२ ॥

तथा सिद्धसाधन भी असिद्ध के मध्य में अन्तर्भूत है, कारण कि सिषाधयिषित धर्मविशिष्ट ही पक्ष है और जो सिद्ध है उसमें सिषाधयिषा होती नहीं, तस्मात् विशेषण (सिषाधयिषा) के अभाव से प्रयुक्त विशिष्टरूप पक्ष का वहां भी अभाव है ही ।

प्रश्न—जैसे—यह हेतु, नष्टव्याप्तिक है, सव्यभिचार होनेसे, ऐसी अनुमिति होती है, अतः असिद्ध से पृथक् ही सव्यभिचारत्व दोष होता है, ऐसे ही साध्य के सिद्ध होने से सिषाधयिषा नहीं होती है; अतः सिद्धत्व भी असिद्धि से पृथक् ही दोष होना चाहिये, कारण कि सिद्धत्व का पर्यवसान हेतुरूपता द्वारा असिद्धि में है, अन्यथा (यदि सिद्ध साधन को पृथक् दोष न मानें तो) व्याप्त्यादि के विरह में पर्यवसान होने से सव्यभिचार आदि का भी असिद्ध में ही अन्तर्भाव क्यों न हो ।

ल्लिङ्गाद्गम्यते । किं नाम ? इच्छाभावस्य तस्य यथादर्शनं प्रत्यक्षादेरेवाधिगम, इच्छैव तु तत्र यन्नास्ति तत्र सिद्धत्वं प्रयोजकमित्येतावन्मात्रेण सिद्धत्वमुपन्यस्यते सिद्धसाधने न लिच्छाभावमनुमातुं लिङ्गतयेति । एवं स्वरूपासिद्धिरपि पक्षधर्मताविरहरूपैव ॥४३॥

ये तु व्याप्तिपक्षधर्म्मताविरहलिङ्गभूतास्तेऽसिद्धतः पृथगेव हेत्वाभासाः। तद्यथा—विरुद्धः साध्यविपरीतव्याप्तः तत्र साध्यव्यतिरेकव्याप्तता हेतोर्न साध्यव्याप्तताभावः। किन्नाम ? साध्यव्यतिरेकेण सहानौपाधिकः सम्बन्धोऽन्य एवासौ, इत्थमेव पक्षधर्मताविरहात्माऽपि नायम् । किन्नाम ? ततःसाध्यव्यतिरेकेण सह निरुपाधिसम्बन्धत्वात् तत्र साध्यव्याप्तिरस्य नास्तीत्यनुमीयते । तथासति च साध्यव्याप्तिव्यतिरेकलिङ्गं सद्विरुद्धः पृथगेव हेत्वाभासो भवति ॥४४॥

एवमनैकान्तिकोऽपि न व्याप्तिव्यतिरेकरूपः, किन्तु तल्लिङ्गमेव। तथाहि—हेतोरन्वयस्य व्यतिरेकस्य वा व्यभिचारो न साध्यसाधनव्याप्तिविरहात्मा, किं नाम ? व्यभिचारो हेतोः साध्यव्याप्तिविरहं विना न सम्भवतीति लिङ्गभावेन व्याप्तिभङ्गं बोधयति, यदि हि निरुपाधिः साध्येन सम्बन्धोऽस्य भवेत्, कथं व्यभिचरितुं शक्नुयात्तस्माद्व्याप्तिविरहलिङ्गं व्यभिचारः, नतु व्याप्तिविरहः । पक्षधर्मताविरहरूपता त्वनैकान्तिकस्यासम्भावितैव ॥४५॥

उत्तर—सिषाधयिषाऽभाव का ज्ञान सिद्धत्वरूप हेतु से नहीं होता है, किन्तु इच्छाऽभावरूप सिषाधयिषाऽभाव का ज्ञान न्यायमत में प्रत्यक्ष से और मीमांसा मत में अनुपलब्धि से ही होता है, वहां जो इच्छा नहीं होती है उसमें सिद्धत्व प्रयोजक है, इससे ही सिद्धत्व का सिद्धसाधन में कथन है इच्छाभाव के अनुमान से नहीं।

इसी प्रकार "शब्दोऽनित्यः चाक्षुषत्वात्" यहां स्वरूपासिद्धि भी पक्षवृत्तित्वरूप पक्षधर्मता का अभावरूप ही है ॥४३॥

जो दोष व्याप्ति, पक्ष-धर्मता के अभाव के हेतु हैं, वे असिद्ध से पृथक् ही हेत्वाभास हैं। देखिये—साध्याभाव से व्याप्त विरुद्ध है और हेतु में साध्याभावव्याप्तता साध्यव्याप्तत्वाभाव नहीं है ; किन्तु साध्याभाव के साथ अनौपाधिक सम्बन्धरूप है। इसी प्रकार विरूद्ध पक्षधर्मता का विरहरूप भी नहीं है; किन्तु साध्याभाव के साथ निरूपाधिक सम्बन्ध होने से "साध्य की व्याप्ति इस हेतु में नहीं है" ऐसी अनुमिति होती है। अतः विरुद्ध साध्य की व्याप्ति के अभाव में हेतु होने से पृथक् ही हेत्वाभास है।।४४॥

इसी प्रकार अनैकान्तिक भी व्याप्ति का अभावरूप नहीं है, किन्तु व्याप्त्यभाव का लिङ्गरूप है, देखिये—हेतु के अन्वय वा व्यतिरेक का व्यभिचार साध्यसाधनव्याप्तिविरह—रूप नहीं है, किन्तु व्यभिचार, हेतु में साध्य की व्याप्ति के विरह के विना हो नहीं सकता, अतः हेतुरूप से व्याप्ति के भङ्ग का बोधन करता है। यदि हेतु में साध्य का निरुपाधिक सम्बन्ध होता तो व्यभिचार कैसे होता इससे व्याप्तिविरह का लिङ्गव्यभिचार है, व्याप्तिविरहरूप नहीं है। "शब्दोऽनित्यः सत्वात्" इत्यादि व्यभिचारस्थल में पक्षधर्मता है, अतः व्यभिचार पक्षधर्मता का विरहरूप नहीं है ॥४५॥

सत्प्रतिपक्ष में प्रकृतहेतु में प्रतिहेतु से व्याप्तिपक्षधर्मता का सत्व असत्वरूप विशेष

सत्प्रतिपक्षतायां चानवगम्यमानविशेषप्रतिपक्षप्रतिरुद्धतया यत्साध्यनिश्चयाजनकत्वं हेतोः स प्रतिबन्धकसद्भावे कार्याजनकत्वमितरकारणसाधारणो वस्तुस्वभावः, तस्य व्याप्तिपक्षधर्मताविरहरूपताऽसम्भावितैव ॥४६॥

बाधस्तु साधनवति पक्षे साध्याभावबोधनात्मा भवन्नपि न व्याप्तिविरहावगमरूपः। सामान्यतोऽनौपाधिकसम्बन्धरूपा हि व्याप्तिः, साधनवति च पक्षे साध्यविरहो न सोपाधिता साध्याविरोधिस्वभावत्वात्तस्याः। नाप्यसौ सामान्यतः साध्यसाधनसम्बन्धस्य विरहरूपः, बाधे सत्यपि सामान्येन साध्यसाधनयोः सम्बन्धस्य दृष्टान्तावगतस्यानपलापात्, बाधस्य किञ्चिद्विशेषविषयत्वात् सामान्याकारपरिगृहीतस्य सम्बन्धस्य विशेषान्तरमादाय पर्य्यवसानाऽविरोधात्। तस्माद्विशेषबाधेन सामान्यतः सम्बन्धस्य सोपाधिताऽनुमीयते निरुपाधित्वे बाधानुपपत्तेः। यथाह "बाधाद्वोपाधिरुन्नीयतेऽन्यथा वेति न कश्चिद्विशेष" इति ॥४७॥

अन्यस्तु सत्प्रतिपक्षवत् बाधस्यापि प्रतिबन्धकत्वमेव तेन बाधे सति प्रतिबद्धत्वान्निश्चयं न करोति हेतुरिति व्याप्तिपक्षधर्म्मतादोषमनालोच्य अन्यथैव बाधस्य दोषत्वमित्याह ॥४८॥

तस्माद्व्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमितत्वानां यत्र साक्षादेव विरहस्योद्भावनं तत्रासिद्धः। यत्र तु व्याप्त्यादिविरहलिङ्गोपन्यासः सत्प्रतिपक्षोपन्यासो वा तत्रान्यो हेत्वाभासः ॥४९॥

ज्ञात नहीं है, अतः प्रतिहेतु प्रतिबद्ध होने से हेतु में जो साध्यनिश्चय का अजनकत्व है, वह प्रतिबन्धक होने पर कार्य का अजनकत्व इतर कारण के साधारण वस्तु का स्वभाव है वह सत्प्रतिपक्ष पक्षधर्मता का विरहरूप नहीं है ॥४६॥

साधनयुक्त अधिकरण में साध्याभाव का ज्ञानरूप बाध भी व्याप्ति-विरह का ज्ञान रूप नहीं है। देखिये—सामान्य से अनौपाधिकसम्बन्धरूप व्याप्ति है और साधनवाले पक्ष में साध्य का विरह उपाधि रूप नहीं है, क्योंकि उपाधि साध्य का विरोधिरूप नहीं है और साध्यविरह साध्य का विरोधिरूप है। तथा बाध सामान्य से साध्यसाधन के सम्बन्धका विरहरूप भी नहीं है कारण कि बाध होने पर भी दृष्टान्त में ज्ञात साध्यसाधनसंबन्ध का अपलाप नहीं हो सकता। बाध पर्वतादि विशेष विषयक है और सामान्याकार से गृहीत व्याप्ति का अन्य विशेष (महानस) का आदान कर भी पर्यवसान हो सकता है, अतः विशेष विषयक बाध से सामान्य से गृहीत सम्बन्ध में सोपाधित्व का अनुमान होता है, कारण कि निरुपाधि में बाध नहीं हो सकता यह बात कही भी है कि बाध से अथवा—अनुकूल तर्काभाव से उपाधि का अनुमान होता है ॥४७॥

अन्य आचार्य्य तो सत्प्रतिपक्ष के तुल्य बाध को भी अनुमिति का प्रतिबन्धक ही कहते हैं, तस्मात् बाध होने पर प्रतिबन्धक होने से हेतु साध्य का निश्चय नहीं कर सकता है, अतः व्याप्ति वा पक्षधर्मता के अभाव का आलोचन न कर साक्षात् ही बाधदोष है ॥४८॥
इससे जहां व्याप्ति या पक्षधर्मता अथवा तत्प्रमिति के साक्षात् अभाव का उद्भावन हो वहां तो असिद्ध है और जहां व्याप्ति आदि के विरह के लिङ्ग का उपन्यास हो अथवा सत्प्रतिपक्ष का उपन्यास हो वहां अन्य हेत्वाभास हैं ॥४९॥

ननु सोपाधित्वादयोऽपि यतोऽवगम्यन्ते तत् कुतः पृथक् दूषणं न भवत्यनैकान्तिकत्वादिवत् । मैवम् । अनैकान्तिकत्वादेर्व्याप्त्यादिविरहबोधने लिङ्गभावनियमात् पृथगुपन्यासः । सोपाधित्वादेस्तु प्रत्यक्षादपि प्रतीतेः । ननु लिङ्गभावनियमं तत्र प्रतिपादकं किञ्चिदस्ति । नच वाच्यं यत्र लिङ्गात्सोपाधितादेः प्रतीतिरतीन्द्रियप्रभृतिविषये, तत्र तल्लिङ्गं पृथगेव दूषणतयाऽभिधीयतां, न ह्यनैकान्तिकत्वादिकमपि सार्व्वत्रिकं व्याप्तिविरहलिङ्गमिति हेत्वाभासाधिक्यमापन्नमिति । अनैकान्तिकत्वादिवत्तेषां लिङ्गानामैकरूप्येण निर्देष्टुमशक्यत्वात् पृथक् पृथगेव वाऽभिधानमशक्यमपरिसङ्ख्येयत्वादिति । वक्ष्यामश्चाग्रे हेतुं तदनभिधानस्य ॥५०॥

नन्वनुचितमुच्यते व्याप्त्यादिविरहलिङ्गतयाऽनैकान्तिकत्वादीनां पृथग्दूषणत्वमिति यतो व्याप्तिपक्षधर्म्मतोपेतलिङ्गप्रमितिसाध्यानुमितिस्तद्वैकल्यान्न भवेत् । यतश्च सा न भवति तदेव तस्यां दूषणं वक्तुं युक्तमिदमनुमित्युत्पत्तिकारणमिह नास्तीति । नच व्याप्तिपक्षधर्म्मते तत्प्रमितिश्च विहायान्यत्तदुत्पत्तिकारणमस्ति व्यतिरेकोपदर्शनयोग्यं तस्मादनुमितिदोषप्रतीतिकारणत्वमनैकान्तिकत्वादीनां न तु साक्षाद्दोषत्वं दोषप्रति-

---

प्रश्न—जैसे व्याप्ति विरह का लिङ्ग अनैकान्तिक पृथक् हेत्वाभास है, वैसे ही सोपाधित्व का ज्ञान जिनसे होता है वे भी पृथक् हेत्वाभास क्यों न कहावें ।

उत्तर—व्याप्ति-विरह-बोधन में अनैकान्तिक नियम से हेतु होता है, अतः अनैकान्तिक का पृथक् उपन्यास है और हेतु में उपाधि प्रत्यक्ष से भी ज्ञात होता है, लिङ्ग भाव से नियतप्रतिपादक वहाँ कुछ नहीं है ।

प्रश्न—जिस अतीन्द्रियस्थल में लिङ्ग से सोपाधित्व की प्रतीति होती है, वहाँ लिङ्ग को पृथक् दूषण कहना चाहिये, कारण कि अनैकान्तिक भी सर्वत्र व्याप्तिविरह का लिङ्ग नहीं है, अतः हेत्वाभास अधिक हुए ।

उत्तर—अनैकान्तिक के तुल्य उन लिङ्गों का एक रूप से निर्देश नहीं हो सकता और पृथक् भी असंख्येय होने से निर्देश अशक्य है, अतः सोपाधित्व के लिङ्ग पृथक् हेत्वाभास नहीं हैं, इसका अन्य हेतु भी आगे कहेंगे ॥५०॥

प्रश्न—व्याप्ति आदि के विरह का लिङ्ग होने से अनैकान्तिक आदि पृथक् दूषण हैं। आपका यह कथन अनुचित है, कारण कि व्याप्ति-पक्षधर्मता-प्रमिति से साध्य की अनुमिति होती है, और व्याप्तिपक्षधर्मता-प्रमिति के वैकल्य में अनुमिति नहीं होती है, जिनसे अनुमिति नहीं होती है वेही अनुमिति में दोषरूप से कथन के योग्य हैं कि ये अनुमिति के कारण यहाँ नहीं है, व्याप्ति, पक्षधर्मता, तत्प्रमिति से अन्य अनुमिति का कारण नहीं है जिनका व्यतिरेक अनुमिति के व्यतिरेक में उपदर्शन योग्य हो। तस्मात् अनुमिति दोष की प्रतीति में कारण अनैकान्तिक आदि हैं, साक्षात् दोष नहीं हैं जो दोष के प्रतिपादक होने से दोष हैं उनका अभिधान साक्षात् दोष के उपजीवन विना अशक्य है, अतः प्रधान दोष का ही दोषरूप से अभिधान युक्त है, सव्यभिचार आदि का दोषरूप से कथनयुक्त

पादकतयापि च दोषत्वं साक्षाद्दोषत्वमनुपजीव्याशक्याभिधानमिति प्रधानदोषस्यैव दोषतयोद्भावनं युक्तं न सव्यभिचारत्वादीनामिति विभागसूत्रमनर्थकमिति ॥५१॥

सत्यमेतत्। साक्षाद्दोषत्वं प्रतिबन्धकस्य व्याप्त्यादिविरहस्य वा, विरुद्धत्वादीनान्तु तत्प्रमापकतया यद्यपि दोषपक्षनिक्षेपस्तथापि विरुद्धत्वादयो यद्दोषप्रतिपादकतयोक्तास्तदुद्भावनलाघवानुरोधात् व्याप्त्यादिविरहे तत्रोद्भाव्यमाने न हेतुर्मन्तुं शक्यते। अनैकान्तिकत्वादौ तूद्भाविते व्याप्त्यादिविरहोऽर्थाद्ग गम्यते। व्याप्त्यादिविरहव्यतिरेकेणानैकान्तिकत्वादेरनुपपन्नत्वात्। यथा तस्माद्दीर्घोऽयमित्युक्ते अस्मात् ह्रस्वः स इत्यर्थाद्गम्यते न तु तत्र प्रतिपाद्यान्तरापेक्षा तथेहापि निरग्नौ धूमोऽस्तीति प्रतिपादिते अग्निनाऽसौ न व्याप्त इत्यर्थाद्गम्यते। न हि सम्भवत्यग्निना च व्याप्तोऽनग्नौ चास्तीति। अतएवाऽऽनन्त्यादतीन्द्रियोपाध्यादिलिङ्गानां येषां पूर्वमनभिधानं समर्थितं तेषामनभिधानेऽयमपि हेतुः। तानि ह्युपाधिलिङ्गानि नार्थवशादुपाधिमन्यपेक्षाणि गमयन्ति येन येन तेषां व्याप्तिर्नावधारिता तं प्रति तत्प्रतिपादनमन्तरेणाप्रतिपादकत्वस्यापि सम्भवात्। अनैकान्तिकत्वाद्यवगतौ च व्याप्त्यादिविरहबोधाय न प्रतिपादनीयान्तरापेक्षा कस्यचित्सचेतसः सम्भवतीति पूर्व्वपक्षसङ्क्षेपः ॥५२॥

नहीं अतः सव्यभिचार आदि हेत्वाभासत्व का प्रतिपादक गौतम जी का विभाग सूत्र अनर्थक है ॥५१॥

उत्तर—यह आपकी शङ्का युक्त ही है, साक्षाद्दोष अनुमिति के प्रतिबन्धक सत्प्रतिपक्ष और व्याप्ति आदि के विरह ही हैं, और विरुद्ध आदि की यद्यपि व्याप्ति आदि के विरह के प्रमापक होने से दोषपक्ष में गणना है, तथापि (दोष के प्रतिपादक होने पर भी) विरुद्ध आदि जो दोषरूप से कहे गये हैं वह उद्भावन में लाघव होने से हैं। देखिये—अनैकान्तिक स्थल में यदि अनैकान्तिक का उद्भावन करें तो व्याप्त्यादि का विरह अर्थाद्गम्य होता है, कारण कि व्याप्ति के विरह के विना अनैकान्तिकत्व अनुपपन्न है, जैसे इससे यह दीर्घ है—यह कहने पर-इससे वह ह्रस्व है—यह अर्थाद्गम्य होता है अन्य प्रतिपाद्य की अपेक्षा नहीं होती है, वैसे ही अग्नि के अनधिकरण में धूम है ऐसा कहने पर अग्नि से व्याप्ति नहीं है यह अर्थाद्गम्य होता है, कारण कि यह सम्भव नहीं है कि अग्नि से व्याप्त हो और अग्नि के अधिकरण में न रहता हो, अतीन्द्रिय उपाधियों के लिङ्गों के आनन्त्य होने से हेतु दोषरूप से अभिधान नहीं है यह जो पूर्व कह आये हैं उनके अनभिधान में यह भी हेतु जानना चाहिये कि वे उपाधियों के लिंग उपाधि के अर्थवश अन्य प्रतिपाद्य की अनपेक्षा से बोधक नहीं हैं-कारण कि जिस पुरुष ने उपाधि की—उपाधि लिंग में—व्याप्ति नहीं जानी है, सम्भव है वह पुरुष व्याप्ति के प्रतिपादन के विना उपाधि की अनुमिति न कर सके, किसी सचेता को अनैकान्तिकत्व आदि के अवगम होने पर व्याप्त्यादि-विरह-बोधन के अर्थ अन्य प्रतिपाद्य (व्याप्तिविरह की अनैकान्तिकत्व में व्याप्ति) की अपेक्षा नहीं होती है यह पूर्वपक्ष का संक्षेप है ॥ ५२ ॥

खण्डन—इस रीति से असिद्ध के लक्षण के व्यवस्थित होने पर यह दोष होता है कि (आपने) इस पूर्वपक्षमें उक्त कथन से कीदृश असिद्ध का लक्षण व्यवस्थित किया, व्याप्ति

एवमसिद्धलक्षणे व्यवस्थिते बाधोऽयमभिधीयते। एतेन कीदृशमसिद्धलक्षणं व्यवस्थापितमायुष्मता भवति। व्याप्तिपक्षधर्मत्वाभ्यामप्रमितोऽसिद्ध इति तावत् विरुद्धादिषु लक्षणं किन्नास्ति किं वाऽस्ति। यदि नास्ति तदा व्याप्तिपक्षधर्म्मताभ्यां प्रमिता विरुद्धादयः प्राप्नुवन्ति। अथास्ति तदा तेऽप्यसिद्धभेदाः प्राप्ताः। अथैतस्मिँल्लक्षणे सत्यपि ते नासिद्धान्तर्भूताः, तर्हि लक्षणमिदमतिव्यापकमापन्नम्। अथ यत्र व्याप्तिपक्षधर्म्मत्वाप्रमितत्वं साक्षादुद्भाव्यते तदसिद्धमित्युच्यते तर्हि लक्षणान्तरमिदमुक्तं स्यात्। नचैतदपि युक्तं यत्र व्याप्यत्वासिद्धेर्व्याप्तिविरहमात्रं प्रतिपाद्यते तत्र व्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमितत्वानां हानं मिलितं नोद्भाव्यत इति नासावसिद्धः स्यात्। एवं सर्वासिद्धविशेषमुदाहृत्य प्रसङ्गो विधातव्यः॥५३॥

अथ प्रत्येकमिदं लक्षणं व्याप्त्यप्रमिततया साक्षादुद्भाव्योऽसिद्धः पक्षधर्म्मत्वाप्रमिततया चेति तर्हि अन्योन्योदाहरणाव्याप्तेरव्यापकत्वमुभयोः, अथोभयोरप्यसिद्धविशेषलक्षणत्वादन्योन्यविषयाव्यापकता न दोषायेति मन्यसे। न, सामान्यलक्षणे निर्व्वक्तुमशक्ये कथमिदं विशेषलक्षणमपि घटते। अथानुमितेरसाधारणहेतुव्यतिरेकोद्भावनं सामान्यलक्षणमस्तु। मैवम्। सत्प्रतिपक्षोद्भावनं तथेत्यतिव्याप्तेः।

पक्षधर्मता से अप्रमित असिद्ध है—यह लक्षण विरुद्धादि में है अथवा नहीं है। यदि नहीं है तो विरुद्धादि व्याप्तिपक्षधर्म्मता से प्रमित प्राप्त होते हैं और यदि यह लक्षण विरुद्धादि में है तो विरुद्धादि भी असिद्ध के भेद प्राप्त हुए और इस लक्षण के समन्वय होने पर भी यदि विरुद्धादि असिद्ध में अन्तर्भूत नहीं हैं तो यह लक्षण अतिव्याप्ति दोष से दूषित हुआ।

समर्थन—जिसमें व्याप्तिपक्षधर्मता प्रमितत्व का अभाव साक्षात् उद्भावित हो वह असिद्ध है।

खण्डन—यह लक्षणान्तर हुआ, अतः प्रतिज्ञाहानिरूप आपका निग्रह हुआ। किञ्च जिस व्याप्यत्वासिद्ध में केवल व्याप्ति का ही विरह उद्भावित होता है, वहां व्याप्तिपक्षधर्मताप्रमितत्व का अभाव उद्भावित नहीं होता है, अतः वह असिद्ध नहीं कहावेगा, एवं आश्रयासिद्धि स्वरूपासिद्धि में केवल पक्षधर्मता का विरह उद्भावित होता है। उक्त समुदाय का अभाव उद्भावित नहीं होता है, अतः उनमें भी अव्याप्ति हो जायगी॥५३॥

समर्थन—प्रत्येक यह लक्षण है अर्थात् व्याप्ति की प्रमिति के अभाव का जहाँ उद्भावन हो वह असिद्ध है तथा पक्षधर्मता की प्रमिति के अभाव का जहां उद्भावन हो वह असिद्ध है इस प्रकार से दो लक्षण हैं।

खण्डन—ऐसा करने पर प्रथमलक्षण की आश्रयासिद्धि में और द्वितीय लक्षण की व्याप्यत्वासिद्धि में अव्याप्ति हो जायगी। यदि कहें कि असिद्धविशेष के ये लक्षण हैं, अतः अव्याप्ति नहीं है, तो सामान्यलक्षण के न होने पर विशेष लक्षण का निर्वचन अयुक्त है, कारण कि सामान्य के ज्ञान विना विशेष की जिज्ञासा ही नहीं होती है।

समर्थन—अनुमिति के जो असाधारण हेतु उनके अभाव का उद्भावन असिद्ध है।

खण्डन—अनुमिति का असाधारण हेतु असत्प्रतिपक्षत्व भी है और उसका अभाव सत्प्रतिपक्षत्व है, अतः उसका उद्भावन भी असिद्ध हो जायगा, यदि कहें कि अनुमिति के

भावरूपतया हेतुविशेषणे च निरुपाधित्वव्यतिरेकोद्भावनाव्याप्तेः स्वरूपासिद्धिः सर्वप्रमाणसाधारणो दोष इत्यत्र तदुद्भावनाव्याप्तेश्च। अथोच्यते व्याप्तत्वपक्षधर्म्मताभ्यां प्रमितत्वस्य व्यतिरेको यत्र साक्षादुपन्यस्यते सोऽसिद्ध इति इदमप्यलक्षणमव्यापकत्वात्। यत्र व्याप्त्यादिव्यतिरेक उपन्यस्यते, तत्र वस्तुगत्या व्याप्तत्वप्रमितेर्व्यतिरेकोऽस्तु नाम नतूपन्यस्यतेऽपि, प्रयोजनाभावात्। व्याप्तिव्यतिरेकदर्शनादेवानुमानाङ्गवैकल्यात्मनो दोषस्योद्भावनपर्य्यवसानात्। तस्मात्तत्र प्रमितत्वव्यतिरेकोद्भावनं नास्तीत्यव्यापकत्वं दोषः ॥५४॥

ननु विशेषणाद्यभावोऽपि वस्तुतो विशिष्टाभाव एवेति नोक्तदोषः। न, यदि विशेषणाद्यधिको विशिष्टस्तदा तदभावभेदोऽपि स्यात्। अथ नाधिकस्तदा विशेषणाभावत्वान्नान्या सा विशिष्टाभावतेति विशेष्याभावेपि तथात्वे पृथगेव विशिष्टाभावत्वार्थस्तयोरित्यननुगम एव। स्वार्थानुमित्यसिद्ध्यव्याप्तिश्चानुद्भावनादिति ॥५५॥

अथ ब्रूषे यत्र व्याप्तत्वपक्षधर्म्मत्वप्रमितेर्व्यतिरेकः साक्षाच्छक्योपन्यासस्तदसिद्धं शक्योपन्यासत्वस्यानुपन्यस्तेपि सम्भवान्नास्त्यव्यापकतेति। नैतदपि युक्तम्। तथाहि शक्योपन्यासत्वं किं शक्यस्वरूपनिर्देशत्वमात्रं, उत शक्यप्रमापणत्वम्। आद्येऽ

असाधारण जो भावरूप हेतु उसका व्यतिरेकोद्भावन असिद्धि है तो व्याप्यत्वासिद्धि में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि अनुमिति के असाधारण हेतु अनौपाधिकत्व भाव रूप नहीं है। किञ्च स्वरूपासिद्धि सर्वप्रमाण का साधारण दोष है, अनुमिति का असाधारण नहीं है, अतः उसके उद्भावन में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—जहां व्याप्तत्व पक्षधर्मत्व से प्रमितत्व का व्यतिरेक साक्षात् उद्भावित हो वह असिद्ध है।

खण्डन—अव्यापक होने से यह भी अलक्षण है, कारण कि जहां व्याप्ति के व्यतिरेक का उद्भावन होता है, वहां वस्तुतः व्याप्ति-प्रमिति का व्यतिरेक है भी, परन्तु उसका उपन्यास प्रयोजनाभाव से नहीं होता है, कारण कि व्याप्तिव्यतिरेक के दर्शन से ही अनुमान के साधन के अभाव का उद्भावन हो गया, तस्मात् यहां प्रमितत्वव्यतिरेक का उद्भावन नहीं होता है, अतः अव्याप्ति दोष हो जायगा ॥ ५४ ॥

समर्थन—विशेषण (व्याप्ति) का अभाव भी वस्तुतः विशिष्ट (व्याप्ति-प्रमितत्व) का अभाव रूप ही है, अतः उक्त दोष नहीं होगा।

खण्डन—यदि विशिष्ट विशेषण, विशेष्य से भिन्न है, तो विशिष्टाभाव भी विशेषणाभाव से भिन्न ही है और यदि विशिष्ट विशेषण वा विशेष्य से भिन्न नहीं है तो विशेषणाभाव विशिष्टाभाव जैसे है वैसे ही विशेष्याभाव भी विशिष्टाभाव है, अतः अननुगम हो जायगा। किञ्च स्वार्थानुमिति में व्याप्त्यादि व्यतिरेक के उद्भावन के न होने से अव्याप्ति हो जायगी ॥ ५५ ॥

समर्थन—जिस स्थल में व्याप्ति-पक्षधर्मताप्रमितत्व का व्यतिरेक साक्षात् शक्योपन्यास हो वह असिद्ध है, जहां उपन्यास नहीं होता है, वहां भी उपन्यास हो सकता है, अतः अव्याप्ति नहीं होगी।

नैकान्तिकादावपि व्याप्तिशून्यत्वं शक्यप्रतिज्ञम्भवत्येव । द्वितीयेऽपि यदि साक्षादिति प्रत्यक्षेणेत्यर्थः, तदा प्रत्यक्षेण प्रमापणीयत्वं व्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमितिविरहस्य प्रत्यक्ष-प्रतियोगिकाभावप्रत्यक्षतावादिमते विरुद्धादावप्यस्तीत्यतिव्याप्तिः । अन्यमते न क्वचि-दपीति सर्वाव्याप्तिः ॥५६॥

अथ व्याप्तिपक्षधर्म्मताविरहस्यापि प्रत्यक्षप्रमापणीयता विवक्षिता सा न युक्ता, उक्तलक्षणवाक्यस्य व्याप्तिपक्षधर्म्मताविरहानभिधायित्वात् । तद्विरहेऽपि तात्पर्याभ्यु-पगमे प्रत्येकसमुदितलक्षणताविकल्पेनाव्यापकत्वापातात् । अतीन्द्रियपक्षादिविरहे च विषये तदभावादव्यापकत्वापत्तेः ॥ ५७ ॥

एतेन यदि लिङ्गानपेक्षत्वं साक्षादर्थः सोऽपि निरस्तः । अथोच्यते यत्र व्याप्तत्व-पक्षधर्म्मत्वप्रमितेर्व्यतिरेकः प्रतिपादनीयान्तरानपेक्षतया तत्प्रमापकस्य लिङ्गस्योपन्या-सव्यतिरेकेण शक्योद्भावनः, तदसिद्धमिति । नैतदप्युपपन्नम् । अतिव्यापकत्वात् । तथा

खण्डन—"शक्योपन्यास" शब्द का क्या अर्थ है। जिसके स्वरूप का निर्देश शक्य हो— यह अर्थ है अथवा जिसका प्रमापण शक्य हो यह अर्थ है। प्रथमपक्ष में अनैकान्तिक आदि में भी व्याप्तिव्यतिरेक की प्रतिज्ञा (उपन्यास) शक्य है। अतः अव्याप्ति तदवस्थ ही है। द्वितीय पक्ष में साक्षात् शब्द का प्रत्यक्ष से ऐसा अर्थ करें तो व्याप्तिपक्षधर्मताविरह में प्रत्यक्ष से प्रमापणीयत्व [प्रत्यक्ष के अभाव को प्रत्यक्ष जो मानते हैं उनके मत में] विरुद्धादि में अतिव्याप्ति हो जायगी और प्रत्यक्ष के अभाव को प्रत्यक्ष जो नहीं मानते हैं, उनके मत में सर्वत्र असम्भव हो जायगा ॥५६॥

समर्थन—जहां व्याप्ति तथा पक्षधर्मता का अभाव प्रत्यक्षज्ञान का विषय हो वह असिद्ध है।

खण्डन—यह भी युक्त नहीं है, कारण कि प्रमितिघटित उक्त लक्षण वाक्य का यह अर्थ नहीं है। मान भी लें कि उक्त वाक्य का यह भी अर्थ है तो यदि उभयविरह का उद्भावन मिलित असिद्ध है तो जहां केवल व्याप्ति के विरह का उद्भावन है, वहां अव्याप्ति हो जायगी और यदि एक २ के अभाव का उद्भावन सिद्ध है तो यदि व्याप्तिविरह का उद्भावन असिद्ध है तो पक्षधर्मताविरहोद्भावनस्थल (आश्रयासिद्ध) में और यदि पक्षधर्मता के व्यतिरेक का उद्भावन असिद्ध कहें तो व्याप्यत्वासिद्ध में अव्याप्ति हो जायगी।

किञ्च जहां अतीन्द्रिय पक्षादि विरह है, वहां पक्षधर्मता का व्यतिरेक प्रत्यक्षप्रमा का विषय नहीं है, अतः अव्याप्ति हो जायगी ॥ ५७ ॥

समर्थन—साक्षात् शब्द का लिङ्गानपेक्षत्व अर्थ है अर्थात् जहां व्याप्ति पक्षधर्मता का विरह लिङ्ग की अनपेक्षा से प्रमाविषय हो वह असिद्ध है।

खण्डन—यह कथन भी युक्त नहीं है, कारण कि अतीन्द्रियपक्षस्थल में आश्रया-सिद्धि का अवगम लिंग से ही होता है, अतः अतीन्द्रिय आश्रयासिद्धि में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—जहां व्याप्ति अथवा पक्षधर्मता वा तत्प्रमिति के व्यतिरेक का कथन [अन्य प्रतिपाद्य की अनपेक्षा से प्रमितिजनकहेतु के उपन्यास के विना ही] हो सके

हि—विरुद्धादौ शक्यते तावद्विपक्षवृत्तिदण्डभूततर्काभावात् सोपाधिताऽवगन्तुम् । यदाह "यत्रानुकूलस्तर्को नास्ति सोऽप्रयोजक" इति । तस्मात्तेषामप्येवं लक्षणयोगित्वादसिद्धत्वप्रसङ्गः । न च तादृशतर्काविषयत्वमपि प्रतिपादनीयान्तरानपेक्षव्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमितिविरहप्रमापकलिङ्गभूतमेवेति वाच्यम् । तथा सति विरुद्धत्वादिवत्तस्य हेत्वाभासान्तरत्वप्रसङ्गात् ॥ ५८ ॥

अथोच्यते, तथोपन्यस्यमानं तदसिद्धम्भवतु-साध्यविपरीतव्याप्तित्वादिना तु दूष्यमाणं विरुद्धाद्येव तत्, उपन्यासप्रकारभेदाच्च भेदव्यवस्था हेत्वाभासानाम् । नह्यत्र गोत्वाश्वत्वादिवदत्यन्तासङ्कर इष्यते । किं नाम ? प्रमाणप्रमेयभाववत् प्रकारासङ्करमात्रमिति । तदप्ययुक्ताभिधानम् । वक्तव्यं हि केन प्रकारेणासिद्धत्वम्भवति, न तावदुक्तलक्षणेन, तथाशक्योद्भावनत्वस्य विरुद्धोचितप्रकारेणोपन्यस्यमानस्य सम्भवात् । सर्वथा

वह असिद्ध है। इस लक्षण में विरुद्ध में लिङ्ग का उपन्यास होने से अतिव्याप्ति नहीं है और अतीन्द्रियपक्षस्थल में लिङ्ग का उपन्यास तो है, परन्तु लिङ्ग में व्याप्ति-प्रतिपादन की अपेक्षा है, अतः अव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—यह भी युक्त नहीं है, कारण कि शब्दोनित्यः कृतकत्वात्, शब्दोऽनित्यः प्रमेयत्वात् इत्यादि विरुद्ध अनैकान्तिक स्थल में विपक्षबाधक तर्काभाव से भी व्याप्ति के व्यतिरेक का अवगम होता है। यह बात उदयनाचार्य जी ने भी कही है कि जहां अनुकूल तर्क न हो वह हेतु प्रयोजक (व्याप्तिरहित) है, तस्मात् विरुद्धादि में उक्त लक्षण के योग होने से अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—विपक्ष-बाधक तर्क का अभाव भी प्रतिपादनीयान्तर की अनपेक्षा से लिङ्गरूप से ही विरुद्धादि में व्याप्तिविरह का अनुमापक है, अतः अतिव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—ऐसा मानने पर विरुद्धादि के तुल्य विपक्षबाधक तर्काभाव भी हेत्वाभास हो जायगा ॥५८॥

समर्थन—कृतकत्व आदिहेतु में जिस समय विपक्षबाधक तर्क के अभाव से व्याप्त्यभाव का अवगम होता है, उस काल में वह असिद्ध है और जब साध्याभाव व्याप्तत्वादिरूप हेतु से व्याप्त्यभाव का अवगम होता है, तब वह विरुद्धादि हैं। उपन्यास के प्रकार के भेद से ही हेत्वाभासों में भेद है। गोत्व अश्वत्व के तुल्य भेद नहीं है, किन्तु प्रमाण प्रमेय के तुल्य भेद है अर्थात् जैसे एक ही वस्तु चक्षुरादिप्रमिति के करण होने से प्रमाण और प्रमिति के विषय होने से प्रमेय है। ऐसे ही प्रकार का असङ्करमात्र है।

खण्डन—यह कथन भी अयुक्त है, कारण कि प्रकार के असङ्कर होने पर भी यह अवश्य कहना होगा कि किस प्रकार से असिद्धत्व है। उक्त लक्षणरूप प्रकार से असिद्धत्व नहीं कह सकते हैं, कारण कि व्याप्तिपक्षधर्मताप्रमिति के अभाव का शक्योद्भावनत्वरूप उक्त प्रकार—विरुद्ध के उचित प्रकार (लक्षण) से कथित कृतकत्वादि में भी—विद्यमान है, अर्थात् यदि असिद्ध का उक्त लक्षण करें तो विरुद्धस्थल में असिद्धरूप हेत्वाभास से ही अनुमिति के प्रतिबन्ध होने से विरुद्ध की हेत्वाभास में गणना व्यर्थ हो जायगी।

समर्थन—जहाँ साध्य के अभाव से व्याप्तत्वरूप विरुद्धत्व का उद्भावन न हो और व्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमिति के व्यतिरेक शक्योद्भावनत्व का उद्भावन हो वह असिद्ध है।

निष्प्रकारकस्यासिद्धधर्म्मिणस्तदुद्भावनाशक्यत्वात् । नच तथाशक्योद्भावनत्वमप्युद्भाव्यते, असिद्धेः, येन प्रकारभेदव्यवस्थितिरनेन भवेत् । नच शक्योद्भावनपदस्थाने उद्भाव्यमानत्वमिति कृते निस्तारः, सोपाधित्वाद्युद्भावने प्रमित्यभावोद्भावनं व्यर्थत्वान्न क्रियत इति तदव्यापकत्वं प्रसज्येतेति प्रागेवोक्तत्वादिति ॥ ५९ ॥

एतेनासिद्धः साध्यसम इति प्रत्युक्तम् । यथाकथञ्चित्साध्यसाम्यस्य सर्वसाधारणत्वात् । साम्यविशेषस्य चोक्तप्रकारपर्य्यवसानव्यतिरेकेणान्यस्यासम्भवात्, लक्षणान्तरेषु चोक्तदूषणप्रकारा यथासम्भवमिह योजनीया इत्यलंविस्तरेणेति ॥ ६० ॥

अपिचासिद्धलक्षणविशेषेषु प्रमाणव्यवच्छेदकव्यतिरिक्तेन यद्व्यवच्छेद्यं तत् किं केनचिद्विरुद्धं केनचिदन्यदिति चेत् । विरुद्धमेव किमुच्यते । तथा हि—साध्यविपरीतव्याप्तो विरुद्ध इत्याहुः । तन्न, साध्यव्यतिरेकेण हि व्याप्तिः कार्त्स्न्येन वा अनौपा-

---

खण्डन—ऐसा कोई स्थल नहीं है जहां विरुद्धादि प्रकार न हों, केवल असिद्ध प्रकार ही हो । किञ्च स्वार्थानुमिति में असिद्धस्थल में भी शक्योद्भावनत्व का उद्भावन नहीं होता है, फिर उक्तस्थल में उक्त प्रकार से भी व्यवस्था कैसे होगी ।

समर्थन—शक्योद्भावन पद के स्थान में उद्भावनमात्र दें अर्थात् व्याप्तिपक्षधर्म्मताप्रमिति के व्यतिरेक का जहां उद्भावन हो वह असिद्ध है । विरुद्धादि में यद्यपि उक्त व्यतिरेक है, तथापि उद्भावन नहीं होता है, अतः अतिव्याप्ति नहीं होगी ।

खण्डन—व्याप्यत्वासिद्ध स्थल में केवल व्याप्ति के व्यतिरेक का ही उद्भावन होता है । प्रयोजन न होने से व्याप्तिप्रमिति के व्यतिरेक का उद्भावन नहीं होता है, अतः अव्याप्ति हो जायगी इत्यादि पीछे कह आये हैं ॥५९॥

समर्थन—साध्य से सम असिद्ध है ।

खण्डन—यदि अस्तित्व ज्ञेयत्व आदि धर्म से साम्य की विवक्षा करें तो विरुद्धादि हेतु भी उक्त प्रकार से साध्यसम होने से असिद्ध हो जायगें और यदि साम्यविशेष की विवक्षा करें अर्थात् जैसे साध्य साध्य से व्याप्तत्वरूप से प्रमित नहीं है, एक होने से तथा साध्य, पक्षधर्मता से प्रमित नहीं है, संदिग्ध होने से एवं व्याप्तिपक्षधर्मता से जो प्रमित न हो वह साध्यसम है—ऐसी विवक्षा करें तो उक्त प्रकार में ही पर्यवसान होगा और उन प्रकारों का खण्डन कर चुके हैं । अन्य असिद्धि के लक्षणों में भी उक्त दूषणों का अथवा उक्त दूषणों से सदृश अन्य दूषणों की यथासंभव योजना करना चाहिये, ग्रन्थ का विस्तार व्यर्थ है ॥ ६० ॥

इति असिद्धलक्षणखण्डन

अथविरुद्धलक्षणखण्डनानुवाद ।

किञ्च व्याप्तिपक्षधर्म्मतातत्प्रमिति के व्यतिरेक का कथन जहां लिङ्ग के उपन्यास के विना हो सके वह असिद्ध है इस लक्षण में प्रमित्यन्त प्रमाण के व्यवच्छेद का अर्थ है—लिङ्ग के उपन्यास के विना इस विशेषण का तथा शक्योपन्यास इस विशेषण का व्यवच्छेद्य क्या है । यदि कहें कि किसीका व्यवच्छेद्य विरुद्ध है और किसीका स्वार्थानुमितिस्थलीय

धिको वा स्वाभाविको वा सम्बन्ध इत्याद्युक्तिभिः सविशेषेण सहभाव एव निरुच्यते। तथा सति च साध्यव्यतिरेकेण सामानाधिकरण्यमेव विशेषणविशेषयुक्तं विरुद्धत्वमित्युक्तं स्यात्। यदा चैवं तदा साध्यव्यतिरेकसामानाधिकरण्यमेव हेतोरगमकत्वे समर्थमिति तन्मात्रमुद्भाव्यं वृथा विशेषणप्रक्षेपः। तथा चानैकान्तिक एवायं स्यात् ॥ ६१ ॥

ननु साध्यव्यतिरेकसम्बन्धो यद्यपि विरुद्धानैकान्तिकयोर्द्वयोरप्यस्ति तथापि वस्तुगत्या स्वाभाविकोऽसौ विरुद्ध एवेत्येतावन्मात्रविशेषविवक्षया विरुद्धस्यानैकान्तिकाद्भेदोपन्यासः। मैवम्। दत्तोत्तरत्वात्। वस्तुगत्या सन्नप्ययं विशेषो नोद्भावनार्ह इत्युपेक्षणीय इत्युक्तम्। तथा हि नेदमस्य साधकमेतत्साध्यं प्रति विरुद्धत्वादित्यभिधीयमाने विरुद्धशब्दार्थनिरुक्तौ विशेषणाधिक्यस्योक्तन्यायेन दुष्परिहरत्वात्। अत एवानैकान्तिके सन्देहेन प्रत्यवस्थानं विरुद्धे तु व्यतिरेकनिश्चयेनेति विशेषादनयोर्भेदेनोपन्यास इत्यप्यनवकाशम्, अनुमितिहेतुव्यतिरेको हि हेतुदोषोऽनुमितिहेतुश्चैको व्याप्तिस्ततस्तदभावस्य दोषत्वात्तावन्मात्रं ज्ञाप्यं तच्चहेतुविपक्षसम्बन्धोद्भावनमात्रादेव गम्यते, तस्मा-

---

असिद्ध का संग्रह फल है तो विरुद्ध हो क्या वस्तु है, अर्थात् लक्षण न होने से अनिर्वचनीय है, अतः व्यवच्छेद्य के न होने से विशेषण व्यर्थ है।

समर्थन—साध्य के अभाव से व्याप्त हेतु विरुद्ध है। यहां साध्याभाव के साथ व्याप्ति विशेषण से युक्त सहभाव ही है, क्योंकि सार्वत्रिक या अनौपाधिक अथवा स्वाभाविक सम्बन्ध ही व्याप्ति है। ऐसा होने पर साध्याभाव के साथ विशेषण (सार्वत्रिकत्व) से युक्त सामानाधिकरण्य ही विरुद्ध हुआ।

खण्डन—यदि ऐसा है तो साध्याभाव के साथ सामानाधिकरण्य ही हेतु के व्याप्तिशून्यत्व में समर्थ प्रयोजक है, अतः तन्मात्र ही लक्षण कहना चाहिये, विशेषण का प्रक्षेप व्यर्थ है और यदि विशेषण न दें तो विरुद्ध भी अनैकान्तिक ही हो जायगा ॥ ६१ ॥

समर्थन—यद्यपि साध्याभाव के साथ सम्बन्ध विरुद्ध अनैकान्तिक दोनों में है, तथापि स्वाभाविक संबन्ध विरुद्ध में ही है। केवल इसीसे विरुद्ध से अनैकान्तिक का भेद है।

खण्डन—वस्तुतः सार्वत्रिकत्व के निवेश से कृतभेद हैं, परन्तु यह भेद कथन के योग्य नहीं है यह उत्तर दे चुके हैं। देखिये—"यह हेतु साध्य का साधक नहीं है, साध्य के विरुद्ध होने से" यह कहने पर विरुद्ध शब्दार्थ की निरुक्ति में उक्त रीति से विशेषण का आधिक्य दुःपरिहर है।

समर्थन—अनैकान्तिकस्थल में हेतु में साध्याभाव की व्याप्ति का सन्देहमात्र रहता है और विरुद्धस्थल में हेतु में साध्याभाव के साथ व्याप्ति का निश्चय रहता है—यह दोनों में परस्पर भेद है।

खण्डन—यह भी युक्त नहीं है; कारण कि अनुमिति हेतु का अभाव हेतु का दोष है और अनुमिति का हेतु एक व्याप्ति है और दूसरा पक्षधर्मता है, इससे उन दोनों के अभाव ही को दोष होने से तन्मात्र ही ज्ञाप्य है और उसका अवगम हेतु के—विपक्ष में—संबन्ध मात्र से ही होता है, तस्मात् अनुमिति का हेतु जो व्याप्ति उसकी प्रमिति के अभाव के बोधन के अर्थ पूर्वोक्त सन्देह अथवा निश्चय का उद्भावन भी करें तो उक्त संदेह वा निश्चय ही कैसे

दनुमितिहेतुव्याप्तिप्रमितिव्यतिरेकबोधनाय संशये व्यतिरेकनिश्चये चोद्भाव्यमानेऽपि कुतस्तावेवेत्यत्र विपक्षसम्बन्धमात्रनियततत्सम्बन्धावश्योपन्यास्याविति तत्सम्बन्धमात्रमेवास्तु, व्याप्तेस्तत्प्रमितेश्च व्यतिरेकस्य लिङ्गत्वादुद्भाव्यं कुतमितराभ्यामिति ॥६२॥

लकारभेदप्रयोगे तैस्तैर्लकारैः कालविषयविशेषप्रतिपादनवद्विभक्तिभिर्लिङ्गसङ्ख्याज्ञापनवत् पर्वतोऽग्निमानित्यादौ धर्म्यादिप्रतिपादनवच्च नेदं घटते तत्र तेषामतात्पर्य्यविषयाणामपि पदप्रयोगे विशिष्टबोधने वा अन्यथासिद्धानां यथा बोधनं तथा यत्रापि व्याप्तेरतात्पर्य्यविषयत्वं तदनैकान्तिकसाधारण्यादेव, अन्यथोक्तदोषापरिहारादेवेति ॥६३॥

अनैकान्तिकत्वञ्चानुद्भावयता अनधिगच्छता वा विरुद्धमशक्योद्भावनमशक्याधिगमश्चेति तदुपजीवित्वान्न पृथक् दूषणं विशेष्यप्रतिपादनं विशेष्यावगमश्च विना विशिष्टप्रतिपादनस्य विशिष्टावगमस्य चाशक्यत्वात् । एवमन्यत्रापि विशेषणस्याप्रयोजकता विशेष्यस्य सामर्थ्ये स्वयमूहनीया । तद्यथा–इदमसाधकं साधारणानैकान्तिकत्वादित्यत्र साधारणेति विशेषणे सपक्षविपक्षगतत्वादित्यत्र सपक्षगतत्वेऽप्युद्भाव्यमाने एवमसाधारणेऽपीति इदमसाधकं जातित्वादिति जातित्वविवेचने स्वव्याघातकमुत्तरं

हुआ इस जिज्ञासा में विपक्षसम्बन्धमात्र तथा नियतविपक्षसम्बन्ध अवश्य वक्तव्य है, अतः व्याप्ति वा तत्प्रमिति के अभाव का कारण होने से विपक्ष में सम्बन्ध का ही कथन करना चाहिये, सन्देह वा निश्चय का उपन्यास व्यर्थ है ॥ ६२ ॥

"शब्दो नित्योऽस्ति" इस प्रतिज्ञावाक्य में कालसामान्य की विवक्षा होने से वर्तमान के प्रतिपादन के तुल्य तथा "वासः परिधेहि" यहां कर्ममात्र की विवक्षा होने से लिङ्ग संख्या के बोधन के तुल्य "पर्वतो वन्हिमान्" यहां विशिष्ट के बोध में तात्पर्य होने से धर्म्यादि के बोध के तुल्य यहां सम्भव नहीं है, कारण कि उक्त स्थलों में तात्पर्य का विषय न होने से पदप्रयोग में वा विशिष्ट के बोध में अन्यथासिद्ध (तात्पर्य का अविषय) काल विशेषादि का जैसे बोध होता है, वैसे यदि विरुद्धस्थल में व्याप्ति के बोध को तात्पर्य का विषय न मानें, तो लक्षण अनैकान्तिक साधारण हो जायगा और यदि व्याप्तिबोध को तात्पर्य का विषय मानें तो लक्षण में उक्त प्रकार से व्याप्ति का निवेश व्यर्थ हो जायगा ॥६३॥

किञ्च अनैकान्तिक के अज्ञान तथा अनुद्भावन के काल में विरुद्ध का ज्ञान तथा उद्भावन अशक्य है ? कारण कि साध्याभाव के साथ सम्बन्धरूप विशेष्य के ज्ञान और प्रतिपादन के विना सार्वत्रिक सम्बन्धरूप विशिष्ट का अवगम और प्रतिपादन अशक्य है, अतः विशेष्य ज्ञान उपजीव्य है ।

इसी प्रकार से विशेष्य के सामर्थ्य होनेपर विशेषण का वैयर्थ्य अन्यत्र भी जानना चाहिये । देखिए—"इदं साधारणं, साधारणानैकान्तिकत्वात्" यहां साधारण यह विशेषण तथा "इदमसाधकं सपक्षविपक्षगतत्वात्" यहां सपक्ष यह विशेषण व्यर्थ है । इसी प्रकार शब्दो नित्यः शब्दत्वात् इस असाधारणस्थल में–शब्दत्वम् असाधकम् असाधारणानैकान्तिकत्वात्–यहां असाधारण विशेषण तथा–शब्दत्वम् असाधकं सपक्षविपक्षव्यावृत्तत्वात् यहां विपक्षविशेषण व्यर्थ जानना चाहिये ।

जातिरिति स्वव्याघातकत्वस्यैव सर्व्वमसत् ज्ञेयत्वादित्याद्यजातिजातिसाधारणस्य दूषणसमर्थत्वेनोत्तरत्वाभिधान इति ॥६४॥

किञ्च साध्यविपरीतेति साध्याभावेत्यर्थे, यदा अभावात्मैव साध्यः कचिद्भवति तत्र तद्विपरीतस्य भावत्वात्तदव्यापकत्वं लक्षणस्य। नच विपरीतशब्दस्य विरोधिमात्रार्थत्वे भावाभावोभयव्याप्तिरिति वाच्यम्। सहानवस्थानं हि भावाभावयोर्विरोधोऽभ्युपेयते, अनवस्थानञ्च संसर्गनिषेधः स च भावाभावयोरन्योन्यानवस्थानमेव परस्परप्रतिषेधरूपत्वात्तयोः, तथा च सति भावाभावयोः स्वरूपस्यानुपसङ्ग्रहे प्रत्येकमव्याप्तिर्मिलितस्यासम्भव एवेति। वक्ष्यामश्च भावाभावयोर्विरोधनिरुक्तिनिराकरणमुपरिष्टादिति ॥६५॥

किञ्च व्याप्तिपदेन लक्षणप्रविष्टेन किं व्यवच्छेद्यम्। अनैकान्तिकमिति चेत्, किं तदनैकान्तिकम्। तथा हि—अनैकान्तिकः सव्यभिचार इत्यलक्षणम्। सव्यभिचा-

"इदमसाधकम् जातित्वात्" यहां स्वव्याघातक उत्तर जाति है ऐसा जाति शब्दार्थ के विचारने पर स्वव्याघातकत्व ही "सर्वम् असत् ज्ञेयत्वात्" इस अजातिस्थल के तुल्य दूषण में समर्थ है, अतः "उत्तर" इस विशेष्य अंश का अभिधान व्यर्थ है ॥६४॥

किञ्च लक्षण में साध्यविपरीत शब्द का यदि साध्याभाव अर्थ करें तो जहां अभावही साध्य है, वहां साध्यविपरीत भाव है अभाव नहीं, अतः वहां लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—लक्षणघटक विपरीत शब्द का विरोध अर्थ है, अतः अव्याप्ति नहीं।

खण्डन—सह अनवस्थान ही भाव अभाव का विरोध है और अनवस्थान संसर्ग का निषेध है और वह भाव अभाव के अन्योऽन्य के अनवस्थानरूप है-कारण कि भाव का प्रतिषेधरूप अभाव है और अभाव का प्रतिषेधरूप भाव है।

ऐसा होने से विरोध शब्द से दोनों के स्वरूप का संग्रह नहीं होगा, अतः लक्षण में अभाव के उपादान होने पर जहां अभावरूप साध्य विपरीत है, वहां अव्याप्ति हो जायगी। लक्षण में भाव अभाव दोनों का विपरीतशब्द से ग्रहण करें तो सर्वत्र असम्भव हो जायगा और भाव तथा अभाव के विरोध की निरुक्ति का खण्डन भी आगे कहेंगे ॥६५॥

इति विरुद्धलक्षणखण्डन

अथ सव्यभिचारखण्डनानुवाद

किञ्च विरुद्ध के लक्षण में प्रविष्ट व्याप्ति का व्यवच्छेद्य क्या है। यदि अनैकान्तिक को कहें तो अनैकान्तिक क्या वस्तु है अर्थात् लक्षण न होने से अनिर्वचनीय हैं, अतः व्यावर्त्य न होने से लक्षण में व्याप्ति का निवेश व्यर्थ है।

निर्वचन—सव्यभिचार अनैकान्तिक है।

खण्डन—यह लक्षण युक्त नहीं है, कारण कि यदि सव्यभिचार विपक्षवृत्तित्व है तो "शब्दो नित्यः कार्यत्वात्" इस विरुद्ध में अतिव्याप्ति तथा "शब्दोऽनित्यः आकाशविशेष-

रत्वं हि यदि विपक्षवर्तिता तदानीं विरुद्धेऽपि प्रसङ्गः असाधारणानैकान्तिकाव्याप्तिश्च । अथ सपक्षविपक्षगताभावता तदा साधारणोदाहरणाव्यापकत्वम् ॥६६॥

अथोच्यते सव्यभिचारत्वं सपक्षविपक्षसाधारणता अभिप्रेता सा चान्वयेन साधारणस्यव्यतिरेकेणासाधारणस्यानैकान्तिकस्य सङ्ग्राहिका, सपक्षविपक्षसाधारणतामात्रं त्वन्वयेन व्यतिरेकेण वेति विशेषणवत्तया न विवक्षिता, अतः साधारणासाधारणानैकान्तिकयोरुभयोरपि सङ्ग्रहः । विवादाध्यासितं क्षणिकं सत्त्वादित्यादेरनुपसंहार्य्यस्यापि सपक्षविपक्षशून्यत्वादेव सपक्षविपक्षगतत्वाभावेन साम्यमिति) विचार्य्यमेतद्व्याख्यानं परमस्तु तावदापाततः, तथापि व्यतिरेकेण सपक्षविपक्षसाधारणतायाः सपक्षाव्यापके सद्धेतौ धूमविशेषादौ गतत्वेनातिव्यापकत्वात् । यदि त्वस्य दोषस्य परिहारार्थं सर्वविपक्षसपक्षसाधारणमनैकान्तिकमिति ब्रूषे । तदा व्यतिरेकमात्रेण सर्वसपक्षविपक्षापक्षसाधारणता धूमानुमानादिगामिनी न भवतु नाम । अन्वयेन तु सर्व्वसपक्षविपक्षसाधारणता विपक्षसपक्षैकदेशगामिनं साधारणानैकान्तिकं शब्दो न नित्यः प्रत्यक्षग्राह्यत्वादित्यादिकं न सङ्गृह्णातीत्यव्याप्तिरित्येकं सन्धित्सतोऽपरं प्रच्यवते ॥६७॥

गुणत्वात्" इस असाधारण में अव्याप्ति हो जायगी और यदि सपक्षविपक्ष में जिसका अभाव हो वह सव्यभिचार है तो "शब्दोऽनित्यः प्रमेयत्वात्" इस साधारण में अनैकान्तिक में अव्याप्ति हो जायगी ॥६६॥

समर्थन—सपक्ष विपक्ष में साधारणता सव्यभिचारत्व है, वह अन्वय से साधारण का और व्यतिरेक से असाधारण का संग्राहक है, यदि केवल अन्वय से सपक्ष विपक्ष में साधरणता कहें, तो असाधारण में और यदि केवल व्यतिरेक से कहें तो साधारण में और यदि अन्वयव्यतिरेक दोनों से सपक्षविपक्ष साधारणता कहें तो दोनों में अव्याप्ति हो जायगी, अतः विशेष की विवक्षा नहीं है, किन्तु जहां अन्वय से समन्वय की सम्भावना हो वहाँ अन्वय से और जहाँ व्यतिरेक से लक्षण के समन्वय की सम्भावना हो वहाँ व्यतिरेक से सक्षप विपक्ष साधारणता का ग्रहण करना चाहिये ।

विवाद का विषय—सब वस्तु क्षणिक है, ज्ञेय होने से इस अनुपसंहारी का भी—सपक्ष विपक्ष न होने से ही व्यतिरेक से सपक्ष विपक्ष साधारणता होने से—संग्रह है ।

खण्डन—यह व्याख्यान विचारणीय है, परन्तु आपात से है, देखिये—व्यतिरेक से सपक्षविपक्षसाधारणता सपक्ष (तप्तअयोगोलक) में अवृत्तिसद्धेतु धूम में भी है, अतः सद्धेतु में अतिव्याप्ति हो जायगी । यदि इस दोष के वारण के अर्थ सब सपक्ष विपक्ष साधारणता को अनैकान्तिकत्व कहें तो यद्यपि व्यतिरेक से सब सपक्षविपक्ष साधारणता धूमरूप सद्धेतु में नहीं है, अतः वहाँ अतिव्याप्ति नहीं होगी, तथापि अन्वय से सब सपक्षविपक्षसाधारणता विपक्ष (आत्मा) सपक्ष (घटादि) एक देश में स्थित "शब्दोऽनित्यः प्रत्यक्षग्राह्यत्वात्" इस साधारण अनैकान्तिक में—अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि सब सपक्ष में गुरुत्व गुण भी है और सब विपक्ष मध्य में आकाश भी है, उनमें अन्वय से प्रत्यक्षत्व नहीं है, इस प्रकार आप एक दोष के समाधान की इच्छा करते हैं, अन्य दोष होता है ॥६७॥

अपि चान्वयव्यतिरेकाभ्यां सर्वसपक्षविपक्षगतत्वाद्धूमानुमानादौ स एव प्रसङ्गः, विशेषरूपेण तयोरविवक्षितत्वात् ।

किञ्च सर्व्वसपक्षविपक्षसाधारणमनैकान्तिकमिति वाक्ये यदि सर्वेति विपक्षस्यापि विशेषणं तदा विपक्षैकदेशवृत्तेः सपक्षव्यापिनः साधारणानैकान्तिकस्य त्रसरेणुः कार्य्यावयवको महत्त्वात् घटवदित्यादेरव्यापकं लक्षणमिदम् । अथ सर्व्वेति न विपक्षस्य विशेषणं तदा व्यतिरेकमादाय विपक्षसर्व्वसपक्षसाधारणमनैकान्तिकमिति एतद्विपक्षैकदेशमात्रवृत्तौ विरुद्धे क्षितिर्नित्या सावयवत्वादित्यादौ गतत्वादतिव्यापकमिति ॥६८॥

का चेयं वाचोयुक्तिः सपक्षविपक्षसाधारणमनैकान्तिकमित्युक्ते सर्वं सङ्गृह्यते अन्वयेन व्यतिरेकेण चेति कथमनुपसंहार्य्यस्यासत्सपक्षविपक्षस्य सपक्षे विपक्षे वा अन्वयेन व्यतिरेकेण वा साधारण्यं स्यात् तयोरेवाभावात् । यदि च सपक्षे च विपक्षे च साधारणत्वमुभयत्र स्वरूपानुगमो विवक्षितस्तदानीमसाधारणानैकान्तिकाव्याप्तिः । अथोभयस्मिंस्तस्मिन्नसत्त्वं तद्विवक्षितं तदा सर्वाव्याप्तिः, तदसत्त्वस्यातद्धर्म्मत्वात् । अथ तदुभयवर्त्त्यभावप्रतियोगित्वं तदुभयसम्बन्धस्य योऽभावस्तदाश्रयत्वं वाऽभिमतं तदापि साधारणोदाहरणाव्याप्तिः ॥ ६९ ॥

किञ्च अन्वयव्यतिरेक से सब सपक्ष में और व्यतिरेक से सब विपक्ष में साधारण होने से धूमादि सद्धेतु में अतिव्याप्ति भी हो जायगी, कारण कि अन्वय से ही सपक्ष साधारण हो ऐसी—विशेष की विवक्षा है नहीं ।

किञ्च सब सपक्ष विपक्ष साधारण अनैकान्तिक है इस वाक्य में-सब-यदि विपक्ष का भी विशेषण मानें तो परमाणुरूप में विपक्ष न रहने से विपक्ष का एकदेश दिग् आदि में वृत्ति तथा सब सपक्षवृत्ति "त्रसरेणुः कार्य्यावयवकः महत्त्वात् घटवत्" इस साधारण अनैकान्तिक में लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी और यदि सब विपक्ष का विशेषण न दें तो विपक्ष तथा सब सपक्ष में साधारण अनैकान्तिक है ऐसा लक्षण हुआ, उसकी "क्षितिर्नित्या सावयवत्वात्" इस विरुद्ध में अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि व्यतिरेक से वृक्षादि विपक्ष और परमाणु आदि सब सपक्ष में सावयवत्व हेतु साधारण है ॥ ६८ ॥

किञ्च सपक्ष विपक्ष साधारणरूप अनैकान्तिक अन्वय व्यतिरेक से सब का संग्राहक है यह वचन की रचना कैसी असङ्गत है जिसका सपक्ष विपक्ष दोनों नहीं हैं ।

खण्डन—यदि प्रश्न का यह आशय हो तो युक्त नहीं है, कारण कि ईश्वर सद्भाव विषयक प्रमाणाऽऽभास (अनुमानादि) को आप भ्रम से प्रमाण मानते हैं, उस प्रमाणाभास के प्रमाणत्व का प्रतिपादन हम करें—यह हमारा सिद्धान्त नहीं है; किन्तु हमारा यह सिद्धान्त है कि ईश्वरसद्भावविषयक प्रमाण (वेद) को आपने भ्रम से प्रमाणाभास मान रखा है उस वेद के प्रमाणत्व का प्रतिपादन करें ॥६२॥

समर्थन—ईश्वर सद्भावविषयक प्रमाण का बोधनमात्र आप करें—यह प्रश्नकर्त्ता का आशय है, प्रमाण से ही बोधन करें वा अप्रमाण से ही बोधन करें—ऐसा विशेष अभिमत नहीं है।

खण्डन—यह आपका मत भी युक्त नहीं है, कारण कि केवल बोधन अप्रमाण से भी हो सकता है और अयथार्थ ज्ञान के उत्पादन में आप स्वाधीन हैं। उसमें पर की अपेक्षा व्यर्थ है, अतः पूर्वोक्त खण्डन की अनुवृत्ति करनी चाहिये।

समर्थन—ईश्वर सद्भाव विषयक प्रमाण का जो ज्ञान हमें हुआ है, वह यथार्थ है वा अयथार्थ है, ऐसा इस विषय में हमें सन्देह है। अतः एककोटि यथार्थत्व वा अयथार्थत्व का निश्चय कर जो दूषण आपने दिया है वह युक्त नहीं है।

खण्डन—प्रश्न का यह आशय होता, परन्तु हो नहीं सकता, कारण कि ऐसा मानने पर अर्थात्—प्रमाण की प्रतीति में यथार्थत्व अयथार्थत्व के सन्देह होने पर—विषय जो प्रमाण है उसके विषय ईश्वर सद्भाव में आपको सन्देह ही है। अतः संशय से आप प्रश्न करते हैं, आप विप्रतिपन्न नहीं हैं, तब तो शिष्य बनकर चरणशुश्रूषा से हमें प्रसन्न कीजिये। हम आपके सन्देह का छेदन करेंगे ॥६३॥

समर्थन—हम विप्रतिपन्न हैं, और हमारा संशय भी आहार्य्य (इच्छा से ही जन्य) है।

विप्रतिपन्ना एव वयमाहार्य्यः संशयोऽस्माकमिति चेत्, तर्ह्यवधृतैककोटय एव वयं कार्य्यानुरोधात्तु संशयमालम्बामह इत्युक्तं स्यात्, एवं तर्हि तदेव कोट्यवधारणं भवतां यथार्थमयथार्थं वेति विकल्पोक्तयुक्त्या दूषणीयम्।

एतेनानध्यवसायेन तदस्माभिः प्रतिपन्नमित्यपि निरस्तं वेदितव्यम्। व्यभिचारिविषयमव्यभिचारिविषयं वा तदिति विकल्पाभ्यां तस्यापि ग्रस्तत्वात्—

"परस्परविरोधे हि न प्रकारान्तरस्थिति"

रिति न्यायात्। एवमीश्वराभिसन्ध्यादावपि तत्तत्स्थाने तिष्ठत्सर्व्वनामान्तरखण्डनमत्र द्रष्टव्यम्॥ ६४॥

इति कवितार्किकचक्रवर्ति—श्रीश्रीहर्षमिश्रकृते खण्डनखण्डखाद्ये सर्व्वनामार्थनिरुक्तिर्नाम
तृतीयः परिच्छेदः।

खण्डन—तब ऐसा कहिये कि एककोटि अर्थात् अभाव का हमें निश्चय है। बाध की इच्छा से हम सन्देह का आलम्बन करते हैं—यह आपके प्रश्न का आशय हुआ, अतः वह एक कोटि का ज्ञान आपका भ्रम है अथवा यथार्थ, ऐसा विकल्प कर उक्त युक्ति से वह खण्डनीय है।

समर्थन—वैशेषिकाभिमत अनध्यवसाय अविद्यारूप ज्ञान से ईश्वर सद्भाव में प्रमाण के ज्ञात होने से उसमें प्रश्न हो सकता है।

खण्डन—वह अविद्यारूप ज्ञान यथार्थ है अथवा अयथार्थ है, ऐसे विकल्प से ग्रस्त होने से उक्त आशय भी खण्डनीय है। यथार्थत्व अयथार्थत्व ये दो कोटि परस्पर विरुद्ध हैं। अतः एक कोटि के न होने पर अन्य तृतीय कोटि की प्राप्ति होती है। दोनों से अन्य तृतीय कोटि की प्राप्ति नहीं होती है। इसी प्रकार से ईश्वराभिसन्धि नामक ग्रन्थ के तत् २ प्रकरण में अन्य सर्वनाम शब्दों का खण्डन भी देखना चाहिये॥६४॥

इति तृतीय परिच्छेदानुवाद॥२५॥

अथ चतुर्थः परिच्छेदः ।

ननु तथापि भावात्मके तस्मिन्नीश्वरे विधायकं किञ्चित्प्रमाणं वक्तव्यमिति चेत् । किं पुनर्भावत्वम् । विधित्वमिति चेन्न, पर्य्यायाप्रश्नात् । स्वरूपसत्त्वमिति चेत्, अभावस्यापि तथाभावात् । प्रतिस्वं व्यावृत्तत्वेनाननुगतत्वापत्तेश्च । अस्तीति-प्रतीतिविषयत्वमितिचेन्न, अभावो घटस्यास्तीतिप्रत्ययसम्भवेनाभावस्यापि तथात्त्वप्रसङ्गात् । । नास्तीतिप्रतीतिविषयत्वेऽपि च घटादेर्भावत्त्वानिवृत्तेः ॥ ६५ ॥

अस्तीति चास्त्यर्थो वा शब्दो वा विवक्षितः । नाद्यः, तस्यानिरुक्तेः । सत्ता तदर्थ इति चेन्न, सामान्यादीनां तदभावादभावत्वापत्तेः । स्वरूपसत्त्वञ्च निरस्तम् । नापि द्वितीयः, अभावोऽस्तीतिप्रतीतेरुक्तत्वात् । वर्त्तत इत्याद्याकारेण च प्रतीयमानस्याभावत्वप्रसङ्गात् । सोऽप्यस्तिपर्य्याय इति चेन्न, उभयसाधारणैकार्थनिर्व्वचनमन्तरेण

अथ चतुर्थ परिच्छेद में भावत्व की निरुक्ति के खण्डन का भाषानुवाद ।

यद्यपि किम्‌शब्दार्थ के निर्वचन के न होने से ईश्वर के सद्भाव में प्रमाण का प्रश्न नहीं हो सकता है, तो भी भावरूप ईश्वर में विधायक कुछ प्रमाण अवश्य कहना चाहिये ।

प्रश्न— भाव क्या वस्तु है, अर्थात् भाव [निर्वचन न होने से] अनिर्वचनीय है उस में प्रमाण का प्रयोजन नहीं है ।

निर्वचन— विधि भाव है ।

खण्डन— पर्य्याय नहीं पूछते हैं, लक्षण पूछते हैं, अतः आप को लक्षण कहना चाहिये ।

समर्थन— स्वरूप से जो सत् हो, वह भाव है ।

खण्डन— अभाव भी स्वरूप से सत् है, अतः अभाव में अतिव्याप्ति हो जायगी ।

किञ्च स्वरूपसत्व प्रतिव्यक्ति पृथक् पृथक् होने से उसको लक्षण मानने में उक्त लक्षण से लक्ष्य का अनुगम नहीं होगा ।

समर्थन— "अस्ति" इस प्रतीति का विषय भाव है ।

खण्डन— "घटस्य अभावोस्ति" ऐसी प्रतीति होती है, अतः अस्ति इस प्रतीति के विषय होने से अभाव में लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी । किञ्च यदि अस्ति प्रतीति के विषय को भाव कहें, तो "घटा भावो नास्ति" इस प्रतीति के विषय होने से घट में भावत्व की निवृत्ति होनी चाहिये ॥ ६५ ॥

किञ्च अस्तिसे अर्थ अभिप्रेत है, अथवा शब्द इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं, है कारण कि, अब तक अस्ति के अर्थ की निरुक्ति हुई ही नहीं है । यदि सत्ता को अस्ति का अर्थ मानें, तो सामान्य आदि में सत्ता का अभाव होने से उनमें लक्षण की अव्याप्ति होजायगी । और यदि स्वरूप से स्वत्त्व को अस्ति का अर्थ मानें, तो उसके अभाव में होने से लक्षण की अतिव्याप्ति होगी । तथा द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि द्वितीय पक्ष में अस्ति-शब्द से जिसका उल्लेख होता हो ऐसी प्रतीति का विषय भाव है, ऐसा लक्षण हुआ उसकी

पर्य्यायत्वस्य प्रतिपादयितुमशक्यत्वात्। यत्रैकस्यास्तिपदप्रयोगः तत्रैवापरस्य वर्त्ततइति प्रयोगात् सामान्येन तावत् पर्य्यायत्वं शक्याधिगममिति चेन्न। प्रमेयाभिधेयादिशब्दानां तथात्वेऽप्यपर्य्यायत्वात्। यत्रेत्यस्य प्रवृत्तिनिमित्तार्थत्वे च तन्निर्व्वचनप्रसङ्गस्तदवस्थः स एवार्थो भावत्वमुच्यतां किं शब्दोल्लेखगवेषणया ॥ ६६ ॥

अपरप्रतिषेधात्मकत्वं भावत्वमिति चेन्न। व्यवच्छेद्यासम्भवेन परपदवैर्थ्यात्। भावाभावयोः परस्परप्रतिषेधात्मकतास्वीकाराच्च। तथापि भावो नास्तीत्यभावप्रतिपत्तिवदभावो नास्तीतिभावस्याप्रतीतिरिति चेन्न, तावतापि लक्षणानिरुक्तेः। अपरप्रतिषेधमुखेन प्रतीयमानत्वमेव भावत्वमिति चेन्न। चक्षुरादिभिर्भावत्वाग्रहणप्रसङ्गात्, नहि प्रतीयमानत्वं चक्षुरादिग्राह्यम्। अभावो नास्तीतिप्रतीतेर्निर्विषयत्वप्रसङ्गाच्च नहीयं भावविषया, भवत्पक्षे परप्रतिषेधमुखेन प्रतीयमानत्वात्। नाप्यभावविषयैव तन्निषे-

---

"अभावोस्ति" इस प्रतीति का विषय अभाव में अतिव्याप्ति हो जायगी। और यदि केवल अस्तिशब्द के उल्लेखवाली प्रतीति विषय को ही भाव मानें तो "घटोवर्तते" "घटो भवति" इत्यादि प्रतीति का विषय घट अभाव हो जायगा।

समर्थन—अस्तिपर्य्याय का उल्लेख करने वाली प्रतीति का विषय भाव है, और अस्ति का पर्य्याय 'भवति, 'वर्तते' भी हैं, अतः भवति वर्तते का उल्लेख करने वाली प्रतीति के विषय में अव्याप्ति नहीं।

खण्डन—एक अर्थ के वाचक को ही पर्य्याय कहते हैं। अतः यावत् भावरूप एक अर्थ का निर्वचन न हो, तावत् पर्य्यायघटित इस लक्षण का ज्ञान नहीं हो सकता है।

समर्थन—जिस अर्थ में एक पुरुष अस्ति का प्रयोग करता है। उसी अर्थ में अन्य पुरुष भवति वर्तते का प्रयोग करता है, इस से सामान्यरूप से भावत्व के निर्वचन के विना भी पर्य्यायत्व का ज्ञान हो सकता है।

खण्डन—एक अर्थ में प्रयोग होने पर भी प्रमेय और अभिधेय शब्द पर्य्याय नहीं है, अतः एक अर्थ में प्रयोग होने से पर्य्यायत्व का सामान्य से ज्ञान नहीं हो सकता।

समर्थन—जिन दो अर्थों का एक प्रवृत्तिनिमित्त हो, वे दोनों आपस में पर्य्याय हैं, और प्रमेय अभिधेय शब्द के प्रमाविषयत्व अभिधाविषयत्वरूप दो प्रवृत्तिनिमित्त हैं अतः पर्य्यायत्व नहीं हैं।

खण्डन—यावत् अस्ति शब्द के प्रवृत्तिनिमित्त का ज्ञान न हो, तावत् प्रवृत्तिनिमित्त घटित पर्य्यायत्व के अज्ञान से पर्य्यात्वघटित उक्त लक्षण का भी ज्ञान नहीं हो सकेगा। अतः उस अस्ति के प्रवृत्तिनिमित्त का ही निर्वचन करिये। अस्ति शब्द के उल्लेख का अन्वेषण व्यर्थ है ॥ ६६ ॥

समर्थन—परका प्रतिषेधरूप जो न हो वह भाव है

खण्डन—अप्रतिषेधरूप भाव है, इतना ही कहने में कोई दोष तो है नहीं, अतः व्यवच्छेद्य न होने से पर पद का निवेश व्यर्थ है। किञ्च भाव भी अभाव का प्रतिषेध रूप है अतः उक्त लक्षण का असम्भव हो जायगा।

र्धार्थत्वात्, नैवं प्रतीतिरेव स्यादिति चेन्न, शाब्द्याः प्रतीतेः सम्भवात्। आकाङ्क्षादिमद्भिः पदैः प्रतिस्वं संसर्गबोधनात्।

"अत्यन्तासत्यपि ज्ञानमर्थे शब्दः करोति हि" ॥ ६७ ॥

प्रत्यक्षप्रतीतेस्तथा विवक्षितत्वादयमदोष इति चेन्न। सर्वस्य भावस्य प्रत्यक्षत्वानङ्गीकारात्। सेश्वरपक्षे सर्वं प्रत्यक्षमिति चेन्न, तेन तेषामपरप्रतिषेधात्मतया ग्रहणे प्रमाणाभावात्। तेषां विधिरूपतया तथैव ग्रहणमिति चेन्न, विधिरूपत्वस्यानवधारणात् यदपरप्रतिषेधात्मकतया शब्देनापि बोध्यते, तत्तावत् भावरूपमिति चेन्न, परपदवैयर्थ्यात्। तत्त्यागेऽप्यचाक्षुषादित्वापत्तेः। सुरभि चन्दनमित्यादावित्रिवान्योपनी-

---

समर्थन—जैसे भावो नास्ति, ऐसी अभाव की प्रतिषेधरूप से प्रतीति होती है, वैसे ही "अभावो नास्ति" ऐसी भाव की प्रतिषेधरूप से प्रतीति नहीं होती है।

खण्डन—इस कथन से भी लक्षण की निरुक्ति तो नहीं हुई।

समर्थन—पर के प्रतिषेधरूप से जो अप्रतीयमान हो, वह भाव है।

खण्डन—प्रतीति घटित उक्त भावत्व का चक्षु से प्रत्यक्ष नहीं होगा, कारण कि प्रतीति का चाक्षुष प्रत्यक्ष नहीं होता है। किञ्च "अभावो नास्ति" 'यह प्रतीति' निर्विषयक हो जायगी। देखिये—यह प्रतीति भाव विषयक नहीं है, कारण कि आपके मत में पर के प्रतिषेधरूप से प्रतीयमान है, और अभाव विषयक भी नहीं है, कारण कि अभाव के प्रतिषेधरूप से प्रतीयमान है—ऐसी प्रतीति ही नहीं होती है—यह भी नहीं कह सकते, कारण कि आकाङ्क्षादि युक्त पदों से प्रतिपदार्थों के परस्पर संसर्ग बोध होने से सब्द से जन्य ऐसी प्रतीति हो सकती है जब "शशशृङ्गं नास्ति" इस शब्द प्रयोगस्थल में अत्यन्त असत् अर्थ का भी शब्द से बोध होता है तब प्रकृतस्थल में जहाँ सत् अर्थ है वहाँ शब्द से प्रतीति क्यों नहीं होगी ॥ ६७ ॥

समर्थन—अपर प्रतिषेधमुख से जायमान जो प्रत्यक्ष उसका विषय भाव है। और घटादि का प्रत्यक्ष प्रतिषेधरूप से नहीं होता है, अतः घटादि में अव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—देश, काल, स्वरूप से विप्रकृष्टभाव के प्रत्यक्ष न होने से सब भाव का प्रत्यक्ष होता हो, इसमें कुछ प्रमाण नहीं है। यदि कहें कि ईश्वरऔर योगी को सब वस्तुओं का प्रत्यक्ष होता है तब भी उन्हें अपरप्रतिषेधरूप से ही प्रत्यक्ष होता हो इसमें कुछ प्रमाण नहीं है।

समर्थन—घटादि विधि अपरप्रतिषेधरूप है, अतः उसी रूप से ग्रहण होता है।

खण्डन—अद्यावधि घटादि के विधि (अपर प्रतिषेध) रूपत्व का अवधारण नहीं हुआ है।

समर्थन—जो अपरप्रतिषेधरूप से शब्द से भी बोधित हो, वह भाव है।

खण्डन—पूर्वोक्त रीतिसे अपर पद का वैयर्थ्य हो जायगा। यदि पर पद का लक्षण में निवेश न भी करें, तब भी बोध घटित होने से उक्तभावत्व का चाक्षुष प्रत्यक्ष नहीं होगा।

समर्थन—सुरभि चन्दनम, यहाँ जैसे सौरभ का तथा "ज्ञातो घटः" यहाँ जैसे ज्ञान का ज्ञानलक्षणप्रत्यासत्ति से भान होता है, वैसेही उक्त लक्षणरूप भावत्व का भी प्रत्यक्षहोगा।

तभागवत् तत्र चाक्षुषत्वं भविष्यतीति चेन्न, तथाविधविषयेण विशिष्टाया बुद्धेर्विषयविशेषणताग्रहे स्वाश्रयोऽप्यंशतः स्यात्। तेनोपलक्षितायास्तथात्वे चाभावविशिष्टभावग्रहार्थस्याभावस्य तथात्वापत्तेः॥ ६८॥

तेन यदेवंविधं तद्भावरूपमिति च ब्रुवतैवंविधत्वाद्भावत्त्वमन्यद्वाच्यमभेदे च यदेवंविधं तद्भावरूपमिति नियमानुपपत्तेः। अस्योपलक्षणत्वे चोपलक्ष्यस्यान्यस्य वाच्यत्त्वात्। अस्यैव भावार्थत्वे चाभावो नास्तीति कृत्वा प्रतीयमानस्य भावस्य भावत्वाभावप्रसङ्गात्। भिन्नञ्च भावत्वं न सम्भवति, षट्पदार्थव्यतिरेकप्रसङ्गात्। यच्च किञ्चिद्भावत्वं तत्स्वात्मन्यस्ति नो वा, अस्ति चेदात्मनि वृत्तिविरोधः, नास्ति चेत्स्वस्यान्यप्रतिषेधमुखेन चाप्रतीयमानस्याभावत्वप्रसङ्ग इति। ६९॥

खण्डन—अपर प्रतिषेधरूप जो विषय उससे विशिष्ट बुद्धि को यदि लक्षण प्रविष्ट विषय का विशेषण मानें, तो विषयविशिष्टबुद्धि के विषय में वृत्ति होने से बुद्धि द्वारा विषय भी विषयवृत्ति हुआ, अतः आत्माश्रय हो जायगा। और यदि अपर प्रतिषेधरूप विषय को बुद्धि में और उससे उपलक्षित बुद्धि को विषय में उपलक्षण मानें, तो अपर भूतल पर विषय से उपलक्षित "घटाभाववद् भूतलम्" इत्याकारक बुद्धि से उपलक्षित जो घटाभावरूपविषयत्व वह घटाभाव में भी है, अतः लक्षण की घटाभाव में अतिव्याप्ति हो जायगी॥ ६८॥

किञ्च अपरप्रतिषेधरूप से प्रतीयमान भाव है ऐसा आप कहते हैं, तो लक्षण से अन्य भावत्वरूप लक्ष्यता के अवच्छेदक को भी कहना चाहिये, कारण कि लक्षण और लक्ष्यतावच्छेदक को एक मानो, तो जो ऐसा हो वह भाव है—यह कथन नहीं बनेगा। यदि लक्षण को उपलक्षण भी मानें, तो भी उपलक्षण से अन्य उपलक्ष्यता के अवच्छेदक को कहना चाहिये, यदि किसी प्रकार से अपर प्रतिषेध मुख से प्रतीयमानत्वरूप लक्षण को ही लक्ष्य का अवच्छेदक मानो तो "अभावो नास्ति" इस प्रकार प्रतिषेधरूप से प्रतीयमान घटादिभाव लक्ष्य न कहावेगा। और उस लक्षण से अन्य भावत्व की सम्भावना है नहीं, कारण कि द्रव्यादि पदार्थों से अन्य पदार्थ को मानना पड़ेगा। किञ्च जो कुछ भी भावत्व हो वह भावत्व के लक्षण में रहता है, वा नहीं, यदि रहता है, तो स्व में स्व को वृत्तित्व हो जायगा। जो विरुद्ध है। और यदि नहीं रहता है, तो लक्षण में परप्रतिषेधरूप से अप्रतीयमान होने पर भी अभावत्व का प्रसङ्ग हो जायगा॥ ६९॥

॥ इति भावत्वनिर्वचनखण्डनानुवाद॥

अथ अभावत्वनिर्वचनखण्डनानुवाद।

इस प्रकार से प्रश्न में प्रश्न कर ईश्वर में प्रमाण को नहीं दिखा सके। अतः ईश्वर के अभाव का प्रसङ्ग हुआ।

प्रश्न—अभाव ही क्या वस्तु है। अर्थात् निर्वचन न होने से अनिर्वचनीय है अतः ईश्वर का अभाव नहीं होगा।

नन्वेवमीश्वरे प्रमाणानुपदर्शनात्तदभाव एवापद्यत इति चेत, अभावत्वं किमभिधीयते। निषेधात्मकत्वमिति चेत् तद्यदि प्रतिक्षेपात्मकत्वं तदा भावेऽप्यस्ति, भावाभावयोर्द्वयोरपि परस्परप्रतिक्षेपात्मकत्वस्वीकारात्। अथाभावत्वमेव तदा न निवृत्तः पर्यनुयोगः। एतेन निषेधमुखेन प्रतीयमानत्वमिति निरस्तम्। ७०॥

भावविरोधित्वमिति चेन्न, सर्व्वभावविरोधित्वं तद्विशेषविरोधित्वं वा। नाद्यः, असिद्धेः, नहि घटाभावो भूतलादि विरुणद्धि। नापि द्वितीयः, भावानामपि केषाञ्चित्तथाभावात्। अथ सहानवस्थानं विरोधो विवक्षितः, स भावानां नास्तीति चेन्न, गोत्वाश्वत्वादौ तस्यापि भावात्। एकविधावन्यनिषेधः स इति चेन्न, भेदे भावभेदयोरेव प्रसङ्गात्। एकविधिरेवापरनिषेधः स इति चेन्न, निषेधस्याभावार्थत्वे भावार्थत्वे

निर्वचन—जो निषेधरूप हो, वह अभाव है।

खण्डन—यदि निषेध प्रतिक्षेप है, तो भाव में लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि भाव अभाव दोनों परस्पर प्रतिक्षेपरूप हैं, और यदि निषेध अभाव ही है, तो प्रश्न निवृत्त नहीं हुआ। अर्थात् प्रश्न का उत्तर नहीं हुआ।

समर्थन—निषेधमुख से प्रतीयमान अभाव है।

खण्डन—यह लक्षण भी युक्त नहीं है कारण कि यदि निषेध प्रतिक्षेपरूप मानें, तो भाव में अतिव्याप्ति हो जायगी। और यदि अभावरूप मानें, तो पश्न निवृत्त नहीं हुआ।

समर्थन—भाव का विरोधी अभाव है।

खण्डन—सब भावों का विरोधित्व लक्षण है, अथवा यत् किञ्चित् भाव का। इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि घटाभाव का भूतल अविरोधी है। अतः सर्व भावों का किसी भी अभाव में विरोध न होने से असंभव हो जायगा। और द्वितीय पक्ष में यदि किञ्चिद्भाव (उत्तर संयोग) के साथ वध्यघातकभावरूप विरोध कर्म को भी है अतःउसमें अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—सहानवस्थानरूप विरोध की विवक्षा है वह भावों में नहीं है।

खण्डन—गोत्व अश्वत्व में सहानवस्थानरूप विरोध है, अतः उनमें अतिव्याप्ति होने से यह भी युक्त नहीं है।

समर्थन—एक के विधि में अन्य का निषेध अभाव है।

खण्डन—यदि लक्षण घटक विधिनिषेध में भेद है, तो पीत की विधिमें नील के निषेध होने से नील में अव्याप्ति हो जायगी। और यदि एक की विधि ही अपर का निषेध हो इस प्रकार विधि निषेध का अभेद है, तो निषेध शब्द का यदि अभाव अर्थ करें, तो अद्य पर्य्यन्त अभाव की निरुक्ति न होने से और यदि निषेध शब्द का भाव अर्थ करें, तो निषेध शब्द के भावार्थत्व की अप्रसिद्धि होने से लक्षण की असिद्धि हो जायगी।

समथन—नास्ति इत्याकारक जो (ज्ञान) उसका विषय अभाव है।

खण्डन—घटाभावोनास्ति इत्याकारक प्रतीति का विषय घट भी है, अतः घट में अतिव्याप्ति हो जायगी।

किञ्च इस लक्षण में अस्ति इत्याकारक प्रतीति का विषय भाव है, इस भाव की निरुक्ति में उक्त दोष भी हो जायँगे।

चासिद्धेः । नास्तीति प्रतीयमानत्वमिति चेन्न । घटाभावो नास्तीति घटस्य तथाप्रतीयमानतया अभावत्वापत्तेः । अस्तीति भावत्वनिरुक्तौ यदुक्तं दूषणं तदापत्तेश्च ॥ ७१॥

प्रतियोगिनिरूपणाधीननिरूपणत्वमिति चेन्न । प्रतियोगिनः परार्थत्वेऽतिप्रसङ्गात्, विरोध्यर्थत्वे चैतदनिरुक्तेः, असदर्थत्वे नञर्थस्यासिद्धेः, अतीतानागतज्ञानादौ विषयादिनाऽतिप्रसङ्गात् ॥ ७२ ॥

यच्च किञ्चिदभावस्य लक्षणमुच्यते, स भावोऽभावो वा स्यात् । नाद्यः, भावस्याभावानाश्रितत्वात् विषयिधर्म्मेण च कथमपि तथात्वे तन्निर्वाच्यं स्यात् । अन्यदेव तद्वदिति चेन्न । तद्वदभावस्याभावत्वे स्ववृत्तिः, भावत्वे च व्याघातात् । न द्वितीयः, तस्यात्मनि वृत्तौ विरोधापत्तेः, अवृत्तावव्यापकत्वप्रसङ्गादिति । प्रतिक्षेप्यविशिष्टमेव यत् प्रतिभाति सोऽभाव इति चेन्न । प्रतिक्षेपानिरुक्तौ प्रतिक्षेप्यानिरुक्तेः ॥ ७३ ॥

अर्थात् नास्ति यह शब्द शब्दपरक है वा अर्थ परक, यदि शब्द परक मानें, तो "न वर्तते" "न भवति" इत्यादि प्रतीति का विषय अभाव न कहावेगा और यदि अर्थपरक कहें तो अद्यावधि नास्ति शब्द के अर्थ का निश्चय हुआ नहीं है, अतः असिद्धि वा आत्माश्रय दोष हो जायगा ॥ ७ ॥

समर्थन—प्रतियोगी के निरूपण के अधीन निरूपण जिसका हो वह अभाव है।

खण्डन—यदि प्रतियोगी शब्द का "पर" अर्थ करें तो विषय के निरूपण के अधीन बुद्धि के निरूपण होने से बुद्धि में एवं संयोगादि ह्रस्वादि में अतिव्याप्ति हो जायगी । और विरोधी अर्थ कर नहीं सकते, कारण कि विरोध का अद्यावधि निर्वचन हुआ नहीं है।

और नञर्थ की निरुक्ति न होने से प्रतियोगी शब्द का "असत्" अर्थ भी नहीं कर सकते । किञ्च अतीत अनागत वस्तुका ज्ञान वर्तमान काल में असत् विषय से ही निरूपित होता है अतः उसमें अतिव्याप्ति भी हो जायगी ॥ ७२ ॥

किञ्च आप जो कुछ अभाव का लक्षण करते हैं । वह भाव है, वा अभाव, इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि भाव अभाव में नहीं रहता है । यदि विषयिधर्म्म प्रमेयत्व अभिधेयत्व के तुल्य भावरूप लक्षण को अभाव मानें भी, तो उस लक्षण का निर्वचन करना चाहिये । और उस प्रकार से सब निर्वचन खण्डित हैं । प्रमेयत्व के तुल्य किसी भावरूप अभाव के लक्षण का कथन भी करें, तो लक्षणयुक्त अभाव को यदि अभाव मानें, तो उसमें भी लक्षण का अस्तित्व कहना पड़ेगा, तब तो विशिष्टवृत्ति धर्म के विषेशण में रहने से आत्माश्रय हो जायगा । और लक्षणयुक्त अभाव को यदि भाव कहें, तो अभाव भाव है—ऐसा व्याघात हो जायगा । और लक्षण को यदि अभावरूप मानें, तो आत्माश्रय होगा । और यदि अभावरूप लक्षण में लक्षण की स्थिति न मानें, तो लक्षणरूप अभाव में ही लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—प्रतिक्षेप निषेध्य से विशिष्ट ही जो भासता हो वह अभाव है ।

खण्डन—प्रतिक्षेप शब्द के अर्थ की यावत् निरुक्ति न हो, तावत् यह लक्षण दुर्बोध है । और प्रतिक्षेप शब्द के अर्थ की अद्यावधि निरुक्ति हुई नहीं ॥ ७३ ॥

इति अभाव निर्वचन खण्डनानुवाद ।

विशिष्टशब्दार्थश्च निर्वचनीयः स्यात् । तत्र विशिष्टं विशेषणविशेष्यतत्सम्बन्धेभ्यो भिन्नमभिन्नं वा । नाद्यः, दण्डपुरुषसम्बन्धमन्तरेण दण्डिनोऽन्यस्याप्रतीतेः । दण्डिनमानयेत्युक्तेऽतदानयनप्रसङ्गाच्च । तत्सम्बन्धेनोपलक्षितत्वात्तथेति चेन्न, अतद्भूतउपलक्ष्यत्वेऽतिप्रसङ्गात् । तद्भूतश्चान्यत्वात् । सम्बन्धो हेतुः स च तदधिकरण एवेति चेन्न, सम्बन्धात्तदधिकरणसम्बन्धान्यत्वापत्तेरित्येष न पन्थाः । तत्सम्बन्धिनि तत्र व्यवहार इति चेन्न । तस्यापि विशिष्टत्वेनान्यत्वापत्तौ व्यवहारविषयगतविशेषस्य वक्तु-

~~~~~~~~~~~~~~~~

अथ विशिष्ट खण्डनानुवाद ।

किञ्च अभावलक्षणघटकविशिष्ट पदार्थ का लक्षण करना चाहिए । विशिष्ट विशेषण, विशेष्य और उनके सम्बन्ध से भिन्न है वा अभिन्न ? इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि "दण्डिनमानय" इस वाक्य के श्रवण के अनन्तर दण्ड पुरुष सम्बन्ध से भिन्न किसी अर्थ की प्रतीति नहीं होती है—

किञ्च यदि विशिष्ट को भिन्न मानें तो "दण्डिनमानय" इस वाक्य के कथन के अनन्तर विशेषण विशेष्य सम्बन्ध, से भिन्न का आनयन होना चाहिये । इनसे भिन्न का आनयन होता नहीं है ।

समर्थन—विशिष्ट विशेषण विशेष्य के सम्बन्ध से उपलक्षित होता है, अतः विशिष्ट में होता हुआ व्यवहार, विशेषण विशेष्य में भी होता है ।

खण्डन—प्रकृत विशेषण विशेष्य से शून्य विशिष्ट उपलक्ष्य है, अथवा प्रकृत विशेषण-विशेष्य से घटित ? प्रथम पक्ष में "दण्डिन मानय" ऐसा कहने पर कुण्डली की प्रतीति वा आनयन होना चाहिये, और द्वितीय पक्ष में विशिष्ट के अन्य होने से विशिष्ट के व्यवहार को विशेषण विशेष्य में नहीं होना चाहिये ।

समर्थन—सम्बन्धविशिष्ट की प्रतीति अथवा व्यवहार में हेतु है और सम्बन्ध विशेषण विशेष्य उभयाश्रित है, अतः विशिष्ट व्यवहार विशेषण, विशेष्य दोनोंको ग्रहण कर ही होता है ।

खण्डन—केवल सम्बन्ध अतिप्रसक्त होने से विशिष्टव्यवहार का हेतु नहीं है । किन्तु दण्डादिरूप अधिकरण से विशिष्ट सम्बन्ध ही हेतु है, और दण्डाधिकरणविशिष्ट सम्बन्ध विशिष्ट होने से सम्बन्ध से अन्य है, और विशिष्ट व्यवहार का हेतु उक्त विशिष्ट का अधिकरण—अंशतः आत्माश्रय होने से—विशेषण विशेष्य है नहीं, अतः विशिष्ट व्यवहार विशेषण विशेष्य दोनों में नहीं होगा । तस्मात् विशिष्ट अन्य है—यह कथन युक्त नहीं है ।

समर्थन—यद्यपि विशिष्ट विशेषणविशेष्य सम्बन्ध से अन्य है तथापि विशेषण विशेष्य का सम्बन्धी है, अतः विशिष्ट व्यवहार विशेषण विशेष्य उभय को ग्रहण कर ही होता है ।

खण्डन—विशिष्ट मात्र तो दण्ड पुरुष का सम्बन्धी है नहीं, किन्तु दण्ड पुरुषीयत्व-विशिष्ट ही विशिष्ट दण्ड पुरुष का सम्बन्धी है । और वह अन्य है अतः दण्ड पुरुषीयत्व विशिष्ट में जो व्यवहार होता है वह दण्ड पुरुष का आदान कर होवे । केवल दण्डी रूप विशिष्ट में जो व्यवहार होता है वह दण्ड, पुरुष में कैसे होगा ।
~~~~~~~~~~~~~~~~

मशक्यत्वात् । एवं परम्पराकल्पनायामप्यनवस्थामात्रं न तु व्यवहार्य्यगतो विशेषः कश्चित् ॥ ७४ ॥

द्वितीये तु प्रत्येकं दण्डिव्यवहारप्रसङ्गो विशेषाऽभावात् । न ते प्रत्येकं दण्डिपदार्थाः किन्तु मिलिता इति चेत्, मिलिता इति किं ते च मेलकं चाभिधीयते उत तेभ्योऽन्य एव कश्चित्, आद्ये, प्रत्येकं स एव प्रसङ्गः, मेलकेऽप्यधिकः। द्वितीयस्तु प्रतीतिव्यवहारविरोधात्पूर्ववदेवनिरस्तः। एकज्ञानारूढो वा अविरलनानाज्ञानारूढोवाऽनेकश्च सम्बन्धश्च विशिष्टपदार्थ इति चेन्न। घटपटाविति बुद्धावारूढौ घटपटौ सम्बन्धश्च घटपटरूपो विशिष्टः स्यात् । घटत्वपटत्वसम्बन्धानां तद्बुद्धावारूढानामभ्युपगमेन सम्बन्धस्यापि तद्बुद्ध्यारोहोपगमध्रौव्यात्, अन्यथा घटत्वविशिष्टरूपो घटः, पटत्वविशिष्टरूपश्च पटः कथमभ्युपेयस्तन्न । नच घटपटावित्यपि विशिष्टमेव, स्वतन्त्रयोः घटपटयोः परस्परासम्बन्धयोस्तत्र व्यवहारात् न पुनर्यथा दण्डी पुरुषस्तथा घटी पटः, पटी घट इति वा तत्र व्यवहारः ।

समर्थन—दण्डी पुरुष इस विशिष्ट का सम्बन्धी दण्ड पुरुषीयत्व से विशिष्ट विशिष्ट है और उसका सम्बन्धी दण्ड पुरुष है अतः परम्परा से विशिष्ट का सम्बन्धी दण्ड पुरुषको भी होने से विशिष्ट में व्यवहार दण्ड पुरुष का ग्रहण कर ही होगा।

खण्डन—दण्ड पुरुषीयत्व से विशिष्ट भी विशिष्ट मात्र नहीं है किन्तु विशिष्ट विशेष ही है और वह अन्य है तथा दण्ड पुरुष का सम्बन्धी है नहीं, अतः विशिष्ट का व्यवहार दण्ड पुरुष का आदान कर नहीं होगा। इस रीति से विशिष्ट परम्परा के आश्रयण में केवल अनवस्था होगी व्यवहर्त्तव्य विषयगत विशेष का लाभ नहीं होगा ॥ ७४ ॥

विशेषण, विशेष्य, सम्बन्ध से अभिन्न ही विशिष्ट है, इस द्वितीय पक्ष में भी दण्ड, पुरुष, सम्बन्ध प्रत्येक में दण्डी व्यवहार हो जायगा।

समर्थन—दण्ड, पुरुषादि प्रत्येक दण्डी पद का अर्थ नहीं है, किन्तु मिलित (समुदाय) दण्डी पद का अर्थ है अतः प्रत्येक में दण्डी व्यवहार नहीं होता है।

खण्डन—मिलित शब्द का क्या अर्थ है, दण्ड, पुरुष, सम्बन्ध और इनका समूह अर्थ है, अथवा दण्डादि से अन्य ही समुदायरूप अर्थ है? प्रथम पक्ष में प्रत्येक में भी विशिष्ट व्यवहार हो जायगा और समुदाय में भी विशिष्ट व्यवहार होगा—यह अधिक हुआ। द्वितीय पक्ष का पूर्व ही (विशिष्ट अन्य है इस कल्प के खण्डन के समय में ही) निराकरण कर आये हैं।

समर्थन—एक ज्ञान अथवा अव्यवधान से जात अनेक ज्ञान का विषय अनेक और सम्बन्ध विशिष्ट पद का अर्थ है।

खण्डन—"घटपटौ" इत्या कारक बुद्धि का विषय घटपट तथा संबन्ध भी घट पटरूप विशिष्ट हो जायगा, कारण कि घटत्व पटत्व और उनके सम्बन्ध को उस ज्ञानके विषय होने से सम्बन्ध भी उस ज्ञान का विषय है ही। यदि सम्बन्ध को उस ज्ञान का विषय न मानें, तो घट को घटत्वविशिष्ट तथा पट को पटत्वविशिष्ट कैसे मानेंगे। घट पटविशिष्ट ही है ऐसा नहीं मान सकते। कारण कि स्वतन्त्र (परस्पर असम्बद्ध) ही घट पट का वहां व्यवहार होता है। जैसे "दण्डीपुरुषः" यह व्यवहार होता है वैसे "घटी पटः" "पटी घटः" ऐसा व्यवहार नहीं होता है।

न चैकज्ञानाद्यारूढ़तैव तयोर्न मन्तव्या, यतो घटपटाविति द्वित्वं तयोस्तद्द्वयानवगाहिना कथं विज्ञानेनात्रगाह्येतेति प्रत्यभिज्ञाप्रस्तावोक्तान् दोषानाह्वास्यामः। अत एवाविरल-नानाज्ञानारूढतापि विशिष्टता निरवकाशा ॥ ७५ ॥

अथाप्रकाशमानासम्बन्धोऽनेक एकबुद्ध्यारूढस्तथा नचैवं घटपटौ तत्कथमुक्त-दोषापत्तिरिति चेन्न, अप्रकाशमानोऽसम्बन्धो ययोरित्ययमप्यर्थो विशकलित इति घट-त्वपटत्वव्यक्त्यादिवैशिष्ट्यमपि तत्र भज्येताविशेषात्। अथ धर्म्मधर्म्मिसम्बंधाः स्वतन्त्रा एवैकबुद्ध्यारूढास्तथा नच घटपटौ धर्म्मधर्म्मिरूपावित्यनतिप्रसङ्ग इति चेन्न। धर्म्म-त्वस्यैकस्य दण्डादिगुणादिसाधारणस्य वक्तव्यत्वापातात्। सोऽप्येष्टव्य इति चेत्। इष्यतां परं तस्यापि वालुकावद्विशकलितस्योपगन्तव्यत्वेन धर्म्म्येव किन्न धर्म्मः स्यात् ॥ ७६ ॥

तथाप्रतीत्यभावान्न स्यादिति चेन्न। त्वदुक्तैकप्रतीत्यारोहस्याविशेषे प्रतीति-रपि तथा किन्न स्यात्। मास्तु धर्म्मत्वमनुगतं तत्तद्रूपादिपदार्थस्वरूपमेव तथा विचित्रं

समर्थन—घट पट दोनों एक ज्ञान के विषय नहीं होते हैं।

खण्डन—घट पट दोनों को विषय न करने वाले विज्ञान का विषय उन दोनों का द्वित्व कैसे होगा। इस प्रकार से प्रत्यभिज्ञा के खण्डन के प्रकरण के दोष आहूत होंगे। इसी प्रकार से अव्यवधान से जात नानाज्ञानविषय अनेक और सम्बन्ध विशिष्ट हैं—यह लक्षण भी खण्डित जानना चाहिये ॥ ७५ ॥

समर्थन—अप्रकाशमान है असम्बन्ध जिनका ऐसे एक बुद्धि के विषय अनेक विशिष्ट हैं, घट पट का असम्बन्ध प्रकाशित है, अतः "घट पटौ" इत्याकारक समूहालम्बन ज्ञान के विषय घट पट में विशिष्ट लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—अप्रकाशमान है असम्बन्ध जिनका यह अर्थ साफ नहीं है, किसका किसमें असम्बन्ध अप्रकासित हो यह स्पष्ट कहना चाहिये, अतः घटत्व का पट में तथा पटत्व का घट में असम्बन्ध अप्रकाशित होने से घटत्वविशिष्ट घट, पटत्वविशिष्ट पट में अव्याप्ति हो जायगी

समर्थन—धर्म्म, धर्म्मी, सम्बन्ध स्वतन्त्र विशिष्ट का अविशेषण एक बुद्धि के विषय विशिष्ट है घट पट परस्पर धर्म्म-धर्म्मी भावापन्न नहीं हैं, अतः उक्तस्थल में अतिव्याप्ति नहीं है।

खण्डन—दण्डादि और गुणादि उभय साधारण धर्म्म का निर्वचन करना चाहिये। और प्रमेयत्वादि के तुल्य दण्डादि साधारण धर्म्म को मान भी लें, तब भी विशिष्ट के अधा-वधि निर्वचन न होने से धर्म्मत्व विशिष्ट धर्म्म है, ऐसा धर्म्म का लक्षण हो नहीं सकता। अतः उपसंग्राहकरूप न होने से वालू के तुल्य विशकलित ही धर्म्म हुए फिर धर्म्मी ही धर्म्म क्यों न कहावे ॥ ७६ ॥

समर्थन—धर्मत्व विशिष्ट रूप से धर्म्मी की प्रतीति नहीं होती है अतः धर्म्मी धर्म्म नहीं है।

खण्डन—यावत् विशिष्ट की निरुक्ति न हो, तावत् ऐसी व्यवस्था हो नहीं सकती। किसी प्रकार से हो भी तो धर्म्मत्व, धर्म्मी, सम्बन्ध, एक बुद्धि के विषय होते ही हैं, अतः आपके अभिमत विशिष्ट लक्षण के समन्वय होने से धर्म्मत्व विशिष्टरूप से धर्म्मी की प्रतीति ही क्यों न हो

यत्तदेव धर्म्मिणा सम्बन्धेन च सममेकबुद्ध्यारूढं विशिष्टं नान्यदिति चेन्न, तेषां स्वरूपाणां भेदेन नानाभूतेषु विशिष्टेषु अनुगता विशिष्टबुद्धिर्न स्यात् । सम्बन्धमपि तर्हि विलुम्प, एवंस्वभावादेव रूपादिकं तथाधियमाधत्ताम् । एतदपि किं न स्यादितिचेत्तर्हि वराको धर्म्यपि विसृज्यतां यथा विना सम्बन्धं विशिष्टबुद्धौ रूपादिस्वभावसामर्थ्यात्समर्थिता तथा विना धर्मिणमप्यस्त्विति जितं जैनैः ॥ ७७ ॥

स्यादप्येवं यदि शुक्ल इत्येतावन्मात्राद्येव प्रतीयेत, किन्तु शुक्लः शङ्ख इत्यादिना प्रत्ययेन सामानाधिकरण्यमुल्लिखता धर्म्यप्यानीय दीयत इति चेन्न । शङ्खत्वजातेरुपाधेर्वा रूपादेरविरलतादृगवस्थितस्य वा स्वरूपवैलक्षण्यमेव तत्पदेऽभिषिच्यतां येन विनाऽप्यधिकरणं सामानाधिकरण्यव्यवहारः स्यात् । किञ्च नैतावन्मात्रं, बुद्धिमादाय तदर्थगतवैचित्र्यान्तरखण्डने बुद्धिरेव स्वकारणसामर्थ्यत्तथोत्थिता तत्तद्व्यवहारप्रसवित्री स्वीक्रियतां कृतमर्थव्यसनेन ।

तस्मात्—

"प्रत्येतव्यस्य वैचित्र्यं प्रत्ययोल्लेखसाक्षिकम् ।
धियं निवेश्य लुम्पद्भ्यो भङ्गं साद्येव यच्छति" ॥ ७८ ॥

समर्थन—धर्म्मित्व अनुगत न हो हानि क्या है । रूपादि पदार्थों के स्वरूप ही वैसे विचित्र हैं जिस से धर्म्मी और सम्बन्ध के साथ एक बुद्धि के विषय हो कर विशिष्ट हैं अन्य विशिष्ट नहीं हैं ।

खण्डन—रूपादि के स्वरूप भिन्न भिन्न हैं, अतः विशिष्ट मात्र में अनुगत विशिष्ट बुद्धि नहीं होगी । किञ्च यदि रूपादि के स्वभाव के वैचित्र्य से ही निर्वाह करना है, तो सम्बन्ध को भी त्यागिये, स्वभाव से ही रूपादि सम्बन्ध विषयक बुद्धि का भी उत्पादन करेंगे । यदि कहें कि सम्बन्ध को भी त्याग देंगे, तो विचार धर्मी को भी त्यागिये जैसे विना सम्बन्ध रूपादि के स्वभाव से विशिष्ट बुद्धि होगी ऐसी ही विना धर्म्मी के भी विशिष्ट बुद्धि होगी अतः धर्म्मी को भी न मानने वाले बौद्धों ने विजय पाया ॥ ७७ ॥

समर्थन—यदि ऐसा होता तो "शुक्ल" इत्याकार ही प्रतीति होती किन्तु सामानाधिकरण्य उल्लेख करने वाले "शुक्लः शंखः" इस ज्ञान से धर्म्मी भी गृहीत होता है ।

खण्डन—शंखत्व जाति वा उपाधि तथा एक ज्ञान विषय रूपादि के स्वरूप के वैलक्षण्य को ही उसके स्थान में अभिषिक्त कीजिये, जिससे अधिकरण के विना भी सामानाधिकरण्य व्यवहार हो । किञ्च यही नहीं होगा किन्तु यदि बुद्धि को ग्रहण कर अर्थ के वैचित्र्य का खण्डन करें, तो स्वकारण से विचित्ररूप से उत्थित बुद्धि ही को उस उस व्यवहार का जनक मान लीजिये, वाह्य अर्थ के स्वीकार में व्यसन व्यर्थ है । तस्मात् ज्ञान का आकार जिस में प्रमाण है ऐसे प्रत्येतव्य (विशिष्टरूप विषय) के वैलक्षण्य का—बुद्धि घटित लक्षण के निवेश कर—अपलाप करने वाले मनुष्य को पराजय उक्त प्रकार से वाह्य पदार्थ मात्र के खण्डन द्वारा बुद्धि ही देगी । अर्थात् अतिरिक्त विशिष्ट के खण्डन का विज्ञान वाद में पर्य्यवसान न होने से नैयायिक का अपसिद्धान्त हो जायगा ॥ ७८ ॥

यत्तु केनचिदभावस्य स्थाने तन्मात्रधीरभिषिक्ता तत्तस्य परमुचितम् ।
गुरुर्धियमभावस्य स्थाने स्थानेऽभिषिक्तवान् ।
प्रसिद्धएव लोकेऽस्मिन् बुद्धबन्धुः प्रभाकरः ॥ २ ॥

अपि चैकबुद्ध्यारूढोऽनेकश्च सम्बन्धश्च विशिष्टइति पक्षे योप्येवंरूपवैलक्षण्य-भाग्विशिष्ट इति कथ्यते, सोऽप्ययं विशिष्टोऽविशिष्टाद्वैलक्षण्येन बोध्यमानो ज्ञानमन्तर्भाव्यैव स्यादिति तत्र तत्रापि ज्ञानान्तरनिवेशनेऽनवस्था क्वचिदनिवेशे तदभावादविशिष्टत्वे शेषस्याऽऽमूलमविशिष्टतापातः । तद्योग्यस्तथेति चेत् । न तर्हि योग्यतापि तद्विशेषणं वालुकावदसंलग्नाऽतिप्रसञ्जिकैवेत्युक्तमावर्त्तते ।

एवमेकमिति ज्ञानमित्यारूढमित्यादिद्वारै द्रष्टव्यम् । तथाहि—
"अविशिष्टाद्विशिष्टस्य वैशिष्ट्ये यदि धीर्विशेत् ।
तद्बुद्धिधाराविश्रान्तिः स्याद्वा मूलाविशिष्टतेति ॥ ३ ॥

विशिष्टनिरासेन च सर्वाणि लक्षणानि निरस्तानीति मन्तव्यं यथा गुणाश्रयो द्रव्यमित्यादि ॥ ७६ ॥

जो मीमांसक प्रभाकर अभाव के स्थान में अभाव बुद्धि का अभिषेक करते हैं, "घटाभाववत् भूतलम्" इत्याकारक ज्ञान ही भूतल में घटा भाव है, उक्त बुद्धि से अन्य घटाभाव वाह्य पदार्थ नहीं है—ऐसा कहते हैं, उनका यह कथन युक्त ही है, कारण कि इस लोक में "गौतमश्चार्कबन्धुश्च" इस अमर के अनुसार बुद्ध का बन्धु अर्क (प्रभाकर) प्रसिद्ध ही है।

किञ्च—विशिष्ट का जो [एक बुद्धि में आरूढ़ अनेक तथा सम्बन्ध विशिष्ट है] लक्षण है उस लक्षण से विशिष्ट भी लक्ष्य ही है। अतः उसकी अविशिष्ट से व्यावृत्ति भी अन्य ज्ञान से घटित उक्तलक्षण से ही होगी, अतः ज्ञान परम्परा के निवेश से अनवस्था हो जायगी, और यदि अन्य ज्ञान का निवेश न करें, तो मूल पर्य्यन्त अविशिष्ट हो जायगा।

समर्थन—लक्षण विशिष्ट में अन्य ज्ञान घटित लक्षण नहीं रहता है किन्तु ज्ञान की योग्यता से घटित ही लक्षण रहता है (अतः ज्ञान परम्परा के अनिवेश से अनवस्था नहीं।

खण्डन—योग्यता से घटित उक्त लक्षण विशिष्ट में भी यदि उक्त लक्षण को मानें, तो अनवस्था और यदि न मानें तो मूल पर्य्यन्त अवैशिष्ट्य हो जायगा। इसी प्रकार से एक ज्ञान में आरुढ़-रूप विशेषण से विशिष्ट जो लक्षण रूप विशिष्ट उसको भी लक्ष्य होने से लक्षण का वैशिष्ट्य मानेंगे इस प्रकार से विशेषण परम्परा विशिष्ट लक्षण परम्परा के स्वीकार में अनवस्था जानना चाहिये। लक्षण विशिष्ट की अविशिष्ट से व्यावृत्ति यदि अन्य ज्ञान से घटित उक्त लक्षण से मानें, तो ज्ञान परम्परा मानने में अनवस्था और यदि व्यावृत्ति न करे तो मूल पर्य्यन्त अवैशिष्ट्य हो जायगा ॥ ७६ ॥

इति विशिष्ट लक्षण खण्डनानुवाद

इतोऽपि गुणाश्रयो द्रव्यमित्यसङ्गतं तथाहि—कथमेतल्लक्षणमवधारणीयं सङ्ख्यारूपगुणवत्तया रूपादेरपि प्रतीतेः। भ्रान्तिरसाविति चेत्, पृथिव्यादौ कथमभ्रान्तिरिति वक्तव्यम्। तत्र बाधकाभावादिति चेत्, तुल्यम्। गुणस्य गुणवत्तायां बाधकमस्माभिरवश्यं वक्तव्यं निर्गुणा गुणा इति सिद्धान्तादिति चेन्न, रूपादेर्गुणत्वस्यैव निश्चेतुमशक्यत्वात्॥ ८०॥

सामान्यवान् गुण इत्यादिगुणलक्षणयोगात्तन्निश्चय इति चेन्न, अगुण इति गुणलक्षणांशस्यासिद्धेः सङ्ख्यावत्तया प्रतीतेर्विद्यमानत्वात्। भ्रान्तिरिति चेन्न, परस्पराश्रयप्रसङ्गात्। सङ्ख्यावत्तया प्रतीतेर्भ्रान्तित्वे गुणलक्षणसिद्धिः तत्सिद्धौ च बाधेन भ्रान्तित्वस्थापनम्। न च हेत्वन्तराद्रूपादेर्गुणत्वसिद्धौ बाधकसिद्धिः दृष्टान्तस्यापि सङ्ख्यायोगिप्रत्ययाक्रान्तत्वेन प्रसक्तद्रव्यकोटिप्रवेशतया गुणत्वेनासिद्धेः। सङ्ख्यायाः

~~~~~~~~~~~~~~

अथ द्रव्यलक्षण-खण्डनानुवाद

विशिष्ट के खण्डन से सम्पूर्ण लक्षण को खण्डित जानना चाहिये, कारण कि विशिष्ट के प्रवेश के विना कोई भी लक्षण हो नहीं सकता—जैसे गुण-विशिष्ट द्रव्य है—यह लक्षण, और वक्ष्यमाण दोषों से भी गुण-विशिष्ट द्रव्य है—यह लक्षण असङ्गत है। देखिये—संख्यारूप गुण, रूपरस आदि में भी है—फिर यह कैसे जाना जाय कि गुण विशिष्ट ही द्रव्य है। रूप रस में सङ्ख्या की प्रतीति भ्रम है—यह कह नहीं सकते, कारण कि पृथ्वीआदि में संख्या की प्रतीति भ्रम नहीं है और रूपादि में सङ्ख्या की प्रतीति भ्रम है—इसमें कुछ प्रमाण नहीं है। पृथिवी में संङ्ख्या की प्रतीति का बाधक नहीं है—यह भी रूपादि में संख्या की प्रतीति में बाधक न होने से तुल्य ही है।

समर्थन—रूपादि गुण में सङ्ख्यादि गुण नहीं रहता है, इसमें बाधक हम अवश्य कहेंगे, कारण कि "निर्गुणा गुणाः" यह सिद्धान्त है॥ ८०॥

खण्डन—रूप गुण है इसमें प्रमाण न होने से यह अनिश्चित है।

समर्थन—जिसमें जाति रहती हो और गुण न रहता हो, वह गुण है। इस लक्षण से निश्चय करेंगे कि रूप गुण है।

खण्डन—रूपमें सङ्ख्यारूप गुण के होने से गुणलक्षणघटक "अगुण" इस अंश का समन्वय न होने से रूप गुण है—इसमें कुछ प्रमाण नहीं है।

समर्थन—रूप रस में संख्या की प्रतीति भ्रम है।

खण्डन—अन्योन्याश्रय हो जायगा। देखिये—रूप में सङ्ख्या की प्रतीति भ्रम है—ऐसा निश्चय होने पर गुणलक्षण की रूप में सिद्धि होगी। और रूप में लक्षण की सिद्धि होने पर बाध होने से प्रतीति भ्रम सिद्ध होगी।

समर्थन—"रूपादयो गुणाः सामान्यवत्त्वे सति अचलनात्मकत्वात् शब्दवत्" इस अनुमान से रूप में गुणत्व की सिद्धि होने पर रूप में संख्या का बाध सिद्ध होगा।

खण्डन—शब्दरूप दृष्टान्त में संख्या के होने से उसका द्रव्य कोटि में प्रवेश होने से दृष्टान्त के अभाव से अनुमिति नहीं होगी, अनवस्था होने से, संख्या में संख्या के न होने से संख्या ही दृष्टान्त होगी, यह नहीं कह सकते, कारण कि संख्या में भी पृथकत्वरूप गुण
~~~~~~~~~~~~~~

सङ्ख्यावत्त्वेनानवस्थाप्रसङ्गाभिःसङ्ख्यत्वव्यवस्थितौ दृष्टान्तत्वं सम्भविष्यतीति चेन्न, पृथक्त्वेनापि तस्याः सम्भावितद्रव्यकोटिप्रवेशत्वात्। एवं पृथक्त्वस्यापि सङ्ख्यावत्तयेति ॥ ८१ ॥

जातीतरानाश्रयोऽकर्म्मरूपो गुण इत्यपि न, जातिव्यापकत्वात्। जातिमात्राश्रय इत्येवार्थ इति चेन्न, अभावाश्रयतया सर्वाव्यापनात्। जातिमात्रभावाश्रय इति चेन्न, उपाधीनामपि तदाश्रतत्वात्। नोपाधीनामाश्रयो रूपादिः, किन्तु कथमपि सम्बन्धी, तावतैवानुमादिप्रवृत्तिरिति चेन्न, उपाधिसम्बन्धं प्रत्यप्याश्रयत्वस्य मन्तव्यत्वात्। अन्यथा यदि किञ्चिद्रूपमत्र नेष्यते तदा सामान्यविशेषानुमानं तत्र न स्यात्, व्यधिकरणयोर्गम्यगमकभावानभ्युपगमात्। तस्माद्यदेतदेव लक्षणं तत्तावन्न जातिरूपं तदिदं रूपं यदि रूपादौ नास्ति तदानीमस्ति, यद्यस्ति तदा नास्तीति विचित्रेण लगेत्युक्ते न लगति मा लगेत्युक्ते च लगतीति प्रवह्लिकामनुकरोति ॥ ८२ ॥

अपि च गुणाश्रय इत्यत्र कश्चाश्रयार्थः? समवायीति चेन्न, गुणत्वादेरपि द्रव्यत्वप्रसङ्गात् गुणावच्छिन्नस्य समवायस्य गुणत्वेऽपि विश्रान्तत्वात्। गुणः समवेतो यत्र

~~~~~~~~~

रहता है, अतः उसको भी द्रव्य में ही अन्तर्भाव होने से वह भी दृष्टान्त नहीं हो सकता। इसी प्रकार से पृथक्त्व में संख्या होने से उसका भी द्रव्यकोटि में अन्तर्भाव होने से वह भी दृष्टान्त नहीं हो सकता ॥ ८१ ॥

समर्थन—जो जाति से इतर के आश्रय न हों और कर्म्म से भिन्न हों, वे गुण हैं।

खण्डन—यह लक्षण भी जाति में अतिव्याप्त होने से अयुक्त है।

समर्थन—केवल जाति के ही आश्रय हों और कर्म्म भिन्न हों, वे गुण हैं।

खण्डन—अभाव के सब गुणों में रहने से लक्षण में असम्भव दोष हो जायगा।

समर्थन—केवल जातिरूप भाव के जो आश्रय हों तथा कर्म्म से भिन्न हों, वे गुण हैं।

खण्डन—प्रमेयत्वआदि उपाधि के गुण में होने से फिर भी असम्भव हो जायगा ॥

समर्थन—उपाधिप्रमेयत्वआदि का रूपादि आश्रय नहीं है किन्तु किसी प्रकार से सम्बन्धी हैं इसीसे "रूपादि अभिधेयं प्रमेयत्वात्" इस अनुमिति की प्रवृत्ति होती है।

खण्डन—प्रमेयत्व के सम्बन्ध का आश्रय अवश्य रूपादि को मानना होगा यदि सम्बन्ध का भी आश्रय न मानें, तो रूपादि में विशेषगुणत्व का तथा सङ्ख्यादि में सामान्यगुणत्व का अनुमान नहीं होगा, कारण कि एक अधिकरण में न रहने वालों में गम्यगमक भाव होता नहीं हैं। और वहाँ कोई उपाधि आपके मत में है नहीं।

तस्मात् जो यह लक्षण है वह जातिरूप तो है नहीं किन्तु उपाधिरूप है, अतः यह लक्षण यदि रूपादि में नहीं है, तब तो लक्षण के समन्वय होने से है, और यदि है तो लक्षण के समन्वय न होने से नहीं है, अतः "लग" कहने पर तो नहीं लगता और "मालग" कहने पर लगता है—इस विचित्र पहेली का अनुकरण आप का लक्षण करता है [1] ॥ ८२ ॥

---

१ प्रश्न—ऐसी कौन वस्तु है जो "मागल" कहने पर लगता हो और "लग" कहने पर न लगता हो? उत्तर—अ
~~~~~~~~~

स गुणसमवायीति विवक्षितमिति चेन्न, यत्रेत्यस्याधिकरणार्थस्याद्याप्यनिरूपणेन तेनैव तद्व्याकारानुपपत्तेः, इहेति प्रत्ययहेतुराधार इति चेन्न, इह शङ्खे पीतिमेति प्रत्यया-च्छङ्खस्य पीतगुणाधिकरणत्वप्रसङ्गात्। भ्रान्तिरसौ, यथार्थश्च प्रत्ययोऽत्र विवक्षित इति चेन्न, तदर्थासत्त्वनिरूपणव्यतिरेकेण तदप्रामाण्यस्य बोद्धुमशक्यत्वात्। न चाद्यापी-हेति प्रत्ययस्यार्थः प्रतीतो यत्प्रतियोगिकमसत्त्वं तत्र निरूप्यते। पीतत्वं प्रतियोगि तच्च क्वचित्सिद्धमेवेति चेन्न, तस्य प्रमितत्वादेवासत्त्वानुपपत्तेः। तत्र न तस्य प्रमितत्वमिति चेन्न, तत्रेत्याधारत्वानिरूपणादिति ॥ ८३ ॥

एतेन समवायिकारणं द्रव्यमित्यपि लक्षणं निरस्तम्। कथं निर्णेतव्यमिदं सम-वायिकारणमिदं नेति रूपादौ घटादौ च सङ्ख्यासमवायिकारणत्वयुक्तेस्तुल्यत्वात्।

किञ्च गुणका आश्रय द्रव्य है यहाँ आश्रय शब्द का अर्थ क्या है समवाय आश्रय शब्द का अर्थ नहीं है, कारण कि गुण समवाय के गुणत्व में होने से गुणत्व भी द्रव्य हो जायगा।

समर्थन—गुण [समवाय सम्बन्ध से जहाँ] रहता हो वह द्रव्य है।

खण्डन—"जहाँ" शब्द के अर्थ का अद्यावधि निश्चय न होने से अधिकरण से ही अधिकरण का लक्षण करना युक्त नहीं।

समर्थन—" इह " इत्याकारक जो ज्ञान उस ज्ञान का विषय अधिकरण है।

खण्डन—" इह शंखे पीतिमा " ऐसा ज्ञान होने से पीतिमा का आश्रय शंख हो जायगा। उक्त प्रतीति भ्रम है और लक्षणघटक यथार्थ प्रतीति है, अतः शंख में पीतिम के अधिकरणत्व की आपत्ति नहीं—यह नहीं कह सकते, कारण कि अधिकरणरूप अर्थ के असत्व का यावत् निश्चय न हो तावत् " शंखे पीतिमा " यह ज्ञान भ्रम है—ऐसा निश्चय नहीं हो सकता और अद्य पर्यन्त " इह " इस ज्ञान का विषय निर्णीत नहीं है जिसके असत्व का "शंखे पीतिमा" इस ज्ञान में निश्चय करें।

समर्थन—असत्व का प्रतीयोगी पीतत्व है, वह पुष्पादि में कहीं सिद्ध ही है।

खण्डन—पीतत्व के प्रमित होने से ही उसका असत्व नहीं होसकता।

समर्थन—यद्यपि समान्य से पीतिमा का असत्व नहीं है, तो भी शंखरूप अधिकरण में असत्व है ही।

खण्डन—यावत् अधिकरण की निरूक्ति न हो तावत् शंखरूप अधिकरण में इत्यादि विशेष का प्रदर्शन नहीं कर सकते ॥ ८३ ॥

समर्थन—समवायी कारण द्रव्य है।

खण्डन—घटादि समवायी कारण है और रूपादि नहीं है—यह निश्चय कैसे हो, कारण कि घटादि में और रूपादि में संख्या समवायी कारणत्व की युक्ति तुल्य है।

समर्थन—रूप में संख्या नहीं है, अतः रूप में समवायी कारणत्वरूप लक्षण की अति-व्याप्ति नहीं है।

खण्डन—घट में संख्या है इसमें क्या प्रमाण है। यदि "एकोघटः" "द्वौघटौ" इस प्रतीति को प्रमाण कहें, तो "एकं रूपं द्वे रूपे" इत्यादि प्रतीति से रूप में संख्या होने से रूप में अतिव्याप्ति हो जायगी।

सङ्ख्यैव रूपादौ नास्तीति चेत् घटादौ कथमस्ति प्रत्ययस्योभयत्रापि तुल्यत्वादित्युक्तमनुषञ्जनीयम्। द्रव्य एव सङ्ख्यास्वीकारे तत्सम्बन्धात् गुणेऽपि तद्व्यवहारोपपत्तौ कल्पनालाघवात् गुणे सङ्ख्याद्यस्वीकार इति चेत्, विपरीतमेव कुतो न स्यात् सत्तासामान्याद्यपि गुणादौ किमर्थमङ्गीक्रियते द्रव्यद्वारैव तत्र व्यवहारोपपत्तेः ॥८४॥

ननु सामान्यार्थ एव कः? तथाहि—अनुवृत्तप्रत्ययकारणं सामान्यमिति न लक्षणं, सामग्र्या सर्वकार्योत्पत्तेः, तया तदेकदेशान्तरैश्च व्यभिचारात्। असाधारणविशेषणादनन्यजातीयप्रयोजकत्वञ्च तदिति चेन्न, स्वसामग्र्यामपि प्रसक्तादवस्थ्यात् भेदप्रतिपत्त्यादावपि प्रयोजकत्वाच्च। एतत्प्रतिपत्तिप्रमाणकत्वमिति चेन्न, स्वसामग्र्यामप्यस्याः प्रमाणत्वात्। एतदेकप्रमाणकत्वमिति चेन्न, अर्थक्रियाभेदादेरपि तत्र प्रमाण-

---

समर्थन—द्रव्यमें संख्या समवाय से उत्पन्न होती है और गुण में सामानाधिकरण्य सम्बन्ध से है, अतः गुण में संख्या व्यवहार होता है फिर रूप में संख्या समवाय मानने में गौरव है क्यों मानें।

खण्डन—विपरीत ही क्यों न मानें, अर्थात् गुण में समवाय से संख्या की उत्पत्ति और परस्परा सम्बन्ध से द्रव्य में व्यवहार क्यों न मानें। किञ्च सत्ता को भी गुण में क्यों मानते हैं, द्रव्य में सत्ता है—इसी से ही परम्परा सम्बन्ध से गुण में सत्ता की प्रतीति का निर्वाह हो जायगा ॥ ८४ ॥

इति द्रव्यगुणलक्षण-खण्डनानुवाद।

अथ सामान्य-खण्डनानुवाद।

सामान्य शब्द का क्या अर्थ है, देखिये—अनुवृत्त जो प्रयत्य अर्थात् अनेक वस्तुओं में एकाकार जो ज्ञान उसका कारण सामान्य है—यह लक्षण युक्त नहीं है, कारण कि सामग्री से सब कार्य होते हैं। अतः सामग्री में तथा सामग्री के एक देश में लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—अनुवृत्त प्रत्यय का असाधारण कारण सामान्य है। और अन्य जातीय कार्य्य का अप्रयोजक असाधारण शब्द का अर्थ है।

खण्डन—स्वसामग्री भी अन्य जातीय कार्य्य का अप्रयोजक होती है अतः उसमें अतिव्याप्ति वैसी ही है। किञ्च "अयं न महिषः गोत्वात्" इस प्रकार से भेदानुमिति का भी सामान्य कारण होता है अतः सामान्य अनुवृत्तप्रत्यय का असाधारण कारण है भी नहीं।

समर्थन—अनुवृत्त प्रत्यय है प्रमाण जिसमें, वह सामान्य है।

खण्डन—कार्य्य से कारण की अनुमिति होने से स्वसामग्री में भी अनुवृत्त प्रत्यय प्रमाण है अतः स्वसामग्री में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—अनुवृत्त प्रत्यय ही है एक प्रमाण जिसमें वह सामान्य है और सामग्री में अन्य भी प्रमाण है, जैसे सामग्री का एक देश चक्षु, रूपज्ञान से अनुमेय है और आलोक प्रत्यक्ष है।

त्वात्। एतत्प्रतिपत्तिप्रमापकत्वमिति चेन्न तद्विशिष्टस्यापि तत्त्वप्रसङ्गात्। तदवच्छिन्नप्रमांशप्रमापकत्वमिति चेन्न, तदसिद्धयैवासिद्धेः। इयं प्रतीतिर्येन विना नोपपद्यते तत्सामान्यमिति चेन्न, कारकान्तराणामपि तथात्वादिति ॥८५॥

अनुवृत्तं सामान्यमित्यप्यलक्षणम्। किमिदमनुवृत्तत्वं नाम? अनेकाश्रितत्वमिति चेन्न, अवयविना संयोगादिभिश्च व्यभिचारात् नित्यत्वे सतीति चेन्न, समवायेन व्यभिचारात्। अत एव न बहुवृत्तित्वमित्यपि। असम्बन्धत्वे सतीति चेन्न, अणुभिर्व्यभिचारादिति। नित्यत्वे सत्यनेकसमवेतं सामान्यमिति चेन्न, विकल्पासहत्वात्। एतल्लक्षणं नित्यमनित्यं वा स्यात्। नाद्यः, स्वात्मनि वृत्तिविरोधात् विशिष्टप्रविष्टमपि हि नित्यत्वं नित्यमेव ॥८६॥

नापि द्वितीयः, सामान्यस्य समवायस्य च नित्यत्वाभावप्रसङ्गात्। आत्मत्वादौ

खण्डन—अर्थ क्रिया (कार्य्य भेद) आकस्मिक न हो इस लिये कारणता के अवच्छेदकत्वरूप हेतु से सामान्य की सिद्धि होती है, जैसे कार्य्य का समवायी कारणतावच्छेदक होने से द्रव्यत्वजातिसिद्ध होती है, अतः अनुवृत्त प्रत्ययमात्र एक ही को सामान्य में प्रमाण न होने से असम्भव हो जायगा।

समर्थन—अनुवृत्त प्रत्यय ही प्रमा जिसमें हो, वह सामान्य है।

खण्डन—सामान्य से विशिष्ट व्यक्ति में भी अनुवृत्त प्रत्यय ही प्रमा है, अतः व्यक्ति में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—विषयरूप से सामान्य से अवच्छिन्न प्रमा जिसमें प्रमाण है, वह सामान्य है।

खण्डन—यावत् सामान्य की सिद्धि न हो तावत् इस लक्षण की सिद्धि नहीं होगी और इस लक्षण से ही सामान्य की सिद्धि है इस प्रकार से अन्योन्याश्रय हो जायगा।

समर्थन—अनुवृत्त प्रत्यय जिसके बिना न हो, वह सामान्य है।

खण्डन—आत्ममनःसंयोग आदि अन्य कारण के बिना भी अनुवृत्त प्रत्यय नहीं होता है अतः उनमें लक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी ॥ ८५ ॥

समर्थन—जो अनेक में अनुवृत्त हों, वे सामान्य हैं।

खण्डन—अनुवृत्तत्व क्या वस्तु है, यदि अनेक में आश्रितत्व कहें, तो संयोग तथा अवयवी में अनेकाश्रितत्व होने से अतिव्याप्ति हो जायगी। और यदि नित्य होकर अनेकाश्रितत्व है, तो समवाय में अतिव्याप्ति हो जायगी। इसीसे बहुवृत्तिकत्व भी अनुवृत्तत्व नहीं है। यदि सम्बन्ध से भिन्न हो ऐसा भी निवेश करें, तो अणु संयोगसम्बन्ध से अनेक दिशा में रहता है अतः अणु में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—नित्य होकर अनेक में जो समवाय सम्बन्ध से रहता हो वह सामान्य है।

खण्डन—विकल्प के असह होने से यह लक्षण भी युक्त नहीं है, देखिये—यह लक्षण नित्य है वा अनित्य, इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि विशिष्टवृत्ति धर्म्म विशेषण में भी रहता है अतः लक्षण में नित्यत्व के रहने से लक्षण के विशेषण में भी नित्यत्व रहेगा। इससे अंशतः आत्माश्रय हो जायगा ॥ ८६ ॥

द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि लक्षण में प्रविष्ट समवाय तथा लक्ष्य सामान्य

व्यक्त्यभावायत्तस्यापि विशिष्टाभावस्यासम्भवात्तस्य च कदाचिदसत्त्वानङ्गीकारे तदनित्यत्वस्यैव वक्तुमशक्यत्वात्। तद्ग्राहिणश्च प्रत्ययस्यैककालिकस्य च मिथ्यात्वेऽविशेषात्। सार्वकालिकस्य च मिथ्यात्वप्रसङ्गेन सर्वथा तदसत्त्वापत्तेः। एकस्य च सत्यत्वेऽविशेषात्। सर्वसत्यतायां कदाचिदपि तदसत्त्वं नास्तीति। एकदा तत्सम्बन्धेनोपलक्षितस्यऽन्यदापि विद्यमानत्वात् तथात्वमिति चेन्न, तादृशोपलक्ष्यासम्भवात्, व्यक्तीनां भेदादनित्यत्वानुपपत्तिरेवेति। एतेन नित्यत्वमन्यत्रापि प्रतिवचनीयमिति ॥८७॥

के चानेन लक्षणेन व्यवच्छिद्यन्ते। विशेषादय इति चेत्, विशेषा एव केऽभिधीयन्ते। तत्र नित्येष्वेव द्रव्येष्वेव वर्त्तन्त एव ये ते विशेषा इत्यलक्षणम्। आत्मत्वादिना व्यभिचारात् नित्यान्तरेऽसत्त्वाच्च, न तत्सर्व्वत्र नित्ये वर्त्तते विशेषास्तु नैवं, वर्त्तन्त एवेति

भी अनित्य हो जायेंगे। यदि कहें, कि लक्षणघटक व्यक्ति के अनित्य होने से लक्षण अनित्य है, तो जहाँ आत्मत्वादि स्थल में आत्मारूप व्यक्ति भी नित्य है वहाँ लक्षण अनित्य कैसे होगा। किञ्च यदि लक्ष्य में कदाचित् भी लक्षण का असत्व न हो, तो लक्षण अनित्य नहीं हो सकता। और यदि लक्षण का कदाचित् असत्व मानें, तो असत्व काल में लक्ष्य में लक्षण का ज्ञान न होना चाहिये। और सर्वदा ज्ञान होता है अतः सर्वदा लक्षण का सत्व है। यदि लक्षण के ग्राही ज्ञान को [उत्तर काल में बाध न रहते भी एक काल में] भ्रम मानें, तो सब काल में जात लक्षण ज्ञान के मिथ्या होने से सर्वदा लक्षण का असत्व हो जायगा। और एक लक्षणज्ञान को सत्य मानें, तो विशेष न होने से सब लक्षणज्ञान के सत्य होने से लक्षण का कदापि असत्व नहीं होगा। यदि लक्षणत्व के असत्व काल में भी लक्ष्य सामान्य का उपलक्षण करता है अतः असत्व काल में भी लक्षण से उपलक्षित लक्ष्यक का ज्ञान भ्रम नहीं है, तो सामान्यरूप व्यक्ति भिन्न भिन्न हैं और सब में वृत्ति कोई एक उपलक्ष्यता का अवच्छेदक धर्म्म है नहीं, अतः लक्षण उपलक्षण नहीं हो सकता है—इससे लक्षण में अनित्यत्व अनुपपन्न है। इसी प्रकार से अन्यत्र भी नित्यत्व का खण्डन जानना ॥ ८७ ॥

॥ इति सामान्यलक्षण-खण्डनानुवाद ॥

❀ अथ विशेषलक्षण-खण्डनानुवाद ❀

इस सामान्य के लक्षण में प्रविष्ट "अनेक" इस विशेषण का व्यवच्छेद्य क्या है। यदि कहें विशेष, तो विशेष ही क्या वस्तु है। लक्षण न होने से अनिर्वचनीय है।

समर्थन—नित्य में ही द्रव्य में ही जो रहते ही हों, वे विशेष हैं।

खण्डन—आत्मत्व भी नित्य में ही द्रव्य में ही रहता है। अतः आत्मत्व में अतिव्याप्ति होने से यह लक्षण असङ्गत है।

समर्थन—आत्मत्व सब नित्य द्रव्यों में नहीं रहता है और सब नित्य द्रव्यों में जो रहे वह विशेष है, अतः आत्मत्व में अतिव्याप्ति नहीं हुई।

खण्डन—एक एक विशेष भी सब नित्यों में नहीं रहते हैं। अतः उनमें अव्याप्ति हो जायगी।

नियमादितिचेन्न, प्रतिविशेषमव्याप्त्याऽलक्षणत्वात्। यज्जातीय एवमिति लक्षणार्थ इति चेन्न, जातेरनङ्गीकारात्। जातीयेत्यस्यापदत्वात्। उपाधिरेव तथा विवक्षित इति चेन्न, तस्येतरव्यावृत्तस्यावगतौ व्यर्थमिदं तदुपजीविलक्षणम् अत एव विजातीयव्यावृत्तिप्रतीतेः इतरव्यावृत्तस्य वाऽनधिगतौ लक्षणस्य दुरवधारणत्वापत्तेः इतरव्यावृत्ततया तज्जातीयत्वत्वस्याप्रतीतेः ॥८८॥

भवतु स एवोपाधिर्लक्षणमिति चेन्न, तस्यानिरुक्तेः। यतो नित्यद्रव्यव्यक्तिषु विश्वव्यावृत्तधीर्योगिनां स विशेष इति चेन्न, स्वरूपधर्म्मव्यक्तिभेदेष्वपि प्रसङ्गात्। अन्यथा कार्य्यद्रव्यगुणादिव्यक्तिषु सा तेषां कुतः स्यात्, तास्विव वैधर्म्यान्तरस्य नित्येष्वपि सम्भवात् विशेषवत्, विशेषासम्भवेन लक्ष्यासिद्धिरिति।

अपि च विशेषादिभ्यो विशेषलक्षणादेर्भेदात्कथं तत्र तत्रैव तैर्विशेषादिव्यवहारः

~~~~~~~~

समर्थन—जिससे समान जाति वाला सब नित्यों में रहता हो, वह विशेष है।

खण्डन—विशेष में जाति के न होने से जाति घटित उक्त लक्षण युक्त नहीं है। यदि जाति से उपाधि का ग्रहण करें, तो युक्त नहीं, कारण कि यदि विशेष में वृत्ति इतरव्यावृत्त उपाधि प्रथम से ज्ञात है, तो उसीसे इतरव्यावृत्तत्वरूप से विशेष ज्ञान के सिद्ध होने से उस उपाधि का उपजीवी यह लक्षण व्यर्थ है और यदि इतरव्यावृत्तत्वरूप से उपाधि का ज्ञान नहीं है, तो इस लक्षण का ज्ञान अशक्य है, कारण कि इतरव्यावृत्तत्वरूप तज्जातीयत्व की प्रतीति नहीं है ॥ ८८ ॥

वह उपाधि ही लक्षण हो—यह भी नहीं कह सकते हैं, कारण कि अद्यावधि उस उपाधि की निरुक्ति नहीं हुई है।

समर्थन—नित्य द्रव्य व्यक्तियों में योगियों की इतर सब से व्यावृत्ति बुद्धि जिससे हो वह विशेष है।

खण्डन—अतीन्द्रिय कार्य्य द्रव्यों में तथा गुणों में योगियों की व्यावृत्तत्व बुद्धि जिस स्वरूपभेद वा धर्म्मभेद से होती है वे विशेष नहीं हैं। अतः उनमें विशेषलक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी। अन्यथा (यदि स्वरूप भेदादि को व्यावृत्तत्व बुद्धि का हेतु न मानें तो) अतीन्द्रिय कार्य्य द्रव्यादि में उन योगियों की व्यावृत्तत्व बुद्धि कैसे होगी। यदि कहें, कि विशेष के लक्षण में "नित्य द्रव्य में व्यावृत्तत्व बुद्धि जिससे हो" ऐसा निवेश है अतः अतीन्द्रिय कार्य्य द्रव्य में व्यावृत्ति के हेतु स्वरूपभेदादि में अतिव्याप्ति नहीं होगी। तो जैसे अतीन्द्रिय कार्य्य द्रव्य में स्वरूप भेदादि से व्यावृत्ति बुद्धि होती है, वैसे ही नित्य द्रव्यों में भी व्यावृत्तत्व बुद्धि हो जायगी अतः नित्य द्रव्य में विशेष का स्वीकार व्यर्थ है। किञ्च विशेष में विना विशेष के स्वरूपभेद से ही जैसे व्यावृत्तत्व बुद्धि होती है वैसे ही नित्य द्रव्यों में भी व्यावृत्तत्व बुद्धि हो जायगी, अतः विशेष का स्वीकार व्यर्थ है।

किञ्च यदि विशेषादि लक्ष्यों से विशेषादि के लक्षणों का भेद है तो उन २ विशेषादि लक्ष्यों में ही उन २ लक्षणों से व्यवहार क्यों होता है अन्यत्र व्यवहार क्यों नहीं होता है। यदि कहें, कि लक्ष्य में लक्षण का सम्बन्ध, व्यवहार का नियामक है, तो सम्बन्ध का भी
~~~~~~~~

क्रियतां नान्यत्र। सम्बन्धो नियामक इति चेन्न, सम्बन्धस्यापि सम्बन्धान्तरेण नियामकत्वेऽनवस्थापातात्। अन्यथा त्वनियमात्॥ ८९॥

तदनिरुक्तेश्च तथाहि कः सम्बन्धशब्दार्थः? समवायादय इति चेत्, सत्यं किन्तु केन निमित्तेनेति हि प्रश्नवाक्यतात्पर्य्यं प्रतिस्वं व्यावृत्तेन संयोगत्वादिनाऽन्येन वा। आद्ये, अनुगतव्यवहारानुपपत्तिप्रसङ्गः, अस्ति चासाविन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नादिप्रत्यक्षं नित्यप्राप्तिः समवाय इत्यादि। न द्वितीयः, तस्यैकस्यासम्भवात्॥९०॥

नियामकत्वं तदिति चेन्न, स्वभावस्यापि भवता नियामकत्वाङ्गीकारात्। तथाविधः सोऽपि सम्बन्ध एवेति चेन्न, त्वया सर्वस्वभावनियन्तृताया अवश्याभ्युपगन्तव्यत्वेन नियामकनिरुक्तिलभ्यसत्त्वादधिकांशासामर्थ्यापत्तेः। नियम्यस्य च स्वस्यानतिप्रसङ्गेन नियामकत्ववाचोयुक्त्यनुपपत्तेः, अतिप्रसक्तत्वे च तस्यैव नियामकत्वादति-

---

नियामक यदि अन्य सम्बन्ध मानें, तो अनवस्था हो जायगी, और यदि अन्य सम्बन्ध को सम्बन्ध का नियमक न मानें तो सम्बन्ध का नियम नहीं होगा॥ ८९॥

॥ इति विशेषलक्षण-खण्डनानुवाद॥

❀ अथ सम्बन्ध लक्षण खण्डनानुवाद ❀

किञ्च सम्बन्ध की निरुक्ति भी नहीं हो सकती है। कहिये—सम्बन्धशब्द का क्या अर्थ है, निरुक्ति न होने से अनिर्वचनीय है, यदि कहें, कि समवायआदि सम्बन्ध है, तो सत्य है परन्तु किसरूप से—यह प्रश्न वाक्य का तात्पर्य्य है। क्या प्रतिसम्बन्ध में व्यावृत्त संयोगत्वादिरूप से, अथवा सम्बन्धमात्र में विद्यमान किसी अन्यरूप से। इनमें प्रथम पक्ष में सम्बन्धमात्र में अनुगत सम्बन्ध व्यवहार की उपपत्ति नहीं होगी और "इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम् प्रत्यक्षम्" इस सूत्र में सम्बन्धवाचक सन्निकर्षशब्द से संयोग समवाय दोनों के ग्रहण से तथा "नित्या प्राप्तिः समवायः" यहाँ सम्बन्धार्थक प्राप्ति पदसे सम्बन्धमात्र के अभिधान से अनुगत व्यवहार देखा जाता है।

द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि सम्बन्ध मात्र में अनुगत एक रूप का सम्भव नहीं है॥ ९०॥

समर्थन—नियम के जनक अर्थात् अतिप्रसङ्ग की निवृत्ति का जनक सम्बन्ध है।

खण्डन—अभाव समवाय आदि की विशिष्ट-बुद्धि में स्वरूप को भी नियामक आप मानते ही हैं, और वह सम्बन्ध है नहीं, अतः वहाँ अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—नियम का जनक स्वरूप भी सम्बन्ध ही है, अतः वहां लक्षण का जाना भूषण ही है दूषण नहीं।

खण्डन—आप स्वरूपमात्र को सम्बन्ध अवश्य मानेंगे, अतः नियामक पदार्थ के नियतपूर्वसत्वरूप निरुक्ति को घटक सत्व ही सम्बन्ध का लक्षण रहे, सत्व से अधिक अंश व्यर्थ है। किञ्च स्वरूप अनतिप्रसक्त नियम्य का नियामक हो नहीं सकता, कारण कि जो स्वयं अनतिप्रसक्त है उसका अतिप्रसक्ति निवारणरूप नियमन हो नहीं सकता। और

प्रसक्तेन नियमायोगात् भूत्वा नियमकरणे च प्रागनियतत्त्वापत्तेः, एवमन्येनापि जन्य-नियमे, अन्यदपि हि यदि पूर्वं घटादिरूपेणानियतमेव घटादि करोति, तदा पटाद्यपि तथा कुर्य्यात् ॥९१॥

न घटादित्वे नियन्तृत्वमन्यस्य किन्तु घटादेः कालविशेषयोग इति चेन्न, यदि नासौ घटादिकालविशेषयोगिता नियतमिष्यते तदा पटादिकालविशेषयोगमपि तथा कुर्य्यात् । तस्मात्—यदि कुर्यादसत्कालानियतं नियतं परः ।

तत्स्यादतिप्रसक्तत्वमन्यथा चानियन्तृतेति ॥४॥

कार्य्यकारणयोः कालभेदान्नियम्यनियामकत्वोपगमे उत्तरोत्तरेण पूर्वपूर्वनियमः किन्नस्यादित्यविनिगम्यत्वापत्तिः ।

प्राचोत्तरस्य नियमे प्राच एव न तेन किम् ।
अनाद्यनन्तयो नैवं विनिगन्ता प्रवाहयोरिति ॥५॥

यदि नियम्य अतिप्रसक्त है, तो वही नियामक भी है, अतः अतिप्रसक्तस्वरूप, नियमन कर नहीं सकता, कारण कि अतिप्रसङ्ग का निवारण ही नियमन है।

नापि द्वितीयः, कारणविशेषो हि विशिष्य सामग्री स्यात्तदेकदेशो वा। नाद्यः, तस्या अप्रत्यक्षत्वेन तदुपहितस्य प्रत्यक्षतोऽवगमानुपपत्तेः। नच तस्या अनुमेयत्वं लिङ्गासम्भवात्। कार्यविशेष एव लिङ्गमितिचेन्न, कार्यगतस्यैव विशेषस्य चिन्त्यमानस्याद्याप्यप्राप्तेः जातिभेदस्य दूषणीयत्वात्। नापि द्वितीयः, दृश्यस्य तदेकदेशस्य साधारणधर्मदर्शनादेर्विशेषद्वयस्मरणादेश्च साधारणधर्मविशेषद्वयज्ञानप्रत्यक्षादावपि हेतुत्वेन साधारण्यात्। अदृश्ये च तस्मिँल्लिङ्गाभावात्। तेन कार्ये विशेषजात्याधानस्य निरस्यत्वात्। तस्या अविषयत्वेनानुव्यवसायसाक्षिककार्यगतविशेषीभवनाऽसामर्थ्यात्॥ ५७॥

नापि तृतीयः, तस्य दर्शयितुमशक्यत्वात्। नच द्वितीयः, धर्मिस्वरूपादेरपि तद्विषयतया संशयितत्वप्रसङ्गात्। नचैवं, नह्ययं स्थाणुर्वा पुरुषो वेति संशये सतीदमा परामृष्यमाणस्योर्द्ध्वत्वशालिनो धर्मिणः स्वरूपसत्त्वेऽपि स्वरूपमेव भवति नवेति तद्द्रष्टुरभिमानो व्यवहारो वा, किं नाम? तत्र स्वरूपसत्त्वमात्रांशावलम्बिनस्तस्य ज्ञानस्य निश्चयत्वमेव। ततः किमिति चेत्, एकस्यैव ज्ञानस्य निश्चयत्वसंशयत्वजातिसङ्करः। स

कारण से कृत संशय में विशेष है यह द्वितीय पक्ष भी युक्त नहीं है, कारण कि वह कारणविशेष-सामग्री है वा सामग्री का एक देश है। यदि सामग्री कहें, तो सामग्री के अप्रत्यक्षत्व से उक्त लक्षण से युक्त संशय का भी प्रत्यक्ष नहीं होगा और वह सामग्री—लिङ्ग के न होने से—अनुमेय भी नहीं है।

समर्थन—कार्य-विशेष [संशय] ही लिङ्ग है।

खण्डन—संशयगत विशेष का ही विचार हो रहा है और अद्यपर्य्यंत कुछ निश्चित नहीं हुआ है। संशयत्व जाति है इस पक्ष को आगे दूषित करेंगे। सामग्री के एक देश से कृत संशय में विशेष है—यह द्वितीय पक्ष भी अयुक्त है, कारण कि संशय का दृश्य कारण साधारण धर्म का दर्शन वा विशेषद्वय का स्मरण है। वे दोनों स्वप्रत्यक्ष [अनुव्यवसाय] के भी कारण हैं, अतः यदि वे संशयत्व व्यवहार के कारण हों, तो उनके अनुव्यवसाय में संशयत्व व्यवहार हो जायगा अदृश्य सामग्री के एक देश में कुछ प्रमाण नहीं है, अतः उससे कार्य [संशय] में विशेष के आधान का त्याग कीजिये। किंच सामग्री वा उसका अदृश्य एक देश अप्रत्यक्ष हैं अतः वे दोनों [अनुव्यवसाय है साक्षी जिसका ऐसे] संशयगत विशेष के कारण नहीं हो सकते॥ ५७॥

विषय अथवा करण से अन्य प्रकार से कृत भी संशय में विशेष नहीं है, कारण कि उसे दिखा नहीं सकते, संशय में अनुभवसिद्ध संशयत्व जाति है उससे कृत संशय में निश्चय से भेद है—यह द्वितीय कल्प भी अयुक्त है, कारण कि संशयत्व जाति को मानें, तो धर्मी भी उसका विषय है, अतः उस अंश में भी वह ज्ञान संशय हो जायगा। और धर्मी अंश में वह ज्ञान संशय है नहीं, कारण कि "स्थाणु है वा पुरुष" इस संशय-काल में 'इदं' शब्द से परामृष्ट ऊर्द्ध्वत्व शाली धर्मी के स्वरूप सत्वमें "स्वरूप है या नहीं" ऐसा अभिमान वा व्यवहार किसी को नहीं होता है, किन्तु स्वरूप अंश में वह ज्ञान निश्चय ही है। यदि कहें, धर्मी अंश में उक्त ज्ञान के निश्चय होने से क्या हुआ? तो यह हुआ, कि एक ज्ञान में निश्चयत्व संशयत्व दोनों जाति के शङ्कर होने से संशयत्व जाति सिद्ध नहीं हुई। यदि कहें कि गुण जाति में-

प्रामाण्याप्रामाण्यवद्भविष्यतीति चेन्न, अत एव हि तयोरपि जातित्वानङ्गीकारः, किंनाम ? तथाभूताऽतथाभूतार्थतालक्षणोपाधिद्वयरूपतास्वीकार एव तयोः। यदा च संशयत्वनिश्चयत्वलक्षणजातिद्वयसम्भिन्नं तद्विज्ञानमास्थीयते तदा कश्चिद्विषयमपेक्ष्य संशयत्वं कञ्चिदपेक्ष्य निश्चयत्वमित्यापेक्षिकी जातिव्यवस्थितिरित्यपूर्वः पन्थाः। ईदृशस्य पथः पान्थेनापि भवता किंनियामकमभिधेयं येन धर्मिणि तस्य निश्चयत्वं व्यवतिष्ठते। विशेषद्वये च संशयत्वं विशेषदर्शनादर्शने इति चेत्। तर्हि भवति स्थाणोः स्थाणुत्वं पुरुषत्त्वं पुरुषस्य विशेषः प्रतीयते चासाविति विशेषदर्शनात्तत्राऽपि निश्चयप्रसङ्गः॥ ५८॥

संशयात्पूर्वं नास्ति विशेषदर्शनमिति युक्तस्तत्रापि संशय इति चेन्न, धर्मिधियः पूर्वं तर्हि कथं तद्गतविशेषदर्शनं स्यात्। संशयकाले चाऽस्ति विशेषदर्शनमित्यनन्तरं तर्हि संशयाऽननुवृत्तिप्रसङ्गोऽपि युक्त एव। तदीयविषयाद्विशेषाद्व्यतिरिक्तस्य विशेषस्य दर्शनं विवक्षितमिति चेन्न, स्थाणुर्वा पुरुषो वेति संशयानन्तरं दारुमयो मांसमयो वाऽयमिति संशयो नोपपद्येत, तदुभयमयत्वातिरिक्तयोः स्थाणुत्वपुरुषत्वयोर्विशेषयोः पूर्वज्ञानेनोल्लिखितत्वात्। अन्यतरविशेषदर्शनं संशयप्रतिरोधकं संशयेन तूभयोरुपदर्शनमतो नोक्तदोषप्रसङ्ग इति चेत्, तर्हि स्थाणुः पुरुषश्चेति कुतोऽपि विभ्रमे जाते दारुमयो वा मांस-

---

संकर दोष नहीं होता है, अतः प्रमात्व अप्रमात्व के तुल्य निश्चयत्व संशयत्व दोनों के एक ही ज्ञान में रहने में हानि क्या है, तो सङ्कर दोष होने से ही प्रमात्व अप्रमात्व को भी जाति नहीं मानते हैं किन्तु तथा भूतार्थत्व तो प्रमात्व है और अतथाभूतार्थत्व अप्रमात्व है ऐसा मानते हैं। यदि एक ही ज्ञानमें किसी विषय को अपेक्षा संशयत्व जाति को और किसी विषय की अपेक्षा निश्चयत्व जाति को मानें, तो इस अपेक्षा से जाति व्यवस्थारूप अपूर्व पन्था का स्वीकार आपने किया—इस अपूर्व पथ के पान्थ होकर भी आप किसको नियामक कहेंगे। जिससे धर्मी-अंश में उस ज्ञान के निश्चयत्व और विशेषद्वय-अंश में संशयत्व व्यवस्थित हो।

समर्थन—निश्चयत्व का विशेष-दर्शन और संशयत्व का विशेष-दर्शन प्रयोजक है।

खण्डन—तब तो स्थाणु में स्थाणुत्वरूप विशेष है और पुरुष में पुरुषत्वरूप विशेष है और उसको प्रतीति भी होती है, अतः विशेष-दर्शन होने से विशेषद्वय-अंश में भी निश्चयत्व हो जायगा॥५८॥

समर्थन—संशय से पूर्वकाल में विशेषदर्शन नहीं है, अतः उस अंश में संशयत्व युक्त ही है।

खण्डन—तब तो धर्मी-अंश में भी उक्त ज्ञान में निश्चयत्व न होना चाहिये, कारण कि उस ज्ञान से पूर्वकाल में विशेष-दर्शन नहीं है। किञ्च संशयरूप विशेष-दर्शन होने से संशय से उत्तरकाल में संशय-धारा की अनुवृत्ति नहीं होनी चाहिये।

समर्थन—संशयविषय जो कोटिद्वयरूप विशेष उससे अन्य विशेष का दर्शन संशय का प्रतिबन्धक है, अतः संशय-धारा की अनुवृत्ति में कोई प्रतिबन्धक नहीं है।

मयो वेति संशयप्रतिरोधो न स्यात् पूर्वज्ञानेन विशेषद्वयोपदर्शनस्य कृतत्वात् । विशेषदर्शनं हि विशेषनिश्चयो विवक्षितो नतु विशेषज्ञानमात्रं येन संशयोपनीतादपि विशेषात्संशयप्रतिरोधः प्रसज्येतेति चेत्, मैवम्, संशयेन यावुपदर्शितौ विशेषौ तत्र न संशयस्य निश्चयत्वमिति व्यवस्थायां सिद्धायामुपदर्शितनियामकसिद्धिर्भवति, सिद्धे चाऽस्मिन्नियामके संशयस्य विशेषद्वयं प्रति निश्चयत्वं नास्तीति सिद्ध्येदित्यन्योन्याश्रयापत्तेः को वारयिता ॥ ५६ ॥

स्यादेतत् संशयज्ञानस्य धर्मिविषयत्वेऽभ्युपगम्यमानेऽर्द्धवैशसमापद्येत तच्च तदनभ्युपगम एव निवर्तते तेन धर्मिज्ञानं निश्चयात्मकमन्यदेव स्थाणुर्वा पुरुषो वेति चान्यदेव संशयज्ञानमित्यभ्युपैष्याम इति चेत्, मैवम्, एकधर्मिसम्बन्धोपनयनव्यतिरेकेण स्थाणुत्वपुरुषत्वयोर्विरोध एव नास्तीति स्थाणु र्वा पुरुषो वेत्येतदेव न स्यान्नहि यस्य कस्यचित्स्थाणुत्वेन यस्य कस्यचित्पुरुषत्वं विरुद्ध्यते । एकधर्मिसम्बन्धमनन्तर्भा-

---

खण्डन—तब "स्थाणु है वा पुरुष" इस संशय के अनन्तर "दारुमय है वा मांसमय है" यह संशय नहीं होगा, कारण कि दारुमयत्व मांसमयत्वरूप जो उस संशय का विषय उससे अन्य स्थाणुत्व पुरुषत्वरूप विशेष का दर्शन पूर्वकाल में हो चुका है।

समर्थन—एक विशेष का दर्शन संशय का प्रतिबन्धक है और संशय में दोनों विशेषों का दर्शन है, अतः संशय के बाद उक्त संशय का प्रतिरोध नहीं होता है।

खण्डन—तब किसी कारण से "स्थाणुः पुरुषश्च" ऐसा भ्रम होनेपर "दारुमयो वा मांसमयो वा, इस संशय का प्रतिरोध नहीं होगा, कारण कि पूर्वज्ञान का एक विषय नहीं है, किन्तु दो विषय हैं।

समर्थन—विशेष-दर्शन शब्द से विशेष-निश्चय विवक्षित है, ज्ञानमात्र नहीं है, अतः संशयोपनीत विशेषविषय से संशय का प्रतिरोध नहीं होता है।

खण्डन—संशय के विशेषद्वय अंश में निश्चयत्व नहीं है—इस व्यवस्था की सिद्धि होने पर विशेष-निश्चय संशय का प्रतिबन्धक है—यह नियम सिद्ध होगा, और इस नियम की सिद्धि होनेपर उक्त "स्थाणुः पुरुषो वा" यह ज्ञान विशेषद्वय-अंश में संशय है—यह सिद्ध होगा इस प्रकार से अन्योन्याश्रय हो जायगा उस अन्योन्याश्रय का वारण कौन करेगा ॥५६॥

समर्थन—यदि संशय को धर्मी-अंश में निश्चय मानें, तो एक ही ज्ञान में अंशभेद से संशयत्व निश्चयत्व के होने से संकर हो जायगा। वह संशय में निश्चयत्व के अस्वीकार से निवृत्त होता है, अतः धर्मी का निश्चयरूप ज्ञान अन्य ही है और स्थाणु वा पुरुषो वा इत्याकारक धर्म्म-अंश में संशय-ज्ञान अन्य नहीं है ऐसा मानेंगे।

खण्डन—यावत् एक धर्मी में सम्बन्ध की प्रतीति न हो तावत् स्थाणुत्व पुरुषत्व का विरोध ही नहीं है, अतः "स्थाणुर्वा पुरुषो वा" यह आकार ही नहीं होगा, कारण कि जिस किसी के स्थाणुत्व से जिस किसी का पुरुषत्व विरुद्ध नहीं है। यदि एक धर्मी के सम्बन्ध के विना भी विरोध हो, तो अन्योन्य के नाश करनेवाले उन दोनों का जगत् में असत्व हो जायगा। अथवा उस धर्मी में पुरुषत्व निश्चय से जैसे संशय की निवृत्ति वा अनुत्पत्ति

न्य विरोधे जगति तयोरन्योन्यस्य व्यतिघ्नतोरसत्त्वमेव प्रसज्येत । तस्य धर्मिणो वा पुरुषत्वनिश्चयाद्यथा संशयो निवर्तते नोत्पद्यते वा तथा स्वात्मनः पुरुषत्वनिर्णयात्संशयो निवर्तेत नोत्पद्येत वा, विशेषाभावाद्यथाऽयं द्रष्टुर्न स्वशरीरविषयः संशयः तथैव पुरोवर्तिविषयोऽपि नासौ । कथं चेदमर्थेन सामानाधिकरण्याभिमानः योऽयमूर्ध्वताधर्मा स किं स्थाणुरुत पुरुष इति । कस्माद्वा प्रत्यभिज्ञानादयोऽप्येकं ज्ञानमङ्गीकृता इत्युच्छिन्ना विशिष्टविज्ञानसङ्कथा । सञ्जातश्च गौरश्वः पुरुष इतिवद्विशकलितो विज्ञानसंसार इत्यास्तां विस्तराभिनिवेशः ।

नन्वस्ति तावदयं स्थाणु र्वा पुरुषो वेति परस्परविरुद्धार्थावगाही प्रत्ययः स स्वविषयं तथाभूतमुपस्थापयिष्यति । न, उक्तबाधकैः सर्वप्रकारखण्डने परिशेषासम्भवात् ॥ ६० ॥

यच्च स्वरूपमादाय विरुद्धार्थत्वमभिधीयते तदपि निर्वक्तुं न शक्यते । तथाहि—भावतदभावयोः को विरोधः । सहानवस्थानमिति चेन्न, देशभेदेन सहाप्यवस्थानात् । देशाभेदेनेति चेन्न, संयोगाद्यव्यापकत्वं यद्यभ्युपैषि तथाऽप्यनुपपत्तिः प्रकारभेदेन तथाभावस्याभ्युपगमात् । तस्य पक्षे एकेन प्रकारेणैकस्मिन् सहानवस्थानं विरोधः,

---

होती है, वैसे ही अपने आत्मा में पुरुषत्व निश्चय से भी संशय की निवृत्ति वा अनुत्पत्ति हो जायगी, कारण कि जैसे यह संशय द्रष्टा के शरीर-विषयक नहीं है, वैसे ही यह संशय पुरोवर्ती-विषयक भी नहीं है । किञ्च यदि संशय धर्मी-विषयक नहीं है, तो जो यह ऊर्ध्व है, वह स्थाणु है वा पुरुष, ऐसा इदं अर्थ के साथ सामानाधिकरण्य का अभिमान कैसे होता है। प्रत्यभिज्ञा को भी एक ज्ञान मानते हैं इस प्रकार से दो ज्ञानों को मानने में विशिष्टज्ञान का नाम उच्छिन्न हो जायगा । गौ, अश्व, पुरुष जैसे भिन्न २ हैं ऐसे ही विज्ञान संसार भी विशकलित हो जायगा । बस, इतना ही संशय का खण्डन पूर्ण है अतः विस्तार का आग्रह रहे ।

समर्थन—"स्थाणुर्वा पुरुषो वा" इत्याकारक परस्पर-विरुद्ध अर्थ का अवगाहन करने वाला ज्ञान होता है वह ज्ञान परस्पर विरुद्ध स्वविषय में प्रमाण होगा।

खण्डन—विषय से कृत, वा कारण से कृत, वा जाति से कृत, संशय में विशेष के उक्त प्रकार से खण्डित होने से संशय और उसका विषय अनिर्वचनीय है ॥ ६० ॥

इतिसंशयलक्षणखण्डन

॥ भावाभावविरोधनिर्वचनखण्डन ॥

किञ्च भाव अभाव के स्वरूप को ग्रहण कर विरुद्धार्थत्व [संशय में विरुद्ध-धर्म विषयत्व] का आपने जो अभिधान किया है उसका निर्वचन भी अशक्य है । कहिये—भाव अभाव का क्या विरोध है।

निर्वचन—सहअनवस्थान विरोध है ।

संयोगाद्यव्यापकत्वानभ्युपगन्तृपक्षे च देशाभेदेन सहानवस्थानं स इति चेन्न, तद्धि तदुभयावस्थानसाहित्यनिषेधो वा तदुभयावस्थाननिषेधसाहित्यं वा स्यादाद्येऽप्रसिद्धप्रतियोगिकत्वं, तदुभयावस्थानसाहित्यस्य क्वचिदप्यप्रमितेः शशविषाणनिषेधादेश्च शशके विषाणनिषेधादिरूपत्वाङ्गीकारेण प्रसिद्धप्रतियोगिकत्वाभ्युपगमात् ।

यदाहैको " वस्तुनः प्रतियोगिते " ति ।

अन्यश्च—

"लब्धरूपं क्वचित्किञ्चित्तादृगेव निषिद्ध्यते" इति ॥ ६१ ॥

द्वितीये तु तदुभयावस्थानसाहित्यस्वीकार एव स्यात्तदुभयनिषेधयोस्तदुभयतयैवाङ्गीकारात् । परस्परप्रतिक्षेपकत्वं विरोध इति चेन्न, तद्धि परस्परप्रतिक्षेपं प्रति कारणत्वं वा तादात्म्यं वा, न प्रथमः, प्रमाणाभावेन तथाविधतत्कार्यानङ्गीकारात् । न द्वितीयः, प्रतिक्षेपशब्दार्थस्योभयानुगतस्यानिर्वचनात् । यत्रैकस्य सत्त्वं तत्रापरस्यासत्त्वं नियमेन यत्स विरोधस्तयोरिति चेन्न, सत्त्वासत्त्वयोरेकापराश्रयत्वे वैयधिकरण्यात् । सम्बन्धस्य तद्व्यतिरिक्तत्वे एकसत्त्वस्यैव चापरासत्त्वात्मकतया स्वीकारेण यत्रैकस्य

खण्डन—यह युक्त नहीं है कारण कि देश-भेद से भाव तदभाव के साथ [एक काल में] अवस्थान होता है ।

समर्थन—एक देश में सहअनवस्थान विरोध है ।

खण्डन—यह भी युक्त नहीं है कारण कि जो आचार्य संयोग तदभाव को अव्याप्यवृत्ति मानते हैं उनके मत में मूलशाखाप्रकार-भेद से संयोग और तदभाव का वृक्षादिरूप एक देश में भी अवस्थान होता है ।

समर्थन—जो संयोगादि को अव्याप्यवृत्ति मानते हैं, उनके मत में एक प्रकार से एक देश में सहअनवस्थान विरोध है और जो संयोगादि को अव्याप्य वृत्ति नहीं मानते है, उनके मतमें एक देश में सहअनवस्थान विरोध है ।

खण्डन—सहअनवस्थान शब्द का उभय के अवस्थान के साहित्य का निषेध अर्थ है ? वा उभय के अवस्थान के निषेध का साहित्य अर्थ है ? प्रथम कल्प में उभयावस्थान साहित्यरूप प्रतियोगी को अप्रसिद्धि से सहअनवस्थान भी अप्रसिद्ध है । शशविषाण का निषेध भी शश में विषाण का निषेधरूप होने से प्रसिद्धप्रतियोगिक ही है । वस्तु प्रसिद्ध-निषेध का प्रतियोगी होता है-यह एक आचार्य का वचन है और अन्य आचार्य का वचन है कि जो कहीं लब्धरूप होता है उसी का अन्यत्र निषेध होता है ॥ ६१ ॥

द्वितीय पक्ष में उभय के अवस्थान के साहित्य का ही स्वीकार होगा, कारण कि भाव का निषेध अभावरूप और अभाव का निषेध भावरूप ही होता है ।

समर्थन—परस्पर प्रतिक्षेपकत्व विरोध है ।

खण्डन—परस्पर प्रतिक्षेपकत्व शब्द का परस्पर प्रतिक्षेप [निषेध] का कारणत्व अर्थ है ? वा परस्पर के प्रतिक्षेप का तादात्म्य अर्थ है ? प्रथम पक्ष अयुक्त है कारण कि घट का कार्य घटाभाव है और घटाभाव का कार्य घट है—इसमें कुछ प्रमाण नहीं है ।

द्वितीय पक्ष भी अयुक्त ही है, कारण कि उभय [भावाभाव] में अनुगत प्रतिक्षेप

सत्त्वं तत्रैकस्य सत्त्वमितिवचनार्थप्रसङ्गेन पौनरुक्त्याद्यापातात् । यत्र घटाभाव इत्यत्र खल्वयमर्थो यन्नाम ? यस्याऽऽधेयतया सम्बन्धी घटाभावस्तत्र घटो नास्तीत्यस्याप्ययमर्थः तस्याधेयतया सम्बन्धी घटाभाव इति, यत्र घट इत्यस्य कोऽर्थः यस्याधेयतया सम्बन्धी घटः तत्र घटाभावो नास्तीति कोऽर्थः तस्याधेयतया सम्बन्धी घटाभावसम्बन्धनिषेधः घटाभावसम्बन्धस्य घटाभावात्मकतया घटाभावनिषेधस्यापि घटात्मकतेति । तस्मात्तस्याधेयतया सम्बन्धी घट इत्येवार्थः, अतो घटतदभावयोर्भेदं मनसिकृत्यापि न विप्रतिपत्तव्यमिति ॥ ६२ ॥

यत्रैकस्यावस्थानं तत्रैकस्यैवेति नियमाभिप्रायेण न पौनरुक्त्यादिरिति चेन्न, नियमस्य यत्किञ्चिदन्यव्यवच्छेदकत्त्वेऽसिद्धत्वापातात् । विरोधिव्यवच्छेदकत्वस्य च विरोधानिर्वचनेऽनिर्वचनात् । अभावपक्षे भावव्यवच्छेदो भावपक्षे चाभावव्यवच्छेदो नियमार्थ इति चेन्न, एकरूपानभिधानेऽनुगतविरोधानिर्वचनात् । किंच भावाभावव्यव-

---

का निर्वचन नहीं हो सकता है, अर्थात् भाव के प्रतिक्षेप का तादात्म्य अभावरूप है और अभाव के प्रतिक्षेप का तादात्म्य भावरूप है, अतः उभयानुगत [एकरूप] प्रतिक्षेप का निर्वचन हो नहीं सकता है ।

समर्थन—जहां एक [भाव वा अभाव] का सत्व हो वहां अपर [अभाव वा भाव] का नियम से जो असत्व है वह भावाभाव का विरोध है ।

खण्डन—सत्व तो एक में रहेगा और असत्व अन्य में, अतः सत्व असत्व के सामानाधिकरण्य के न होने से असम्भव हो जायगा । और यदि सत्वशब्द का अर्थ सम्बन्ध करें, और उसको सम्बन्धी से भिन्न मानें, तो एक का जो सत्व है वहीं अपर का असत्व है उक्त वाक्य का अर्थ यह हुआ, अतः पुनरुक्ति दोष हो जायगा । देखिये "जहां घटाभाव है" इसका अर्थ यह है कि जिसका आधेयरूप से सम्बन्धी घटाभाव है और 'वहां घट नहीं है" इस वाक्य का अर्थ यह है कि उसका आधेयरूप से सम्बन्धी घटाभाव है और "जहां घट है" इसका क्या अर्थ है जिसका आधेयरूप से सम्बन्धी घट है और वहां घटाभाव नहीं है इसका क्या अर्थ है, कि उसका आधेयरूप से सम्बन्धी घटाभाव सम्बन्ध का निषेध है और घटाभाव का सम्बन्ध घटाभावरूप है और घटाभाव का निषेध घटरूप है, अतः उसका आधेयरूप से सम्बन्धी घट है यही अर्थ हुआ फिर घट तदभाव के भेद के हृदय में रहते भी उन दोनों के विरोध के [पुनरुक्तिआदि दोष होने से] लक्षण के न होने से विरोध के असत्व में विप्रतिपत्ति को न कर असत्व ही मान लेना चाहिये ॥६२॥

समर्थन—जहां एक का सत्व हो वहां एक का ही सत्व हो ऐसे नियम के अभिप्राय से पुनरुक्ति नहीं है ।

खण्डन—नियम से यदि यत्किंचित् अन्य धर्म का व्यवच्छेद करें, तो कहीं भी विरोध की सिद्धि नहीं होगी, कारण कि भूतलादि सर्वत्र ही प्रतियोगी वा अभाव से अतिरिक्त भूतलत्वादि धर्म विद्यमान है । और नियम से विरोधी धर्म के व्यवच्छेद को मान नहीं सकते हैं, कारण कि अद्यावधि विरोध का निर्वचन नहीं हुआ है ।

च्छेदयोरभावभावविधानातिरिक्तयोरनभ्युपगमे पुनरपि च यत्र भावस्तत्र भावो यत्राभा-
वस्तत्राभाव इत्युद्देश्यविधेयभावानुपपत्तिरभेदादिति पौनरुक्त्याधिकफलाभाव एव ॥६३॥

स्यादेतत् भावाभावयोः स्वरूपमेव विरोधः, नचैवं सत्यविरुद्धतापत्तिः यथा सत्ता
भावरूपैव सती स्वात्मनि सदिति भवितृव्यवहारं करोति तथा भावाभावौ विरोधात्मा-
नावेव स्वात्मनि विरुद्धरूपं भवितृव्यवहार कुर्वाते, कस्यैतौ विरोध इति चानुयोगे
स्वाश्रयस्येत्युत्तरं, किं तत्र विरोधफलमिति प्रश्ने भेदव्यवस्थानमित्यभिधेयम् । यदाह—
"अयमेव हि भेदो भेदहेतुर्वा यद्विरुद्धधर्माध्यासः कारणभेदश्चेति" ॥६४॥

तदेतदनुपपन्नम् । एतयोर्विरोधत्त्वं प्रत्येकं वा स्यान्मिलितयोर्वा । नाद्यः,प्रत्येकमे-
वाश्रयैकत्वभङ्गप्रसङ्गात् । नैकत्वाभावो भेदोऽभिमतः किन्त्वन्योन्याश्रयापेक्षभेदरूपधर्म-
वत्त्वमिति चेन्न, तस्याभावात् । कालभेदेनैकस्यभावाभावाश्रयत्वाभ्युपगमात्तद्भेद

समर्थन—जहां एक शब्द से भाव का अभिधान हो वहां अभाव व्यवच्छेद्य है और
जहां एक शब्द से अभाव का अभिधान हो वहां भाव व्यवच्छेद्य है, अतः विरोध के अनिर्व-
चन से आत्माश्रय नहीं है।

खण्डन—भाव अभाव उभय-स्थल साधारण एक लक्षण के न होने से अनुगम
नहीं होगा।

किञ्च जहां एक भाव का सत्व हो वहां एक भाव का ही सत्व हो अभाव का सत्व
न हो यहां व्यवच्छेद्य अभाव का सत्व न हो इसके भाव का सत्व हो इस अर्थ में पर्य्यवसान
होने से उद्देश्यविधेयभाव की अनुपपत्ति तथा पुनरुक्ति दोष वैसा ही है ॥६३॥

समर्थन—भाव अभाव का स्वरूप ही विरोध है। यदि कहें, कि भाव अभाव का स्वरूप
विरोध हैं, तो भाव अभाव में विरोध तो है नहीं, फिर उनमें अविरुद्धत्व व्यवहार क्यों नहीं
हो, तो जैसे सत्ता, स्व में अन्य सत्ता के न होने पर भी सत् ऐसा व्यवहार कराती है वैसे ही
भाव अभाव दोनों स्व में [अन्य विरोध के न होने पर भी] विरोध व्यवहार कराते हैं।
यह विरोध किसका है ? इस प्रश्न में अपने आश्रय का है—यह उत्तर है और विरोध का फल
क्या है ? इस प्रश्न में भेद की व्यवस्था—यह उत्तर है। आचार्य्य ने यह बात कही भी है कि
जो विरुद्ध धर्म का अवस्थान है, वा कारण का भेद है, वही भेद वा भेद का हेतु है ॥६४॥

खण्डन—यह मत युक्त नहीं, कारण कि भाव और अभाव प्रत्येक विरोध हैं, वा
मिलित ? इनमें प्रथम पक्ष अयुक्त है, कारण कि प्रत्येक के आश्रय में एकत्व का भंग हो जायगा।

समर्थन—एकत्व का अभाव भेदरूप नहीं है, किन्तु अन्योन्य [भाव और अभाव का
आश्रय] है प्रतियोगी जिसका ऐसा भेदरूप जो धर्म तद्वत्व ही है, अतः प्रत्येक के आश्रय
का भेद नहीं है।

खण्डन—काल के भेद से एक ही घट में रक्तरूप और उसका अभाव रहता है और
आश्रयभेद नहीं है, अतः अन्योन्य का जो आश्रय तत्प्रतियोगिक भेद विरोध का फल
नहीं है।

समर्थन—एक काल में अन्योन्य [भाव अभाव] का जो आश्रय तत्प्रतियोगिक भेद
विरोध का फल है, अतः घट रक्त स्थल में कालभेद से भाव अभाव दोनों के होने पर भी
आश्रय का भेद नहीं होता है।

इति चेन्न, तदभेदस्य स्वाभाविकस्य विवक्षितत्वे विशेषणवैयर्थ्यात् । एकोपाध्यवच्छिन्नस्य विवक्षितत्वे कालभेदाभिमतेऽपि सम्भवात् । भिन्नोपाध्यनवच्छिन्नत्वस्य विवक्षितत्वेऽसम्भवात । असहावस्थितभिन्नोपाध्यनवच्छिन्नत्वस्य विवक्षितत्वे सहत्वस्यैककालरूपत्वेन तत्रापि कालाभेदविकल्पानुवृत्त्यापत्तेः ॥ ६५ ॥

मिलितत्वं चानयोरेकदेशत्वं वाऽभिमतमेककालत्वं वा, एकप्रकारेण वृत्तिर्वा, वृत्तिप्रकारान्यैकोपाध्यवच्छेदो वा । नाद्यः, भावात्यन्ताभावयोस्तदभावात् न द्वितीयः, भावस्य प्रध्वंसप्रागभावाभ्यां तदनुपपत्तेः । न तृतीयः, संयोगाद्यव्याप्यवृत्तितावादिपक्षे गगनादौ संयोगभावाभावयोस्तदभावात् । अव्याप्यवृत्तिधर्मानभ्युपगन्तृपक्षे भावाभावयोर्वृत्तौ प्रकारान्तराभावे प्रमाणाभावात् ॥ ६६ ॥

खण्डन—काल का अभेद (एकत्व) स्वाभाविक है अथवा औपाधिक ? यदि स्वाभाविक है, तो विशेषण व्यर्थ है, कारण कि स्वाभाविक काल का भेद तो है नहीं, फिर किसकी व्यावृत्ति के लिये लक्षण में अभेद का निवेश है। और यदि औपाधिक काल का अभेद है, तो यह अर्थ हुआ कि एक उपाधि से अवच्छिन्न काल में रक्त और उसका अभाव नहीं रहता है, अतः आश्रय-भेद नहीं है, तो यह भी युक्त नहीं है, कारण कि एक ही दिनरूप उपाधि से अवच्छिन्न काल में मुहूर्त प्रहरआदि उपाधि के भेद से घट में रक्त उसके अभाव के होने से घटरूप आश्रय का भेद हो जायगा।

समर्थन—भिन्न उपाधि से अनवच्छिन्न काल में विद्यमान भाव तदभाव का अन्योन्यआश्रयप्रतियोगिक भेद विरोध का फल है उक्तस्थल में मुहूर्त और प्रहर उपाधि-भेद होने से दोष नहीं है।

खण्डन—सूर्य चन्द्र परिस्पंद, कालयंत्र [घड़ी] परिस्पन्दआदि से एक ही काल के अवच्छिन्न होने से भिन्न उपाधि से अनवच्छिन्नत्व की अप्रसिद्धि से असम्भव हो जायगा।

समर्थन—असहअवस्थित जो भिन्न उपाधि उससे अनवच्छिन्न काल में भाव तदभाव के अन्योन्यआश्रयप्रतियोगिक-भेद विरोध का फल है चन्द्रसूर्य-परिस्पन्दआदि सहअवस्थित हैं, अतः असम्भव नहीं है।

खण्डन—इस लक्षण में सहशब्द का अर्थ एक काल ही है। उसमें भी काल का एकत्व स्वाभाविक है, वा औपाधिक ? ऐसा विकल्प करने से पूर्वोक्त दोष हो जायेंगे ॥ ६५ ॥

भाव अभाव दोनों मिलित विरोध हैं—यह कल्प भी युक्त नहीं है, कारण कि भाव अभाव का मिलितत्व एक देश में वृत्तित्व है ? वा एक काल में वृत्तित्व है ? वा एक प्रकार से वृत्तित्व है ? वा इनसे भिन्न उपाधि से अवच्छिन्नत्व है ? इन में प्रथम कल्प में भाव और अत्यन्ताभाव को मिलितत्व नहीं होगा। द्वितीय कल्प में भाव और तत्प्रागभाव तत्प्रध्वंस को मिलितत्व नहीं होगा। तृतीय कल्प में भी संयोगादि को जो अव्याप्यवृत्ति मानते हैं उनके मत में भी आकाशआदि में अवच्छेद [देश] भेद से ही संयोग तदभाव रहते हैं, अतः भाव और तदभाव का मिलितत्व अप्रसिद्ध है और जो संयोगादि को व्याप्यवृत्ति मानते हैं, उनके मत में भाव तदभाव के वृत्तित्व में प्रकारान्तर [अवच्छेदक भेद] के सद्भाव में प्रमाण के न होने से प्रकार में एक विशेषण व्यर्थ है ॥ ६६ ॥

नाऽपि चतुर्थः, स हि यदि निर्देष्टुं शक्यते तदाऽपि भावप्रागभावयोर्भावप्रध्वंसयो र्वैकदाऽनभ्युपगमेन तद्विशेषितयोरप्येकदाऽवश्यमनभ्युपगन्तव्यतया कदा विरोधस्य तदाश्रयतेति वक्तुमशक्यत्वात्। किञ्च भावप्रागभावयोर्भावप्रध्वंसयोर्वा यदि तथाभावोऽभ्युपगम्यते तदाश्रयभेदप्रसङ्गः, अभावान्तरेऽपि सावकाशत्वात् न परस्परप्रतिक्षेपात्मकत्वं, परस्परप्रतिक्षेपात्मकत्त्वं हि भावात्यन्ताभावयोरेव। अथ नाऽभ्युपगम्यते तदा भावप्रागभावयोर्भावप्रध्वंसयोश्चाविरोधापत्तिः। तदसत्त्वमात्रयोर्विरोधो न तु तत्तदसत्त्वविशेषयोरिति चेन्न, विशेषस्य तथाऽप्यविरोधात्कदाऽपि सहावस्थितियोग्यतापत्तेः। नियमेन तथात्वे च विरोधव्याघातात्। मात्रशब्देन च यदि विशेषशून्यत्वमसत्त्वस्योच्यते तदा तदनभ्युपगम एव प्रमाणाभावात् नहि निर्विशेषासत्वमात्रसद्भावे प्रमाणमभिधातु शक्यते। अथ मात्रशब्दोपादानं सत्यपि विशेषेऽसत्वस्य साधारणरूपपुरस्कारेण विरोधव्यवस्थितिप्रदर्शनार्थं तदा भावप्रध्वंसयोस्तादृगेव दोषापत्तिः। प्रध्वं-

~~~~~~~~~~~~~~~

चतुर्थ कल्प का तो कथन हीं नहीं हो सकता है। यदि किसी प्रकार से कथन हो भी तो युक्त नहीं है, कारण कि भाव, तद्प्रागभाव तथा भाव, तत्प्रध्वंसाभाव एक काल में नहीं रहते हैं, फिर प्रकार से भिन्न उपाधि से युक्त भाव तत्प्रागभाव एक काल में कैसे रहेंगे? और यदि एक काल में रहते नहीं हैं, तो विरोध के आश्रय वा स्वरूप वे कैसे और कब होंगे? किञ्च यदि भाव, तत्प्रागभाव और भाव, तत्प्रध्वंस के विरोध को मानें, तो एकरूप और तत्प्रागभाव के अधिकरण घट का भेद हो जायगा। किञ्च घट तत्प्रागभाव और घट तत्प्रध्वंसाभाव परस्पर निषेधरूप भी नहीं हैं, कारण कि घट ध्वंसाभाव का निषेधरूप भी है तथा घटप्रागभाव घटध्वंस का निषेधरूप भी है।

समर्थन—भाव और तदत्यन्ताभाव ही परस्पर निषेधरूप हैं।

खण्डन—यदि भाव और तद्ध्वंसाभाव को तथा भाव और प्रागभाव के परस्पर विरोध को न मानें, तो इन दोनों की—अविरोध होने से एक काल में तथा एक अधिकरण में—प्रतीति हो जायगी।

समर्थन—केवल भाव और सामान्य से अभाव का विरोध है, भाव और विशेषरूप से अभाव का विरोध नहीं है।

खण्डन—ऐसा मानने पर विशेष प्रागभावादि के साथ अविरोध होने से कदाचित् सहअवस्थिति हो जायगी यदि कहें, घट तत्प्रागभाव तथा तत्प्रध्वंस का स्वभाव है कि ये नियम से साथ नहीं रहते हैं, तो इनमें विरोध नहीं है, इस कथन से व्याघात हो जायगा।

किञ्च, यदि मात्र शब्दार्थ के बल से सामान्य में विशेषशून्यत्व का प्रतिपादन करें, तो प्रमाण के अभाव से सामान्य असत्व का अभाव हो जायगा, कारण कि निर्विशेष सामान्य असत्व में प्रमाण का अभिधान नहीं कर सकते हैं। और यदि मात्रशब्द का उपादान, विशेष के होने पर भी असत्व के सामान्यधर्म के पुरस्कार से विरोध के प्रदर्शन के अर्थ है, तो भाव और प्रध्वंस के भी सामान्यरूप से विरोध होने से अधिकरण का भेद हो जायगा, कारण
~~~~~~~~~~~~~~~

सादौ विशेषे सामान्यरूपस्यावश्याभ्युपगम्यत्वात्तदादायैव विशेषे विरोधपर्यवसानात् ॥ ६७ ॥

भावाभावयोर्विरोधानभ्युपगमे तवाऽप्यनिष्टापत्तिरिति चेत् केयमापत्तिः । तर्कभेद इति चेत्, अथ कस्तर्कः ? अभ्युपगतव्याप्यं प्रति व्यापकप्रसञ्जनं सः तत्प्रसंजनं च स्वीकारार्हताबोधनमिति चेन्न, अव्याप्तेः । अस्ति ह्यप्रसङ्गोऽपि सम्भावना नाम तर्कः । तद्यथा—यदि जलं सहकारिभिः सम्पत्स्यते तदा मे तृषं शमयिष्यतीति, इष्टापादनेऽपि गतत्वाच्च । अनभ्युपगतव्यापकमित्यपीति चेन्न, तथाभूतमपि प्रत्यव्याप्याद्व्यापकप्रसञ्जने गतत्वात् । व्याप्येनेत्यपिकार्यमिति चेन्न, विकल्पासहत्वात् । किं परमार्थतो व्याप्यव्यापकभावव्यवस्थितयोः, स्वरूपेणेष्टानिष्टत्वमुत व्याप्यव्यापकयोर्भावेन तत् ।

कि प्रध्वंसआदि विशेष में सामान्यरूप के अवश्य होने से उस सामान्यरूप का ग्रहण कर ही विशेष [प्रध्वंसादि] में विरोध का पर्य्यवसान हो जायगा ॥ ६७ ॥

इति भावअभाव का विरोधनिर्वचनखण्डन ।

अथ तर्कलक्षणखण्डन

भाव और अभाव के विरोध को न मानने पर आपके प्रति भी अनिष्ट की आपत्ति हो जायगी । अद्वैत से द्वैत का प्रतिक्षेप नहीं होगा, क्योंकि इनमें विरोध न रहा ।

प्रश्न—आपत्ति क्या वस्तु है ? यदि तर्कभेद है, तो तर्क ही क्या वस्तु है ?

निर्वचन—जो व्याप्य का स्वीकार करते हों उनके प्रति व्यापक का प्रसञ्जन तर्क है, और व्यापक की स्वीकारार्हता का बोध ही व्यापक का प्रसञ्जन है ।

खण्डन—इस लक्षण की "यदि जल सहकारी से सम्पन्न (पीत) होगा, तो मेरी पिपासा की निवृत्ति करेगा, इस प्रसङ्गरूप सम्भावना तर्क में अव्याप्ति हो जायगी । यदि कहें, कि प्रसङ्गरूप तर्क का ही यह लक्षण है सम्भावना तर्क का लक्षण नहीं है, अतः सम्भावना के लक्ष्य न होने से उसमें अव्याप्ति नहीं है, तो जहां व्यापक वह्नि इष्ट (प्रथम से सिद्ध) है वहां "यदि धूम है, तो वह्नि अवश्य है" इत्यादि इष्टापादनरूप तर्काभासस्थल में अतिव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—जो व्याप्य का स्वीकार करता और व्यापक का स्वीकार न करता हो ऐसे पुरुष के प्रति व्यापक का प्रसञ्जन तर्क है ।

खण्डन—उस पुरुष के प्रति भी "यदि इन्धन है, तो वह्नि अवश्य है" इस स्थल में (जहां अव्याप्य से व्यापक का प्रसञ्जन है) अतिव्याप्ति हो जायगी ।

समर्थन—उक्त लक्षण में व्याप्य से व्यापक का प्रसञ्जन तर्क है, ऐसा निवेश करने से उक्त स्थल में अतिव्याप्ति नहीं ।

खण्डन—यह लक्षण भी विकल्प के असमर्थ होने से अयुक्त है । देखिये—क्या वस्तुभूत व्याप्यव्यापकभाव जिनमें हो उनका स्वरूप से अभ्युपगम अनभ्युपगम लक्षण का घटक है ? अथवा व्याप्यत्वरूप से व्यापकत्वरूपसे अभ्युपगम अनभ्युगम लक्षण में प्रविष्ट है ? इनमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं है, कारण कि जहां धूम और वह्नि का वस्तुतः विद्यमान भी व्याप्य-

नाद्यः, तथात्वाज्ञानेन वैपरीत्येनेष्टेनापि प्रसञ्जने प्रसङ्गात्। अन्यथा परैस्तथात्वेनानङ्गीकृतेन स्वयमपि परान्प्रति तथात्वेन व्युत्पादयितुमशक्तेन परमार्थतस्तथाभूतेन प्रसञ्जने जयप्रसङ्गात् ॥ ६८ ॥

न द्वितीयः, स्वयमपि तथेष्टानिष्टतायां सत्यां कृते तादृशि प्रसङ्गे "यत्रोभयो" रित्यादिना दोषेण सत्प्रसङ्गतयाऽनिष्टेऽपि गततयाऽतिव्यापकत्वात्। स्वयं व्याप्यतयाऽनिष्टेनेत्यपि विशेषणीयमितिचेन्न, स्वयमपि व्याप्यतयेष्टेन स्वमात्रेष्टव्यापके विषये

व्यापकभाव ज्ञात नहीं है वहां भी धूम से वह्नि का प्रसञ्जन तर्क हो जायगा। और अन्यतर के प्रति व्याप्ति की असिद्धि से शिथिल मूल होने से वह तर्काऽऽभास है। तर्क नहीं है, अतः उक्त स्थल में अतिव्याप्ति हो जायगी। किञ्च जहां धूम में ही व्यापकत्व का तथा वह्नि में व्याप्यत्व का भ्रम है वहां भी वस्तुतः धूम के व्याप्य होने से धूम के अभ्युगम से वह्नि का प्रसञ्जन तर्क हो जायगा। किञ्च यदि वस्तुभूत ही व्याप्यत्व व्यापकत्व को प्रसङ्ग का मूल मानें, तो वादी जहां व्याप्यव्यापकभाव को नहीं मानता है और वादी के सामने स्वयं भी व्याप्यव्यापकभाव का प्रतिपादन नहीं कर सकता है वस्तुतः व्याप्यव्यापकभाव है। वहां भी व्याप्य से व्यापक के प्रसङ्ग से प्रतिवादी का विजय हो जायगा। किन्तु होता है वहां पराजय ॥६८॥

द्वितीय कल्प भी युक्त नहीं है कारण कि (यहां वादी के तुल्य आप भी) व्याप्य का अभ्युपगम और व्यापक का अनभ्युपगम करता हो वहां "यदि सत्ता सद्व्यवहार विषय हो तो सत्तावती हो जायगी। इस प्रसङ्ग में अतिव्याप्ति हो जायगी। और स्वमत में भी सत्ता में सत्ता के अनिष्ट होने से यह तर्काभास है तर्क है नहीं, कारण कि "यत्रोभयोः समो दोषः" इस न्याय के अनुसार जो दोष दोनों मत में है उसका एक मत में आपादन कर नहीं सकते।

समर्थन—जिस पुरुष ने व्याप्य का स्वीकार किया हो और वही व्यापक का अस्वीकार करता हो उसके प्रति स्व से अस्वीकृत व्याप्य से व्यापक का प्रसञ्जन तर्क और यदि सत्ता सद्व्यवहार विषय हो, तो सत्तावती हो जायगी। इस स्थल में सत्ता में सद्व्यवहार विषयत्वरूप व्याप्य स्व से इष्ट ही है, अनिष्ट नहीं है, अतः अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—स्व से व्याप्यत्वरूप से इष्ट प्रमेयत्व से स्वमात्र से [ईश्वरादि प्रत्यक्ष विषय होने से] इष्ट प्रत्यक्षरूप व्यापक का जहां अदृष्ट में मीमांसक के प्रति नैयायिक "यदि अदृष्ट प्रमेय हो तो प्रत्यक्ष हो जायगा" ऐसा प्रसञ्जन करता हो वहां अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि उक्त स्थल में व्याप्य स्व से अनिष्ट नहीं है, अतः उक्त लक्षण का समन्वय नहीं होता है।

समर्थन—स्व से अनिष्ट व्यापक का स्व से इष्ट व्याप्य से जो प्रसञ्जन उससे भिन्न [अनभ्युपगत है व्यापक जिस पुरुष से उसके प्रति पर से अभ्युपगत व्याप्य से व्यापक का] प्रसञ्जन तर्क है। और "यदि सत्ता सद्व्यवहार विषय हो, तो सत्तावती हो जायगी" इस असत् प्रसङ्ग में स्व से भी अनिष्ट व्यापक के स्व से इष्ट व्याप्य से प्रसङ्ग होने से भिन्न पर्य्यन्त निवेश से अतिव्याप्ति नहीं होगी। "स्व से अस्वीकृत व्याप्य से" इस अंश के त्याग से "यदि अदृष्ट प्रमेय हो, तो प्रत्यक्ष हो जायगा" इस सत्प्रसङ्ग में अव्याप्ति नहीं होगी।

प्रसङ्गस्याऽव्यापनात्। अथ स्वयमनिष्टव्यापके स्वयं व्याप्यतयेष्टेन यत्र भवति तत्रानभ्युपगतव्यापकं परं प्रति पराभ्युपगतेन व्याप्येन व्यापकप्रसञ्जनं तर्कः, एवं सति हि स्वानिष्टव्यापके स्वयमिष्टव्याप्येन यत्र प्रसङ्गस्तत्रगमनादतिव्याप्तिर्या या च स्वमात्रेष्टव्यापके स्वयमपि व्याप्यतयेष्टेन प्रसङ्गस्याव्याप्तिस्ते निरस्ते भवत इति चेन्न, यद्यत्र सत्तयाऽपि घटोऽभविष्यत्तदाऽद्रक्ष्यदित्याद्यव्यापना तत्र स्वयमनिष्टदर्शनरूपव्यापके स्वयं व्याप्यतयेष्टेनैवहि दर्शनयोग्येन घटसत्वेनाऽप्रसङ्गः। अथ तत्र सत्तयाऽपि स्वयमिष्टेनेति निषेध्यकोटौ प्रविश्य निषेधोऽभिधीयते, एवं यत्र भवतीति। तदपि न। एवम्भूते एव विपर्ययापर्यवसायिनि गततयाऽतिव्यापकत्वात्। विपर्ययपर्यवसायिनेत्यपि प्रक्षेप्यमिति चेन्न, केवलपरपक्षदूषणाय परमात्राभ्युपगम्यमानव्याप्यत्वेनैवं क्षमस्य परं प्रति व्यापकप्रसञ्जनस्याव्यापनात्। तत्र स्वयं व्याप्त्यनभ्युपगमेन विपर्ययपर्यवसायित्वाऽसम्भवात्॥ ६८॥

स प्रसङ्ग एव न भवति विरोधमात्रं तदिति चेन्न, अनिष्टं व्याप्याभ्युपगमबलेन परं प्रत्यापाद्यत इत्येवम्भूतस्यार्थस्योभयत्राऽपि तुल्यत्वात्। तुल्यत्वेपि लक्षणकरणासामर्थ्याद्यदि विपर्ययपर्यवसायिन्येव प्रसङ्गत्वं त्वया परिभाष्येत तर्हि मया

कारण कि स्व (नैयायिक) से अदृष्ट में या व्यापक (प्रत्यक्ष) के इष्ट होने से भिन्नान्त लक्षण भी समन्वित हो जायगा।

खण्डन—"यदि यहां घट विद्यमान होता तो दीखता" इस प्रसङ्ग में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि यहां स्व से इष्ट वह सत्त्वरूप व्याप्य से ही स्व से अनिष्ट दर्शनरूप व्यापक का प्रसञ्जन होने से भिन्नान्त लक्षणभाग समन्वित नहीं होता है।

समर्थन—स्व से अनिष्ट व्यापक का स्व से सत्त्वरूप से तथा व्याप्यत्वरूप से जो इष्ट उससे जो प्रसञ्जन उससे भिन्न का लक्षण में निवेश होने से उक्त स्थल में अव्याप्ति नहीं होगी, कारण कि उक्त स्थल में स्व से सत्त्वरूप से घट के इष्ट न होने से भिन्नान्त का समन्वय नहीं होता है।

खण्डन—ऐसा निवेश होने पर "यदि ब्रह्म वेदैकगम्य हो, ता अग्निहोत्र के तुल्य अस्वप्रकाश हो जायगा" इस [विपर्य्यय में अपर्य्यवसान से] असत्प्रसङ्ग में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—उक्त लक्षण के विशेष्य दल में विपर्य्ययपर्य्यवसायी ऐसा विशेषण देने से अतिव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—उक्त विशेषण देने पर केवल परपक्ष के दूषण के अर्थ पर से अभ्युपगतव्याप्य से परपक्ष के दूषण में क्षम [व्यापक का पर के प्रति] प्रसञ्जन में अव्याप्ति हो जायगी। अर्थात् यदि ब्रह्म को जगत् का उपादान मानें, तो मट्टी के तुल्य विकारी हो जायगा, इस सत्प्रसङ्ग में अव्याप्ति हो जायगी, कारण कि नैयायिक के मत में निर्विकार आकाश के उपादान होनेसे यहां विपर्य्यय में पर्य्यवसान नहीं है॥ ६८॥

समर्थन—यदि ब्रह्म को उपादान मानें, तो विकारी हो जायगा, ऐसा प्रसञ्जन उक्त स्थल में (विपर्य्यय में अपर्य्यवसान होने से) नहीं करते किन्तु उपादानत्वरूप व्याप्य ब्रह्म में

परबाधमात्र एव प्रसङ्गताया विपर्ययपर्यवसायिनि तु तत्र विरोधतायाः परिभाषितुं शक्यत्वादन्यथा विरोधत्वमेवोभयोरपि स्यात्। प्रत्यवस्थानवैचित्री चेत्तत्र विरोधाद्विशेषः साऽत्रापि तुल्यैव। अतएव सम्भावनाऽपि तर्कादन्यैवेति निरस्तम्। आरोपादपि व्याप्यतानिमित्तव्यापकाभ्युपगमाविशेषात्। अतएव परप्रमितेनेति विशिष्य परानिष्टापादनमात्ररूपविपर्ययापर्यवसायितर्कता निरस्येति निरस्तम्। परमार्थतो व्याप्त्यभावेऽपि पराभ्युपगममादाय प्रसङ्गप्रवृत्तेरुपपत्तेः। कथं हि परेण व्याप्यतयाऽनुमताच्चं प्रति व्यापकानुमत्या नापतितव्यं, नहि प्रसङ्गो वास्तवत्वं व्याप्तेरवलम्बते। किं नाम? अभ्युपगममात्रम्। अनभ्युपगतौ वस्तुगत्या स्थितेनाऽपि तेनापादनाप्रवृत्तेः। अत एव परस्य प्रमाणेन व्याप्यानुमतिमुत्पाद्याप्यापादनं क्रियते ॥ ७० ॥

है, तो व्यापक (विकारित्व) न होने में विरोध होगा, इस रीति से केवल विरोध का उद्भावन ही करते हैं।

खण्डन—व्याप्य के अभ्युपगम से पर के प्रति अनिष्ट (व्यापक) का प्रतिपादनरूप अर्थ दोनों स्थलों में तुल्य है। दोनों स्थलों में तुल्य प्रसङ्ग होने पर भी लक्षणकरण में असामर्थ्य से यदि विपर्य्यय में, पर्य्यवसान स्थल में ही प्रसङ्गत्व का व्यवस्थापन आप करें, तो हम भी केवल जहां परपक्ष का बाध है वहां प्रसङ्गत्व का और जहां विपर्य्य में पर्य्यवसान है वहां विरोध की परिभाषा (संकेत) कर सकते हैं। अन्यथा (यदि हमारी परिभाषा को न मानें) तो दोनों स्थल में विरोध को ही मानिये। यदि कहें, कि विपर्य्यय में पर्य्यवसानरूप [विरोध से] विशेष वहां है, तो पराभ्युपगत व्याप्य से अनिष्ट व्यापक के प्रसञ्जन के दोनों स्थलों में तुल्य होने से उक्त वैचित्र्य अकिञ्चित्कर है ऐसा हम भी कह सकते हैं। यदि "जलसहकारी से सम्पन्न हो तो तृषा को शान्ति करे" यह सम्भावना प्रसङ्ग रूप न होने से तर्क नहीं है, यह कथन भी युक्त नहीं है, कारण कि सम्भावना के आरोपरूप होने पर भी व्याप्य के अभ्युपगम से व्यापक के अभ्युपगम में दोनों स्थलों में कोई विशेष नहीं है। "पराभ्युपगत व्याप्य से" इसके स्थान में "परप्रमित व्याप्य" ऐसा निवेश कर पर के प्रति अनिष्ट का जहां आपादन है, विपर्य्यय में पर्य्यवसान नहीं है, वहां तर्कलक्षण की अतिव्याप्ति का निरास करना चाहिये—यह कथन भी अयुक्त है, कारण कि जहां विपर्य्यय में अपर्य्यवसान है वहां परमार्थ से व्याप्ति न होने पर भी पर के अभ्युपगममात्र से यदि अनिष्ट का प्रसङ्ग है तब उसको अलक्ष्य जानना अयुक्त है। जब उक्तस्थल में परव्याप्य का अभ्युपगम करता है तब पर के प्रति व्यापक का आपादन क्यों न हो, कारण कि प्रसङ्ग, व्याप्ति के वास्तवत्व की अपेक्षा नहीं करता है किन्तु व्याप्ति के अभ्युपगम मात्र की अपेक्षा करता है, कारण कि यदि व्याप्ति का अभ्युपगम न हो, तो वस्तुतः स्थित व्याप्ति से भी प्रसङ्ग नहीं होता है। इसी से जहां वादी विशिष्ट व्याप्ति को नहीं मानता है वहां पर के प्रति व्याप्य की अनुमिति कर व्यापक का आपादन किया जाता है।

समर्थन—वस्तुतः व्याप्ति और व्याप्ति का अभ्युपगम दोनों प्रसङ्ग के कारण हैं, अतः जहां वस्तुतः व्याप्ति नहीं है वहां विरोधमात्र है, प्रसङ्ग नहीं है ॥७०॥

वस्तुगतया व्याप्यत्वं तथात्वेनाभ्युपगतत्वं च द्वयमपि प्रसङ्गस्याङ्गमिति चेन्न, तथात्वेनाभ्युपगमस्यावश्यं प्रसङ्गाङ्गतया मन्तव्यस्य परानपेक्षस्यैव समर्थत्वे वास्तवव्याप्तत्वस्यापि प्रवेशने प्रमाणाभावात्। तस्माद्यः प्रसङ्गः स्वपक्षसिद्ध्यङ्गं तस्य विपर्ययापर्यवसायिता दोषायैव स्यात्। प्रसङ्गस्य तस्य विपर्ययपर्यवसानदार्ढ्यार्थं दण्डतयोपन्यासात्। सौगतानां सत्त्वक्षणिकत्वव्याप्तिसाधकविपर्ययान्यथाभावदण्डप्रसङ्गवत् तामन्तरेण तस्य स्वपक्षसाधनाक्षमत्वात्तस्य च व्याप्तिवास्तवत्वमपि मन्तव्यमन्यथा विपर्ययेऽपि व्याप्त्यभावेन स्वपक्षसाधनाक्षमत्वादेव। यस्तु प्रसङ्गः परपक्षबाधनाङ्गं तत्र पराभ्युपगममात्रं प्रयोजकं तावतैव परपक्षप्रतिक्षेपसत्वेन वास्तवव्याप्तिविपर्ययपर्यवसानपर्यन्तानुसारित्वादिति युक्तं पश्यामः, तथा च सति कथितलक्षणासङ्गतिस्तदवस्थैव ॥७१॥

अथ व्याप्याभ्युपगमेनानिष्टस्य व्यापकस्य प्रतीतिस्तर्क इति चेन्न, इष्टार्थसम्भावनायामव्याप्तेः। तेन व्यापकस्य प्रतीतिः स इति चेन्न, इष्टापादनेऽपि गतत्वात्।

खण्डन—व्याप्यत्वरूप से व्याप्य के अभ्युपगम को अवश्य प्रसङ्ग का कारण मानेंगे, फिर जब पर की अनपेक्षा से वह प्रसङ्ग में समर्थ है तब वास्तव व्याप्ति को प्रसङ्ग के कारण मानने में कुछ प्रमाण नहीं है। तस्मात् जो प्रसङ्ग स्व पक्ष की सिद्धि का अङ्ग है उस प्रसङ्ग के विपर्य्यय में अपर्य्यवसान दोष ही है; कारण कि उस प्रसङ्ग का [विपर्य्यय में पर्यवसानरूप स्वपक्ष की दृढ़ता के अर्थ विपक्ष के बाधनार्थ दण्डरूप से] उपन्यास है। बौद्धों के मत में सत्व में क्षणिकत्व की व्याप्ति के साधन के अर्थ सत्व रहे क्षणिकत्व न रहे" इस व्यभिचार की शङ्का के बाधन के लिये यदि क्षणिकत्व न हो, तो सत्व भी नहीं रहेगा" इस प्रसङ्ग के तुल्य। कारण कि यावत् विपर्यय में पर्यवसान न हो तावत् वह प्रसङ्ग स्व पक्ष के साधन में समर्थ नहीं हो सकता है। और वहां वास्तव व्याप्ति को भी मानना चाहिये। अन्यथा विपर्य्यय में भी न होने से स्वपक्ष का साधन भी नहीं होगा। और जो प्रसङ्ग परपक्ष के बाधन के कारण हैं उन प्रसङ्गों का पर का [व्यापत्व रूप से व्याप्य का] अभ्युगममात्र कारण है। कारण कि पर के अभ्युपगम मात्र से ही परपक्ष के खण्डन होने से वास्तविक व्याप्ति और विपर्य्ययपर्य्यवसान के अनुसरण में कुछ फल न होने से व्याप्तिआदि के अननुसरण ही को युक्त देखते हैं। और ऐसा मानने पर तर्कलक्षण में विपर्य्ययपर्य्यवसायी यह विशेषण यदि दें, तो "यदि ब्रह्म उपादान हो तो विकारी हो जायगा" इस स्थल में [जहां विपर्य्यय में पर्य्यवसान नहीं है वहां] अव्याप्ति हो जायगी ॥७१॥

समर्थन—व्याप्य के अभ्युपगम से अनिष्ट व्यापक को प्रतीति तर्क है।

खण्डन—"यदि जल सहकारी से सम्पन्न हो, तो तृषा की शान्ति करे" यहां अव्याप्ति हो जायगी। यदि "अनिष्ट" इस विशेषण का उपादान न करें, तब भी जहां इष्ट वह्नि का धूम से आपादन है वहां अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—व्याप्य के अभ्युपगम से अप्रमित व्यापक की प्रतीति तर्क है।

खण्डन—धूम से वह्नि की प्रथम अनुमिति में अतिव्याप्ति हो जायगी, कारण कि वह्नि अनुमिति से पूर्व अप्रमित ही है।

समर्थन—अनुमान स्थल में धूम की प्रमा से वह्नि की अनुमिति होती है अभ्युपगम्य से नहीं होती है और लक्षण में अभ्युपगम का निवेश है, अतः अतिव्याप्ति नहीं होगी।

अप्रमितस्य तथेति चेन्न, प्रथमानुमानेऽपि गतत्वात्। अनुमाने व्याप्यस्य प्रमया तथात्वानभ्युपगमेनेति चेन्न, वस्तुगत्या व्याप्यस्य प्रमयाऽपि प्रतिवाद्यसिद्धस्य व्यापकानुमानासम्भवेन तत्राप्यभ्युपगमपर्यन्तं गन्तव्यत्वादेव। नन्वेमन्यतरासिद्धिं व्याप्यं प्रसाध्यानुमानव्यवस्थापनमुच्छिन्नं तदप्रसाधनेऽन्यतरासिद्ध्या तत्साधने परस्याभ्युपगन्तुरपसिद्धान्तादपसिद्धान्तमनुद्भाव्य वादिना प्रसाधितात् व्याप्यात् व्यापकसाधने पर्यनुयोज्योपेक्षणादिति किं तत्र तथा न स्यात्किमत्राप्रस्तुतया तच्चिन्तया। अन्यतरासिद्धस्य तावद्व्याप्यस्याभ्युपगमं परेणाकारयित्वैव न व्यापकसाधनमुपेयं तस्याऽप्रमा स इति चेन्न, मिथो विरुद्धादौ तर्काभासेऽपि गतत्वात्। आश्रयासिद्ध्यादिव्यतिरेके सतीति चेन्न, सन्दिग्धधूमदर्शनात्। यद्यत्र धूमस्तदाऽग्निमानिति सम्भावनायाः परमार्थतस्तथार्थावस्थानात्। प्रमात्वं त्यक्तुमपारयन्त्या अव्यापनात्। तत्कालं प्रमात्वेनाप्रमीयमाण

खण्डन—वस्तुतः जहां व्याप्ति की प्रमा तो है परन्तु प्रतिवादी व्याप्य का अभ्युपगम नहीं करता हो वहां अनुमान नहीं होता है, अतः अनुमिति में भी व्याप्य के अभ्युपगम को ही कारण मानना चाहिये।

समर्थन—यदि अनुमिति में व्याप्ति के अभ्युपगम को कारण मानें, तो अन्यतर के प्रति असिद्ध व्याप्य का प्रसाधन कर अनुमिति के साधन की रीति का उच्छेद हो जायगा। कारण कि यदि व्याप्य का साधन न करें, तो व्याप्य की अन्यतर के प्रति असिद्धि होने से अनुमिति नहीं होगी और यदि साधन करें, तो पर के व्याप्य के अभ्युपगम से अपसिद्धान्त हो जायगा। अतः अपसिद्धान्त को छोड़ कर वादी से साधित व्याप्य से व्यापक के साधन में पर्य्यनुयोज्य अपसिद्धान्त का उपेक्षणरूप निग्रह हो जायगा।

खण्डन—अन्यतरासिद्ध व्याप्यस्थल में उक्त प्रकार से अनुमान का उच्छेद अवश्य हो जायगा। परन्तु उस अप्रस्तुत की चिन्ता से यहां क्या लाभ है। अन्यतर के प्रति असिद्ध व्याप्य का अभ्युपगम के विना कराये व्यापक का साधन स्वीकर्तव्य नहीं है, अतः उस अनुमिति में तर्कलक्षण की अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—व्याप्य के अभ्युपगम से अप्रमित व्यापक की अप्रमा तर्क है।

खण्डन—मिथोविरुद्धआदि तर्काभास में अतिव्याप्ति हो जायगी। अर्थात् यदि शुक्ति रूप्य की प्रतीति हो, तो वह सत हो जायगा और सत् होने पर भी यदि बाध मानें, तो असत् हो जायगा। इस सत् असत् के मिथो विरोधरूप तर्काभास में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—मिथोविरुद्धादि भिन्नत्व के निवेश से उक्त स्थल में अतिव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—संदिग्ध धूम दर्शन से जहां "यदि वहां धूम है तो अग्नि भी है" ऐसी सम्भावना होती है। वस्तुतः वह्नि होने से प्रमारूप उस सम्भावना में अव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—व्याप्य के अभ्युपगम से व्यापक को [उस काल में प्रमात्वरूप से अप्रमीयमाण] प्रतीति तर्क है।

खण्डन—यह लक्षण भी उस शब्द से घटित होने से अननुगतत्वरूप दोष से तथा वादी से प्रमितत्वरूप से अप्रमीयमाण वा प्रतिवादी से इस विकल्प से कवलित होने से असङ्गत है। किञ्च जहां सत्ता में दोनों के व्यापक (सत्ता) अनिष्ट है और व्याप्य इष्ट है

इत्यपीति चेन्न, बहुशो दत्तोत्तरत्वात्। सर्वस्य चाऽस्य पूर्वोक्तोभयानिष्टव्यापकेष्टव्याप्योदाहरणे गतत्वेनातिव्यापकत्वात्। तद्व्यवच्छेदार्थमारोपितस्य व्याप्यस्याभ्युपगमेनेति करणे च सिद्धेन व्याप्येन प्रसङ्गस्याव्यापनात्। तद्यथा कार्यत्वात् यद्यदृष्टसृष्टमङ्कुरादि मीमांसकः शंसति तदानीमविशेषणकर्तृकार्यमपि पर्यवस्येत् अस्य तदिति॥ ७२॥

अपि चात्माश्रयोऽन्योन्याश्रयश्चक्रकं व्याघातोऽनवस्था प्रतिबन्दी चेत्यापाद्यैर्भिद्यमाना षट्तर्कीष्यते। स्वरूपं चैषां स्वस्याव्यवहितस्वापेक्षणमात्माश्रयः अन्योन्यस्याऽव्यवहितान्योन्यापेक्षित्वमन्योन्याश्रयः, अन्तरितस्य तदेव द्वयमात्माश्रयोऽन्योन्याश्रयश्चक्रकं, विरुद्धः समुच्चयो व्याघातः, उपपाद्योपपादकप्रवाहोऽनवधिरनवस्था, स्वाभ्युपगतदोषतुल्यता प्रतिबन्दी॥ ७३॥

तत्राऽऽत्माश्रयस्य सम्बन्धद्वारभेदादाभासत्त्वं, यथा प्रमेयत्त्वस्यात्मनि वृत्तौ, क्वचिन्नैवमपि यथाऽऽनेककालस्थस्य घटस्य पूर्वकालवृत्त्यात्मन उत्तरकालवृत्त्यात्मानं प्रति

वहां (यदि सत्ता सद्व्यवहार विषय हो, तो साक्षावती हो जायगी) इस असत्प्रसङ्ग में अतिव्याप्ति हो जायगी।

समर्थन—आरोपित व्याप्य के अभ्युपगम से व्यापक की प्रतीति तर्क है और उक्त स्थल में व्याप्य का आरोप नहीं है, किन्तु विद्यमानता है, अतः अतिव्याप्ति नहीं।

खण्डन—यदि उक्त लक्षण में आरोपितत्व व्यापक विशेषण दें, तो जहाँ मीमांसक के प्रति नैयायिक अंकुरादि में विद्यमान कार्य्यत्वरूप व्याप्य से कर्तृसृष्टत्वरूप व्यापक का (यदि अङ्कुरादि कार्य्य है तो अदृष्ट सृष्ट के तुल्य कर्तृजन्य भी है) ऐसा प्रसङ्ग करता है उस में अव्याप्ति हो जायगी॥७२॥

किञ्च—आत्माश्रय, अन्योन्याश्रय, चक्रक, व्याघात [अनवस्था प्रतिवन्दी, आपाद्य विषय के भेद से भिन्नरूप] षट्तर्की इष्ट है इनमें आत्माश्रय स्व से अव्यवधान से स्व की अपेक्षारूप है। अन्योन्याश्रय अन्योन्य से अव्यवधान से अन्योन्य की अपेक्षा रूप है। व्यवधान से स्व से स्व की अपेक्षा वा व्यवधान से अन्योन्य से अन्योन्य की अपेक्षारूप चक्रक है। विरूद्ध दो धर्मों का एक धर्मी में समुच्चय व्याघात है। अवधि से रहित उपपाद्य उपपादक का प्रवाह अनवस्था है। स्व (वादी) से दत्त दोष की वादी के मत में तुल्यता प्रतिवन्दी है॥ ७३॥

उनमें सम्बन्धरूप द्वार के भेद से आत्माश्रयदोष आभास है जैसे प्रमेयत्व में प्रमेयत्व के वृत्तित्व में अर्थात् घट में प्रमेयत्व घट प्रमाविषयत्वरूप है और प्रमेयत्व में प्रमेयत्वप्रकारक प्रमाविषयत्वरूप है अतः घटप्रमा प्रमेयत्वप्रमा-रूप द्वार के भेद से आत्माश्रय दोष नहीं होता है। और कहीं कहीं आत्माश्रय आभास नहीं होता है, किन्तु दोष होता है, जैसे अनेककालवृत्तिघटकी पूर्वकालवृत्ति आत्मा (स्व) के [उत्तरकालवृत्ति आत्मा के कारणत्व में] व्यक्ति-भेद से अन्योन्याश्रय भी कहीं कहीं आभास होता है जैसे ज्ञान से संस्कार की उत्पत्ति और संस्कार से ज्ञान की उत्पत्ति में। यहां अनुभवरूप ज्ञान से संस्कार उत्पन्न होता है और स्मरणरूप ज्ञान को उत्पन्न करता है, अतः व्यक्ति भेद होने से अन्योन्याश्रय दोष नहीं होता है किन्तु आभास है। चक्रक भी व्यक्ति-भेद से आभास होता है, जैसे बीज

कारणत्वे। अन्योन्याश्रयस्य व्यक्तिभेदात्, यथा—ज्ञानेन संस्कारस्य तेन च ज्ञानस्य जनने। चक्रकस्यापि तस्मात्, यथा—बीजेनाङ्कुरस्तेन स्तम्बः तेन बीजं जन्यत इत्यत्र। व्याघातस्योपाधिभेदात्, यथा—कालभेदादिना जननाजननादौ। अनवस्थायाः क्रियायै परस्परानन्त्यानपेक्षणात्, यथा सामग्र्या कार्यजननाय स्वसामग्र्यानन्त्यानपेक्षणे। तामेतामधोधावन्तीमनवस्थामाचक्षते। क्वचिन्नैवमपि, यथा—स्वाश्रये भिन्नबुद्धिजननाय स्वगतभेदानुपजीवनादपि भेदस्यानन्त्ये प्राग्लोपादिदोषात्। तामेतामूर्ध्वं धावन्तीमनवस्थामाचक्षते। प्रतिबन्द्या विशेषात्, यथा धूमानुमानेऽप्युपाधिशङ्काप्रतिबन्द्यां तर्कानुकूलत्वादिति। तदेषामापादनानि तर्काभासाः कथमुक्तलक्षणेन न सङ्ग्राह्याः सत्यपि व्याप्त्याद्यदोषे प्रसङ्गस्थानगतेन तेन विशेषणेनाभासीभूतत्वात्॥ ७४॥

से अङ्कुर और अङ्कुर से स्तम्ब और स्तम्ब से बीज की उत्पत्ति में। यहां बीजादि व्यक्ति का भेद है। व्याघात भी देश-कालरूप निमित्त भेद से आभास होता है जैसे कुशूल (कोठिला) में स्थित बीज में अजनकत्व और क्षेत्रस्थ बीज में जनकत्वरूप विरुद्ध दो धर्म्म, देश और काल-भेद से रहते हैं। अथवा समान देश काल में भी अपेक्षा से एक ही पुरुष में जन्यत्व और जनकत्व विरुद्ध धर्म्म हैं। अतः ऐसे स्थान में व्याघात आभास है। अनवस्था भी कार्य्योत्पत्ति स्थल में आभास होती है। जैसे कार्य्य, सामग्री से और वह सामग्री भी स्वसामग्री से ही उत्पन्न होती है। कारण कि वह कादाचित्क है और जो कादाचित्क होता है वह जन्य होता है। इस प्रकार से एक से एक के जन्य होने से कार्य्य कारण की अनवधि धारा होने पर भी सामग्री के कार्य्य जनन में स्व की अपेक्षा (सहकार) न होने से यह अनवस्था आभास है। इस अनवस्था को नीचे दौड़ने वाली अनवस्था पण्डित लोग कहते हैं। कहीं अनवस्था आभास नहीं भी होती है जैसे स्वाश्रय में स्व से भेद के भेदजनन में अन्य भेद की अपेक्षा और अन्य भेद के स्वाश्रय से भेद जनन में उससे भी अन्य भेद की एवं भेद परम्परा की अपेक्षा में। यदि वस्तुतः भेद के आनन्त्य को मानें, तो प्राग्लोप, अविनिगम्यत्व, प्रमाणाभाव ये तीन दोष हो जायेंगे। अतः यहां अनवस्था दोष अनाभास है और अनवस्था दोष होने से भेदानन्त्य अप्रामाणिक है। अर्थात् प्रथम भेद से ही (स्वाश्रय में भेदान्तर के विना ही) भेद-बुद्धि उत्पन्न होती है जैसे सत्ता में अन्य सत्ता के विना भी सत् बुद्धि होती है। इस अनवस्था को उर्द्ध दौड़ने वाली अनवस्था पण्डित लोग कहते हैं। प्रतिवन्दी एक पक्ष में अनुकूल तर्क के रहने से आभास होती है। जैसे "अनित्यः शब्दः कृतकत्वात्" यह अनुमिति [उपाधि शङ्का होने से मीमांसक के मत में] संदिग्धोपाधि है। यदि नैयायिक यहां "यदि संदिग्धोपाधित्वं दोषः स्यात्तदाधूमानुमितावपि स्यात्" इस प्रकार से प्रतिवन्दी दे, तो मीमांसक कह सकता है कि धूमानुमिति में कार्य्यकारणभावरूप विशेष (तर्क) है, अतः यह प्रतिवन्दी आभास है। इन [आत्माश्रय आदि के] आभासों में उक्त तर्कलक्षण की अतिव्याप्ति हो जायगी। जो वस्तु है वह स्वाश्रय नहीं है। और परस्परापत्तिसिद्धिक भी नहीं है इत्यादि व्याप्ति होने से ये सब तर्क ही हैं, ऐसा नहीं कह सकते हैं, कारण कि सम्बन्धद्वारआदि भेद से उक्त व्याप्ति के आभासत्व का प्रतिपादन कर आये हैं॥ ७४॥

प्रसङ्गस्थाने तावतां विशेषाणामभावेनाऽपि लक्षणं विशेषणीयमिति चेन्न, अन्योन्याश्रयाभासत्वप्रयोजकस्य व्यक्तिभेदस्याभावो नानवस्थाया, नैवमात्माश्रयाभासत्वप्रयोजकस्य द्वारभेदस्याभावो नात्माश्रयान्तरादाविति व्यक्तमव्यापकत्वापत्तेः। अपि चापसिद्धान्तविरोधादिष्वपि तर्कलक्षणं गच्छत्कथङ्कारं वारणीयं, यत्रैवं निग्रहे तर्कान्तराणामन्तर्भावः तत्रैवानयोरपीति पृथक्निग्रहत्वानुपपत्तेः॥ ७५॥

आत्माश्रयादेश्च मूलव्याप्तौ प्रमाणोपगमश्चेत्तर्हि प्रामाणिकत्वान्नदोषत्वं न चेन्मूलशैथिल्यमित्युभयतः पाशबन्धः कथं मोचनीयः। अथोच्येत यदेतदाश्रयत्वमाश्रयित्वं च तद्भेदे दृष्टं तद्यदि विवादाध्यासिते लयोपेयते तदा भेदः स्यादित्याकारेणाऽऽ-

---

समर्थन—आभासत्व के कारण विशेषणों का जहां अभाव हो, वहां आरोपित व्याप्य से व्यापक का प्रसञ्जनतर्क है, ऐसा निवेश करने से उक्त आभास स्थल में अतिव्याप्ति नहीं होगी।

खण्डन—यदि ऐसा निवेश करें, तो आत्माश्रय के आभासत्व का प्रयोजकसम्बन्ध द्वारभेद ही अन्योन्याश्रय अथवा चक्रक में है उसका अभाव नहीं है, अतः अन्योन्याश्रय आदि में अव्याप्ति हो जायगी। इसी प्रकार से आत्माश्रय का आभासत्वप्रयोजक द्वार (भेद) का अभाव अन्य आत्माश्रय में नहीं है, अतः वहां भी अव्याप्ति हो जायगी।

किंच "यदि संस्कारस्थिरत्वं स्वीकृतं बौद्धेन तदा अपसिद्धान्तः स्यात्" इस अपसिद्धान्त के आपादन में तथा "यदि अस्थिरत्वं कथयित्वा स्थिरत्वं कथ्यते बौद्धेन तदा वचनविरोधःस्यात्" इस वचन विरोध के आपादन में अतिव्याप्ति हो जायगी। यदि उनको तर्क मान लें, तो तर्क में ही आत्माश्रयादि के तुल्य इनकी भी गणना होनी चाहिये। और तर्क होने पर भी यदि इनकी निग्रहस्थान में गणना करें, तो आत्माश्रयादि तर्क की भी निग्रह में ही गणना होनी चाहिये। यदि आत्माश्रयादि का किसी निग्रह में अन्तर्भाव हो तो उस निग्रह में ही अपसिद्धान्त आदि का भी अन्तर्भाव होना चाहिये, पृथक् गणना सर्वथा व्यर्थ है॥७५॥

किंच आत्माश्रयादि तर्क के मूलव्याप्ति में प्रमाण है कि नहीं? यदि प्रमाण है, तो प्रामाणिक होने से आत्माश्रय को दोष न कहना चाहिये। और यदि व्याप्ति में प्रमाण नहीं है तो मूल के शैथिल्य से वह तर्क ही नहीं है, इस उभयतः पाश (दो तरफा दोष) से पिण्ड कैसे छुड़ावेंगे।

समर्थन—जो आश्रयआश्रयिभाव है, वह भेद में देखा गया है। यदि वह विवादविषय में हो तो भेद हो जायगा—इस प्रकार से यदि आत्माश्रय का आपादन करें, तो उक्त दोष नहीं होगा।

खण्डन—एक ही घट में रूप की अपेक्षा से आश्रयत्व और भूतल की अपेक्षा से आश्रितत्व दोनों के समावेश होने से उक्त प्रकार से आपादन नहीं हो सकता है।

समर्थन—तदाश्रयत्व और तदाश्रितत्व, भेद से नियत हैं, अतः यदि वे विवादविषय में हों तो भेद हो जायगा। इसप्रकार से आपादन में उक्त घटस्थल में व्यभिचार नहीं है।

खण्डन—यह कथन भी लक्षण में तत् और मिथः शब्द के प्रवेश होने से खण्डित है। अर्थात् आत्माश्रयस्थलीय वस्तुमात्र में अनुगत कोई रूप धर्म नहीं है, जिस रूप के पुरस्कार से वस्तुमात्र को तद्शब्द कहे, यदि कथञ्चित् वस्तुमात्र को कहे भी तो उक्त घटस्थल में व्यभिचार

पादने नोक्तदोषापत्तिरिति । मैवम् । एकत्र द्वयस्यापि दृष्टत्वात् । तदाश्रयत्वं तदाश्रितत्वं च मिथो भेदनियतमिति चेन्न, तन्मिथःशब्दाभ्यां चारीकृतत्वात् ॥ ७६ ॥

एतदाश्रयत्वादेतदाश्रितत्वाद्वा नैकत्वं स्यादिति वचनभङ्ग्याऽऽपाद्यमिति चेन्मैवम् । यद्येतदेतदाश्रयादि स्यात्तदैतन्न स्यादिति ह्यापाद्यं, नचैतद्युक्तं धर्म्याऽऽपाद्ययो र्व्याहतत्वात् । नच वाच्यमापाद्यस्य प्रमाणबाध्यताऽनुकूलैवेति व्याघातादपि सा सम्भवन्ती न दोषमवाहतीति, यत आपाद्यापादकयोः सामानाधिकरण्यानादरेऽतिप्रसङ्गः स्यादतो विपर्ययाऽपर्यवसायित्वमेवं स्यात्, एवं हि विपर्ययो वक्तव्यो, यन्नाम ? भवति चैतदेतत्तस्मान्नैतदाश्रय इति । नचैतदेतद्भ भवितुं शक्नोति एतदित्युद्दिष्टे धर्मिण्येतत्त्वविधानासम्भवादुद्देश्यविधेययोः प्रकारभेदस्याभावात् । न च प्रसङ्गमात्रमेतद्बाधायैवास्तु कृतमस्य विपर्ययपर्यवसानेनेति युक्तम् । स्वयमपि प्रसङ्गमूलस्य व्याप्तेरिष्टतया प्रसञ्जितनिषेधे तद्व्यतिरेकप्रामाणिकत्वस्यावश्यमन्तव्यत्वापत्तेः ॥७७॥

वैसा ही है। और यदि तद् शब्द को एक व्यक्ति परक मानें, तो लक्षण का अनुगम नहीं होगा। एवं मिथः शब्द को यदि एकपरस्परक-व्यक्तिपरक मानें, तो अननुगम हो जायगा ॥७६॥

समर्थन—यदि इसमें एतदाश्रयत्व एतदाश्रितत्व दोनों हों, तो एकत्व न होगा इस प्रकार से आपादन है, अर्थात् तद् वा एतद् शब्द एक व्यक्तिपरक ही है तथा लक्ष्य व्यक्ति के भेद से लक्षण का भेद इष्ट ही है। कारण कि लक्षण के भेद होने पर भी लक्ष्य का ज्ञानरूप लक्षण का प्रयोजन सिद्ध हो ही जाता है।

खण्डन—यदि एतत् एतदाश्रय हो तो एतत् एतत् न होगा—यह आप का आपादान हुआ। वह युक्त नहीं है, कारण कि एतत् एतत् न होगा इस कथन में धर्मी (एतत्) और आपाद्य (विधेय) एतद् न इन दोनों में व्याघात हो जायगा।

समर्थन—आत्माश्रयादि जो तर्क परपक्ष के दूषण के लिये ही हैं उनमें आपाद्य के—व्याघातआदि से बाध दोष नहीं है किन्तु गुण है।

खण्डन—एतदाश्रयत्व एतदाश्रितत्व तो आपादक हैं, और अनेकत्व आपाद्य है, इन दोनों के सामाधिकरण्य का यदि अनादर करें, तो एकत्व से अभिमत वस्तुमात्र के एकत्व का भङ्ग हो जायगा। कारण कि अन्यत्र स्थित उक्त आपादक से सर्वत्र भेद का आपादन हो सकेगा। और यदि सामानाधिकरण्य का आदर करें तो विपर्यय में पर्यवसान नहीं होगा। कारण कि विपर्यय में पर्य्यवसान इस प्रकार से करेंगे कि होता है "यह यह" इससे एतदाश्रय नहीं है, और यह हो नहीं सकता है कारण कि एतद् धर्मी में एतत्त्व का विधान नहीं हो सकता है क्योंकि सर्वत्र उद्देश्य विधेय में प्रकारभेद का नियम है। और यहाँ प्रकार भेद है नहीं।

समर्थन—आत्माश्रयादि केवल परपक्ष के बाध के अर्थ हैं, अतः इनमें विपर्य्यय पर्य्यवसान व्यर्थ है।

खण्डन—आत्माश्रयादि के प्रसङ्ग का मूल व्याप्ति स्व को भी इष्ट है। अतः प्रसञ्जित (अनेकत्व) का निषेध (एकत्व) में तद्व्यतिरेक (व्यतिरेकव्याप्ति) को प्रामाणिक अवश्य मानना चाहिये, कारण कि अन्वयव्याप्ति व्यतिरेकव्याप्ति की व्यापिका होती है और विपर्य्यय पर्य्यवसान के विना व्यतिरेक व्याप्ति का ग्रह होगा नहीं ॥ ७७ ॥

अतएवैतदन्यत्स्यादित्यपि न शक्यप्रसञ्जनमेतदन्यत्वस्यैतत्स्वरूपभेदमादायैव प्रतीतिपर्यवसायितया प्रसङ्गे व्याघातादेव । विपर्ययोऽप्येतद्विशेषितान्यविशेषितान्यत्व-विधायिनो विशेषणविशेषणताप्रविष्टमात्मानमात्मनि विधीयमानं न क्षमते-एतदनन्यत्वस्यै-तदन्यान्यत्वस्यैतत्त्वादेव, अन्यत्वावधेरात्मन उपलक्षणत्वे चान्यत्वमात्रमुपलक्ष्यमाण-मन्यस्माद्प्यन्यत्वमादाय पर्यवस्येत् । स्वरूपत एव विलक्षणमन्यत्वविशेषमवधिरात्मो-पलक्षयतीति च न घटते यतोऽन्यत्वमात्रमेवावधिविशेषैरुपधीयमानं तदन्यत्वप्रत्यय-व्यवहारोपपादकं भवदन्यत्वव्यक्तिभेदपर्यन्तगमनं प्रमाणस्य न सहते । यदि चान्यत्व-व्यक्तिभेदोऽपि स्यात्तथाऽपि प्रसङ्गमूलभूताव्याप्तिः सामान्याकारपुरस्कारित्वादेतेनैवोप-धीयमानानामन्यत्वव्यक्तीनामैक्यमादाय प्रवृत्ता तथैव प्रसङ्गे विपर्यये चोपनयन्ती स्या-देवोक्तदोषालङ्घनायेति ॥ ७८ ॥

समर्थन—"यदि आश्रयत्व आश्रितत्व दोनों इसमें हों, तो यह इससे अन्य हो जायगा" इस प्रकारसे आत्माश्रय के आपादन में कोई हानि नहीं है।

खण्डन—यह आपादन का प्रकार युक्त नहीं है, कारण कि एतदन्यत्व का भी एतत् स्वरूप के भेद में ही पर्य्यवसान होने से "एतत् एतदन्यत् स्यात्" इस प्रसङ्ग में भी धर्मी और आपाद्य में व्याघात वैसा ही है। और विपर्य्यय में पर्य्यवसान भी, "एतत् एतदन्यत् न" इत्याकारक का एतत् में एतदन्यान्यत्व, विधान करने वाला, विशेषण के विशेषणरूप से प्रविष्ट आत्मा के भी विधीयमानत्व को नहीं सह सकता है।

समर्थन—"एतत् एतदन्यत् न भवति" इस विपर्य्यय में अन्यत्व में एतत्त्व यदि विशेषण हो तब तो उक्त कथन युक्त न हो परन्तु एतत्व उपलक्षण है, अतः उक्त कथन युक्त ही है।

खण्डन—यदि एतद् के अर्थ घट को अन्यत्व में उपलक्षण मानें, तो उद्देश्य घट में पट से अन्यत्व के होने से फिर भी एतत् अन्यत् न इस प्रकार से विपर्य्यय में पर्य्यवसान न होगा।

समर्थन—एतत् अन्यत्वमात्र का उपलक्षण नहीं है किन्तु अन्यत्व विशेष अर्थात् स्वप्रतियोगिक भेद का उपलक्षण है और स्व प्रतियोगिक अन्यत्व के अन्यत्व के—एतत् पद के वाच्य उद्देश्य में—होने से विपर्य्यय में पर्य्यवसान हो जायगा।

खण्डन—तब यह कथन होता यदि प्रतियोगी भेद से अन्यत्व का भेद होता, परन्तु अन्यत्व का भेद है नहीं, कारण कि आकाश के तुल्य अन्यत्व के एक होने पर भी घट पट प्रतियोगीरूप उपाधि के भेद होने से घटाकाश-मठाकाश के तुल्य "घटो न" "मठो न" इत्यादि प्रतीति के भेद की उपपत्ति हो सकती है, फिर प्रतियोगी भेद से अन्यत्व का भेद क्यों मानें, और यदि अन्यत्व व्यक्ति के भेद को किसी प्रकार से मान भी लें, तब भी उपलक्षण कल्प में निर्वाह नहीं है, कारण कि उक्त प्रसङ्ग का मूल (कारण) व्याप्ति सामान्यरूप से प्रवृत्त होती है। अतः वह एतत्त्व से उपलक्षित अनन्त अन्यत्वव्यक्ति के ऐक्य का ग्रहण कर ही होगी, अतः एतत्त्व से उपलक्षित अन्यत्वरूप से प्रसङ्ग तथा विपर्य्यय में प्राप्त होगी, अतः उक्त दोष का लंघन नहीं हो सकता। अर्थात् पट के अन्यत्व के घट में रहने से प्रसङ्ग नहीं होगा ॥ ७८ ॥

एवंप्रकारता चाऽऽश्रयाश्रयिभाववत्प्रकारान्तराश्रयेष्वप्यात्माश्रयोदाहरणेष्वतिदिश्यते। अन्योन्याश्रयो यथाभेदेनावगताद्भेदज्ञानोपगमे, सोऽपि त्वया कथङ्कारमुपन्यसनीयः। न तावद्यद्येतदेतद्बोधाधीनबोधं स्यात्तदा न बुध्येतेति, तथासति व्याप्त्यसिद्धेः एतद्बोधाधीनबोधं यत्तद्बोधाधीनबोधस्य तस्यैवादृष्टचरत्वात्। कयाचन व्याप्यव्यापकभेदकल्पनया व्यभिचाराप्रतीतचरत्वयो र्वारणेऽप्यतथाभावशङ्काखण्डकदण्डदुर्लभत्वात्। एवमन्योन्याश्रयान्तरेऽपि। चक्रकं च मध्ये परमन्तर्भाव्याऽऽत्माश्रयान्योन्याश्रयावेव विपरिणमत इति तद्दोषं नातिक्रामति ॥ ७९ ॥

व्याघातस्तु यथा सन्नास्तीत्यत्र। तमपि कथं प्रयोक्ष्यसे, यदि यद्ययं सन्न स्यात्तदानीमसन् त्स्यादिति। तर्ह्यसन्न स्यादित्यस्यापि सन्त्स्यादित्यस्मिन्नेवार्थे पर्यवसानादभेदेन व्याप्यव्यापकभावस्यैवाऽसिद्ध्यापत्तिः। स्वभावविरुद्धोपजीविनी च विरुद्धा-

---

इसी प्रकार से "स्वस्मात् स्वं जायते" इत्यादि आत्माश्रय प्रकार में भी दोष को जानना चाहिये, कारण कि यहाँ भी "स्व से स्व यदि उत्पन्न हो तो स्व से अन्य हो जायगा ऐसा ही उपपादन प्रकार के होने से व्याघात और विपर्य्यय में पर्य्यवसान नहीं होगा। अन्योन्याश्रय भी [अभाव भाव का प्रतियोगी रूप होने से तथा प्रतियोगी से अनालिङ्गित अभाव की प्रतीति के न होने से भेद के ज्ञान से जात प्रतियोगी के ज्ञान से भेद का ज्ञान और प्रतियोगी के ज्ञान से जात भेद के ज्ञान से प्रतियोगी के ज्ञानस्थल में] है उसका भी उपन्यास आप कैसे करेंगे। यदि भेद, भेद के ज्ञान के अधीन जो प्रतियोगी का ज्ञान उसके अधीन ज्ञान का विषय होता तो ज्ञान का विषय न होता इस प्रकार से प्रसञ्जन तो हो नहीं सकता है। कारण कि प्रतियोगी ज्ञानाधीन ज्ञान विषय भेद अन्यत्र दृष्ट है वा नहीं ? यदि दृष्ट है "तो" न बुध्यते, इस आपाद्य (व्यापक) के वहां न होने से व्यभिचार है और यदि नहीं दृष्ट है तो धर्म्मी के अज्ञान से आपाद्य (ज्ञानाविषयत्व) तथा आपादक भेद ज्ञान के अधीन जो प्रतियोगी ज्ञान उसके अधीन ज्ञान के विषयत्व" दोनों के सामानाधिकरण्य न होने से व्याप्ति का ग्रहण नहीं होगा।

समर्थन—जो वस्तु होता है वह परस्पराधीन सिद्धिक नहीं होता है। जैसे घट द्रव्य। इस प्रकार से सामान्यरूप के पुरस्कार से व्याप्ति इष्ट है। अतः विशेषरूप से भेद के अज्ञान की दशा में भी व्याप्ति का ग्रह हो जायगा और व्यभिचार भी नहीं होगा।

खण्डन—यह भी आपादन का प्रकार युक्त नहीं है। कारण कि "वस्तुत्व रहे और परस्परायत्तबोधत्व का अभाव न रहे हानि क्या है" इस प्रकार से व्यभिचार की शङ्का होने पर उसका निवर्त्तक अनुकूल तर्क नहीं है। इसी प्रकार से अन्य अन्योन्याश्रय में भी दोष को जानना चाहिये। मध्य में अन्य को देकर आत्माश्रय तथा अन्योन्याश्रय ही चक्ररूप से परिणत होता है, अतः चक्रक भी उन दोनों के दोष का उल्लंघन नहीं कर सकता ॥७९॥

व्याघात भी "सन् नास्ति" इस स्थल में है उसका भी प्रसञ्जन कैसे होगा "यदि यह सत् है तो असत् नहीं है" इस प्रकार से प्रसञ्जन तो हो नहीं सकता है, कारण कि "असत् न" इसका भी फलित अर्थ सत्, यही है और अभेद में व्याप्यव्यापकभाव वा उद्देश्यविधेयभाव होता नहीं है। स्वभाव से ही विरुद्ध सत् असत्, के उपजीवन करने वाले अन्य विरुद्धों के खण्डन को सत् असत् के व्याघात के खण्डन से ही जानना चाहिये।

न्तरे तद्व्याघातनिरासादेव निरस्तप्राये । गौर्महिषः ततो न भवति, अगवात्मतानियता यतो महिषात्मतेति, एष हि तयो विंरोधः । अनवस्था तु यथा सत्तायामपि सत्तान्तरमित्यनवधौ सत्ताप्रवाहे इष्यमाणे, तत्र कथं प्रत्यवस्थेयं, न तावद्यदि सत्तायां सत्ता स्यात्तदा न विश्रान्तिः स्यादिति, सत्तायां सत्ताभ्युपगमस्य विश्रान्त्यभावेन सह व्याप्तिसिद्ध्यसिद्ध्योर्दोषग्रस्तत्वात् । प्रतिबन्दी च खण्डितैव ॥ ८० ॥

किञ्च प्रमेयत्वाभिधेयत्वव्यवहार्यत्वसन्निकर्षवत्त्वाभावप्रतियोगित्वादीनामात्माश्रितत्वदर्शनात् कथमात्माश्रयताखण्डिका व्याप्तिः सव्यभिचारा न स्यात् । द्वारव्यक्तिभेदस्याऽपि व्यभिचारिव्यतिरेकत्वात् । स्वप्रकाशवादिना स्वयमेव स्वज्ञानत्वस्य, एवमभावेऽप्यन्यमभावमस्वीकुर्वता स्वयमेव स्वाभावत्वस्य, एवं तदेव ग्राह्यं ग्राहकं चात्मप्रतीतौ, एवं तदेव ज्ञाप्यं ज्ञप्तिकारणं च शब्दो वाचक इत्यत्र, एवं तदेव नाश्यं नाशकं च प्रध्वंसिनि, एवं तदेव सम्बन्धि सम्बन्धश्च स्वभावसम्बन्धोपगमे, इत्यादि बहुलमुपगमादात्माश्रयतदाभासविवेकाय किं नियामकमुपेयम् । अन्योन्याश्रये चान्त्यो-

~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

जैसे "गौर्महिषः" यह व्याघात भी इस रीति से प्रवृत्त होता है कि जिस कारण से अगवात्मता से नियत महिषात्मता है अतः गौ महिष नहीं है इस से "अमहिषः महिषः" इस सत् असत् के व्याघात में ही "गौः महिषः" इस व्याघात का भी पर्य्यवसान जानना चाहिये। यदि सत्ता में सत्ता के (अवधि से रहित) प्रवाह को मानें, तो अनवस्था होती है। उस में भी अनिष्ट प्रसञ्जन कैसे होगा। "यदि सत्ता में सत्ता हो तो विश्रान्ति नहीं होगी। इस प्रकार से प्रसञ्जन तो हो नहीं सकता है। कारण कि यदि सत्ता में सत्ता के भ्युपगमरूप आपादक और विश्रान्तिरूप आपाद्य की व्याप्ति को प्रमित मानें, तो प्रमित होने से ही अविश्रान्ति दोष नहीं है और यदि व्याप्ति को अप्रमित मानें, तो प्रमाण के न होने से आपादन नहीं होगा। प्रतिवन्दी का खण्डन द्वितीय परिच्छेद में ही हो चुका है॥ ८० ॥

किञ्च प्रमेयत्व अभिधेयत्व (वाच्यत्व) व्यवहार्य्यत्व सन्निकर्षवत्व अभावप्रतियोगित्व—आदि धर्म्म आत्माश्रित देखे जाते हैं फिर आत्माश्रय का खण्डन करने वाली व्याप्ति में व्यभिचार क्यों न हो।

समर्थन—प्रमेयत्वआदि स्थल में द्वार-भेद है। अर्थात् घट में घटप्रमाविषयत्वरूप प्रमेयत्व है, अतः आत्माश्रय-खण्डक व्याप्ति में व्यभिचार नहीं है।

खण्डन—वक्ष्यमाण (स्वप्रकाश ज्ञानादि) स्थल में व्यक्ति-भेद के व्यतिरेक (अभाव) के व्यभिचरित होने से अर्थात् न होने से और आत्माश्रय के होने से व्यक्ति के ऐक्य में भी आत्माश्रय के अदोषत्व के देखने से व्यक्ति-भेद भी आत्माश्रय में आभासत्व का प्रयोजक नहीं है।

स्वप्रकाशवादी के मत में स्वज्ञान में स्वविषयकज्ञानत्व के इसी प्रकार से जो अभाव में अन्य अभाव को नहीं मानते हैं उनके मत में अभाव में स्वनिष्ठाभावत्व के तथा आत्मविषयक प्रतीतिस्थल में आत्मा में ही ज्ञाप्यत्व ज्ञापकत्व के तथा "शब्दो वाचकः" इस शब्द से जात बोधस्थल में शब्द में ही ज्ञान के विषयत्व तथा करणत्व के तथा क्षणिकवादी के मत में उसी पदार्थ में नाश्यत्व तथा नाशकत्व के तथा स्वरूप को सम्बन्ध मानने वालों
~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

पान्त्यशब्दयोरन्योन्यनाशकतायां, समव्याप्तिकयोश्चान्योन्यव्याप्यव्यापकतायां, एककार्यकारिणां चान्योन्यसहकारितायां, एवमन्यस्मिन्नपि तत्र तत्र दर्शनात्कथं न व्याप्तिभङ्गः। कश्च विशेषो यद्व्यतिरेको विशेषणमुपादीयेत। तत्रतत्राविरोधान्नैवमितिचेत्, न। अन्यत्र तथाभावादर्शनस्य विरोधाभ्युपगममूलस्याविशेषात्। तत्र तत्र तथात्वे प्रमाणसद्भाव एव विशेष इति चेत्। तर्हि सर्वत्रानभ्युपगममूलं तथात्वे प्रमाणाभाव एवोपजीव्यो दूषणमिष्यतां कृतमन्योन्याश्रयेण व्यभिचरितदोषत्वेनेति ॥ ८१ ॥

चक्रकेऽपि दुःखजन्मादिसूत्रोक्तादिषु व्यभिचारदर्शनादव्याप्तिः विशेषव्यतिरेकदर्शनदुःशक्यत्वं च। कार्यकारणभावस्य तज्जातीयतया नियतत्वेन व्यक्तिभेदस्य

~~~~~~~~~~~~~

के मत में उसी को सम्बन्धी तथा सम्बन्ध के अभ्युपगम होने से इस स्थल में आत्माश्रय अनाभास है, और इस स्थल में आभास है, इस निश्चय का कारण क्या माना जायगा।

अन्योन्याश्रय स्थल में अन्त्य शब्द का नाशक उपान्त्य शब्द होता है तथा उपान्त्य शब्द का नाशक अन्त्य शब्द होता है, अतः परस्पर नाशकता में तथा गन्ध-पृथिवीत्व-आदि समव्याप्तसाध्यहेतु स्थल में परस्पर व्याप्यव्यापकभाव में तथा घटादि एक कार्य्य के कारण दण्ड-चक्र आदि के परस्पर सहकारित्व में एवं अन्यत्र भी अन्योन्याश्रय दोष में व्यभिचार देखने से अन्योन्याश्रय के खण्डन करने वाली व्याप्ति का भङ्ग क्यों न माना जाय। ज्ञान, संस्कार स्थल में व्यक्ति-भेद विशेष है, अतः अन्योन्याश्रय को आभास मानते हैं, परन्तु उक्त शब्दादि स्थल में व्यक्ति-भेदरूप विशेष भी नहीं है, फिर क्या विशेष है? जिसके होने से अन्योन्याश्रय का आभासत्व तथा उस विशेष के व्यतिरेक (अभाव) को लक्षण में विशेषण देकर अन्योन्याश्रय के अनाभासत्व की व्यवस्था हो।

समर्थन—अन्त्य उपान्त्य शब्द स्थल में परस्पराश्रयत्व में विरोध नहीं है और प्रतियोगी तथा भेदस्थल में परस्परश्रयत्व विरोध है, अतः अन्योन्याश्रय में विरोध तथा अविरोध ही विशेष है।

खण्डन—विरोध के अभ्युपगम (स्वीकार) का मूल, विरोध का अदर्शन है उस में कोई विशेष अन्यत्र (प्रतियोगी, भेद स्थल में) भी नहीं है। अर्थात् यदि अन्त्य उपान्त्य शब्द स्थल में परस्पराश्रय में विरोध के अदर्शन से अविरोध (विरोध को अदुष्ट) मानें, तो प्रतियोगीभेदस्थल में भी परस्पराश्रय में विरोध के अदर्शन से (परस्पराश्रित प्रतीति होने से) विरोध का अभ्युपगम करना चाहिये।

समर्थन—अन्त्य उपान्त्य शब्दादि स्थल में अन्योन्याश्रय को अनाभास मानने में प्रमाण का सद्भाव ही विशेष है।

खण्डन—तब तो सर्वत्र अन्योन्याश्रय को दोष मानने का कारण प्रमाण का अभाव ही हुआ अतः उपजीव्य होने से प्रमाणाभाव को ही दोष मानिये जिसमें दोषत्व व्यभिचरित है ऐसे अन्योन्याश्रय को दोष मानना व्यर्थ है ॥ ८१ ॥

चक्रक का भी—"दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः" इस सूत्रोक्त दुःखादि में व्यवधान से परस्पर जन्यजनकभाव होने से—व्यभिचार है, अतः लक्षण की अव्याप्ति हो जायगी। यदि कहें कि अन्य जन्म व्यक्ति अन्य दुःख व्यक्ति को जनिका है, तथा व्यवधान से अन्य दुःख व्यक्ति से जन्य है, अतः व्यक्ति-
~~~~~~~~~~~~~

चक्रकानन्तर्भूतत्वात्। व्याघातेऽप्येकस्यैव जनकत्वाजनकत्वे तथा। नच कालभेदादिर्विशेषो घटतत्प्रध्वंसादौ कालभेदेऽपि तादात्म्यव्याघातोपगमादेव॥८२॥

सत्प्रतिपक्षजात्योश्च को विशेषो व्याघाते, येन पूर्वत्र बाध्यबाधकयोर्द्वयोरप्याभासत्वमुत्तरत्र तूत्तरस्य परं तथोपेयत इति गुरवः। यद्यपि प्रतिपक्षहेतुः साध्यान्तरसाधक इत्यस्ति तस्य जात्युत्तरवैधर्म्यं तथाऽपि त्वद्धेतुरसाधकः समबलप्रतिपक्षप्रतिहतत्वादित्यस्य दूषणत्वार्थमवश्यापेक्षस्य द्वारात्मव्याघातकत्वात्साक्षाद्वाऽवश्योपस्थाप्यद्वारेण वा स्वव्याघातकतायामुपयुक्तविशेषाभावः। नच तत्राऽऽत्मामेव व्याघातः सत्प्रतिपक्षता तु निरवद्यैवेति शक्यं वक्तुम्। यतः शब्दादेर्नित्यत्वमेकस्मादनित्यत्वं चापरस्मादनुमानात्तथा सति किं न स्यात्। तयोर्विरोधग्राहिणः प्रमाणस्य बलादितिचेन्न।

भेद चक्रक का आभासत्व का तथा व्यक्ति-भेद का (अभाव) अनाभासत्व का प्रयोजक है तो यह कथन भी चक्रक में व्यक्ति-भेद के व्यतिरेक के ज्ञान के अशक्य होने से असङ्गत है, कारण कि कार्यकारणभाव दुःखादि जातीय में नियत है, अतः व्यवधान से परस्पर कार्यकारणभावरूप चक्रक के लक्षण में व्यक्तिविषय का अप्रवेश है। एक ही वीज में अङ्कुर के जनकत्व तथा अजनकत्व को प्रामाणिक होने से व्याघात भी आभास है।

समर्थन—जिस काल में जनकत्व हो उसी काल में अजनकत्व का होना व्याघात है अतः वीज में काल-भेद होने से व्याघात नहीं है।

खण्डन—जो आचार्य प्रागभाव तथा प्रध्वंसाभाव को प्रतियोगीरूप मानते हैं, उनके प्रति-काल भेद के होने पर भी "यदि घटः प्रागभावात्मकः प्रध्वंसाभावात्मको वा स्यात् तदा व्याघातः स्यात्" इस प्रकार से व्याघात का प्रसञ्जन आप करते है, अतः लक्षण में काल के अभेद का निवेश हो नहीं सकता है॥ ८२॥

सत्प्रतिपक्ष तथा जाति दोनों में एकसा व्याघात होने पर भी क्या विशेष है, जिस से सत्प्रतिपक्ष में वाध्यवाधक दोनों आभास होते हैं और जातिमें केवल उत्तर ही आभास होता है—ऐसा गुरु (प्रभाकर) ने कहा है।

समर्थन—सत्प्रतिपक्षस्थल में हेतु—व्याप्ति होने से साध्य का—साधक होता है। और जाति स्थल हेतु—व्याप्ति न होने से साध्य का—असाधक होता है—यह दोनों में भेद है।

खण्डन—यह भेद अकिञ्चित्कर है कारण कि दोष देने के लिये अवश्य अपेक्षणीय "तुम्हारा हेतु, सम बल प्रतिपक्ष से पराहत होने से असाधक है।" इस अनुमितिरूप द्वार से आत्म व्याघात दोनों स्थलों में तुल्य है। भेद यह है कि सब "सत् है" अर्थ क्रियाकारी होने से, नैयायिक के यह कहनेपर "सर्व असत् है, ज्ञेयत्व होने से" इस जातिरूप बौद्ध के उत्तर में ज्ञेयत्व हेतु [स्व के भी ज्ञेय होने से स्व के स्वरूप रूप जो प्रतिपक्ष उससे साक्षात् ही] व्याहत है और "शब्द अनित्य है कृतक होने से" इस नैयायिक के अनुमान में शब्द नित्य है केवल आकाश के गुण होने से" इस सत्प्रतिपक्ष स्थल में प्रथम हेतु में समबल प्रतिपक्ष अकाशैकगुणत्व से पराहतत्व से असाधकत्व के साधन द्वारा आकाशैकगुणत्व हेतु स्व का भी व्याघातक है। अर्थात् जैसे पर के नाश के लिये स्व से उत्थापित भूत पर का नाशकर स्व के नाश का भी कारण होता है वैसे ही स्थापना हेतु के बाधन के अर्थ आकाशैक

यथा नित्यत्त्वमनित्यत्त्वमित्युभयमास्तामित्याचक्ष्महे तथा विरुद्धमविरुद्धं चास्तामित्यपि ब्रुवतोऽस्मान्कथं निवारयिष्यसि। स्यादप्येवं यदि सत्प्रतिपक्षत्त्वमेव तत्र दोषो न स्यादिति चेत्तर्हि मन्तव्यं प्रथमस्य हेतोः समानबलप्रतिपक्षप्रतिहतत्वादसाधकत्त्वमित्युक्तमावर्तते ॥ ८३ ॥

अनवस्थायां च यस्यां यस्यां सत्तायामपरापरसत्ता यायात्तस्यास्तस्याः प्रमाणेन सिद्धौ नानवस्था दोषः स्यादसिद्धौ चाश्रयासिद्धविषयमापादनमिति। यदि चाऽऽत्माश्रयादिषु सर्वत्र विशेषोऽयमभिधीयते प्रमाणसिद्धत्त्वात्तत्र तथोपेयत इति तर्ह्यापादनस्थाने तथाऽभ्युपगमाय प्रमाणं नास्तीत्युक्तं भवति तथाच तत्र प्रमाणप्रश्नस्यावसरो न प्रसङ्गस्येति ॥ ८४ ॥

अपरेऽपि विषयभेदात्तर्कभेदा आत्माश्रयादिवन्मन्तुमुचिताः। तद्यथा अविनिगमः उत्सर्गः, कल्पनागौरवलाघवे, चानौचित्यं चेति। विकल्पेनाऽन्वयावगमयोग्ये एक-

---

गुणत्व हेतु से उत्थापित समबलप्रतिपक्ष पराहतत्वरूप हेतु स्व के नाश का भी कारण होता है।

समर्थन—व्याघात तुल्य होनेपर भी व्याप्ति होने से सत्प्रतिपक्ष सत् उत्तर है तथा व्याप्ति न होने से जाति असत् उत्तर है।

खण्डन—यदि सत्प्रतिपक्ष स्थल में दोनों हेतुओं में व्याप्ति को मानें, तो दोनों हेतुओं के बल से नित्यत्व, अनित्यत्व इन दोनों विरुद्ध धर्म्मों का एकत्र ज्ञान होना चाहिये।

समर्थन—नित्यत्व, अनित्यत्व दोनों धर्म्मों के विरोध को विषय करने वाले प्रमाण के बल से दोनों का एकत्र ज्ञान नहीं होगा।

खण्डन—जैसे दोनों हेतुओं में व्याप्ति के बल से नित्यत्व का एकत्र आपादन हम करते हैं वैसे ही यदि उक्त व्याप्ति के बल से नित्यत्व अनित्यत्व कहीं विरुद्ध तथा कहीं अविरुद्ध हैं—ऐसा आपादन करें, तो कौन हमें निवारण करेगा।

समर्थन—व्याप्ति के बल से साध्य की सिद्धि—सत्प्रतिपक्षरूप दोष के न होने पर होती है यहां सत्प्रति पक्ष दोष है, अतः नित्यत्व, अनित्यरूप विरुद्ध धर्मों का अध्यास एकत्र नहीं होता है।

खण्डन—तब यह मानना चाहिये कि प्रथम हेतु समानबल प्रतिपक्ष पराहत होने से असाधक है और यदि ऐसा मान लें, तो उक्त वेताल-न्याय से स्व व्याघातक होने से जाति से सत्प्रतिपक्ष में कुछ विशेष नहीं रहा ॥ ८३ ॥

किञ्च अनवस्था स्थल में जिस २ सत्ता में अपर २ सत्ता का आपादन करते हैं उस २ सत्ता में यदि प्रमाण है तो प्रामाणिक होने से अनवस्था दोष नहीं है। और यदि प्रमाण नहीं है, तो आश्रय की प्रसिद्धि होने से अनवस्था का अपादान हो ही नहीं सकता है। यदि च आत्माश्रयादि सब स्थलों में यह विशेष कहा जाय कि अमुक स्थल में प्रमाण सिद्ध होने से आत्माश्रयादि दोष नहीं है, तो आपादन के स्थान में अमुक आत्माश्रयआदि मानने में प्रमाण नहीं है यह कथित होता है, अतः प्रमाण प्रश्न का यह स्थल है प्रसङ्ग का स्थल नहीं है ॥ ८४ ॥

विषय के भेद से आत्माश्रयादि के तुल्य के अविनिगम, उत्सर्ग, कल्पना-गौरव, कल्पना-लाघव और अनौचित्य ये पांच अन्य मानने योग्य तर्क हैं।

स्मिन्नभ्युपगते तदेकदेशान्वयनियमनिर्द्धारणाऽशक्यत्वमविनिगमः, सत्प्रतिपक्षहेत्वोरिव निर्द्धारयितुमशक्यान्वययोः परस्परप्रतिक्षेप एव पर्यवसानात्। नन्वन्यतरमादायाऽपि प्रकृतस्योपपत्तिसम्भवेनाविनिगमस्य दोषत्वमेवाऽनुपपन्नं केवलं पुंसस्तत्र यदि संशयः स्यात्स च किं न स्यादिति चेन्न, भावानवबोधात् प्रमाणासम्भवेन क्वचिदपि विशेषः कथमभ्युपगन्तुं शक्यो यमादाय वस्तुगत्याऽप्येकस्याऽन्वयः स्यात्। नन्वेवं प्रमाणाभाव एव दोषः स्यान्नाविनिगम इति चेन्न, तस्याविनिगमोन्नेयत्वेनाविनिगमस्यैव प्रथमोत्पन्नस्योपन्यासौचित्यात्। नन्वेवमनुमाने व्यक्त्यविनिगमो दोषः स्यादिति चेन्न, तत्रानेकव्यक्तीनामभ्युपगमसिद्ध्यभावात्सामान्योपसंहारस्यैकामेव व्यक्तिमाक्षेप्तुं सामर्थ्यादविनिगमस्य चानेकाभ्युपगमे सत्युपस्थानादिति ॥ ८५ ॥

बाहुल्यदृष्टमपेक्ष्य बाहुल्यदृष्टतया दुर्बलस्योपगमार्हतोत्सर्गः, तद्यथा—स्वस्थस्य

विकल्प से अन्वय के योग्य अनेक के मध्य में एक के अन्वय का जो नियम उसके निश्चय का अशक्यत्व अविनिगम है। जैसे भूतत्व, मूर्तत्व दोनों में जातित्व के अन्वय की योग्यता है और दोनों को जाति मानने में साङ्कर्य दोष होगा, अतः एक ही को जाति मानना चाहिये वहां अनुगत प्रतीतिरूप जातित्व साधक प्रमाण के दोनों स्थलों में तुल्य होने से यह विकल्प होता है कि भूतत्व जाति है? वा मूर्तत्व? उन दोनों के मध्य में एक में भी जातित्व का अन्वय अशक्य नहीं है यही अविनिगमन है। यहांपर सत्प्रतिपक्ष हेतु के तुल्य एक के जातित्व की ग्राहकसामग्री, इतर के जातित्व की प्रतिबन्धिका है।

खण्डन—एक भूतत्व को जाति मानने से सङ्कर दोष का परिहार होता है अतः विनिगम दोष नहीं है। केवल अविनिगम स्थल में पुरुष को सन्देह होता है उसकी भी निवृति हो सकती है।

समर्थन—आपने मेरे भाव को नहीं जाना। भूतत्व मूर्तत्व दोनों के मध्य एक में कोई विशेष (जातित्वसाधक अतिशय) को मानने में प्रमाण है फिर किस के बल से एक में जातित्व का अन्वय करें। अर्थात्, अनुगत प्रतीतिरूप प्रमाण दोनों में तुल्य है और इससे अन्य विशेष में प्रमाण का अभाव है।

खण्डन—यदि ऐसा है तो प्रमाणाभाव ही को दोष मानिये, अविनिगम को दोष मानना व्यर्थ है।

समर्थन—विशेष में प्रमाण (अतीन्द्रिय होने से अविनिगम से) अनुमेय है, अतः प्रथम उपस्थित होने से अविनिगम ही दोष है प्रमाणाभाव नहीं है।

खण्डन—यदि अविनिगम को दोष मानें, तो धूम से पर्वत में तार्णवा पार्णवा काष्ठज वह्नि के मध्य में एक के भी अन्वय के अशक्यत्व होने से अनुमिति स्थल में अविनिगम के दोष होने से अनुमितिमात्र का उच्छेद हो जायगा।

समर्थन—अनुमितिस्थल में अनेक व्यक्ति का विकल्प नहीं होता है, कारण कि सामान्यवह्नि के सम्बन्ध का [एक व्यक्ति के आक्षेप में ही] सामर्थ्य है और अविनिगम का अनेक व्यक्ति के विकल होने पर उपस्थान होता है ॥ ८५ ॥

लोक में अतिप्रसिद्ध की अपेक्षा से अप्रसिद्ध दुर्बल है उनके अस्वीकार की योग्यता उत्सर्ग है। जैसे स्वस्थ जाग्रत् मनुष्य के ज्ञान को [प्रामाण्य अप्रामाण्य निर्णय में

जाग्रतो ज्ञानं प्रामाण्याप्रामाण्यनिर्द्धारकप्रमाणानुपनिपाताविशेषेऽपि विना बाधमप्रामाण्यमभ्युपगच्छन्तं प्रति स्यात् नतु प्रामाण्यं, यं तर्कमेतमालम्ब्याहुः—

"तस्माद्बोधात्मकत्वेन प्राप्ता बुद्धेः प्रमाणता ।
अर्थान्यथात्वहेतूत्थदोषज्ञानादपोद्यत इति"

द्रष्टव्योदाहरणं चैतदीश्वराभिसन्धौ वेदप्रामाण्ये तथा, यथा न सौगतोऽपि विप्रतिपत्तुमर्हति । ननु बलवदेककोटिकः संशय एवोत्सर्गस्तत्कथं तर्कः स्यादिति चेन्न, उत्सर्गस्य सम्भावनायाः स्वार्थस्थित्यनुकूलतयाऽवलम्ब्यत्वात्संशयस्य त्वनेवम्भावात् उत्सर्गस्यैककोटिनिष्ठत्वात्संशयस्य च कोटिद्वयावगाहित्वात् । एतेन संशयस्यैवैका बलवती या कोटिः सैवोत्सर्ग इति निरस्तम् । निर्णयोऽपि संशयस्यैव वस्तुनियतकारणजन्यरूपबलवती कोटिः स्यात् । स्यादप्येवं यद्युत्सर्गवन्निर्णयेऽपि संशयस्यानुस्यूतिः स्यात् इति चेन्न, उत्सर्गोदाहरणे उत्सर्गमाद्रियमाणैः संशयोच्छेदानुमतेरेव बाधाभावं सहकारिणमपेक्ष्योत्सर्गेणार्थैक्याभाव एव प्रमाणीभवनात् । तस्माद्यथाऽनवस्थादयो बाधाद् दूषणत्वं त्यजन्तस्तदभावे दूषणानि भवन्ति तथोत्सर्गेपि तथैवेति ॥ ८६ ॥

प्रमाण की विद्यमानतारूप विशेष के न होने पर भी बाध के अभावकाल में] जो अप्रमाण मानते हैं, उनके प्रति उत्सर्ग दोष होता है, जो उक्त ज्ञान को प्रमाण मानते हैं उनके प्रति उत्सर्ग दोष नहीं होता है । जिस उत्सर्गरूप तर्क का अवलम्बन कर भट्टपाद ने कहा है कि बोधरूप होने से ही बुद्धि को प्रामाण्य प्राप्त हो जाता है, किन्तु वह प्रामाण्य कहीं कहीं अर्थ के अभाव से अर्थ वा चक्षुरादिनिष्ठ दोष से बाधित भी हो जाता है । ईश्वराभिसन्धि के वेद-प्रामाण्य नाम प्रकरण में उत्सर्ग का उदाहरण उस प्रकार से हमने दिखाया है जिसमें बौद्ध भी विप्रतिपत्ति नहीं कर सकते हैं ।

प्रश्न—प्रायशः ज्ञानं प्रमैव स्यात् इत्याकारक बलवत् एक कोटिवाला सम्भावनारूप सन्देह ही उत्सर्ग रहे, उसको तर्क क्यों मानें ।

उत्तर—सम्भावनारूप उत्सर्ग स्वप्रयोजन (ज्ञान प्रामाण्य) का साधक है और संशय उभय कोटिक होने से प्रयोजन का साधन नहीं हो सकता है, अतः उत्सर्ग सन्देह नहीं है किन्तु तर्क है इससे "संशय की ही एक बलवती कोटि उत्सर्ग है" यह कथन खण्डित न जानना चाहिये (अन्यथा प्रयोजन के साधक होने पर भी उत्सर्ग को यदि सन्देह मानें, तो निश्चय भी वस्तु से नियत भी सन्निकर्षरूप कारण से जन्यरूप, सन्देह की ही बलवती कोटि क्यों न मानी जाय ।

प्रश्न—उत्सर्ग के उदाहरण में संशय की स्फूर्ति होती है और निश्चय में संशय की स्फूर्ति है नहीं, अतः निश्चय सन्देह की बलवती कोटि नहीं है ।

उत्तर—जो उत्सर्ग का आदर करते हैं वे उत्सर्ग के उदाहरण में संशय की स्फूर्ति नहीं किन्तु संशय का उच्छेद ही मानते हैं, कारण कि बाधाभाव से सहकृत होकर उत्सर्ग ज्ञान के प्रामाण्य में प्रमाण होता है तस्मात् जैसे अनवस्थाआदि बाध होने पर दूषणत्व को त्याग कर भी बाध के अभावस्थल में दूषण होते हैं वैसे ही उत्सर्ग भी बाध के अभाव में प्रमाण होता है ॥ ८६ ॥

सुगमासुगमयोरसुगमदुर्बलत्वं कल्पनागौरवं, दृष्टजातीमयपेक्ष्याऽदृष्टजातीयं दुःखेन प्रमीयते स्वल्पमपेक्ष्य च बह्विति अखिलजनानुभवसिद्धमेतत् । दर्शितं च विविच्येद- मीश्वराभिसन्धौ यथा नैयायिकादिकं प्रति क्षित्यादिषु प्रतिकार्यं कर्तॄणां भिन्नानाम- भ्युपगमापादके, यथाच सौगतं प्रति प्रत्येकं कारणानां समर्थानामनेकसमानदेशकाला- नेकनीलादिव्यक्त्युत्पादापादके चेति दूषणानुकूलमिदम् । तद्व्यतिरेकेण कल्पनालाघवं साधनानुकूलम् ॥ ८७ ॥

प्रामाणिकाव्यवहार्यत्वमसमाधेयजातीयमनौचित्यं वैयात्यनामकं, तस्य भेदाः प्रश्नवैयात्यादयः । प्रश्नविषयमप्रमिरावर्ता प्रष्टुरि प्रश्नानौचित्यं प्रश्नवैयात्यं, यथाऽवस्तु- नि विधिनिषेधयोः किमिच्छसीति पृच्छति प्रमाणव्यवहारिणां सौगते । अतएवाला- नौचित्यापरनामकं वैयात्यं परस्य दोषं मनसि कृत्वैके ब्रुवते अत्र सहृदयानां मूकतैवो- चितेति । अपरे च नह्यप्रतीते देवदत्तादौ स किं गौरः कृष्णो वेति वैयात्यं विना प्रश्नः स्यादिति । यदि चेदमनौचित्यं नाम दोषो नाभ्युपेयते तदानीमर्थान्तरेण प्रकृतमर्थं

सुबोध और दुर्बोध के मध्य में दुर्बोध की दुर्बलत्वकल्पना गौरव है। दृष्टजातीय की अपेक्षा से अदृष्टजातीय, तथा स्वल्प की अपेक्षा से बहु, दुःख से ज्ञात होता है—यह बात अनुभव सिद्ध है। इस कल्पना गौरव का उदाहरण ईश्वराभिसंधि नामक ग्रन्थ में बड़े विवेक से दिखाया गया है। जैसे नैयायिक के कार्यत्व से क्षित्यादि में कर्तृजन्यत्व का साधन करने पर क्षित्यादि कार्य के अनेक होने से अनेक कर्तृसिद्धि क्यों नहीं हो। वादी की इस संगम की निवृत्ति कल्पनागौरवरूप तर्क से होती है। तथा बौद्धमत में प्रत्येक समर्थ कारणों के समान देशकालवाले अनेक नीलादि कार्यकारित्व क्यों न हो" इस शंका की निवृत्ति कल्पना गौरवरूप तर्क से होती है। कल्पना-गौरव प्रतिवादी से कथित दूषण के अनुकूल है। और कल्पनागौरव का अभावरूप कल्पनालाघव, स्वपक्ष के साधन के अनुकूल है ॥८७॥

प्रामाणिकों के व्यहार का अविषय तथा समाधान के अयोग्य, अनौचित्य है। अनौचित्य का ही नाम वैजात्य है, अनौचित्य के भेद प्रश्नवैजात्यआदि हैं। जो पण्डित प्रश्न के विषय को नहीं मानते हैं उनके प्रति उस विषय में विशेष के ज्ञानार्थ प्रश्न, प्रश्ना- नौचित्य है। जैसे प्रमाणव्यवहारी नैयायिकआदि के प्रति आप जगत् को अवस्तु [असत्] तो मानते ही हैं। परन्तु उस असत्व को भावरूप अथवा अभावरूप मानते हैं—इस सौगत के प्रश्न में प्रश्नानौचित्य है। इसी से पर के ऐसे प्रश्न में प्रश्न वैजात्य नाम दोष को अङ्गीकार कर एक आचार्य ने कहा है, कि ऐसे प्रश्न पर सहृदय पण्डितों के लिये मूकता ही उचित है। और आचार्य ने कहा है कि अज्ञात देवदत्त के विषय में देवदत्त कृष्ण है वा गौर—यह प्रश्न धृष्टता के विना हो नहीं सकता है। यदि अनौचित्यरूप दोष को स्वीकार न करें, तब "शब्दोऽनित्यः कृतकत्वात्" इस प्रकृत अर्थ के अर्थान्तर से अर्थात् शब्द को—विभु होने से—कृतक कहना अज्ञान है इस प्रकार से परिहार करने पर यह परिहार [समाधान] अर्थान्तर है ऐसा कहने पर "अर्थान्तर ही क्या है ? यह कहता हुआ प्रश्न पर- म्परा का आलम्बनकारी वादी अनौचित्य से अन्य किस निग्रह से पराजित होगा। अर्थात्

निरस्यार्थान्तरस्यार्थान्तरेण परिहारात् तत्परम्परामालम्बितुकामः केन दोषेणार्थान्तरपरिहाराभासत्ववादिनि अर्थान्तरेणैव तत्परिहरणमनुचितमित्यतोऽन्येन जीयेत। अर्थान्तरनिग्रहतायां विप्रतिपन्नोऽपि प्रश्नपरम्परामालम्ब्य स्वभङ्गभयात्कथाऽवसानमनिच्छन्तं कथं जयेत। नचाऽनवस्थया जयतीति वाच्यम्। यावदुत्तरमर्थान्तरेण परिहरणे प्रश्नान्तरेण वा द्वयोरप्यनवस्थासाम्यात्।

"दोषं व्यक्तिविवेकेऽमुं कविलोकविलोचने।
काव्यमीमांसिषु प्राप्तमहिमा महिमाऽऽदृत" ॥ ८८ ॥

ननु कथमत्र प्रामाणिकाव्यवहार्यत्वमिति पृष्टेन यदि मूकत्वमालम्ब्य तथात्वं वादिनि न व्युत्पाद्यते तदानीमप्रतिभाऽऽपतेत्, अथ तथात्वं व्युत्पाद्यते प्रश्नार्थादेः प्रमाणाविषयत्वमुपन्यस्य, तदाऽत्यन्तासव्द्यवहार्यता स्वीकृतैव स्यादिति चेत्, अत्र ब्रुवते। मूकतैवात्र विजयायेति। नचाप्रतिभैवं प्रसज्येत, उत्तरस्याऽप्रतिपत्तिरुत्तरार्हस्येति तल्लक्षणात्। यदि चायं नियमो वादिना इष्यते यदभ्रान्त्यैव तेन व्यवहर्तव्यमनुवादादन्य-

---

अर्थान्तर होने से परिहार को आभास कहने वाले के प्रति फिर भी अर्थान्तर से ही परिहार अनुचित है इस प्रकार से अनौचित्य से ही उक्त वादी निगृहीत होता है। किञ्च जो स्वयं अर्थान्तर को निग्रह स्थान नहीं मानते हैं वह पराजय के भय से, प्रश्न परम्परा के भय से, प्रश्न परम्परा का अवलम्बन कर शास्त्रार्थ की समाप्ति न चाहने वाले को, अनौचित्य से अन्य किस निग्रह से परास्त करेंगे। तस्मात् अनौचित्य अवश्य मानना चाहिये।

प्रश्न०—स्वपराजय के भय से प्रश्न परम्परा का अवलम्बन करने वाले पुरुष को अनवस्था से पराजय कर सकते हैं।

उत्तर—अनवस्था ही क्या है ऐसा प्रश्न होने से प्रश्न उत्तर दोनों पक्ष में अनवस्था सम है।

काव्यमीमांसाशाली पण्डितों में प्राप्तमहिमा महिमा नाम (महिम भट्ट) कवि ने कविजन के नेत्र तुल्य व्यक्तिविवेक नामक स्वग्रन्थ में "अनौचित्याद्दृते नान्यद्‌ रसभङ्गस्य कारणम्" यह कह कर इस दोष का आदर किया है ॥८८॥

प्रश्न—अनौचित्य प्रामाणिकों का अव्यवहार्य कैसे है—ऐसा प्रश्न होने पर यदि मूकत्व का अवलम्बन कर वादी के प्रति अनौचित्य के प्रामाणिक व्यवहार्यत्व का प्रतिपादन नहीं किया जाय, तो अप्रतिभा नाम निग्रह होता है और यदि प्रश्नार्थ के प्रमाणाविषयत्व का प्रतिपादन कर अनौचित्य के प्रामाणिक व्यवहार्यत्व का प्रतिपादन किया जाय, तो अत्यन्त असत् में व्यवहार्य्यत्व के स्वीकार से अपसिद्धान्त हो जायगा।

उत्तर—अनौचित्य अव्यवहार्य कैसे है इस प्रश्न में मूकता ही विजय का हेतु है। और मूकत्व के अवलम्बन में भी अप्रतिभा नहीं होती है, कारण कि उत्तर के अर्ह प्रश्न की अप्रतिपत्ति अप्रतिभा है और अनौचित्य उत्तरार्ह नहीं है।

यदि वादी इस नियम को स्वीकार करता हो कि "अनुवाद से अन्यत्र में भ्रान्ति से व्यवहार नहीं करूँगा„ तो मध्यस्थ को अनौचित्य का प्रयोग करना चाहिये मध्यस्थ जैसे अपभ्रंश से वादी का प्रबोधन करता है वैसे ही अप्रमाण का अवलम्बन कर भी

श्चेति, तदा मध्यस्थोद्भाव्यत्वमस्य दोषस्योपन्यस्यतां, मध्यनस्थेन ह्यपभ्रंशभाषयाऽपि यथा वादिप्रबोधनं क्रियते तथा यद्यप्रमाणमवलम्ब्यापि क्रियते तदा को दोषस्तस्य स्यात् तत्र विषये तथैव तेन वादिबोधनस्य शक्यत्वात् । तस्मात् मध्यस्थं प्रत्यनुत्तरदानं स्वदोषपरिहाराय प्रतिवादिनापि वैयात्यलक्षणादर्शनं कार्यं, मध्यस्थं प्रति तस्याऽप्रमाणेनापि प्रतिबोधने निर्दोषत्वात् ॥ ८६ ॥

ननु वादिभ्यामेव वा वादिनि मध्यस्थेन वा, तं प्रतिवादिना वाऽत्यन्तासद्विषये व्यवहारोपगमे कथं नासत्ख्यातिः स्वीकृता स्यात् । किं न स्यात् ! विशिष्टरूपे सम्बन्धांशे वाऽसत्ख्यातेरन्यथाख्यातिवादिभिरप्यभ्युपगमात् । ननु वन्ध्यासुताच्छशविषाणं भिन्नमित्यादिषु व्यवहरतः कथं विशेष्ये विशेषणेऽपि नासत्ख्यातिरुपगन्तव्येति चेत्, न असत्ख्यात्यभ्युपगमस्य सत्ख्यातित्वात्यागनियमोपगमविश्रान्तत्वात् । असदपि सदुपश्लिष्टमेव प्रतिभासते न तु केवलमसत् कयाऽपि ख्यात्या समुल्लिख्यते इत्यन्यथाख्यातिवादिभिरिष्यमाणत्वात् । वन्ध्यासुताच्छशविषाणं भिन्नमिति प्रतिपत्त्याऽपि भिन्नमित्ययमंशः सामान्यतोऽन्यत्र दृष्ट एव प्रतीयते केवलं भेदस्य सदाश्रयः प्रतियोगि चेति यद्वस्तुतः तदसदाश्रयः प्रतियोगि च तस्येत्यन्यथा कृत्वा प्रतीयत इत्यन्यथाख्यातिरेवोपगता भवति । यथा तु विशिष्टमत्यन्ताऽसदेव तथाऽश्रयप्रतियोगिनी अत्यन्तासती एव किं न प्रतिभासेते तावताऽपि यथोक्ताऽन्यथाख्यात्यनुल्लङ्घनादेव । नचैवमसत्ख्यातिवादिनाऽपि शक्यं वक्तुं, केवलं सदेव प्रकाशत इत्यस्मात्पक्षाद्विपरीतं विशिष्टं सम्बन्धश्च क्वचिद्विशेषणाद्यप्यत्यन्तासद्भ्रान्त्योल्लिख्यत इत्येवंरूपा तावदसत्ख्यातिः परेणोपगतैव । यदि तु सदपि प्रकाशते किञ्चित्तत्किं नासत्प्रकाशत इति ।

वादी का प्रबोधन करे तो हानि क्या है, कारण कि अनौचित्य का प्रबोधन, भ्रान्ति से ही मध्यस्थ कर सकता है तस्मात् मध्यस्थ के प्रति प्रतिवादी भी उत्तर न देने में स्वदोष के परिहार के अर्थ अनौचित्य का बोध नहीं कर सकता है, कारण कि मध्यस्थ के प्रति अप्रमाण से बोधन में भी कोई दोष नहीं है ॥ ८६ ॥

प्रश्न—परस्पर के प्रति, वादी प्रतिवादी के अथवा वादी के प्रति मध्यस्थ के वा मध्यस्थ के प्रति वादी के अत्यन्त असत् को व्यवहार का विषय मानने पर असत्ख्याति का स्वीकार हो जायगा ।

उत्तर—अन्यथाख्यातिवादी विशिष्ट अंश में वा सम्बन्ध अंश में जैसे असत्ख्याति को मानते हैं वैसे ही अनौचित्य विषय में असत्ख्याति को मानें, तो हानि क्या है ।

प्रश्न—वन्ध्या-सुत से शश-विषाण भिन्न है इस स्थल में विशेष्य-विशेषण अंश में भी असत्ख्याति क्यों न मानी जाय ।

उत्तर—असत्ख्याति के अस्वीकार का सत्ख्याति का अत्याग अर्थ है । सर्वथा असत्ख्याति को न मानना अर्थ नहीं है, कारण कि (असत् भी सत् से उपश्लिष्ट ही भासता है केवल असत् किसी ख्याति से नहीं भासता है, यही अन्यथाख्यातिवादी भी मानते हैं । वन्ध्या-सुत से शशविषाण भिन्न है इस स्थल में भी सामान्य से अन्यत्र दृष्ट ही

यतः परेण विकल्पः सर्वथा वस्त्वनुल्लेखी केवलमलीकमुल्लिखन्नसत्ख्यात्यात्मा स्वीक्रियते। यदि तु यथोक्तमेव परोऽप्यभ्युपगच्छति तदानीमनुमानप्रमाणादिवदत्राप्यविप्रतिपत्तिरेवेति ॥ ९० ॥

नन्नु सर्वथैवासत्ख्यातिरपि भवतानुऽमन्तव्यैव; तथाहि—बन्ध्यासुतशशविषाणे कूर्मरोमैवेति वदतः शब्दादर्थं प्रतिपादयतां किं तदणुमात्रमपि समुल्लेख्यं तत्प्रतीतेः इति चेन्न, तत्रापि तादात्म्यस्य सामान्यतोऽत्र प्रतीतस्यैवाऽसदुपहितस्य स्फुरणोपगमात्, प्रकारभेदवैशिष्ट्येन भिन्नयोरेकत्वं हि तादात्म्यं तच्चाऽन्यत्रास्त्येव तर्कसंशयाभ्यामप्रमाभ्यां जननेऽपि तत्तत्प्रमावत् मध्यस्थाद्यप्रमया तथा प्रश्नानौचित्यादिप्रमोत्पादनाविरोधे बाधवत् भ्रमविषयाऽतथाभावेऽपि भ्रमस्याप्रमात्वपारमार्थिकतावत्प्रश्नविषयासत्यत्वेऽपि प्रश्नानौचित्यसत्यतोपपत्तिरेव ॥९१॥

भेदप्रतीति का विषय होता है। केवल भेद यह है कि अन्यत्र भेद का सत् आश्रय और प्रतियोगी भासता है और प्रकृत में अन्यथारूप से भेद का असत् प्रतियोगी और आश्रय भासता है फिर यह भी अन्यथाख्याति ही क्यों न मानी जायगी ॥९०॥

जैसे विशिष्ट अत्यन्त असत् ही भासता है, वैसे ही उक्त प्रतीति में आश्रय प्रतियोगी अत्यन्त असत् ही भासता है ऐसा मानने पर भी अन्यथाख्याति का उल्लंघन नहीं है।

प्रश्न—असत्ख्यातिवादी भी इसी प्रकार से कह सकता है कि जैसे केवल सत् ही भासता है इस पक्ष से विपरीत विशिष्ट सम्बन्ध कहीं २ विशेषण भी अत्यन्त असत् ही भासता है ऐसी असत्ख्याति को अन्यथाख्यातिवादी मानते हैं वैसे ही सत् भी असत् से उपश्लिष्ट ही भासता है केवल सत् नहीं भासता है, अतः सर्वज्ञान असत्ख्याति ही है।

उत्तर—बौद्ध सद्वस्तु के अनवगाही केवल असत् का उल्लेख करने वाली विकल्परूप असत्ख्याति को मानते हैं। और अन्यथाख्यातिवादी सत् उपश्लिष्ट ही असत् भासता है ऐसा मानते हैं। दोनों मत में यह महाभेद है। यदि बौद्ध भी सत् से उपश्लिष्ट ही असत् के भान को असत्ख्याति माने, तो अनुमान के प्रामाण्य के तुल्य उक्तरूप असत्ख्याति में मेरी कोई विप्रतिपत्ति नहीं होगी। किन्तु बौद्धों का अपसिद्धान्त होगा।

प्रश्न—आपको सर्वथा असत्ख्याति भी अवश्य माननी होगी। देखिये—वन्ध्यासुत, शशविषाण, कूर्मरोम ही हैं, इस शब्द का क्या अणु मात्र अर्थ है जो उक्त प्रतीति का विषय हो।

उत्तर—सामान्यरूप से अन्यत्र प्रतीत ही असत् से युक्त तादात्म्य इस प्रतीति का विषय होता है। कारण कि प्रकार-भेद से विशिष्ट भिन्न भिन्न अर्थों का ऐक्य; तादात्म्य है और वह तादात्म्य अन्यत्र सत् ही है। किंच तर्क तथा संशय स्वयं अप्रमाण भी हैं परन्तु उनसे जन्य अनुमिति जैसे प्रमाण है वैसे ही मध्यस्थ के अनौचित्य विषय को विषय करने वाली अप्रमा से प्रश्नानौचित्य विषयक प्रमा उत्पन्न हो सकती ही है। अथवा बाधित भ्रम का विषय असत् भी है। परन्तु भ्रम में अप्रमात्व के प्रभाव के तुल्य "शशशृंग मृदु वक्रं वा ?" इस प्रश्न के विषय के असत् होने पर भी प्रश्नानौचित्य में सत्यत्व का अवगाहन करने वाली प्रमा हो सकती है ॥९१॥

एतेन भ्रान्तिजाया धियः प्रमात्वं तथाऽप्यदृष्टचरमित्यपि परास्तप्रायमिति। एवमन्यत्राप्येवंविधोदाहरणे वाच्यम्। नच कश्चिदुक्तप्रकारमन्यथाख्यातिसमाधानं नानुमन्तुं शक्नोति अन्यथा कथमसत्ख्यातिवादिनोमतमपि जानीयादज्ञात्वा च स्व-परमतवैचित्र्यं कथं वादे प्रवर्तेत। एते सर्वेऽपि तर्काः प्रमाणविरोधे वा प्रमाणाभावे वा निष्पीडिताः प्रविशन्तो न बाधासिद्धिभ्यां भिद्यन्ते पूर्वैरपि लोकसिद्धत्वाद्व्यवहृताः केवलमस्माभिरेव तर्कपदव्यामभिषिक्ताः ततो न प्रबन्धेन निरस्यन्ते। "विषवृक्षोऽपि संवर्द्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रत"मिति ॥९२॥

ये च परैस्तर्कदोषाः षट् स्वीक्रियन्ते आश्रयासिद्धिरननुकूलत्त्वं मूलशैथिल्यमिष्टापादनं विपर्ययापर्यवसानं मिथोविरोधश्चेति, सोऽयं तर्कस्य दोषविभागो नोपपद्यते। व्याप्तिपक्षधर्मत्वयोः प्रतीतिमपेक्ष्य यथाऽनुमानं जायते तथैव तर्कोऽपि, इयान् परमनयोर्विशेषो यदनुमानं तयोः प्रमित्या जायते तर्कस्त्ववास्तवाभ्यामपि ताभ्यां पराभ्यु-

---

इसीसे भ्रान्ति से जायमान बुद्धि में प्रमात्व कहीं देखा नहीं गया है, इस कथन को भी खण्डित जानना चाहिये इसी प्रकार से वन्ध्यासुत में गगनारविन्द उसमें कूर्मरोम, इत्यादि असत्ख्याति में सत् से उपश्लिष्ट ही असत् के भान को जानना चाहिये।

असत भी सत् से उपश्लिष्ट ही भासता है केवल असत् नहीं भासता है—यही अन्यथाख्याति है कोई भी अन्यथाख्यातिवादी इस प्रकार से उक्त अन्यथाख्याति के निर्वाह का अस्वीकार नहीं कर सकता है। यदि अस्वीकार भी करे, तो असत्ख्यातिवादी के मत को कैसे जानेगा।

कारण कि असत् के भान को वह मानता नहीं है। और मेरे कथन के अनुसार तो सत् जो ख्याति उससे पश्लिष्ट असत् का भान होता है अतः असत्ख्यातिवादी के मत के ज्ञान में कोई बाधक नहीं है। और स्व पर मत के वैलक्षण्य को न जान कर वाद में पुरुष कैसे प्रवृत्त हो सकेगा।

विचार करने पर यदि अविनिगमआदि चार तर्क, प्रमाण के विरोधरूप हैं, तो बाध में, और यदि प्रमाण के अभावरूप हैं तो असिद्धि में, ये अन्तर्भूत हैं। इनसे पृथक् नहीं है। पूर्वाचार्यों ने भी इन तर्कों को लोकसिद्ध माना है। केवल मैंने ही इनको तर्क पदवी पर आरूढ़ किया है, इसी कारण से अतियत्न से इनका खण्डन नहीं करते हैं, कारण कि विषका वृक्ष भी स्वयं बढ़ा कर स्वयं छेदन के अयोग्य है ॥ ९२ ॥

आश्रयासिद्धि, अननुकूलत्व, मूलशैथिल्य, इष्टापादन, विपर्ययापर्यवसान और मिथोविरोध तर्कों के दोष आचार्यों ने माने हैं। वह दोष विभाग युक्त नहीं है, कारण कि व्याप्ति-पक्षधर्मता की प्रतीति की अपेक्षा से जैसे अनुमिति होती है वैसे ही व्याप्तिपक्षता की प्रतीति की अपेक्षा से ही तर्क भी होता है। परन्तु इन दोनों में यह भेद है कि अनुमिति तो व्याप्ति पक्षता की प्रमिति की अपेक्षा से होती है और तर्क तो अवास्तव के बल पर के अभ्युपगममात्र से सिद्ध व्याप्ति पक्षता से होता है इससे विचार ने पर तर्क पर के अभ्युपगममात्र जो प्रसाद उससे सिद्ध सामग्री वाला है। अतः वास्तवी आश्रयासिद्धि का भी अनुरोध नहीं कर सकता है। तस्मात् प्रमितिअभ्युपगम की सिद्धि से कृत वैचित्र्य के

पगममात्रसिद्धाभ्यां, भवति तेन विमृष्यमाणः तर्कः पराभ्युपगममात्रप्रसादसिद्धपरिकरो नाश्रयासिद्धिमपितावद्वास्त्वीमनुरोद्धुमधिकरोति ततः प्रमित्यभ्युपगमसिद्धिकृतवैचित्र्याश्रयाद्भेदादन्यो यावान् यथा च हेत्वाभासविभागः तद्वदेव च तर्काभासविभागोपि न्याय्यः तस्मादाश्रयासिद्धिमूलशैथिल्येष्टापादनान्यसिद्धिरेकैव दोषोऽनुमानवत्तत्राप्रमितत्वावलम्बिनीह त्वनभ्युपगमावलम्बिनीति विशेषः। मिथोविरोधश्च सत्प्रतिपत्तवैव। विपर्ययापर्यवसानं तु दोष एवापादनस्य न भवति यन्नाम विपर्ययापर्यवसानादापादनमात्मसाधनानुकूलं न भवति तदन्यदेव किमपि। बाधविरुद्धत्वव्यभिचारास्त्वनुमानवत् तर्केपि दोषाः पृथग्वाच्याः।बाध उत्सर्गसम्भावनादेरन्यत्रानुकूलः। तर्कस्य सप्तममपि दोषं तर्कस्यापत्तिसाम्यं न नामोपगच्छामः स चोभाभ्यामभ्युपगतव्याप्येनानभ्युपगतव्यापकेन प्रागेव दर्शित इत्यास्तां विस्तर इति ॥९३॥

एवं प्रकाराणि तत्तल्लक्षणेषु खण्डनान्यूहनीयानि। तदेतासु खण्डनयुक्तिषु कामपि स्थानान्तरस्थां केनापि प्रकारान्तरेणानीय तत्सदृशीमन्यादृशीं वा स्वयमूहित्वा

आश्रय भेद से अन्य जितना जिस प्रकार हेत्वाभास का विभाग अनुमान में होता है तर्क में भी उतना ही उसी प्रकार तर्काभास के विभाग को भी जानना चाहिये। आश्रयासिद्धि मूलशैथिल्य इष्टापादन ये तीन दोष असिद्धिरूप एक ही दोष को अनुमान के तुल्य तर्क में भी जानना चाहिये। अनुमान में असिद्धि अप्रमितत्व का अवलम्बन करती है और तर्क में असिद्धि अनभ्युपगम का अवलम्बन करती है और मिथोविरोध सत्प्रतिपक्ष ही है और विपर्ययापर्यवसान तो तर्क का दोष ही नहीं है। जो आपादन विपर्यय में पर्यवसान न होने से आत्मसाधन के अनुकूल नहीं होते हैं; वे और ही कुछ दोष हैं। अर्थात् जहां पर-पक्ष में दोषमात्र देना है वहां पर विपर्ययापर्यवसित तर्क का भी उपयोग होने से विपर्ययापर्यवसान को तर्काभास तो मान नहीं सकते हैं। फिर स्वपक्ष साधन के अर्थ विपर्ययापर्यवसित तर्क का जो उपन्यास नहीं होता है इसका कारण कुछ और ही दोष हैं तर्काभासत्व नहीं है।

बाध, विरुद्ध और व्यभिचार, अनुमान के तुल्य तर्क में भी पृथक् ही दोष हैं। उत्सर्गरूप तथा सम्भावनारूप तर्क से अन्य तर्क में बाध अनुकूल है अर्थात् आभासत्व का प्रयोजक नहीं है। तर्क में आपत्तिसाम्यरूप सप्तमदोष को भी मानते हैं वह आपत्तिसाम्य उस स्थल में होता है जहां दोनों व्याप्य का स्वीकार किया हो और व्यापक का स्वीकार न किया हो उस दोष को यदि सत्ता सद्व्यवहारविषय हो, तो सत्तावती हो जायगी, इस स्थल में प्रथम ही हम दिखा चुके हैं, अतः विस्तार रहे ॥ ९३ ॥

हमने विस्तार भय से जिन लक्षणों का खण्डन नहीं किया है। इन लक्षणों में भी मदुक्त खण्डन के सदृश खण्डनों की स्वयं ऊहा कर अथवा इन खण्डन युक्तियों के मध्य में अन्य स्थान स्थित किसी खण्डनयुक्ति का किसी प्रकार से आनयन कर अथवा तत्सदृश युक्तियों की ऊहा कर वादी से बड़े विचार से कृत अन्य २ पदार्थों के लक्षण का भी खण्डन करना चाहिये। तथा इस ग्रंथ में हमने जिन लक्षणों का खण्डन किया है, यदि वादी उनके तुल्य अन्य लक्षणों की ऊहा करे, अथवा उक्त बाधकों के मध्य में प्रज्ञाबल से किसी का समा-

परैर्विविच्यमानानि पदार्थान्तराण्यपि बुद्धिमता बाधनीयानि । अत्र चाऽस्माभिर्दूषयितुं शङ्कितेभ्यः परपक्षप्रकारेभ्यो यदि प्रकारान्तरं कोऽपि स्वयमूहति उक्तानां बाधकानां मध्ये मध्ये क्वचित्प्रज्ञयाऽपि समाधानमभिदध्यात्तत्र खण्डनवादिनः प्रस्तुता प्रतिक्रिया न स्फुरेत्तदा परेण प्रयुज्यमाने वाक्ये बहुपदात्मके कस्यचित्पदस्यार्थे खण्डनान्तरमवतारणीयम् । एवं तत्रापि परेण प्रज्ञाशोषणे पुनस्तथैव शाखान्तरेषु सङ्क्रमणीयमिति प्रकारेण खण्डनमये चक्रे सम्यगवधेयम् । न च शाखान्तरसङ्क्रान्तावर्थान्तरं पतेत्, अप्रकृतत्वाभावात् । नचैकनिर्णयारम्भेऽन्यसङ्क्रान्तावनौचित्यं स्यात् । शब्दोऽनित्यः कृतकत्वादित्यादौ परेणोक्ते कृतकत्वादावविप्रतिपत्तव्यत्वापत्तेरन्यतरासिद्ध्युच्छेदापातात् । येन हि तन्निर्वाह्यते तदनिर्वचनीयतयाऽपि निर्वाह्यानिर्वचनीयतैवेति । तस्मात्—

> तत्तुल्योहस्तदीयं च योजनं विषयान्तरे ।
> शृङ्खला तस्य शेषे च त्रिधा भ्रमति मत्क्रिया ॥ ६४ ॥
>
> ग्रन्थग्रन्थिरिह क्वचित्क्वचिदपि न्यासि प्रयत्नान्मया,
> प्राज्ञम्मन्यमना हठेन पठिती माऽस्मिन् खलः खेलतु ।
> श्रद्धाऽऽराद्धगुरुः श्लथीकृतदृढग्रन्थिः समासादय-
> त्वेतत्तर्करसोर्मिमज्जनसुखेष्वासञ्जनं सज्जनः ॥

धान भी करे और खण्डनवादी को प्रस्तुत समाधान की स्फूर्ति न हो, तो वादी से प्रयुक्त बहुपदात्मक वाक्य के किसी पद के अर्थ के खण्डन के अर्थ खण्डनान्तर का अवतरण करना चाहिये । और इसी प्रकार से वहां भी यदि वादी प्रज्ञा का शोषण [निष्प्रतिभा] करे, तो पुनः उक्तप्रकार से अन्य शाखा का अवलम्बन करना चाहिये । अन्य शाखा के अवलम्बन से अर्थान्तर भी नहीं होगा, कारण कि अन्य शाखा भी प्रस्तुत ही है । और अप्रस्तुत अन्य अर्थ का अवलम्बन, अर्थान्तर है । तथा एक पदार्थ के निर्णय के आरम्भ में अन्यपदार्थ के संक्रमण में अनौचित्य भी नहीं है, कारण कि अनौचित्य भी अप्रस्तुत अन्य के अवलम्बन में ही होता है, अन्यथा यदि प्रस्तुत विषय में भी अर्थान्तर वा अनौचित्य हो, तो शब्द में कृतकत्व से अनित्यत्व के साधन के प्रस्ताव में कृतकत्व में भी विप्रतिपत्ति (जिज्ञासा) अर्थान्तर के भय से नहीं होगी । तथा अन्यतरासिद्धि स्थल का उच्छेद हो जायगा, कारण कि अन्यतर के प्रति, हेतु के असिद्धिस्थल में हेतु को यदि सिद्धि करें तो अर्थान्तर वा अनौचित्य हो जायगा अतः साध्य के साधन के प्रस्ताव में हेतु का साधन कोई नहीं करेगा और वस्तुतः हेतु का निरूपण प्रस्तुत ही है । कारण कि जिस हेतु से जो निरूपित होता है उस हेतु के अनिर्वचनीयत्व से साध्य का अनिर्वचनीयत्व सिद्ध होता है तस्मात् मदुक्तयुक्ति के तुल्य अन्ययुक्तियों की ऊहा तथा अन्यत्र उक्त मदुक्त युक्तियों के अन्यत्र योजन, तथा उन युक्तियों के खण्डन होने पर शृङ्खला शाखान्तरारोहण इस प्रकार से मेरी खण्डन प्रक्रिया वाद मे त्रिधा भ्रमण करती है ॥ ६४ ॥

इस ग्रन्थ में कहीं कहीं प्रयत्न रचना का काठिन्य हमने इस प्रयोजन से किया है कि जो प्राज्ञम्मन्य है वस्तुतः प्राज्ञ नहीं है तथा हठ से पढ़ने वाले हैं, वे खल जन इस ग्रन्थ में

ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्
यः साक्षात्कुरुते समाधिषु परब्रह्मप्रमोदार्णवम् ॥
यत्काव्यं मधुवर्षि धर्षितपरास्तर्केषु यस्योक्तयः
श्रीश्रीहर्षकवेः कृतिः कृतिमुदे तस्याऽभ्युदीयादियम् ॥ ९५ ॥

इति श्रीकवितार्किकचक्रवर्ति-श्रीश्रीहर्षकृतानिर्वचनीयसर्वस्वे
खण्डनखण्डखाद्ये तुरीयः परिच्छेदः समाप्तः ॥

क्रीड़ा न करें। किन्तु श्रद्धा से आराधित गुरुओं से विघटित है ग्रन्थ काठिन्य जिनसे ऐसे सज्जन विद्वान् ही मदुक्त तर्क की रसरूपी उर्म्मी में मज्जन सुख में प्रेम का लाभ करें।

कान्यकुब्ज देश के महाराज से ताम्बूल की दो बीड़ी तथा आसन जो पाते हैं, तथा समाधि में आनन्दरूप ब्रह्म का साक्षात्कार जो करते हैं; तथा जिनके काव्य मधु के वर्षणकारी होते हैं तथा परपक्ष के खण्डन करने वाले तर्कों में जिसकी उक्तियां हैं, उस श्री श्रीहर्ष कवि का यह ग्रन्थ पण्डितों के आनन्द के अर्थ प्रकट हुआ है ॥ ९५ ॥

गौरीशंकरश्रेष्ठिनात्रखुरजारत्नेन काश्यां मुदा
जोखीरामपितामहस्य मटरूमल्लस्य तातस्य च।
नामालङ्कृतनामसंस्कृतमहाविद्यालयः स्थापितः
तत्सेवाधिकृतः तदेककरणः चण्डीप्रसादो द्विजः ॥१॥

क्वाहं कुत्र च खण्डनस्य सुदृढग्रन्थिप्रमोकेच्छया,
प्रारम्भो विकटश्रमश्च जननीभाषानुवादस्य मे।
यद्यप्येवमथापि पूर्णकृपया श्रीशस्य संख्यावतां
कारुण्यैकधियां विधाय करयोरेषोऽर्प्यते सादरम् ॥२॥

काशीस्थ श्रीजोखीराममटरूमल्लगोयनका संस्कृत-महाविद्यालय-प्रधानाध्यापक श्री चण्डीप्रसाद सुकुल रचित खण्डनखण्डखाद्य-भाषानुवाद समाप्त।